जैन साहित्य एवं मंदिर उपकरण

हमारे यहाँ सभी प्रकार का दिगंबर जैन एवं भारत के सभी प्रमुख
धार्मिक संस्थानों का सत साहित्य एवं मंदिर में उपयोग हेतु उपकरण
और प्रभावना में बाटने योग्य सामग्री सीमित मूल्य पर उपलब्ध है

(पांडुशिला ,सिंघासन, छत्र, चवर प्रातिहार्य,जाप माला ,मंगल कलश, पूजा बर्तन ,चंदोवा,तोरण ,झारी ,

(शुद्ध चांदी के उपकरण आर्डर पर निर्मित किया जाता है)

नोट:-हमारे यहाँ घरो में उपयोग हेतु ,साधुओ के उपयोग हेतु ,
अनुष्ठानों में उपयोग हेतु शुद्ध घी भी आर्डर पर
उपलब्ध कराया जाता है

SOURABH KUMAR JAIN
9993602663
77229 83010
SOURABHJN1989@GMAIL.COM

श्री जीवराज जैन ग्रन्थमाला हिन्दी विभाग पुष्प ३२

श्रीमद् असग महाकवि विरचित

श्री शान्तिनाथ पुराण

वीर सेवा मंदिर पुस्तकालय
क्रमांक सं० 5434

ग्रन्थमाला सम्पादक :
१ स्व० डॉ० हीरालाल जैन, एम. ए., एल-एल. बी.,
२ स्व० डॉ० आदिनाथ नेमिनाथ, उपाध्ये, कोल्हापुर
३ श्रीमान् पं० कैलाशचन्द्रजी सिद्धान्त शास्त्री, वाराणसी

*

हिन्दी अनुवादक :
श्रीमान् डॉ० पं० पन्नालालजी साहित्याचार्य, सागर

*

प्रकाशक :
श्रीमान् शेठ लालचन्द हिराचन्द
जैन संस्कृति संरक्षक संघ, सोलापुर

सर्वाधिकार सुरक्षित]

*

[मूल्य : १५) रु०

प्रकाशक :
श्रीमान् लालचन्द हिराचन्द
जैन संस्कृति संरक्षक संघ
सोलापुर

वीर नि० संवत् २५०३	प्रथम आवृत्ति १०००	विक्रम संवत् २०३३ सन् १९७७ ई०

मुद्रक :
पांचूलाल जैन
कमल प्रिन्टर्स
अहमदनगर-किलाअहमद (महा०)

प्रकाशकीय निवेदन

यह शांतिनाथ पुराण ग्रंथ चरणानुयोगका अनुपम ग्रंथ है। ग्रंथकर्ता असग कवि ने इस ग्रंथमें शांतिनाथ भगवान का चरित्र अति विस्तार से निरूपित किया है।

स्व० श्रीमान् डॉ० ए० एन० उपाध्ये इन्होंने इस ग्रंथके प्रकाशन के लिये मूल प्रेरणा दी। श्रीमान् साहित्याचार्य डॉ० पं० पन्नालालजी जैन इनको इस ग्रंथका अनुवाद करने की प्रार्थना की। उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। इस प्रकार यह ग्रंथ निर्माण करनेमें उनका अपूर्व सहयोग मिला।

इस ग्रंथका प्रकाशन श्रीमान् पांचूलालजी जैन कमल प्रिन्टर्स मदनगंज किशनगढ़ इन्होंने अपने प्रेस में अतीव सुचारु रूप से अति शीघ्र काल में छपकर प्रकाशित करनेमें सहयोग दिया इसलिये उनको हम धन्यवाद अर्पण करते हैं।

अंतमें इस ग्रंथका पठन-पाठन घर-घरमें होकर तीर्थ प्रवृत्ति अखंड प्रवाह से कायम रहे यह मंगल भावना हम प्रगट करते हैं।

भवदीय :

बालचन्द देवचन्द शहा

मंत्री जैन संस्कृति संरक्षक संघ

हीराचंद जैन, पंचवाला सोलापुर

श्री जीवराज जैन ग्रंथमाला का परिचय

सोलापुर निवासी श्रीमान् स्व० ब्र० जीवराज गौतमचन्द दोशी कई वर्षोंसे उदासीन होकर धर्मकार्य में अपनी वृत्ति लगा रहे थे। सन् १९४० में उनकी प्रबल इच्छा हुई कि अपनी न्यायोपार्जित संपत्तिका उपयोग विशेषरूपसे धर्म तथा समाज की उन्नतिके कार्यमें लगे।

तदनुसार उन्होंने अनेक जैन विद्वानोंसे साक्षात् तथा लिखित रूप से इस बात की संमतियां संगृहीत की, कि कौनसे कार्यमें अपनी संपत्तिका विनियोग किया जाय।

अन्तमें स्फुट मतसंचय कर लेनेके पश्चात् सन् १९४९ में ग्रीष्मकालमें सिद्धक्षेत्र श्री गजपंथाजी के शीतल वातावरण में अनेक विद्वानोंको आमंत्रित कर, उनके सामने ऊहापोह पूर्वक निर्णय करनेके लिये उक्त विषय प्रस्तुत किया गया।

विद्वत्संमेलन के फल स्वरूप श्रीमान् ब्रह्मचारीजीने जैन संस्कृति तथा प्राचीन जैन साहित्यका संरक्षण-उद्धार-प्रचार के हेतु 'जैन संस्कृति संरक्षक संघ' नामकी संस्था स्थापन की। तथा उसके लिये रु० १०००० का बृहत् दान घोषित किया गया।

आगे उनकी परिग्रह निवृत्ति बढ़ती गई। सन् १९४४ में उन्होंने लगभग दोलाख की अपनी संपूर्ण संपत्ति संघ को ट्रस्ट रूपसे अर्पण की।

इसी संस्थाके अंतर्गत 'जीवराज जैन ग्रंथमाला' द्वारा प्राचीन-संस्कृत-प्राकृत-हिंदी-मराठी ग्रंथोंका प्रकाशन कार्य आज तक अखंड प्रवाह से चल रहा है।

आज तक इस ग्रंथमालासे हिंदी विभागमें ३२ ग्रंथ, कन्नड विभागमें ३ ग्रंथ तथा मराठी विभागमें ४५ ग्रंथ प्रकाशित हो चुके हैं।

प्रस्तुत ग्रंथ इस ग्रंथमालाका हिंदी विभाग का ३३ वां पुष्प प्रकाशित हो रहा है।

—प्रकाशक

स्व॰ ब्र॰ जीवराज गौतमचन्द दोशी
संस्थापक : जैन संस्कृति संरक्षक संघ, सोलापुर

प्रधान सम्पादकीय

जैन धर्म में चौबीस तीर्थंकर, बारह चक्रवर्ती, नौनारायण, नौ प्रति नारायण और नौ बलभद्र, इन्हें त्रेसठ शलाका पुरुष कहते हैं। जैसे भगवान ऋषभदेव प्रथम तीर्थंकर थे और उनके पुत्र भरत प्रथम चक्रवर्ती थे। जैन और हिन्दु पुराणों के अनुसार इन्हीं भरत चक्रवर्ती के नाम से यह देश भारत कहलाया। प्रायः ये त्रेसठ शलाका पुरुष भिन्न भिन्न ही होते हैं। किन्तु चौबीस तीर्थंकरों में से तीन तीर्थंकर चक्रवर्ती भी हुए हैं। वे तीन तीर्थंकर हैं सोलहवें शान्तिनाथ, सतरहवें कुन्थुनाथ और अठारहवें अरहनाथ। इन तीनों का ही जन्म स्थान हस्तिनापुर था जो आज उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में स्थित है। यह नगर बहुत प्राचीन है। बाईसवें तीर्थंकर श्री नेमिनाथ के समय में यहां कौरव पाण्डवों की राजधानी थी। भगवान ऋषभदेव के समय में यहां राजा सोम श्रेयांस का राज्य था। उन्होंने ही भगवान् ऋषभदेव को इक्षुरस का आहारदान देकर मुनिदान की प्रवृत्ति को प्रारम्भ किया। इस तरह दीक्षा धारण करने से एक वर्ष के पश्चात् भगवान ऋषभदेव ने हस्तिनापुर में ही वैसाख शुक्ला तृतीया के दिन आहार ग्रहण किया था।

इन त्रेसठ शलाका पुरुषों का चरित आचार्य जिनसेन ने अपने महापुराण में रचने का उपक्रम किया था। किन्तु वे केवल प्रथम तीर्थंकर और प्रथम चक्रवर्ती का ही वर्णन करके स्वर्गवासी हुए। तब उनके शिष्य आचार्य गुणभद्र ने उत्तरपुराण में शेष शलाका पुरुषों का कथन संक्षेप में किया और उन्हीं के अनुसरण पर श्वेताम्बर परम्परा में आचार्य हेमचन्द्र ने अपना त्रिषष्टि शलाका पुरुष चरित निबद्ध किया।

कविवर असग ने वि० सं० ९१० में अपना महावीर चरित रचा था और उसके पश्चात् श्री शान्तिनाथ पुराण रचा है क्योंकि उसकी प्रशस्ति के अन्तिम श्लोक में उसका उल्लेख है। आचार्य गुणभद्र ने भी अपना उत्तरपुराण इसी समय के लगभग रचा था अतः असग के द्वारा उसके अनुसरण की विशेष सम्भावना नहीं है।

जैन परम्परा के चरित ग्रन्थों में उस चरित के नायक के वर्तमान जीवन को उतना महत्त्व नहीं दिया जाता जितना महत्त्व उसके पूर्वजन्मों को दिया जाता है। इसका कारण यही प्रतीत होता है कि ग्रन्थकार यह दिखलाना चाहते हैं कि जीव किस तरह अनेक जन्मों में उत्थान और पतन का पात्र बनता हुआ अन्त में अपना सर्वोच्चपद प्राप्त करता है। तीर्थंकर ने तीर्थंकर बनकर क्या किया, इसकी अपेक्षा तीर्थंकर बनता कैसे है यह दिखलाना उन्हें विशेष रुचिकर प्रतीत होता है। तीर्थंकर

के कर्तृत्व से तो पाठक के हृदय में केवल तीर्थंकर पद की महत्ता का ही बोध होता है। किन्तु तीर्थंकर बनने की प्रक्रिया को पढ़कर पाठक को आत्म बोध होता है। उससे उसे स्वयं तीर्थंकर बनने की प्रेरणा मिलती है। यही उन्हें विशेष रूप से अभीष्ट है क्योंकि उनकी ग्रन्थ रचना का प्रमुख उद्देश्य अपने पाठकों को प्रबुद्ध करके आत्म कल्याण के लिय प्रेरित करना होता है।

ईश्वर वादियों की दृष्टि में ईश्वर का जो स्थान है वही स्थान जैनों की दृष्टि में तीर्थंकर का है। किन्तु ईश्वर और तीर्थंकर के स्वरूप और कर्तृत्व में बड़ा अन्तर है। ईश्वर तो अनादिसिद्ध माना गया है तथा उसका कार्य सृष्टि रचना, उसका प्रलय आदि है। वही प्राणियों को नरक और स्वर्ग भेजता है। उसकी इच्छा के बिना एक पत्ता तक नहीं हिल सकता। किन्तु तीर्थंकर तो सादि सिद्ध होता है। तीर्थंकर बनने से पहले वह भी साधारण प्राणियों की तरह ही अपने कर्म के अनुसार जन्म मरण करता हुआ नाना योनियों में भ्रमण करता रहता है। जब उसे प्रबोध प्राप्त होता है तो प्रबुद्ध होकर अपने पुरुषार्थ के द्वारा उन्नति करता हुआ तीर्थंकर पद प्राप्त करता है और इस तरह वह अन्य जीवों के सामने एक उदाहरण उपस्थित करके उनकी प्रेरणा का केन्द्र बनता है तीर्थंकर होकर भी न वह किसी का निग्रह करता है और न अनुग्रह करता है। वह तो एक आदर्शमात्र होता है। राग द्वेष से रहित होने के कारण न वह स्तुति से प्रसन्न होता है और न निन्दा से नाराज होता है। आचार्य समन्तभद्र ने कहा है—

न पूजयार्थस्त्वयि वीतरागे न निन्दया नाथ विवान्तवैरे।
तथापि तव पुण्यगुणस्मृति नः पुनाति चित्त दुरिताञ्जनेभ्यः॥

[बृहत्स्वयभू स्तो.]

हे जिन, आप वीतराग हैं अतः आपको अपनी पूजा से कोई प्रयोजन नही। और आप बीत द्वेष हैं अतः निन्दा से भी कोई प्रयोजन नहीं है। फिर भी आपके पुण्य गुणों का स्मरण हमारे चित्त को पापकी कालिमा से मुक्त करता है अतः हम आपकी पूजा आदि करते हैं।

संसार का कोई प्राणी ईश्वर नहीं बन सकता। किन्तु संसार का प्रत्येक प्राणी तीर्थंकर बनने की योग्यता रखता है और यदि साधन सामग्री प्राप्त हो तो वह तीर्थंकर भी बन सकता है। सभी जैन तीर्थंकर इसी प्रकार तीर्थंकर बने हैं।

भगवान शान्तिनाथ भी इसी प्रकार तीर्थंकर बने थे। उनके इस पुराण में सोलह सर्ग हैं जिनमें से प्रारम्भ के बारह सर्गों में उनके पूर्वजन्मों का वर्णन है और केवल अन्तिम चार सर्गों में उनके तीर्थंकर काल का वर्णन है। प्रत्येक तीर्थंकर के पांच कल्याणक होते हैं गर्भ में आगमन, जन्म, जिनदीक्षा, कैवल्य प्राप्ति और निर्वाण इन्हीं पांच का वर्णन मुख्य रूप से किया गया है। तीर्थङ्कर

शान्तिनाथ के द्वारा जो धर्मोपदेश कराया गया है वह तत्त्वार्थ सूत्र और उसकी सर्वार्थसिद्धि टीका का ऋणी है।

रचना बहुत सुन्दर और सरल है। पं० पन्नालालजी साहित्याचार्य ने उसका हिन्दी अनुवाद भी सुन्दर किया है। इतना ही नहीं, उन्होंने ग्रन्थ के क्लिष्ट संस्कृत शब्दों पर संस्कृत में टिप्पण भी दे दिये हैं, जिनसे संस्कृत प्रेमी पाठक लाभान्वित होंगे।

जीवराज जैन ग्रन्थमाला सोलापुर से उसका प्रकाशन प्रथमबार हो रहा है आशा है स्वाध्याय प्रेमी पाठक उसे रुचि पूर्वक पढ़ेंगे।

हम कमल प्रिन्टर्स के आभारी हैं जिन्होंने यथाशीघ्र इसका मुद्रण किया है।

श्री ऋषभ जयन्ती
वी० नि० सं० २५०३

—कैलाशचन्द्र शास्त्री

प्रस्तावना

सम्पादन सामग्री :—

श्रीशान्तिनाथ पुराण का संपादन निम्नलिखित दो प्रतियों के आधार पर किया गया है।

प्रथम प्रति का परिचय

यह प्रति ऐलक पन्नालाल सरस्वती भवन ब्यावर की है तथा श्रीमान् पं० हीरालाल जी शास्त्री के सौजन्य से प्राप्त हुई है। इसमें ११½ × ५½ इञ्च की साईज के ८६ पत्र हैं, प्रति पत्र में पंक्ति संख्या १२ है और प्रत्येक पंक्ति में ४०-४२ अक्षर हैं। दशा अच्छी, अक्षरसुवाच्य हैं। लिपि संवत् १८७६ वि० सं० है। इस प्रति का 'ब' सांकेतिक नाम है।

द्वितीय प्रति का परिचय

यह प्रति श्रीमान् पं० जिनदास जी शास्त्री फड़कुले कृत मराठी टीका के साथ वीर निर्वाण संवत् २४६२ में श्रीमान् सेठ रावजी सखाराम दोशी की ओर से प्रकाशित है। मराठी अनुवाद सहित ३४३ पृष्ठ हैं। शास्त्राकार खुले पत्रों में मुद्रण हुआ है। माननीय शास्त्रीजी ने ऊपर सूक्ष्माक्षरों में श्लोक दिये हैं और नीचे मराठी अनुवाद। संस्कृत पाठों का चयन शास्त्रीजी ने ऐ० पन्नालाल सरस्वती भवन बम्बई की प्रति के आधार पर किया था। ऐसा प्रतीत होता है कि यह वही प्रति है जो अब ब्यावर के सरस्वती भवन में विराजमान है, क्योंकि ब्यावर से जो हस्तलिखित प्रति मुझे प्राप्त हुई है उसके पाठ प्रायः एक समान हैं।

जैन पुराण साहित्य की प्रामाणिकता :—

जैन पुराण साहित्य अपनी प्रामाणिकता के लिये प्रसिद्ध है। प्रामाणिकता का प्रमुख कारण लेखक का प्रामाणिक होना है। जैन पुराण—साहित्य में प्रमुख पुराण पद्मपुराण, आदिपुराण, उत्तरपुराण तथा हरिवंशपुराण हैं। इनकी रचना करने वाले रविषेणाचार्य, जिनसेनाचार्य गुणभद्राचार्य तथा जिनसेनाचार्य (द्वितीय) हैं। ये जैन सिद्धान्त के मर्मज्ञ उच्च कोटि के उद्भट विद्वान् थे। आदिपुराण के रचयिता जिनसेनाचार्य षट्खण्डागमके टीकाकार रहे हैं। गुणभद्राचार्य आत्मानुशासन आदि अध्यात्म ग्रन्थों के प्रणेता हैं। जिनसेनाचार्य द्वितीय लोकानुयोग तथा तिलोयपण्णत्ति आदि करणानुयोग के ज्ञाता थे। रविषेणाचार्य का यद्यपि पद्मपुराण के अतिरिक्त दूसरा ग्रंथ उप-

अलग नहीं है तथापि पद्मपुराण में जो बीज ६ में वर्णन तथा मध्यात्म की चर्चा आती है उससे उनकी गौढ़ विद्वत्ता सिद्ध होती है। अधिकांश पुराण ग्रंथ गुणभद्र के उत्तरपुराण पर आधारित हैं। जब मूल ग्रंथकर्ता प्रामाणिक है तब उसके द्वारा रचित ग्रंथों पर आधारित अन्य ग्रंथ प्रामाणिकता से रहित हों, यह संभव नहीं है। अलंकारों की बात जुदी है पर जैन पुराणों में जो कथा भाग है वह सत्य घटनाओं पर आधारित है। असंभव तो कल्पनाओं से दूर है।

असग कवि का शान्तिपुराण भी यथार्थ घटनाओं का वर्णन करनेवाला है। इसके बीच २ में आये हुए सद्धर्म हृदय तल को स्पर्श करनेवाले हैं तथा जैन सिद्धान्त का सूक्ष्म विश्लेषण करने वाले हैं। जैन पुराण साहित्य की नामावली, मैंने भारतीय ज्ञानपीठ से प्रकाशित आदिपुराण प्रथम भाग की प्रस्तावना में दी है उससे प्रतीत होता है कि अब भी अनेक ग्रन्थ अप्रकाशित हैं तथा घोरे २ दीमक और घूषकों के खाद्य हो रहे हैं। आवश्यक है कि इन ग्रन्थों के शुद्ध और सुन्दर संस्करण प्रकाशित किये जावें।

असग कवि

शान्तिपुराण के रचयिता असग कवि हैं। इनके द्वारा विरचित वर्धमान चरित का प्रकाशन मेरे संपादन में जैन संस्कृति-संरक्षक संघ सोलापुर से हो चुका है। शान्तिपुराण पाठकों के हाथ में है। वर्धमान चरित में भाषाविषयक जो प्रौढ़ता है वह शान्तिपुराण में नहीं है क्योंकि वर्धमान चरित काव्य की शैली से लिखा गया है, और शान्तिपुराण, पुराण की शैली से। पुराण शैली से लिखे जाने के कारण अधिकांश अनुष्टुप् छन्द का प्रयोग किया गया है तथापि बीच बीच में अन्य अनेक छन्द भी इसमें उपलब्ध हैं। भाषा की सरलता और भाव की गंभीरता ने ग्रन्थ के सौन्दर्य में चार चांद लगा दिये हैं। असग कवि ने अपना संक्षिप्त परिचय इसी शान्तिनाथपुराण के अन्त में दिया है—

इस पृथिवी पर प्रणाम करने के समय लगी हुई मुनियों की चरण रज से जिसका मस्तक सदा पवित्र रहता था, जो मूर्तिधारी उपशम भाव के समान था तथा शुद्ध सम्यक्त्व से युक्त था। ऐसा एक पट्टमति नाम का श्रावक था ॥ १ ॥ जो अनुपम बुद्धि से सहित था तथा अपने दुर्बल शरीर को समस्त पर्वों में किये जाने वाले उपवासों से और भी अधिक दुर्बलता को प्राप्त कराता रहता था ऐसा वह पट्टमति मुनियों को आहारदान आदि देने से निरन्तर उत्कृष्ट विभूति विशाल पुण्य, तथा कुन्द कुसुम के समान उज्ज्वल यश का संचय करता रहता था ॥ २ ॥ उस पट्टमति की वैरेति नामकी भार्या थी जो निरन्तर ऋषि, यति, मुनि और अनगार इन चार प्रकार के मुनि समूह में उत्कृष्ट भक्ति रखती थी और ऐसी जान पड़ती थी मानों सम्यग्दर्शन की मूर्तिधारिणी उत्कृष्ट शुद्धि ही हो ॥ ३ ॥ निर्मल कीर्ति के धारक उन पट्टमति और वैरेति के असग नाम का पुत्र हुआ। बड़ा होने पर वह उन नागनन्दी आचार्य का शिष्य हुआ जो विद्वत्समूह में अग्रणी थे, चतुरंग सेना के विजयी

[illegible] जिसका उज्ज्वल यश था और जो पृथ्वी पर व्याकरण तथा सिद्धान्त शास्त्रवेत्ता सागर के पारगामी थे ॥ ४ ॥ असग का एक जिनाप नाम का मित्र था वह जिनाप भव्य जीवों का सेवनीय था अर्थात् अच्छा जीव उसका बहुत सम्मान करते थे, जैन धर्म में आसक्त था, शौर्यगुण से प्रसिद्ध होने पर भी वह परलोक भीरु था—शत्रुओं से भयभीत रहता था (पक्ष में नरकादि परभव से भयभीत रहता था) और द्विजाधि नाथ—पक्षियों का स्वामी-गरुड़ होकर भी (पक्ष में ब्राह्मण क्षत्रिय तथा वैश्यवर्ण में प्रधान होकर भी) पक्षपात (पङ्खों के संचार) से रहित था (पक्ष में पक्षपात से रहित था अर्थात् स्नेह वश किसी से पक्षपात का व्यवहार नहीं करता था) ॥ ५ ॥ पवित्र बुद्धि के धारक उस जिनाप को व्याख्यान-कथोपकथन अर्थात् नाना कथाओं का श्रवण करना अत्यन्त रुचिकर था तथा पुराणों में भी उसकी श्रद्धा बहुत थी, इसका विचार कर उसका प्रबल आग्रह होने पर असग ने कवित्व शक्ति से रहित होने पर भी इस प्रबन्ध की (शान्तिनाथ पुराण की) रचना की ॥ ६ ॥ उत्तम अलंकार और नाना छन्दों की रचना से युक्त श्री वर्धमान चरित की रचना कर असग ने साधुजनों के उत्कट मोह की शान्ति के लिये श्री शान्तिनाथ भगवान् का यह पुराण रचा है ॥ ७ ॥ [1]

असग ने वर्धमान चरित की प्रशस्ति में अपने पर ममता भाव प्रकट करने वाली संपत् आर्यिका का और शान्तिनाथ पुराण की प्रशस्ति में अपने मित्र जिनाप नामक ब्राह्मण मित्र का उल्लेख किया है अतः प्रतीत होता है कि यह, दोनों ग्रन्थों की रचना के समय गृहस्थ ही थे मुनि नहीं। पश्चात् मुनि हुए या नहीं, इसका निर्देश नहीं मिलता। यह चोल देश के रहने वाले थे और श्री नाथ राजा के राज्य में स्थित विरला नगरी में इन्होंने आठ ग्रन्थों की रचना की थी। यतश्च इनकी मातृभाषा कर्णाटक थी, अतः जान पड़ता है कि इनके शेष ६ ग्रन्थ कर्णाटक भाषा के ही हों और वे दक्षिण भारत के किन्हीं भाण्डारों में पड़े हों या नष्ट हो गये हों। भाषा की विभिन्नता से उनका उत्तर भारत में प्रचार नहीं हो सका हो। प्राच्य विद्या मन्दिर मैसूर में मैंने देखा है कि वहां यत्र तत्र से संगृहीत कर्णाटक भाषा में लिखित ताड़ पत्रीय हजारों प्रतियां अपठित और अनवलोकित दशा में स्थित हैं। उन सबका अध्ययन होने पर अनेक जैन ग्रन्थों के मिलने की संभावना है। कर्णाटक भाषा का अध्ययन न होने से उत्तर भारत के विद्वान इस विषय की क्षमता नहीं रखते अतः दक्षिण भारत के विद्वानों का इस ओर ध्यान जाना आवश्यक है। प्राच्य विद्या मन्दिर ने यत्र तत्र पाये जाने वाले ग्रन्थों के संग्रह का अभियान शुरू किया है और इसी अभियान के फल स्वरूप उसे हजारों प्रतियां प्राप्त हुई हैं।

असग ने शान्तिनाथ पुराण में रचनाकाल का उल्लेख नहीं किया है परन्तु वर्धमान चरित में 'संवत्सरे दश नवोत्तर वर्ष युक्ते' श्लोक द्वारा उसका उल्लेख किया है। 'अङ्कानां वामतो गतिः' के

[1] शान्तिनाथपुराण पृष्ठ २५६–२५७

विक्रमानुसार एक वर्ष का आगे ९३० होता और सवत् का अर्थ करण भी होता है, अतः पक्ष-प्रक्षोकर अर्थ मूल संवत्सरे का अर्थ ९३० संख्यक उत्तम अर्थों से युक्त संवत् में, होता है। विचारणीय यह है कि यह ९३० शकसंवत् है या विक्रम संवत्। अर्थात् विक्रम भारत में शकसंवत् का प्रचलन अधिक है अतः विद्वान् लोग इसे शकसंवत् मानते आये हैं परन्तु पचाचार करने पर इतिहास के मर्मज्ञ श्रीमान् डा० ज्योतिप्रसादजी लखनऊ ने अपने ८-१०-७३ के पत्र में यह अभिप्राय प्रकट किया है—

रचना काल ९१० को मैं विक्रम संवत्—९७३ ई० मानता हूं क्योंकि ९५० ई० के पंप पोन्न आदि कन्नड कवियों ने इसकी प्रशंसा की है इनके विषय और पद की चर्चा करते हुए भी उन्होंने लिखा है।

"यह एक बृहत्कथ कवि थे" नागनन्दी के शिष्य थे, और आर्यनन्दी के सौभाग्य पर उन्होंने वर्धमान चरित की रचना की। प्रसग मूलतः कन्नड निवासी रहे प्रतीत होते हैं और सम्भव है इनकी अन्य रचनाओं में से अधिकांश कन्नड भाषा में ही हों। इनके आश्रय दाता तामिल प्रदेश निवासी थे। मद्रास के निकटवर्ती चोलमण्डल या प्रदेश में ही, संभवतया तत्कालीन पल्लव नरेश—नन्दि मोत्तरस के चोल सामन्त श्रीनाथ के आश्रय में उसकी विरला नगरी में वर्धमान चरित की रचना की थी। एक नागनन्दी का भी उक्त काल एवं प्रदेश में सद्भाव पाया जाता है। श्रवण बेलगोला के १०८ संख्यक शिलालेख से ज्ञात होता है कि नागनन्दी नन्दिसंघ के आचार्य थे।

शान्तिनाथ पुराण—

शान्तिनाथ पुराण में इस अवसर्पिणी युग के सोलहवें तीर्थंकर श्री शान्तिनाथ भगवान् का पावन चरित लिखा गया है। शांतिनाथजी तीर्थंकर, चक्रवर्ती और कामदेव पद के धारक थे। तीर्थङ्कर पद अत्यन्त दुर्लभ पद है इस पद के धारक समस्त अढ़ाई द्वीप में एक साथ १७० से अधिक नहीं हो सकते (पांच भरत के, पांच ऐरावत के, और १६० विदेह के) अनेक भवों में साधना करने वाले जीव ही इस पद को प्राप्त कर सकते हैं। ग्रन्थकार असग कवि ने शान्ति नाथ के पूर्वभवों का वर्णन अत्यन्त विस्तार से किया है उन पूर्वभवों के वर्णन से यह अनायास विदित हो जाता है कि शान्तिनाथ के जीव ने उन पूर्वभवों में किस प्रकार आत्म साधना कर अपने आपको तीर्थंकर बना पाया है शान्तिनाथ भगवान् के पूर्वभव सहित वर्तमान वृत्त का वर्णन मैंने इसी ग्रन्थ के विषय सूची खण्ड में दिया है अतः इसे पुनरुक्त करना उचित नहीं समझता। यह जीव तीर्थंकर कैसे बनता है अर्थात् तीर्थंकर प्रकृति का बन्ध किस जीव को होता है इसकी चर्चा करते हुए नेमिचन्द्राचार्य ने कर्म-काण्ड में लिखा है कि केवली श्रुत केवली के सन्निधान में दर्शनमोहनीय, क्षीणमोहनीय, क्षायोपशमिक

---

१ दर्शनविशुद्धिर्विनये सम्पन्नताशीलेष्वनतिचारोऽभीक्ष्णज्ञानोपयोगसंवेगौ शक्तितस्त्यागतपसी साधुसमाधिर्वैयावृत्यकरणमर्हदाचार्यबहुश्रुतप्रवचनभक्तिरावश्यकापरिहाणिर्मार्गप्रभावना प्रवचनवत्सलत्वमिति तीर्थकृत्वस्य ॥ २३ ॥

अथवा क्षायिक सम्यग्दर्शन की धारण करने वाला अविरतादि चारगुणस्थानों वाला मनुष्य तीर्थङ्कर प्रकृति के बन्ध का प्रारम्भ करता है। परमार्थतः सम्यग्दर्शन, तीर्थंकर प्रकृति के बन्ध का कारण नहीं है उसके काल में पाया जानेवाला लोक कल्याणकारी शुभ राग ही बन्ध का कारण है वस्तु वह शुभ राग सम्यक्त्व के काल में ही होता है अतः उपचार से उसे बन्ध का कारण कहा गया है।

तीर्थंकर प्रकृति का बन्ध कराने वाली सोलह भावनाओं की चर्चा इसी प्रस्तावना में आगे कर रहे हैं। शान्तिनाथ पुराण में प्रसङ्गोपात्त जैन सिद्धान्त का वर्णन तत्वार्थसूत्र और सर्वार्थ सिद्धि के आधार पर किया गया है। प्रमुख रूप से इसके पन्द्रहवें और सोलहवें सर्ग में जैन सिद्धान्त का वर्णन विस्तार से हुआ है। प्रथमानुयोग की शैली है, कि उसमें प्रकरणानुसार सैद्धान्तिक वर्णन का समावेश किया जाता है, प्रमेय की अपेक्षा जिनसेनाचार्य का हरिवंश पुराण प्रसिद्ध है उसमें उन्होंने क्या लोकानुयोग, क्या सिद्धान्त, क्या इतिहास—सभी विषयों का अच्छा समावेश किया है। शान्तिनाथ पुराण में भी उसी शैली को अपनाया गया है जिससे यह न केवल कथा ग्रन्थ रह गया है किन्तु सैद्धान्तिक ग्रन्थ भी हो गया है।

प्रसङ्गवश इसमें अनेक सुभाषितों का संग्रह है। अर्थान्तरन्यास या अप्रस्तुत प्रशंसा के रूप में कवि ने संग्रहणीय सुभाषितों का संकलन किया है। ये सुभाषित अन्य कवियों के नहीं किन्तु प्रसंग कवि के द्वारा ही विरचित होने से मूल ग्रन्थ के अङ्ग हैं। एक दो स्थलों पर दार्शनिक चर्चा भी की गई है। दान के प्रकरण में दाता देय तथा पात्र का विशद व्याख्यान किया गया है। इन सुभाषितों का सर्वेवार संचय प्रस्तावना के अनन्तर स्वतन्त्र स्तम्भ में दिया जा रहा है।

कवि का संस्कृत भाषा पर पूर्ण अधिकार है अतः कहीं भी भाषा शैथिल्य का दर्शन नहीं होता। अलंकार की विच्छित्ति तथा रीति की रसानुकूलता का पूर्ण ध्यान रखा गया है। द्वयर्थक श्लोकों में श्लेष का अच्छा प्रयोग हुआ है। ऐसे स्थलों पर मैंने हिन्दी अनुवाद के अतिरिक्त संस्कृत विश्लेषण भी लगा दिया है क्योंकि मात्र हिन्दी अनुवाद से कवि के वैदुष्य का परिज्ञान नहीं हो पाता।

तीर्थंकर बन्ध की पृष्ठ भूमि :—

तीर्थंकर गोत्र के बन्ध की चर्चा करते हुए, दो हजार वर्ष पूर्व रचित षट्खण्डागम के बन्ध स्वामित्व विचय नामक अधिकार खण्ड ३, पुस्तक ८ में श्री भगवन्त पुष्पदन्त भूतबलि आचार्य ने—

'सोलसहि कारणेहि जीवा तित्थयरणाम गोदं कम्मं बंधंति' ॥ ३९ ॥

सूत्र में तीर्थंकर नामकर्म के बन्ध प्रत्यय प्रदर्शक सूत्र की उपयोगिता बतलाते हुए लिखा है कि 'तीर्थंकर-गोत्र, मिथ्यात्व प्रत्यय नहीं है' अर्थात् मिथ्यात्व के निमित्त से बंधने वाली सोलह

प्रकृतियों में उसका अन्तर्भाव नहीं होता, क्योंकि मिथ्यात्व के होने पर उसका बन्ध नहीं पाया जाता। असंयम प्रत्यय भी नहीं है, क्योंकि संयतों के भी उसका बन्ध देखा जाता है। कषाय सामान्य भी नहीं है, क्योंकि कषाय होने पर भी उसका बन्ध सप्रभेद देखा जाता है अथवा कषाय के रहते हुए भी उसके बन्ध का प्रारम्भ नहीं पाया जाता। कषाय की मन्दता भी कारण नहीं है क्योंकि तीव्रकषाय वाले नारकियों के भी उसका बन्ध देखा जाता है। तीव्रकषाय भी बन्ध का कारण नहीं है क्योंकि सर्वार्थसिद्धि के देव और अपूर्वकरण गुणस्थानवर्ती मनुष्यों के भी बन्ध देखा जाता है। सम्यक्त्व भी बन्ध का कारण नहीं है क्योंकि सभी सम्यग्दृष्टि जीवों के तीर्थंकर कर्म का बन्ध नहीं पाया जाता और मात्र दर्शन की विशुद्धता भी कारण नहीं है क्योंकि दर्शनमोहका क्षय कर चुकने वाले सभी जीवों के उसका बन्ध नहीं पाया जाता, इसलिये तीर्थंकर-गोत्र के बन्ध का कारण कहना ही चाहिए।

इस प्रकार उपयोगिता प्रदर्शित कर—

'तत्थ इमेहिं सोलसेहि कारणेहि जीवा तित्थयरणाम गोदं कम्मं बंधंति ॥४०॥

इस सूत्र में कहा है कि आगे कहे जाने वाले सोलह कारणों के द्वारा जीव तीर्थंकर-नाम-गोत्र को बांधते हैं। इस तीर्थंकर नाम गोत्र का प्रारम्भ मात्र मनुष्यगति में ही संभव होता है। क्योंकि केवल ज्ञान से उपलक्षित जीवद्रव्य का सन्निधान मनुष्य गति में ही संभव होता है, अन्यगतियों में नहीं। इसी सूत्र की टीका में वीरसेन स्वामी ने कहा है कि पर्यायार्थिक नय का अवलम्बन करने पर एक ही कारण होता है अथवा दो भी कारण होते हैं इसलिये ऐसा नहीं समझना चाहिए कि सोलह ही कारण होते हैं।

अग्रिम सूत्र में इन सोलह कारणों का नामोल्लेख किया गया है—

'दंसणविसुज्झदाए विणयसंपण्णदाए सीलव्वदेसु णिरदिचारदाए आवासएसु अपरिहीणदाए खणलव पडिबुज्झणदाए लद्धिसंवेगसंपण्णदाए जधाथामे तधा तवे साहूणं पासुअ परिचागदाए साहूणं समाहिसंधारणाए साहूणं वज्जावच्चजोगजुत्तदाए अरहंत भत्तीए बहुसुद-भत्तीए पवयणवच्छलदाए पवयणप्पभावणदाए अभिक्खणं अभिक्खणं णाणोवजोगजुत्तदाए इच्चेदेहि सोलसेहि कारणेहि जीवा तित्थयरणामगोदं कम्मं बंधंति।'[1]

१ दर्शनविशुद्धता २ विनयसंपन्नता ३ शीलव्रतेष्वनतीचार ४ आवश्यकापरिहीणता ५ क्षणलवप्रतिबोधनता ६ लब्धिसंवेगसंपन्नता ७ यथास्थाम यथाशक्ति तप ८ साधूनां प्रासुक परित्यागता ९ साधूनां समाधि संधारणा १० साधूनां वैयावृत्य योग युक्तता ११ अरहंत भक्ति १२ बहुश्रुत-भक्ति १३ प्रवचन भक्ति १४ प्रवचन वत्सलता १५ प्रवचन प्रभावना और अभिक्षण अभिक्षण—

प्रतिक्षण ज्ञानोपयोग युक्तता, इन सोलह कारणों से जीव तीर्थंकर नाम गोत्र कर्म का बन्ध करते हैं।

दर्शनविशुद्धता आदि का संक्षिप्त स्वरूप इस प्रकार है—

दर्शनविशुद्धता :—तीन मूढताओं तथा शङ्का आदिक आठ मलों से रहित सम्यग्दर्शन का होना दर्शन विशुद्धता है। यहां वीरसेन स्वामी ने निम्नांकित शङ्का उठाते हुए उसका समाधान किया है—

शङ्का :—केवल उस एक दर्शन विशुद्धता से ही तीर्थंकर नाम कर्म का बन्ध कैसे संभव है? क्योंकि ऐसा मानने से सब सम्यग्दृष्टि जीवों के तीर्थंकर नाम कर्म के बन्ध का प्रसङ्ग आता है।

समाधान :—शुद्धनय के अभिप्राय से तीन मूढताओं और आठ मलों से रहित होने पर ही दर्शन विशुद्धता नहीं होती किन्तु पूर्वोक्त गुणों से स्वरूप को प्राप्त कर स्थित सम्यग्दर्शन का, साधुओं के प्रासुक परित्याग में, साधुओं की समाधारणा में, साधुओं के वैयावृत्य संयोग में, अरहन्त भक्ति, बहुश्रुत भक्ति, प्रवचन भक्ति प्रवचन वत्सलता, प्रवचन प्रभावना, और अभिक्षण ज्ञानोपयोग से युक्तता में प्रवर्तने का नाम दर्शन विशुद्धता है। उस एक ही दर्शन विशुद्धता से जीव तीर्थंकर कर्म को बांधते हैं।

२. **विनय संपन्नता** :—ज्ञान, दर्शन और चारित्र का विनय से युक्त होना विनय सम्पन्नता है।

३. **शीलव्रतेष्वनतीचार** :—अहिंसादिक व्रत और उनके रक्षक साधनों में अतिचार-दोष नहीं लगाना शीलव्रतेष्वनतीचार है।

४ **आवश्यकापरिहीणता** :—समता, स्तव, वन्दना, प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान और व्युत्सर्ग इन छह आवश्यक कामों में हीनता नहीं करना अर्थात् इनके करने में प्रमाद नहीं करना आवश्यकापरिहीणता है।

५. **क्षणलवप्रतिबोधनता** :—क्षण और लव काल विशेष के नाम हैं। सम्यग्दर्शन, ज्ञान, व्रत और शील आदि गुणों को उज्ज्वल करना, दोषों का प्रक्षालन करना अथवा उक्त गुणों को प्रदीप्त करना प्रतिबोधनता है। प्रत्येक क्षण अथवा प्रत्येक लव में प्रतिबुद्ध रहना क्षणलवप्रतिबोधनता है।

६ **लब्धिसंवेगसंपन्नता** :—सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र में जीव का जो समागम होता है उसे लब्धि कहते हैं। उस लब्धि में हर्ष का होना संवेग है। इस प्रकार के लब्धि संवेग से—सम्यग्दर्शनादि की प्राप्ति विषयक हर्ष से संयुक्त होना लब्धि संवेग संपन्नता है।

७. **यथाशक्तितप** :—अपने बल और वीर्य के अनुसार बाह्य तथा अन्तरङ्ग तप करना यथाशक्तितप है।

९. साधूनां प्रासुक परित्यागता :—साधुओं का निर्दोष ज्ञान, दर्शन, चारित्र तथा निर्दोष वस्तुओं का जो त्याग दान है उसे साधु प्रासुक परित्यागता कहते हैं।

१०. साधूनां समाधि संधारणा :—साधुओं का सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र में अच्छी तरह अवस्थित होना साधु समाधि संधारणा है।

११. साधूनां वैयावृत्य योगयुक्तता :—व्यावृत-रोगादिक से व्याकुल साधु के विषय में जो किया जाता है उसे वैयावृत्य कहते हैं। जिन सम्यक्त्व तथा ज्ञान आदि गुणों से जीव वैयावृत्य में लगता है उन्हें वैयावृत्य कहते हैं। उनसे संयुक्त होना वैयावृत्ययोगयुक्तता है।

१२. अरहन्त भक्ति :—चार घातिया कर्मों को नष्ट करने वाले अरहन्त अथवा आठों कर्मों को नष्ट करने वाले सिद्ध परमेष्ठी अरहन्त शब्द से ग्राह्य हैं। उनके गुणों में अनुराग होना अरहन्त भक्ति है।

१३. बहुश्रुत भक्ति :—द्वादशाङ्ग के पारगामी बहुश्रुत कहलाते हैं, उनकी भक्ति करना बहुश्रुत भक्ति है।

१४. प्रवचन भक्ति—सिद्धान्त अथवा बारह अङ्गों को प्रवचन कहते हैं, उसकी भक्ति करना प्रवचन भक्ति है।

१५. प्रवचन वत्सलता—देशव्रती, महाव्रती, अथवा असंयत सम्यग्दृष्टि प्रवचन कहलाते हैं। उनके साथ अनुराग अथवा ममेदंभाव रखना प्रवचन वत्सलता है।

१६. प्रवचन प्रभावना—आगम के अर्थ को प्रवचन कहते हैं, उसकी कीर्ति का विस्तार अथवा वृद्धि करने को प्रवचन प्रभावना कहते हैं।

१७. अभिक्ष्ण अभिक्ष्ण ज्ञानोपयोगयुक्तता—क्षण क्षण अर्थात् प्रत्येक समय ज्ञानोपयोग से युक्त होना अभिक्ष्ण अभिक्ष्ण ज्ञानोपयोग युक्तता है।

ये सभी भावनाएं एक दूसरे से सम्बद्ध हैं इसलिये जहां ऐसा कथन आता है कि अमुक एक भावना से तीर्थंकर कर्म का बन्ध होता है। वहां शेषभावनाएं उसी एक में गर्भित हैं ऐसा समझना चाहिए।

इन्हीं सोलह भावनाओं का उल्लेख आगे चलकर उमास्वामी महाराज ने तत्त्वार्थ सूत्र में इस प्रकार किया है—

'दर्शनविशुद्धिर्विनयसंपन्नता शीलव्रतेष्वनतिचारोऽभीक्ष्णज्ञानोपयोगसंवेगौ शक्तितस्त्यागतपसी साधुसमाधिर्वैयावृत्यकरणमर्हदाचार्यबहुश्रुतप्रवचनभक्तिरावश्यकापरिहाणिर्मार्ग-प्रभावना प्रवचनवत्सलत्वमिति तीर्थकरत्वस्य।'

दर्शन विशुद्धि, विनयसंपन्नता, शीलव्रतेष्वनतिचार, अभीक्ष्णज्ञानोपयोग, संवेग, शक्तितस्त्याग, शक्तितस्तप, साधुसमाधि, वैयावृत्यकरण, अर्हद्भक्ति, आचार्यभक्ति, बहुश्रुतभक्ति, प्रवचनभक्ति, आवश्यकापरिहाणि, मार्गप्रभावना और प्रवचन वत्सलत्व—इन सोलह कारणों से तीर्थंकर प्रकृति का आस्रव होता है।

इन भावनाओं में षट्खण्डागम के सूत्र में वर्णित क्रम को परिवर्तित किया गया है। क्षणलव प्रतिबोधनता भावना को छोड़कर आचार्य भक्ति रखी गई है, तथा प्रवचन भक्ति के नाम को परिवर्तित कर मार्गप्रभावना नाम रखा गया है। अभिक्षण अभिक्षण ज्ञानोपयोग युक्तता के स्थान पर संक्षिप्तनाम अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोग रखा है। लब्धिसंवेग भावना के स्थान पर 'संवेग' इतना संक्षिप्त नाम रखा है। क्षणलव प्रतिबोधनता भावना को अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोग में गतार्थ समझकर छोड़ा गया है, ऐसा जान पड़ता है और ज्ञान के समान आचार को भी प्रधानता देने की भावना से बहुश्रुत भक्ति के साथ आचार्य भक्ति को जोड़ा गया है। शेष भावनाओं के नाम और अर्थ मिलते-जुलते हैं। वर्तमान में षट्खण्डागम प्रतिपादित सोलह भावनाओं के स्थान पर तत्त्वार्थसूत्र प्रतिपादित सोलह भावनाओं का ही प्रचलन हो रहा है।

शलाकापुरुष :—

२४ तीर्थंकर १२ चक्रवर्ती ९ नारायण ९ बलभद्र और ९ प्रतिनारायण ये ६३ शलाकापुरुष कहलाते हैं। इनमें चौबीस तीर्थंकर ही तद्भव मोक्ष गामी होते हैं। चक्रवर्तियों में कोई मोक्ष जाते हैं तो कोई नरक भी। बलभद्रों में कोई मोक्ष जाते हैं तो कोई स्वर्ग। नारायण और प्रतिनारायण नियम से नरकगामी होते हैं। तात्पर्य यह है कि तीर्थंकर पद सातिशय पुण्य शाली है। इसकी महिमा ही निराली है। इसके गर्भस्थ होने के छह माह पूर्व ही लोक में हल चल मच जाती है। भरत और ऐरावत क्षेत्र में दश कोड़ा कोड़ी सागर के प्रत्येक उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी में यह २४ ही होते हैं। ऐसी अनन्त चौबीसियां हो चुकी हैं और अनन्त चौबीसियां होती रहेंगी। भूत, वर्तमान और भविष्यत् काल की अपेक्षा तीन चौबीसी कहलाती हैं और ५ भरत तथा ५ ऐरावत इन दश क्षेत्रों की तीन काल सम्बन्धी चौबीसी की अपेक्षा तीस चौबीसी कहलाती हैं। भरतैरावत क्षेत्र के तीर्थंकर नियम से पांच कल्याणक वाले होते हैं और इनका आगमन नरक या देवगति से होता है। विदेह क्षेत्र में पांच मेरु सम्बन्धी चार नगरियों में सीमन्धर युगमन्धर आदि २० तीर्थङ्कर सदा विद्यमान रहते हैं। सदा विद्यमान रहने का अर्थ यह नहीं है कि ये सदा तीर्थङ्कर ही रहते हैं मोक्ष नहीं जाते। एक कोटि वर्ष पूर्व की आयु समाप्त होने पर वे मोक्ष जाते हैं और उनके स्थान पर अन्य तीर्थङ्कर विराजमान हो जाते हैं। सीमन्धर आदि नाम शाश्वत हैं अर्थात् उनके स्थान पर जो भी विराजमान होते हैं वे उसी नाम से व्यवहृत होते हैं। इनके अतिरिक्त और भी तीर्थङ्कर हो सकते हैं। उन तीर्थंकरों में तीन और दो कल्याणकों के धारक भी होते हैं। विदेह क्षेत्र में एक साथ अधिक से अधिक १६०

तीर्थङ्कर हो सकते हैं। विदेह क्षेत्र में सदा चतुर्थ काल रहता है अतः मोक्ष मार्ग निरन्तर प्रवर्तित रहता है परन्तु भरत और ऐरावत क्षेत्र में काल चक्र परिवर्तित होता है अतः इसके तृतीय काल के अन्त और चतुर्थ काल में ही तीर्थंकरों का जन्म होता है। इस युग के प्रथम तीर्थङ्कर भगवान् वृषभदेव तृतीय काल में उत्पन्न हुए और जब तृतीय काल के तीन वर्ष साढ़े आठ माह बाकी थे तब मोक्ष चले गये। शेष तीर्थंकर चतुर्थ काल में उत्पन्न हुए और चतुर्थ काल में ही मोक्ष गये। अन्तिम तीर्थंकर भगवान् महावीर स्वामी चतुर्थ काल के तीन वर्ष साढ़े आठ माह बाकी रहने पर मोक्ष गये थे। तीर्थंकर का तीर्थ उनकी प्रथम देशना से शुरू होता है और आगामी तीर्थंकर की प्रथम देशना के पूर्व तक चलता है। पश्चात् अन्य तीर्थंकर तीर्थ शुरू हो जाता है।

शान्तिनाथ भगवान् भरत क्षेत्र के इस अवसर्पिणी युग सम्बन्धी सोलहवें तीर्थंकर हैं। इनके कितने ही पूर्वभव विदेह क्षेत्र में व्यतीत हुए थे। जैन पुराण कारों ने पूर्वभवों के वर्णन के साथ ही कथा नायक के वर्तमान भवों का वर्णन किया है इससे सहज ही विदित हो जाता है कि इस कथा नायक ने कितनी साधनाओं के द्वारा वर्तमान पद प्राप्त किया है। पूर्वभवसहित कथावृत्त के स्वाध्याय से पाठक के हृदय में आत्मबोध होता है। वह विचारने लगता है कि साधारण जीव जब क्रमिक पुरुषार्थ से इतने महान् पद को प्राप्त कर लेता है तब मैं पुरुषार्थ हीन क्यों हो रहा हूं? मैं भी इसी प्रकार क्रम से पुरुषार्थ कर महान् पद प्राप्त कर सकता हूं और सदा के लिये जन्म मरण के चक्र से उन्मुक्त हो सकता हूं। जैन सिद्धान्त यह स्वीकृत करता है कि जीवात्मा ही परमात्मा बनता है। ऐसा नहीं है कि जीवात्मा, सदा जीवात्मा ही बना रहता हो और परमात्मा अनादि से परमात्मा ही होता हो। उसके पूर्व उसकी जीवात्मा दशा नहीं होती।

शान्तिनाथपुराण :—

इस शान्तिनाथ पुराण की रचना कवि ने वर्धमान चरित की रचना के पश्चात् की है। जैसा कि ग्रन्थ के अन्त में स्वयं उन्होंने निर्देश किया है।

चरितं विरचय्य सन्मतीयं सदलंकार विचित्रवृत्तबन्धम् स पुराणमिदं व्यधत्त शान्तेरसगः साधुजनप्रमोहशान्त्यै ॥ ४१ ॥

अच्छे अच्छे अलंकार और नाना छन्दों से युक्त वर्धमान चरित की रचना कर असग ने साधुजनों का व्यामोह शान्त करने के लिये शान्तिनाथ का यह पुराण रचा।

इसमें १६ सर्ग हैं तथा २३५० श्लोक हैं जिनमें शार्दूल विक्रीडित ३२ वंशस्थ १ उत्पल माल हारिणी ३ प्रहर्षिणी १ इन्द्रवंशा १ वियोगिनी १ वसन्त तिलका १ और मालिनी २ शेष अनुष्टुप् छन्द हैं। रचना सरल तथा सुबोध होने पर भी श्लेषोपमा आदि अलंकारों के प्रसङ्ग में दुरूह हो गई है। संस्कृत टिप्पण देकर ऐसे प्रसङ्गों को स्पष्ट करने का प्रयास किया है। हिन्दी अनुवाद मूलानुगामी है।

प्रस्तुत सर्गों में जैन सिद्धान्त का विशद वर्णन है। जहां संभव दिखा वहां तुलनात्मक टिप्पण भी दिये गये हैं। प्रारम्भ में विषय सूची स्तम्भ में शान्तिनाथ पुराण का कथासार दिया गया है। एक बार मनोयोग पूर्वक विषय सूची पढ़ लेने से ही ग्रंथ का कथानक हृदयंगत हो सकता है। अंत में श्लोकानुक्रमणिका दी है। वर्धमान चरित में पारिभाषिक भौगोलिक, व्यक्तिवाचक और साहित्यिक विशिष्ट शब्दों का कोष दिया था पर पुराण ग्रंथों में उसका उपयोग कम होता है और निर्माण में श्रम अधिक होता है इसलिये इसमें वह नहीं दिया गया है।

आभार प्रदर्शन :—

शुद्ध पाठ के निर्धारण तथा हिन्दी अनुवाद में वयोवृद्ध एवं अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी पं० जिनदास जी शास्त्री फड़कुले सोलापुर के मराठी अनुवाद सहित संस्करण से सहायता प्राप्त हुई है अतः उनका आभारी हूं। इसका प्रकाशन जैन संस्कृति संरक्षक संघ (ब्र० जीवराज जैन ग्रन्थ माला) सोलापुर की ओर से हो रहा है इसलिये उसके मन्त्री सौजन्य मूर्ति श्री बालचन्द्रजी शहा का आभारी हूं। मेरा जीवन व्यस्तताओं से भरा है फिर भी दैनिक चर्या के निष्पादन से जब कभी जो समय शेष बच जाता है उसका उपयोग जिनवाणी की उपासना में कर लेता हूं। इसी के फल स्वरूप इस पुराण का संपादन और अनुवाद हो सका है। ज्ञानावरण के क्षयोपशम के अनुसार मैंने अनुवाद आदि में सावधानी तो रखी है पर फिर भी अनेक त्रुटियों का रह जाना संभव है। दूर होने के कारण मैं प्रूफ नहीं देख सका हूं। इसका दायित्व प्रेस के स्वामी ने ही निभाया है। अतः इन सब त्रुटियों के लिये मैं विद्वज्जनों से क्षमा प्रार्थी हूं।

वर्णिभवन-सागर
६-३-१९७७

विनीत
पन्नालाल साहित्याचार्य

सुभाषितसंचय

प्रथम सर्ग

'सर्वज्ञस्यापि चेद्वाक्यं नाभव्येभ्योऽभिरोचते ।
अहोपहतो कोऽन्यो हन्तायं सर्वमनोरमम्' ॥ ५ ॥
'न हि सन्तोष मायान्ति गुणिनोऽपि गुणार्जने' ॥ ३४ ॥
'कृतागसोऽपि वध्यस्य यः प्रहन्ति स्म न प्रभुः ।
दण्डये महति वा क्षुद्रे शक्तस्यैव क्षमा क्षमा' ॥ ३७ ॥
'श्रेयसे हि सदा योगः कस्य न स्यात्महात्मनाम्' ॥ ८८ ॥
'विषयी कः सचेतनः' ॥ ९६ ॥

द्वितीय सर्ग

'विधेरिव सुदुर्बोधं चेष्टितं नीति शालिनः' ॥ ४ ॥
'नाभि गच्छति कार्यान्तं सामदान विवर्जितः ।
समर्थोऽपि विना दोर्भ्यां कस्तालमधिरोहति' ॥ ६ ॥
'तृणायापि न मन्यन्ते दानहीनं नरं जनाः ।
तृणार्थं वाहयन्त्युच्चैर्निर्दानमिति दन्तिनम्' ॥ ७ ॥
'यो गुणं ग्राहि लोभ्येन विजिग्राहयिषुः परम् ।
स पातयति दुर्बुद्धिस्तरुं स्वस्योपरि स्वयम्' ॥ १६ ॥
'यद्यस्याभिमतं किञ्चित् स तदेवाव गच्छति' ॥ ३४ ॥
'तुल्या शक्तिमतो याच्ञा हस्त्यारूढस्य भिक्षया' ॥ ३८ ॥
'धीरो हि नयमार्गवित्' ॥ ४२ ॥
'अन्तः शुद्धो विचिह्नो वा लक्ष्यते कार्य सन्निधौ' ॥ ५५ ॥
'प्रज्ञोत्साह बलोद्योग धैर्य शौर्य क्षमान्वितः ।
जयत्येकोऽम्बरीन्कृत्स्नान्कि पुनर्द्वौ सुसंयतौ' ॥ ५६ ॥
'प्रत्यक्षा हि परोक्षापि कार्यसिद्धिः सुमेधसाम्' ॥ ५७ ॥
'गुणिनो हि विमत्सराः' ॥ ५८ ॥
'तत्कलत्रस्य वात्सल्यं पिता स्निह्यति वस्तुतः' ॥ ७३ ॥

'वृद्धैः किं नावसीयते' ।। ८१ ।।
'प्रयासो हि परार्थोऽयं महतामेव केवलम् ।
सारभूतान् किमर्थं वा मणीन्वक्ते पयोनिधिः' ।। ८८ ।।

तृतीय सर्ग

'तिर्यञ्चो हि जडा दयाः' ।। १० ।।
'जननीं जन्म भूमिं च प्राप्य को न सुखायते' ।। ४२ ।।

चतुर्थ सर्ग

'अनिमित्तं सतां युद्धं तिरश्चामिव किं भवेत् ।। ८ ।।
'प्रभोः क्षान्तिः स्त्रियो लज्जा शौर्यं शस्त्रोप जीविनः ।
'विभूषणमिति प्राहुर्वैराग्यं च तपस्विनः' ।। ३७ ।।
'क्षमावान् न तथा भूम्या यथा क्षान्त्या महीपतिः ।
क्षमा हि तपसा मूलं जनयित्री च संपदाम्' ।। ३८ ।।
'सुजीर्णमन्नं विचिन्त्योक्तं सुविचार्य च यत्कृतम् ।
प्रयाति साधुसख्यं च तत्कालेऽपि न विक्रियाम् ।। ३९ ।।'
'बालस्त्री भीति वाक्यानि नादेयानि मनीषिभिः ।
जलानि वाऽप्रसन्नानि नादेयानि घनागमे ।। ४० ।।'
'कर्मायत्तं फलं पुंसां बुद्धिस्तदनुगामिनी ।
तथापि सुधियः कार्यं प्रविचार्यैव कुर्वते । ४३ ।।'
'संसर्गेण हि जायन्ते गुणा दोषाश्च देहिनाम्' ।। ५४ ।।
'कन्यका हि दुराचारा पित्रोः खेदाय जायते' ।। ५६ ।।
'न हि वैरायते क्षीवो द्विपोऽपि मृगविद्विषि ।। ६० ।।'
'प्रश्रयो हि सतामेकमग्र्यं भूरिभूषणम् ।। ६१ ।।'
'क्वापि भूत्वा कुतोऽप्येत्य गुणवान् लोकमूर्धनि ।
विदधाति पदं चार्क्षः सुरभिः प्रसवो यथा ।। ६२ ।।'
'आरोप्यतेऽश्मा शैलाग्रं कृच्छ्रात् संप्रेर्यते सुखात् ।
ततः पुंसां गुणाधानं निर्गुणत्वं च तत्समम् ।। ६३ ।।'
'द्विषतोऽपि परं साधुर्हितायैव प्रवर्तते ।
किं राहुममृतैश्चन्द्रो ग्रसमानं न तर्पयेत् ।। ६६ ।।'
'केनापि शशपाशैः किं गृहीतोऽस्ति मृगाधिपः ।। ७८ ।।'

पञ्चम सर्ग

'को हि नाम महासत्त्वः पूर्वं प्रहरति द्विषः ॥ ८ ॥'
'कस्यचित्कृच्छ्रसाहाय्यं न हि सर्वैर्विधीयते ॥ २३ ॥'
'को हि मृत्योः पलायते ॥ ३१ ॥'
'न महान् कृच्छ्रसाहाय्यं परकीयं प्रतीक्षते ॥ ६४ ॥'
'स्फुरन्तं तेजसा शत्रुं सहते को हि सात्त्विकः ॥ ८० ॥'

षष्ठ सर्ग

'ता धन्यास्ता महासत्त्वा यासां वाच्यतया विना ।
यौवनं समतिक्रान्तं ताः सत्यं कुलदेवताः ॥ ४९ ॥'
'सुखं हि नाम जीवानां भवेच्चेतसि निर्वृते ॥ ५० ॥'
'कलङ्कक्षालनोपायो नान्योऽस्ति तपसो विना ॥ ५१ ॥'
'निर्वाच्यं जीवितं श्रेयः सुखं चानुज्झितक्रमम् ।
खण्डनारहितं शौर्यं धैर्यं चार्येनिरासकम् ॥ ५५ ॥'
'सर्वसङ्गपरित्यागान्नापरं परमं सुखम् ।
तृष्णाप्रपञ्चतो नान्यन्नरकं घोर मुच्यते ॥ ९५ ॥'
'भव्यता हि परा भूषा सत्त्वानां सत्त्वशालिनाम् ॥ ११६ ॥'

सप्तम सर्ग

'स्त्रीजनोऽपि कुलोद्भूतः सहते न पराभवम् ॥ ८७ ॥'

अष्टम सर्ग

'आचारो हि समाचष्टे सदसच्च नृणां कुलम् ॥ ४२ ॥'
'कामग्रहगृहीतेन विनयो हि निरस्यते ॥ ६७ ॥'
'दह्यमाने जगत्यस्मिन् महता मोहवह्निना ।
विमुक्तविषयासङ्गाः सुखमन्ते तपोधनाः ॥ १०६ ॥'

नवम सर्ग

'भजते नो विशेषज्ञो वर्णमात्रेण भिद्यते ॥ ३१ ॥'

दशम सर्ग

'अविद्यारागसंक्लिष्टो बम्भ्रमीति भवान्तरे ।
विद्यावैराग्यसंयुक्तः सिद्धत्यविकलस्थितिः ।। ८३ ।।'

'जैनं विश्वजनीनं हि शासनं दुःखनाशनम् ।। ८४ ।।'

'परमं सुखमश्नेति निगृहीतेन्द्रियः पुमान् ।
दुःखमेव सुखव्याजाद्विषयार्थी निषेवते ।। १०४ ।।'

'आपदामिह सर्वासां जनयित्री पराऽक्षमा ।
तितिक्षैव भवेन्नृणां कल्याणानां हि कारिका ।। १०५ ।।'

एकादश सर्ग

'साधुः स्वार्थालसो नित्यं परार्थानिरतो भवेत् ।
स्वच्छाशयः कृतज्ञश्च पापभीरुश्च तथ्यवाक् ।। ८२ ।।'

'भूयते हि प्रकृत्यैव सानुक्रोशैर्महात्मभिः ।
केनान्तर्गन्धितोयेन संसिक्ताश्चन्दनद्रुमाः ।। ११३ ।।'

'अक्षान्त्या सर्वतः क्षुद्रो व्याकुलीक्रियते जनः ।
सदोन्मार्गप्रवर्तिन्या भूरेणुरिव वात्यया ।। ११४ ।।'

असत्कृत्याप्यहो पश्चादनुशेते कुलोद्भवः ।। ११७ ।।'

'पुत्रो हि कुलदीपकः ।। १४० ।।'

'जन्मान्तर सहस्राणि विरहः प्राणिनां प्रियैः ।
कर्मपाकस्य वैषम्यात्स्यात्साम्याच्च समागमः ।। १४२ ।।'

द्वादश सर्ग

'कर्मभिः प्रेर्यमाणः सन् जीवो गति चतुष्टये ।
निर्विशन् सुखदुःखानि बम्भ्रमीति समन्ततः ।। १६ ।।'

'संसारोत्तरणोपायो नान्योऽस्ति जिन शासनात् ।
भव्येनैवाप्यते तच्च नाभव्येन कदाचन ।। १७ ।।'

'महान्तो नाम कृच्छ्रेऽपि नैवाकार्यं प्रकुर्वते ।। ३१ ।।'

'केषां मनः सकालुष्यं कषायैर्न विधीयते ।। ४२ ।।'

'अनेकरागसंकीर्णं घनलग्नमपि क्षणात् ।
मानुष्यं यौवनं चित्रं तडित्पल्लवचञ्चलम् ॥ १८ ॥'
'सर्वं दुःखं पराधीनमात्माधीनं परं सुखम् ॥ १०६ ॥'
'कर्मपाथेय मादाय चतुर्गति महाटवीम् ।
आत्माध्वगः सदा भ्राम्यन् सुखदुःखानि निर्विशेत् ॥ १०९ ॥'

त्रयोदश सर्ग

आर्द्रसंपर्कतः केवां नापयाति रजःस्थितिः ॥ ४० ॥'

चतुर्दश सर्ग

'दुःसहो हि मनोभवः ॥ १५४ ॥'
'परप्रार्थनया प्रेम यद्भवेत्तत्किमद्भुतम् ॥ १६३ ॥'

विषय सूची

प्रथम सर्ग

	श्लोक		पृष्ठ
मंगलाचरण और कवि प्रतिज्ञा	१–६	।	१–२
जम्बूद्वीप के पूर्व विदेहक्षेत्र में सीता नदी के दक्षिण तट पर वत्सकावती देश है। उसकी सुषमा अपार है।	७–२०	।	२–३
वत्सकावती देश में प्रभाकरी नगरी है; जो पृथिवी तल पर अपनी उपमा नहीं रखती।	२१–३०	।	४–५
प्रभाकरी नगरी का राजा स्तिमित सागर था।	३१–४०	।	५–६
जो बल-बुद्धि और विवेक से सुशोभित था। राजा स्तिमितसागर की दो रानियां थीं १. वसुन्धरा और २. वसुमति। वसुन्धरा रानी के अपराजित नामका पुत्र हुआ जो सचमुच ही अपराजित-अजेय था।	४१–५१	।	६–७
वसुमति नामक दूसरी रानी के अनन्तवीर्य नामका पुत्र हुआ जो बड़ा पराक्रमी था। अपराजित और अनन्तवीर्य में स्वाभाविक प्रीति थी। इन दोनों पुत्रों से राजा स्तिमितसागर की प्रभुता सर्वत्र व्याप्त हो गई।	५५–६४	।	८–९
एक समय वनपाल ने सूचना दी कि पुष्पसागर नामक उद्यान में स्वयंप्रभ जिनेन्द्र देवों के साथ विराजमान हैं। राजा स्तिमितसागर यह सुन बड़ा प्रसन्न हुआ और सैनिकों तथा परिवार के सब लोगों के साथ उनकी वन्दना के लिये गया। देवरचित समवसरण में उसने प्रवेश किया, तीन प्रदक्षिणाएं देकर स्वयंप्रभ जिनेन्द्र को नमस्कार किया। तदनन्तर धर्मश्रवण कर ज्येष्ठ पुत्र को राज्यलक्ष्मी सौंपकर दिगम्बर दीक्षा धारण कर ली। उसी समवसरण में महान् ऋद्धियों के धारक धरणेन्द्र को देखकर उसने धरणेन्द्र पद का निदान किया—ऐसी भावना की कि मैं भी धरणेन्द्र का पद प्राप्त करूं। अपराजित ने अणुव्रत धारण किये परन्तु अनन्तवीर्य के हृदय में तीर्थंकर स्वयंप्रभजिनेन्द्र के वचन स्थान नहीं पा सके।	६५–७३	।	९

अपराजित और अनन्तवीर्य समवसरण से नगरी में वापिस आये। पति के वियोग से विह्वल माताओं को सान्त्वना देकर उन्होंने मंत्रियों के अनुरोध से अलसाये मन से समस्त क्रियाएं की।	७४-७८	१०
मंत्रियों ने अपराजित का राज्याभिषेक किया परन्तु उसने राज्य का सारा भार अपने अनुज अनन्तवीर्य को सौंप दिया। दोनों में अखण्ड प्रीति थी इसलिए किसी भेदभाव के बिना ही राज्यशासन चलता रहा।	७९-८९	१०-११
तदनन्तर एक दिन एक विद्याधर ने आकाश मार्ग से आकर कहा कि नारदजी ने दमितारि चक्रवर्ती को आपकी किरातिका तथा बर्बरिका नामक गायिकाओं का परिचय दिया है तथा कहा है कि वे गायिकाएं आपके ही योग्य हैं। नारदजी के कथन से प्रभावित हो चक्रवर्ती ने उन गायिकाओं को लेने के लिये मुझे आपके पास भेजा है। इतना कहकर दूत ने उन्हें एक मुहरबंद भेंट की। उस भेंट के खोलने पर चांदनी के समय उज्जव हार देखकर उसे पूर्वभव का स्मरण हो गया।	९०-१०५	१२-१३

द्वितीय सर्ग

दमितारि चक्रवर्ती ने हार सहित दूत भेजकर गायिकाओं की मांग की थी इस पर विचार करने के लिए राजा अपराजित और उनके अनुज अनन्तवीर्य ने मन्त्रशाला में प्रवेश कर सबके समक्ष इस घटना को विचारार्थ प्रस्तुत किया।	१-११	१४-१५
इस प्रसङ्ग में सन्मति नामक मन्त्री ने दमितारि चक्रवर्ती की प्रभुता और बलिष्ठता का वर्णन करते हुए उसकी अधीनता स्वीकृत कर लेना चाहिए यह संमति दी।	१२-२८	१५-१७
अनन्तवीर्य ने इसके विपरीत बोलते हुए कहा कि दमितारि चक्रवर्ती ने गायिकाओं की मांग की है और उनके न दिये जाने पर वह बलात् आक्रमण कर उन्हें लेना चाहता है। यह अपमान की बात है।	२९-४२	१७-१८
राजा अपराजित ने भी अनन्तवीर्य के पक्ष का समर्थन करते हुए कहा कि हम दोनों भाई विद्याबल से गायिकाओं का रूप रखकर दमितारि के पास जाते हैं और उसके बलाबल को प्रत्यक्ष देखते हैं आप लोग किसी अनिष्ट की आशङ्का न करें।	४३-४९	१९

तदनन्तर प्रमुख मन्त्री बहुश्रुत ने कहा कि मैं इन दोनों भाइयों की अपरिमित शक्ति को जानता हूं और निमित्तज्ञ से मैंने यह भी सुना है कि ये दमितारि को नष्ट कर समस्त विद्याधरों को अपने अधीन करेंगे। इसलिए इन्हें जाने दिया जाय। साथ ही चक्रवर्ती के दूत को सत्कृत कर उसके माध्यम से चक्रवर्ती की पुत्री की याचना करना चाहिए। ५०–५९ । १९–२०

इसीके बीच राजा अपराजित ने कोषाध्यक्ष के द्वारा एक त्रिजगद्भूषण नामका बहुमूल्य रत्नहार चक्रवर्ती के दूत के पास भेजा। दूत प्रभावित होकर उसी समय कोषाध्यक्ष के साथ राजसभा में आकर राजा अपराजित की स्तुति करने लगा। इसी संदर्भ में बहुश्रुतमन्त्री ने चक्रवर्ती दमितारि और राजा अपराजित के वंशों के पूर्वागत सम्बन्ध की चर्चा करते हुए कहा कि अनन्तवीर्य के लिये चक्रवर्ती की पुत्री दी जावे जिससे दोनों वंशों के सम्बन्ध चिरस्थायी हो जावें। दूत ने इस पर अपनी सहमति प्रकट की। ६०–९५ । २०–२३

तदनन्तर बहुश्रुत मन्त्री की मन्त्रणा के अनुसार दूत के लिये गायिकाएं सौंप दी गई। यहां यह ध्यानमें रखने के योग्य है कि ये गायिकाएं नहीं थीं किन्तु उनके वेषमें राजा अपराजित और अनन्तवीर्य थे। ९६–१०२ । २३–२६

तृतीय सर्ग

तदनन्तर वह दूत शीघ्र ही विजयार्ध पर्वत पर पहुंच गया। पर्वत की अनुपम शोभा देख सभी को प्रसन्नता हो रही थी दूत ने गायिकाओं के लिये विजयार्ध पर्वत की सुन्दरता का वर्णन किया। वर्णन करता हुआ वह गायिकाओं के साथ चक्रवर्ती के शिवमंदिर नगर पहुँचा। १–३२ । २६–२८

शिवमन्दिर नगर की सुन्दरता का वर्णन करता हुआ दूत गायिकाओं के मन को प्रसन्न कर रहा था। तदनन्तर दूत ने अपना विमान आकाश से राजसभा के आङ्गण में उतारा। द्वारपाल के द्वारा अमित दूत के वापिस आने की सूचना चक्रवर्ती को दी गई। दूत ने चक्रवर्ती को नमस्कार कर गायिकाओं के आगमन का सुखद समाचार सुनाया। ३३–७४ । २८–३२

इसी संदर्भ में चक्रवर्ती की सुन्दरता का वर्णन है। चक्रवर्ती गायिकाओं को देख बहुत प्रसन्न हुआ। उनके साथ वार्तालाप कर उसने उन्हें सम्मानित किया। तदनन्तर चक्रवर्ती दमितारि ने अमित दूत को आज्ञा दी कि इन गायिकाओं को कनक श्री पुत्री को सौंप दो। वही इनकी सब व्यवस्था तथा देखभाल करेगी। ९९-१०० । ३२-३५

चतुर्थ सर्ग

तदनन्तर वृद्ध कञ्चुकी ने एक दिन राज सभा में आकर चक्रवर्ती दमितारि को सूचना दी कि हे राजराजेश्वर ! ध्यान से सुनिये। कन्या कनकश्री के अन्तःपुर में जो गायिकाएं थीं, वे गायिकायें नहीं थीं। उनके छद्मवेष में राजा अपराजित और अनन्तवीर्य थे। अपराजित ने कन्या कनकश्री को प्रभावित कर अनन्तवीर्य के अधीन कर दिया है और दोनों भाई कन्या को विमान में बैठाकर आकाश मार्ग से चल दिये हैं। पीछा करने पर उन्होंने कहा है कि हमने चक्रवर्ती से युद्ध करने के लिये ही कनकश्री का अपहरण किया है। युद्ध के लिये चक्रवर्ती को भेजो। जब तक चक्रवर्ती नहीं आता तब तक हम विजयार्ध पर्वत से एक पद भी आगे नहीं जावेंगे। १-१० । ३६-३७

कञ्चुकी के मुख से यह सुनकर चक्रवर्ती ने तत्काल सभा बुलायी और सभा सदों से यह सब घटना कही। सुनते ही सभासदों का क्रोध भड़क उठा और वे युद्ध के लिये तैयार हो गये। महाबल आदि योद्धाओं ने अपनी युद्धोत्कण्ठा प्रकट की। उनकी उत्कण्ठा देख सुमति मन्त्री ने कहा— ११-३२ । ३७-३९

इस अवसर पर क्षमा से व्यवहार करना चाहिये। सब से पहले उनके पास दूत भेजना आवश्यक है उसके वापिस आने पर ही युद्ध करना चाहिए। सुमति मंत्री की सुमति को मान्यता देते हुए चक्रवर्ती ने अपराजित और अनन्तवीर्य के पास अपना प्रीतिवर्धन नामका दूत भेजा। दूत ने जाकर विनयपूर्वक निवेदन किया परन्तु उसका कुछ भी प्रभाव उन पर नहीं पड़ा। उन्होंने युद्ध की ही आकांक्षा प्रकट की। प्रीतिवर्धन के वापिस आने पर युद्ध की तैयारियां होने लगी। ३३-१०२ । ३९-४६

पञ्चम सर्ग

चक्रवर्ती की अपरिमित सेना आगे बढ़ी आ रही थी। धूलि से आकाश भर गया था। सेना के योद्धा बहुत उछल कूद कर रहे थे पर ज्योंही अपराजित की गंभीर दृष्टि सेना पर पड़ी त्योंही उनकी उछल कूद बंद हो गई। सब सैनिक अपराजित पर प्रहार करने लगे परन्तु अपराजित ने इस वीरता से उनका सामना किया कि रणक्षेत्र मृतकों से भर गया। अगदड़ मच गई। दमितारि के प्रमुख योद्धा महाबल ने भागते हुए सैनिकों का स्थिरीकरण किया परन्तु अपराजित के सामने कोई टिक नहीं सका। महाबल भी मारा गया। अन्त में चक्रवर्ती स्वयं युद्ध के लिये आगे आया। १–९० । ४७–५६

चक्रवर्ती को आता देख अनन्तवीर्य ने अपने अग्रज अपराजित से कहा कि इसके साथ युद्ध करने की मुझे आज्ञा दीजिये। अपराजित की आज्ञा पाकर अनन्त वीर्य ने दमितारि के साथ युद्ध किया। अन्त में क्रुद्ध होकर दमितारि ने अनन्तवीर्य पर चक्ररत्न चलाया परन्तु वह चक्ररत्न प्रदक्षिणा देकर अनन्तवीर्य के दक्षिण कंधे को अलंकृत करने लगा। उसी चक्ररत्न से दमितारि मारा गया। विजय लक्ष्मी से सुशोभित अनन्तवीर्य का आलिङ्गन कर अपराजित ने बड़ा हर्ष प्रकट किया। अपराजित बलभद्र और अनन्तवीर्य नारायण के रूप में उद्घोषित हुए। ९१–११७ । ५६–५९

षष्ठ सर्ग

तदनन्तर बलभद्र अपराजित ने पिता के मरण सम्बन्धी शोक और लोकापवाद से संतप्त कनकश्री को सान्त्वना देकर दमितारि का अन्तिम संस्कार किया और भयभीत अवशिष्ट विद्याधरों को अभयदान दिया। १–४ । ६०

पश्चात् अपराजित ने भाई अनन्तवीर्य और चक्रवर्ती की पुत्री कनकश्री के साथ विमान में आरूढ हो अपने नगरकी ओर प्रस्थान किया। बीच में विमान अकस्मात् रुक गया। तब अपराजित ने नीचे आकर विमान के रुकने का कारण जानना चाहा तब सूतरमण अटवी के ५–१२ । ६०–६१

मध्य कांचन गिरि पर्वत पर घातिया कर्मों का क्षय कर केवली के रूप में विराजमान मुनिराज को देखा उसी समय वह विमान में बैठकर अनन्तवीर्य और कनकश्री को साथ लेकर केवली भगवान् की वन्दना के लिये आया। सबने केवली भगवान् को नमस्कार किया। पूछने पर केवलज्ञानी मुनिराज कनकश्री के भवान्तर कहने लगे।

कनकश्री के भवान्तर का वर्णन। ३३-३३ । ६१-६३

कनकश्री के भवान्तर सुनने के बाद अपराजित और अनन्तवीर्य कनकश्री के साथ अपने नगर की ओर आकाश मार्ग से चले। इधर कनकश्री के भाई विद्युद्दंष्ट्र और सुदंष्ट्र बदला लेने की भावना से इनकी नगरी पर घेरा डाले हुए थे और विचित्रसेन सेनापति नगरी की रक्षा कर रहा था। कनकश्री ने बहुत कहा कि हमारे भाईयों को न मारो परन्तु क्रोध में आकर अनन्तवीर्य ने उन दोनों को मार डाला। नगर में अपराजित और अनन्तवीर्य का बड़ा स्वागत हुआ दिग्विजय के बिना ही सब राजाओं ने अपने आप इनकी अधीनता स्वीकृत कर ली। ३४-४५ । ६३-६४

अन्य समय परिचारकी स्त्री के मुख से अपने विवाह का समाचार सुनकर कनकश्री ने विचार किया कि पिता के वंश का नाश और लोकोत्तर निन्दा का कलंक आंसुओं से नहीं धोया जा सकता इसलिये मुझे अब का परित्याग करना चाहिये। अन्त में उसने अपना यह विचार अपराजित और अनन्तवीर्य के समक्ष प्रगट किया तथा चार हजार कन्याओं के साथ स्वयंप्रभ जिनेन्द्र के पास आर्यिका की दीक्षा ले ली। ४६-६६ । ६४-६६

इधर अपराजित बलभद्र ने अपनी पुत्री सुमति के स्वयंवर की घोषणा की। देश विदेश से राज कुमार आये। सुमति ने बड़े वैभव से स्वयंवर सभा में प्रवेश किया। सब राजकुमार उसकी ओर निर्निमेष नेत्रोंसे देख रहे थे। इसी के बीच एक देवी ने आ कि सुमति की पूर्व भव की बहिन थी उसे संबोधित करते हुए उसके पूर्वभव कहे। उन्हें सुन सुमति मूर्छित हो गई। सचेत होने पर उसने उस देवी का ६७-११७ । ६६-७१

बहुत आभार माना और संसार से विरक्त हो आर्यिका की दीक्षा ले ली।

चौरासी लाख पूर्वतक राज्य करने के बाद अनन्तवीर्य की अकस्मात् मृत्यु हो गई। अपराजित को भाई की मृत्यु का बहुत दुःख हुआ। परन्तु उसे रोक उन्होंने मुनि दीक्षा धारण करली और अन्त में समाधिमरण कर अच्युत स्वर्ग में इन्द्र हुए। ११८–१२३ । ७१–७२

सप्तम सर्ग

एकबार अपराजित का जीव अच्युतेन्द्र नन्दीश्वर द्वीप की वन्दना कर सुमेरु पर्वत पर गया वहां अन्तिम जिनालय में एक विद्याधर राजा को देख कर उसे बहुत प्रीति उत्पन्न हुई। उसने अपने देशावधिज्ञान से उस विद्याधर के साथ अपने पूर्वभवों का सम्बन्ध जान लिया। इधर विद्याधर राजा को हृदय में अच्युतेन्द्र के प्रति भी आकर्षण उत्पन्न हो रहा था इसलिये उसने उसका कारण पूछा। १–१० । ७३–७४

अच्युतेन्द्र ने विद्याधर राजा के साथ अपने पूर्वभव का सम्बन्ध बतलाते हुए कहा कि विजयार्ध की दक्षिण श्रेणी पर स्थित रथनूपुर नगर में एक ज्वलनजटी राजा रहता था उसके वायुवेगा स्त्री से उत्पन्न अर्ककीर्ति नाम का पुत्र था। क्रमसे उसकी वायुवेगा स्त्री से स्वयं-प्रभा नाम की पुत्री उत्पन्न हुई। जब स्वयंप्रभा यौवनवती हुई तब विवाह के लिये ज्वलनजटी ने अपने निमित्त ज्ञानी पुरोहित से पूछा। उसने भरतक्षेत्र सम्बन्धी सुरम्य देश के पोदनपुर नगर के राजा प्रजापति के पुत्र त्रिपृष्ठ नारायण को देने की बात कही। ११–३२ । ७४–७६

ज्वलनजटी ने इन्दुनामक विद्याधर को भेजकर राजा प्रजापति से स्वीकृति ले ली। अनन्तर पोदनपुर जाकर त्रिपृष्ठ के साथ स्वयंप्रभा का विवाह कर दिया। इधर अश्वग्रीव भी स्वयंप्रभा को चाहता था इसलिये उसने रुष्ट होकर मन्त्रियों–विजय और त्रिपृष्ठ से युद्ध किया। अन्त में त्रिपृष्ठ के हाथ से अश्वग्रीव मारा गया। त्रिपृष्ठ नारायण और विजय बलभद्र हुए। इन्हीं बलभद्र और नारायण के परिवार का विस्तृत वर्णन। अश्वग्रीव, विजय और सुतारा के अपहरण की चर्चा। ३३–१०० । ७६–८२

अष्टम सर्ग

विद्याधरों के राजा अमिततेज तथा राजा अशनिघोष ने विजय केवली को नमस्कार किया। इसी के बीच स्वयंप्रभा, सुतारा को लेकर आ पहुँची और केवली को नमस्कार कर बैठ गई। अमिततेज ने केवली भगवान् से धर्म का स्वरूप पूछा। केवली द्वारा रत्नत्रयरूप धर्म का संक्षिप्त वर्णन। १-२३ । ८३-८५

धर्मोपदेश से संतुष्ट राजा अमिततेज ने केवली जिनेन्द्र से पूछा कि अशनि घोष ने सुतारा का हरण क्यों किया? केवली भगवान् ने कहा कि दक्षिण भरतक्षेत्र में रत्नपुर नगर है उसका राजा श्रीषेण था जो अपने इन्द्र और उपेन्द्र नामक पुत्रों से अतिशय शोभमान था। एक दिन एक तरुण स्त्री 'रक्षा करो-रक्षा करो' यह बार बार कहती हुई राजा श्रीषेण की शरण में आई। राजा के पूछने पर उसने बताया कि मेरा पति दुराचारी तथा हीनकुली है उससे मेरी रक्षा करो। मैं आपके ब्राह्मण की बेटी हूं। कपिल ने पिता को धोखा देकर मुझे विवाह लिया। इस प्रसंग में उसने अपनी सब कथा सुनाई। राजा श्रीषेण ने उस सत्यभामा नामक स्त्री को अपने अन्तःपुर में शरण दी। २४-५४ । ८५-८८

तदनन्तर राजा श्रीषेण ने कदाचित् आदित्य नामक मुनिराज से दानधर्म का उपदेश सुना। पश्चात् दो मास का उपवास करने वाले चारण ऋद्धि के धारक अमितगति और आदित्यगति नामक दो मुनि राजों को भक्तिपूर्वक आहार दान दिया। ब्राह्मण की पुत्री सत्यभामा ने भी इस दान की अनुमोदना की। देवों ने पञ्चाश्चर्य किये। ५५-६४ । ८८-८९

श्रीषेण के पुत्रों-इन्द्र और उपेन्द्र के बीच वसन्तसेना वेश्या के कारण युद्ध होने लगा। उसी समय एक विद्याधर ने आकाश मार्ग से नीचे उतर कर कहा कि प्रहार मत करो। यह वसन्तसेना तुम दोनों की बहिन है। इस संदर्भ में उसने वसन्तसेना के पूर्वभव का वर्णन किया। वह बीच में आया विद्याधर मणि कुण्डल था। उसका इन्द्र और उपेन्द्र ने बहुत आभार माना। तथा उसे सन्मान से विदाकर दोनों मुनि हो ६५-१०२ । ८९-९२

गये। पुत्रों के वियोग से राजा श्रीषेण उसकी स्त्री सिंहनन्दा तथा सत्यभामा ये सब विष पुष्प सूंघ कर मर गये।

राजा श्रीषेण, सिंहनन्दा, अनिन्दिता और सत्यभामा के जीव धातकी खण्ड १०३–११९ । ९२–९३
के उत्तर कुरु में आर्य तथा आर्या हुए। वहां से चलकर सौधर्म स्वर्ग में उत्पन्न हुए। श्रीषेण राजा का जीव स्वर्ग से चयकर अमिततेज हुआ और सिंहनन्दा त्रिपृष्ठ की पुत्री स्वयंप्रभा हुई है।

अनिन्दिता, तुम्हारा पुत्र श्री विजय हुई है। सुतारा, सात्यकि की पुत्री ११३–१२४ । ९३–९४
सुतारा है। कपिल ब्राह्मण का जीव नाना योनियों में भ्रमण करता हुआ भृगशृङ्ग नामका जटाधारी साधु हुआ। पश्चात् मरकर अशनिघोष हुआ। सुतारा, सत्यभामा का जीव था। पूर्व स्नेह के कारण अशनिघोष ने सत्यभामा का हरण किया। अशनिघोष अपने पूर्वभव सुनकर संसार से विरक्त हो मुनि हो गया।

चारण ऋद्धिधारी मुनि ने त्रिपृष्ठ के पूर्वभवों का वर्णन किया। १२५–१५० । ९४–९७

अमित तेज और श्रीविजय ने मुनिराज के मुख से अपनी छत्तीस दिन की १५१–१८३ । ९८–१००
आयु जानकर सन्यास धारण कर लिया जिससे दोनों ही आनत स्वर्ग में आदित्यचूल और मणिचूल देव हुए। आदित्यचूल का जीव स्वर्ग से चय कर प्रभाकरी नगरी के राजा के अपराजित नामका पुत्र हुआ और मणिचूल का जीव अनन्तवीर्य हुआ। अनन्तवीर्य ने दमितारि चक्रवर्ती को मारा था इसलिये वह नरक गया। वहां से निकलकर जम्बू द्वीप-भरतक्षेत्र-विजयार्ध पर्वत की उत्तर श्रेणी के गगनवल्लभ नगर में मेघवाहन विद्याधर का मेघनाद नामका पुत्र हुआ। अच्युतेन्द्र के संबोधन से मेघनाद ने राज्यपद छोड़कर मुनिदीक्षा धारण करली तथा तप के प्रभाव से अच्युतस्वर्ग में प्रतीन्द्र पद प्राप्त किया।

नवम सर्ग

जम्बू द्वीप के पूर्व विदेह क्षेत्र में सीता नदी के दक्षिण तट पर मङ्गलावती १–२१ । १०१–१०३
देश है। उसमें रत्नसंचयपुर नगर है। वहां क्षेमंकर नामका राजा था। और कनक चित्रा उसकी स्त्री का नाम था।

पूर्वोक्त अच्युतेन्द्र स्वर्ग से चयकर कनक चित्रादेवी के गर्भ से वज्रायुध २२-४० । १०३-१०६
नामका पुत्र हुआ । वज्रायुध बड़ा सुन्दर और बलवान् था । राजा
क्षेमंकर ने वज्रायुध को युवराज बनाया । वज्रायुध ने लक्ष्मी मति
कन्या के साथ विवाह किया । मेघनाद का जीव जो अच्युतस्वर्ग में
प्रतीन्द्र हुआ था, वहां से चय कर वज्रायुध और लक्ष्मीमति के
सहस्रायुध नामका पुत्र हुआ । सहस्रायुध ने सात सौ कन्याओं के साथ
विवाह किया ।

इतने में वसन्त ऋतु आ गई उसका साहित्यक वर्णन । ७१-७७ । १०६-१०९

वसन्त ऋतु में वन क्रीडा करने के लिये सहस्रायुध अपने अन्तःपुर के साथ ७१-८८ । १०९-१११
देवरमण वन को गया । वहां वन क्रीडा के अनन्तर वह जल क्रीडा
के लिये वापिका में उतरा । स्त्रियों के साथ जब वह जलकेलि कर
रहा था तब पूर्व भव के वैरी विद्युद्दंष्ट्र ने आकाश मार्ग से जाते
हुए उसे देखा । क्रोध वश उसने उसे नागपाश से बांध दिया
और वापिका की शिला से ढक दिया परन्तु सहस्रायुध ने अंगड़ाई
लेकर नागपाशों को तोड़ दिया और बायें हाथ से शिला को अलग
कर दिया । भावी चक्रवर्ती के वीर्य और साहस को देखकर वह देव
भाग गया ।

सहस्रायुध की कीर्ति सर्वत्र फैल गई । नगरवासियों ने उसका अत्यधिक ८९-१०० । १११-११२
सत्कार किया इसी के बीच क्षेमङ्कर महाराज संसार से विरक्त हो
उठे जिससे उन्हें संबोधने के लिये लौकान्तिक देव आये । युवराज
वज्रायुध ने पिता का सिंहासन प्राप्त किया । क्षेमङ्कर महाराज ने
दीक्षा कल्याणक का अनुभव कर उसी नगर के उद्यान में दीक्षा
धारण कर ली ।

वज्रायुध शान्ति से राज्य संचालन करने लगे । १०१-१०५ । ११२-११३

तदनन्तर विवाद की इच्छा रखने वाला कोई विद्वान् वज्रायुध की सभा १०६-१५८ । ११३-११६
में आया । वज्रायुध ने उसके प्रश्न सुन कर उनका युक्ति युक्त
समाधान किया । वह विद्वान् एक देव था परीक्षा में आया था ।
वज्रायुध के पाण्डित्य से प्रसन्न होकर चला गया ।

दशम सर्ग

तदनन्तर वज्रायुध की आयुधशाला में चक्ररत्न उत्पन्न हुआ। उसी समय उनके पिता क्षेमंकर तीर्थंकर को केवलज्ञान उत्पन्न हुआ। वज्रायुध पहले तीर्थंकर की वन्दना करने के लिये गया। सुरासुर पूजित तीर्थंकर भगवान् की प्रभुता देख उसे बहुत हर्ष हुआ। तीर्थंकर की पादवन्दना से लौटकर वह आयुध शाला में गया तथा चक्ररत्न की पूजा कर प्रसन्न हुआ। चक्रवर्ती वज्रायुध चौदह रत्न और नौ निधियों का स्वामी था।	१–२०	११०–१२१
एक समय चक्रवर्ती वज्रायुध राजसभा में बैठे थे उसी समय एक विद्याधर उनकी शरण में आया। उसके पीछे ही एक विद्याधरी हाथ में तलवार लिये हुई आकर कहने लगी कि महाराज आपको इस अपराधी की रक्षा नहीं करना चाहिये। सुन्दरधारी एक वृद्ध पुरुष ने उसी समय आकर उन दोनों के क्रोध का कारण कहा।	२१–३५	१२२–१२३
चक्रवर्ती वज्रायुध ने अवधिज्ञान से उनके भव ज्ञात कर सभासदों को सुनाये।	३६–११०	१२३–१३१
एक समय चक्रवर्ती वज्रायुध ने कामसुख से विरक्त हो तीन हजार राजाओं के साथ मुनि दीक्षा धारण करली। उनकी तपस्या का वर्णन। जब मुनिराज तपस्या में लीन थे तब अश्वग्रीव के जो दो पुत्र पञ्चमभव में चक्रवर्ती के द्वारा मारे गये थे और असुर हुए थे वे वे मुनिराज का घात करने के लिये प्रवृत्त हुए परन्तु उस समय पूजा के लिये आयी हुई रम्भा और तिलोत्तमा अप्सरा को देख कर वे भाग गये मुनिराज वज्रायुध समाधि मरण कर उपरिम ग्रैवेयक में अहमिन्द्र हुए। सहस्रायुध ने अपने पिता मुनिराज की तपस्या से प्रभावित हो दीक्षा धारण करली और अन्त में उपरिम ग्रैवेयक में अहमिन्द्र पद प्राप्त किया।	१११–१३९	१३१–१३४

एकादश सर्ग

जम्बूद्वीप के पूर्व विदेह क्षेत्र में सीता नदी के उत्तर तट पर पुष्कलावती देश है। उसकी पुण्डरीकिणी नगरी में राजा घनरथ रहते थे उनकी मनोहर नामकी स्त्री थी। वज्रायुध का जीव अमितविक्रम अहमिन्द्र,	१–१७	१३५–१३७

उपरिम ग्रैवेयक से चय कर मेघरथ नामका पुत्र हुआ और सह-
स्रायुध का जीव कान्त प्रभ नामका अहमिन्द्र, इन्हीं धनरथ की
दूसरी रानी प्रीतिमती के दृढरथ नामका पुत्र हुआ। दोनों भाईयों में
अटूट प्रेम था। दोनों के उत्तम कन्याओं के साथ विवाह हुए।

एक बार राजा धनरथ पुत्रों के साथ क्रीडा करते हुए राजसभा में विराज- १८–६४ । १३७–१४१
मान थे। वहां के मुर्गे परस्पर लड़ रहे थे, कोई किसी से हारता
नहीं था। यह देख राजा धनरथ ने अपने पुत्र मेघरथ से इसका
कारण पूछा। उत्तर में मेघरथ ने इन मुर्गों के पूर्व भव तथा इनके
लड़ाये जाने का कारण बताया।

मुर्गों को लड़ाने वाले विद्याधर अपने पूर्व भव सुनकर बहुत प्रसन्न हुए ६५–७१ । १४१–१४२
और राजा धनरथ तथा युवराज मेघरथ के अत्यन्त कृतज्ञ हुए।
उन्होंने अपना वैरभाव छोड़ दिया।

राजा धनरथ तीर्थंकर थे अतः लौकान्तिक देवों ने उन्हें तप कल्याणक के ७२–७६ । १४२
लिये संबोधित किया।

राजा मेघरथ राज्य पद पर आरूढ़ हुए। किसी समय दो भूतजाति के देवों ७७–९४ । १४२–१४४
ने उनका उपकार मानकर उनसे अकृत्रिम चैत्यालयों के दर्शन करने
की प्रार्थना की। राजा ने उनके सहयोग से अढ़ाई द्वीप के चैत्यालयों
के दर्शन किये।

एक बार राजा मेघरथ अपनी प्रियाओं के साथ देवरमण वन में गये। वहां ९५–१२६ । १४४–१५०
स्मरण करते ही दो भूतों ने आकर नृत्य आदि के द्वारा उनका
मनोविनोद किया। अकस्मात् वह पर्वत हिलने लगा तो धनरथ ने
बाएं पैर के अंगूठे से उसे दबा दिया। उसी समय एक विद्याधरी
पति की भिक्षा मांगती हुई उनके सामने आयी। राजा ने पैर का अंगूठा
ढीला कर लिया जिससे उसके नीचे दबा हुआ विद्याधर आकर
अपनी चपलता की क्षमा मांगने लगा। रानी प्रियंविधा के कहने
से राजा धनरथ ने उस विद्याधर के पूर्व भव सुनाये जिससे वह
बहुत नम्र हुआ। तीर्थंकर धनरथ केवलज्ञान प्राप्त कर मोक्ष
गये।

द्वादश सर्ग

एक बार राजा मेघरथ ने कार्तिक मास का शुक्ल पक्ष आने पर नगर में जीव दया की घोषणा कराई और स्वयं तेला का नियम लेकर अष्टाह्निक पूजा करते हुए मन्दिर में बैठ गये। किसी समय राजा मेघरथ राजसभा में बैठे थे उसी समय एक कबूतर 'रक्षा करो रक्षा करो' चिल्लाता हुआ इनकी शरणमें आया और उसके पीछे एक बाज पक्षी आया। बाज ने मनुष्य की बोली में कहा कि आप कैसे सर्वदयालु हो सकते हैं जब कि मैं भूख से व्याकुल हो रहा हूं। यह मेरा भोज्य है इसे मुझे खाने दीजिये। इसके उत्तर में राजा मेघरथ, वे दान के भेद, देने के योग्य पदार्थ और पात्र आदि का अच्छा उपदेश दिया तथा कबूतर और बाज के पूर्वभवों का वर्णन कर उन्हें निर्वैर कर दिया। उन पक्षियों के मनुष्य की बोली में बोलने का कारण भी बतलाया कि एक सुरूप नामका देव इन्द्र की सभा में मेरी दयालुता की प्रशंसा सुन कर परीक्षा के लिये आया है। इसी देव ने इन पक्षियों को मनुष्य की बोली दी है। यह सुन कर देव अपने असली रूप में प्रकट हुआ और पारिजात के फूलों से मेघरथ की पूजा कर कृत कृत्य हुआ। १–६२ । ३३१–३४७

तेला का उपवास समाप्त होने पर राजा मन्दिर से अपने भवन गये। एक समय दमधर नामक मुनिराज ने राजा मेघरथ के घर में प्रवेश किया। राजा ने भक्ति भाव से उन्हें आहार दान दिया जिससे देवों ने पञ्चाश्चर्य किये। ६३–७१ । ३४७–३४७

एक समय राजा मेघरथ रात्रि में प्रतिमायोग से विराजमान होकर आत्म-ध्यान कर रहे थे। इन्द्र ने उन्हें परोक्ष नमस्कार किया। इन्द्राणी ने पूछा कि आपने किसे नमस्कार किया है? इन्द्र ने राजा मेघरथ की बड़ी प्रशंसा की। उसी समय दो देवियां–धरा और विरजा पृथिवी पर आकर उनकी परीक्षा के लिये शृङ्गार चेष्टाएं करने लगीं परन्तु वे ध्यान से विचलित नहीं हुए। तब देवाङ्गनाओं ने असली रूप में प्रकट होकर उनकी स्तुति की। ७२–९४ । ३४७–३४९

एक बार रानी प्रिय मित्रा के अन्तःपुर में यो सुन्दर स्त्रियोंने भेंट भेजकर ८५-१२७ । १५६-१६१
प्रार्थना की कि हम लोग आपकी सुन्दरता देखने के लिये आई हैं।
प्रिय मित्रा ने कहलाया कि मैं स्नान से निवृत्त हो वस्त्राभूषण पहिनकर आती हूं तब तक प्रेक्षागृह में बैठें। आज्ञानुसार स्त्रियां बैठ गई। जब प्रियमित्रा उनके समक्ष आई तब उन स्त्रियों ने कहा कि आपकी वह सुन्दरता अब नहीं दिखाई देती जिसे हम लोगों ने पहले देखा था। रूपह्रास की बात सुनकर रानी प्रियमित्रा को आश्चर्य हुआ। उसने यह घटना राजसभा में राजा मेघरथ को सुनायी। राजा ने रानी की ओर देखकर मानव शरीर की अस्थिरता का वर्णन किया और स्वयं संसार से विरक्त होकर दीक्षा लेने का निश्चय कर लिया। नन्दिवर्धन पुत्र को राज्य देकर वे अनेक राजाओं के साथ साधु हो गये। प्रियमित्रा रानी भी सुव्रता आर्यिका के पास दीक्षा लेकर आर्यिका बन गई।

मुनिराज मेघरथ की तपस्या का वर्णन। मुनिराज मेघरथ ने दर्शन विशुद्धि १२८-१७०।१६२-१६७
आदि सोलह कारण भावनाओं का चिन्तवन कर तीर्थंकर प्रकृति का बन्ध किया और अन्त में एक मास का प्रायोपगमन संन्यास धारण कर सर्वार्थ सिद्धि में अहमिन्द्र पद प्राप्त किया। राजा धनरथ के भाई दृढ़रथ भी तपस्या कर सर्वार्थसिद्धि में अहमिन्द्र हुए।

त्रयोदश सर्ग

जम्बूद्वीप भरत क्षेत्र में कुरु देश है उसकी शोभा निराली है। उसीमें १-२० । १७३-१७१
हस्तिनापुर नामका नगर है।

हस्तिनापुर के राजा विश्वसेन थे और उनकी रानी का नाम ऐरा था। २१-८० । १७१-१७८
राजा विश्वसेन नीतिज्ञ शासक थे। उनके राज्य में प्रजा सब प्रकार से सुखी थी। धनरथ का जीव-सर्वार्थसिद्धि का अहमिन्द्र जब पृथिवी पर आने के लिये उद्यत हुआ तब हस्तिनापुर में छहमाह पूर्व से ही देवकृतरत्नवर्षा होने लगी। इन्द्र की आज्ञा से दिक्कुमारी देवियां ऐरा माता की सेवा करने लगी। माता ऐरा ने सोलह स्वप्न देखे। राजा विश्वसेन ने उनका फल बताते हुए कहा कि तुम्हारे तीर्थंकर पुत्र उत्पन्न होगा। भाद्रमास के शुक्लपक्ष की सप्तमीतिथि को

वसुरथ के जीव अहमिन्द्र ने सर्वार्थसिद्धि से चयकर रानी ऐरा के गर्भ में प्रवेश किया। इन्द्र ने गर्भ कल्याणक का उत्सव किया।

तदनन्तर ज्येष्ठ कृष्णा चतुर्दशी के दिन भरणी नक्षत्र में प्रातः काल शान्तिनाथ भगवान् का जन्म हुआ। इन्द्रों के आसन कंपायमान हुए। अवधिज्ञान से शान्तिजिनेन्द्र का जन्म जानकर वे चतुर्णिकाय के देवों के साथ जन्म कल्याण महोत्सव के लिये हस्तिनापुर आये। इसी संदर्भ में देवों के आगमन का वर्णन। इन्द्र ने तीन प्रदक्षिणाएं देकर राजभवन में प्रवेश किया। इन्द्राणी प्रसूतिका गृह में माता के पास मायामय बालक सुला कर जिन बालक को ले आयी। इन्द्र उन्हें ऐरावत हाथी पर विराजमान कर पाण्डुक शिला पर ले गया। वहां उनका जन्माभिषेक हुआ। इन्द्राणी ने वस्त्राभूषण पहिनाये। देव सेना के नगर में वापिस होने पर बड़ा उत्सव हुआ। जिन बालक की उत्कृष्ट विभूति देख कर सब प्रसन्न हुए। जन्मकल्याणक का उत्सव समाप्त कर देव लोग यथा स्थान चले गये। ८१-२०५। १०८-११०

चतुर्दश सर्ग

शान्तिनाथ जिनेन्द्र का बाल्यकाल प्रभावना पूर्णरीति से बीतने लगा। तदनन्तर दृढरथ का जीव भी सर्वार्थ सिद्धि से चय कर इन्हीं राजा विश्वसेन की दूसरी स्त्री यशस्वती के चक्रायुध नामका पुत्र हुआ। दोनों भाइयों में प्रगाढ़ स्नेह था। पच्चीस हजार वर्ष का कुमार काल व्यतीत होने पर राजा विश्वसेन ने शान्तिनाथ को राज्यलक्ष्मी का शासक बनाया। वे नीतिपूर्वक राज्यशासन करने लगे। देवोपनीत भोगों का उपभोग करते हुए उनके पच्चीस हजार वर्ष बीत गये। १-२८ । १११-११४

तदनन्तर एक दिन शान्ति जिनेन्द्र राजसभा में विराजमान थे। उसी समय शस्त्रों के अध्यक्ष ने आयुधशाला में चक्ररत्न के प्रकट होने का समाचार कहा। इसी संदर्भ में चक्ररत्न की विभूति का अतिशयिक वर्णन आयुधशाला के अध्यक्ष ने किया। शान्ति जिनेन्द्र के पिता-कुमार चक्ररत्न की पूजा की। देवों ने आकाश में प्रकट होकर शान्ति २९-२०९ । ११४-११३

जिनेन्द्र के चक्रवर्ती होने की घोषणा की। शान्तिजिनेन्द्र चतुरङ्गिणी सेना के साथ दिग्विजय को निकले। दिग्विजय का विस्तृत वर्णन। इसी बीच में संध्या, रात्रि के तिमिर, चन्द्रोदय, तथा सूर्योदय आदि का प्रासङ्गिक वर्णन।

पञ्चदश सर्ग

चक्रवर्ती के सुख का उपभोग करते हुए जब शान्ति जिनेन्द्र के पच्चीस हजार वर्ष व्यतीत हो गये तब वे संसार से निवृत्त हो अपने आपको मुक्त करने की इच्छा करने लगे। सारस्वत आदि लौकान्तिक देवों ने आकर उनकी वैराग्य भावना को वृद्धिगत किया। भगवान् ने नारायण नामक पुत्रको राज्य देकर ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्दशी के दिन दीक्षा धारण कर ली। दीक्षा कल्याणक के लिये देव लोग वाहनों पर चढ़ कर आये। भगवान् ने ऊपर की ओर मुखकर लोकाग्रभाग में विराजमान सिद्ध परमेष्ठियों को नमस्कार कर पञ्च मुष्टियों द्वारा केशलोंच कर सब परिग्रह का त्याग कर दिया। दीक्षा लेते ही उन्हें मन:पर्ययज्ञान तथा सब ऋद्धियां प्राप्त हो गईं। १-३२ । २१४-२१७

तदनन्तर सहस्राम्रवन में नन्दिवृक्ष के नीचे शुद्ध शिला पर आरूढ होकर उन्होंने शुक्लध्यान के द्वारा घातिया कर्मों का क्षय किया और उसके फलस्वरूप पौषशुक्ला दशमी के दिन अपराह्णकाल में केवलज्ञान प्राप्त किया। अनन्त चतुष्टय से उनकी आत्मा प्रकाशमान हो गई। देवों ने समवसरण की रचना की। गन्धकुटी में शान्तिजिनेन्द्र अन्तरीक्ष विराजमान हुए और चक्रायुध आदि मुनिराज तथा अन्य देव बारह सभाओं में बैठे। ३३-६३ । २१७-२२०

इन्द्र की प्रार्थना के उत्तर स्वरूप उन्होंने दिव्यध्वनि के द्वारा सम्यग्दर्शन, उसके सराग और वीतराग भेद, सप्ततत्त्व, प्रत्यक्ष और परोक्ष प्रमाण, मतिश्रुत आदि ज्ञान तथा उनके भेद, नैगम संग्रह आदि नय, औपशमिक आदि भाव तथा उनके भेदों का निरूपण किया। ६४-१२६ । २२०-२२७

साथ ही अजीव तत्त्व का वर्णन करते हुए उसके पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश तथा काल द्रव्य का स्वरूप बताया। शान्तिनाथ भगवान् १२७-१४१ । २२७-२२९

की उक्त देशना सुनकर सब प्रसन्न हुए तथा सब मस्तक झुकाकर अपने अपने स्थान को गये।

षोडश सर्ग

अजीव तत्त्व का वर्णन करने के पश्चात् शान्ति जिनेन्द्र ने आस्रवतत्त्व का वर्णन करते हुए, योग, उसके शुभ अशुभ भेद, सांपरायिक आस्रव ईर्यापथ आस्रव, तीव्रभाव, मन्दभाव, ज्ञातभाव, अज्ञातभाव, जीवाधिकरण और अजीवाधिकरण आस्रव के भेद बताये। १–३९ । २३०–२३३

पश्चात् ज्ञानावरणादि कर्मों के पृथक् पृथक् आस्रवों का निरूपण किया। ४०–७४ । २३३–२३६

बन्ध तत्त्व का विशद वर्णन करते हुए बन्ध के मिथ्यादर्शनादि कारण, उसके प्रकृति प्रदेश आदि भेद, प्रकृति बन्ध के ज्ञानावरणादि मूलभेद तथा उनके उत्तरभेद, गुणस्थानों के अनुसार बन्ध त्रिभङ्गी, उदय त्रिभङ्गी तथा सत्त्व त्रिभङ्गी का कथन किया। ७५–११४ । २३६–२४०

संवर तत्त्व का वर्णन करते हुए संवर का लक्षण तथा गुप्ति, समिति, धर्म, अनुप्रेक्षा, परिषह जय और चारित्र का स्वरूप समझाया। ११५–१३७।२४०–२४२

निर्जरा तत्त्व के वर्णन में निर्जरा का लक्षण और उसके कारण भूत द्वादश तपों का विस्तृत निरूपण किया। १३८–१८६ । २४२–२४७

पश्चात् मोक्ष तत्त्व का वर्णन किया। १८६–१९३ । २४७–२४८

तदनन्तर आर्य क्षेत्रों में विहार कर धर्म की प्रभावना की। विहार का वर्णन तदनन्तर एक मास तक योग निरोध कर ज्येष्ठ कृष्णा चतुर्दशी के दिन सम्मेद शिखरजी से मोक्ष प्राप्त किया। देवों ने मोक्ष कल्याणक का उत्सव किया। १९४–२४० । २४८–२५५

कवि प्रशस्ति । २५६

टीका कर्तृ प्रशस्ति । २५७

श्री शान्तिनाथ पुराण

बनरस नं० 5434
२१, दरियागंज, देहली

ॐ नमः सिद्धेभ्यः

श्रीमदसगमहाकविविरचितम्

श्रीशान्तिनाथपुराणम्

श्रियं सकललोकानां [1]पालिनीमन[2]पायिनीम् । बिभ्रतेऽपि नमस्तुभ्यं वीतरागाय शान्तये ॥१॥
अशेषभव्यसत्त्वानां संसारार्णवतारणम् । भवस्था रत्नत्रयं नौमि त्रिदशस्तुतकारणम् ॥२॥
लीलोत्तीर्णाखिलामेयविपुलज्ञेयसागरान् । इन्द्रार्च्यपर्यवतीर्णवन्दे बुद्धाग्रगणधरादिकान् ॥३॥

---

* मंगलाचरण *

भवदुःखदावानलदलन को जो सजल वारिद हुए,
जो मोहविभ्रमयामिनी के दमन को दिनकर हुए।
समता सुधा की सरस वर्षा के लिये जो शशि हुए,
जयवंत हों जग में सदा वे शान्ति, सुख देते हुए ॥

जो समस्त लोकों की रक्षक तथा अविनाशी लक्ष्मी को धारण करने वाले होकर भी वीतराग हैं—रक्षा सम्बंधी राग से रहित हैं ऐसे आप शान्ति जिनेन्द्र के लिये नमस्कार हो ॥१॥ जो समस्त भव्यजीवों को संसार समुद्र से तारने वाला है तथा मोक्षसुख का कारण है उस रत्नत्रय की मैं स्तुति द्वारा स्तुति करता हूं ॥२॥ जिन्होंने समस्त अपरिमित विस्तृत ज्ञेय रूपी समुद्र को लीला पूर्वक पार कर लिया है, जो इन्द्रों के द्वारा पूज्य हैं, तथा बुद्ध हैं ऐसे गणधरादिक मुनियों को नमस्कार करता हूं ॥३॥

नत्वा शान्तिजिनं नरकालदेव कविमहासगः ।
शिवसौख्यसिद्धयै कुर्वे पुराणं शान्तिपूर्वकम् ॥ ४ ॥

१. पालिनीं । २. अपायरहितम् ।

पुरेदानीं पुरा गीतं पुराणं अन्महात्मभिः । तन्मया शान्तिनाथस्य यथाशक्ति प्रवक्ष्यते ॥४॥
सर्वज्ञस्यापि वेदाक्यं नाभव्येभ्योऽभिरोचते । अबोधोपहतः कोऽन्यो ब्रूयात्सर्वमनोरमम् ॥५॥
न कवित्वाभिमानेन न वेलागमनेन वा । कथ्यतेऽत्कथ्यते किन्तु तद्भक्तिप्रह्वचेतसा ॥६॥
अथास्ति सकलद्वीपमध्यस्थोऽपि स्वशोभया । द्वीपानामुपरीवोर्ध्वजम्बूद्वीपो व्यवस्थितः ॥७॥
तत्र पूर्वविदेहानामस्त्यपूर्वो विशेषकः । सीतादक्षिणतीरस्थो विषयो[1] वत्सकावती ॥८॥
अन्तरार्द्रा[2] विराजन्ते [3]सुमनःस्थितिशालिनः । पादपा यत्र सन्तश्च [4]स्वफलप्रीणितार्थिनः ॥९॥
दृश्यन्ते यत्र कान्तारे छायाव्याजेन तोरजाः । प्रविष्टा दावभीत्येव सरांसि शरणं लताः ॥१०॥
नानारत्नकराकान्तं यत्र भाति वनस्थलम् । इन्द्रायुधशतच्छन्नं [5]प्रावृषेण्याम्बुदश्रियम् ॥११॥
प्रसन्नस्योऽवगाढानां [6]तृष्णां छेत्तुं शरीरिणाम् । सत्तीर्था[7] यत्र विद्यन्ते नद्यो विद्या इवामलाः ॥१२॥

शान्तिनाथ भगवान् का जो पुराण पहले अतिशय बुद्धिमान् महात्माओं के द्वारा कहा गया था वह मेरे द्वारा यथाशक्ति कहा जायगा ॥४॥ जब कि सर्वज्ञ का भी वचन अभव्यजीवों के लिये नहीं रुचता है तब अज्ञान से पीड़ित दूसरा कौन मनुष्य सर्वमनोहारी वचन कह सकता है ? अर्थात् कोई नहीं ॥५॥ मेरे द्वारा यह पुराण न तो कवित्व के अभिमान से कहा जा रहा है और न समय व्यतीत करने के लिये । किन्तु शान्ति जिनेन्द्र की भक्ति से नम्रीभूत चित्त के द्वारा कहा जा रहा है ॥६॥

अथानन्तर समस्त द्वीपों के मध्य में स्थित होने पर भी जो अपनी शोभा से सब द्वीपों के ऊपर स्थित हुआ सा जान पड़ता है, ऐसा जम्बूद्वीप है ॥७॥ उस जम्बूद्वीप में सीता नदी के दक्षिण तट पर स्थित एक वत्सकावती नामका देश है जो पूर्व विदेहों का अपूर्व तिलक है ॥८॥ जिस देश में वृक्ष और सत्पुरुष समानरूप से सुशोभित होते हैं क्योंकि जिसप्रकार वृक्ष अन्तरार्द्र—भीतर से आर्द्र-गीले होते हैं उसीप्रकार सत्पुरुष भी अन्तरार्द्र—भीतर से दयालु थे । जिस प्रकार वृक्ष सुमनःस्थितिशाली—फूलों की स्थिति से सुशोभित होते हैं उसी प्रकार सत्पुरुष भी सुमनःस्थितिशाली—विद्वानों की स्थिति से सुशोभित थे और जिसप्रकार वृक्ष अपने फलों से इच्छुक जनों को संतुष्ट करते हैं उसी प्रकार सत्पुरुष भी अपने कार्यों से इच्छुक जनों को संतुष्ट करते थे ॥९॥ जिस देशके वन में तटपर उत्पन्न हुई लताएं प्रतिबिम्ब के बहाने ऐसी दिखाई देती हैं मानों दावानलके भय से सरोवरों की शरण में प्रविष्ट हुई हों ॥१०॥ जहाँ नाना रत्नों की किरणों से व्याप्त वन की भूमि सैकड़ों इन्द्रधनुषों से व्याप्त वर्षाकालीन मेघ की शोभा को धारण करती है ॥११॥ जिस देश में विद्याओं के समान निर्मल नदियाँ विद्यमान हैं क्योंकि जिसप्रकार विद्याएं अपने आप में प्रविष्ट—अपनी साधना करने वाले प्राणियों की तृष्णा—आकांक्षा को नष्ट करने में समर्थ होती हैं उसी प्रकार नदियां भी अपने भीतर प्रवेश करने वाले प्राणियों की तृष्णा—प्यास को नष्ट करने में समर्थ थीं और जिसप्रकार विद्याएं सत्तीर्थ—समीचीन

---

१. देशः । २. अभ्यन्तरं क्लीबभावेन स्निग्धाः पक्षे अन्तःकरणे सकरुणाः । ३. पुष्पस्थितिशोभिनः पक्षे विद्वन्मर्यादाशोभिनः । ४. स्वफलैः जम्बूवृक्षादिभिः पक्षे स्वकार्यैः प्रीणिताः तृप्तीकृता अर्थिनो यैस्तथाभूताः । ५. वर्षाकालसम्बन्धिमेघशोभाम् । ६ पिपासाम् पक्षे आशाम् । ७. समीचीनजलावतारसहिताः पक्षे सद्गुरुयुक्ताः ।

[illegible] ॥११॥
[illegible] ॥१२॥
[illegible] ॥१३॥
[illegible] ॥१४॥
[illegible] ॥१५॥
[illegible] ॥१६॥
[illegible] ॥१७॥
[illegible] ॥१८॥
[illegible] ॥१९॥
[illegible] ॥२०॥

(त्रिभिः कुलकम्)

गुच्छ से सहित होती हैं उसी प्रकार नदियां भी सत्तीर्थ—समीचीन जलावतारों—घाटों से सहित थीं ॥१२॥ जहां पर जंगली हाथी उत्तम राजाओं के समान सुशोभित होते हैं क्योंकि जिसप्रकार जंगली हाथी अच्छिन्नदानसंतान—मदकी अखण्ड धारा से युक्त होते हैं उसीप्रकार उत्तम राजा भी दान की अखण्ड धारा से सहित होते हैं। जिस प्रकार जंगली हाथी चारुवंश—पीठ की सुन्दर रुई से सहित होते हैं उसीप्रकार उत्तम राजा भी चारुवंश—सुन्दर अर्थात् निर्मल कुल से सहित होते हैं और जिस प्रकार जंगली हाथी निरंकुश—अंकुश के प्रहार से रहित होते हैं उसीप्रकार उत्तम राजा भी निरंकुश—दूसरों के प्रतिबंध से रहित होते हैं ॥१३॥ जिस देश में ग्रामों के समीपवर्ती प्रदेश, धान्य के खेतों से घिरे हुए निकटवर्ती प्रदेशों से युक्त पौंडा तथा ईख के खेतों से इतने अधिक सघनरूप से व्याप्त रहते हैं कि उनसे ग्रामों में प्रवेश करना और निकलना कष्टसाध्य होता है ॥१४॥ जहां पर शरद् ऋतु के मेघों के प्राकार शोभन से सफेदी को प्राप्त हुआ वन ऐसा सुशोभित होता है मानों क्षीरसमुद्र के ज्वारभाटों से ही सुशोभित हो रहा हो ॥१५॥ जहां पर पर्वत, समुद्रों का अनुकरण करते हैं क्योंकि जिसप्रकार पर्वत अनुल्लङ्घनीय होते हैं उसीप्रकार समुद्र भी अनुल्लङ्घनीय होते हैं। जिसप्रकार पर्वत महारत्न—बड़े बड़े रत्नों से युक्त होते हैं उसीप्रकार समुद्र भी महारत्न—बड़े बड़े रत्नों से युक्त होते हैं। जिस-प्रकार पर्वत सुतीक्ष्णशृङ्गकोटि—अत्यंत तीक्ष्ण संताप की संतति से युक्त होते हैं उसी प्रकार समुद्र भी अत्यन्त क्रूर करोड़ों मगरमच्छों से सहित होते हैं और जिसप्रकार पर्वत सविटप—विविध प्रकार के वृक्षों से सहित होते हैं उसी प्रकार समुद्र भी सविटप—मूंगाओं से सहित होते हैं ॥१६॥ जहां पर स्त्रियां अपने सौन्दर्य के द्वारा तथा कामदेव के साधनभूत अर्थात् काम को प्रज्वलित करने वाले हावभाव विलासों के द्वारा भी देवाङ्गनाओं को लज्जित करती हैं ॥१७॥ विकार से रहित सम्पत्ति, विनय से सहित यौवन, प्रज्ञागुण से युक्त शास्त्र, शान्ति से विभूषित शूर वीरता, परोपकार-

---

१. अखण्डदानसन्ततयः पक्षेऽविरलसलग्नमदसन्ततयः । २. शोभनकुशाः पक्षे शोभनकुशादिसयुक्ताः । ३. स्वसन्ताः पक्षे सृणिप्रहाररहिताः । ४. धनेश्वराः । ५. सुनृप्त । ६. प्रवासरहिताः पक्षे विविधवृक्षयुक्ताः । ७ भवनय । ८ स्वसूनप्रकटीकरणे । कुसुमा भिःकृतो क ।

* 'क्षया रामवधायां स्त्री तापवत्स्वाढ्यवीषु ना' इति मेदिनी ।

[illegible] खण्डीभवत् [illegible] सुरी [illegible] प्रभाकरी[1] [illegible] यस्यां [illegible] ॥२१॥
[illegible][2] नाकालयाः क्रीडनिर्जिता येन केवलम् । महानुभावतावाप्तैः सौरैरपि सुखावहाः ॥२२॥
[3]विम्बुदेष्वात्मवक्त्राम्बुनिक्षिप्तप्रतिबिम्बकैः । पक्षैर्युता[4] इव लक्ष्यन्ते यत्र भूमीरुहाः सुखाः ॥२३॥
सौधोत्सङ्गा विराजन्ते राजीवैः संचरिष्णुभिः । यस्यां कुसेशहारैर्वा जंगमैरिव सोत्पलैः ॥२४॥
रत्नकुड्येषु संक्रान्तसंचरज्जनमूर्तिभिः । आत्मेच्छयेव [illegible] यत्र सज्जालयाः ॥२५॥
[5]अन्तःस्थविबुधैर्युक्ता हाटकाम्बुसारकैः । रम्याः सुवर्णकाद्रीन्द्रैरिव[6] जैनेन्द्रमन्दिरैः ॥२६॥
त्रिलोकीसारसंदोहमेकीकृत्य विनिर्मिताः । धात्रा सदक्षया सृष्टुं स्वमिव कौशलम् ॥२७॥
संचारदीपिका यस्यां भान्त्यभरणप्रभाः । श्रियावासं प्रयान्तीनां नक्तं कुलेऽपि योषिताम् ॥२८॥

रूप प्रयोजन से युक्त धन, धार्मिक कार्य में निपुणता, व्रत और शील की रक्षा करने में निरन्तर तत्परता, अपने गुणोंके प्रकट करने में लज्जा और नि.स्पृह मित्रता; जहाँ निवास करने वाले सत्पुरुषों की ऐसी चेष्टा देखी जाती है ॥१८-२०॥

जिस वत्सकावती देश में धनाढ्य पुरुषों के स्थान स्वरूप प्रभाकरी नामकी वह नगरी विद्यमान है जिसमें सूर्य की प्रभा पताकाओं से रुकती रहती है ॥२१॥ जिस नगरी में भवनों के द्वारा न केवल स्वर्ग के भवन जीते गये थे किन्तु महानुभावता—सज्जनता के आधारभूत नगरवासियों के द्वारा देव भी जीते गये थे ॥२२॥ जहाँ घर के बाग बगीचों में क्यारियों के जल में पड़े हुए प्रतिबिम्बों से वृक्ष ऐसे दिखाई देते हैं मानों जड़ में भी वे पत्तों से युक्त हों ॥२३॥ जहां भवनों के मध्यभाग चलते फिरते लाल कमलों से अथवा उपहार में चढ़ाये हुए चलते फिरते नीलकमलों से सुशोभित रहते हैं ॥२४॥ जहाँ के सभागृह रत्नमयी दीवालों में प्रतिबिम्बित होने वाले चलते फिरते मनुष्यों के शरीरों से ऐसे सुशोभित होते हैं मानों सजीव चित्रोंसे ही युक्त हों ॥२५॥ जहाँ के विराजे जिन जैनमन्दिरों से सुशोभित हो रहे थे वे सुमेरुपर्वत के समान थे। क्योंकि जिसप्रकार सुमेरुपर्वत अन्तःस्थविबुध—भीतरस्थित रहने वाले देवों से युक्त होते हैं उसीप्रकार जैनमंदिर भी अन्तःस्थविबुध—भीतर स्थिर रहने वाले विद्वानों से युक्त थे और जिसप्रकार सुमेरुपर्वत सुवर्णरूप निर्मल सारभूत द्रव्य से युक्त होते हैं उसीप्रकार जिनमन्दिर भी सुवर्ण के समान निर्मल *द्रव्यों से युक्त थे ॥२६॥ जिस नगरी की स्त्रियां ऐसी जान पड़ती हैं मानों अपनी चतुराई दिखाने के लिये ब्रह्मा ने उन्हें तीन लोक की श्रेष्ठ वस्तुओं के समूह को एकत्रित कर बनाया था ॥२७॥ जिस नगरी में अंधेरी रात्रि में भी पति के घर जाने वाली स्त्रियों के अपने आभूषणों की कान्तियां चलती फिरती दीपिकाएं होती हैं ॥२८॥

---

१. सूर्यसम्बन्धिनी । २. स्वर्गगृहाः । ३. देवाः । ४. गृहारामेषु । ५. पक्षयुक्ताः । ६. अन्तःस्थदेवैः पक्षे अन्तःस्थविद्वद्भिः । ७ मेरुभिरिव ।

*श्रियावास ब० ।

*'सारःस्यान्मज्जनि बले स्थिरांशेऽपि पुमानयम् । सारं न्याय्ये बले वित्ते सार स्याद्राज्यवद्वरे ॥' इति विश्वलोचनः ।

[illegible] ॥२९॥
[illegible] ॥३०॥
[illegible] ॥३१॥
[illegible] ॥३२॥
[illegible] ॥३३॥
[illegible] ॥३४॥
[illegible] ॥३५॥
[illegible] ॥३६॥

जो नगरी नाटकों के समान दिखने वाले नगर वासियों से युक्त थी। क्योंकि जिसप्रकार नाटक सुश्लिष्ट सन्धिबन्धाङ्ग—यथा स्थान विनिविष्ट मुख, प्रतिमुख, गर्भ, विमर्श और उपसंहृति इन पांच सन्धियों तथा उनके चौंसठ अङ्गोंसे सहित होते हैं उसीप्रकार नगरवासी भी सुश्लिष्ट—अच्छी तरह सम्बन्ध को प्राप्त सन्धिबन्धों—अंगोपाङ्गों के जोड़ों से युक्त शरीरों से सहित थे। जिसप्रकार नाटक प्रसन्नाममवृत्ति—प्रसाद गुण से युक्त निर्मल कैशिकी, सात्वती, आरभटी और भारती इन चार वृत्तियों से युक्त होते हैं उसीप्रकार नगरवासी भी प्रसन्नाममवृत्ति—प्रसन्न और निर्दोष व्यवहार से युक्त थे तथा जिसप्रकार नाटक आपणमार्गस्थ—बाजार के मार्ग में स्थित होते हैं—प्रचार के लिये आवागमन के स्थानों पर नियोजित किये जाते हैं उसीप्रकार नगरवासी भी बाजार के मार्गों में स्थित रहते थे—सम्पन्न होने के कारण अच्छे स्थानों पर निवास करते थे ॥२९॥ जहां नाना प्रकार के मोती मूंगा आदि रत्नों से परिपूर्ण बाजार की शोभा को देख कर कुबेर भी अपनी विभूति को तुच्छ समझने लगता है ॥३०॥ उस नगर का रक्षक राजा वह स्तिमित सागर था जिसने गाम्भीर्य गुण के द्वारा निश्चल समुद्र को पराजित कर दिया ॥३१॥ जो राजा सत्य, त्याग और अभिमान का आधार-भूत होता हुआ भी उनकी अन्य कोटी को प्राप्त था, यह एक आश्चर्य कारी चेष्टा थी। परिहार पक्ष में सत्य त्याग और अभिमान की उत्कृष्ट सीमा को प्राप्त था ॥३२॥ न्याय से सुशोभित रहने वाले जिस राजा में इतना ही अन्याय था कि उसने यद्यपि अन्याय शब्द विद्यमान था फिर भी उसे पृथिवी पर बल पूर्वक लुप्त कर दिया था। भावार्थ—उसने अन्याय शब्द को पृथिवी से अवरुन नष्ट कर दिया था इतना ही उसका अन्याय था ॥३३॥ श्रुत—शास्त्रज्ञान से अधिक होने पर भी जिस राजा का श्रुत के विषय में निरन्तर उद्योग रहता था। यह ठीक ही है क्योंकि गुणी मनुष्य गुणों का संचय करने में संतोष को प्राप्त नहीं होते हैं ॥३४॥ अन्य राजाओं के द्वारा दुःख से सहन करने योग्य प्रताप को धारण करता हुआ भी जो राजा द्वितीय चन्द्रमा के समान अपने चरणों की सेवा करने वाले (पक्ष में अपनी किरणों की सेवा करने वाले) मनुष्यों की तृष्णा—लालसा (पक्ष में प्यास) को नष्ट करता था ॥३५॥ जिसकी बुद्धि नीति को विस्तृत करती थी, नीति पृथिवी का पालन करती थी और पृथिवी

---

१. सुश्लिष्टसन्धिबन्धोपोढाङ्गकरैः; पक्षे प्रथमस्थानविनिवेशितप्रथमादिपञ्चसन्धिस्थानैः। २. प्रसन्न निर्मला चारुः; पक्षे प्रसाद गुणोपेत निर्दोष कैशिकीप्रवृत्ति वृत्तिसहितैः। ३. निश्चलः। ४. दूरीकरोति स्म। ५ प्रयुनक्ति। ६ सर्वं तीर्त्वा: ब०।

[illegible] ॥३६॥ [illegible] ॥३७॥ [illegible] ॥३८॥ [illegible] ॥३९॥ [illegible] ॥४०॥ [illegible] ॥४१॥ [illegible] ॥४२॥ [illegible] ॥४३॥ [illegible] ॥४४॥ [illegible] ॥४५॥

वसुओं को पूर्ण करती थी इसप्रकार जिस राजा ने इस बुद्धि आदि के द्वारा सब सहाध्यायियों को अलंकृत किया था ॥३६॥ जो राजा अपराध करने पर भी वध्य पुरुष का घात नहीं करता था सो ठीक ही है क्योंकि दण्ड देने योग्य मनुष्य चाहे बड़ा हो चाहे छोटा, समर्थ मनुष्य की ही क्षमा क्षमा कहलाती है ॥३७॥ अनाथ वत्सल तथा महाप्रतापी जिस राजा के समस्त पृथिवी की रक्षा करने पर इच्छा स्वप्न में भी शरणार्थिनी—शरण की इच्छुक नहीं थी। भावार्थ—उस राजा के राज्य में प्रजा निर्भय होकर निवास करती थी। कोई किसी से भयभीत होकर किसी की शरण में नहीं जाता था ॥३८॥ जान पड़ता है जिस राजा ने दया प्रकट करने के लिये अपने प्रिय गुणों को भी निर्वासित शत्रुओं के साथ लोक के अन्त तक भेज दिया था ॥३९॥ अपने समान देखकर समीचीन सेवकों में प्रदान की हुई सम्पदाएँ जिस राजा की अन्तरज्ञता को प्रकट करती थीं। भावार्थ—वह राजा सत् और असत् सेवकों के अन्तर को जानता था इसलिये सत् सेवकों को अपने समान समझ कर खूब सम्पत्ति देता था ॥४०॥ अथानन्तर प्रजा का कल्याण करने वाले उस राजा की सती—शीलवती स्त्री के आचार से विभूषित दो स्त्रियां थीं ॥४१॥ उनमें पहली स्त्री वसुन्धरा थी जिसने क्षमा के द्वारा पृथिवी को जीत लिया था और दूसरी स्त्री वसुमती नामकी थी जो पातिव्रत्य धर्म से युक्त तथा लज्जा रूपी धन से सहित थी ॥४२॥ मनोहर राजा, न केवल नीति और लक्ष्मी के साथ रमण करता था किन्तु उन सुन्दर दोनों स्त्रियों के साथ भी सदा सभय रमण करता था ॥४३॥ महादेवी वसुन्धरा के अपराजित नामका पुत्र हुआ जो युद्धों में कभी भी शत्रुओं के द्वारा पराजित नहीं होता था ॥४४॥ बड़े आश्चर्य की बात थी कि जो अपराजित उत्पन्न होते ही पूर्णचन्द्रमा के समान था। क्योंकि जिसप्रकार पूर्णचन्द्रमा कुन्द के समान गौरवर्ण होता है उसीप्रकार वह अपराजित भी कुन्द के समान गौरवर्ण था। जिसप्रकार पूर्णचन्द्रमा प्रसन्नात्मा—निर्मल होता है उसीप्रकार वह अपराजित भी प्रसन्नात्मा—आह्लादयुक्त था और जिसप्रकार पूर्णचन्द्रमा कुमुदायति—कुमुदों के उत्तर काल को

---

१ क्षान्तिः। २. युक्ता। ३ प्रियानपि। ४. संपदः। ५. सत्याः शीलवत्या आचारेण विभूषिते। ६ वसुन्धरानाम्नी। ७. पराजितवसुधा। ८. वसुमती नाम्नी। ९. लज्जाधनयुक्ता। १०. कुमुदानां कैर वाणामायति पक्षे कु. पृथिवी तस्या मुदो हर्षस्यायति वृद्धिम्।

दुःसहेन प्रतापेन सहजेन समन्वितः । आरब्धार्क इव [1]प्रीणन्भूमेरुत्कर्षमाविशन् ॥४५॥
निसर्गसरलैः कान्तैः [2]प्रतीकैर्यः केवलम् । पुरोरपि गुणैर्येन [3]क्रान्तमित्यभिधा पितुः ॥४७॥
प्राक् [4]कुशाग्रीयया बुद्ध्या कीर्त्या चन्द्रमसेव यः । [5]दधत्तत्र दिशां वृत्तिं विद्यानां च परिनिष्ठितः ॥४८॥
सहजेन दया यस्य नीतिशास्त्रविरोधिनी । स्वभावोऽपनयं नेतुं शास्त्रेण न स शक्यते ॥४९॥
सद्वृत्तमखिलं [6]यस्मिन्नेकीभूय महात्मनि । आस्तावकाशतामेषु क्षुद्रेष्वात्मसु वासिषुः ॥५०॥
एक एव [7]महासत्त्वो गुणानां यत्र योऽभवत् । निर्मलानामनन्तानां रत्नानामिव सागरः ॥५१॥
यद्भुजोद्भूतदुर्वारप्रतापानलतापितम् । अपि [8]शत्रुं निजघ्नाहीद्विषद्भूरुहसम्भवम् ॥५२॥
लक्ष्मीकरेणुकालानस्तम्भो यस्य न लक्षितः । भुजोऽराजद्विशेषेण रक्षाभवनविस्तृतिः ॥५३॥
अनेकपतिभूतेन सदसीहाविवर्जितः[9] । रराज राजसिंहो यः क्षान्त्यालंकृतविक्रमः ॥५४॥

विस्तृत करता है उसीप्रकार वह अपराजित भी कुमुदायति—पृथिवी के हर्ष की वृद्धि को विस्तृत करने वाला था ॥४५॥ दुःसह तथा सहज प्रताप से सहित जो अपराजित शरद ऋतु के सूर्य के समान शोभायमान होता हुआ पद्माभिवृद्धि—लक्ष्मी की वृद्धि के लिये (पक्षमें कमलों की वृद्धि के लिये) था ॥४६॥ जिस गुणज्ञ अपराजित ने, न केवल स्वभाव से सरल और सुन्दर अवयवों के द्वारा पिता को अतिक्रान्त किया था किन्तु गुणों के द्वारा भी अतिक्रान्त किया था। भावार्थ—अपराजित, शरीर और गुण—दोनों के द्वारा पिता से श्रेष्ठ था ॥४७॥ जिसकी कुशाग्र के समान तीक्ष्ण बुद्धि से राज विद्याओं की और चन्द्रमा के समान धवल कीर्ति के द्वारा दिशाओं की मर्यादा जान ली गयी थी। भावार्थ—वह अपनी बुद्धि से राजविद्याओं का पूर्ण ज्ञाता था तथा उसका निर्मल यश समस्त दिशाओं में छाया हुआ था ॥४८॥ नीतिमार्ग का जानकार होने पर भी जिसकी दया सहज—जन्मजात ही थी सो ठीक ही है क्योंकि अच्छी तरह अभ्यास किये हुए शास्त्र के द्वारा भी स्वभाव दूर नहीं किया जा सकता है। भावार्थ—राजनीति उसकी स्वाभाविक दया को नष्ट नहीं कर सकी थी ॥४९॥ सम्पूर्ण सदाचार अन्य क्षुद्र पुरुषों में रहने के लिये अवकाश न पाकर जिस महान् आत्मा में ही एकत्रित होकर निवास कर रहा था ॥५०॥ जिसप्रकार महासत्त्व—बड़े बड़े जलजन्तुओं से युक्त समुद्र अकेला ही अनन्त निर्मल रत्नोंका स्थान होता है उसीप्रकार महासत्त्व—महापराक्रमी अपराजित अकेला ही अनन्त निर्मल गुणों का स्थान था ॥५१॥ जिसकी भुजाओं से उत्पन्न दुर्वार प्रतापरूपी अग्नि से तपाया हुआ भी शत्रु राजाओं का समूह गर्व से रहित था, यह आश्चर्य की बात थी (पक्ष में अहंकार से रहित था) ॥५२॥ जो लक्ष्मीरूपी हस्तिनी के बांधने के खम्भा के समान था तथा जिसकी लम्बाई पृथिवी के उत्कृष्ट रक्षाभवन के समान थी ऐसी उसकी भुजा क्या शोभायमान नहीं हो रही थी ? ॥५३॥ जो गजराज होकर भी मद की शोभा से रहित था (पक्ष में अनेक हाथियों का स्वामी होकर भी गर्व की लीला से रहित था) तथा जो राजसिंह—श्रेष्ठसिंह होकर भी क्षान्ति से सुशोभित पराक्रम से युक्त था (पक्ष में श्रेष्ठ राजा होकर भी जो क्षमा से विभूषित पराक्रम से युक्त था) ॥५४॥

---

१. लक्ष्मी वृद्धये पक्षेकमल वृद्धये २. अवयवैः ३. अतिक्रान्तः ४. कुशाग्रवत्तीक्ष्णया क्षुद्धया ब। ५. सीमा ६ सदाचारः ७ महापराक्रमः पक्षे विद्यालक्षसहितः, ८. अज्ञत्वेन रहितत्व पक्षे अर्थेन रहितम् *विराजित म० ब०।

ततो वसुमती सुषुवे सुतं सुतसोमिनी । कुर्वन्निव स्वयंवासीत्यते राजापि सुप्रजाः ॥५५॥
अनन्तवीर्यो नाम्नैव नानुरूपपराक्रमः । यः सकलीलितालेयचूडाचूडेन तेजसा ॥५६॥
पालयिष्यति मे बाहुविक्रमः सकलां धराम् । इत्यभिप्रायतो बालः सैन्यं पुष्पकोऽपि विभूतये ॥५७॥
अधः स्थितस्य लोकानां भोगीन्द्रत्वं कथं भवेत् । अहीनां वत्त इत्युच्चैर्यो बभाषेऽभिमानतः ॥५८॥
उपायेषु चतुर्ष्वेव सदुपायाभिरोचनः । आसीद्वीररसो वश्य रसेषु सकलेषु च ॥५९॥
स्वरूपालोकयांचक्रे वीरलक्ष्म्या सलक्षणः । स्वयं वा निर्मितो नूनं तादृशो मणिदर्पणः ॥६०॥
एकान्तशौण्डीर्यप्रशंसाभावपरिग्रहितः । बालक्रीडाऽभवद्यस्य पञ्जरस्थैर्मृगाधिपैः ॥६१॥
शरत्प्रावृट्तलश्यामो यः प्रांशुः पुरुषो परः । इन्द्रनीलमयो लक्ष्म्याः प्रासाद इव जंगमः ॥६२॥
अपराजितयोर्भेदविवर्जिता । यदन्यभवसम्बन्धं वाग्विनाक्षरैरिव ॥६३॥

तदनन्तर राजा स्तिमितसागर की दूसरी रानी वसुमती ने पुत्र उत्पन्न किया। जिसके उत्पन्न होने पर न केवल रानी वसुमती, स्वयं ही पुत्र से सुशोभित हुई थी किन्तु राजा भी सुप्रजा—उत्तम संतान से युक्त हुए थे ॥५५॥ विशाल पराक्रम का धारी जो पुत्र नाम से ही अनन्तवीर्य नहीं हुआ था किन्तु समस्त राजवंशों को उखाड़ देने वाले तेज के द्वारा भी अनन्तवीर्य हुआ था ॥५६॥ 'मेरी दक्षिण भुजा ही समस्त पृथिवी का पालन करेगी' इस अभिप्राय से जो बालक होता हुआ भी सेना को विभूति के लिये ही मानता था। भावार्थ—उसे अपने बाहुबल पर विश्वास था सेना को तो वह मात्र वैभव का कारण मानता था ॥५७॥ लोकों के नीचे रहने वाले नागेन्द्र के भोगीन्द्रपन कैसे हो सकता है ? इस प्रकार जो अभिमान वश जोर जोर से कहा करता था। भावार्थ—शेषनाग तो तीनों लोकों के नीचे रहता है अतः वह भोगीन्द्र—भोगी पुरुषों का इन्द्र (पक्ष में नागों का इन्द्र) कैसे हो सकता है ? भोगीन्द्र तो मैं हूँ जो लोकों के ऊपर रहता हूँ इस प्रकार वह अभिमान वश जोर देकर कहा करता था। ५८॥ उग्र पराक्रम से सुशोभित होने वाले जिस अनन्त वीर्य को साम आदि चार उपायों में दण्ड उपाय ही अच्छा लगता था और समस्त रसों में वीर रस ही इष्ट था ॥५९॥ ऐसा जान पड़ता था मानों अपना रूप देखने के लिये वीर लक्ष्मी ने उत्तम लक्षणों से सहित उसप्रकार का मणिमय स्वयं ही निर्मित किया था। भावार्थ—वह अनन्तवीर्य, वीरलक्ष्मी का स्वरूप देखने के लिये मानों स्वनिर्मित मणिमय दर्पण ही था ॥६०॥ एकान्त शूरता, शौण्डीरता तथा प्रशंसा से जिसका चित्त अहंकार से युक्त हो रहा है ऐसे जिस अनन्तवीर्य की बाल क्रीडा पिंजड़ों में स्थित सिंहों के साथ हुआ करती थी ॥६१॥ शरद ऋतु के आकाशतल के समान श्याम वर्ण, पूरे ऊंचे शरीर को धारण करने वाला जो अनन्त वीर्य, लक्ष्मी के इन्द्रनीलमणि निर्मित चलते फिरते महल के समान अत्यधिक सुशोभित हो रहा था ॥६२॥ अपराजित और अनन्तवीर्य में भेद से रहित स्वाभाविक प्रीति थी क्योंकि वह अक्षरों के बिना अन्यभव के सम्बन्ध को मानों कह रही थी ॥६३॥

---

१. कुर्वन्निव २. शोभनलक्षणयुक्तः ३. समुन्मीलिताः समुत्पादिता अशेषभूभृतां निखिलनृपाणां पक्षे सकल शैलानां गणाः कुलानि पक्षे वेगवो येन तेन ३. बालकोऽपि सन् ४. सामादिषु ५. शोभन लक्षण सहितः ।

प्रसन्न तथा कठिनाई से देखने योग्य उन दोनों पुत्रों से राजा स्तिमितसागर, चन्द्रमा और सूर्य से युक्त दूसरे पूर्वाचल के समान सुशोभित हो रहा था ॥६४॥

किसी समय प्रतीहार-द्वारपाल ने जिसकी सूचना दी थी ऐसे वनपाल ने आकर सभा के भीतर बैठे हुए राजा को प्रणाम कर इसप्रकार के वचन कहे ॥६५॥ जिसमें शीघ्र ही छहों ऋतुओं के पुष्प लय गये हैं ऐसे पुष्प सागर नामक उद्यान में भगवान् स्वयंप्रभ जिनेन्द्र देवों के साथ विद्यमान हैं ॥६६॥ इसप्रकार कहने वाले वनपाल के लिये पारितोषिक देकर राजा उन जिनेन्द्र को नमस्कार करने हेतु नगरवासी तथा सैनिकों के साथ उनके सन्मुख गया ॥६७॥ पूजनीय मानस्तम्भों को दूर से देख कर राजा वाहन से उतर पड़ा और पुत्रों सहित उसने हाथ जोड़ कर राज लक्ष्मी के साथ सभा में प्रवेश किया ॥६८॥ जिसकी आत्मा भक्ति से शुद्ध थी तथा जो जानने योग्य कार्यों को जानता था ऐसे राजा ने सर्व हितकारी उन चतुरानन स्वयंप्रभ जिनेन्द्र की तीन प्रदक्षिणाएं दीं और अपना माथा प्रकट कर उन्हें नमस्कार किया ॥६९॥ तदनन्तर राजा ने पुरुषार्थ की सिद्धि करने वाले धर्म को अच्छी तरह सुन कर तथा ज्येष्ठ पुत्र को राज्य लक्ष्मी सौंपकर दीक्षा ले ली ॥७०॥ मोक्ष मार्ग के उत्तम भाव को न जानने वाले स्तिमितसागर मुनिराज ने समवसरण के भीतर स्थित महान् ऋद्धियों के धारक धरणेन्द्र को देखकर निदान बन्ध कर लिया—मैं तपश्चरण के फलस्वरूप धरणेन्द्र होऊं ऐसा विचार किया ॥७१॥ जिसे तत्त्वों में श्रद्धा उत्पन्न हुई थी ऐसे अपराजित ने सम्यक्त्वपूर्वक से अनुग्रहीत होने के कारण वहां साक्षात् पांच अणुव्रत ग्रहण किये ॥७२॥

परन्तु अनन्तवीर्य के हृदयमें योग्यता न होनेसे तीर्थंकर भगवान् स्वयंप्रभ जिनेन्द्र के भी यह वचन उसप्रकार स्थान नहीं प्राप्त कर सके जिसप्रकार कि चन्द्रमा की किरणें कमल में स्थान प्राप्त नहीं करती हैं ॥७३॥

---

१ अन्यस्य अत्र इति सन्धिः २ पुत्रसहितः ३ एतत्नामधेये ४ सपुत्रः ५ सार्द्धिकरणं ब० ६ ज्ञेयम् ७ तनुजे ब० ७ किरणः ८ चन्द्रसम्बन्धी ।

पूर्वीकृतः प्रणम्येशं जिनपरीत्यापराजितः । निरगात्समवस्तुभ्यस्तत्सभावाच्च सादरैः ॥७४॥
बाह्यतूर्यं ध्वनत्तावद्यं स प्राप्य नगरीं ततः । स्वागमप्रक्षणोद्वेगमन्दशोभामशोभयत् ॥७५॥
निरानन्दजनोपेतं प्रविश्य भूपमन्दिरम् । सोद्वेगाः सकलास्तस्मात् प्रणम्यास्वासयत्स्वयम् ॥७६॥
यथायोग्यं प्रकृतयः सर्वाः सम्मान्य राजवत् । मौलैरनुगतोऽमात्यैर्धीरः स्वभवनं ययौ ॥७७॥
तत्रानन्तवीर्यरीत्या कार्यं भ्रात्रा यवीयसा । स वासरश्रियाः सर्वाः सम्यक् निरवर्तयत् ॥७८॥
अनेकधा धरेन्द्रैरभिषिक्तोऽपराजितः । यतो राज्यधुरं लेभे ज्येष्ठेनैव न तृष्णया ॥७९॥
सिंहासनातपत्रचामरैः स्वीकृतैरपि । युवराजः स एवासीद्भ्रात्रे दत्वाखिलां धराम् ॥८०॥
अदत्वापि स पूर्वं स्वद्वितीयं विधाय सः । आत्मसेन विना कृत्वा भरं सस्तो धुरम् ॥८१॥
अन्तःस्थारातिषड्वर्गजयेन स यथा बभौ । न तथा शरणायातैः परपक्षक्षितीश्वरैः ॥८२॥
प्रभूपायैर्यथास्थानं सामाद्यैरेव केवलम् । न व्यक्षेष्ठातिदूरस्थं परलोकं ततैरपि ॥८३॥

अपराजित, स्वयंप्रभ जिनेन्द्र को बार बार प्रणाम कर तथा तीन प्रदक्षिणाएं देकर भाई-अनन्तवीर्य तथा नागरिक जनों के साथ उस समवसरण सभा से बाहर निकला ॥७४॥ तदनन्तर बाहिर खड़े हुए वाहन पर सवार होकर वह राजा स्तिमितसागर के दीक्षा लेने सम्बन्धी उद्वेग से मन्दशोभा युक्त नगरी को प्राप्त हुआ । भावार्थ—राजा के दीक्षा लेने से नगरी में शोक छाया हुआ था अतः शोभा कम थी ॥७५॥ हर्ष रहित मनुष्यों से युक्त राज भवन में प्रवेश कर उसने उद्वेग से युक्त समस्त ज्ञातिजनों को प्रणाम पूर्वक स्वयं संबोधित किया ॥७६॥ समस्त प्रजाजनों का राजा के समान यथा-योग्य सम्मान कर धीरवीर अपराजित धीरे धीरे अपने भवन की ओर गया । उस समय मन्त्री आदि मुख्य वर्ग उसके पीछे पीछे चल रहा था ॥७७॥ वहां मन्त्रियों के अनुरोध से उसने तरुण भाई अनन्त-वीर्य के साथ उल्लसाये मन से दिन की समस्त क्रियाएं कीं ॥७८॥

तदनन्तर एक समय राजाओं के समूह द्वारा जिसका अभिषेक किया गया था ऐसे जितेन्द्रिय अपराजित ने वंश परम्परा के क्रम से ही राज्यभार को प्राप्त किया था तृष्णा से नहीं ॥७९॥ उसने यद्यपि सिंहासन, सफेद छत्र और चामरों को स्वीकृत किया था तथापि भाई-अनन्तवीर्य के लिये संपूर्ण पृथिवी प्रदान कर दी और स्वयं युवराज ही बना रहा ॥८०॥ यद्यपि राज्यभार को धारण करने वाला अनन्तवीर्य सदृश था तथापि उसे अपने आधके द्वारा द्वितीय बनाकर—अपना अभिन्न सहायक बनाकर किसी खेद के बिना उसने अपने के समस्त भार को धारण किया था ॥८१॥ भीतर स्थित काम क्रोध लोभ मोह मद और मात्सर्य इन छह अन्तरङ्ग शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने से वह जैसा सुशोभित हो रहा था वैसा शरण में आये हुए शत्रु पक्ष के राजाओं से सुशोभित नहीं हुआ ॥८२॥ यथा स्थान स्वीकृत किये हुए सामादि उपायों के द्वारा उसने न केवल अत्यन्त दूरवर्ती परलोक

---

* प्रणम्येनं ब० १ अमात्यप्रभृति जनान् २ अमात्यादिमूलवर्गैः क्षीरः ब० ३ तरुणेन ४ पुरां ब० । ५ सान्त्वयामास ६ अन्तःस्थानामरातीनां रिपूणां षड्वर्गः—कामक्रोधलोभमोहमदमात्सर्याणां वर्गः समूहः तस्यजयेन ७ परराजनृपतिभिः ८ सामादिभिः ९ अनुजनम् पक्षे नरकादिभवम् ।

अप्रतिमबलतेजा जैत्रयात्रोत्तरास्त्रः । समरे विजिताः शेषा यूना यूनत्व[1] मेव कथम् ॥८३॥
पञ्चाङ्गमन्त्रसंयुक्तो विनयेनेन्द्रियस्थितिः । आसीदिवाहासनस्थोऽपि मुनिः सप्तमवारधेः ॥८४॥
त्रिशक्त्यवस्थये धरित्र्या दण्डस्यागतिरा पतितः फलितेऽपवर्ह्य । दुरारोहे तरावेव दण्डस्यागतिरा पतितः ॥८५॥
सर्वशास्त्रेषु यः संशय्य[2] नीतिशास्त्रविदोऽप्यलम् । तिष्ठते स्म सदाभ्यस्तिमार्गः स मूर्तिमान् ॥८६॥
भ्राता संवर्धितोऽनन्तवीर्यस्तत्संसर्गेण नीतिमान् । श्रेयसे हि सतां योगः कस्य न स्यान्महात्मनाम् ॥८७॥
विभ्राणौ तौ परौ लक्ष्मीमविभक्तां विरेजतुः । एकवल्लीसनाथाग्रकल्पपादपसन्निभौ ॥८९॥
अन्यदाविदितः+ कश्चित्खेचरस्तौ विशांपती । प्रणिपत्यानितो वाणीमिति वक्तुं प्रचक्रमे ॥९०॥

—शत्रुसमूह को जीता था किन्तु यथास्थान स्वीकृत किये हुए व्रतों के द्वारा परलोक—नरकादि परलोक को भी जीत लिया था ॥८३॥ उत्साहशक्ति, मन्त्रशक्ति और प्रभुत्वशक्ति इन तीनशक्तियों से युक्त अपराजित ने एक एक शक्ति को धारण करने वाले शेष राजाओं को युद्ध में जीत लिया था इसमें क्या कहना है? भावार्थ—अपराजित उपर्युक्त तीन शक्तियों से सहित था जबकि शेष राजा एक शक्ति–शक्ति नामक एक ही शस्त्र को धारण कर रहे थे अतः उनका जीता जाना उचित ही था ॥८४॥ जो पञ्चाङ्ग–पांच महाव्रतरूपी मन्त्र से युक्त था (पक्ष में सहाय, साधन के उपाय, देशविभाग, कालविभाग और आपत्ति का प्रतिकार इन पाँच अङ्गों से सहित था) तथा जिसने इन्द्रियों की स्थिति को जीत लिया था ऐसा राजा अपराजित सिंहासन पर स्थित होता हुआ भी क्षमा–पृथिवी अथवा शान्ति से युक्त मानों दूसरा मुनि ही था ॥८५॥ साम, दान और भेद ये तीन उपाय ही जिसे प्रिय थे ऐसा अपराजित जब सफलता के साथ पृथिवी की रक्षा कर रहा था तब दण्ड—दण्ड नामक उपाय (पक्ष में फल तोड़ने के लिये फेंके गये डंडे) की गति अन्य उपाय न होने से दुरारोह—अत्यन्त ऊँचे वृक्ष पर ही हुयी थी। भावार्थ—जिस पर चढ़ना कठिन है ऐसे वृक्ष के फल तोड़ने के लिये जिस प्रकार दण्ड—डंडे का उपयोग किया जाता है उसीप्रकार जिसको साम आदि तीन उपायों के द्वारा जीतना संभव नहीं था उसीको जीतने के लिये अपराजित दण्ड—युद्ध नामक उपाय को अङ्गीकृत करता था ॥८६॥ नीतिशास्त्रके अच्छे ज्ञाता भी समस्त ग्रन्थों में संशय कर स्थित देखे जाते हैं परन्तु इस अपराजित में वह नीतिका मार्ग सदा मूर्तिमान् होकर स्थित रहता था। भावार्थ—नीति शास्त्र के बड़े बड़े ज्ञाता भी कदाचित् किसी शास्त्र में संशयापन्न देखे जाते हैं परन्तु वह अपराजित मानों नीति मार्ग की मूर्ति ही था अतः वह कभी भी संशयापन्न नहीं होता था ॥८७॥

यद्यपि उसका भाई अनन्तवीर्य, गर्व से युक्त था तथापि वह उसके संसर्ग से नीतिमान् हो गया था सो ठीक ही है क्योंकि महात्माओं का सदा योग प्राप्त होना किसके कल्याण के लिये नहीं होता? अर्थात् सभी के कल्याण के लिये होता है ॥८८॥ अविभक्त उत्कृष्ट लक्ष्मी को धारण करने वाले वे दोनों भाई एक कल्पलता से युक्त कल्पवृक्ष के समान सुशोभित हो रहे थे ॥८९॥

किसी समय कोई अपरिचित विद्याधर आया और दोनों राजाओं—अपराजित और अनन्तवीर्य को बार बार प्रणाम कर इसप्रकार के वचन कहने लगा ॥९०॥ सार्थक नाम को धारण करने

---

१ उत्साहशक्तिर्मन्त्र शक्तिः प्रभुत्वशक्ति —इतिशक्तित्रययुक्तेन २ 'सहाया साधनोपायो विभागो देशकालयोः। विनिपात प्रतीकार: सिद्धि पञ्चाङ्गमिष्यते' ॥ ३ संशय्य ब० + अन्यदायेत्य: ब०।

चक्रवर्ती क्वचार्यास्ये दमितारिः सभः स्थितः। नभस्तोऽवतरन्तं तं नारदं मुनिम् ॥९१॥
स प्राप्येतिभुवं यावत्तावदुत्थाय भक्तितः। प्रणम्यासनतस्तस्मै कृत्वोचे स्वागतोक्तिम् ॥९२॥
विश्रान्तं च तमप्राक्षीत्तदायमनकारणम्। ततोऽवादीन्मुनिः प्रीतः श्रीमत्कार्यान्तरान्वितः ॥९३॥
पुरी प्रभाकरी नाम्ना विदिता भवतोऽपि सा। भ्रातुर्विन्यस्य भूभारं क्षान्ति तामपराजितः ॥९४॥
अतीतेऽह्नि समभूते गायतस्ते स्म गायिके। एका किरातिका नाम्ना परा बर्बरिकाभिधा ॥९५॥
प्रास्थवानपि कृपारसस्तद्गीत्या विवशीकृतः। आयान्तं मां च नाज्ञासीद्विषयी कः सचेतनः ॥९६॥
ततोऽहमायातो योग्ये संघटां गायिके च ते। तवैवोचितरतोऽन्यन्मे मुनेर्वक्तुमसांप्रतम् ॥९७॥
एवमुक्त्वा गिरं तस्मिन्प्रयाते क्वापि नारदे। [1]निसृष्टार्थं तवार्थं मां [2]प्राहैषीत्स [3]त्वदन्तिकम् ॥९८॥
इत्यामनमनादेश्य ततः [4]सोऽभ्यर्णवर्तिनः। अमात्यस्य करे किञ्चित्समुद्रं [5] [6]प्राभृतं ददौ ॥९९॥
ततो राजा स्वयं दूतमावासाय विसर्ज्य तम्। मन्त्रिणा प्राभृते मुक्ते कृत्स्नां ज्योत्स्नां व्यलोकयत् ॥१००॥
तेनोदस्तं पुरो हारं नीहारांशुसितापरम्। अग्राक्षीत्सुचिरं मूर्तं यशोराशिमिवात्मनः ॥१०१॥

वाले दमितारि चक्रवर्ती सभा में बैठे हुए थे कि उन्होंने शीघ्र ही आकाश से उतरते हुए नारद मुनि को देखा ॥९१॥ वे जब तक पृथिवी पर नहीं आ पाये तब तक चक्रवर्ती ने आसन से उठ कर उन्हें प्रणाम किया। आने पर उनकी पूजा की और तदनन्तर क्रम से उन्हें आसन पर बैठाया ॥९२॥ जब नारद जी विश्राम कर चुके तब उनसे उनके आगमन का कारण पूछा। तदनन्तर नारदजी बड़ी प्रसन्नता से कहने लगे—हे श्रीमान्! सुनिये—॥९३॥

एक प्रभाकरी नाम की नगरी है जो आपको भी विदित है। भाई के ऊपर पृथिवी का भार सौंपकर अपराजित उसका शासन करता है ॥९४॥ पिछले दिन उसके पास दो गायिकाएं गा रही थीं। उनमें एक का नाम किरातिका था और दूसरी का नाम बर्बरिका ॥९५॥ राजा अपराजित जितेन्द्रिय होने पर भी उनके गायन से विवश हो गये इसलिये उन्होंने आते हुए मुझे नहीं देखा। ठीक ही है क्योंकि विषय की इच्छा रखने वाला कौन मनुष्य सचेतन रहता है—सुध बुध से युक्त होता है? अर्थात् कोई नहीं ॥९६॥ इसलिये मैं आया हूं। वे योग्य गायिकाएं तुम्हारी ही संगति को प्राप्त हों। इसके सिवाय मुझ मुनिका और कुछ कहना अनुचित है ॥९७॥ ऐसा कहकर जब नारदजी कहीं चले गये तब चक्रवर्ती दमितारि ने उन गायिकाओं के लिये मुझ दूत को आपके पास भेजा है ॥९८॥ इस प्रकार आने का समाचार कह कर उस दूतने निकटवर्ती मन्त्री के हाथ में कुछ मुहरबंद भेंट दी ॥९९॥

तदनन्तर राजा ने उस दूत को निवास करने के लिये स्वयं विदा किया और मन्त्री द्वारा मुहरबंद भेंट के खोलने पर पूर्ण चांदनी को देखा। भावार्थ—मंत्री ने ज्योंही भेंट को खोला त्योंही पूर्ण चांदनी जैसा प्रकाश छा गया ॥१००॥ मन्त्री द्वारा उठा कर आगे रखे हुए हार को जो कि

---

१ प्रधानदूतं २ प्रेषितवान् ३ त्वत्समीपम् ४ निकटवर्तिनः ५ मुद्रा सहितं ६ उपहारम्

तमुद्दीक्ष्य ययौ मोहं स भ्रात्रा व्यजनादिभिः । सम्यैर्व्यपोहितो मोहाद् भूयो जातिस्मरोऽभवत् ॥१०२॥
स्वपरस्य च सम्बन्धं स्मरतोनामि चात्मनः । प्राग्जन्माराधिता विद्याः प्रादुरासंस्तयोः पुरः ॥१०३॥

[illegible]

सामन्ताश्चिल्लिलान्तरङ्गसमितिं द्वोत्सार्य दौवारिकै-
र्मूर्च्छाहेतुमुदीरयेति सचिवैरुक्तः स वेत्रमवोचत् ।
मोहं खेचरहारतः प्रगतवानस्मात्तृतीये भवे
'प्राच्यायामिततेजसं स्वमनुजं विद्याधराणां पतिम् ॥१०४॥
स्वश्रीयोऽयमभूत्प्रसक्तविमलप्रज्ञान्वितो मन्त्रिषु—
स्तत्र श्रीविजयो नृपोऽनुज इति ज्याहृत्य तेषां पुरः ।
राजेन्द्रः प्रयतो जिनेन्द्र[2]महिमां कृत्वा ततोऽर्घ्यं ददौ
विद्याभ्यः स्वपरोपकारचरितः सत्सम्पदां वृद्धये ॥१०५॥

इत्यसगकृतौ शान्तिपुराणे श्रीमदपराजितविद्याप्रादुर्भावोनाम

प्रथमः सर्गः ।

दूसरे चन्द्रमा के समान जान पड़ता था, राजा बहुत काल तक ऐसा देखता रहा मानों अपने यश की मूर्तिनन्त राशि को ही देख रहा हो ॥१०१॥ उस हार को देख कर राजा मोह को प्राप्त हो गया —मूर्च्छित हो गया। भाई तथा अन्य सभासदों ने जब पङ्खा आदि के द्वारा उसे मोह से दूर किया तब उसे पुनः जाति स्मरण हो गया ॥१०२॥ अपने और पर के सम्बन्ध तथा अपने नाम का स्मरण करते हुए उन दोनों के आगे पूर्वजन्म में आराधित विद्याएं प्रकट हो गयी ॥१०३॥

द्वारपालों के द्वारा सामन्तों और समस्त अन्तरङ्ग समिति को दूर हटा कर मन्त्रियों ने राजा से कहा कि मूर्च्छा का कारण कहिये। राजा कहने लगा कि विद्याधर के हार से मुझे विदित हुआ कि मैं इस भव से तीसरे भव में अमिततेज नामका अनुपम विद्याधर-राजा था ॥१०४॥ प्रसक्त श्री विमल बुद्धि से सहित यह विद्याधर मेरे पिता का भानेज था और मेरा छोटा भाई अनन्तवीर्य नामका श्रीविजय नामका राजा था। इसप्रकार मन्त्रियों के आगे कह कर निज और पर का उपकार करने वाले सुधाधिराज अपराजित ने जिनेन्द्र भगवान् की पूजा की। पश्चात् सत्सम्पदाओं की वृद्धि के लिये विद्याओं को अर्घ्य दिया ॥१०५॥

इसप्रकार महाकवि असगकवि की कृति शान्तिपुराण में श्रीमान् अपराजित राजा के विद्याएं प्रकट होने का वर्णन करने वाला प्रथम सर्ग समाप्त हुआ।

---

१ चिन्तयित्वा २ 'महिमा' इत्याकारान्तः स्त्रीलिङ्गः शब्दो वर्धमान चरितेऽपि कविना प्रयुक्तः।

द्वितीय सर्गः

卐

अथान्यदा यथाकालं भूमिपालः सहानुजः । मन्त्रशालां [1]विशालाक्षः प्राविशन्मन्त्रिभिः समम् ॥१॥
अन्वास्यासनमुत्तुङ्गं स्वचित्तमिव भूपतिः । अमीषां तत्रयावृद्धं ब्रूते स्मेति मथान्तरम् ॥२॥
नायिकाभ्यर्थनव्याजमनुप्राप्तीक्षितान्यपि । दमितारिः किमर्थं वा दूतं रत्नोपदान्वितम् ॥३॥
अत्यन्तगुप्तमन्त्रस्य संवृताङ्गेङ्गित[2]स्थितेः । [3]विधेरिव सुदुर्बोधं चेष्टितं नीतिशालिनः ॥४॥
वाचामभङ्गभयात्किं वा तेन रत्नमुपायनम् । ईदृशं प्रहितं लोके लोकज्ञो [4]न हि तादृशः ॥५॥
नाधिगच्छति कार्यान्तं [5]सामदानविवर्जितः । समर्थोऽपि विना [6]पक्ष्मैः कस्तालमधिरोहति ॥६॥
तृणाद्यापि[7] न गृह्यन्ते [8]दानहीनं नरं जनाः । तृणार्थं वाहयन्त्युच्चैर्निर्दान[9]मितिक* दन्तिनम् ॥७॥

द्वितीय सर्ग

अथानन्तर किसी समय विशाल लोचन तथा दीर्घदर्शी राजा ने छोटे भाई और मन्त्रियों के साथ यथा समय मन्त्रशाला में प्रवेश किया ॥१॥ अपने चित्त के समान उन्नत आसन पर बैठ कर राजा के इस सब के आगे जो जैसा वृद्ध था तदनुसार इस अन्य नीति का कथन किया ॥२॥ नायिकाओं की याचना का बहाना लेकर दमितारि ने रत्नों की भेंट सहित दूत को मेरे पास किसलिये भेजा है ॥३॥ जिसका मन्त्र अत्यन्त गुप्त है तथा जिसके शरीर और हृदय की चेष्टा संवृत है—प्रकट नहीं है ऐसे उस नीतिज्ञ दमितारि की चेष्टा विधाता की चेष्टा के समान अत्यन्त दुर्ज्ञेय है—कठिनाई से जानने के योग्य है ॥४॥ अथवा वाचना भङ्ग होने के भय से क्या उसने ऐसा रत्नों का उपहार भेजा है ? क्योंकि लोक में उसके समान दूसरा लोक व्यवहार का ज्ञाता नहीं है ॥५॥ साम और दान से रहित मनुष्य कार्य के अन्त को प्राप्त नहीं होता सो ठीक ही है क्योंकि समर्थ होने पर भी कौन मनुष्य भुजाओं के बिना ताड़ वृक्ष पर चढ़ सकता है ? अर्थात् कोई नहीं ॥६॥ लोग दान रहित मनुष्य को

---

१ दीर्घलोचनः दूरदर्शी च २ इङ्गितं दुश्चेष्टितम् ३ विधातुर्दैवस्य वा ४ साम्ना दानेन च रहितः ५ वाक्भङ्गात् ६ 'अन्यकर्मण्यनादरे' इति सप्तमी ७ त्यागरहितम् ८ मदजलरहितम् 'मदो दाने' इत्यमरः *दानमपि ब० ।

एतद्वचनेन किं क्रीडन्नन्यजीवितुं मनिषन्नहति । इत्य विज्ञेयपरमतः प्रतिहत परमार्थतः सर्व
परं विशेषेति युक्तमेवा तूपयमकेनिकतिरस्कृत ॥ अनवस्थितपुरोधूत वातरोगी विचिन्तयन्तः ॥८॥
अगस्त्यग्रहणव्यग्रवातापीव विशेषिणो । अन्तर्मूलं फलने वनिमतीवो सम्पन्नाभो ॥९॥
किं विशेषमतोऽन्यमिस्तत्रेति विरते प्रभौ । अनुमतो दृशा सर्वैरन्यवक्तेति विज्ञप्तिः ॥१०॥
नीतिसारमुपसंहृत्य भवान्विरमति नयम् । यो ह्यपरः किञ्चित् स सर्वस्तत्प्रतिध्वनिरेव ॥११॥
तथापि प्रस्तुतस्यास्य वस्तुनो विस्तृतात्मनः । स्वरूपमात्रकं किञ्चित्कथयिष्यामि तत्त्वतः ॥१२॥
पुरैवाविजितशेषविद्याधरमहीभृतः । तस्य चक्रायुधं[4] पुण्यात्तस्मिन् जन्मनि ॥१३॥

तृण भी नहीं मानते—तृण से भी तुच्छ समझने लगते हैं। देखो, दान—मद रहित जंगली हाथी को भी लोग तृण खाने के लिये बुलाते हैं। भावार्थ—जिस प्रकार लोक में मदरहित—मदरहित हाथी की कोई प्रतिष्ठा नहीं है उसी प्रकार दान रहित—त्याग रहित मनुष्य की भी कोई प्रतिष्ठा नहीं है ॥७॥ इस उपहार रूप दान के बहाने क्या वह हम लोगों को स्वीकृत करना चाहता है—अपने अधीन बनाना चाहता है अथवा भीतर प्रवेश कर—हम लोगों में मिलकर परमार्थ से हमारा विध्वंस करना चाहता है ॥८। असमय में पुष्पित, विकार सूचक वृक्ष से जिसप्रकार ज्ञानी जीव अत्यंत भयभीत होता है उसी प्रकार राजा की आकस्मिक प्रसन्नता से ज्ञानी जीव अत्यंत भयभीत होता है ॥९॥ मन में अन्य, वचन में अन्य और चेष्टा में अन्य, इसप्रकार की जो प्रवृत्ति स्त्री में असदाचार कहलाती है वह विगीषु राजा में प्रशंसनीय मानी जाती है। भावार्थ—स्त्री के मन में कुछ हो, वचन में कुछ हो और चेष्टा में कुछ हो तो वह स्त्री का दुराचार कहलाता है परन्तु विजिगीषु—जीत की इच्छा रखने वाले राजा के यह सब प्रशंसनीय आचार कहा जाता है ॥१०॥ इसलिये उसके विषय में हम लोगों को क्या कहना चाहिये ? यह कह कर जब राजा अपराजित चुप हो रहे तब सभासदों द्वारा नेत्र से अनुज्ञा प्राप्त कर सन्मति मंत्री इस प्रकार कहने लगा ॥११॥

नीति के सार स्वरूप नय का कथन कर आपके विश्रान्त होने पर जो कोई अन्य पुरुष कुछ कहना चाहता है वह सब आपकी ही प्रतिध्वनि होगी। भावार्थ—आप राजनीति का यथार्थ कथन कर चुके हैं अतः किसी अन्य मनुष्य का कथन आपके कथन के अनुरूप ही होगा ॥१२॥ फिर भी इस विस्तृत प्रकृत वस्तु का कुछ स्वरूप मात्र किसी तरह मेरे द्वारा कहा जाता है। भावार्थ—यद्यपि आपके कह चुकने के बाद मेरे कथन की आवश्यकता नहीं है तथापि चूंकि यह वस्तु बहुत विस्तृत है इसलिये इसका कुछ स्वरूप मात्र मैं किसी तरह कहता हूं ॥१३॥ जिसने पहले ही समस्त विद्याधर राजाओं को अपने अधीन कर लिया है ऐसे उस दमितारि प्रभु के पुनरुक्त के समान पीछे चक्ररत्न प्रकट हुआ है। भावार्थ—चक्ररत्न के प्रकट होने का फल समस्त विद्याधर राजाओं को अपने अधीन करना था। परन्तु वह कार्य वह पहले ही कर चुका है अतः पश्चात् चक्ररत्न का प्रकट होना पुनरुक्त के समान है ॥१४॥ बुद्धिमान राजा को पहले इसका अच्छी तरह विचार कर लेना चाहिये

---

१ कार्यम् २ सूचनीयवृत्ति ३ एतावान् भवान् ४ त्यक्ति ५ विद्याधरैः पुरस्कारितस्य ६ चक्ररत्नम् ।

[illegible] ॥१५॥ जो। [illegible] ॥१६॥ [illegible] ॥१७॥ [illegible] ॥१८॥ [illegible] ॥१९॥ [illegible] ॥२०॥ [illegible] ॥२१॥ [illegible] ॥२२॥ [illegible] ॥२३॥ [illegible] ॥२४॥

कि शत्रु और अपनी सेना में अत्यधिक अधिकता किसकी है? इसी तरह दोनों के देश काल तथा क्षय और वृद्धि का भी विचार करना चाहिये ॥१५॥ जो राजा गुणों की प्रतिकूलता से शत्रु के साथ विग्रह करना चाहता है वह मूर्ख स्वयं अपने ऊपर वृक्ष गिराता है। भावार्थ—शत्रुके बल की अधिकता, अपने बल की हीनता, शत्रुके देश काल की अनुकूलता; अपने देश काल की प्रतिकूलता तथा शत्रु की वृद्धि और अपनी हानि के रहते हुए भी शत्रु से युद्ध छेड़ता है वह अपने आपको नष्ट करता है ॥१६॥ जो दमितारि विद्या से विनम्र मनुष्यों का तिलक-तिलक वृक्ष (पक्ष में श्रेष्ठ) होता हुआ भी वृक्ष नहीं तथा सत्पुरुषों का सेवनीय होता हुआ भी जो वृद्धजनों की स्वयं सेवा करता था ॥१७॥ अन्तरंग में स्थित काम क्रोध आदि छह शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने के यश रूपी धन को धारण करने वाला जो राजा अपने स्थानों में गूढ़ पुरुषों—गुप्तचरों को प्रयुक्त करने की आज्ञा देता था ॥१८॥ जन्म जात पूर्ण वीरता और शूरता से सहित जो राजा शत्रु के द्वारा प्रयुक्त गूढ़ पुरुषों का प्रतिकार करता था ॥१९॥ जो स्वकीय प्रताप से सुशोभित अपने देश में करने योग्य और न करने योग्य पक्षों में से एक पक्ष की रक्षा करने में सदा तत्पर रहता था ॥२०॥ शत्रु के देश में होने वाले कृत्य और अकृत्य पक्ष को उपकार विधि को शीघ्रता से जानने वाला उसके समान दूसरा नहीं होगा। भावार्थ—वह दमितारि शत्रु देश में होने वाले करणीय और अकरणीय कार्यों के परिणाम को अच्छी तरह जानता है ॥२१॥ जो अपने मन्त्र को अच्छी तरह छिपा कर रखता है, सब व्यसनों से रहित है, निरन्तर आत्म रक्षा में तत्पर रहता है और सब ओर प्रसिद्ध शूरवीर भी है ॥२२॥ जो मण्डलेश्वरों के द्वारा अनुयाज्य है—सब मण्डलेश्वर जिसके हित का ध्यान रखते हैं, जो सन्धि विग्रह आदि छह गुणों के प्रयोग को जानता है, दुर्गम स्थानों को प्राप्त करने वाले उपायों का जानकार है और बुद्धिमान् जनों को इष्ट है ॥२३॥ जो बलिष्ठ जनों के प्रपञ्च पूर्ण प्रयोग को जानता है, अति

---

१ क्षतिलाभौ २ गुणविरोधेन ३ विग्रहं विद्वेषं कारयितुं मिच्छुः क्ष० ब० ४ शत्रुभेषितानाम् ५ प्रतिकारम् ६ आत्मनीयं बीजं आदरिक बल वीर्यम् ७ व्यसनरहितः ८ 'सन्धिविग्रहयानानि संस्थाप्यासन मेव च। द्वैधाश्रयश्च विजयः षड्गुणा नीतिवेदिनाम्' । एषां षड्गुणानां प्रयोगं यो वेत्ति सः।

सदानुरक्तप्रकृतिः प्रकृत्यैव परान्तरः । नित्योदयपुतो[1] योऽभूद् भूपो भानुरिव स्वयम् ॥२५॥
दृष्ट्वा स्वसदृशं सम्यक् स्वामिनोऽपि समन्ततः । प्रहिणोत्सामदानाभ्यां प्राहिणोत्सामदानं वा[2] ॥२६॥
संप्रति प्राभृतं साम स्वया तस्य विशोभताम् । प्रकरानुरूपं तस्य पश्चात् प्रतिविधास्यति ॥२७॥
इत्युक्त्वा विरते तस्मिन्मन्त्रिणि सन्मतौ । बुद्धोऽपि निभृताकारोऽनन्तवीर्योऽवदीदृशम् ॥२८॥
नीतेस्तत्त्वमिदं सम्यगन्वधायि त्वया वचः । अनुत्तरमुदात्तार्थं प्राप्तावसरसाधनम् ॥२९॥
अपि बोधीभूतासेषशास्त्रतत्त्वार्थशालिना । त्वया नाथेऽपि वज्रूषः प्रभोः प्रच्छन्नवद्भुतम् ॥३१॥
चक्रवर्त्यादिसोत्तेर्कं यद्भूतेनेरितं पुरा । बालस्यापि न तद्वाक्यं प्रतिभाति कथं प्रभोः ॥३२॥
आविष्कारयता तेनैव युगपद्भूदण्डकौ । अन्तर्लीनावुपन्यस्तौ न हि संविदते परे ॥३३॥
यदस्यामिमतं किंचित् स तदेवाभिपद्यते । सभायां केनचिद्भोक्ते वाक्ये नानार्थसंकुले ॥३४॥

से युक्त है, सामन्तों से सहित है तथा मित्ररूप सम्पत्ति से विभूषित है ॥२४॥ जिसका मन्त्री आदि वर्ग सदा अनुरक्त है, जो स्वभाव से ही शत्रुओं को संतप्त करने वाला है तथा जो सूर्य के समान स्वयं नित्य ही उदय-अभ्युदय से युक्त है ॥२५॥ ऐसे उस दमितारि ने सब ओर से आपको अच्छी तरह अपने समान देखकर गायिकाओं को प्राप्त करने के लिये साम और दान के द्वारा दूत भेजा है ॥२६॥ इस समय आपको उसके पास साम रूप उपहार ही प्रेषित करना चाहिये। प्रकरण के अनुरूप जो प्रतिकार अपेक्षित है उसे पीछे कर सकोगे ॥२७॥ इस प्रकार की वाणी कह कर जब सन्मति मन्त्री चुप हो रहे तब अनन्तवीर्य ने यह कहा। अनन्तवीर्य उस समय यद्यपि क्रुद्ध था तथापि अपने आकार को निश्चल बनाये हुए था। भावार्थ—भीतर से कुपित होने पर भी बाहर शान्त दिखायी देता था ॥२८॥

आपने नीति का यह तत्त्व अच्छी तरह कहा है। आपका यह वचन सर्वश्रेष्ठ है, उत्कृष्ट अर्थ से सहित है तथा प्राप्त अवसर को सिद्ध करने वाला है—समयानुरूप है ॥२९॥ यद्यपि आप अच्छी तरह जाने हुए समस्त शास्त्रों के रहस्य से शोभायमान हो रहे हैं फिर भी आपने प्रश्न—कर्ता स्वामी के अभिप्राय को नहीं समझा यह आश्चर्य की बात है ॥३०॥ दूत ने पहले, चक्रवर्ती (प्रथम सर्ग श्लोक ९१) आदि श्लोकों को आदि लेकर जो अहंकार पूर्ण वचन कहे थे वे बालक को भी अच्छे नहीं लगते फिर प्रभु—अपराजित महाराज को अच्छे कैसे लग सकते हैं ॥३१॥

उसने उसी एक प्रथम वाक्य के द्वारा भीतर छिपे हुए भेद और दण्ड उपायों को एक साथ प्रस्तुत किया था। यह दूसरे नहीं जानते ॥३३॥ सभा में किसी के द्वारा नाना अर्थों से युक्त वचन के कहे जाने पर जिसके लिये जो इष्ट होता है वह उसे ही समझ लेता है। भावार्थ—सभा में यदि कोई नाना अभिप्राय को लिये हुए वचन कहता है तो वहां सभासदों में जिसे जो अर्थ इष्ट होता है उसे ही वह ग्रहण कर लेता है ॥३४॥ आप लोग साम और दान उपाय में रत हैं अतः उन्हें जानते हैं और महाराज अपराजित अपने योग्य उपाय को जानते हैं इसलिये उन्हें यही कथन अभ्यादर रूप आय पड़ता

---

१. सन्मतिवर्णः २ स्वसमानेन ३ अभ्युदय उद्गमनश्च, ४ दूतम् ५ प्रहीदृशः ब० ६ नास्ति उत्तरं श्रेष्ठ यस्मात्तत् उत्तमं श्रेष्ठमित्यर्थः ६ जानन्ति ७ तदेवाभिपद्यते ब०।

सामदानरता यूयं ते[1] च *तत्राक्षमच्छ्रुतः । जानतोऽपि प्रभोर्भूयस्तमिममेवाक्षमोरसम् ॥३५॥
लक्षितोऽयं तवाकूतं दूतवाक्यादवोऽपि यत् । मया दुर्मेधसाप्येतत्तेनैवं कुर्यान्न विस्मयम् ॥३६॥
प्रेष्यमित्थमेवेति मामकाहं [2]प्रहिण्वता । दूतं तेनैव चाख्यातः कोपश्च तवतामयः ॥३७॥
लब्ध्वा तुष्येदलब्ध्वेदं परो वैरायते द्रुतम् । तुल्या शक्तिमतोयाच्ञा हस्त्यारूढस्य भिक्षया ॥३८॥
प्राणतोऽपि प्रियं चास्मादेतन्मे गायिकायुगम् । यदीदमन्यथा कुर्यात्स्वामी निःस्वामिकोऽस्म्हम् ॥३९॥
क्रुद्धोऽप्येतावदेवोक्त्वा [3]तोषमागत्य स नृपतेः । मुखस्थितिं[4] मुहुः [5]पश्यंस्तथाकृतविमृशया ॥४०॥
स्वकार्यानुगतिन्या वाचा मन्त्रिविकल्पया । क्षणं सोत्रायते स्मासौ भ्रातुश्च सविषादया ॥४१॥
ततः क्षणमिव ध्यात्वा कार्यं किञ्चिदसुनिश्चितम् । इत्युवाच वचो राजा धीरो हि नयमार्गवित् ॥४२॥
न नीतितत्त्वं संचिन्त्य न स्वातन्त्र्याभिलाषया । ब्रवीमि युष्मदेतच्चेद्भूयतामस्त्वनुग्रहः ॥४३॥

है । भावार्थ—नानार्थक वचनों को लोग अपने अपने अभिप्राय के अनुसार ग्रहण करते हैं यह सिद्धान्त है तदनुसार आप साम और दान के प्रेमी होने से उन्हें ग्रहण कर रहे हैं परन्तु महाराज के लिये यह उपाय अनादर रूप हैं ॥३५॥ मैंने बुद्धिहीन होने पर भी दूत के वचनों से यह समझ लिया है कि दमितारि का अभिप्राय तिरस्कार से सहित है अर्थात् वह हम लोगों का तिरस्कार करना चाहता है । यह किन्हें आश्चर्य उत्पन्न नहीं करता ? अर्थात् सभी को आश्चर्य उत्पन्न करता है ॥३६॥ यह गायिकाओं का युगल भेजना ही चाहिये इसप्रकार नाम लेकर दूत को भेजते हुए उसने गायिकाओं की प्राप्ति न होने से उत्पन्न होने वाला अपना क्रोध भी प्रकट किया है। भावार्थ—दमितारि ने प्रकट किया है कि यदि गायिकाओं का युगल मेरे पास न भेजोगे तो मैं तुम्हारे ऊपर क्रुद्ध हो जाऊंगा—तुम्हें मेरे क्रोध का भाजन बनना पड़ेगा ॥३७॥ शक्तिशाली मनुष्य इष्ट वस्तु को प्राप्त कर संतुष्ट हो जाता है और नहीं प्राप्त कर शीघ्र ही वैर करने लगता है परन्तु शक्तिशाली मनुष्य की याचना हाथी पर सवार मनुष्य की भिक्षा के समान है । भावार्थ—जिसप्रकार हाथी पर सवार व्यक्ति को भिक्षा मांगना अच्छा नहीं लगता उसीप्रकार शक्तिशाली मनुष्य को किसी से कुछ याचना करना शोभा नहीं देता ॥३८॥ यह गायिकाओं का युगल मुझे प्राणों से भी अधिक प्रिय हो गया है । यदि इसे स्वामी अन्यथा करते हैं— मेरे पास से हटाकर दमितारि के पास भेजते हैं तो मैं भी स्वामी रहित हूं—अपने आपको स्वामी से रहित समझूंगा ॥३९॥ अनन्तवीर्य क्रुद्ध होने पर भी राजा—अपराजित के अभिप्राय को जानने की इच्छा से बार बार उसकी मुखस्थिति को देखता हुआ इतना कह कर ही चुप बैठ गया ॥४०॥ मन्त्री ने राजकार्य के अनुरूप जो वचन कहे तथा भाई—अनन्तवीर्य ने विषाद से भरे हुए जो वचन कहे उनसे राजा अपराजित क्षण भर के लिये अधीर हो गये ॥४१॥ तदनन्तर राजा ने क्षणभर किसी सुनिश्चित कार्य का विचार कर इसप्रकार के वचन कहे सो ठीक ही है क्योंकि धीर वीर मनुष्य नीतिमार्ग का ज्ञाता होता है ॥४२॥

नीतितत्त्व न तो स्वानुभव से संगत होता है और न स्वतन्त्रता की इच्छा से । यदि आप लोगों का अनुग्रह हो तो इस संदर्भ में एक बात कहता हूं ॥४३॥ मैं पूर्वभव में विद्याओं का पारदर्शी

---

१ सामदाने * तत्राक्षमच्छ्रुत ब० २ प्रेषयता ॐ दत्तश्चे च ब० ३ तूष्णीमतिष्ठत् ४ मुखाकृतिम् ५ तदभिप्रायग्रहणेच्छया ।

विद्याधरां चारुहासाद् मायकस्य पुराभवे । अस्मिन्नपि भवे तासिः स्वीकृतोऽस्मद्गुरोरपि ॥४४॥
संगच्छन्ते[1] महाविद्याः सर्वाः पूर्वभवार्जिताः । मम भ्रात्रा सह प्रातरर्कतेज इवातपिना ॥४५॥
ततो वयं वरूथिन्यौ वायसिकाकृतधारिणौ । दूतव्यावः सह दूतेन गत्वावां खेचरेश्वरम् ॥४६॥
आत्मविद्यानुभावेन राज्यसत्कसंस्थितिम् । विविदिषा वेदितव्यां तामायास्यावः पुनस्ततः ॥४७॥
तत्रानिष्टमसाध्यं वा नैवाचरणीयं महात्मभिः । यद्वद्भिरावयो राज्यं रक्षणीयं च यत्नतः ॥४८॥
एवं मनोगतं कार्यमुदीर्य स विशांपतिः । अवसोन्मन्त्रिणां ज्ञातुं मतानि मतिसत्तमः ॥४९॥
तत्राजितस्य समस्तस्य कर्णधारो बहुश्रुतः[2] । इत्युवाच वचो वाग्मी ततो मान्यो बहुश्रुतः[3] ॥५०॥
कार्यं साम्प्रतमेवोक्तं राज्ञा प्रज्ञावतां मतम् । इदमस्योत्तरं किञ्चिदन्यदेवाभिधास्यते ॥५१॥
दमितारेः प्रयास्यन्तं राजा भ्रातृपुरस्सरम् । हस्तेकृत्य ततो लक्ष्मीं निष्क्रिजिनागमिष्यति ॥५२॥
मयैवेदं पुरा ज्ञातं [4]दैवज्ञात्तत्त्ववेदिनः । उन्मूलितास्त एताभ्यां समस्ताः खेचराधिपाः ॥५३॥
प्रदेयानन्तवीर्याय त्वया काचन तत्सुता । इति प्राप्यो निसृष्टार्थो भवद्भिः प्राप्तसत्क्रियः ॥५४॥
अभिप्रायान्तरं तस्य विज्ञास्यामो वयं ततः । अन्तःशुद्धो [5]विविक्तो वा लक्ष्यते कार्यसन्निधौ ॥५५॥

और साधक था। साथ ही इस भव में भी उन विद्याओं ने मुझे बड़े प्रेम से स्वीकृत किया है ॥४४॥ पूर्व भव में अर्जित समस्त महाविद्याएं हमारे भाई के साथ ऐसी आ मिली हैं जैसे प्रातःकाल प्रतापी सूर्य के साथ किरणें आ मिलती हैं ॥४५॥ उन विद्याओं के प्रभाव से हम दोनों रूप बदल कर वायसिकाओं का रूप धारण करेंगे और दूत के साथ जाकर विद्याधरों के राजा दमितारि को देखेंगे ॥४६॥ अपनी विद्याओं के प्रभाव से उसकी समस्त राज्यस्थिति को जो जानने के योग्य है, जानकर वहां से वापिस आवेंगे ॥४७॥ वहां हम लोगों का अनिष्ट होगा अथवा कोई कार्य असाध्य होगा ऐसी आशङ्का आप महानुभावों को नहीं करना चाहिये। आप लोग हमारे राज्य की यत्न पूर्वक रक्षा करें ॥४८॥ अतिशय बुद्धिमान् राजा इसप्रकार अपने मन में स्थित कार्य को कह कर मन्त्रियों का अभिप्राय जानने के लिये विरत हो गया—चुप हो रहा ॥४९॥

तदनन्तर अपराजित के समस्त राज्य का कर्णधार, अनेक शास्त्रों का ज्ञाता तथा प्रशस्त वचन बोलने वाला बहुश्रुत नामका मन्त्री इस प्रकार के वचन कहने लगा ॥५०॥ राजा ने जो कार्य कहा है वह उचित ही है तथा बुद्धिमानों को इष्ट है। इसके आगे का कुछ कार्य मैं इसप्रकार कहूँगा ॥५१॥ राजा अपराजित, भाई के साथ दमितारि के पास जावे। वहां जाने से वह उसकी लक्ष्मी को अपने अधीन कर किसी छल के बिना वापिस आवेगा ॥५२॥ मैंने एक तत्त्वज्ञ ज्योतिषी से यह बात पहले ही जान ली थी कि इन दोनों भाईयों के द्वारा समस्त विद्याधर राजा उन्मूलित कर दिये जावेंगे—उखाड़ दिये जावेंगे ॥५३॥ आप लोग दमितारि के दूत का सत्कार कर उससे ऐसा कहो कि तुम्हें अनन्तवीर्य के लिये दमितारि की कोई पुत्री देना चाहिये ॥५४॥ इससे हम उसके अभिप्राय के अन्तर-रहस्य को जान सकेंगे। क्योंकि कार्य के सन्निधान में ही देखा जाता है कि अन्तरङ्ग से

---

१ मिलिता भवन्ति २ बहुज्ञानवान् ३ एतन्नामकः ४ परस्परः ब० ५ ज्योतिर्विदः ६ कुटिलः ।

प्रज्ञोत्साहबलोद्योगधैर्यशौर्यक्षमान्वितः । जयत्येकोऽप्यरीन्कृत्स्नान्किं पुनर्द्वौ सुसंगतौ ॥५६॥
इति गुप्तं तयोर्जानन्निश्चिकाय बहुश्रुतः । प्रत्यक्षा हि परोक्षापि कार्यसिद्धिः सुमेधसाम् ॥५७॥
ते सर्वे सचिवाः प्राज्ञाः सम्यक् तं प्रतिभागुणम् । अस्तुवन्तुष्टुवुस्तुष्टा गुणिनो हि विमत्सराः ॥५८॥
इति निर्णीतमन्त्रार्थास्तान् संमान्य यथाक्रमम् । निर्गत्य मन्त्रशालायाः स सभाभवनं ययौ ॥५९॥
किञ्चित्कालमिव स्थित्वा तत्रैकेन स पत्तिना[1] । तूर्णमाकारयामास[2] कोषाध्यक्षं कुशाग्रधीः ॥६०॥
वेगेनेत्य ततो मत्वा को निदेश इति स्थितः । राज्ञेवाभ्यर्णमाहूतः प्रणम्योपससाद सः ॥६१॥
कराभ्यां संपिधायास्यं कुब्जीभूयोत्थितात्मनः । कर्णमूलेऽवदत्किञ्चित् तस्योपांशु[3] महीपतिः ॥६२॥
भर्तुराज्ञां प्रणामेन गृहीत्वा निरगात्ततः । यथादिष्टक्रमेणैव दूतावासं ययौ च सः ॥६३॥
विलेपनं दुकूलस्रक्ताम्बूलैः संविभज्य तम् । किञ्चित्पटलिकान्तःस्थं पुरोधायैवमभ्यधात् ॥६४॥
त्रिजगद्भूषणं नाम्ना कण्ठाभरणमुत्तमम् । एतद्राज्यक्रमायातं रत्नेष्वेकं सलक्षणम् ॥६५॥
भवदागमनस्यैतद्युक्तमेवेत्यवेत्य ते । चक्रवर्त्यनुरागाच्च प्रहितं पृथिवीभुजा ॥६६॥

शुद्ध है अथवा कुटिल है ॥५५॥ प्रज्ञा, उत्साह, बल, उद्योग, धैर्य, शौर्य और क्षमा से सहित एक ही पुरुष बहुत शत्रुओं को जीत लेता है फिर हम दो भाई मिल कर क्या नहीं जीत सकेंगे ? ॥५६॥ इस प्रकार उन दोनों के गुप्त कार्य को जानते हुए बहुश्रुत मन्त्री ने निश्चय कर लिया सो ठीक ही है क्योंकि बुद्धिमान् पुरुषों को परोक्ष कार्य की सिद्धि भी प्रत्यक्ष प्रतिभासित होती है ॥५७॥ प्रतिभाशाली उन समस्त मन्त्रियों ने संतुष्ट होकर प्रतिभारूप गुण से युक्त उस बहुश्रुत मन्त्री की बहुत स्तुति की—प्रशंसा की सो ठीक ही है क्योंकि गुणी मनुष्य ईर्ष्या से रहित होते हैं ॥५८॥ इसप्रकार मन्त्रार्थ का निर्णय करने वाले उन मन्त्रियों का क्रम से सन्मान कर राजा अपराजित मन्त्र शाला से निकल कर सभा भवन की ओर गया ॥५९॥

वहां कुछ काल तक ठहर कर तीक्ष्णबुद्धि राजा अपराजित ने एक सेवक के द्वारा शीघ्र कोषाध्यक्ष को बुलवाया ॥६०॥ कोषाध्यक्ष शीघ्र ही आकर तथा नमस्कार कर क्या आज्ञा है ? यह कहता हुआ खड़ा हो गया । राजा ने उसे निकट बुलाया जिससे वह प्रणाम कर राजा के समीप पहुँच गया ॥६१॥ दोनों हाथों से मुंह बन्द कर जो झुका हुआ खड़ा था ऐसे कोषाध्यक्ष के कर्णमूल में राजा ने एकान्त में कुछ कहा ॥६२॥ स्वामी की आज्ञा को प्रणामपूर्वक स्वीकृत कर वह वहां से निकला और बताये हुए क्रम से ही दूतावास पहुंचा ॥६३॥ विलेपन, रेशमीवस्त्र, माला तथा पान के द्वारा दूत का सत्कार कर उसने पिटारे के भीतर रखी हुई किसी वस्तु को सामने रख कर इस प्रकार कहा ॥६४॥

यह त्रिजगद्भूषण नामका उत्तम हार है । राजा अपराजित की राज्य परम्परा से चला आ रहा है रत्नों में अद्वितीय है तथा लक्षणों से सहित है ॥६५॥ आपके आगमन के अनुरूप यही है, यह समझकर तथा चक्रवर्ती के अनुराग से राजा ने आपके लिये भेजा है ॥६६॥ इसे आप निःशङ्क

---

१ भटेन २ आह्वयति स्म ३ एकान्ते । ४ विलेपनदुकूलस्रक् ब०

निःसङ्गुलिवमावेयं भवता कारि मा प्रभोः । प्रीतिभङ्ग इति प्रोच्य तस्योद्धृत्य+ तदर्पयत् ।।६७।। तदाभरणमालोक्य जगत्सारं विचिन्त्य च । अवेत्य ह्य भुवोभर्तुरौदार्यं स 'लोकातिगम् ।।६८।। न तदैवाकरोत्कण्ठे धृतवान् स विभूषणम् । चित्ते तद्गुणसंतानं स्वेऽनर्घ्यमपि तत्क्षणम् ।।६९।। स तेनैव समं गत्वा कोषाध्यक्षेण भूपतिम् । मूर्ध्ना दूरानतेनार्च्योद् प्रसादातिभरादिव ।।७०।। निर्विदेशासनं तस्य स्वकरेण महीपतिः । तस्मिन् प्रसाद इत्युक्त्वा निविष्टः क्षणमब्रवीत् ।।७१।। इयतीं सत्क्रियां दूते प्रापयेत् क इव प्रभुः । अक्षोभस्त्वत्समः को वा दानशूरो नराधिपः ।।७२।। आविष्कृता त्वया प्रीतिर्दमितारौ दिशाऽनया । तत्कलत्रस्य 'वात्सल्यं पिता स्निह्यति यत्सुते ।।७३।। अपृष्टव्यमिदं सिद्धं ममागमनकारणम् । कस्मिन्नहनि मे यानमेतावदभिधीयताम् ।।७४।। इत्युक्त्वा विरते दूते ततोऽवोचद् बहुश्रुतः । वचनं सामगम्भीर्यनीतिनयविस्तरम् ।।७५।। रत्नं प्रदाय सारं 'यदाविदुस्तेरत्नसारकम् । अयुक्तकारिता केयं त्वद्विधोर्नयशालिनः ।।७६।।

ग्रहण कीजिये, प्रभु का प्रीतिभङ्ग मत करिये ऐसा कह कर वह हार निकाल कर दूतके लिये समर्पित कर दिया ।।६७।। संसार के सारभूत उस आभूषण को देखकर तथा राजा की लोकोत्तर उदारता का विचार कर दूत आश्चर्य करने लगा ।।६८।। उसने प्रसन्न होकर तत्काल उस आभूषण को ही कण्ठ में धारण नहीं किया किन्तु राजा के अमूल्य गुण समूह को भी अपने चित्त में धारण किया ।।६९।। उसने उसी समय कोषाध्यक्ष के साथ जाकर प्रसन्नता के बहुत भारी भार से ही मानों दूर से झुके हुए मस्तक से राजा की पूजा की । भावार्थ—शिर झुकाकर राजा को नमस्कार किया । ७०।।

राजा ने उसे अपने हाथ से आसन का निर्देश किया । 'यह आपका प्रसाद है' यह कर वह आसन पर बैठा और क्षणभर विश्राम कर कहने लगा ।।७१।। ऐसा कौन राजा है जो दूत को इतना सत्कार प्राप्त कराये । आपके समान क्षोभरहित तथा दानशूर राजा कौन है ? अर्थात् कोई नहीं ।।७२।। आपने इस रीति से दमितारि पर प्रीति प्रकट की है क्योंकि पिता स्त्रीके पुत्र पर जो स्नेह करता है वह स्त्री का ही प्रेम है । भावार्थ—जिस प्रकार पिता स्त्री के स्नेह के कारण उसके पुत्र पर स्नेह करता है उसीप्रकार दमितारि के स्नेह से ही आपने उसके दूत पर स्नेह प्रकट किया है ।।७३।। मेरे आने का यह कारण जो पूछने के योग्य नहीं था, बिना पूछे ही सिद्ध हो गया । अब इतना ही कहा जाय कि मेरा जाना किस दिन होगा ? ।।७४।। इतना कह कर जब दूत चुप हो गया तब बहुश्रुत नामका मन्त्री साम—शान्ति से गम्भीर तथा नीति के विस्तार से युक्त वचन कहने लगा ।।७५।।

सारभूत रत्न देकर जो सारहीन वस्तु को ग्रहण करना चाहते हैं ऐसे आपके नीतिज्ञ राजा की यह कौनसी अयुक्तकारिता है ? भावार्थ—आपके राजा तो बड़े नीतिज्ञ हैं फिर वे सारहीन गायिकाओं को लेकर अपनी श्रेष्ठ पुत्री को क्यों देना चाहते हैं ? ।।७६।। जो अदृष्ट जन पर भी ऐसी उत्कृष्ट प्रीति करते हैं यह उनकी लोकोत्तर सज्जनता ही दिखायी देती है ।।७७।। जिसप्रकार रत्नों के द्वारा समुद्र की निर्बाध रत्नवत्ता का अनुमान होता है उसीप्रकार आप जैसे गुणी मनुष्यों के

+ तदर्पयत् ब० १ लोकोत्तरम् क० निविश्य ब० २ प्रीतिः प्रियत्वं वा ३ आवातु मिच्छोः ।

अहष्टेऽपि चले प्रीतिं यो व्यक्तेतुर्वी परामू । अतिशय्यमिदं लोके सौजन्यं तस्य दृश्यते ॥७७॥
गुणैर्निसर्गसिद्धैर्यस्तस्य गुणवतामुपीयते । रत्नैः रत्नाकरस्येव रत्नवत्ता हि सम्भरा ॥७८॥
सौम्यतोभास्वताक्रूढस्वभावः[1] स्तब्धः कल्पतरुः परम् । तेजःप्रशमदानैस्ते जितस्तेनेति का कथा ॥७९॥
स परं भूतिसङ्गेन प्रसन्नो विमलोऽभवत् । पारुष्यहेतुभूयुक्तः सुवृत्तोऽभूद[2] इव स्वयम् ॥८०॥
अस्मद्भूपतिसंबन्धस्य सम्बन्धतत्कुलस्य च । यः पुरोद्भूतचाताप्यिवृद्धैः किं नावसीयते ॥८१॥
कुलद्वयेन सगृह्याभ्यनुज्ञोऽन्यापि यत्कृतम् । स्मरन्ति च तदद्यापि तत्कथासु [3]वयोऽधिकाः ॥८२॥
विच्छिन्नोऽपि स संबन्धस्त्वया भूयो विधीयताम् । प्रदायानन्तवीर्याय सुतां कामपि चक्रिणः ॥८३॥
चक्रेणासाधितं किञ्चिदेताभ्यां तच्च सेत्स्यति । त्वदुक्तुं: कृच्छ्रसंसिद्धयै किं नैतावपरौ भुजौ ॥८४॥
चिन्तनीयौ त्वयाप्येतौ प्रीतिस्तारितचेतसा । त्वदायत्तमिदं कार्यमित्युक्त्वा जोषमास्त सः ॥८५॥
ततो बहुश्रुतेनोक्तां गम्भीरार्थां स भारतीम् । निशम्य संप्रधार्यान्तः किञ्चिदित्थमवोचत ॥८६॥
मयाप्येतत्पुरा कार्यं सम्प्रधार्य* धिया स्थितम् । त्वत्सम्बन्धप्रियत्वाच्च स्वामिनो गुणशालिनः ॥८७॥

द्वारा उनकी गुणवत्ता का अनुमान होता है ॥७८॥ सूर्य तीक्ष्ण—अत्यन्त गर्म है, चन्द्रमा जड़ है—अत्यन्त ठण्डा है और कल्पवृक्ष स्तब्ध है—अहंकार से खड़ा है इसलिये राजा दमितारि ने उन्हें अपने तेज, शान्ति और दान के द्वारा जीत लिया है इसका क्या कहना है ? ॥७९॥ भूति—भस्म का संयोग यद्यपि रूक्षता का कारण है तथापि उसके द्वारा सुवृत्त—गोल दर्पण जिसप्रकार स्वयं अत्यन्त प्रसन्न—स्वच्छ और निर्मल हो जाता है उसीप्रकार भूति—सम्पत्ति का संयोग यद्यपि रूक्षता—व्यवहार सम्बन्धी कठोरता का कारण है तथापि उसके संयोग से सुवृत्त—सदाचारी राजा दमितारि स्वयं प्रसन्न—प्रसाद गुण से सहित और निर्मल हो गया है ॥८०॥ हमारे राज वंश और दमितारि के वंश का जो सम्बन्ध पहले हुआ था उसे आज भी क्या वृद्धजन नहीं जानते हैं ? ॥८१॥ परस्पर की आपत्ति के समय दोनों कुलों ने जो कार्य किया था उसे दोनों कुलों की चर्चा उठने पर वृद्ध जन आज भी स्मरण करते हैं ॥८२॥ यद्यपि वह सम्बन्ध विच्छिन्न हो गया है तो भी अनन्त वीर्य के लिये चक्रवर्ती की कोई कन्या देकर आप उसे फिर से स्थापित कर सकते हैं ॥८३॥ चक्र से जो कार्य सिद्ध नहीं हुआ है वह इन दोनों भाईयों से सिद्ध होगा। कष्ट के निराकरण के लिये ये दोनों क्या आपके स्वामी की दूसरी भुजाएं नहीं हैं ? ॥८४॥ प्रीतिसे जिसका चित्त विस्तृत हो रहा है ऐसे आपको भी इन दोनों का ध्यान रखना चाहिये। यह कार्य आपके अधीन है। इतना कह कर बहुश्रुत मंत्री चुप हो गया ॥८५॥

तदनन्तर बहुश्रुत मन्त्री के द्वारा कही हुई गम्भीर अर्थ से युक्त उस वाणी को सुनकर दूत ने हृदय में कुछ विचार किया। पश्चात् इस प्रकार कहने लगा ॥८६॥ गुणों से सुशोभित स्वामी का आपके साथ सम्बन्ध हो यह मुझे प्रिय है इसलिये मैंने भी पहले बुद्धि द्वारा निर्धार कर इस कार्य

---

१ सूर्य २ दर्पण इव ३ वृद्धजनाः * सम्प्रधार्य ब० ।

प्रयासो हि परार्थोऽयं महतामेव केवलम् । तारभूतानिकमर्ण + वा बहीभ्यते पयोनिधिः ॥८८॥
पुरुषवान् [1]असतरत्नान्यः प्रयोगमपि चक्रिणः । अर्थी [2]दंशयितव्येवा किम्बदन्ती न किं श्रुता ॥८९॥
अन्यस्मै देयं प्रयाता वः कः परो दापयिष्यति । एतस्माद् स्वगुणैरेवं नीते चक्रिणि का क्रिया ॥९०॥
अन्यार्थमागतस्यात्र [3]चित्तोरपि न युज्यते । ममास्मै तत्सुतां दातुं [4]दास्ये गत्वा तदन्तिकम् ॥९१॥
मय्यारोपितभारत्वान्मत्कृतं बहु मन्यते । अयुक्तमपि यत्किञ्चित्किं पुनर्युक्तमीदृशम् ॥९२॥
इति सम्बन्धजां वाणीं व्याहृत्योपशशाम सः । अमितोऽहमिति स्वाख्यामाख्यत्पृष्टश्च भूभुजा ॥९३॥
परकार्यं समाधाय स्वार्थसिद्धिं प्रजल्पतः । तस्य वाग्मितया संसत्प्रपेदे विस्मयं परम् ॥९४॥
तस्य संगीतकादीनि दर्शयित्वा ततः प्रभुः । स्वमावासी भवेत्युक्त्वा यथाकालं व्यसर्जयत् ॥९५॥
अथैकदा यथामन्त्रममितस्य बहुश्रुतः । मन्त्री समर्पयामास गायिके ते तथाभिधे ॥९६॥
ब्रूते स्मेति ततो वाक्यं तत्प्रक्रमनिवेदकम् । एते सदैवते सम्यग् [5]वृषस्यारहिते शुची [6] ॥९७॥

का निश्चय किया है ॥८७॥ बड़े पुरुषों का यह प्रयास केवल पर का प्रयोजन सिद्ध करने के लिये ही होता है । ठीक ही है समुद्र श्रेष्ठ मणियों को किसलिये धारण करता है ? भावार्थ—जिस प्रकार समुद्र दूसरों के उपयोग के लिये ही श्रेष्ठ रत्नों को धारण करता है उसी प्रकार चक्रवर्ती दमितारि भी कन्या आदि श्रेष्ठ रत्नों को दूसरों के उपयोग के लिये ही धारण करता है ॥८८॥ अन्य मनुष्य गुणवान् हो चाहे साधारण । यदि वह प्राणों की भी इच्छा करता है तो भी चक्रवर्ती के लिये कुटुम्बी जन के समान होता है यह किंवदन्ती क्या आपने सुनी नहीं ? ॥८९॥ ये दोनों भाई अपने गुणों के द्वारा जब चक्रवर्ती को एकत्व प्राप्त करा देते हैं तब किसके लिये देने योग्य है ? देने वाला कौन है ? और दूसरा कौन दिलावेगा इसका भेद ही कहां उठता है ? ॥९०॥ मैं अन्य कार्य के लिये यहां आया हूँ इसलिये देने के लिये इच्छुक होने पर भी मेरा इसे चक्रवर्ती की पुत्री देना योग्य नहीं जान पड़ता । हां, मैं उनके पास जाकर दूंगा ॥९१॥ मेरे ऊपर उन्होंने भार रख छोड़ा है इसलिये मेरे द्वारा किये हुए जिस किसी अयोग्य कार्य को भी वे बहुत मानते हैं फिर ऐसे योग्य कार्य का तो कहना ही क्या है ? ॥९२॥ इस प्रकार सम्बन्ध से उत्पन्न वाणी को कह कर वह शान्त हो गया । राजा अपराजित द्वारा पूछे जाने पर उसने 'मैं अमित हूँ' इसप्रकार अपना नाम बताया ॥९३॥ पर का कार्य सिद्ध कर स्वार्थसिद्धि की बात करने वाले उस दूत की वक्तृत्वकला से सभा अत्यधिक आश्चर्य को प्राप्त हुई ॥९४॥ तदनन्तर राजा अपराजित ने उसे संगीत आदि दिखला कर कहा कि आप विश्राम कीजिये; यह कह कर यथा समय विदा किया ॥९५॥

अथानन्तर एक समय बहुश्रुत मन्त्रीने मन्त्रणा के अनुसार अमित नामक दूतके लिये पूर्वकथित नामवाली दोनों गायिकाएं सौंप दीं ॥९६॥ सौंपने के बाद उस प्रकरण को सूचित करने वाले यह वचन कहे कि ये गायिकाएं अच्छी तरह देवता से सहित हैं, कामेच्छा से रहित हैं और पवित्र हैं इसलिये परम आदर पूर्वक प्रयत्न से अनुग्राह्य हैं—रखने योग्य हैं । ये निरन्तर एकान्त में रहना पसन्द करती हैं तथा अन्य राजाओं को नमस्कार नहीं करती हैं ॥९७–९८॥ राजा अपराजित ने इसी विधि

+ किमर्थो वा द० १ साधारणो जनः २ कुटुम्बी इव आचरितः, ३ वासुमिच्छोरपि ४ दास्यामि ५ मैथुनेच्छारहिते ६ पवित्रे ।

[illegible] पूर्वमनुग्रहम् प्रयत्नतः । एकान्ताविरते विर्यं पराक्रम कथितः प्रभुः ॥९८॥
[illegible] प्रतिपत्तव्यं यादिते प्रभुणामुना । ते कृतमोक्षणकर्मेव स्वीकरोतु प्रयानपि ॥९९॥
[illegible] यत्प्रतिपन्नं तत्तद्वक्तव्यं च अधिकृतः । तेनेत्युक्त्वा विसृष्टोऽसौ ययौ खेचरकृतं स्वयम् ॥१००॥

शार्दूलविक्रीडितम्

प्रोद्यद्ध्वजभासुरं विमानमात्मरचितं चक्रध्वजभ्राजितं
तत्रारोप्य स गायिके प्रमुदितो [1]व्योम्नोद्ययौ खेचरः ।
अन्तःसंभृतसूरिविस्मयवशात्तानितैर्लोचनैः
सौधोत्सङ्गगताङ्गनाजनशतैरुद्वीक्ष्यमाणः क्षणम् ॥१०१॥
उच्चैश्चञ्चरितध्वनिः श्रुतिसुखं भेरी रराम स्वयं
वृष्टिः [2]सौमनसी पपात नभसः सर्वाः प्रसेदुर्दिशः ।
एभिः प्रादुरभूत्तिगूढमपि तद्यानं निमित्तैः शुभैः
पुण्यानां भुवि मुख्यसाक्षिव तयोराकारितैः संपदा ॥१०२॥

इत्यसगकृतौ शान्तिपुराणे श्रीमदपराजितमन्त्रनिश्चयो नाम
द्वितीयः सर्गः ।

से इनका पालन किया है इसलिये आप भी इसी बतलायी हुई विधि से स्वीकृत करें ॥९९॥ और हमारे विषय में आपने जो स्वीकृत किया है वह चक्रवर्ती के आगे कहने के योग्य है, इसप्रकार कहकर बहुश्रुत मंत्रीने अमित दूत को विदा किया । दूत ने उपर्युक्त कार्य को स्वीकृत किया ॥१००॥

तदनन्तर फहराती हुई ध्वजाओं से सुशोभित आत्मरचित विमान के ऊपर पहले स्वयं चढ़कर जिसने उन गायिकाओं को उसी विमान पर चढ़ाया था ऐसा विद्याधर—अमित दूत हर्षित होता हुआ आकाश में उड़ा । उस समय महलों के मध्य में स्थित सैकड़ों स्त्रियां भीतर भरे हुए विस्मय रस के खुले नेत्रों के द्वारा उसे ऊपर की ओर देख रही थीं ॥१०१॥ जोरदार ध्वनि से युक्त भेरी उस समय कानों को सुख पहुंचाती हुई शब्द करने लगी, आकाश से फूलों की वृष्टि पड़ने लगी और समस्त दिशाएं निर्मल हो गयीं । यद्यपि वह विमान गुप्त रूप से चल रहा था तथापि इन उपर्युक्त शुभ निमित्तों से वहां प्रकट हुआ । ये शुभनिमित्त ऐसे जान पड़ते थे मानों अपराजित और अनन्त वीर्य की बहुत भारी पुण्य सम्पदा ने ही पृथिवी पर उन्हें आमन्त्रित किया हो—बुलाया हो ॥१०२॥

इसप्रकार महाकवि असग द्वारा रचित शांतिपुराण में श्रीमान् अपराजित के मन्त्र का निश्चय करने वाला दूसरा सर्ग समाप्त हुआ ।

---

[1] व्योक्त-ब० १ उत्पपात २ सुमनसां पुष्पाणामियं सौमनसी: ।

तृतीयः सर्गः

॥

अथ तेन मनोवेग*पुरःसरमपि क्षणात् । प्राप्ते परमाद्रिवायेव रंहसा रजताचलः ॥१॥
रेजे मरुन्निलाकृष्टैर्नानाकारैः पयोधरैः । तस्थान्वितो विचित्रैर्वा विमानोऽन्यैर्विमानकैः ॥२॥
स्वमोन्मीलामात्रमुन्नत्या स्वं विचिन्त्य समन्ततः । वितत्य विधु सर्वासु स्थाङ्गानि भुवि यः स्थितः ॥३॥
क्वचिन्नीलप्रभाजालैस्तमःपुञ्जैरिवाचितः[1] । अन्यत्र [2]लोहितालोकैर्विद्याधरैरिवोज्ज्वलैः ॥४॥
क्वचिच्च [3]विद्रुमाकीर्णः स्थलीभूत इवार्णवः । नागलोक इवान्यत्र नागेन्द्रशतसंकुलः ॥५॥
पादच्छायाश्रिताशेषमहासत्त्वसमुन्नतः । सदा विद्याधरान्विभ्रद्विद्याविद्योतितात्मनः ॥६॥
संचरच्चमरीवालव्यजनैर्वीजितः । महासिंहासनो भाति चक्रवर्तीव [4]योऽपरः ॥७॥
(षड्भिः कुलकम्)

तृतीय सर्ग

अथानन्तर वह क्षण भर में इतने वेग से विजयार्ध पर्वत पर पहुंच गया मानों वेग से चलने वाले मन को भी उसने पीछे कर दिया था ॥१॥ वेग की वायु से आकृष्ट नाना आकार वाले मेघों से सहित उसका विमान ऐसा सुशोभित हो रहा था मानों चित्र विचित्र अन्य विमानों से ही सहित हो ॥२॥ जो विजयार्ध पर्वत ऊंचाई के कारण अपने आपको आकाश में न समाता हुआ विचार कर ही मानों समस्त दिशाओं में सब ओर अपने अङ्गों को फैला कर पृथिवी पर स्थित था ॥३॥ कहीं तो वह पर्वत नील प्रभा के समूह से ऐसा जान पड़ता था मानों अन्धकार के समूह से ही व्याप्त हो और कहीं लाल लाल प्रकाश से ऐसा सुशोभित होता था मानों देदीप्यमान दिन के बीजों से ही युक्त हो ॥४॥ कहीं मूंगाओं से ऐसा व्याप्त था जिससे स्थलरूप परिणत समुद्र के समान जान पड़ता था। कहीं सैकड़ों नागेन्द्रों—बड़े बड़े सर्पों से युक्त था इसलिये नागलोक के समान मालूम होता था ॥५॥ अत्यन्त पर्वतों की छाया में बैठे हुए समस्त बड़ी अवगाहना के जीवों से जो ऊंचा उठ रहा था तथा विद्या से जिसकी आत्मा आलोकित थी ऐसे विद्याधरों को सदा धारण करता था ॥६॥ चारों ओर चलने वाले चमरी मृगों के सुन्दर बाल जिस पर चमर ढोर रहे थे तथा बड़े बड़े सिंह जिस पर

---

* मनोवेगं ब० । १ स्वात्मनः २ रक्तवर्णैः प्रकाशैः ३ प्रवालाचितः ४ द्वितीयः ।

गीताद्गीतान्तरं श्रोतुं किन्नराणामितस्ततः । यस्मिन्मृगगणो भ्राम्यन्दिवा नात्ति तृणांकुरान् ॥८॥
मुनयो यद्गुहावासा धर्मं शासति खेचरान् । अन्तस्तत्त्वावबोधेन विकसद्वदनाम्बुजान् ॥९॥
पद्मरागरुचां [1]चक्राद्यत्र दावाग्निशङ्कया । बिभेति वन्यितां सूद्यं तिर्यंचो हि जडाशयाः ॥१०॥
संकेतकलता[2]गेहं यत्रैत्य खचरी पुरा । [3]अनागच्छति प्रिये किञ्चिदुच्चायोद्गाय [4]ताम्यति ॥११॥
मृगेन्द्रः स्व पुरो रूपमालोक्य स्फटिकाश्मनि । क्रुद्धः [5]प्रार्थयते यत्र स्वशौर्यैकरसोऽधिकम् ॥१२॥
मेघाः [6]सानुचरा यस्मिन् विचित्राकारधारिणः । विशदा निर्जलस्थित्या राजन्ते खेचरैः समम् ॥१३॥
क्वचिन्मुक्तामयो[7] यश्च विविधौषधिसंयुतः । अनेकशतकूटोऽपि[8] ●राजतेऽविकृतस्थितिः ॥१४॥
यस्मिन्नेकवर्णत्रातैरिन्द्रायुधपरम्परा । अंशुभिः स्तायंते व्योम्नि निरभ्रेऽपि निरन्तरम् ॥१५॥
यस्मिन्मरकतच्छायाविभिन्ना स्फटिकोपलाः । अन्तःशैवलतोयानां सरसां बिभ्रतिश्रियम् ॥१६॥

आसन जमाये हुए थे ऐसा वह पर्वत दूसरे चक्रवर्ती के समान सुशोभित हो रहा था। भावार्थ— जिस-प्रकार चक्रवर्ती चमरों से वीजित तथा बड़े सिंहासन से युक्त होता है उसीप्रकार विजयार्ध पर्वत भी चमरीमृगके सुन्दर बालों से वीजित था तथा महासिंहों— बड़े बड़े सिंहों के आसन से सहित था ॥७॥ जिसमें किन्नरों के एक गीत से दूसरा गीत सुनने के लिये यहां वहां घूमता हुआ मृग समूह दिन में तृण के अंकुरों को नहीं खाता था ॥८॥ जिसकी गुहाओं में निवास करने वाले मुनिराज, अन्तस्तत्त्व— शुद्ध आत्म तत्त्व के ज्ञान से जिनके मुखकमल विकसित हो रहे थे ऐसे विद्याधरों को धर्म का उपदेश देते हैं ॥९॥ जहां पद्मराग मणियों की कान्ति के समूह से दावानल की आशङ्का से हाथियों का समूह भयभीत रहता है सो ठीक ही है क्योंकि तिर्यंच अज्ञानी होते ही हैं ॥१०॥ जहां संकेत के लता गृह में विद्याधरी पहले आकर प्रेमी के न आने पर कुछ उच्च स्वर से गा गा कर बेचैन होती है ॥११॥ जहां अपनी शूरता के रस से युक्त सिंह, आगे स्फटिकमणि में अपना रूप देख कर अधिक क्रुद्ध होता हुआ सामने जाता है ॥१२॥ जिस पर्वत की शिखरों पर विचरने वाले विचित्र आकार के धारक तथा जल के अभाव से सफेद मेघ विद्याधरों के समान सुशोभित होते हैं क्योंकि मेघों के समान विद्याधर भी सानुचर थे—अनुचरों से सहित थे, विचित्र आकार के धारक थे और निर्जलस्थिति—अज्ञान रहित स्थिति के कारण विशद—हृदय से स्वच्छ थे ॥१३॥ जो पर्वत विविध औषधियों से युक्त था इसीलिये मानों मुक्तामय—नीरोग था (पक्ष में मोतियों से तन्मय था और अनेकशत कूट—सैकड़ों कपटों से युक्त होने पर भी अविकृत स्थिति—विकार रहित स्थिति से सहित था (परिहार पक्ष में सैकड़ों शिखरों से युक्त होने पर भी उसकी स्थिति में कभी कोई विकार नहीं होता था अर्थात् प्रलय आदि के न पड़ने से उसकी स्थिति सदा एक सदृश रहती थी) ॥१४॥ जिस पर्वत पर अनेक मणियों के समूह किरणों के द्वारा मेघ रहित आकाश में भी निरन्तर इन्द्रधनुषों की परम्परा को विस्तृत करते रहते हैं ॥१५॥ जिस पर्वत पर मरकतमणियों की कान्ति से मिश्रित स्फटिकमणि, जिनके भीतर शेवाल से युक्त जल भरा हुआ है ऐसे सरोवरों की शोभा को धारण करते हैं ॥१६॥

---

१ समूहात् २ लतागृहम् ३ अनागच्छति सति ४ दुःखीभवति ५ सम्मुखं गच्छति ६ शिखरचराः अनुचरैः-सहिताश्च ७ मौक्तिकमयो नीरोगश्च ८ कूटः—कपटः शिखरश्च ●राजत्यविकृतस्थितिः ब० ।

[1]अत्रान्तरेऽत्रिसुते[2] वाक्यमस्मयवत्येति कौतुकात् । [3]रजतादिमिमं दिव्यं [4]क्षयमत्रेति गायिके ॥१७॥
यावत्[5]समुदयति प्रातरत्र स्फटिकभित्तयः । सिन्दूरिता इवाभान्ति संकान्ताभिनवांशवः ॥१८॥
इदं रम्यमिदं रम्यमिति पश्यन्वनान्तरम् । यस्मिन्नभःस्थौ युग्मं रन्तुं क्वापि न तिष्ठति ॥१९॥
एतौ वल्लवितालोकलतावलयमध्यगौ । राजतोऽन्तर्निविष्टौ वा स्वानुरागस्य दम्पती ॥२०॥
केकिनेकारवत्रासाद् [6]द्विषिद्धुं रत्नवर्जितः । अयं मार्गस्थितो भाति सरलश्चन्दनद्रुमः ॥२१॥
तमालकाननैरेव प्रतिकुर्वन् दिवाऽऽते । [7]प्रत्युद्गमतैरिव ध्वान्तै रोद्धुमंशुमतः[8] प्रभाम् ॥२२॥
सौवर्णैः कटकैरेष क्रीडाऽऽगम्यत्सुरासुरैः । क्वचित्सौमेरवीं[9] शोभां बिभ्राण इव भासते ॥२३॥
खेचरीः परितो वाति [10]धुन्वन्नलकवल्लरीः । एष तद्वदनामोदमादित्सुरिव मारुतः ॥२४॥
उत्तरीयैकदेशेन पिधाय स्तनमण्डलम् । ओष्ठभासा स्फुरत्कान्तिशोणदन्तच्छदश्रिया ॥२५॥
निर्गच्छन्ती लतागेहाच्चकास्ति [11]अस्तमूर्धजा । इयं काचिद्वृताऽऽतोद्यैः खेचरि-युवतिजनैः ॥२६॥
[युग्मम्]

एतदन्तर्वणं भाति सरः कनकपङ्कजैः । मज्जद्विद्याधरीपीनस्तनशोभनमोदकम् ॥२७॥

उस पर्वत को देख कर अमित विद्याधर ने कौतुक से इस प्रकार के वचन कहे । अहो गायिकाओं ! इस सुन्दर विजयार्ध पर्वत को देखो ॥१७॥ प्रातःकाल सूर्योदय होने पर यहां स्फटिक की दीवालों पर जब नवीन किरणें पड़ती हैं तब वे सिन्दूर से पुती हुई के समान सुशोभित होती हैं ॥१८॥ यह सुन्दर है, यह सुन्दर है इस तरह दूसरे दूसरे वन को देखता हुआ विद्याधरों का युगल जिस पर्वत पर कहीं भी क्रीड़ा के लिये ठहरता नहीं है ॥१९॥ पल्लवित अशोक लता गृह के बीच में स्थित ये दम्पती ऐसे सुशोभित हो रहे हैं मानों अपने अनुराग के भीतर ही बैठे हों ॥२०॥ मयूरों की केका-ध्वनि के भय से जिसे सर्पों ने छोड़ दिया है ऐसा यह मार्ग में स्थित सीधा चन्दन का वृक्ष सुशोभित हो रहा है ॥२१॥ जो सूर्य की प्रभा को रोकने के लिये ऊपर उठे हुए अन्धकार के समान जान पड़ते हैं ऐसे तमाल वृक्ष के वनों से यह पर्वत प्रत्येक लतागृहों में सुशोभित हो रहा है ॥२२॥ जिन पर क्रीड़ा के लिये सुर और असुर घूम रहे हैं ऐसे सुवर्णमय कटकों से यह पर्वत कहीं पर सुमेरु पर्वत की शोभा को धारण करता हुआ सा सुशोभित हो रहा है ॥२३॥ विद्याधरियों के चारों ओर उनकी केशरूप लताओं को कम्पित हुई यह वायु ऐसी बह रही है मानों उनके मुखों की सुगन्धि को ही ग्रहण करना चाहता है ॥२४॥ जो उत्तरीय वस्त्र के अञ्चल से स्तनमण्डल को आच्छादित कर रही है, ओठों की लाल लाल कान्ति से शोभायमान है, जिसके केश बिखरे हुए हैं तथा जिसका मुख पसीने की बूंदों से व्याप्त है ऐसी यह कोई स्त्री संभोग के बाद लतागृह से बाहर निकलती हुई सुशोभित हो रही है ॥२५-२६॥ जिसका जल गोता लगाने वाली विद्याधरियों के स्थूलस्तनों का क्षोभ सहन

---

१ चक्रवर्तिसुतः २ विजयार्धगिरिम् ३ क्षपयेतामिति व० ४ समुद्गच्छति सति ४ सूर्यः ६ प्रत्युद्यातं व० ५ सूर्यस्य ६ सुमेरुसम्बन्धिनीम् ७ चूर्ण कुन्तलताः ८ विपिलित केशा ।

तरुभिः [1]सूनगन्धेन [2]दानाम्भोभेन दन्तिभिः । इतस्ततः अलोभ्यन्ते भृङ्गाः पद्मवनैरपि ॥२८॥
बहुन्येद्युः जलं यत्र नद्यो वन्तिमदाविलम् । रक्ष्यमाणं तटीरत्नध्रुवस्तेन्द्रायुधैरिव ॥२९॥
नक्तं चन्द्रकराक्रान्तचन्द्रकान्तोज्झिताम्बुभिः । विध्यापयति सानुस्थान् यत्रविद्दावानलानथम् ॥३०॥
क्रमादारोहतो भानोरस्य शृङ्गपरम्पराम् । एकस्मिन्वासरे नैकोऽप्युदयः खलु लक्ष्यते ॥३१॥
इति तस्य वरां भूतिं रौप्याद्रेर्निगदंस्तयोः[3] । दमितारेः परं नाम्ना स प्राप शिवमन्दिरम्[4] ॥३२॥
अलङ्घ्यपरिखासालं चतुर्गोपुरराजितम् । जगत्त्रयमिवैकत्र पुञ्जीभूय व्यवस्थितम् ॥३३॥
यद्भाति सौधसंकीर्णशाखानगरभूतिभिः । सप्रासादैः पुरैरेत्य वीक्ष्यमाणमिवामरैः[5] ॥३४॥
यत्सौधकुड्यसंक्रान्तबालादित्यपरम्पराम् । बिभर्त्यासक्तकात्स्न्यपटलावलिविभ्रमाम् ॥३५॥
यद्भ्रंकषहर्म्याग्रपताकावलिविभ्रमैः । जेतुमाह्वयतेऽजस्रं स्वं कान्त्येवामरीं[6] पुरीम् ॥३६॥
परया सम्पदा यच्च प्रत्यहं वर्द्धमानया । अतिशेते स्वरप्युच्चैर्जनानां पुण्यशालिनाम् ॥३७॥
यस्मिन्प्रासादपर्यन्तान्भ्रमन्त्यभ्राणि सन्ततम् । तद्रत्नभित्तिसंक्रान्तस्वरूपाणीव वीक्षितुम् ॥३८॥

करने में समर्थ है ऐसा वन के बीच में स्थित यह सरोवर स्वर्ण कमलों से सुशोभित हो रहा है ॥२७॥ जहां तहां भौंरे वृक्षों द्वारा फूलों की गन्ध से, हाथियों द्वारा मदजल की सुवास से और कमलवनों द्वारा अपनी सुगन्ध से लुभाये जा रहे हैं ॥२८॥ यहां ये नदियां हाथियों के मद से मलिन तथा किनारों पर लगे रत्नोंके द्वारा ताने हुए इन्द्रधनुषोंसे मानों सुरक्षित जल को धारण कर रही हैं ॥२९॥ यह पर्वत कहीं रात्रि के समय चन्द्रमा की किरणों से व्याप्त चन्द्रकान्त मणियों के द्वारा छोड़े हुए जल से शिखरों पर स्थित दावानल को बुझा रहा है ॥३०॥ सूर्य इस पर्वत की शिखरों पर क्रम क्रम से आरूढ़ होता है अतः निश्चय से एक दिन में एक ही सूर्योदय दिखाई नहीं देता। भावार्थ—भिन्न भिन्न शिखरों पर क्रम से आरूढ होने पर ऐसा जान पड़ता है कि यहां सूर्योदय कई बार हो रहा है ॥३१॥ इस प्रकार उन गायिकाओं के लिये विजयार्ध पर्वत की उत्कृष्ट सम्पदा का वर्णन करता हुआ वह अमित विद्याधर दमितारि चक्रवर्ती के शिव मन्दिर नामक नगर को प्राप्त हुआ ॥३२॥

जिसकी परिखा और कोट अलङ्घ्य था तथा जो चार गोपुरों से सुशोभित था ऐसा वह नगर इस प्रकार जान पड़ता था मानों तीनों लोक एक ही स्थान पर इकट्ठे होकर स्थित हो गये हों ॥३३॥ महलों से संकीर्ण—अच्छी तरह व्याप्त शाखानगरों की विभूति से जो नगर ऐसा सुशोभित हो रहा है मानों महलों से युक्त देवों के नगर ही आकर उसे देख रहे हों ॥३४॥ जिसके महलों की दीवालों में प्रातःकाल के सूर्य की सन्तति प्रतिबिम्बित हो रही है ऐसा यह नगर महावर के अखण्ड पटल समूह के सन्देह को धारण कर रहा है ॥३५॥ जो नगर गगन चुम्बी महलों के अग्रभाग पर लगी हुई पताकावली के संचार से ऐसा जान पड़ता है मानों कान्ति के द्वारा अपने आपको जीतने के लिये स्वर्गपुरी को ही निरन्तर बुला रहा है। ३६॥ जो नगर प्रतिदिन बढ़ती हुई उत्कृष्ट सम्पदा से पुण्य शाली उत्तम मनुष्य के स्वर्ग को भी अतिक्रान्त करता रहता है ॥३७॥ जिस नगर में निरन्तर मेघ,

---

१ प्रसून सौरभ्येण २ मदगन्धेन ३ वायिकयोः ४ एतन्नामनगरम् ५ अमराणामिमानि आमराणि तैः पुरैः ६ अमराणामियम् आमरी तां स्वर्गपुरीमित्यर्थः ।

समृद्धं नगरं नान्यदित्येव महत्पुरम् । इतीव घोषयत्युच्चैर्यत्संगीतकनिःस्वनः ॥३९॥
यत्रोपहारपद्मानि वदनान्येव योषिताम् । भवन्ति संचरन्तीनां स्वबिम्बैर्मणिभूमिषु ॥४०॥
यत्र रात्रौ विराजन्ते स्फटिकाजिरभूमयः । चलत्पुष्पैरिवाकीर्णाः प्रतिभाया ततारकाः ॥४१॥
स दूतस्तत्पुरं वीक्ष्य विस्मिते प्रीतमानसः । जननीं जन्मभूमिं च प्राप्य को न सुखायते ॥४२॥
इत्युवाच ततो वाचं ते पुरालोकनोत्सुकैः । गायिकैः स्वेङ्गितज्ञत्वममितः ख्यापयन्निव ॥४३॥
समस्तसंपदां धाम पुरमेतद्विराजते । [1]अनूनविबुधाकीर्णमेन्द्रं पुरमिवापरम् ॥४४॥
सदैव दक्षिणश्रेण्यां स्थितमप्यमितात्मना । प्रतापेनोत्तरश्रेणीमाक्रम्यैतत्प्रवर्तते ॥४५॥
प्रासाद शिखराण्येते न मुञ्चन्ति पयोमुचः । [2]आदित्सयेव तद्वज्रविटङ्केन्द्रायुधश्रियम् ॥४६॥
प्रासादतलसंविष्टो विमानस्थेव जनीजनः । स्वालङ्कारप्रभाभग्नो [3]मध्येह्रदमिव स्थितः ॥४७॥
अधिष्ठितैर्जनैः सम्यक्पर्याप्ताशेषवस्तुभिः । अत्रापणाः प्रसार्यन्ते विनोदार्थं वणिग्जनैः ॥४८॥

महलों के अग्रभाग तक घूमते रहते हैं जिससे ऐसे जान पड़ते हैं मानों उसकी रत्नमयी दीवालों में प्रतिबिम्बित अपने स्वरूप को देखने के लिये ही घूमते रहते हों ॥३८॥ जिस नगर के संगीत का शब्द मानों उच्चस्वर से यही घोषणा करता रहता है कि बहुत बड़ा समृद्ध—संपत्तिशाली नगर यही है दूसरा नहीं ॥३९॥ जहां मणिमयभूमियों पर चलने वाली स्त्रियों के मुख ही अपने प्रतिबिम्बों से उपहार के कमल होते हैं ॥४०॥ जहां रात्रि में ताराओं के प्रतिबिम्ब से युक्त स्फटिक के आंगनों की भूमियां ऐसी सुशोभित होती हैं मानों चलते फिरते फूलों से ही व्याप्त हो रही हों ॥४१॥

प्रसन्नचित्त का धारक वह दूत उस नगर को देख कर प्रसन्न हो गया सो ठीक ही है क्योंकि जननी और जन्मभूमिको देख कर कौन सुखी नहीं होता ? ॥४२॥ तदनन्तर नगर को देखने के लिये उत्कण्ठित गायिकाओं से अमित ने इस प्रकार के वचन कहे । मानों वह यह कह रहा था कि हम अभिप्राय—हृदय की चेष्टा को जानने वाले हैं ॥४३॥ यह नगर इन्द्र के दूसरे नगर के समान सुशोभित हो रहा है क्योंकि जिसप्रकार इन्द्र का नगर समस्तसम्पदाओं का स्थान है उसीप्रकार यह नगर भी समस्त संपदाओं का स्थान है और जिसप्रकार इन्द्र का नगर अनूनविबुधाकीर्ण—बड़े बड़े देवों से व्याप्त है उसीप्रकार यह नगर भी बड़े बड़े विद्वानों से व्याप्त है ॥४४॥ यह नगर दक्षिण श्रेणी में स्थित होकर भी निरन्तर अपने अपरिमित प्रताप से उत्तर श्रेणी को आक्रान्त कर प्रवर्त रहा है ॥४५॥ उस नगर की हीरानिर्मित कपोत पालियों के इन्द्रधनुषों की शोभा को ग्रहण करने की इच्छा से ही मानों ये मेघ महलों के शिखरों को नहीं छोड़ते हैं ॥४६॥ महलों की छतों पर बैठा तथा अपने आभूषणों की प्रभा में डूबा यह स्त्रियों का समूह ऐसा सुशोभित हो रहा है मानों तालाब के बीच में ही स्थित हो ॥४७॥ निवासी जनों के द्वारा जिनकी समस्त वस्तुएं अच्छी तरह खरीद ली जाती हैं ऐसे व्यापारी मनुष्यों के द्वारा विनोद के लिये यहां दूकानें फैलायी जाती हैं—बढ़ायी जाती हैं ॥४८॥

---

१ महाविद्वद्भिर्व्याप्तं पक्षे महादेवैर्व्याप्तं २ गृहीतुमिच्छया ३ ह्रदस्य मध्ये इति मध्येह्रदम् अव्ययीभावसमासः ।

उपहारीकृतशेषशिरीष कुसुमावलिम् । व्यावदात्यानमं हंसो प्राप्य शैवलशङ्कया ॥४९॥
इदं राजकुलद्वारं नानाविधजनाश्रितम् । केनाप्येकीकृतं द्रष्टुं त्रैलोक्यमिव राजते ॥५०॥
नानापत्त्रान्वितं[1] भास्वद्रत्नाभरणभासुरम् । राजकं बाह्यभूमिस्थमेतद्दिव्यवनायते ॥५१॥
शिञ्जानरसनादामनूपुरैर्वारयोषितः । इतस्ततः प्रयान्त्येताः सस्मरज्यार वा इव ॥५२॥
एष दौवारिकै रुद्धो [2]विवक्षितजनः परम् । वदन्नपि प्रियं किञ्चिदनुशय्य निवर्तते ॥५३॥
अन्तर्मदवशादेकैकमिभमीत्य नयनद्वयम् । निराशङ्कं विशन्त्येते राजवल्लभकुञ्जराः ॥५४॥
वञ्चयन्तो जगत्सर्वमेते प्रच्छन्नदुर्नयाः । पिशाचा इव यात्यन्तर्लोभनमर्थाधिकारिणः ॥५५॥
अनुयातैः समं शिष्यैर्वदन्तः शास्त्रसंकथाम् । तृणायापि न भोगार्थान्मन्यमानाः स्वबोधतः ॥५६॥
सदा सर्वाङ्गमाश्लिष्टाः सरस्वत्यानुरागतः । एते यान्ति बुधाः स्वैरमनुत्वणपरिच्छदाः ॥५७॥
(युगलम्)
अनेकसमरोपात्तविजयैकयशोधनाः । परेभ्योऽतिमहद्भूतोऽपि रक्षन्तः शरणागतान् ॥५८॥
मातङ्गघटाटोपविपाटनपटीयसा । विक्रमेण विराजन्ते वीराः सिंहा इवापरे ॥५९॥
(युग्मम्)

उपहार में चढ़ाये हुए समस्त शिरिष पुष्पों के समूह को पाकर हंसी शेवाल की शङ्का से मुँह खोल रही है ॥४९॥ नानाप्रकार के मनुष्यों से सुशोभित यह राजकुल का द्वार ऐसा सुशोभित हो रहा है मानों देखने के लिये किसी के द्वारा इकट्ठा किया हुआ त्रैलोक्य—तीनलोकों का समूह ही हो ॥५०॥ बाह्य भूमि में स्थित यह राजाओंका समूह दिव्यवन—सुन्दर वन के समान जान पड़ता है क्योंकि जिसप्रकार दिव्यवन नाना पत्रों—रङ्गबिरङ्गे पत्तों से सहित होता है उसीप्रकार राजाओं का समूह भी नानापत्रों—हाथी घोड़ा आदि अनेक वाहनों से सहित है और दिव्यवन जिसप्रकार देदीप्यमान रत्नों के आभूषणों से सुशोभित होता है उसीप्रकार राजाओं का समूह भी उनसे सुशोभित है ॥५१॥ रुनझुन शब्द करने वाली मेखला और नूपुरों से सहित ये वाराङ्गनाएं जहां तहां ऐसी घूम रही हैं मानों कामदेव की प्रत्यञ्चा के शब्द से ही सहित हों ॥५२॥ अत्यधिक प्रियवचन बोलता हुआ भी यह प्रवेश करने का इच्छुक जन द्वारपालों के द्वारा रोक दिया गया है अतः कुछ पश्चात्ताप करके वापिस लौट रहा है ॥५३॥ ये राजा के प्रिय हाथी, अन्तर्मद के कारण नेत्र युगल को कुछ कुछ बन्द कर निःशङ्करूप से प्रवेश कर रहे हैं ॥५४॥ जो समस्त जगत् को धोखा देते हैं तथा प्रच्छन्नरूप से अन्याय करते हैं ऐसे ये अर्थाधिकारी पिशाचों के समान गुप्तरूपसे भीतर प्रवेश कर रहे हैं ॥५५॥ पीछे पीछे चलने वाले शिष्यों के साथ जो शास्त्र की चर्चा कर रहे हैं, जो आत्मज्ञान से भोगों को तृण भी नहीं समझते हैं, जो सरस्वती के द्वारा अनुरागवश सदा सर्वाङ्ग से आलिङ्गित रहते हैं तथा शिष्ट परिकर अथवा वेषभूषा से सहित हैं ऐसे ये विद्वान् स्वतन्त्रता पूर्वक चल रहे हैं ॥५६-५७॥ अनेक युद्धों में प्राप्त विजय से उत्पन्न एक यश ही जिनका धन है तथा जो बड़े बड़े शत्रुओं से भी

---

१ अनेकपर्णसहितं नानावाहनसहितञ्च २ प्रवेशेच्छुकजनः ।

परसन्मानमात्रेण स्वप्राणपणकारिणः । दीनानाथविपन्नानामापत्सु स्नेहसंकुलाः ॥६०॥
एते वीरा विशन्त्यन्तः केचिन्निर्यान्ति च प्रभोः । लब्धाः सुदुर्लभाहूत्या दत्ता च करवस्रजा ॥६१॥
(युग्मम्)
बद्धप्रश्रयशिष्यराजते पुनः स्वपदप्राप्तयया । राजन्याः ख्यातसौजन्या द्वारमूलमुपासते ॥६२॥
अनेकदेशजा जात्या[1] विनीता [2]लक्षणान्विताः । एते [3]सुतेजसो भान्ति हया राजसुतैः समम् ॥६३॥
यावन्यबन्धिसानेकमाद्यद्धस्तिसताकुला । सौरिकाभाति कक्षेयं कीर्णनिकषनाघनैः ॥६४॥
बन्दिभिः स्तूयमानाभूद् वरजोज्झीर्णसालिनः । निर्ध्मातैकतसंग्रामभूरिभारार्जितश्रियः ॥६५॥
विधृतैः सर्वतश्छत्रैः स्वयशोभिरिवामलैः । एतेऽवसरमुद्वीक्ष्य खेचरेन्द्रा बहिःस्थिताः ॥६६॥
(युग्मम्)
अनेकपशताकीर्णं दुर्गं वेत्रलताधरैः । विक्रान्तविक्रमैर्युक्तं [4]हरिभिश्चारुकेशरैः ॥६७॥
क्वचिन्मृगमदोद्दामगन्धाकृष्टालिसंकुलम् । एतद्वनमिवाभाति [5]सुविप्रवरसेवितम् ॥६८॥
(युग्मम्)

शरणागत लोगों की रक्षा करते हैं ऐसे अन्य वीर सिंहों के समान मदोन्मत्त गजघटा—हस्ति समूह के विदारण करने में समर्थ पराक्रम से सुशोभित हो रहे हैं ॥५८-५९॥ जो दूसरों से प्राप्त सन्मान मात्र के द्वारा अपने प्राणों की बाजी लगा देते हैं, जो दीन अनाथ तथा विपत्तिग्रस्त लोगों पर आपत्तियों के समय अत्यन्त स्नेह प्रदर्शित करते हैं तथा जो राजा के अत्यन्त दुर्लभ आह्वान और अपने हाथ से दी हुई माला से संतुष्ट हैं ऐसे ये कितने ही वीर भीतर प्रवेश कर रहे हैं और बाहर निकल रहे हैं ॥६०-६१॥ जो चिरकाल तक बन्धन में रखने के बाद छोड़े गये हैं तथा जिनकी सज्जनता प्रख्यात है ऐसे राजा लोग फिर से अपना पद पाने की इच्छा से राजद्वार की उपासना कर रहे हैं ॥६२॥ जो अनेक देशों में उत्पन्न हैं, कुलीन हैं, विनीत हैं, अच्छे लक्षणों से सहित हैं और उत्तम तेज से युक्त हैं ऐसे ये घोड़े राजकुमारों के समान सुशोभित हो रहे हैं ॥६३॥ पहरे पर खड़े हुए अनेक मदोन्मत्त हाथियों से भरी हुई यह कक्षा अनेक मेघों से व्याप्त आकाश के समान सुशोभित हो रही है ॥६४॥ बन्दीजन जिनके नाम की स्तुति कर रहे हैं, जो उत्कृष्ट शौर्य से सुशोभित हैं, जिन्होंने जीते हुए अनेक संग्रामों में बहुत भारी लक्ष्मी प्राप्त की है तथा जो सब ओर धारण किये हुए अपने यश के समान निर्मल छत्रों से युक्त हैं ऐसे ये विद्याधर राजा अवसर की प्रतीक्षा करते हुए बाहर खड़े हैं ॥६५-६६॥ यह राजद्वार कहीं पर वन के समान सुशोभित हो रहा है क्योंकि जिसप्रकार वन अनेक पशताकीर्ण सैकड़ों हाथियों से व्याप्त होता है उसीप्रकार राजद्वार भी पहरे पर खड़े हुए सैकड़ों हाथियों से व्याप्त है। जिसप्रकार वन वेत्रलताओं से सहित धर—पर्वतों से दुर्ग—दुर्गम्य होता है उसी प्रकार राज द्वार भी वेत्रलता—छड़ियों को धारण करने वाले द्वारपालों से दुर्गम्य है। जिसप्रकार वन

---

१ कुलीनाः २ योग्यलक्षणसहिताः ३ शोभनतेजोयुक्ताः ४ अश्वैः सिंहैश्च ५ शोभना ये विप्रवरा ब्राह्मण श्रेष्ठास्तैः सेवितं, पक्षे सुविप्रु शोभनकक्षेषु प्रवराः श्रेष्ठास्तैः सेवितम् ।

इत्याख्याय तयोर्दूते विभूतिं राजवेश्मनः । ततोऽवतारयद्भद्रोव्यो विमानं स सभाजिरे ॥६९॥
संभ्रमप्रणतावातप्रतीहारपुरस्सरः । अभितश्चक्रिणं दूरात्प्रणामं यथोचितम् ॥७०॥
आसस्वेति स्वहस्तेन राज्ञा निर्दिष्टआसनम् । प्रणामपूर्वमध्यास्त सभ्यैः पृष्टो निराकुलः ॥७१॥
तत्र स्थित्वा यथायुक्तं गायिकागमनं ततः । अभितोऽवसरप्राप्तं क्रमाद्राज्ञे न्यवेदयत् ॥७२॥
ते प्रवेश्यं वेगेन द्रक्ष्यामीति तमभ्यधात् । आसन्नवर्तिनां राज्ञा वक्त्राण्यालोक्य मन्त्रिणाम् ॥७३॥
स्वयमेवाभितो गत्वा सभिके ते यथाक्रमम् । प्रावीविशत् स [1]प्राष्टीकैः प्रोत्सार्य प्रेक्षिकां सभाम् ॥७४॥
अथ तेजस्विनां नाथं प्रतापपरिशोभितम् । [2]स्वकराक्रान्तदिक्चक्रं विवस्वन्तमिवापरम् ॥७५॥
रत्नाभरणतेजोभिः स्फुरद्भिः परितः सभाम् । सृजन्तमिव दिग्दाहमनुत्पातविभूतये ॥७६॥
आमोदिमालतीसूनस्रग्व्याजेनैव मूर्धनि । त्रिजगद्भ्रमणश्रान्तां स्वकीर्तिं वहतं मुदा ॥७७॥

विक्रान्त विक्रम प्रचण्ड पराक्रम तथा सुन्दर केशर—गर्दन के बालों से युक्त हरि—सिंहों से सहित होता है उसीप्रकार राज द्वार भी विक्रान्त विक्रम—सुन्दर चालों से चलने वाले तथा गर्दन के सुन्दर बालों से युक्त हरि—घोड़ों से सहित है। जिसप्रकार वन कस्तूरी की उत्कट—बहुत भारी गन्ध से आकृष्ट भ्रमरों से युक्त होता है उसीप्रकार राज द्वार भी युक्त है और जिसप्रकार वन सुविप्रवरसेवित—अच्छे अच्छे श्रेष्ठ पक्षियों से सेवित होता है उसीप्रकार राज द्वार भी सुविप्रवरसेवित—उत्तम श्रेष्ठ ब्राह्मणों से सेवित है ॥६७-६८॥ इसप्रकार उन गायिकाओं से राज भवन की विभूति का वर्णन कर दूत ने विमान को आकाश से सभाङ्गण में उतारा ॥६९॥

तदनन्तर संभ्रम पूर्वक नम्रीभूत होकर आया हुआ द्वारपाल जिसके आगे आगे चल रहा था ऐसे अमित ने चक्रवर्ती को दूर से ही यथा योग्य प्रणाम किया ॥७०॥ 'यहां बैठो' इसप्रकार राजा के द्वारा अपने हाथ से बताये हुए आसन पर प्रणाम पूर्वक निराकुलता से बैठा। सभासदों ने उससे कुशल समाचार पूछा ॥७१॥ तदनन्तर वहां बैठकर अमित ने जैसा कुछ हुआ तदनुसार अवसर आने पर क्रम से राजा के लिये गायिकाओं के आगमन की सूचना की ॥७२॥ राजा ने निकटवर्ती मन्त्रियों के मुख देख कर अमित से कहा कि उन्हें शीघ्र ही प्रविष्ट कराओ, देखूंगा ॥७३॥ अमित ने स्वयमेव जाकर तथा प्रतीहारों के द्वारा दर्शक सभा को दूर कर यथाक्रम से उन गायिकाओं को प्रविष्ट कराया ॥७४॥

तदनन्तर जो तेजस्वियों का स्वामी था, प्रताप से सुशोभित था, अपने राजस्व (टैक्स) से (पक्ष में किरणों से) जिसने दिशाओं के समूह को व्याप्त कर लिया था, और इस कारण जो दूसरे सूर्य के समान जान पड़ता था ॥७५॥ जो सभा के चारों ओर फैलने वाले रत्नमय आभूषणों के तेज से ऐसा जान पड़ता था मानो उत्पात रहित विभूति के लिये दिग्दाह को रच रहा था ॥७६॥ जो सुगन्धित मालती के फूलों की माला के बहाने तीनों जगत् में भ्रमण करने से थकी हुई अपनी कीर्ति को हर्ष पूर्वक सिर पर धारण कर रहा था ॥७७॥ जो कर्णाभरण सम्बन्धी मोतियों की किरणों से

---

[1] निराकुलम् ब० १ यष्टिधारिभिः प्रतीहारैः २ स्वकरैश्चिः राजग्राह्यकरैः पक्षे किरणैः।

कर्णविस्तरसुवृत्तसुकृष्टिताननशोभया । क्षयवृद्धियुतं चन्द्रं हसन्तमिव सन्ततम् ॥७८॥
सुधीरस्निग्धदुग्धाभदृष्टिपातैः समन्ततः । प्रसन्नतां स्वस्य कथयन्तमनेकशः ॥७९॥
केयूरपद्मरागांशुबन्धुरौ बिभ्रतं भुजौ । सदा निर्यत्प्रतापाग्निज्वालापल्लवितविव ॥८०॥
विस्मयादवक्षआलिङ्ग्य मुखकान्ति विवक्षुवा । हारव्याजमुपादाय सेव्यमानमिवेन्दुना ॥८१॥
मेरुशृङ्गविशालेन श्रीनिवासेन वक्षसा । अत्यपूर्वं [1]वहारं वा [2]प्रथिमानं स्वचेतसः ॥८२॥
नानाविधायुधाभ्यासश्रमक्लान्तोदरं [3] । अमर्घ्यरसनादामकलितार्धवरवाससम् ॥८३॥
सुवृत्तनिविडानूनश्लिष्टोरुयुगविभ्रमम् । ऐरावतकराकारं परिभूय व्यवस्थितम् ॥८४॥
सुश्लिष्टसन्धिबन्धेन मन्त्रेणेवान्वितात्मना । जानुद्वयेन गूढेन राजमानं समन्ततः ॥८५॥
सुवृत्तं [2]लक्षणोपेतं जङ्घाद्वयमनुत्तरम् । हृत्तानं सज्जनोद्धारि सुकाव्यमिव हृद्यं परम् ॥८६॥
किञ्चित्सिंहासनाच्छस्तवामाङ्घ्रेः [4] रोचिषां चयैः । रक्तायमानमिवाताम्रैः स्फाटिकं पादपीठकम् ॥८७॥
मत्स्यचक्राम्बुजोपेतमुत्तानीकृत्य दक्षिणम् । सरोवरमिवापूर्वं चरणं लीलया स्थितम् ॥८८॥

व्याप्त मुख की शोभा से ऐसा जान पड़ता था मानो क्षय और वृद्धि से युक्त चन्द्रमा की सदा हँसी ही कर रहा हो ॥७८॥ जो सुधीर, स्निग्ध तथा दूध के समान आभावाले दृष्टि पातों से सब ओर चुपचाप अपने अन्तःकरण की प्रसन्नता को कह रहा था ॥७९॥ जो बाजूबन्द में लगे हुए पद्मरागमणि की किरणों से व्याप्त उन भुजाओं को धारण कर रहा था जो सदा निकलती हुई प्रताप रूप अग्नि की ज्वालाओं से ही मानों पल्लवित - लाल लाल पत्तों से युक्त हो रही थी ॥८०॥ जो हार के बहाने ऐसा जान पड़ता था मानों विस्मय से कण्ठ का आलिङ्गनकर मुख की कान्ति को देखने के इच्छुक चन्द्रमा के द्वारा सेवित हो रहा हो ॥८१॥ मेरु पर्वत के शिखर के समान विशाल तथा लक्ष्मी के निवासभूत वक्षःस्थल से जो ऐसा जान पड़ता था मानों अपने चित्त की बहुत भारी पृथुता को ही कह रहा हो ॥८२॥ नानाप्रकार के शस्त्रों के अभ्यास सम्बन्धी श्रम से जिसका पेट कृश था तथा जिसका आधोवस्त्र अमूल्य मेखला करधनी से सहित था ॥८३॥ गोल, सान्द्र, विशाल, और परिपुष्ट दोनों जांघों की शोभा से जो ऐरावत हाथी की सूंड की आकृति को तिरस्कृत कर स्थित था ॥८४॥ जो सब ओर से घुटनों के उस गूढ़ युगल से शोभायमान हो रहा था जिसका कि सन्धिबन्ध अच्छी तरह श्लेष्ट था जो मन्त्र के समान सुशोभित तथा गुप्त था ॥८५॥ जो सुवृत्त—गोल (पक्ष में अच्छे छन्दों से सहित), सामुद्रिक शास्त्र में प्रदर्शित उत्तम लक्षणों से युक्त (पक्ष में लक्षणावृत्ति से सहित), उत्कृष्ट, सत्पुरुषों के मन को हरण करने वाले उत्तम काव्य के समान किसी सर्वश्रेष्ठ जङ्घा युगल को धारण कर रहा था ॥८६॥ जो सिंहासन से कुछ बाहर की ओर लटके हुए वाम चरण की लाल लाल किरणों के समूह द्वारा स्फटिकमणिनिर्मित पादपीठ—पैर रखने की चौकी को मानों लाल लाल कर रहा था ॥८७॥ जो सरोवर के समान मत्स्य, चक्र और शङ्ख अथवा कमल से सहित (पक्ष में

---

१ विस्तारम् विशालतामित्यर्थः २ शोभनवर्तुलाकारम् पक्षे सुन्दरछन्दो युक्तं ३ सामुद्रिकशास्त्रविहित-लक्षणैश्चिह्नैः सहितं पक्षे लक्षणावृत्ति सहितं ४ वामाङ्घ्रेः ब०।

सर्वतो वारनारीभिर्धूयमानैः प्रकीर्णकैः । सेव्यमानं शरज्ज्योत्स्नाकरलीलैर्वा करैरपि वा ॥८९॥
प्रस्तावसदृशं किञ्चित्परिहासेन जल्पितम् । आकर्ण्य वन्दिनो वाक्यं स्मयमानं समुन्मुखम् ॥९०॥
यथोचितंकृतकृत्येभ्यो भृत्येभ्यः पारितोषिकम् । दापयेति समासन्नमादिशन्तं च [1]मौलिकम् ॥९१॥
क्रमशस्तत्सभावेदीमास्थितम् खेचरेश्वरान् । कटाक्षैरनुगृह्णन्तमन्तःशुद्धैरितस्ततः ॥९२॥
आभिरन्याभिरप्येवं रम्यलीलाभिरन्वितम् । दमितारिं सभामध्ये ददृशुस्ते स्म गायिके ॥९३॥
इतो वीक्षस्व देवेति प्राग् निर्दिश्य निवेदिते । अमितेन ततोऽपश्यद्राजा विस्मितमानसे ॥९४॥
ततस्तद्वीक्षणोद्भूतविस्मयाकुलचेतसा । राजा प्रकृतिधीरोऽपि प्रपेदे चिन्तितं तत्क्षणम् ॥९५॥
सम्यगाकृताकारे सत्यमेते सदेवते । केनापि हेतुनाभूतामेवं किं नागकन्यके ॥९६॥
इति सत्सभया सार्धं राजा [2]निध्याय ते[3] चिरम् । प्रकारयत्तयोः क्षिप्रं सपर्यामासनादिकम् ॥९७॥
ते संभाष्य स्वयं राजा तमित्थमितमादिशत् । अर्प्यन्तेऽमी यथायोग्यं कन्यायाः [4]कनकश्रियः ॥९८॥

॥ शार्दूलविक्रीडितम् ॥

इत्यादेशमवाप्य भर्तुरुचितां पूजां च तुष्टोऽमितः
भूत्वा पूर्वसरस्तयोः समुचितं गत्वा कुमारीपुरम् ।

सामुद्रिक शास्त्र में वर्णित मत्स्यादि के चिह्नों से सहित) अपूर्व दाहिने पैर को ऊपर कर लीला पूर्वक बैठा हुआ था ॥८८॥ जो सब ओर वाराङ्गनाओं के द्वारा चलाये हुए चमरों से सेवित हो रहा था और उससे ऐसा जान पड़ता था मानों दिन में भी शरद ऋतु की चांदनी की तरङ्गों से सेवित हो रहा हो ॥८९॥ जो प्रस्ताव—अवसर के अनुरूप हँसी में कहे हुए वन्दी के किसी वचन को सुनकर उसकी ओर मुसक्या रहा था ॥९०॥ कहे अनुसार कृतकृत्य सेवकों के लिये पारितोषिक दिलाओ - ..... इसप्रकार जो निकटवर्ती मन्त्री आदि प्रमुख वर्ग को आदेश दे रहा था ॥९१॥ जो क्रमसे सभा की वेदी पर बैठे हुए विद्याधर राजाओं को अन्तरङ्ग से शुद्ध कटाक्षों के द्वारा यहां वहां अनुगृहीत कर रहा था ॥९२॥ जो इन तथा इसप्रकार की अन्य लीलाओं से सहित था ऐसा राजा दमितारि को उन गायिकाओं ने सभा के बीच देखा ॥९३॥

तदनन्तर हे देव ! इधर देखिये, इसप्रकार पहले कह कर अमित ने जिनकी सूचना दी थी ऐसी गायिकाओं को राजा ने आश्चर्य पूर्वक देखा ॥९४॥ राजा दमितारि यद्यपि स्वभाव से धीर था तो भी उन गायिकाओं को देखने से उत्पन्न आश्चर्य से आकुलित चित्त के द्वारा तत्क्षण इसप्रकार का विचार करने लगा ॥९५॥ समीचीन तथा विशिष्ट आकार को धारण करने वाली ये गायिकाएं सचमुच ही देवाधिष्ठित हैं । किसी कारण क्या नाग कन्याएं इस रूप हुई हैं ॥९६॥ इसप्रकार श्रेष्ठ सभा के साथ चिरकाल तक उन गायिकाओं को देख कर राजा ने शीघ्र ही आसन आदि के द्वारा उनका सत्कार कराया ॥९७॥ राजा ने स्वयं उनसे सभाषण कर अमित को आदेश दिया कि इन्हें यथायोग्य रीति कनक श्री कन्या के लिये सौंप दो । ९८॥

---

१ अमात्यादिमूलवर्गम् २ समवलोक्य ३ गायिके ४ एतन्नामकन्यायाः ।

[illegible] सुखमत्र संततमिति व्याहृत्य च स्नेहतः
ते तस्यै कनकश्रियै निज इव प्रत्यक्षमूर्त्यै सदौ ॥९९॥
तद्दीक्षालक्षिकादि सा [1]बहुमतिः सद्यो विसृज्यागतं
सूनाभ्यं प्रतिपद्य सत्कृतिमसौ प्रत्यक्ष ते गायिके।
रेजे राजसुता निसर्गविनयालंकारितां बिभ्रती
शोभारूपसपत्नभूतं विनुते कथं हि सप्रक्रमम् ॥१००॥

इत्यसगकृतौ श्रीशान्तिपुराणे दमितारिसंदर्शनो नाम

* तृतीयः सर्गः *

इसप्रकार राजा की आज्ञा तथा उचित सन्मान प्राप्त कर जो संतुष्ट था ऐसे अमित ने उन गायिकाओं के अधीश्वर होकर तथा समुचित रीति से कन्या कनक श्री के अन्तःपुर जाकर उन गायिकाओं से स्नेह पूर्वक कहा कि यहां आप लोग सदा सुख से रहिये। इसप्रकार कह कर प्रत्यक्ष शरीर को धारण करने वाली लक्ष्मी के समान कन्या के लिये वे दोनों गायिकाएं सौंप दी ॥९९॥ उन गायिकाओं को देखकर तीक्ष्णबुद्धि वाली कनक श्री ने अमित को शीघ्र ही विदा किया, गायिकाओं से संभाषण किया, और उन्हें अपने अनुरूप सत्कार प्राप्त कराया। इसप्रकार स्वाभाविक विनय से अलंकृत शोभारूप संपदा को धारण करती हुई राजपुत्री सुशोभित हो रही थी सो ठीक ही है क्योंकि विनय सहित रूप तीनों लोकों में अद्भुत होता है ॥१००॥

इसप्रकार असग कवि विरचित श्री शान्तिपुराण में दमितारि के दर्शन का वर्णन करने वाला तीसरा सर्ग समाप्त हुआ ॥३॥



---

१ तीक्ष्णबुद्धिः ।

चतुर्थः सर्गः

卐

अथान्यदा [1]महास्थानीमध्यस्थं चक्रवर्तिनम्। [2]स्थापत्यः समयः कश्चिदित्यानम्य व्यजिज्ञपत् ॥१॥
देव दत्तावधानेन निशम्यैतत्क्षमस्व मे। यत्कन्यान्तःपुरे वृत्तं तद्वित्थमभिधीयते ॥२॥
गायिकाव्याजमास्थाय त्वामत्रेत्यापराजितः। [3]उत्सुकीय भवत्पुत्रीं [4]भ्रातृसाद्कृतोद्यतः ॥३॥
विमाने तामथारोप्य भ्रातरं चापराजितम्। अनेनैवात्रातरर्द्धं च स [5]महाचापराजितः ॥४॥
स किञ्चिदन्तरं गत्वा [6]वीक्ष्यास्माननुधावतः। प्रतिपाल्य विहस्यैवमवादीद् भयवर्जितः ॥५॥
अवद्भिः किं वृथायातैरशक्तैर्युद्धकर्मणि। अनायुधान्वयोवृद्धान्किं हन्यादपराजितः ॥६॥
यात यूयं निवृत्यास्मात्प्रदेशात्प्रणतोऽस्म्यहम्। ब्रूत मद्वचनेनेसमुदन्तं [7]चक्रवर्तिनः ॥७॥
इयमायोधनायैव मद्भ्रात्रा कन्यका हृता। अनिमित्तं सतां युद्धं तिरश्चामिव किं भवेत् ॥८॥

चतुर्थ सर्ग

अथानन्तर अन्य समय भय सहित किसी कञ्चुकी ने महासभा के मध्य में स्थित चक्रवर्ती इभितारि को नमस्कार कर इसप्रकार निवेदन किया ॥१॥ हे देव ! सावधानी से इसे सुन मुझे क्षमा कीजिये। कन्या के अन्तःपुर में जो कुछ हुआ है वह इसप्रकार कहा जाता है ॥२॥ गायिका का बहाना रख उद्दण्ड अपराजित ने यहां आपके पास आकर तथा आपकी पुत्री को उत्कण्ठित कर भाई के अधीन कर दिया है ॥३॥ महाधनुष से सुशोभित वह आज ही प्रातः आपकी पुत्री और भाई अपराजित को विमान में चढ़ा कर ले गया है ॥४॥ वह कुछ दूर जाकर तथा पीछे दौड़ते हुए हम लोगों को देख कर रुका और हँस कर निर्भय होता हुआ इसप्रकार कहने लगा ॥५॥ व्यर्थ आये हुए तथा युद्ध कार्य में असमर्थ आप लोगों से क्या प्रयोजन है ? क्या अपराजित शस्त्र रहित वृद्धजनों को मारेगा ? ॥६॥ तुम लोग इस स्थान से लौट कर जाओ। मैं नम्र हूँ, मेरे वचन से यह समाचार चक्रवर्ती से कहो ॥७॥ युद्ध करने के लिये ही मेरे भाई द्वारा यह कन्या हरी गयी है। तिर्यञ्चों के

---

१ महासभामध्यस्थम् २ कञ्चुकी ३ उत्सुकां कृत्वा ४ भ्रातृत्वीनाम् ५ च+अपराजितम् इति सन्धिः ६ महाकोदण्डशोभितः ७ पश्चात् धावतः ८ कन्याहरणवृत्तान्तम्।

अतो न पदमप्येकं गास्यामि पर्वतो [1]गतात् । अस्मादिति प्रतिज्ञाय स्थितो युद्धाभिलाषुकः ॥९॥ इतीतोऽनुच्चसत्किञ्चिदन्तःस्खलितया गिरा । अव्यक्तमिव तद्वार्तां व्याहृत्योपशशाम सः ॥१०॥ ततः प्रभो रणोद्योगं [2]निकारमपि संकुलम् । [3]सौमित्रेरनुजाताभा श्रुत्वान्तःकुपितोऽभवत् ॥११॥ कोपमाक्रम्य धैर्येण [4]प्रस्तावज्ञमपि प्रभुः । इत्युवाच ततः सभ्यान्पश्यन्वीरान्समन्ततः ॥१२॥ नाकूतीकरोति यः कश्चित्प्राकृतोऽपि [5]पराभवम् । ईदृशस्य सभं मूल यत्कर्तव्यं तत्र वः ॥१३॥ एक एवाहं हि गत्वा हनिष्यामि तमुच्चयम् । कुतश्चिद्वीक्षणं सर्वेषां मया मूल यदि श्रुतम् ॥१४॥ अवज्ञाविधितानेकानेकदे[6] यूथनायके । सिंहते हरिणाक्रम्य पोतः[7] कमनुयास्यति ॥१५॥ तं वारणधिकेनापि दूरादेकेन केनचित् । वारधिव्याप्तुत स्तब्धं सानुजं सचिवं यथा ॥ ६॥ दमितारिरिति क्रोधादुदीर्य विरते गिरम् । प्रचचाल [8]तदास्थानी वेलेव प्रलयोदधेः ॥१७॥ ततः कश्चित्कषायाक्षः क्रुद्धो दष्टाधरस्तदा । आहतोच्चैः स्वमेवांसं बाहुं दक्षिणपाणिना ॥१८॥

समान सत्पुरुषों का युद्ध क्या अकारण ही होता है ? ॥८॥ इस पर्वत से आगे मैं एक पद भी नहीं जाऊंगा ऐसी प्रतिज्ञा कर युद्ध की इच्छा करता हुआ खड़ा है ॥९॥ इसप्रकार भय से भीतर कुछ कुछ स्खलित होने वाली वाणी के द्वारा अस्पष्ट रूप से उसका समाचार कह कर वह वृद्ध कञ्चुकी शान्त हो गया ॥१०॥

तदनन्तर राजा दमितारि कञ्चुकी के मुख से शत्रु के रण सम्बन्धी उद्योग और उसके द्वारा किये हुए पराभव को सुन कर हृदय में कुपित हुआ ॥११॥ तत्पश्चात् इस अवसर से यद्यपि क्रोध उत्पन्न हुआ था तथापि उसे धैर्य से दबा कर वीर सभासदों को चारों ओर देखते हुए दमितारि ने इसप्रकार कहा ॥१२॥

जो कोई साधारण मनुष्य है वह भी ऐसे व्यक्ति के पराभव को स्वीकृत नहीं करता है इसलिए इस संदर्भ में हम लोगों का जो कर्त्तव्य है उसे आप एक साथ कहिये ॥१३॥ अथवा कहने से क्या ? मैं अकेला ही जाकर उस अभिमानी को मार डालूंगा । किसी से यदि ऐसा वाक्य मैंने सुना हो तो कहो ॥१४॥ अनादर पूर्वक अनेक हाथियों को जीतने वाला झुण्ड का नायक गजराज जब सिंह द्वारा आक्रमण कर मार डाला जाता है तब बालक हाथी किसके पीछे जायगा ? ॥१५॥ अथवा किसी शिकारी के द्वारा भी दूर से भाई सहित उस अहंकारी को उसप्रकार विदीर्ण करा दूंगा जिसप्रकार कि खदिर वृक्ष को विदीर्ण कर दिया जाता है ॥१६॥ क्रोध से इस प्रकार के शब्द कह कर जब दमितारि चुप हो गया तब सभा प्रलय कालीन समुद्र की वेला के समान क्षुभित हो उठी ॥१७॥

तदनन्तर जिसके नेत्र लाल लाल हो रहे थे, जो अत्यन्त कुपित था और ओंठ को डस रहा था ऐसा कोई वीर दाहिने हाथ से अपने ही बाएं कन्धे को जोर जोर से ताडित करने लगा ॥१८॥ एक

---

१ विद्याधराद्रिशिरः २ पराभवम् ३ कञ्चुकीवदनात् ४ अवसरोत्पन्नमपि ५ साकारमपि जनः ६ अवज्ञया विधिता अनेके बहवोऽनेकपा हस्तिनो येन तस्मिन् ७ शिशुः बालक इत्यर्थः ८ सभा ।

प्रत्यग्रनिहतारातिशोणितवरिणतां स्वाम् । एको वीक्ष्य रुषा वक्त्रं स्वामिनो मुहुरैक्षत ॥१६॥
अन्यः प्रोद्दीप्तसंक्रोधतप्तिकारांधुधूमलीकृतः । अन्तःप्रदीप्तकोपाग्नेर्धूमयुक्त इवाभवत् ॥२०॥
एकस्य हारमध्यस्थपद्मरागांशुरञ्जिते । न व्यज्यते स्म बालोऽपि कोपरागो [1]मुखान्तरे ॥२१॥
अन्यः संक्रीतशोकपल्लवच्छद्मना करैः । उपकर्णं रुषा किञ्चिद्वक्तमेवोद्यत इवाभवत् ॥२२॥
स्विन्नललाटिकः[2] सरागाक्षः स्फुरच्छोष्ठपल्लवः । कश्चिद्भ्रुवं क्षिपन्कोपं रसाभिनयमिवाश्रितः ॥२३॥
स्वालंकारप्रभाजालैर्दुर्निरीक्षोऽन्तिकस्थितान् । ज्वालयन् कश्चित्कोपाग्निरिव धावति ॥२४॥
इत्युद्यतासिभिः क्रुद्धैः खेचरैः सा सभा चिता । ज्वलद्ग्रहगणाकीर्णा द्यौरिवाभूद्भयंकरा ॥२५॥
ततः सिंहासनाभ्यर्णपीठवर्ती महामनाः । उन्नम्योरःस्थलं सूरिरिपुशस्त्रव्रणाङ्कितम् ॥२६॥
उत्थातव्यमिति[3] तान्स्वर्गिप्रभो बाहुजिह्मतासनात् । व्याहरत्याभिमुख्यं स्वं रिपवादोग्महाबलः ॥२७॥
[4]उद्दीप्तसंकरवालांशुसारितास्मत्यले भुजे । दक्षिणे सति भृत्यानां किं वृथा दूयसे रुषा ॥२८॥

वीर अभी हाल मारे हुए शत्रु के रुधिर से लाल गदा को देख क्रोध वश स्वामी का मुख बार बार देख रहा था ॥१६॥ ऊपर उभारी हुई निर्मल तलवार की विस्तृत किरणों से जो श्यामवर्ण हो रहा था ऐसा अन्य वीर भीतर जलने वाली क्रोध रूपी अग्नि के धूम से ही मानों मटमैला हो गया था ॥२०॥ किसी एक वीर का वक्षःस्थल हार के मध्य में स्थित पद्मराग मणि की किरणों से लाल हो रहा था। इसलिये क्रोध की लालिमा उत्पन्न होने पर भी प्रकट नहीं हो रही थी ॥२१॥ कोई एक वीर ऐसा हँस रहा था मानों कर्णाभरण के रूप में धारण किये हुए अशोकपल्लवों के छल से रक्त लाल वर्ण (वक्ष में अनुराग से युक्त) क्रोध रूपी स्त्री ने ही कानों के पास आकर उससे कुछ कहा हो ॥२२॥ किसी का ललाट पसीना से युक्त था, नेत्र लाल थे और ओठ रूपी पल्लव हिल रहा था ऐसा कोई वीर हाथ फटकारता हुआ ऐसा सुशोभित हो रहा था मानों क्रोध का अभिनय ही कर रहा हो ॥२३॥ अपने आभूषणों की प्रभा के समूह से जो कठिनाई पूर्वक देखा जाता था तथा जो भयंकर क्रोधाग्नि के समान जान पड़ता था ऐसा कोई वीर समीप में स्थित वीरों को चलाता हुआ चल रहा था ॥२४॥ इसप्रकार तलवार को ऊपर उठाये हुए क्रुद्ध विद्याधरों से व्याप्त वह सभा देदीप्यमान ग्रहों के समूह से व्याप्त आकाश के समान भयंकर हो गयी थी ॥२५॥

तदनन्तर जो सिंहासन के निकटवर्ती आसन पर बैठा था ऐसे महामनस्वी महाबली ने शत्रुओं के बहुत भारी शस्त्राघातों से चिह्नित वक्षःस्थल को ऊंचा उठा कर क्रोध से आसन छोड़ने वाले सब लोगों से कहा कि आप बैठिये। पश्चात् राजा दमितारि के सन्मुख मुड़ कर उसने इसप्रकार कहा ॥२६-२७॥ जब भृत्यों की दाहिनी भुजा उभारी हुई तलवार की किरणों से कन्धे को व्याप्त कर रही है तब आप व्यर्थ ही क्रोध से क्यों झूम रहे हैं? भावार्थ—हम सब भृत्यों के रहते हुए आपको कुपित होने की आवश्यकता नहीं है ॥२८॥ जगत में छाया हुआ जो क्षत्रिय का तेज अन्य लोगों की

---

१ मुखे २ स्वेदयुक्तललाटः ३ उपविष्टा भवत ४ उद्गीर्णस्य-उन्नमितस्य करवालस्य कृपाणस्यांशुभिः किरणैः दारितं व्याप्तं संस्पर्शं बाहुशिरःस्थलं यस्य तस्मिन् ।

क्षात्रं तेजो ह्यविषह्यापि परसंरक्षणक्षमम् । पराभवेन संबन्धस्तस्य स्वप्नेऽपि किं भवेत् ॥२९॥ दमितारेः सुतां हृत्वा तवेत्याह्वयते नरः । यच्छन् प्रतिनिवृत्यैको युद्धायेत्यश्रुतं श्रुतम् ॥३०॥ एतत्परोपरोधेन क्षमस्व यदि ते क्षमा । निर्वासिच्या निष्करार्ताः क्षमितुं न क्षमा वयम् ॥३१॥ इति संरम्भिणस्तस्य वाणीमाकर्ण्य चक्रिणम् । उत्तिष्ठासुं निषिध्यैवं मन्त्री सुमतिरब्रवीत् ॥३२॥ अस्मिन्नवसरे युक्तं परं शस्त्रोपजीविभिः । प्राणपण्यैरिदं वक्तुं स्वामिसंमाननोचितम् ॥३३॥ तथापि नय एवात्र चिन्तनीयो मनीषिभिः । कः सचेता ग्रहस्येव कोपस्यात्मानमर्पयेत् ॥३४॥ पादपीठीकृतासेषविद्येश्वरेन्द्रशिखामणिः । नृकीटाच्यामिति क्रुध्यन् कोलीनान्न बिभेति किम् ॥३५॥ स्वहस्तनिहतानेकदन्तिदानार्द्रकेसरः । शृगालपोतकं सिंहः कुपितोऽपि हिनस्ति किम् ॥३६॥ प्रभोः क्षान्तिः स्त्रियो लज्जा शौर्यं शस्त्रोपजीविनः । विभूषणमिति प्राहुर्वैराग्यं च तपस्विनः ॥३७॥ क्षमावान्न तथा भूम्या यथा क्षान्त्या महीपतिः । क्षमा हि तपसो मूलं सम्पदां जननी च सा ॥३८॥

रक्षा करने में समर्थ है उसका क्या स्वप्न में भी पराभव से सम्बन्ध हो सकता है ? ॥२९॥ दमितारि की पुत्री को हर कर जाता हुआ एक मनुष्य लौट कर युद्ध के लिये उसी को बुलाता है ……यह अश्रुत पूर्व बात सुनी है ॥३०॥ यदि आपकी क्षमा है तो दूसरों के उपरोध से आप भले ही क्षमा कर दें परन्तु सरलता से रहित और पराभव से दुखी हम लोग क्षमा करने के लिये समर्थ नहीं हैं ॥३१॥ इस प्रकार क्रुद्ध महा बल की वाणी सुनकर उठने के इच्छुक चक्रवर्ती को रोकता हुआ सुमति मन्त्री ऐसा कहने लगा ॥३२॥

इस अवसर पर प्राणों की बाजी लगाने वाले शस्त्र जीवी पुरुषों को यद्यपि स्वामी के सन्मान के अनुरूप यही कहना उचित है ॥३३॥ तथापि बुद्धिमान् मनुष्यों को यहां नय का विचार करना चाहिये क्योंकि कौन विचारवान् मनुष्य अपने आपको ग्रह के समान क्रोध के लिये समर्पित करता है ? अर्थात् कोई नहीं । भावार्थ—जिसप्रकार कोई अपने आपको पिशाच के लिये नहीं सौंपता है उसीप्रकार विचारवान् जीव अपने आपको क्रोध के लिये नहीं सौंपता है ॥३४॥ जिसने समस्त विद्याधर राजाओं के शिखामणि को अपना पाद पीठ बनाया है ऐसा चक्रवर्ती नरकीटों—भूमिगोचरी (क्षुद्र-मनुष्यों) से क्रोध करता है, इस निन्दा से क्यों नहीं डरता ? ॥३५॥ अपने हाथ से मारे हुए अनेक हाथियों के मद जल से जिसकी अयाल (ग्रीवा के बाल) गीली हो रही है ऐसा सिंह कुपित होने पर भी क्या शृगाल के बच्चे को मारता है ? ॥३६॥ प्रभु का आभूषण क्षमा है, स्त्री का आभूषण लज्जा है, शस्त्रोपजीवी—सैनिक का आभूषण शूर वीरता है, और तपस्वी का आभूषण वैराग्य है ऐसा ज्ञानी जन कहते हैं ॥३७॥ राजा भूमि के द्वारा उसप्रकार क्षमावान् नहीं होता जिसप्रकार शान्ति के द्वारा क्षमावान् होता है । निश्चय से क्षमा ही तप का मूल है और सम्पत्तियों की जननी है । भावार्थ—क्षमा नाम पृथिवी का भी है इसलिये क्षमा—पृथिवी से युक्त होने के कारण राजा क्षमावान् नहीं होता उससे तो पृथिविमान् होता है परन्तु शान्ति या क्षमा के द्वारा सच्चा क्षमावान् होता है ॥३८॥

---

१ प्राक् कदाचित् न श्रुतम् २ उत्पातु मिच्छुम् ३ सैनिकैः ४ प्राणा-पण्या येषां तैः ५ निन्दायाः ।

सुपरीक्षितमेतेन विचिन्त्योक्तं सुविचार्यं च यत्कृतम्। प्रयाति साधुतत्त्वं च तत्कालेऽपि न विक्रियाम् ॥३९॥
बालस्त्रीभीतवाक्यानि [1]नादेयानि मनीषिभिः। जलानि वाऽप्रसन्नानि [2]नादेयानि [3]घनागमे ॥४०॥
प्रेषणीयः [4]कश्चिदग्र्यः [5]प्रणिधिस्त्वया। तस्याऽभ्यासमयो[6] तस्माज्ज्ञास्यामस्तद्विचेष्टितम् ॥४१॥
तत्प्रारब्धसमं नीत्या यद्यत्कर्तं तद्विधास्यसि। सन्धिविग्रहयोरेकं प्राप्तकालमनूचितम् ॥४२॥
कर्मायत्तं फलं पुंसां बुद्धिस्तदनुसारिणी। तथापि सुधियः कार्यं प्रविचार्यैव कुर्वते ॥४३॥
इत्युपस्थापयति धारणीं [7]सुमतौ [8]सुमतौ ततः। प्रजिघाय तदभ्यर्णं दूतं स प्रीतिवर्धनम् ॥४४॥
दृष्टोऽथ तमुद्देशं गत्वा तेनापराजितः। प्रियामिव द्विषत्सेनामेष्यन्तीं प्रतिपालयन् ॥४५॥
प्रणम्यैतमभोयुद्धव्यापारव्याप्तमानसम्। इतश्चित्तं निधत्स्वेति प्रणम्य स तमब्रवीत् ॥४६॥
परः प्रसन्नगंभीरो भवानिव न लक्ष्यते। अन्तर्धृतपयोराशिः समग्रेन्दुरिवापरः ॥४७॥
आनन्त्यं दृश्यते लोके सर्वत्र गुणदोषयोः। अगण्यत्वादवाद्यस्य पश्चिमस्याप्यभावतः ॥४८॥

अच्छी तरह पका हुआ अन्न, विचार कर कहा हुआ शब्द, विचार कर किया हुआ कार्य और साधुजनों की मित्रता दीर्घकाल निकल जाने पर भी विकार को प्राप्त नहीं होता ॥३९॥ जिसप्रकार वर्षा ऋतु में नदियों के मलिन जल ग्रहण करने के योग्य नहीं होते उसी प्रकार बालक, स्त्री और भयभीत मनुष्य के वचन बुद्धिमान् मनुष्यों के द्वारा ग्रहण करने योग्य नहीं होते हैं ॥४०॥ तुम्हें कोई बुद्धिमान् दूत उसके पास भेजना चाहिये। तदनन्तर उस दूत से हम उसकी चेष्टा को जानेंगे ॥४१॥ जैसे उसने नीति पूर्वक कार्य का प्रारम्भ किया है वैसे ही आप भी सन्धि और विग्रह में से किसी एक को जिसका कि अवसर प्राप्त हो तथा जो निर्दोष हो, करोगे ॥४२॥ यद्यपि पुरुषों का फल कर्म के अधीन है और उनकी बुद्धि भी कर्मानुसारिणी होती है तथापि बुद्धिमान् पुरुष अच्छी तरह विचार करके ही कार्य करते हैं ॥४३॥

उत्तम बुद्धि से युक्त सुमति मन्त्री जब इस प्रकार की वाणी कह कर चुप हो गया तब राजा दमितारि ने राजा अपराजित के पास प्रीतिवर्धन नामका दूत भेजा ॥४४॥ तदनन्तर दूत ने उस स्थान पर जाकर अपराजित को देखा। उस समय अपराजित आने वाली शत्रु सेना की प्रिया के समान प्रतीक्षा कर रहा था ॥४५॥ विस्तारित आकाश युद्ध के व्यापार में जिसका चित्त लग रहा था ऐसे अपराजित को प्रणाम कर दूत ने उससे कहा कि इधर चित्त लगाइये ॥४६॥ आपके समान प्रसन्न और गम्भीर दूसरा नहीं दिखायी देता। ऐसा जान पड़ता है जैसे आपने समुद्र को अपने भीतर धारण कर रक्खा हो अथवा मानों आप दूसरा पूर्णचन्द्र ही हैं। भावार्थ—आप समुद्र के समान गंभीर हैं और पूर्णचन्द्रमा के समान प्रसन्न हैं ॥४७॥ लोक में आपके ही गुण और दोष में अनन्तपन देखा जाता है। गुणों का अनन्तपन तो इसलिये है कि वे अगण्य हैं—गिने नहीं जा सकते और दोषों का अनन्तपन इसलिये है कि उनका अभाव है ॥४८॥ आपका यश प्रत्यक्ष है परन्तु अप्रमाण है—प्रमाण

---

१ न आदेयानि ग्रहीतुं योग्यानि २ नद्या इमानि नादेयानि ३ वर्षाकाले ४ प्रेषणयि. ५ चर. ६ समीपम् ७ शोभनमति सहिते ८ सुमति नाम्नि।

[illegible] ॥४९॥
[illegible] ॥५०॥
[illegible] ॥५१॥
[illegible] ॥५२॥
[illegible] ॥५३॥
[illegible] ॥५४॥
[illegible] ॥५५॥
[illegible] ॥५६॥
[illegible] ॥५७॥
[illegible] ॥५८॥
[illegible] ॥५९॥
[illegible] ॥६०॥

नहीं है (पक्ष में नाप तौल रूप प्रमाण से रहित है)। स्थास्नुस्थिर है परन्तु तीनों लोकों में भ्रमण कर रहा है (परिहार पक्ष में स्थायी होकर तीनों लोकों में व्याप्त है) इस प्रकार अविरुद्ध—विरोध रहित आप से विरुद्ध यश कैसे उत्पन्न हो गया ? ॥४९॥ शास्त्रज्ञान, शान्ति, गम्भीरता, शूर वीरता और उदारता से सहित तथा सज्जनों के साथ मित्रता करने में तत्पर आपके समान दूसरा दिखायी नहीं देता ॥५०॥ आपके कुल के प्राचीन पुरुष न्यायवन्त तथा महान् थे। यद्यपि आप भी उनके मार्ग पर चल रहे हैं फिर व्यर्थ ही ऐसे चञ्चल क्यों होते हैं ? ॥५१॥ जिसके दोनों वंश विशुद्ध हैं तथा जिसकी आकृति असाधारण है ऐसे आपको इस कन्यारत्न रूप परधन को हरना योग्य नहीं है ॥५२॥ आप किसी कारण यहाँ गुप्त रूप से आये हैं इसलिये नीति से सुशोभित आपका गुप्त रूप से चला जाना ही श्रेयस्कर है ॥५३॥ आपमें भी जो यह दुराचार आया है वह भाई की चपलता से आया है क्योंकि प्राणियों के गुण और दोष संसर्ग से ही होते हैं ॥५४॥ कञ्चुकी के द्वारा कहे हुए आपके व्यवसाय को सुन कर राजा दमितारि 'एक कन्या मेरे नहीं हुई' यह कह कर लज्जा से अधोमुख हो गया ॥५५॥ शत्रुओं को संतप्त करने वाला राजा किंकर्तव्यमूढ होकर भीतर ही भीतर दुःखी हो रहा है सो ठीक ही है क्योंकि दुराचारिणी कन्या माता पिता के खेद के लिये होती है ॥५६॥ कन्याहरण को सुन कर जो क्रुद्ध हो रहे थे, देदीप्यमान हो रहे थे, शस्त्र ऊपर उठा रहे थे, तथा आसनों से उठ कर खड़े होना चाहते थे ऐसे सब विद्याधर राजाओं को उसने रोका है—मना किया है ॥५७॥ उस महात्मा की सेवा कर अपनी पद मर्यादा की रक्षा करते हुए राजा लोग वृद्धि को प्राप्त होते हैं क्योंकि सत् पुरुषों की सेवा वैसी नहीं होती ॥५८॥ लक्ष्मी से परिपूर्ण होने पर भी जिसे अहङ्कार नहीं है, विद्वान् होने पर भी जो मात्सर्य से रहित है, और समर्थ होने पर भी जो मर्यादा से सहित है ऐसा दूसरा प्रभु कौन है ? ॥५९॥ उस महात्मा की विराधना कर—उससे द्वेष कर तुम बुद्धि से दरिद्र मत होओ। क्योंकि उन्मत्त

---

१ कुलेभवाः २ सिंहे ।

स्मृत्वा शास्त्रपुराचीतं भृत्यं प्रणयभाग्भव । प्रणयो हि सतामेकमलङ्कार्यं गुरुर्गुणः ॥६१॥
यद्यपि पूत्वा कुतोऽप्येत्य गुणवान् लोकमूर्धनि । विरजाति पदं [1]वार्क्षः सुरभिः प्रसवो यथा ॥६२॥
आरोप्यतेऽसमं शैलाग्रं कृच्छ्रात्प्रक्षिप्यते सुखात् । ततः पुंसां गुणग्रामं निर्गुणानां च तत्त्वतः ॥६३॥
पुरुषान्तरतश्चोत्तमानाशङ्क्यं किमपि त्वया । तवाज्ञामिष्ट भूपालः [2]प्रमादविहितागसः ॥६४॥
त्यज कन्यानयाद्यादि मत्वा श्रीमन् स्वचक्रिणम् । तवेदं महतः पथ्यमपथ्यं त्वद्धितेप्सितम् ॥६५॥
हितवोऽपि परं सानुर्हितायैव प्रवर्तते । किं राहुममृतैरद्भिः प्रसन्नं न तर्पयेत् ॥६६॥
तमाकर्ण्य गिरं वीरानजितनयसन्ततिम् । इति व्यक्तमुदाहृत्य व्यरंसीत्प्रीतिवर्धनः ॥६७॥
ततः कोपारुणावाक्षं विवक्षात्स्फुरिताधरम् । स दृशैवानुजं स्तब्ध्वा वीरमित्याददे वचः ॥६८॥
उपायानंकलय्यैतांश्चतुरोऽपि यथाक्रमम् । इति त्वमिव को ब्रूयं प्रक्रमितुं क्षमते परः ॥६९॥
मुक्तस्तोऽपि मनोद्योगस्त्वया किं नोपलक्षितः । किं तेन तत्सभामध्ये सौविदल्लेन कीर्तितः ॥७०॥

हाथी भी सिंह से वैर नहीं करता ॥६०॥ पहले अच्छी तरह पढ़े हुए शास्त्र का स्मरण कर विनयवान् होओ। क्योंकि विनय सत्पुरुषों का एक उत्तम तथा बहुत भारी आभूषण है ॥६१॥ जिस प्रकार वृक्ष का सुगन्धित फूल कहीं भी उत्पन्न होकर और कहीं से भी आकर लोगों के मस्तक पर अपना स्थान बना लेता है उसी प्रकार गुणवान् मनुष्य कहीं भी उत्पन्न होकर तथा कहीं से भी आकर लोगों के मस्तक पर अपना पैर रखता है अथवा स्थान बना लेता है ॥६२॥ पत्थर पर्वत के अग्रभाग पर कठिनाई से चढ़ाया जाता है परन्तु गिरा सुख से दिया जाता है। उसी के समान मनुष्यों के गुणों की उत्पत्ति कठिनाई से होती है परन्तु उनका अभाव सुख से हो जाता है ॥६३॥ राजा दमितारि तुम्हारे पिता के तुल्य हैं अतः उनसे तुम्हें कुछ भी शंका नहीं करना चाहिये। प्रमाद से अपराध करने वाले तुम्हारे ऊपर राजा ने क्षमा कर दिया है ॥६४॥ अब आओ अपने चक्रवर्ती के दर्शन कर उन्हें नमस्कार करो तथा कन्या को छोड़ो। मेरा यह वचन तुम्हारे लिये हितकारी है किन्तु तुम्हारी चेष्टा अहितकारी है ॥६५॥ सज्जन, शत्रु को भी हित के लिये ही अत्यधिक प्रवृत्ति करता है सो ठीक ही है क्योंकि क्या चन्द्रमा ग्रसने वाले राहु को अमृत से संतृप्त नहीं करता ? ॥६६॥ इस प्रकार प्रीतिवर्धन, अपराजित के पास आकर तथा नय की सन्तति से परिपूर्ण गम्भीर वचनों को स्पष्ट रूप से कह कर चुप हो गया ॥६७॥

तदनन्तर जिसके नेत्र क्रोध से लाल हो रहे थे तथा बोलने की इच्छा से जिसका ओठ काँप रहा था ऐसे वीर छोटे भाई अनन्त वीर्य को दृष्टि से ही रोक कर अपराजित ने इस प्रकार के वचन कहना शुरू किया ॥६८॥ यथाक्रम से चारों उपायों को संकलित कर इस प्रकार के वचन कहने के लिये दूसरा कौन समर्थ है ? ॥६९॥ मेरा उद्योग यद्यपि स्पष्ट है तथापि तुमने उसे क्यों नहीं देखा ? इसी प्रकार राजा दमितारि की सभा के मध्य में भी कञ्चुकी ने मेरा उद्योग स्पष्ट कहा था, फिर उसने उसे क्यों नहीं ग्रहण किया ? ॥७०॥ तुम कोई बीच के दलाल हो

---

१ वृक्षस्यायं वार्क्षः २ प्रमादेन विहितम् अनोऽपराधो येन तस्य ।

[illegible] ॥७१॥ सुते राजसुतोन्मानी कोऽन्यस्तत्र विचक्षणः । युद्धाय प्रस्थितस्यत्र दूतं को वा विसर्जयेत् ॥७२॥ [illegible] ॥७३॥ साम प्रयोज्यं तत्रैव यस्मै स्तुतिप्रियो भवेत् । दानं तस्मै प्रयोक्तव्यं यो लुब्धः स्वयमेव हि ॥७४॥ भेदस्तत्र प्रयोक्तव्यो नीतिशास्त्रविशारदैः । यस्य प्रकृतयो नित्यं क्रुद्धभीतावमानिताः । तस्मिन्नेवैः प्रयत्नेन प्रयोज्यो नीतिवादिभिः ॥७५॥ दण्डस्तत्र विधेयः स्यात्तो दैवपौरुषवर्जितः । उपायविषयाः पूर्वैरिति तज्ज्ञैः प्रकीर्तिताः ॥७६॥ एतेषु नाहमन्येकः कश्चिदेव सुधा त्वया । किमुपाया मयि न्यस्ता नवीनः किं नवाग्रहे ॥७७॥ शृणु विद्याधरेन्द्राणां वाक्यैरेतैर्निगर्हितः । केनापि शशघातोऽस्ति मृगाधिपः ॥७८॥ किं वैकेनापि हन्यन्ते सिंहेन बहवो द्विपाः । दुरुक्तमिति यत्प्रोक्तं त्वया दुःखसंविग्नया ॥७९॥ इयन्तीं भूमिमायातुं शक्नुयात्स कथं सुखी । तत्र तेन समं योत्स्ये गत्वाहं चक्रवर्तिना ॥८०॥ इत्युदीर्य गृहीतासिरुत्तिष्ठासुर्भया भृशः । भ्रयं कथमपि भ्राता भवद्भागमनात्पुरा ॥८१॥ इति युद्धाय निर्मंत्स्यं तेन मुक्तो [2]वचोहरः । दमितारेः सभामध्ये यथाप्राप्तमुवाहरत् ॥८२॥

जो बड़े लोगों को टिकने नहीं देते । इसीलिये अपनी बुद्धि से कुछ इस प्रकार की अटपटी बात कह रहे हो ॥७१॥ शूर वीर तथा अपने आप को राजपुत्र मानने वाला ऐसा कौन विचारवान् मनुष्य होगा जो युद्ध के लिये चलने वाले शत्रु के लिये दूत भेजता हो ॥७२॥ आपके इस आगमन से मेरा भी मन लज्जित हो रहा है । क्या विद्याधरों के देश में ऐसी ही परिभाषा है ॥७३॥ साम का प्रयोग ऐसे शत्रु के साथ करना चाहिये जिसे स्तुति प्रिय हो तथा दान का प्रयोग उसके साथ करना चाहिये जो स्वभाव का लोभी हो, दरिद्र हो अथवा किसी संकट में हो ॥७४॥ नीतिशास्त्री मनुष्य को भेद का प्रयोग उसमें करना चाहिये जिसकी प्रजा अथवा मन्त्री आदि वर्ग निरन्तर क्रुद्ध, भयभीत अथवा अपमानित रहते हों ॥७५॥ और दण्ड का विषय वह कहा गया है जो दैव और पौरुष से रहित हो । उपायों के ज्ञाता पूर्व पुरुषों ने उपायों के विषय इस प्रकार कहे हैं ॥७६॥ इनमें से मैं एक कोई भी नहीं हूँ फिर तुमने व्यर्थ ही मुझ पर ये उपाय क्यों रक्खे ? क्या आप नय के विषय में नवीन हैं—नय प्रयोग का आपको कुछ भी अनुभव नहीं है ॥७७॥ तुम्हारे इन वाक्यों से क्षुद्र मनुष्य लुभा सकता है उत्तम मनुष्य नहीं । क्या खरगोश के बच्चे से किसी ने सिंह को पकड़ा है ? ॥७८॥ क्या एक ही सिंह के द्वारा बहुत से हाथी नहीं मारे जाते ? इस प्रकार दुःख के साथ जो मैंने कहा है उसको युद्ध में प्रकटता हो जायगी ॥७९॥ सुख से रहने वाला दमितारि इतनी भूमि तक—इतने दूर तक आने के लिये कैसे समर्थ हो सकता है ? इसलिये मैं स्वयं चल कर उस चक्रवर्ती के साथ युद्ध करूंगा ॥८०॥ इस प्रकार कह कर तलवार को ग्रहण करता हुआ जो उठना चाहता था ऐसे इस भाई को आपके आगमन के पहले मैंने किसी तरह रोका है ॥८१॥ इस प्रकार युद्ध के लिये डांट कर राजा अपराजित ने जिसे छोड़ा था—विदा किया था ऐसे प्रीतिवर्धन दूत ने दमितारि की सभा के बीच जो बात जैसी हुई थी वैसी कह दी ॥८२॥

---

१ नवीनः २ दूतः ।

अथोद्योगं रिपोः श्रुत्वा दमितारिर्विहस्य सः । स्वयंतामिति सेनान्यं संग्रामायाविशत्सदा ॥८३॥
क्रीत्वाघातैस्ततो भेरी ताड्यमानापि संततम् । श्रीजयैदंध्वान नीतेव जिगीषोरपराजितम् ॥८४॥
एवं सांग्रामिकी भेरी ताडिता चक्रवर्तिनः । कः सत्वस्य इति व्यायन् जनः शुश्राव तद्ध्वनिम् ॥८५॥
स [1]सांग्रहमिकं शंखं पूरयित्वा त्वरान्वितः । चतुरंगां ततः सेनां संभ्रान्तां समनीनहत् ॥८६॥
आस्थानात्सभ्यलोकाश्च गत्वा स्वावासान्खेचरेश्वराः । अकाण्डं रणसंक्षोभादपि स्वैरमवेशयन् ॥८७॥
मृगीदृशितयं हन्तुं दमितारेरपि प्रभोः । आयासं पश्यतेत्यन्तमिति कश्चिद्भटोऽहसत् ॥८८॥
[2]आमुक्तवर्मरत्नांशुसूचिभिर्व्याप्त[3]तन्मटाः । आचिता इव तन्मुक्तदूरापतितसैनिकैः ॥८९॥
अनेकों बलसंघातो हन्तुं द्वावेव यास्यति । अनस्वी धिग्धिगित्येको न [4]तनुत्राणमग्रहीत् ॥९०॥
किं नामासौ रिपुः को वा कियत्तस्य बलं महत् । चक्रवर्त्यपि स भ्रान्तः किं सत्यमपराजितः ॥९१॥
किं तेन नगरं रुद्धं वटो ब्रूतेति विह्वलाः । [5]प्रतिरथ्यं ततः सैन्यान् पृच्छन्ति स्म जनीजनाः ॥९२॥
क्रीडोत्पातोत्पातिकान्केतून् दिवापि स्पर्द्धयेव तैः । सुयोधिभिक्षिपरे सैन्यैः केतवो गगनस्पृशः ॥९३॥

अथानन्तर शत्रु का उद्योग सुन कर दमितारि हँसा और उसने उसी समय सेनापति को आदेश दिया कि युद्ध के लिये शीघ्रता की जाय ॥८३॥ तदनन्तर दण्डों के प्रहार से निरन्तर ताडित होने पर भी भेरी जोर से शब्द नहीं करती थी इससे ऐसी जान पड़ती थी मानों वह जिगीषु राजा अपराजित से भयभीत ही हो गयी थी ॥८४॥ इस प्रकार संग्राम की भेरी बजायी गयी तथा चक्रवर्ती का शत्रु कौन है ? ऐसा विचार करते हुए लोगों ने उसका शब्द सुना ॥८५॥ तदनन्तर शीघ्रता से युक्त सेनापति ने युद्ध सम्बन्धी शंख फूंक कर हड़बड़ायी हुई चतुरंग सेना को तैयार किया ॥८६॥ विद्याधर राजाओं ने सभा से लीला पूर्वक अपने घर जाकर असमय में युद्ध की हलचल होने पर भी स्वेच्छा से धीरे धीरे कवच धारण किये थे ॥८७॥ दो नरकीटों—क्षुद्र मनुष्यों को मारने के लिये राजा दमितारि का भी इतना प्रयास देखो, इस प्रकार कोई योद्धा हँस रहा था ॥८८॥ धारण किये हुए कवचों में संलग्न रत्नों की किरणावली से योद्धा ऐसे सुशोभित हो रहे थे मानों वे अपराजित के द्वारा छोड़े हुए दूरपाती बाणों के समूह से ही व्याप्त हो रहे हों ॥८९॥ अनेक सेनाओं का समूह मात्र दो को मारने के लिये जावेगा धिक्कार हो धिक्कार हो ऐसा कह कर किसी पानीदार योद्धा ने कवच धारण नहीं किया था ॥९०॥ शत्रु किस नाम वाला है अथवा उसका महान् बल कितना है ? इस विषय में चक्रवर्ती भी भ्रान्त है—भ्रांति में पड़ा हुआ है। क्या सचमुच ही वह अपराजित—अजेय है ? ॥९१॥ योद्धाओं ! बताओ तो सही उसने क्या नगर को घेर लिया है जिससे प्रत्येक गली में सैनिक छा रहे हैं—इस प्रकार घबड़ाये हुए स्त्री पुरुष सैनिकों से पूछ रहे थे ॥९२॥ दिन में भी उत्पात की सूचित करने वाले केतु—पुच्छली तारों को देख कर उन सैनिकों ने हर्ष से गगनचुम्बी केतु—पताकाएं फहरा दी थीं ॥९३॥ याचकों के लिये सर्वस्व देकर तथा अपने अपने कुल की ध्वजाओं को उठा कर आगे का स्थान प्राप्त करने की इच्छा से शूरवीरों ने शीघ्र ही प्रस्थान

---

१ युद्धसम्बन्धिन २ धृत—३ कवचम् ४ रक्षां रक्षां प्रति इति प्रतिरथ्यम्।

दत्त्वा सर्वस्वर्गीयम्यः प्रेरयाप्य स्वकुलवृद्धकम्। स्वरितं प्रस्थितं दूरंरक्षितश्रवणसङ्घया ॥९४॥
इच्छानुसारतो दानं[1] ददानस्तानभिवन्दकम्। क्रमेणैव यथायोग्यं स्वरत्नानुमितस्ततः ॥९५॥
विलुप्तकार्पटिकानाथदीनार्थिभ्यः समन्ततः। इच्छादानं वितन्वानैः कुलवृद्धानभिष्टवम् ॥९६॥
प्रहतानेकतूर्यौघप्रध्वानैर्व्याप्तदिङ्मुखः। अनेकाक्षौहिणीनाथैः[2] पिहितद्यावनी तलैः ॥९७॥
वेष्टितः परितो [3]भीमैरासन्निस्त्रिंशभीषणैः। [4]ग्राहिसाखाशतताकीर्णं हुंपयन् चन्दनद्रुमम् ॥९८॥
आरुह्य [5]धीरधौरेयं [6]रथमामन्त्रनिस्वनम्। सांग्रामिकं विराजन्तं सिंहलक्ष्मपताकया ॥९९॥
[7]भासमानांशुचक्रेण चक्रेणाग्रेसरेण सः। भीषणो निरगादित्यं दमितारिः पुरात्ततः ॥१००॥
(षड्भिः कुलकम्)

शार्दूलविक्रीडितम्

[8]आवर्तं [9]प्रथनत्वराविषमितं कृत्वा क्रमं सर्वतो
मध्ये [10]हास्तिकवारवृन्दमथ रक्षिणामश्वौघरक्षाकरम्।
सेनाग्र्या तदिति प्रकल्प्य रचनामासीयमानं शनैः
अद्राक्षीदपराजितो रिपुबलं दूरादभूरोदयः[11] ॥१०१॥

कर दिया ॥९४॥ जहां तहाँ शीघ्रता करने वाले अपने अन्तरंग सामन्तों को हाथी घोड़ा तथा कवच आदि के द्वारा यथायोग्य विभक्त कर जो दुखी, कार्पटिक, अनाथ और दीन याचकों के लिये सब ओर इच्छानुसार दान देने का आदेश दे रहा था, जो कुल के वृद्ध जनों को नमस्कार कर सन्मानित कर रहा था, जो बजाये हुए अनेक वादित्र समूह के शब्दों से दिशाओं को शब्दायमान कर रहा था, अनेक अक्षौहिणी दलों से युक्त सेनाओं के द्वारा जो आकाश और पृथिवी के अन्तराल को आच्छादित कर रहा था, ग्रहण की हुई तलवारों से भयंकर मूलवर्ग—मंत्री आदि प्रधान लोग जिसे चारों ओर से घेरे हुए थे, और इस कारण जो सर्प सहित सैकड़ों शाखाओं से युक्त चन्दन के वृक्ष को लज्जित कर रहा था, तथा जो देदीप्यमान किरण समूह से युक्त, आगे चलने वाले चक्र के द्वारा भयंकर था ऐसा वह दमितारि, जिसमें धैर्यशाली घोड़े जुते हुए थे, जिसका गम्भीर शब्द था तथा जो सिंह के चिह्न वाली पताका से सुशोभित था ऐसे युद्ध—कालीन रथ पर सवार होकर नगर से बाहर निकला ॥९५॥—॥१००॥

तदनन्तर युद्ध की शीघ्रता से विषम अवस्था को प्राप्त पैदल सैनिकों के समूह को सब ओर व्यवस्थित कर तथा हाथियों के समूह को अश्वसमूह की रक्षा करने वाले रथारोहियों के मध्य में करके 'यह वह है—अमुक व्यूह है' इस प्रकार की कल्पना कर सेनापति ने जिसकी रचना की थी ऐसी शत्रु सेना को निकटवर्ती अभ्युदय से युक्त अपराजित ने धीरे धीरे दूर से देखा ॥१०१॥ 'शत्रु सेना के

---

१ तनुजं कवचम् २ द्यावापृथिव्योरन्तराले ३ गृहीतखड्गभयंकरैः ४ सर्पसहितशाखाशतव्याप्तम् ५ धीरवाहयुक्तं ६ गंभीरशब्दम् ७ भासमानं देदीप्यमानम् अंशुचक्रं किरणसमूहो यस्य तेन ८ पदातीनां समूहः पादातम् ९ युद्धशीघ्रताविषमितम् १० हस्तिनां समूहो हास्तिकम् ११ निकटाभ्युदयः।

अवन्तीं [1]परबाहिनीकलकलात्रायस्व कन्यामिति
स्वाक्षेन प्रतिमिश्र्य भूरिशपथैरन्याहवाद्भ्रातरम् ।
स्वं वा सद्गुणसंपदातिमहितं चाप वक्रीकुर्वता
सेनाकारि तदैव [2]निर्गुणमिव क्षात्रं [3]ततक्षत्रुतः ॥१०२॥

इत्यसगकृतौ शान्तिपुराणे परबलसंदर्शनो नाम

* चतुर्थः सर्गः *

कलकल से डरती हुई कन्या की रक्षा करो' इस बहाने बहुत भारी शपथों द्वारा भाई अनन्तवीर्य को युद्ध से मना कर अपने समान समीचीन गुण रूपी सम्पदा से (पक्ष में श्रेष्ठ प्रत्यन्चा रूप सम्पदा से) अतिशय सुन्दर धनुष को चढ़ाने वाले अपराजित ने उसी समय सामने आने वाले क्षत्रिय समूह को निर्गुण—क्षात्र धर्म से रहित जैसा कर दिया था ॥१०२॥

इस प्रकार महाकवि असग के द्वारा रचित शान्तिपुराण में शत्रु-
सेना को दिखाने वाला चतुर्थ सर्ग पूर्ण हुआ ॥४॥

---

१ अन्यसेना २ गुणरहितं क्षात्रधर्मरहितमिव ३ सम्मुखमागच्छत् ।

पंचमः सर्गः

卐

ततः [1]सव्यं धनुस्तेन क्रमादास्फालितं मुहुः । सजलाभ्रमिवाजस्रं[2] ध्वानोच्चैरिरन्तरम् ॥१॥
लीलयाकृष्य [3]तूणीराद्दक्षिणेन करेण सः । सायकं तुलयामास [4]प्रतिपक्षं च चक्षुषा ॥२॥
आपदन्तर्गिरि धातुरेणुजालाकुलं बलम् । तत्प्रतापाग्निना दूरात्कोडीकृतमिवाभवत् ॥३॥
द्यावापृथिव्योरपि यत्प्रथिम्ना न ममे परम् । क्षणादेव हृता सेन मने तद्दृष्टिवर्त्ति बलम् ॥४॥
तद्दृष्टिगोचरं प्राप्य न [5]पुरेवारिसंहतिः[6] । व्यद्योतिष्ट समासन्ने को वा भाति पराभवे ॥५॥
अनन्तमपि तत्सैन्यमपर्याप्तमिवात्मनः । मेने हि महतां [7]भाव्यं भूतवत्प्रतिभासते ॥६॥

पंचम सर्ग

तदनन्तर अपराजित के द्वारा क्रम से बार बार अस्फालित डोरी सहित धनुष सजलमेघ के समान निरन्तर जोरदार शब्द करने लगा ॥१॥ उसने दाहिने हाथ के द्वारा लीला पूर्वक तरकस से बाण खींच कर उसे तोला – हाथ में धारण किया और नेत्रों से शत्रु को तोला—उसकी स्थिति को आंका ॥२॥ पहाड़ों के बीच में आने वाली तथा गेरू आदि धातुओं की धूली के समूह से लालवर्ण वह सेना दूर से ऐसी जान पड़ती थी मानों अपराजित की प्रतापरूप अग्नि ने ही उसे अपने मध्य में कर लिया हो ॥३॥ आकाश और पृथिवी के अन्तराल की विशालता के द्वारा भी जिसका माप नहीं हो सका था शत्रुओं की वह सेना अपराजित ने अपनी दृष्टि के द्वारा क्षणभर में माप ली । भावार्थ—देखते ही उसने शत्रुसेना की विशालता को समझ लिया ॥४॥ शत्रुओं का समूह अपराजित की दृष्टि का विषय होने पर पहले के समान देदीप्यमान नहीं रहा सो ठीक ही है क्योंकि पराभव के निकट होने पर कौन सुशोभित होता है ? अर्थात् कोई नहीं । भावार्थ—शत्रुओं की सेना जैसी पहले उछल कूद कर रही थी अपराजित के देखने पर वैसी उछल कूद नहीं रही । पराभव की आशंका से उसका उत्साह शान्त हो गया ॥५॥ यद्यपि वह सेना अनन्त थी तथापि अपराजित ने उसे अपने लिये अपर्याप्त

---

१ सव्यौर्विभुः २ गम्भीरम्, ३ तूणेः ४ धनुः ५ पूर्वम्, ६ धनुस्समूहः ७ भविष्यत् ।

तं [1]प्रत्यग्राकृताकारं दुर्निरीक्ष्यं स्वतेजसा । निश्चला लिखितेवाभूत् क्षणं [2]शत्रुपताकिनी ॥७॥
द्विषतां शस्त्रसंपातं प्रतीक्षाणाय धीरधीः । को हि नाम महासत्त्वः पूर्वं प्रहरति द्विषः ॥८॥
ततः सैन्याः समं सर्वे तस्मिन्नस्त्राण्यपातयन् । [3]अभ्यभ्रि प्रावृडारम्भे तोयानीव घनाघनाः ॥९॥
संतर्ज्य सिंहनादेन प्रतिहुंहिनहावलम् । आकर्णं धनुराकृष्य क्षेप्तुं बाणान्प्रचक्रमे ॥१०॥
क्षिपन्प्रतिभटं बाणांश्चारैर्भ्राम्यन्नितस्ततः । इति प्रवर्तते योद्धुं स्वं रक्षन् द्विषदायुधात् ॥११॥
सैन्यैर्मुक्तान् शरान्नैकान् [4]प्राङ्निकृत्यान्तरास्तमम् । तानप्यपातयद्बाणैर्नैरन्ध्र्यं कवचानपि ॥१२॥
[5]एकस्त्वलातचलाञ्छिघ्रं दूरान्यर्णस्थितानरीन् । स शरैर्युगपद्वीरो विव्याधान्तरितानपि ॥१३॥
अनेकशो बहिर्भ्राम्यन्विरराज सकार्मुकः । स परेभ्यः परेभ्योऽपि तद्व्यूहमिव पालयन् ॥१४॥
वेगात्पक्षवताभ्येत्य तीक्ष्णतुण्डेन पातितः । यः शरेण स कंकेन तादृशैवात्मसात्कृतः ॥१५॥

के समान माना था। यह ठीक ही है क्योंकि महान् पुरुषों को भविष्यत् भी भूत के समान जान पड़ता है ॥६॥ जिसका आकार असाधारण था तथा अपने तेज से जिसे देखना कठिन था ऐसे अपराजित को प्राप्त कर शत्रुओं की सेना क्षणभर में लिखित के समान निश्चल हो गयी ॥७॥ धीर वीर बुद्धि का धारक अपराजित शत्रुओं के शस्त्रप्रहार की प्रतीक्षा करने लगा क्योंकि ऐसा कौन महापराक्रमी है जो शत्रुओं पर पहले प्रहार करता है ॥८॥

तदनन्तर जिसप्रकार बरसात के प्रारम्भ में मेघ पर्वत पर जल छोड़ा करते हैं उसी प्रकार सब सैनिक एक साथ उस पर शस्त्र गिराने लगे ॥९॥ सिंह नाद के द्वारा शत्रुओं की बड़ी भारी सेना को भयभीत कर तथा कान तक धनुष खींच कर वह बाण छोड़ने के लिये तत्पर हुआ ॥१०॥ जो प्रत्येक योद्धा पर बाण छोड़ता हुआ गति विशेष से इधर उधर घूम रहा था तथा शत्रु के शस्त्र से अपनी रक्षा कर रहा था ऐसा अपराजित युद्ध करने के लिये इसप्रकार प्रवृत्त हुआ ॥११॥ सैनिकों के द्वारा छोड़े हुए अनेक बाणों को वह बीच मे ही एक साथ शीघ्र ही काट कर अपने बाणों से उन सैनिकों को भी तथा उनके कवचों को भी उस तरह गिरा देता था जिस तरह उनके बीच में कोई रन्ध्र नहीं रह पाता था। भावार्थ—उसने मृत सैनिकों तथा उनके कवचों से पृथिवी को सन्धि रहित पाट दिया था ॥१२॥ शत्रु चाहे अत्यन्त चञ्चल हों, चाहे दूर या निकट में स्थित हों अथवा छिपे हुए हों, उन सबको वह वीर अकेला ही शीघ्र तथा एक साथ बाणों के द्वारा पीड़ित कर रहा था ॥१३॥ वह अनेकों बार धनुष सहित बाहर घूमता हुआ सुशोभित हो रहा था जिससे ऐसा जान पड़ता था मानों बड़े से बड़े शत्रुओं से उस व्यूह की रक्षा ही कर रहा हो ॥१४॥ पक्षों से युक्त तथा तीक्ष्ण अग्रभाग वाले बाण ने वेग से आकर जिसे गिरा दिया था उसे उसीके समान पक्षों-पङ्खों से युक्त तथा तीक्ष्णमुख वाले कंक पक्षी ने अपने अधीन कर लिया था। भावार्थ—बाण के प्रहार से कोई योद्धा नीचे गिरा और गिरते ही कंक पक्षी ने उसे अपने अधीन कर लिया। बाण तथा कंक पक्षी में

---

१ असाधारणाकारम् २ शत्रुसेना ३ वर्षा इति अभ्यभ्रि ४ छित्त्वा ५ अतिशयेन चलाः इति चलाचलास्तान् ।

[illegible] ॥१५॥ [illegible] ॥१६॥ [illegible] ॥१७॥ [illegible] ॥१८॥ [illegible] ॥१९॥ एकानेकप्रदेशस्थः सर्वव्यापी महानणुः । इयत्ता परमात्मेव कैश्चित्संलक्ष्य वीक्षितः ॥२०॥ अनन्यसदृशं वाहमवगाह्य हृदि स्थितम् । व्यपोहयत्स्वतः कश्चित्प्रसादं न प्रभोः प्रभोः ॥२१॥ [1]कश्चित्प्रसादविक्लान्तौ भृत्यौ न मृतेस्तथा । एकस्यामृतभृत्यस्य बबन्धुयत सत्प्रभुः ॥२२॥ सैन्ये भग्ने प्रणष्टेषु [2]द्वित्रैः कैश्चिदपि स्थितम् । कस्यचित्कृच्छ्रसाहाय्यं न हि सर्वैर्विधीयते ॥२३॥ प्राप्तचित्तव्ययेनैव निःकृत्यं स्वामिसत्कृतैः । मन्यमानो वचस्तोऽपि [3]कश्चित्प्राणोऽवतत्प्रभोः ॥२४॥

सादृश्य इसलिये था कि जिसप्रकार बाण पङ्खों से युक्त होता है उसी प्रकार कंक पक्षी भी पङ्खों से युक्त था तथा जिस प्रकार बाण का तुण्ड-अग्रभाग तीक्ष्ण—पैना होता है उसी प्रकार कंक पक्षी का तुण्ड-मुख भी पैना था ॥१५॥ अपराजित को लक्ष्य कर दमितारि के सैनिकों के द्वारा छोड़े हुए सैकड़ों अस्त्र शस्त्रों से व्याप्त आकाश ऐसा जान पड़ता था मानों शस्त्र प्रहार के भय से वहाँ से कहीं चला गया हो ॥१६॥ युद्ध में हाथी घोड़े रथ और पैदल सैनिकों में से कहीं एक को कहीं अनेक को बार बार मारता हुआ वह यमराज के समान हुआ था ॥१७॥ उस धनुर्विद्या के जानकार अपराजित के द्वारा आक्रान्त दमितारि का चक्र नहीं चल रहा था जिससे ऐसा जान पड़ता था मानों जीवित पकड़ कर बाणों के पिंजड़े में डाल दिया गया हो ॥१८॥

बाणों से पस्त होकर कितने ही विद्याधर गिर पड़े थे, कितने ही इधर उधर घूमने लगे थे, कोई रक्त उगलने लगे थे और कोई म्लान हो गये थे ॥१९॥ वह कभी एक प्रदेश में स्थित होता था, कभी अनेक प्रदेशों में स्थित होता था, कभी सर्व व्यापक दिखाई देता था, कभी महान् मालूम होता था और कभी सूक्ष्म जान पड़ता था, इसलिये क्या यह परमात्मा के समान है ऐसा संशय कर किन्हीं लोगों के द्वारा देखा गया था ॥२०॥ जो घुस कर हृदय में स्थित था ऐसे असाधारण बाण को किसी योद्धा ने स्वयं निकाला था परन्तु घुस कर हृदय में स्थित प्रभु के प्रसाद को नहीं निकाला था। भावार्थ—शत्रु को मार कर भी किसी कृतज्ञ योद्धा ने स्वामी के उपकार को नहीं भुलाया था ॥२१॥ जिनका प्रसाद ही धन है ऐसे बहुत योद्धाओं के मरने से कोई सम्पत्तिशाली (मुखिया) राजा उस प्रकार दुखी नहीं हुआ था जिसप्रकार कि भरणपोषण से रहित एक सेवक के मरने से दुखी हुआ था ॥२२॥ सेना के नष्ट हो जाने पर किसी राजा के आगे कोई दो तीन सेवक ही खड़े रह गये थे, शेष सब भाग गये थे सो ठीक ही है क्योंकि कष्ट में सहायता सब के द्वारा नहीं की जाती ॥२३॥ स्वामी ने जो हमारा सत्कार किया है—हमारे साथ अच्छा व्यवहार किया है उसका बदला प्राणत्याग कर के

---

१ यम इव २ प्रसाद एव वित्तं येषां तेषाम् ३ द्वौ वा त्रयो वा द्वित्राः तैः ४ अग्रगामी 'अग्रोऽग्रगामी श्रेष्ठः' इति विश्वलोचनः ।

किं मुह्यते वृथैवैतत्स्वामिनो भवतोऽग्रतः । न संस्मरत किं यूयं [1]भावत्कीं कुलपुत्रताम् ॥२५॥
स्वामिप्रसाददानानां कुतश्चं किं न निष्कृतम् । एभिर्विनश्वरैः प्राणैः प्रस्तावोऽन्यो न विद्यते ॥२६॥
भीतिमुज्झत सौष्ठवं भवद्भ्यं सुभटोचितम् । प्रच्छन्तीं किमिति ब्रूत प्राप्य गेहमपि प्रियाम् ॥२७॥
[2]विसंवादयितुः कश्चिदवस्थानि[3]मिवृत्सवः । इत्युक्त्वा स्थापयामास वाग्मितायाः फलं हि सत् ॥२८॥

[युगलम्]

गोदमये निधायैकं सुवृत्तं पुलकाञ्चितम् । अनुरक्तं स्वमप्युच्चैररक्षत्स्वामिनं शरात् ॥२९॥
[4]उत्पातं शरघातेन कुर्वतोऽपि मुहुर्मुहुः । [5]स्वारूढो न पपातास्यः [6]स्थूरीपृष्ठस्य पृष्ठतः ॥३०॥
शरपातभयाद्भूमिं विहाय व्योम्नि यः स्थितः । स तमप्यवधीद्बाणैः को हि मृत्योः पलायते ॥३१॥
पतत्सु शरजालेषु पतितं सादिनं [7]ययुः । नात्यजद्विधुरे [8]जात्यः को वा स्वामिनमुज्झति ॥३२॥
अन्तर्व्रणे[9]धूलीभिर्यद्वपुर्भूस्तरीकृतम् । क्षालितं तदुपस्वामि केनचिद्व्रण शोणितैः ॥३३॥

त्याग से ही हो सकता है—ऐसा मानता हुआ कोई योद्धा घावों से पीड़ित होने पर भी स्वामी के आगे खड़ा था ॥२४॥ क्यों भूल रहे हो इस स्वामी के आगे होओ, क्या तुम अपनी कुल पुत्रता का स्मरण नहीं करते ? ॥२५॥ स्वामी के प्रसाद और दान का बदला इन विनश्वर—एक न एक दिन नष्ट हो जाने वाले प्राणों से क्यों नहीं चुकाते हो ? दूसरा अवसर नहीं है ॥२६॥ भय छोड़ो और सुभटों के योग्य शौर्य को ग्रहण करो। घर पहुंच कर भी क्या है ? इस तरह पूछने वाली स्त्री से क्या कहोगे ? ॥२७॥ इस प्रकार कह कर युद्ध से पीछे हटने वाले अन्य योद्धाओं को युद्ध करने के इच्छुक किसी योद्धा ने खड़ा रक्खा था—भागने नहीं दिया था सो ठीक ही है क्योंकि वक्तृत्वशक्ति का फल यही है ॥२८॥

सुवृत्त—अच्छी गोल ढाल तथा सुवृत्त—सदाचार से युक्त, रोमाञ्चित और अनुराग से युक्त अपने आपको भी आगे कर किसी ने बाण से स्वामी की अच्छी तरह रक्षा की थी ॥२९॥ बाणों के आघात से कोई घोड़ा यद्यपि बार बार उछल रहा था तथापि संभल कर बैठा हुआ अन्य योद्धा उसकी पीठ से नीचे नहीं गिरा था ॥३०॥ जो योद्धा बाणपात के भय से पृथिवी को छोड़ आकाश में स्थित था, अपराजित ने उसे भी बाणों से मार डाला। यह ठीक ही था क्योंकि मृत्यु से कौन भाग सकता है ? ॥३१॥ बाण समूह के पड़ने पर नीचे गिरे हुए सवार को घोड़ा ने छोड़ा नहीं था क्योंकि कष्ट पड़ने पर कौन कुलीन प्राणी अपने स्वामी को छोड़ता है ? ॥३२॥ किसी योद्धा ने अपना जो शरीर युद्ध की विषमधूली से धूसरित हो गया था उसे स्वामी के समीप युद्ध के रक्त से धोया था ॥३३॥ किसी सुभट के हृदय में गड़े हुए बाण को स्वामी ने अपने हाथ से उस प्रकार निकाल दिया

---

१ भवत इयं भावत्की तान् २ संग्रामयितुमिच्छुः ३ युद्धान् निवृत्तिमिच्छतः ४ उत्प्लवनं ५ सुष्ठु आरूढः स्वारूढः ६ अश्वस्य ७ अश्वः ८ कुलीनः ९ युद्धधूलीभिः ।

[illegible] ॥३४॥
[illegible] ॥३५॥
[illegible] ॥३६॥
[illegible] ॥३७॥
[illegible] ॥३८॥
[illegible] ॥३९॥
[illegible] ॥४०॥
[illegible] ॥४१॥
[illegible] ॥४२॥
[illegible] ॥४३॥
[illegible] ॥४४॥

था जिसप्रकार आदर को प्राप्त हुआ मनुष्य अपने दुर्वचन को किसी के हृदय से निकाल देता है ॥३४॥ कोई एक राजा भागने वाले अपने अन्तरंग पुरुषों में अपने अभागे सेवकों को आगे देख लज्जा से व्याकुल हो गया था ॥३५॥ घुड़ सवार की जांघें बाणों से छिद गयी थी उतने पर भी वह दौड़ते हुए घोड़े से नीचे गिर गया। इस स्थिति में वह शरीर को नम्रीभूत कर लम्बा पड़ रहा। कवि कहते हैं यह क्या है वह तो मर कर भी सुशोभित होता ॥३६॥ बाणों के द्वारा खण्डित किसी की दाहिनी अथवा बांयी भुजा से तलवार ही ऊपर गिरी थी मन से युद्ध का उत्साह नहीं गिरा था ॥३७॥ किसी मूर्च्छित सुभट को मुर्दा समझ कर शृगाल उसके पास गया परन्तु वह असमय में ही हाथ पैर चलाने लगा, इसलिये भय से घबड़ा कर शृगाल भाग गया ॥३८॥ जीर्ण शीर्ण हड्डी के खण्ड रूपी नील कमलों से युक्त रुधिर रूपी मदिरा को पीकर पागल हुए शृगाल उच्च स्वर से शब्द कर रहे थे ॥३९॥ जिन्हें जीवन प्रिय था ऐसे कितने ही सुभट बाणवर्षा के भय से लौट गये थे और जिन्हें पौरुष प्रिय था ऐसे कितने ही सुभट शत्रु के बाणों के सन्मुख गये थे ॥४०॥

बाणों से छिदकर नीचे पड़े हुए कितने ही योद्धा स्वामी के सन्मान का स्मरण करते हुए मान का आलम्बन ले यत्नपूर्वक उठकर खड़े हो गये ॥४१॥ बाण समूह को छोड़ने वाले अपराजित ने न केवल रथारोहियों को रथ से दूर वियुक्त कर दिया था किन्तु नानाप्रकार के मनोरथों से भी वियुक्त कर दिया था ॥४२॥ तीक्ष्ण बाणों की लगातार वर्षा से जिनकी मदरूपी स्याही और कर-सूंड नष्ट हो गयी है ऐसे हाथियों का समूह उस समय मन और शरीर—दोनों से विहस्त—विवश और सूंड रहित हो गया था ॥४३॥ बाणों से पीड़ित एक पागल हाथी ने अपने सवार को भी कुचल

---

१ दुर्वचनमिव २ खण्डिताद् ३ म्यापतदपि ४ अङ्गमत्यरैः ५ निरस्त्र हस्तरहित च ।

[illegible] निरञ्जीकृत्य किञ्चिदाकूणितेक्षणः । सेनाकोलाहलं शृण्वन्तर्वीनुहुर्मुहुः ॥४४॥
स्वाङ्गेषु पतितानेकशस्त्रक्षतोद्वृत्य लीलया । इतस्ततः क्षिपन् कुर्वन्नप्रवेशमिवात्मनि ॥४५॥
इति धीरं गजस्तिष्ठन्प्रतीक्षया प्रवरोदनाम् । आत्मनः प्रथयन्नाशं जातेः शीलस्य चात्मनः ॥४७॥

(त्रिभिर्विशेषकम्)

क्वचिच्चूर्णत्क्षणत्स्वान्तःस्वक्षणातुरमहारथम् । अन्यत्र पतितानेकक्षीबनागमहाद्रिकम् ॥४८॥
क्वचिदपतितवाहातैर्निजैरेव केवलैः । स्थितं प्रविचितं कैश्चिच्छून्यशाखैरिव द्रुमैः ॥४९॥
क्वचिच्छून्यासनानेकहृष्यहेषारवदिङ्मुखम् । सद्वंशैः पतितैः वीरैः क्वचिद्वीरैरिव केतुभिः ॥५०॥
विध्वान्तशङ्खिकोद्देशं श्रूयमाणशिवारुतम् । क्वचिदन्यत्र नृत्यद्भिः कबन्धैः सहितान्तरम् ॥५१॥
तदेकेन तदाक्रान्तमित्थमूर्जितरणाजिरम् । दैवं जयश्रिये हेतुर्न सामग्री महत्यपि ॥५२॥

पञ्चभिः कुलकम्

ततस्तेन हते सैन्ये सेनानी रणदर्पितः । चित्रानीक इति ख्यातो द्राग्गरुड्डास्ताह्वयाय तम् ॥५३॥

डाला और अपनी सेना को चूर चूर कर दिया सो ठीक ही है कि मदान्ध प्राणी की वही चेष्टा है ॥४४॥ कानों को निश्चल कर जिसने नेत्रों को कुछ कुछ संकोचित कर लिया था, सेना का कोलाहल सुन कर जो बार बार भीतर ही भीतर गरज रहा था और जो अपने अंगों पर पड़े हुए बाणों को सूंड से निकाल कर लीला पूर्वक इधर उधर फेंक रहा था ऐसा धीरता पूर्वक खड़ा हुआ हाथी, सवार की प्रेरणा की प्रतीक्षा कर अपनी जाति और शील की भद्रता को प्रकट कर रहा ॥४५-४७॥

वह रणाङ्गण कहीं तो टूटे रथ के भीतर स्थित घावों से पीड़ित महारथियों से युक्त था। कहीं पड़े हुए अनेक उन्मत्त हाथी रूपी पर्वतों से व्याप्त था। कहीं जिनके सैनिक मारे गये हैं ऐसे मात्र स्वामियों से युक्त था और उनसे ऐसा जान पड़ता मानों शाखा रहित वृक्षों से ही व्याप्त हो। कहीं घुड़ सवारों से रहित अनेक घोड़ों की हिनहिनाहट से युक्त दिशाओं से सहित था। कहीं गिरे हुए सद्वंश—उच्चकुलीन पक्ष में बांसों से सहित वीरों तथा ध्वजों से व्याप्त था। कहीं जहाँ शङ्ख बजाने वालों का उद्देश समाप्त हो गया था ऐसा था। कहीं सुनाई देने वाले शृगालियों के शब्द से युक्त था और कहीं नाचते—उछलते हुए कबन्धों—शिर रहित धड़ों से जिसका अन्तर समाप्त हो गया था ऐसा था। इसप्रकार उस एक के द्वारा आक्रान्त रणाङ्गण ऐसा हो गया था सो ठीक ही है क्योंकि विजय लक्ष्मी का हेतु भाग्य ही है बहुत भारी सामग्री नहीं ॥४८-५२॥

तदनन्तर अपराजित के द्वारा सेना के मारे जाने पर युद्ध के अहंकार से युक्त चित्रानीक नाम से प्रसिद्ध सेनापति ने शीघ्र ही युद्ध के लिये उसे बुलाया ॥५३॥ महात्मा अपराजित अन्य को छोड़कर चित्रानीक सेनापति के आगे उस प्रकार खड़ा हो गया जिस प्रकार सिंह झुण्ड को छोड़कर

---

१ आरुह्यस्य चोदनां प्रेरणां २ गजगिरिव्याप्तम् ३ मत्कुलैः विद्यमानवैणुभिः ४ श्रूयमाणशृगाली शब्दम् ५ शिरोरहितनरकलेवरैः ६ भाग्यम् ७ चित्रानीकनामा ।

[illegible]

झुण्ड के स्वामी के आगे खडा हो जाता है ।।५४।। तदनन्तर रण के बीच वेग से कानों तक धनुष खींच कर दोनो धीरवीरों ने बाणों के द्वारा परस्पर—एक दूसरे को आच्छादित कर दिया ।।५५।। चिरकाल बाद छिद्र पाकर अपराजित ने एक बाण के द्वारा सेनापति के धनुष की डोरी काट डाली और दूसरे बाण से सेनापति को भी गिरा दिया ।।५६।।

तदनन्तर क्रोध से भरा हुआ महाबल नामका वीर विद्याधर राजाओं को प्रोत्साहित कर तथा 'इस तरह उपेक्षा क्यों करते हो ?' यह कहकर युद्ध करने के लिये तत्पर हुआ ।।५७।। लौटो, अन्यत्र क्यो जाते हो ? सन्मुख स्थित होओ, यह तुम अब न रहोगे—अब जीवित न बचोगे, इस प्रकार उच्च स्वर से कहते हुए अपराजित ने उसे बाणों से विद्ध कर दिया ।।५८।। अपराजित उसके बाणों को अपने बाणों के द्वारा वेग से बीच में ही उस प्रकार छेद डालता था जिसप्रकार कि महासागर प्रवेश करने वाले महानद के ग्राहों को अपने ग्राहों के द्वारा बीच में ही छेद डालता है ।।५९।। जब शत्रु धनुष विद्या के जानने वालों में श्रेष्ठ अपराजित को बाणों के द्वारा जीतने के लिये समर्थ नहीं हुआ तब वह क्रोध वश हाथ से छोड़े हुए चक्र आदि के द्वारा उसे ताड़ित करने लगा ।।६०।।

तदनन्तर उन सबको लेकर जब अपराजित वेग से बाण छोड़ रहा था तब शत्रु के चारों ओर का आकाश छिद्र रहित हो गया था और ऐसा जान पड़ता था मानों कहीं चला जा रहा हो। भावार्थ—उस ओर से जो चक्र आदि शस्त्र अपराजित पर छोड़े जा रहे थे उन्हें वह झेलता जाता था और वेग से शत्रु पर ऐसी घनघोर बाण वर्षा कर रहा था कि आकाश उनसे भर गया था और उससे ऐसा जान पड़ता था मानों कहीं भागा जा रहा हो ।।६१।। जीतने के इच्छुक विद्याधर ने जब अपराजित को भूमि पर स्थित मनुष्यों के द्वारा अजय्य समझा—जीता नहीं जा सकता ऐसा विचार किया तब वह अनेक शरीर बनाकर आकाश में प्रविष्ट हुआ ।।६२।। तत्पश्चात् सबसे विद्याएँ अपना

---

१ सिंहेन २ शार्ङ्गैः ३ शार्ङ्गम् ४ अग्रेसरम् ५ भ्रमन्तं विभ्रमेणैव विभ्रन्तश्चिव भ्रमम् ६ शूचारिणिः ७ आकाशम् ।

[illegible] ॥६३॥ [illegible] ॥६४॥ [illegible] ॥६५॥ [illegible] ॥६६॥ [illegible] ॥६७॥ [illegible] ॥६८॥ [illegible] ॥६९॥ [illegible] ॥७०॥ [illegible] ॥७१॥ [illegible] ॥७२॥

अवसर प्राप्त कर—आज्ञा करो, ऐसा कहती हुई अपराजित के पास आ गयीं। भावार्थ—समस्त विद्याएँ अपराजित को स्वयं सिद्ध हो गयीं और उससे आज्ञा मांगने लगीं ॥६३॥ परन्तु धीर वीर अपराजित पहले के समान युद्ध कर रहा था मानों उसने उन विद्याओं की ओर देखा ही न हो। ठीक ही है क्योंकि महान् पुरुष कष्ट के समय दूसरे की प्रतीक्षा नहीं करता है ॥६४॥ यद्यपि अपराजित ने उन विद्याओं की अपेक्षा नहीं की थी तो भी उन्होंने उसके शत्रु को मारना शुरू कर दिया था सो ठीक ही है क्योंकि प्रभु के समीप रहने वाला कौन पुरुष प्रभु की चेष्टा के समान कार्य नहीं करता ? ॥६५॥ विद्याओं के साथ स्पर्द्धा होने से ही मानों आगे गये हुए बाणों के द्वारा उसने सैकड़ों महाबलों को उसी क्षण आकाश से दूर कर दिया था। भावार्थ—महाबल विद्याधर विद्याओं के बल से सैकड़ों रूप बनाकर आकाश में चला गया था और वहाँ से अपराजित पर प्रहार कर रहा था परन्तु अपराजित ने शीघ्रगामी बाणों के द्वारा उन सबको खदेड़ दिया था ॥६६॥ उस महाबल के मारे जाने पर न केवल आश्चर्यचकित शत्रु सैनिकों ने अपराजित को बार बार देखा था किन्तु आकाश में स्थित देवों ने भी देखा था ॥६७॥

तदनन्तर लपलपाती हुई उज्ज्वल तलवारों की किरणों से आकाश को मलिन करने वाले रत्नग्रीव आदि अनेक विद्याधर राजा युद्ध के लिये उद्यत हुए ॥६८॥ अपनी विद्याओं से निर्मित, तीक्ष्ण तथा भयंकर शरीर वाले बेतालों के द्वारा आकाश को आच्छादित कर वे वीर चारों ओर से अपराजित पर टूट पड़े ॥६९॥ आग्नेयास्त्र की हजारों अग्नि ज्वालाओं से दिशाएँ आच्छादित हो गयी और उनसे वे उस समय ऐसी सुशोभित होने लगीं मानों किसी ने उन्हें बिजलियों से सहित ही कर दिया हो ॥७०॥ जिनके मुख विषरूपी अग्नि से भयंकर थे ऐसे काले सर्पों ने आकाश को ऐसा घेर लिया मानो अशोक के लाल लाल पल्लवों से युक्त नील कमलों की बड़ी बड़ी उत्कृष्ट मालाओं ने ही घेर लिया हो ॥७१॥ उन विद्याधरों के द्वारा छोड़े जाकर पड़े हुए शक्ति, यष्टि, परिघ, भाले, गदा, मुशल और मुद्गरों से व्याप्त भूमि अस्त्रों से तन्मय जैसी हो गयी थी ॥७२॥ कितने ही विद्याधरों ने

---

१ अवसरम् २ स्वस्थ ३ विराद्धं चक्रे ४ संविद्भृतः ।

[illegible] । तस्थौ शरधारानिर्वेगाः क्षीरोदमिव मन्दरम् ॥७३॥
[illegible] । अन्तरा व्यवधत्ते रेजे तच्छस्त्रमिव वारणम् ॥७४॥
[illegible] । अधोमुखैरिवोत्क्षिप्तैः पेतुर्निहतसैनिकैः ॥७५॥
[illegible] । चिच्छेद विद्यास्तस्य महाजालविद्यया ॥७६॥
[illegible] । तत्रैव निश्चलां कुर्वन्नजयश्रियम् ॥७७॥
[illegible] । विषयेषु महान्तो धैर्यं मनसि हि मानसम् ॥७८॥
स [illegible] । तत्रैव निश्चलां कुर्वन्नजयश्रियम् ॥७९॥
[illegible] । स्फुरन्तं तेजसा शत्रुं सहते को हि तादृशः ॥८०॥
[illegible] । रणः प्रावर्तत तैर्नानाविद्यासंमर्दभीषणः ॥८१॥
[illegible] । स विश्वैकरवोत्सार्यं सर्वसैन्यमयं विभुः ॥८२॥

भीमाकार—भयंकर शरीरों से आकाश को आच्छादित कर लिया और अन्य विद्याधर स्वयं मेघ बनकर उसे बाण की धाराओं—बाणरूपी जल की धाराओं से आच्छादित करने लगे ॥७३॥ शत्रुओं तथा अपराजित के द्वारा छोडे हुए शस्त्रों के संघट्टन से उत्पन्न हुई बहुत भारी अग्नि बीच में ऐसी सुशोभित हो रही थी मानों उस युद्ध को रोक ही रही हो ॥७४॥ अपराजित के द्वारा मारे हुए कितने ही विद्याधर नीचे की ओर शिर कर आकाश से गिर रहे हैं जिससे वे ऐसे जान पड़ते थे मानों लज्जा के कारण ही उन्होंने उलटे कवचों से अपने मुख ढक लिये थे ॥७५॥

पूर्वपुण्यसमूह के समान अपने अधीन की हुई महा जाल विद्या के द्वारा अपराजित ने शत्रुओं की समस्त विद्याओं को छेद दिया था ॥७६॥ शत्रुओं के अनेक झुण्डों को मारता हुआ वह विस्मय को प्राप्त नहीं हुआ सो ठीक ही है क्योंकि साहस करने वाले सत्पुरुषों को वही योग्य है। भावार्थ—पराक्रमी सत्पुरुषों को विस्मय न करना ही उचित है ॥७७॥ अपराजित के द्वारा यद्यपि रत्नग्रीव की समस्त सेना नष्ट कर दी गयी थी तो भी वह पीड़ित नहीं हुआ सो ठीक ही है क्योंकि विपत्ति के समय महापुरुषों के मन से धैर्य नहीं जाता है ॥७८॥ वह बांये हाथ की अंगुलियों से तलवार का स्पर्श करता हुआ ऐसा सुशोभित हो रहा था मानों चञ्चल विजयलक्ष्मी को उसी पर निश्चल कर रहा हो ॥७९॥ उसने थके हुए शत्रु को क्रोध से युद्ध के लिये पुनः ललकारा सो ठीक ही है क्योंकि तेज से देदीप्यमान शत्रु को कौन पराक्रमी सहन करता है ? ॥८०॥ उसने नाना प्रकार के शस्त्र और अनेक विद्याओं के संमर्द से ऐसा युद्ध जारी किया जिसमें बहुत भारी कलकल शब्द हो रहा था ॥८१॥

शत्रुओं के ऊपर लगातार शस्त्रों की वर्षा करने से वह अपराजित एक होकर भी अनेक रूपता को प्राप्त होता हुआ ऐसा जान पड़ता था मानों उसने दिशाओं के साथ समस्त आकाश को अपने से तन्मय कर लिया हो। भावार्थ—जहाँ देखो वहाँ अपराजित ही अपराजित दिखायी देता था ॥८२॥ नष्ट होने से शेष बचे हुए सैनिकों ने बार बार कोलाहल किया। उससे क्षणभर ऐसा लगा

---

१ आच्छादयामासुः २ वामहस्तांगुलिभिः।

[illegible] ॥८३॥ सैन्यैः घोराहवस्तब्धे भग्नशेषेषु दुर्भरैः । तेन प्रतिभिवाक्रान्ते सभयेनापराजिते ॥८४॥
सोत्साहं सैन्यनिस्वानं श्रुत्वा तेन विनायतः । निर्ययेऽनन्तवीर्येण सिंहेनेव गुहामुखात् ॥८४॥
स्वदक्षिणभुजारूढहलेन स [illegible] । अर्तभयोऽवधीद्भूयो तं शत्रुभयकारिणः ॥८५॥
तं दृष्ट्वा मूर्तमात्मीयपराक्रमसमं ततोऽनुजम् । स्वयमागतः स संभ्रान्तं मूर्तं स्वमिव विक्रमम् ॥८६॥
प्रत्यादेशावशेषाणां रक्षणं रणभारधृक् । प्रसादं मे विधत्स्वेति प्राह्लादीत्यनुजोऽग्रजम् ॥८७॥
ततो निपतितोद्योधपुरो धैर्यनिधिः स्वयम् । बद्धे रणधुरां भीमां दमितारिः स कक्षयाम् ॥८८॥
अनेनितरिपुक्षेण अनेनेव महीयसा । पराक्रमेण तौ जेतुं महोत्साहपरोऽभवत् ॥८९॥
पलायिताय संभ्रान्तां भग्नसेनां [2]पताकिनीम् । पुरो विधाय कीर्तिं वा पताकां कुमुदोज्ज्वलाम् ॥९०॥
मृत्यत्कबन्धनिस्तर्षैरश्वनिर्वर्तनैः । तिर्यक्प्रस्थानमारूढ रथं क्षतितरारथिम् ॥९१॥
अनेकशरसंघात जर्जरीकृतविग्रहान् । दृष्ट्वानुव्रजतो वीरानाव्रजाव्रजमिति ब्रुवन् ॥९२॥

जैसे शत्रु ने अपराजित को दबा लिया हो ॥८३॥ उत्साह से युक्त सेना का शब्द सुनकर अनन्तवीर्य विमान से इसप्रकार निकला जिसप्रकार गुहा के मुख से सिंह निकलता है ॥८४॥ रणभूमि मे विद्यमान तथा बलभद्रपद के धारक अपराजित ने अपनी दाहिनी भुजा पर आरूढ हल के द्वारा उस भयंकर शत्रु को मार डाला ॥८५॥ लीलापूर्वक—अनायास ही शत्रु को मार कर ज्यों ही अपराजित ने दिशाओं की ओर देखा त्यों ही अपने मूर्त-शरीरधारी पराक्रम के समान आये हुए छोटे भाई अनन्तवीर्य को देखा। देखते समय अपराजित मन्दमुसक्यान से युक्त था ॥८६॥ जो थोडा ही शेष बचा है ऐसे रण का, रण को समाप्त करने वाला प्रसाद मुझे दीजिये यह कहते हुए छोटे भाई अनन्तवीर्य ने बड़े भाई—अपराजित को प्रणाम किया। भावार्थ—शत्रु पक्ष के सब लोग मारे जा चुके हैं एक दमितारि ही शेष बचा है अतः इसके साथ युद्ध करने की आज्ञा मुझे दीजिये। मैं दमितारि को मार कर युद्ध समाप्त कर दूंगा—इन शब्दों के साथ अनन्तवीर्य ने अपराजित को प्रणाम किया ॥८७॥

तदनन्तर जिसमें समस्त घोडे अथवा रण का भार धारण करने वाले प्रधान पुरुष मारे जा चुके हैं और जिसमें टूटे फूटे रथ शेष बचे हैं ऐसे भयंकर रण के भार को धैर्य के भण्डार दमितारि ने स्वयं धारण किया ॥८८॥ जिसने शत्रुओं के समूह को नष्ट कर दिया है ऐसे चक्ररत्न के समान महान् पराक्रम के द्वारा वह उन दोनो—अपराजित और अनन्तवीर्य को जीतने के लिये बहुत भारी उत्साह से युक्त हुआ ॥८९॥

मरने से शेष बची हुई घबडायी सेना को तो उसने पीछे छोडा और कीर्ति के समान सफेद पताका को आगे कर प्रस्थान किया ॥९०॥ उछलते हुए कबन्धों—शिर रहित धडों से भयभीत घोड़ो के बार बार लौट पड़ने से जिसकी चाल तिरछी थी तथा जिसका सारथि घावों से जर्जर था ऐसे रथ पर आरूढ होकर वह चल रहा था ॥९१॥ अनेक बाणों के प्रहार से जिनके शरीर जर्जर कर दिये गये थे तथा जो पीछे पीछे आ रहे थे ऐसे धीर वीर योद्धाओं को देखकर वह कह रहा था कि

---

१ बलभद्रः २ सेनाम् ।

[illegible] [illegible] [illegible] ॥९१॥
[illegible] [illegible] [illegible] ॥९२॥
[illegible] [illegible] [illegible] ॥९३॥
[illegible] [illegible] [illegible] ॥९४॥
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible]
[illegible] [illegible] [illegible] ॥९५॥
[illegible] [illegible] [illegible] ॥९६॥
[illegible] [illegible] [illegible] ॥९७॥
[illegible] [illegible] [illegible] ॥९८॥
[illegible] [illegible] [illegible] ॥९९॥
[illegible] [illegible] [illegible] ॥१००॥
[illegible] [illegible] [illegible] ॥१०१॥
[illegible] [illegible] [illegible] ॥१०२॥

तुम लोग बैठो बैठो—साथ आने की आवश्यकता नहीं है ॥९२॥ पसीना पोंछने का बहाना लेकर वह उस कवच को जिसकी कि गांठों के बन्धन दूसरे लोगों ने छोड़े थे, स्वयं खोल रहा था ॥९३॥ जो अक्षत थे—जिन्हें कोई चोट नहीं लगी थी, जो रथ से रहित थे—पैदल चल रहे थे और जिन्होंने पूर्व पुण्य के समान उस समय भी साथ नहीं छोड़ा था ऐसे कुछ महान् घोड़ा उसे घेरे हुए थे—उसके साथ साथ चल रहे थे ॥९४॥ चक्रधारा के समान घात करने की इच्छा करने वाला शत्रु जिसे दूर से ही देख रहा था ऐसा विद्याधरों का राजा दमितारि बाण वर्षा करता हुआ शत्रु के सम्मुख जा रहा था ॥९५॥

उसने कुछ दूर जाकर छोटे भाई सहित अपराजित को देखा। 'यह वह है' इस प्रकार सारथि ने हकनी से उसका संकेत किया था ॥९६॥ तदनन्तर धनुष को प्रत्यञ्चा से युक्त कर उसने रथ के भीतर एकत्रित बाणों को अलग अलग ग्रहण किया और पश्चात् इस प्रकार छोड़ना शुरू किया ॥९७॥ पहले तो उसने दोनों भाईयों को वचन से डांटा, पश्चात् कान तक धनुष खींच कर और उस पर बाण चढ़ा कर मजबूत मुट्ठी से मारना शुरू किया ॥९८॥ जिनके संधान—धारण करने और मोक्ष—छोड़ने का पता नहीं चलता ऐसे बाणों को धनुष की डोरी ने आगे छोड़ दिया परन्तु वाचाल मनुष्य के समान उसने दमितारि के कर्णमूल को नहीं छोड़ा। भावार्थ—जिस प्रकार वाचाट चापलूस मनुष्य सदा कान के पास लगा रहता है उसी प्रकार धनुष की डोरी भी सदा उसके कान के पास लगी रहती थी अर्थात् वह सदा डोरी खींच कर बाण छोड़ता रहता था ॥९९॥

तदनन्तर प्रलय काल के क्षुभित समुद्र के ज्वारभाटा के समान अनन्तवीर्य, भाई की आज्ञा से युद्ध के लिये चला ॥१००॥ जिसने कान तक धनुष खींच रखा था ऐसे अनन्तवीर्य ने आगे पीछे की मुट्ठियों को मजबूत कर निरन्तर बड़े वेग से बाणसमूह को छोड़ना शुरू किया ॥१०१॥ युद्ध करते हुए उन दोनों ने अनेक बाणों के समूह से समस्त दिशाओं को आच्छादित कर वृष्टि को बाणों से तन्मय

---

१ चक्रेण २ हन्तुमुत्सुकेन ३ क्षोभकेन ४ बहुगर्ह बाह ५ मक्षिप्ता ।

तयोः समतया युद्धं स ददर्शापराजितः । महानुभावतां स्वस्य प्रथयामास तत्क्षणम् ॥१०३॥
सधनुर्गुणमप्यस्यान्तरालं निरतो धनुर्गुणम् । अप्रभग्नपुरोद्दीप्तं दमितारेर्न विक्रमम् ॥१०४॥
धनुर्विहाय स क्षिप्रं कटाक्षेण चक्रमिदम् । [1]निर्गुणम् । वीक्षमाणः समालोक्य तमित्थमवोचत् ॥१०५॥
विरतिस्थ रणाद्दूरं त्वं मा भूः शलभो वृथा । [2]अदृष्टसंयुगान्बालानहं हन्मि मदादृशान् ॥१०६॥
अपराजिततोऽभिन्यार्त्या कुधा सुभटायसे । विमानं व्रज तत्रास्य न योग्योऽसि रणाजिरे ॥१०७॥
इत्युक्त्वावसिते वाचि चक्रिणि कुद्धमानसः । चापं मित्रमिवालम्ब्य तमित्यूचे नृपात्मजः ॥१०८॥
वाग्युद्धैः संप्रहारेऽस्मिन् किमवसरः कृतः । सिंहशावो हतः कश्चित्प्रौढेनापि च दन्तिना ॥१०९॥
विश्रान्तश्चेद्विगृह्णात्वं को हन्याद्युद्धखेदितम् । मनस्मि तत्समक्षेतरो किं चक्रं निगिलैः शरैः ॥११०॥
इति तेनेरिते वाचौ दृप्तामात्यार्थ्यं स क्रुधा । चक्रमाज्ञामवाप्यैव दमितारिररिं प्रति ॥१११॥
सहस्रभानन्तवीर्यस्य प्रविशन्तं समुच्चतम् । अलंचक्रे तदा चक्रं स्वांसुचक्रेण दूरसत् ॥११२॥

कर दिया ॥१०२॥ उन दोनों—अनन्तवीर्य और दमितारि के युद्ध को समता से देखते हुए अपराजित ने उसी क्षण अपनी महानुभावता को प्रकट कर दिया था ॥१०३॥ अनन्तवीर्य ने बाणों के द्वारा दमितारि के समीचीन बांस से निर्मित तथा पहले कभी खण्डित नहीं होने वाले धनुष से डोरी को अलग कर दिया परन्तु उसके विस्तृत पराक्रम को अलग नहीं किया। भावार्थ—यद्यपि अनन्तवीर्य ने बाण चला कर दमितारि के धनुष की डोरी को खण्डित कर दिया था तो भी उसका रणोत्साह खण्डित नहीं हुआ था ॥१०४॥

दमितारि निर्गुण—शीलादि गुण रहित स्त्री के समान निर्गुण—डोरी रहित धनुष को शीघ्र ही छोड़ कर कटाक्ष से चक्र की ओर देखता हुआ अनन्तवीर्य से इस प्रकार बोला ॥१०५॥ तू युद्ध से दूर लौट जा, व्यर्थ ही पतङ्ग मत बन, जिन्होंने युद्ध देखा नही है ऐसे तुझ जैसे बालकों को मैं नहीं मारता ॥१०६॥ अपराजित के निकट रहने से तू व्यर्थ ही सुभट के समान आचरण कर रहा है, विमान में जा और उसी में बैठ, तू रणाङ्गण के योग्य नही है ॥१०७॥ इस प्रकार की वाणी कह कर जब चक्रवर्ती चुप हो गया तब कुपित हृदय अनन्तवीर्य मित्र के समान धनुष का आलम्बन लेकर उससे इस प्रकार बोला ॥१०८॥

हथियारों के द्वारा होने वाले इस युद्ध में वचनों का अवसर कहाँ है ? क्या हाथी ने प्रौढ़ होने पर भी किसी सिंह के बच्चे को मारा है ? ॥१०९॥ यदि विश्राम कर चुके हो तो शस्त्र उठाओ। युद्ध से खिन्न मनुष्य को कौन मारता है ? मैं तीक्ष्ण बाणो के द्वारा क्या तुम्हारे इस चक्र को तोड़ दूं ? ॥११०॥ इस प्रकार अनन्तवीर्य के द्वारा कही हुई अहङ्कार पूर्ण वाणी को सुन कर उस दमितारि ने क्रोधवश शत्रु के प्रति चक्र को आज्ञा दे दी ॥१११॥ आज्ञाकाल में ही वह चक्र जाकर अपनी बहुत भारी किरणों के समूह से अनन्तवीर्य के ऊँचे दाहिने कन्धे को अलंकृत करने

---

१ प्रत्यञ्चारहितं पक्षे दयाक्षमाविनयादिगुणरहितम् २ अवलोकितयुद्धान् ।

ततः [illegible] दमितारिः समुद्यतौ । प्रतिज्ञाय पुराचक्रं पातयामीति हर्षितः । ११३॥
इत्यभ्यापततस्तस्य स [illegible] शिरः रिपोः । चक्रेण तत्क्षणक्षुब्धभ्रुकुटीभीषणाकृतम्[1] ॥११४॥
स्वस्वामिनिधनात्क्रुद्धैरुद्दण्डैरप्यमर्षिभिः । तत्रैव चक्रधाराग्नौ सुभटैः शलभायितम् ॥११५॥

शान्तं सविक्रमोत्तम्

इत्येवं दमितारिमाशुतरिपुं हत्वा स चक्राधिपं
विद्याधराः स्फुरदंशुजालजटिलं चक्रं नभःश्यामलम् ।
विस्मित्य क्षणमप्रयेण वहता तेन स्वमभ्यापतत्
संचारीव तदञ्जनाद्रिशिखरि व्याप्तस्थितिग्म[2]द्युतिः ॥११६॥
गत्वा संगर[3]सागरस्य बहुतः पारं परं तत्क्षणा-
त्स्नेहश्रीयुतसाहसप्रणयिनौ चारोप्य स स्वानुजे ।
सौहार्दाधिपराजितो भुजबलाज्जात्यर्जनामेत्यभूत्
पूजासंपदकारि तत्र च तयोर्विद्याभि[4]रत्यादरम् ॥११७॥

इत्यसगकृतौ शान्तिपुराणे श्रीमदपराजितविजयो नाम

* पंचमः सर्गः *

लगा ॥११२॥ तब अहङ्कार से भरा दमितारि 'मैं पहले चक्र को गिराता हूं ऐसी प्रतिज्ञा कर तलवार ले आगे बढा ॥११३॥ इस प्रकार सम्मुख आते हुए दमितारि के उस शिर को जिसका ललाट चढ़ी हुई भौंह से भयंकर था, अनन्तवीर्य ने तत्काल चक्र से छेद दिया ॥११४॥ अपने स्वामी की मृत्यु से क्रुद्ध उद्दण्ड सुभटों ने यद्यपि अपना पराक्रम दिखाया परन्तु वे उस चक्ररत्न की धारारूपी अग्नि में पतङ्ग के समान जल मरे । भावार्थ—जिन अन्य सुभटों ने पराक्रम दिखाया वे भी उसी चक्ररत्न से मारे गये ॥११५॥

इस प्रकार चक्ररत्न के स्वामी, उपस्थित शत्रु—दमितारि को मार कर देदीप्यमान किरणों के समूह से जटिल तथा आकाश के समान श्यामल चक्ररत्न को धारण करने वाला अनन्तवीर्य जब अपने सामने आया तो बड़े भाई अपराजित ने क्षणभर आश्चर्य चकित हो उसे चलते फिरते उस अञ्जनगिरि के समान देखा जिसके ऊपर सूर्य संलग्न है ॥११६॥ बहुत बड़े प्रतिज्ञा रूपी समुद्र के द्वितीय पार को प्राप्त कर अपराजित ने उसी क्षण स्नेह के कारण उत्तम साहस से स्नेह रखने वाली लक्ष्मी छोटे भाई अनन्तवीर्य के लिये सौंप दी और स्वयं बाहुबल से 'अपराजित' इस सार्थक नाम के धारक हुए । विद्याओं ने उसी रणभूमि में बड़े आदर से उन दोनों की पूजा प्रतिष्ठा की ॥११७॥

इस प्रकार महा कवि असग द्वारा विरचित शान्तिपुराण में अपराजित
की विजय का वर्णन करने वाला पञ्चम सर्ग समाप्त हुआ ।

---

१ लक्षाद् २ सूर्य ३ प्रतिज्ञासमुद्रे। ४ रित्यादरात् ब०।

षष्ठः सर्गः

卐

अथाश्वास्याशु संतप्तां [1]लाञ्छनेन कनकश्रियम् । पितुर्मरणशोकेन [2]कोलीनेन च [3]भूयसा ॥१॥
स तस्य बन्धुताकृत्यमन्त्यमण्डनपूर्वकम् । तदूरिविक्रमक्रीतं* दमितारेरचीकरत् ॥२॥
आदिशच्चाभयं भीतहतशेष[4]मभःसदाम् । स्तुवतां प्राञ्जलीभूय नामग्राहं सपौरुषम् ॥३॥
पापाज्जुगुप्समानोऽन्तः प्रणिनिन्द स्वचेष्टितम् । पश्यंस्तथाविधां रौद्रां वैर्याशंसनसंपदम् ॥४॥
भ्रातरं च पुरोधाय चक्रिणं कन्यया सह । प्रातिष्ठत विमानेन नगर्यामुत्सुकस्ततः ॥५॥
व्रजता भूरिवेगेन जवनिश्चलकेतुना । तेनास्थितं विमानेन सहसा व्योम्नि निश्चलम् ॥६॥

षष्ठ सर्ग

अथानन्तर बलभद्र अपराजित ने पिता के मरण सम्बन्धी शोक और बहुत भारी लोकापवाद से संतप्त कनकश्री को शीघ्र ही सान्त्वना देकर, दमितारि का अन्तिम संस्कार कराया। वह अन्तिम संस्कार अन्तकाल में पहिनाये जाने वाले आभूषणादि पहिनाने की प्रक्रिया को पूरा कर किया गया था तथा उसके बहुत भारी पराक्रम के अनुरूप सम्पन्न हुआ था ॥१-२॥ जो हाथ जोड़कर तथा नाम ले ले कर पराक्रम का व्याख्यान करते हुए स्तुति कर रहे थे ऐसे मरने से शेष बचे भयभीत विद्याधरों के लिये उसने अभय की घोषणा की थी ॥३॥ अपराजित ने जब उस प्रकार की भयङ्कर शत्रुओं की सामूहिक मृत्यु देखी तब वह पाप से ग्लानि करता हुआ मन में अपने कार्य की निन्दा करने लगा ॥४॥

तदनन्तर अपनी नगरी के विषय में उत्कण्ठित अपराजित ने चक्रवर्ती भाई को आगे कर कन्या के साथ विमान द्वारा प्रस्थान किया ॥५॥ वेग के कारण जिसकी पताका निश्चल थी ऐसा बहुत भारी वेग से जाता हुआ वह विमान आकाश में सहसा निश्चल खड़ा हो गया ॥६॥ महापरा-

---

१ बलभद्रः २ निन्दया ३ अत्यधिकम् * क्रीतौ ब० ४ विद्याधराणाम् ।

[illegible] ।।७।। [illegible] ।।८।। [illegible] ।।९।।
[illegible] ।।१०।। [illegible] ।।११।। [illegible] ।।१२।।
[illegible] ।।१३।। [illegible] ।।१४।। [illegible] ।।१५।।
[illegible] ।।१६।। [illegible] ।।१७।।

क्रमी अपराजित विमान की गति के नष्ट होने का कारण देखने की इच्छा से जब वह विमान से नीचे उतरा तो उसने भूतरमण नाम की अटवी देखी ।।७।। वहां उसने काञ्चन गिरि पर्वत पर उसी समय समस्त घातिया कर्मों का क्षय करने से महिमा को प्राप्त मुनि को देखा ।।८।। उन्हें देख वह विमान में वापिस गया और कन्या के साथ भाई को ले आया। पश्चात् वन्दनाप्रिय अपराजित तथा अनन्तवीर्य और कनकश्री ने हर्ष पूर्वक केवलीभगवान् को नमस्कार किया ।।९।।

जो चामरयुगल, अशोक वृक्ष और सिंहासन से सहित थे जिनका भामण्डल देदीप्यमान था, जो सफेद वर्ण के एक क्षत्र से सुशोभित थे और भव्यत्वभाव से प्रेरित चार प्रकार के नम्रीभूत देव भक्ति द्वारा कल्पवृक्ष के फूलों की वर्षा कर जिनकी सेवा कर रहे थे ऐसे उन केवली भगवान् से पिता के नवीन शोक से दुखी कनकश्री ने अपने भवान्तर पूछे और मुनिराज उसके भवान्तर इस प्रकार कहने लगे ।।१०-१२।।

वह जो धातकी तिलक नाम का दूसरा द्वीप है उसकी पूर्व दिशा सम्बन्धी ऐरावत क्षेत्र में एक शङ्खपुर नामका ग्राम है ।।१३।। वहाँ एक देवक नामका गृहस्थ रहता था। उसकी स्त्री का नाम पृथुश्री था। वह नाम से ही पृथुश्री थी, बहुतभारी पुण्य से पृथुश्री—अत्यधिक लक्ष्मीवाली नहीं थी ।।१४।। वे दोनों अधिक सम्पन्न नहीं थे, साथ ही सुपुत्र के न होने से उसके अलाभरूपी अग्नि से उनका मन संतप्त रहता था। कालक्रम से उनके सात पुत्रियां हुईं। जो कानी, लंगड़ी, टूटे हाथ वाली, पङ्गु, कुष्ठरोग से युक्त तथा कुबड़ी थीं। उन सब पुत्रियों में बड़ी तथा पूर्ण अङ्गों वाली तू ही एक थी और तेरा नाम श्रीदत्ता था ।।१५-१६।। माता पिता का मरण हो जाने पर तू ही उन सबके

---

१ काञ्चनपर्वते इति अधिकाञ्चनपर्वतम् २ भासमानभामण्डलम् ३ सुपुत्र ४ गृहस्थः ५ सुपुत्रस्य अलाभ एव वह्निस्तेन ६ ज्येष्ठा।

तानिः अवर्ण्यमानापि बहुभिस्त्वं च पृथक् पृथक् । व्यसनस्थितितुल्यानिरहासीर्न च धीरताम् ॥१८॥
अन्यदा सर्वसत्त्वार्थफलतोयत्वं [1]फलोद्यतः । अनुव्रतेयिनं शत्रुञ्जयाख्यं प्रापरन्मया ॥१९॥
फलान्युच्चित्य [2]हृद्यानि त्वयाच विनिवृत्तया । दृष्टः सर्वंसहस्तत्र धर्मं शासन्तिरंतरम् ॥२०॥
त्वं धर्मचक्रवालाख्यमुपवासं तपोधनात् । अवाप्य च यथाशक्त्या गृहीत्वागास्ततो गृहम् ॥२१॥
निरन्तराभिवृद्धं त्वं वृद्धयैकोत्तरया युतम् । समुपोष्य कृशाऽभूस्त्वं वपुषा न च चेतसा ॥२२॥
अन्यदा [3]सुव्रतामार्यां भोजयित्वाच सुव्रताम् । जुगुप्सां त्वं समुद्भारे व्यदधा महतीं मुहुः ॥२३॥
प्रसूतां संगमेनोच्चैः प्रियस्य [4]जघनीं [5]नगे । सुरूपामेकदालोक्य निदानमकृथा वृथा ॥२४॥
मृत्वा विद्युत्प्रभा नाम देवी विद्युत्प्रभाकृतिः । अभवथास्ततो धर्मात्सौधर्मे शक्रवल्लभा ॥२५॥
ततश्च्युत्वा निदानेन दमितारेरसूत्प्रिया । अर्द्धचक्रभृतः पुत्री [6]मन्दिरायाऽनिन्दिता ॥२६॥

भरणपोषण की आकुलता रखती थी। तुझे अपना पेट भरने का ध्यान नहीं रहता था और बिना किसी व्यग्रता के गृह कार्य में तत्पर रहती थी ॥१७॥ कष्टपूर्णस्थिति के कारण जो समान थीं अर्थात् एक समान दुखी थीं ऐसी वे छहों बहिनें तुझे पृथक् पृथक् पीड़ित करती थीं—खोटे वचन कहती थीं फिर भी तू धीरता को नहीं छोड़ती थी ॥१८॥

एक समय तू उनकी इच्छाओं के समूह को पूर्ण करने के लिये फल तोड़ती हुई शत्रुञ्जय पर्वत के निकट जा पहुंची ॥१९॥ मनोहर फल तोड़ कर जब तू लौट रही थी तब तूने वहां मनुष्यों को धर्म का उपदेश देते हुए सर्वयश नामक मुनिराज देखे ॥२०॥ तू उन तपस्वी मुनिराज से धर्मचक्रवाल नाम का उपवास तथा शक्ति के अनुसार व्रत लेकर वहां से घर आयी ॥२१॥ जो एक एक उपवास की वृद्धि से सहित है तथा इक्कीस दिन में पूर्ण होता है ऐसे धर्मचक्रवाल नाम का उपवास कर तू शरीर से तो कृश हो गयी थी पर मन से कृश नहीं हुई थी। भावार्थ—धर्मचक्रवाल उपवास में एक उपवास एक आहार, दो उपवास एक आहार, तीन उपवास एक आहार, चार उपवास एक आहार, पाँच उपवास एक आहार और छह उपवास एक आहार इस प्रकार उपवास के २१ दिन होते हैं। इस कठिन उपवास के करने से यद्यपि श्रीदत्ता का शरीर कृश हो गया था तो भी मन का उत्साह कृश नहीं हुआ था ॥२२॥ किसी समय तूने उत्तम व्रतों को धारण करने वाली सुव्रता नामकी आर्यिका को आहार कराया। आहार करने के बाद उन्हें वमन हो गया। उस वमन में तूने बार बार बहुत ग्लानि की ॥२३॥ एक समय तूने पति के समागम से पर्वत पर प्रसव करने वाली सुन्दर विद्याधरी को देखकर व्यर्थ ही निदान किया था ॥२४॥

तदनन्तर मर कर तू धर्म के प्रभाव से सौधर्मस्वर्ग में बिजली के समान कान्ति वाली विद्युत्प्रभा नामकी देवी हुई तथा इन्द्र की वल्लभा—प्रिय देवाङ्गना हुई ॥२५॥ वहां से चय कर निदान बन्ध के कारण अर्धचक्रवर्ती दमितारि की मन्दिरा नाम की उत्तम प्रिय पुत्री हुई ॥२६॥

---

१ फलग्रहणतत्परा २ हृदयस्य प्रियाणि हृद्यानि—मनोहराणि, ३ सुव्रतानामधेयाम् शोभनव्रतसहिताम् ४ विद्याधरीम् ५ पर्वते ६ मन्दिरानामराज्ञ्याम् ।

सुतः ।[1] कनकपुङ्खस्य नृपतेः शिवमन्दिरे । जयदेव्यामहं [2]ज्यायान्सम्भूतः कीर्तिधरोऽभवम् ॥२७॥
ततः नगरीमेतां वसितारि[3]र्महाविभूतिम् । वसतो मे ममाद्यार्यं [4]प्राप्तं प्रथमपुत्रकः ॥२८॥
श्रियं निखिलां तस्मैदत्वा शान्तं मुनिं नमः । कृत्वा शान्तिकरं नाम्ना शान्तमोहं तपोऽग्रहम् ॥२९॥
स्थित्वा संवत्सरं प्रतिमायोगिनां ध्यानवह्निना । घातिदारुचिते दग्ध्वाहमभूवं केवली क्रमात् ॥३०॥
तन्मुक्तासाह्वयेनेदं बन्धुदुःखं त्वयार्जितम् । अनुभूतं नरकावासतुल्यमत्यन्तदारुणम् ॥३१॥
इत्युदीर्य गिरे तस्मिन्गिरते तद्वचोऽन्तरम् । तं प्रणम्य विमानं स्वं अगच्छतुस्तौ तथा जयम् ॥३२॥
[5]आरुह्यानां तमारुह्य तं प्रणम्य नृपत्रयौ । निजनाथं हृदि न्यस्य स्वां पुरीं [6]सुरसंमताम् ॥३३॥
विद्युद्दंष्ट्रसुदंष्ट्राभ्यामवरुद्धितवाहां पुरीम् । चिरसेनेन सेनाग्र्या सर्वतस्तां समन्ततः ॥३४॥
आयान्तं कनकश्रीर्वस्तो दृष्ट्वा दीप्तो रिपोः सुतौ । मा वधीत्तिष्ठतमेतौ मदीयभ्रातरावितः ॥३५॥
रिपुरोधप्रणाशेन नगरी व्यक्तमत्तराम् । शुशुभे शरदभ्रेण नभस्तौरिव [7]भास्वती ॥३६॥
सर्वेऽन्ते ततः पौरा विस्मिताः सह सैनिकैः । पौर्वाह्णा इव भूमिस्था निर्निमेषेक्षणाः क्षणम् ॥३७॥

शिव मन्दिर नगर में रहने वाले कनकपुङ्ख राजा की जयदेवी नामक पत्नी में मैं कीर्तिधर नामका बड़ा पुत्र हुआ ॥२७॥ तदनन्तर श्रेष्ठ राज्य को धारण करने वाले मेरे, मेरी पवनवेगा रानी में महायुद्धों को जीतने वाला दमितारि नामका बड़ा पुत्र हुआ ॥२८॥ उस पर विशाल लक्ष्मी को सौंप कर मैंने शान्ति करने वाले शान्तमोह नामक मुनिराज को नमस्कार किया और नमस्कार कर कठिन तप ले लिया। भावार्थ—शान्तमोह नामक मुनिराज के पास दैगम्बरी दीक्षा ले ली ॥२९॥ एक वर्ष तक प्रतिमा योग से खड़े रहकर तथा ध्यानरूपी अग्नि के द्वारा घातिया कर्मरूपी लकड़ियों को भस्म कर मैं क्रम से केवली हुआ हूं ॥३०॥ तुमने श्रीदत्ता के भव में सुव्रता आर्यिका के साथ जो ग्लानि की थी उसके फल से यह नरक निवास के तुल्य असहनीय बन्धुजनों का दुःख सहन किया है। इस दुःख की तुझे कल्पना भी नहीं थी ॥३१॥ इस प्रकार कनकश्री के भवान्तर कहकर जब केवली भगवान् रुक गये तब अपराजित और अनन्तवीर्य उन्हें प्रणाम कर कनकश्री के साथ अपने विमान में चले गये ॥३२॥ विमान पर चढ़कर तथा कनकश्री को लेकर दोनों राजा केवली भगवान् के वचन हृदय में रखते हुए आकाश मार्ग से अपनी नगरी की ओर चल दिये ॥३३॥

वहाँ जाकर उन्होंने जो विद्युद्दंष्ट्र और सुदंष्ट्र के द्वारा घिरी हुई है तथा चिरसेन सेनापति सब ओर से जिसकी रक्षा कर रहा है ऐसी अपनी नगरी देखी ॥३४॥ 'मेरे इन भाइयों को मत मारो' इस प्रकार कन्या के कहने पर भी अनन्तवीर्य ने क्रोध से प्रदीप्त शत्रु के पुत्रों को मार डाला ॥३५॥ शत्रु का घेरा नष्ट हो जाने से वह नगरी मेघ से रहित, अत्यन्त निर्मल शरदृतु के आकाश के समान अत्यधिक सुशोभित होने लगी ॥३६॥ तदनन्तर जिनके नेत्र टिमकार से रहित हैं तथा जो क्षणभर के लिये पृथिवी पर स्थित देवों के समान जान पड़ते हैं ऐसे नगर वासियों ने आश्चर्यचकित होकर

---

१ ज्येष्ठ २ महायुद्धविजेता ३ दीप्तम् ४ अगच्छताम् ५ आरोहेण ६ अत्यन्त इष्टं भारतीं ।

पुरीं प्रविविशतुर्वीरौ तौ द्वावेव निरन्तरम् । जयागमनयोः पौरैरुच्छ्रीकृतकेतनम् ॥३७॥
विजयानगरीमध्यमध्यासितमहीभुजम् । ऐक्षन्तान्यविधाशङ्कम् अपराजितं नरोत्तमम् ॥३८॥
शस्त्राघातसमुत्पन्नकालिमोपचितोरसम् । बाहुसहायकेनैव [1]प्रतिज्ञामेकवाहिनी ॥
जित्वा नायकसंघातं निराकार्षीच्च निर्जितान् ॥४०॥ अयं भ्राता अनन्तेन वीर्यरत्नमहोदधेः । भूतो भावी च वंशेऽस्मिन्नीदृशो न हि कश्चिदन्यः ॥४१॥
इत्यात्मगामि जगदुद्भिदकं जनानां वदतां गिरः । शृण्वन्समन्ततोऽभ्यन्तर्जिहासन्[2] स हलायुधः ॥४२॥
तावित्यात्मकथालीनपौरराजाधिराजकैः परिवेष्टितौ । राज्ञां प्रविशतां मध्ये सोत्सवं राजमन्दिरम् ॥४३॥
निर्वर्त्यार्घाह्निकीं पूजां जिनेन्द्रस्य ततः पुरः । चक्रमानर्चतुः पश्चात्तौ मुदा [3]रामकेशवौ ॥४४॥
तत्कालोपस्थितसेवसुरराजन्यवेचराः । सेवमाना निराचक्रुस्तयोर्दिग्विजयोद्यमम् ॥४५॥
अन्यदा कौतुकारब्धं परिवारजनान्मुखात् । कनकश्रीः समाकर्ण्य प्रदध्याविति तत्क्षणम् ॥४६॥
तादृशस्य पितुर्वंशः कीर्तीनां च [4]जनादिमम् । न लभ्येते गृहे स्थित्वा मुक्तयानेर्मयाम्बुभिः ॥४७॥
अरीकृत्य दशां कष्टां अपत्यं यदि कौतुकम् । न मन्येऽपि दुराचारां मां तृणायापि मन्यते ॥४८॥

सैनिकों के साथ उन दोनों भाइयों को देखा ॥३७॥ विजय और आगमन के उपलक्ष्य में जिसके महलों पर नगर वासियों ने निरन्तर दूनी पताकाएं फहरायी थीं ऐसी नगरी में उन दोनों राजाओं ने प्रवेश किया ॥३८॥ शत्रु के शस्त्रों की चोट से उत्पन्न कालिमा से जिनका वक्षस्थल व्याप्त था ऐसे बड़े राजा अपराजित को नगर की स्त्रियों ने मानों 'यह कोई अन्य है' ऐसी आशङ्का कर देखा था ॥३९॥ दोनों भुजाएं ही जिसकी सहायक हैं ऐसे इस एक ने प्रतिज्ञानुसार शत्रु की सेना जीती और नायकों को मार गिराया ॥४०॥ और यह छोटा भाई अनन्तवीर्य इसके प्रसाद से चक्रधर हो गया है। इस वंश में ऐसा पराक्रमी न हुआ है न होगा ॥४१॥ इस प्रकार सभी ओर अपने आपको लक्ष्य कर कहते हुए मनुष्यों के शब्द सुनता हुआ बलभद्र-अपराजित अन्तरङ्ग में लज्जित हो रहा था ॥४२॥ इस प्रकार अपनी कथा में लीन नगरवासियों के द्वारा घिरे हुए राजाधिराजों ने उत्सव से परिपूर्ण राज महल में प्रवेश किया ॥४३॥

तदनन्तर उन बलभद्र और नारायण ने पहले जिनेन्द्र भगवान् की अष्टाह्निक पूजा की पश्चात् हर्ष पूर्वक चक्र की पूजा की ॥४४॥ तत्काल उपस्थित होकर सेवा करने वाले देव, राजा तथा विद्याधरों ने उनके दिग्विजय का उद्योग निराकृत कर दिया था। भावार्थ—उनकी प्रभुता देख देव, राजा तथा विद्याधर स्वयं आकर सेवा करने लगे थे इसलिये उन्हें दिग्विजय के लिये नहीं जाना पड़ा ॥४५॥

अन्य समय परिवार की स्त्री के मुख से विवाह सम्बन्धी आरम्भ को सुनकर कनकश्री तत्काल ऐसा विचार करने लगी ॥४६॥ वैसे पिता का वंश और लोकोत्तर निन्दा ये दोनों घर में रह कर मेरे द्वारा छोड़े जाने वाले आंसुओं से नहीं धोये जा सकते ॥४७॥ कष्ट पूर्ण दशा को स्वीकृत कर यदि मैं विवाह को प्राप्त होती हूं तो लोग भी मुझ दुराचारिणी को तृण भी नहीं समझेंगे ॥४८॥ वे स्त्रियां

---

१ प्रतिज्ञामेव २ जिघृक्षन् बभूव ३ बलभद्रनारायणौ ४ लोकोत्तरम् ।

[illegible] ॥४९॥
[illegible] ॥५०॥
[illegible] ॥५१॥
[illegible] ॥५२॥
[illegible] ॥५३॥
[illegible] ॥५४॥
[illegible] ॥५५॥
[illegible] ॥५६॥
[illegible] ॥५७॥
[illegible] ॥५८॥
[illegible] ॥५९॥
[illegible] ॥६०॥

धन्य हैं, वे महापराक्रमी अथवा धैर्य शालिनी हैं और सचमुच ही वे कुल देवता हैं जिनका यौवन निन्दा के बिना व्यतीत होता है ॥४९॥ मैं निरन्तर जल रही हूँ अतः मेरे मन को सुख कैसे हो सकता है ? वास्तव में मन के संतुष्ट होने पर ही जीवों को सुख होता है ॥५०॥ इसलिये दीक्षा लेना ही मेरे लिये कल्याणकारी है गृहस्थपन कल्याणकारी नहीं है। क्योंकि तप के बिना कलङ्क धोने का दूसरा उपाय नहीं है ॥५१॥ इस प्रकार शोक से दुखी शीलवती कनकश्री ने तप के लिये निश्चय कर लिया सो ठीक ही है क्योंकि कुलीन कन्याएं योग्य कार्य के बिना अन्य कारणों से सुख की इच्छा नहीं करतीं ॥५२॥ ऐसा निश्चय कर तथा चित्त को स्थिर कर वह बुद्धिमती बलभद्र सहित नारायण के पास गयी और उसी क्षण परस्पर इसप्रकार वचन कहने लगी ॥५३॥

प्रसाद से सुशोभित तथा अतिशय दुर्लभ आप दोनों की प्रीति को प्राप्त कर भी मेरा मन पिता का शोक छोड़ने के लिये समर्थ नहीं है ॥५४॥ निन्दा रहित जीवन, क्रमबद्ध सुख, अखण्ड शौर्य और मानसिक व्यथा को दूर करने वाला धैर्य ही कल्याणकारी है ॥५५॥ मैं शोक से निरन्तर रोती रहती हूं अतः मेरी आँखें फूल गयी हैं और मैं सोती नहीं इसलिये मेरा मुख कान्ति रहित होकर सूज गया है ॥५६॥ मेरे शोक संतप्त चित्त से धैर्य कहीं चला गया है और पद पद पर आने वाली पिता की स्मृति माता के समान मुझे छोड़ नहीं रही है ॥५७॥ कुल के क्षय से उत्पन्न हुआ यह बहुत भारी अपयश का भार मुझ तुच्छ नारी के द्वारा कैसे ढोया जा सकता है ? ॥५८॥ मैं लोक से उस प्रकार लज्जित नहीं होती जिस प्रकार कि आभूषणस्वरूप लोकोत्तर सदाचार को धारण करने वाले आप दोनों से अत्यन्त लज्जित होती हूं ॥५९॥ क्या कुलीन पुरुष लज्जा और लोकापवाद की उपेक्षा कर

---

१ निन्दया २ संतुष्टे ३ पितृसम्बन्धि ४ मानसिकव्यथायाः * आत्मापि क्षेम ब० ।

अवतारयद् भूमिच्छायां स्थातुं नाऽर्हत्पुरस्सरे । तादृशत्व सुता पूता दमितारेर्महात्मनः ॥६१॥
अवन्तीं भूमिमायाता भवत्प्रीतिनिबन्धनात् । स्थिष्ठासुरपि तत्रैव गुरोः केवलिनोऽन्तिके ॥६२॥
न कार्यं भुवयोः सिद्धिं गृहा विद्युतया मया । भूयसां साहसी पापां कः स्वीकुर्यात्सचेतनः ॥६३॥
इत्युदारगुणीर्वेवं भारतीं विरराम सा । देहमात्रेण तत्रास्थाज्ज्ञात्वा तत्त्वमतत्त्वतः ॥६४॥
ततो रथनूपुरं सा शान्तवीस्तान्त्यां न च विलोभनैः । जने विरागमार्गस्थे किमुपायाः प्रकुर्वते ॥६५॥
ततः कन्यासहस्रैः सा चतुर्भिः परिवारिता । कनकश्रीः प्रणम्यैव जिनं भक्त्या स्वयंप्रभम् ॥६६॥
अपराजित सेनी कन्यावन्या स्थितिशालिनी । महिषी विरजा नाम्नी सीरभावेनोत्तमा ॥६७॥
तस्यामन्तःप्रसन्नायां सुतां भास्वत्प्रभाधराम् । सोऽजीजनच्छरत्काल: सरस्यामिव पद्मिनीम् ॥६८॥
तद्रूपसदृशीं मत्वा भाविनीं स जितश्रियं ताम् । आलक्ष्य सुमतिं चक्रे चक्रेशेन सहैकदा ॥६९॥
शैशवेऽपि यदा भक्तिरभूत्तस्या जिनेश्वरे । साऽबोधि[4] विबुधोपास्या संसारस्याप्यसारताम् ॥७०॥
कलाभिः सकलाभूरि चन्द्रमूर्तिरिवौजसा । दधाना[5]पि लावण्यं तृणीकृत्य जगत्त्रयम् ॥७१॥

तथा परमार्थ से जानने योग्य तत्त्व को जानकर घर में खड़े रहते हैं ? ॥६०॥ मैं वैसे महान् आत्मा दमितारि की पुत्री होकर यहाँ मनुष्यों की अंगुलि सम्बन्धि छाया में स्थित रहने के लिये उत्साहित नहीं हूं ॥६१॥ मैं वहीं केवली गुरु के समीप ठहरना चाहती थी परन्तु आप लोगों की प्रीति के कारण इतनी भूमि तक आयी हूँ ॥६२॥ व्यर्थ ही यहाँ रुकने वाली मुझसे आपका कोई कार्य भी सिद्ध नहीं होता क्योंकि मुझ जैसी क्रूर पापिनी कन्या को कौन सचेतन स्वीकृत करेगा ? ॥६३॥ इस प्रकार की उदार वाणी कह कर वह चुप हो रही ! वास्तव में वह शरीर मात्र से वहाँ स्थित थी चित्त से तो तपोवन पहुंच चुकी थी ॥६४॥ बलभद्र और नारायण उसे सान्त्वनाओं तथा नानाप्रकार के प्रलोभनों के द्वारा अपने निश्चय से नहीं लौटा सके यह ठीक ही है क्योंकि वैराग्य के मार्ग में स्थित मनुष्य के विषय में उपाय क्या कर सकते हैं ? ॥६५॥ तदनन्तर चार हजार कन्याओं के साथ कनकश्री ने स्वयंप्रभ जिनेन्द्र को नमस्कार कर दीक्षा धारण कर ली ॥६६॥

अथानन्तर बलभद्र अपराजित की रूप लावण्य से सहित तथा मर्यादा से सुशोभित विरजा नाम की सुन्दर रानी थी ॥६७॥ अन्तरङ्ग से प्रसन्न रहने वाली उस रानी में बलभद्र ने देदीप्यमान प्रभा को धारण करने वाली पुत्री को उस प्रकार उत्पन्न किया जिसप्रकार की शरद् काल भीतर से स्वच्छ रहने वाली सरसी में कमलिनी को उत्पन्न करता है ॥६८॥ उसके रूप के समान होने वाली बुद्धि का विचार कर बलभद्र ने एक समय नारायण के साथ उस पुत्री का नाम सुमति रक्खा। भावार्थ—जैसा इसका अद्वितीय रूप है वैसी ही इसकी अद्वितीय बुद्धि होगी ऐसा विचार कर बलभद्र अपराजित ने नारायण के साथ सलाह कर पुत्री का सुमति नाम रक्खा ॥६९॥ बालावस्था में भी उसकी जिनेन्द्रभगवान् में परमभक्ति थी तथा विद्वानों के द्वारा उपासनीय वह संसार की भी असारता को जानती थी ॥७०॥ अनेक कलाओं से सहित वह पुत्री चन्द्रमूर्ति के समान कलाओं के ओज से परिपूर्ण

---

१ स्थातुमिच्छुः २ क्रूराम् ३ बलभद्रस्य ४ ज्ञातवती ५ दीप्यते स्म ।

[illegible] ॥७१॥ [illegible] ॥७२॥ [illegible] ॥७३॥ [illegible] ॥७४॥ [illegible] ॥७५॥ [illegible] ॥७६॥ [illegible] ॥७७॥ [illegible] ॥७८॥ [illegible] ॥७९॥ राजा समन्ततो नेत्रैर्मुक्तशोभाननश्रियम् । तामित्थभूते विमानस्था काचिद्देवी महर्द्धिका ॥८०॥

थी तथा लावण्य को धारण करती हुई वह तीनों लोकों को तिरस्कृत कर देदीप्यमान हो रही थी ॥७१॥ खिलते हुए नव यौवन से युक्त वह सौन्दर्य भी उसे प्राप्त हुआ था जिसे देखने वाले मनुष्यों का न केवल नेत्र किन्तु मन भी विचार में पड़ जाता था ॥७२॥

एक दिन जिसकी कमर पतली थी और स्तनों का भार अधिक था ऐसी उस पुत्री को देख कर पिता इस चिन्ता में पड़ गया कि यह शुभ पुत्री किसके लिये दूंगा ॥७३॥ तदनन्तर मन्त्रियों के साथ मन्त्रणा करके भी वह क्षत्रियों में किसी ऐसे वर को नहीं देख सका जो पुत्री के अनुरूप सुन्दर हो ॥७४॥ इधर उसे यह भी विदित हुआ कि सब राजकुमार उसकी चाह से आकुल हो रहे हैं—उसे चाह रहे हैं तब उसने विरोध रहित यथावसर स्वयंवर की घोषणा करा दी। भावार्थ—अनेक राजकुमारों की मांग होने पर जिसे पुत्री नहीं दी जायगी वह विरोधी हो जायगा। इसलिये इस अवसर में स्वयंवर ही अनुकूल उपाय उसे दिखा। स्वयंवर में पुत्री जिसे पसन्द करेगी उसे वह देदी जायगी, यह सब विचार कर पिता ने स्वयंवर की घोषणा करा दी ॥७५॥

तदनन्तर दूत के कहने से राजाओं को आया हुआ सुनकर भूपति अपराजित ने उस नगरी को उत्सव से युक्त किया ॥७६॥ राजपुत्री को प्राप्त करने की इच्छा से व्याकुलता को प्राप्त हुए राजा परस्पर की स्पर्धा से आकर नगरी के बगीचों में अलग अलग ठहर गये ॥७७॥ तदनन्तर अन्तःपुर के द्वारा जिसे वस्त्राभूषण पहिना कर सुसज्जित किया गया ऐसी सुमति, किसी उत्तम दिन उस समय के योग्य वाहन के द्वारा स्वयंवर सभा में गयी ॥७८॥ जिस प्रकार चन्द्रमूर्ति को देख कर समुद्र भीतर ही भीतर चञ्चल हो उठता है—लहराने लगता है उसी प्रकार उस सुन्दरी को देख कर धैर्यवान् राजा भी तत्क्षण भीतर ही भीतर—मन में चञ्चल हो उठे—उसे शीघ्र ही प्राप्त करने के लिये उत्कण्ठित हो गये ॥७९॥ सब ओर से राजाओं के नेत्रों द्वारा जिसके मुख की शोभा लूटी जा रही थी ऐसी उस सुन्दरी से विमान में बैठी बड़ी ऋद्धियों की धारक कोई देवी इस प्रकार कहने लगी ॥८०॥

---

१ यस्याः स्त्रियाः स्तनौ समुत्तुङ्गौ कटिश्च कृशा भवति सा न्यग्रोधपरिमण्डला कथ्यते २ राजसमूहम् ३ लब्धुमिच्छन्ती ।

[illegible] भद्रे स्मरसि पुष्करार्द्धस्य भारते । नगरं नन्दनं नाम विख्यातमनिन्दितम् ॥८१॥
महेन्द्रो दमिता तस्य महेन्द्रतुल्यविक्रमः । तातस्येव पिता वीरः प्रतापाक्रान्तशात्रवः ॥८२॥
तावयोरेव माता सा प्रयत्नात्पयसाऽमती सती । अनन्तश्रीरभूत्पूर्वं त्वं धनश्रीर्नामतः ॥८३॥
प्रसिद्धाऽनुजिका ज्येष्ठा तातापूर्वं स्मरस्यमूः । भूलो मा भूदिति ख्याता वयोवृद्धा त्वमीरिता ॥८४॥
प्रतिपन्नाणुव्रतौ तं नत्वा नन्दं मुनिं ततः । गिरौ सिद्धगिरौ सुस्थौ । प्रोषधं चतुरोऽप्यावः सत्यवाचां पुरःसरः ॥८५॥
एकदा क्रीडतोऽशोके वां विद्याभृत् त्रिपुरेश्वरः । वज्राङ्गदोऽपहृत्याशु वज्रमालिन्यसूहरत् ॥८६॥
खेचरी कक्षसंस्थेन खड्गेनाकृतकोपया । पतन्त्याऽऽहतमस्योऽत्याकोशन्तां स्त्रीजितोऽत्यजत् ॥८७॥
उत्पतन्तावुभावेव दिवमेतस्वतो विहायसः । अवतीर्य गृहीत्वावामनुकम्प्या स विद्यया ॥८८॥
भीमारण्यानिलक्षुण्णैः कषायैः कोपकारुतैः । आकीर्णमाशे सरसीरे [illegible] ॥८९॥
आलम्ब्य मनसा धैर्यमावां तत्रातिभीषणे । आहारं च शरीरं च प्रत्याख्याय सुनिश्चितम् ॥९०॥
मृत्वाभूत्सत्वं कुबेरस्य रत्यै रतिरितीरिता । प्रियाऽभूवं महेन्द्रस्य नाम्ना नवमिकाप्यहम् ॥९१॥
नन्दीश्वरयात्रायामन्योन्यं वीक्ष्य भाषितम् । त्वमत्र विषयासक्तचित्ता तन्मा निराकृथाः ॥९२॥

हे भद्रे ! तुझे स्मरण है—पुष्करार्द्ध द्वीप के भरतक्षेत्र में नन्दन नामका एक उत्तम नगर विद्यमान है ॥८१॥ इन्द्रतुल्य राजा माहेन्द्र उस नगर का रक्षक था तथा प्रताप के द्वारा शत्रुओं को दबाने वाला वही वीर वीर माहेन्द्र हम दोनों का पिता था ॥८२॥ हम दोनों की माता सती अनन्तमती थी। उसने हम दोनों के लिये प्रयत्न पूर्वक दूध पिलाया था ॥८३॥ मैं वहाँ अनन्तश्री नामकी ज्येष्ठ पुत्री हुई थी और तू धनश्री नामसे प्रसिद्ध छोटी पुत्री। भूलो मत, जब तुम तरुणी हो गयी थी। स्मरण है तुम्हें हम दोनों ने सिद्धगिरि पर नन्द नामक मुनिराज को नमस्कार कर उनसे प्रयत्न पूर्वक प्रोषध व्रत लिया था ॥८४-८५॥ एक बार अशोकवाटिका में क्रीड़ा करती हुई हम दोनों को देख त्रिपुरा के स्वामी वज्राङ्गद विद्याधर ने हरण कर लिया ॥८६॥ उसकी वज्रमालिनी स्त्री ने बगल में स्थित तलवार से उस पर प्रहार किया। स्त्री से पराजित हो आकाश से गिरने लगा। उसी समय बीच में उसने हम दोनों को छोड़ दिया ॥८७॥ आकाश से नीचे गिरती हुई हम दोनों को देख कर उसे पश्चात्ताप हुआ। जिसके फलस्वरूप पर्णलघ्वी विद्या के द्वारा उसने हम लोगों को अनुगृहीत किया ॥८८॥ उस विद्या के द्वारा धारण की हुई हम दोनों धीरे धीरे भयंकर अटवी में बांसों के समूह से व्याप्त सरोवर के तट पर गिरीं ॥८९॥ उस अत्यन्त भयंकर वन में हम दोनों ने मन से धैर्य का आलम्बन ले सुनिश्चित रूप से आहार और शरीर का त्याग कर सल्लेखना धारण की ॥९०॥ मर कर तू कुबेर की प्रीति बढ़ाने के लिये उसकी रति नामकी प्रिया हुई और मैं महेन्द्र की नवमिका नामक वल्लभा हुई हूं ॥९१॥ नन्दीश्वर द्वीप की यात्रा में परस्पर देखकर जो कुछ कहा था उसे यहाँ विषयासक्त चित्त होकर निराकृत मत करो—उसे भूल मत जाओ ॥९२॥ इसीलिये तुझ साध्वी को संबोधित करने के लिये यहाँ आयी हूं। ठीक ही है क्योंकि स्वीकृत बात को बिना कहे कौन भाई

---

१ महेन्द्रतुल्यः २ दुग्धम् ३ ताम्रध्वजी ४ कक्षस्थितकृपाणाहतः ५ वंश वृक्षसमूह व्याप्ते।

अतिशोभनिषु [illegible] । प्रतिपद्यस्व मदीयं वचनमितश्चेति सहोदरः ॥९३॥
अतो निष्पीडनादन्यं विद्यते नैव सुन्दरम् । अनयैवाऽतो ऽन्यं विद्धि त्वं हितं तपः ॥९४॥
सर्वसङ्गपरित्यागादपरं नैव सुखम् । कृष्णाद्भयङ्करतरे नान्यन्नरके श्रेष्ठमुच्यते ॥९५॥
इत्युक्तेयं वचो देवी सोद्वीक्ष्यैनं तथागतम् । व्यरंसीत्सहसा भूत्वा मीलयन्ती दृशौ च मुहुः सा ॥९६॥
अथ विरावलेशात्तां प्राप्य चन्दनपल्लवादिभिः । सुमतिस्तामनेनाह प्रणामानन्तरं मुदा ॥९७॥
निर्विशन्त्या त्वया सौख्यमामि[1] दिव्यमनुत्तमम् । सौहार्दं तस्य हेतुस्ते न मत्पुण्यफलोदयः ॥९८॥
दुर्गतिपतनत्राणं यां त्वमाप्तवत्यद्य सत्वरे । किमु तुल्या मम बान्धवान्तरा मे हिता भवेत् ॥९९॥
प्रतिपन्नं त्वया तन्मे निर्व्यूढं प्रतिबोध्य माम् । व्रजन्ती त्वद्हिते मार्गे मानयिष्यामि ते वचः ॥१००॥
[illegible] वरं मग्नां विषयग्राहगह्वरे । बान्धवत्वत्व त्वयैवायं बन्धुस्नेहः कृतः कृतः ॥१०१॥
महान्तो हि न सापेक्षं परेषामुपकुर्वते । परोपकारिता भाति निरपेक्षा तवैव ते ॥१०२॥
दुरन्तविषयासङ्गग्राहव्यग्रीकृताशया । त्वदुक्तिमवमन्ये चेद्वृथा नाम मे व्रजेत् ॥१०३॥

ठहरता है? अर्थात् कोई नहीं ॥९३॥ इसलिये इस अनिष्ट विषय के कारणस्वरूप विवाह से अपने आपको दूर करो मेरे वचन का अनादर मत करो, आत्महितकारी तप करो ॥९४॥ सर्व परिग्रह के त्याग से बढ़कर दूसरा सुख नहीं है और तृष्णा के विस्तार से बढ़कर दूसरा भयंकर नरक नहीं कहलाता है ॥९५॥ बहिन के स्नेह से कातर देवी इस प्रकार के वचन कह कर रुक गयी और उसके वचन सुनकर तथा उस देवी को देखकर वह सुमति मूर्च्छित हो गयी ॥९६॥

चन्दन तथा पल्लव आदि के द्वारा शीघ्र ही चेतना को प्राप्त कर सुमति ने उस देवी को हर्ष पूर्वक प्रणाम किया पश्चात् इसप्रकार कहा ॥९७॥ स्वर्गीय सुख का उपभोग करने वाली आपके द्वारा यह जन प्राप्त किया गया अर्थात् स्वर्ग के सुख छोड़कर आप मेरे पास आयीं इसका कारण आपका सौहार्द है मेरे पुण्य फल का उदय नहीं ॥९८॥ खोटे मार्ग में रहने वाली मुझ को आप सन्मार्ग में लगा रही हैं इसके तुल्य मेरा हित करने वाली दूसरी बन्धुता क्या है? अर्थात् कुछ नहीं ॥९९॥ तुमने जो स्वीकृत किया था उसे मुझे संबोधित कर पूरा किया। अब मैं आत्महितकारी मार्ग में जाती हुई तुम्हारे वचनों को मानूंगी ॥१००॥ विषय रूपी मगरमच्छों से भयंकर संसाररूपी समुद्र में डूबी हुई मुझको निकाल कर तुमने यह बहुत कुशल अत्यन्त श्रेष्ठ बन्धु स्नेह पूरा किया है ॥१०१॥ जिस प्रकार महा पुरुष कुछ अपेक्षा रखकर दूसरों का उपकार नहीं करते हैं उसीप्रकार तुम्हारी परोपकारिता प्रत्युपकार की वाञ्छा से रहित सुशोभित हो रही है ॥१०२॥ दुष्परिपाक वाले विषयासङ्ग रूपी पिशाच से जिसका हृदय व्याप्त किया गया है ऐसी मैं यदि आपके कथन का अनादर करती हूं तो मेरा 'सुमति' नाम व्यर्थता को प्राप्त होगा—मेरा सुमति (अच्छी बुद्धिवाली) नाम

---

१ भवीषम् २ प्राप्तः ३ स्वर्गसम्बन्धि ४ संसारसागरे ५ कुशलः ६ प्रत्युपकार वाञ्छारहिता।

अधिवस्तां अविहायार्ये 'स्वसतो[1] यान्तु सावध[2]। देवीं सुमतिरित्युक्त्वा प्राञ्जलिर्विसृजत्यं तम् ॥१०४॥
तत्त्वामेव प्रमाणार्थां देव्यामित्याह सा सखीः। मावमुद्रं मृषेत्येतत्सत्यं देव्या यदीरितम् ॥१०५॥
मूर्खेव विषयासक्त्या क्लिशित्वा केवलं गृहे। प्रयोगति प्राकृतो लोकस्तत्किं वृत सतां मतम् ॥१०६॥
धर्मं [3]बुबुत्सवः [4]सार्वज्ञेत यावस्तपोवनम्। यतध्वं व्रतशीलादौ कृपीध्वं स्वहितं तपः ॥१०७॥
इति धर्मं स्वसंसक्तकन्यानां प्रतिपाद्य सा। निरास्थत सभोद्देशं समं भोगाभिवाञ्छया ॥१०८॥
ततः स्वभवनं गत्वा सुमतिः पितरौ[5] क्रमात्। आपृच्छते स्म तपसे यास्यामीति प्रणम्य सा ॥१०९॥
पतित्वा केवलं मातात मूकीभावमास्थित। बाल्यात्प्रभृति तज्ज्ञिसं जानती धर्मवासितम् ॥११०॥
अहं वंशस्य पताकेयं महाशक्तिरियेति तां पिता। बहुमंस्त गृहासक्तं दीनमन्यं स्वमञ्जसा ॥१११॥
अथ तां निश्चयादेति तस्याः स्नेहेन चेतसा। विषीदन्नीक्षमाणश्च तत्तपोवाञ्छया पिता ॥११२॥
अनुना व्यवसायेन त्वया मात्मैव केवलम्। अन्यानि स्पृहणीयत्वं [6]सागच्छ्या[7]प्यवाप्यं जनः ॥११३॥

निरर्थक हो जायगा ॥१०३॥ हे आर्ये ! मेरी चिन्ता छोड़ कर अब आप अपने स्थान पर जाइये, इस प्रकार देवी से कह कर सुमति ने उसे हाथ जोड़कर विदा किया ॥१०४॥

तदनन्तर उस देवी के चले जाने पर सुमति ने अपनी सखियों से कहा—तुम इसे झूंठा मत समझो, देवी ने जो कुछ कहा है वह सत्य है ॥१०५॥ साधारण प्राणी—अज्ञ मानव, विषयासक्ति के कारण घर में क्लेश उठाकर व्यर्थ ही जीता है वह क्या सत्पुरुषों को इष्ट हो सकता है ? कहो ॥१०६॥ आओ, सर्वहितकारी धर्म को जानने की इच्छा रखती हुई हम तपोवन को चलें, व्रतशील आदि में प्रयत्न करो तथा आत्महितकारी तप करो ॥१०७॥ इसप्रकार अपने संपर्क में रहने वाली कन्याओं को धर्म का प्रतिपादन कर उसने भोगाभिलाषा के साथ सभा का स्थान छोड़ दिया। भावार्थ—स्वयंवर सभा से वापिस चली गयी ॥१०८॥

तदनन्तर अपने भवन जाकर सुमति ने क्रम से माता पिता को प्रणाम किया और 'मैं तप के लिये जाऊँगी' ऐसा उनसे पूछा ॥१०९॥ माता केवल रोकर चुप बैठ रही, उससे कुछ उत्तर देते नहीं बना। क्योंकि वह बाल्यावस्था से ही उसके चित्त को धर्म के संस्कार से युक्त जानती थी ॥११०॥ यह मेरे वंश की पताका है, महा शक्तिशालिनी है यह कह कर पिता ने उसका बहुमान किया—उसे बहुत बड़ा माना और गृह में आसक्त रहने वाले अपने आपको सचमुच ही दीन माना ॥१११॥ तदनन्तर जो उसके स्नेह के कारण मन से दुखी हो रहा था और उसके तप ग्रहण करने की इच्छा से हर्षित हो रहा था ऐसे पिता ने उससे इसप्रकार कहा ॥११२॥ इस निश्चय से तुमने न केवल अपने आपको चाहने योग्य उत्तम अवस्था को प्राप्त कराया है किन्तु अपने सम्बन्ध से इस जन को अर्थात्

---

१ स्वकीयम् २ अतोऽये ३ गच्छ ४ बोद्धुमिच्छवः ५ सर्वहितकरम् ६ मातापितरौ ७ सौगन्ध्यात् ब० ८ सम्बन्धात् ।

सचीरमिति तामुक्त्वा मुक्तीश्च जनके स्थिता । व्रतयन्तीं तपस्यै तां कन्यां साधुः को नानुमोदते ॥११४॥
पुरं गत्वा यथावृद्धं विनयेनेति मूलतः । आबद्धस्नेहमनुजतया ॥११५॥
तपः प्रति यथा यान्ती साऽद्योति च तथा पुरा । नाभवत् हि पुनः सूनः तस्यां भव्यशशिनाम् ॥११६॥
प्रपद्य सुव्रतां नत्वा दीक्षां सह सखीजनैः । सा च तेनाम्बा [1]सुमतिस्तथा [2]सुमतिरस्तथा ॥११७॥
भुञ्जानोऽनन्तवीर्योऽपि भोगान्भोगीन्द्र[3]वन्दितः । पूर्वाणामशीतिश्चतुरस्राम् ॥११८॥
रोगादिभिरनाक्रान्तः शयानः शयनेऽन्यदा । आयासेन विनायांतीत्स [4]जीवनविपर्ययम् ॥११९॥
भ्रातृशोकं निगृह्यान्तःपद्मप्रसरमप्यसौ । स्पृहयालुरशुद्धोरुतपसे लाङ्गलायुधः ॥१२०॥
ततो धीरो गरीयांसं राज्यभारमरिञ्जये । ज्येष्ठे न्यधीविशत्पुत्रे स्वस्मिन्नुपशमं च सः ॥१२१॥

शार्दूलविक्रीडितम्

लक्ष्मीं सप्तशतैः समं नृपतिभिस्त्यक्त्वा विशुद्धाशये
भक्त्या भूरियशोधरस्य मुनिनः कृत्वा नमस्कारं तदः ।
वैराग्यादपराजितोऽजनि मुनिः कुर्वंस्तपस्यां परां
रेजे शूरतरः परीषहजयाद्धीरस्तपस्यत्यसौ ॥१२२॥

मुझे भी चाहने योग्य उत्तम अवस्था को प्राप्त कराया है ॥११३॥ इसप्रकार धैर्य के साथ कह कर पिता ने उसे तप के लिये छोड़ दिया। ठीक ही है क्योंकि समीचीन मार्ग में प्रवृत्ति करने वाली कन्या को कौन सत्पुरुष अनुमति नहीं देता है ? ॥११४॥

जो जैसे वृद्ध थे तदनुसार गुरुजनों को नमस्कार कर वह घर से निकल पड़ी। बाह्य तोरण तक पिता उसे स्नेहसहित पहुंचाने के लिये आया था ॥११५॥ वह तप के लिये जाती हुई जैसी देदीप्यमान हो रही थी वैसी पहले कभी नहीं हुई। वास्तव में भव्यता ही धैर्यशाली जीवों का उत्कृष्ट आभूषण है ॥११६॥ सुव्रता आर्यिका को नमस्कार कर तथा सखीजनों के साथ दीक्षा ग्रहण कर उस समय सुमति नाम और क्रिया—दोनों से सुमति समीचीन बुद्धि की धारक हुई थी ॥११७॥

इधर भोगों को भोगते हुए धरणेन्द्र वन्दित अनन्तवीर्य ने भी चौरासी लाख पूर्व व्यतीत कर दिये ॥११८॥ जो रोगादि से आक्रान्त नहीं था ऐसा अनन्तवीर्य, किसी समय शय्या पर सोता हुआ कष्ट के बिना मृत्यु को प्राप्त हो गया ॥११९॥ भाई का शोक यद्यपि हृदय में बहुत अधिक विस्तार को प्राप्त था तो भी उसे रोककर धीर वीर बलभद्र—अपराजित तप के लिये इच्छुक हो गये ॥१२०॥ तदनन्तर धैर्यशाली अपराजित ने राज्य का गुरुतरभार अरिंजय नामक ज्येष्ठ पुत्र पर रक्खा और अपने आपमें उपशम भाव को स्थापित किया ॥१२१॥

विशुद्ध अभिप्राय वाले सात सौ राजाओं के साथ लक्ष्मी का परित्याग कर तथा यशस्वी और तपस्वी यशोधर मुनि को नमस्कार कर अपराजित वैराग्य के कारण मुनि हो गये। उत्कृष्ट तपस्या

---

१ सुमतिर्नाम्नी २ सुष्ठु मतिर्यस्याः सा ३ धरणेन्द्र वन्दितः ४ मरणम् ।

त्यक्त्वा सिद्धगिरौ तनुं [illegible]

संन्यस्याच्युत [illegible]

प्राप्तावधिं [illegible]

[illegible]

इत्यसगकृतौ शान्तिपुराणे श्रीमदपराजितकविवरो नाम

* षष्ठः सर्गः *

करते हुए अपराजित मुनि अत्यधिक सुशोभित हो रहे थे। परीषहों के जीतने से जो अत्यन्त शूर थे ऐसे धीर वीर मुनि घोर तप करने लगे ॥१२२॥ सिद्धगिरि पर अत्यन्त कृश शरीर को छोड़कर तथा रत्नत्रय की आराधना कर वे अच्युत स्वर्ग को प्राप्त हुए और वहाँ अविनाशी—दीर्घकाल स्थायी स्थिति से युक्त हो इन्द्रपद को धारण करने लगे। अच्युतेन्द्र ने पहले जिनेन्द्रदेव की पूजा की पश्चात् पुण्योदय से जिनका अवधिज्ञानरूपी नेत्र वृद्धि को प्राप्त हुआ था तथा जो उत्तम संपदाओं के स्वामी हुए थे ऐसे उन अच्युतेन्द्र का देव समूह ने महाभिषेक किया ॥१२३॥

इसप्रकार महाकवि असग द्वारा रचित शान्तिपुराण में अपराजित की
विजय का वर्णन करने वाला षष्ठ सर्ग समाप्त हुआ।

---

१ अतिकृशाम् २ अच्युतनामस्वर्गम् [illegible]

सप्तमः सर्गः



[1]अथातिविभवत्वेन [2]अन्तःसंकल्पलब्धिना । स [3]तत्राच्युतेन्द्रवैश्वर्यं लिलंघाराच्युतेश्वरः ॥१॥ नन्दीश्वरम्[4] कृत्वा स व्यावृत्यान्यत्र वन्दनी । अम्बूद्वीपस्य [5]मन्दरम् ॥२॥ षोडशापि स चैत्यानि वन्दित्वा तत्राभ्यर्चनं जिनालयात् । अन्ते जिनालयेऽद्राक्षीत्कश्चन [6]खचरं पतिम् ॥३॥ तत्राविन्नोऽप्यसौ दृष्टिं स्वां नाशक्तं तदाशयम् । अनेकभवसम्बन्धबन्धुस्नेहेन कीलिताम् ॥४॥ खेचरेन्द्रोऽपि तद्दृष्टिं प्राप्यान्तःस्नेहनिर्भरः । तं नमास प्रणामेन [7]जातेरिव सूचयन् ॥५॥ अच्युतेन्द्रः परिज्ञाय देशावधिविभङ्गतः । स तस्य स्वस्य चात्मानीतिसंबन्धं च भूरिशः स्वयम् ॥६॥

सप्तम सर्ग

अथानन्तर वह अच्युतेन्द्र उस अच्युत स्वर्ग में भी निर्बाध, अत्यन्त श्रेष्ठ, और मनके संकल्प मात्र से प्राप्त होने वाले आठ प्रकार के ऐश्वर्य को प्राप्त हुआ ॥१॥ एक समय वह नन्दीश्वर पूजा करने के बाद लौटकर जिनालयों की वन्दना करने की इच्छा से जम्बूद्वीप के सुमेरु पर्वत पर गया ॥२॥ वहां सोलहों जिनालयों की वन्दना और पूजा कर उसने अन्तिम जिनालय में किसी विद्याधर राजा को देखा ॥३॥ वह इन्द्र भी अनेक भव सम्बन्धी बन्धु के स्नेह से कीलित अपनी दृष्टि को उस विद्याधर राजा पर से खींचने के लिये समर्थ नहीं हो सका ॥४॥ उसकी दृष्टि को प्राप्त कर जो आन्तरिक स्नेह से भरा हुआ था ऐसे विद्याधर राजा ने भी जाति सम्बन्ध को सूचित करते हुए समान प्रणाम द्वारा उस अच्युतेन्द्र को नमस्कार किया ॥५॥

तदनन्तर अच्युतेन्द्र ने देशावधिज्ञान का उपयोग कर उसका और अपना अनेक भवों का सम्बन्ध स्वयं देख लिया ॥६॥ पश्चात् विद्याधर राजा ने उस अच्युतेन्द्र से इस प्रकार पूछा कि हे

---

१ अतिविभवत्व २ अतिमनोवृत्तिविशेषत्वेन ३ अच्युतेन्द्रवैभवं ४ नन्दीश्वर द्वीपे पूजां विधाय ५ मेरु पर्वतम् ६ विद्यां सीदन्तीति खचरस्तेषाम् विद्याधरराजान् ७ जातिसम्बन्धम् ।

ततस्तमब्रवीत्खेचरेन्द्रोऽच्युतेश्वरम् । अदृष्टोऽपि मया स्वामिन्दृष्टवत्प्रतिभासि मे ॥७॥
अयमग्रतःस्फुरत्प्रीतिर्दृष्टिपातः प्रबोधय । सम्बन्धेन विना मुग्धे मुखे कस्मै किं प्रवर्तते ॥८॥
अवाप्यन्तःप्रविश्यैवं [1]धृष्टत्वेन यदुच्यते । तद्वेत्तुमिति कश्चेऽहमतीतभवसंभवम् ॥९॥
न तवाविदितं किञ्चिद्रूपिष्विन्द्रपदं दधे । इति त्वं प्रीतिहेतुं मे व्याहरेतीत्युदीर्य सः ॥१०॥
तेन पृष्टः प्रसह्यैवं इन्द्रः परया नमःसदाम् । तस्यात्मनश्च सम्बन्धमिति वक्तुं प्रचक्रमे ॥११॥
अवास्ति खलु जम्बूदे विद्याधरनिवासभूः । स्वायतोत्तेन यस्तेन क्षीणेऽस्मिन्नर्द्ध भारतम् ॥१२॥
तत्रास्ति दक्षिणश्रेण्यां नगरं रथनूपुरम् । तत्रावसज्ज्वलनजटी नाम [2]ज्वलनादिःप्रभुः परम् ॥१३॥
[3]महाकुलीनमासाद्य विद्याः सर्वा बभासिरे । यं च तेजस्विनां नाथं शारदार्कमिव [4]त्विषः ॥१४॥
प्रियंकरः सतां नित्यं द्विषतां च भयंकरः । क्षेमंकरः प्रजानां च [5]प्रकृत्यैव बभूव सः ॥१५॥
राज्ञा मनोरमाकारा वायुवेगेति विश्रुता । महाकुला प्रिया तस्य प्रेमभूमिरभूत्परा ॥१६॥
तस्यामजीजनत्सूनुमर्ककीर्तिं परंतपम् । प्रभात इव स प्राच्यामर्कं [6]पद्मैकवल्लभम् ॥१७॥

स्वामिन् ! यद्यपि मैंने आपको देखा नहीं है तो भी आप दिखे हुए के समान जान पड़ते हैं ॥७॥ हे प्रभो ! जिसके भीतर प्रीति स्फुरित हो रही है ऐसा यह आपका दृष्टिपात सम्बन्ध के बिना मुझ जैसे क्षुद्र पुरुष पर क्यों प्रवर्तता ॥८॥ मैं भी भीतर प्रवेश कर जो धृष्टता से इस प्रकार कह रहा हूँ उसका कारण पूर्वभव से सम्बन्ध रखता है ऐसा मैं मानता हूँ ॥९॥ रूपी पदार्थों में ऐसा कोई पदार्थ नहीं है जो इन्द्रपद को धारण करने वाले आपके लिये अविदित हो अतः आप मेरी प्रीति का कारण कहिये यह कह कर वह विरत हो गया ॥१०॥

उस विद्याधर राजा के द्वारा इसप्रकार आग्रह पूर्वक पूछा गया इन्द्र उसका और अपना सम्बन्ध कहने के लिये इस तरह उद्यत हुआ ॥११॥ अथानन्तर इस जम्बूद्वीप में विद्याधरों का निवास भूत विजयार्ध नामका वह पर्वत है जिसने अपनी लम्बाई से आधे भरत क्षेत्र को नाप लिया है ॥१२॥ उस पर्वत की दक्षिण श्रेणी में रथनूपुर नामका नगर है उसमें ज्वलन जटी नामका राजा रहता था ॥१३॥ उच्च कुलोत्पन्न तथा तेजस्वी जनों के स्वामी जिस राजा को प्राप्त कर समस्त विद्याएं ऐसी सुशोभित होने लगी थीं जैसी शरद् ऋतु के सूर्य को प्राप्त कर कान्ति अथवा किरणें सुशोभित होने लगती हैं ॥१४॥ वह स्वभाव से ही निरन्तर सज्जनों का प्रिय करने वाला, शत्रुओं का भय करने वाला और प्रजाजनों का कल्याण करने वाला था ॥१५॥ उसकी वायुवेगा नाम से प्रसिद्ध सुन्दर तथा उच्चकुलीन प्रिया थी । यह उसकी बहुत भारी प्रीति पात्र थी ॥१६॥ ज्वलनजटी ने उसमें शत्रुओं को संतप्त करने वाला अर्ककीर्ति नामका पुत्र उस तरह उत्पन्न किया जिस तरह प्रातःकाल पूर्व दिशा में कमलों को अत्यन्त प्रिय (पक्षमें लक्ष्मी के अत्यन्त वल्लभ) सूर्य को उत्पन्न करता है ॥१७॥

---

१ धृष्टतया २ ज्वलनजटी नामधेयः ३ महाकुलोत्पन्नम् ४ कान्तयः ५ स्वभावेनैव ६ सरस्येकप्रियं, कमलैकप्रियञ्च ।

निरस्तै[1] बैलवत्वेन बाल्येऽपि निजुगुप्सत्वम् । [2]निरस्तुना सर्वविद्यानामवकाशमिवेच्छता ॥१८॥
ततः कनकजटीवेगौ पुत्री लक्ष्मीं स्वयंप्रभाम् । विभ्राणा दीपना मूर्तिमन्ध्यौव[3] स्वयंप्रभा ॥१९॥
ज्योतिरथस्य तनयो ज्योतिर्मालानुपागमत् । अर्ककीर्तिस्ततः [4]काल्या ज्योतिर्मालामिवापराम् ॥२०॥
तारुण्यलक्ष्मीमायां विभ्रतीं कौतुकादिव वीक्षितुम् । स्वकाले तामवज्ञावलोकनयो: क्रमै: क्रमै: ॥२१॥
तामेकदा पिता वीक्ष्य संपन्नवयौवनम् । तद्वरान्वेषणव्यग्रो बभूव सह मन्त्रिभि: ॥२२॥
ततो [5]बृहत्पुरी नित्यमे राजा [6]वैवाहिको मते । संशयादास्त [7]संविज्ञान्योन्यहानत: ॥२३॥
स वीक्ष्यावसरं भर्तुरित्याह विदितात्मय: । अस्त्यत्र भारते देशो विश्रुत: सुरमाभिधा ॥२४॥
नगरं पोदनं यत्र विश्रुते सज्जनोचिति: । [8]क्षितावूरुगुणस्यास्य प्रजापतिरितीरित: ॥२५॥
अवतार्यतिरिक्ते द्वे स्वस्मादूर्वे स भूपति: । विड्नाग इव भद्रात्मा मदरेखे मनोरमे ॥२६॥
आद्या जयावती नाम्ना द्वितीया मृगवती सती । तं वशीकृत्य ते कान्तं [9]राजत: स्व गुणान्विते ॥२७॥
अजायत जयावत्यां सूनु: [10]सूनृतवागिव: । अजय्यो विजयो नाम [11]विजयश्रीविशेषक: ॥२८॥

उसने बाल्यावस्था में भी बाल्यकाल की चपलता चित्त से दूर कर दी थी जिससे ऐसा जान पड़ता था मानों वह अपने आप में समस्त विद्याओं को अवकाश देना चाहता था ॥१८॥ तदनन्तर उन दोनों के (ज्वलनजटी और वायुवेगा के) क्रम से स्वयंप्रभा नामकी पुत्री उत्पन्न हुई । सुन्दर शरीर को धारण करती हुई वह पुत्री साक्षात् चन्द्रमा की प्रभा के समान जान पड़ती थी ॥१९॥

तदनन्तर अर्ककीर्ति ने ज्योतीरथ की पुत्री उस ज्योतिर्माला के साथ विवाह किया जो नीरोग थी तथा अन्य ज्योतिर्माला–दूसरी नक्षत्र पङ्क्ति के समान जान पड़ती थी ॥२०॥ पश्चात् अपना समय आने पर धीरे धीरे स्वयंप्रभा को यौवन लक्ष्मी प्राप्त हुई । वह यौवन लक्ष्मी ऐसी जान पड़ती थी मानों कौतुक वश उसके विविध कलाकौशल को देखने के लिये ही आयी हो ॥२१॥ एक समय पिता उसे नव यौवन से संपन्न देख, मन्त्रियों के साथ उसके योग्य वर खोजने के लिए व्यग्र हुआ ॥२२॥ तदनन्तर खिले हुए कमल के समान जिसका मुख था ऐसा राजा किसके साथ विवाह किया जाय और किसके साथ न किया जाय ऐसा संशय कर निर्णय के लिये उस पुरोहित पर निर्भर हुआ जो अत्यंत स्नेही तथा ज्योतिष शास्त्र के जानने वालों का सम्मान पात्र था ॥२३॥ वह राजा की अभिरुचि देख उसके अभिप्राय को जानता हुआ इसप्रकार कहने लगा । इस भरत क्षेत्र में सुरमा नाम से प्रसिद्ध देश है ॥२४॥ जिस देश में पोदनपुर नामका नगर है । उत्तम कीर्ति का भाण्डार प्रजापति नाम से प्रसिद्ध राजा उस नगर का रक्षक है ॥२५॥ जिस प्रकार दिग्गज दो मनोहर मद रेखाओं को धारण करता है उसीप्रकार वह भद्र प्रकृति वाला राजा अपने से पृथक् न रहने वाली दो सुन्दर स्त्रियों को धारण करता था ॥२६॥ पहली स्त्री जयावती और दूसरी मृगवती नामकी थी । गुणों से परिपूर्ण ये दोनों स्त्रियां पति को वश कर सुशोभित हो रही थीं ॥२७॥ जयावती के विजय नामका पुत्र हुआ जो सत्य तथा प्रिय वचन बोलने वाला था, अजेय था और विजय लक्ष्मी का तिलक था ॥२८॥ पश्चात् मृगवती

---

१ निरस्तवत् २ बालभावेन ३ चान्द्रीप्रभा इव ४ नीरोगाम् ५ पुरोधसि ६ ज्योतिश्शास्त्रानाम् ७ निर्णायकत्वेन स्थितोऽभूत् ८ विकसितकमलवदनः ९ लोभेते स्म १० सत्यप्रियवचनः ११ विजयलक्ष्मीतिलकः ।

तयो सुतवती लेभे तनुजं विजयाह्वयम् । [1]अनिन्दितयशोराशिं त्रिपृष्ठाख्यं श्रियः पतिम् ॥२९॥
पुरिसिंहनादविश्रब्धं स सिंहं सिंहसन्निभा । सिंहोपद्रुतदेशस्य क्षेमकारः प्रजापतिः ॥३०॥
अश्वग्रीवोऽप्यसौ चक्री खचितक्षेमवेश्वरः । तेन यानिप्यते युद्धे तनुजेन [2]स्वयोऽचल ॥३१॥
अवतस्तस्मै सुतां दत्त्व त्रिपृष्ठाय महात्मने । स तस्मिन्ननुशिष्यार्थं स्वरमत्तेश्वरेश्वरम् ॥३२॥
इन्दोर्नु खेन सम्बन्धं पूर्णमासयाय भूपतेः । स सेनाप्यम्बुजातः सत्तेन्दो वां व्यजिज्ञपत् ॥३३॥
स पोदनपुरं प्राप्य शुद्धेऽह्नि शुभलक्षणाम् । स्वयंप्रभां त्रिपृष्टाय व्यतारीद्विधिपूर्वकम् ॥३४॥
स्वयंप्रभामलभमानात् तस्मं विद्याधराधिपैः । स्वरमाणो धृधि क्रोधादश्वग्रीवः समुद्यतो ॥३५॥
ज्वलनजटेनीतिशूरेऽथ रथावर्ते महीभृति । रणः प्रववृते घोरो भूभृतां खेचरैः समम् ॥३६॥
वासुदेवस्त्रिपृष्टोऽसावश्वग्रीवं निहत्य तम् । विजयो बलदेवश्च विजयोज्जृम्भशोभनः ॥३७॥
तौ वसीक्षत्य चक्रेण विद्याभ्यामर्द्धभारतम् । [3]अमरौवानीव हृद्यानि सुखानि सिरविशताम् ॥३८॥
अतोषितरिपुः [4]सासद्विजयार्द्धमनोचतः । स रेजे स्वातसम्बन्धो मातुलश्चक्रवर्तिनः ॥३९॥

ने त्रिपृष्ठ नामका पुत्र प्राप्त किया जो विजय से सहित था, अपरिमित यश का स्वामी था तथा लक्ष्मी का पति था ॥२९॥ सिंह से उपद्रुत देश का कल्याण करने वाले राजा प्रजापति ने सिंह के समान गर्जना करने वाले जिस नर श्रेष्ठ के द्वारा सिंह का नाश कराया था ॥३०॥ समस्त विद्याधरों को नम्रीभूत करने वाला यह अश्वग्रीव चक्रवर्ती भी प्रजापति के छोटे पुत्र त्रिपृष्ठ के द्वारा युद्ध में मारा जायगा इसलिये उस महान् आत्मा त्रिपृष्ठ के लिये पुत्री देओ। इस प्रकार विद्याधरों के राजा ज्वलनजटी से प्रयोजन की बात कह कर पुरोहित चुप हो गया ॥३१-३२॥

ज्वलनजटी ने इन्दु नामक विद्याधर के मुख से राजा प्रजापति के पास इस सम्बन्ध को पूर्ण करने का समाचार कहलाया। जब राजा प्रजापति ने भी स्वीकृत कर लिया तब वह सेना सहित आकाश मार्ग से चल पड़ा ॥३३॥ उसने पोदनपुर पहुंच कर शुद्ध दिन में त्रिपृष्ठ के लिये शुभ लक्षणों से युक्त स्वयंप्रभा विधि पूर्वक प्रदान कर दी ॥३४॥ इधर अश्वग्रीव भी स्वयंप्रभा को चाहता था परन्तु जब उसे नहीं मिली तब वह क्रोध से विद्याधर राजाओं के साथ शीघ्रता करता हुआ युद्ध के लिये उद्यम करने लगा ॥३५॥ तदनन्तर विजयार्ध पर्वत के निकट ही रथावर्त नामक पर्वत पर भूमिगोचरी राजाओं का विद्याधरों के साथ घोर युद्ध हुआ ॥३६॥ उस अश्वग्रीव को मार कर त्रिपृष्ठ नारायण हुआ और विजय से जिसका यश रूपी धन बढ़ रहा था ऐसा विजय बलदेव हुआ ॥३७॥ वे दोनों वीर चक्र के द्वारा अर्ध भरत क्षेत्र को वश कर स्वर्गीय सुखों के समान मनोहर सुखों का उपभोग करने लगे ॥३८॥

उधर जिसने समस्त शत्रुओं को नष्ट कर दिया था तथा जिसका सम्बन्ध प्रसिद्ध था ऐसा चक्रवर्ती का मामा ज्वलनजटी समस्त विजयार्ध पर्वत पर शासन करता हुआ सुशोभित हो रहा था ॥३९॥ एक दिन वह भव्यजीवों को आनन्द देने वाले अभिनन्दन नामक माननीय मुनि के दर्शन कर

---

१ असमाप्तकीर्तिसमूहम् २ लघुपुत्रेण ३ स्वर्गसम्बन्धीनीव ४ शासनं कुर्वन् ।

[illegible] ॥४०॥
[illegible] ॥४१॥
[illegible] ॥४२॥
[illegible] ॥४३॥
[illegible] ॥४४॥
[illegible] ॥४५॥
[illegible] ॥४६॥
[illegible] ॥४७॥
[illegible] ॥४८॥
[illegible] ॥४९॥
[illegible] ॥५०॥

तथा धर्म सुन कर हृदय से मुमुक्षु—मोक्ष प्राप्त करने का इच्छुक हो गया ॥४०॥ तदनन्तर उसने उसी क्षण अपनी विशेषज्ञता को प्रकट करते हुए के समान राज्य लक्ष्मी को छोड़कर तपो लक्ष्मी को ग्रहण कर लिया ॥४१॥ पश्चात् राज्य भार को धारण करने वाले अर्ककीर्ति ने ज्योतिर्माला नामक स्त्री से अमिततेज नामक पुत्र को उत्पन्न किया ॥४२॥ वह मैं न केवल विद्याधर राजा का पुत्र होने से परमेश्वर–उत्कृष्ट सामर्थ्यवान् हुआ था किन्तु विद्याओं को स्वीकृत करने से भी परमेश्वर हुआ था ॥४३॥

तदनन्तर हमारे माता पिता ने जिसकी आकृति अत्यंत सुन्दर थी, और जिसके नेत्रों की कान्ति उत्तम पुतलियों से सहित थी ऐसी सुतारा नामकी कन्या उत्पन्न की ॥४४॥ पश्चात् स्वयंप्रभा ने श्रीविजय नामक ज्येष्ठ पुत्र, विजय नामक लघु पुत्र और ज्योतिप्रभा नामकी एक पुत्री क्रम से प्राप्त की ॥४५॥ तदनन्तर जो धर्म अर्थ और काम इस त्रिवर्ग में पारंगत थे तथा भव्यत्व भाव से जिनका हृदय प्रेरित हो रहा था ऐसे प्रजापति महाराज तप के लिये घर से निकले ॥४६॥ पिहितास्रव मुनि को नमस्कार कर तथा आत्महितकारी तप को स्वीकृत कर शुक्लध्यान से जिनकी आत्मा विशुद्ध हो गयी थी ऐसे प्रजापति मुनिराज ने मुक्ति प्राप्त की ॥४७॥

तदनन्तर स्वयंप्रभा की पुत्री ज्योतिप्रभा कन्या ने अर्ककीर्ति के पुत्र अमिततेज को ग्रहण किया और सुतारा ने स्वयंवर में श्रीविजय को अपना पति बनाया ॥४८॥ चिर काल बाद त्रिपृष्ठ मरण को प्राप्त हुआ और विजय ने भी तप तपकर केवलज्ञान रूप सम्पदा को प्राप्त किया ॥४९॥ तदनन्तर अर्ककीर्ति ने मुझ अमिततेज पुत्र के लिये राज्य सौंपकर तथा अभिनन्दन गुरु को नमस्कार कर दीक्षा धारण कर ली ॥५०॥ तदनन्तर संपत्ति से परिपूर्ण पिता का पद प्राप्त कर समस्त राजाओं

---

१ सुष्ठुकनीनिकायुतलोचनकान्तिः २ एतन्नामधेयो सुतः ३ अज एव देवो यस्य, मृतस्तत्पदं ।

अवसरं लब्ध्वा स्वं वंशं संज्ञापयिष्यन् । अकर्षं सार्थकं नाम सन्निवेशेश्वराख्यः ॥५१॥
एकदागन्तुकः कश्चिद् दृष्ट्वा श्रीविजयं द्विजः । सिंहासनस्थमेकान्ते लब्धासनमुवाच तम् ॥५२॥
इतः पोदनमाहत्य सप्तमे वासरे दिवः । मूर्धनि प्रज्वलन्वज्रोऽतितेजाः पतिताग्रतः[1] ॥५३॥
इत्युक्त्वा विरते वाग्मी तस्मिन्प्रश्नाय स स्वयम् । कस्त्वं किंनामधेयो वा किंयज्ज्ञानं तवेति तम् ॥५४॥
इति पृष्टः स्वयं राज्ञा ततोऽवादीत्स धीरधीः । अस्त्यूरुं सिन्धुदेशेऽस्ति पद्मिनीखेटकं पुरम् ॥५५॥
तस्मादमोघजिह्वाख्यस्त्वां द्विजातिरिहागमम् । पुत्रो विशारदस्याहं ज्योतिर्ज्ञानविचारदः ॥५६॥
इत्थमात्मानमाख्याप्य स्थितमन्तं विसृज्य तम् । अप्राक्षीत्सचिवान्राजा स्वरक्षायाश्चमेऽततः ॥५७॥
रक्षोपायेषु बहुषु प्रणीतेष्वथ मन्त्रिभिः । अस्याचिख्यासुरित्याह सां कथां मतिभूषणः ॥५८॥
कुम्भकारकटं नाम गौरेन्द्रोपत्यकं पुरम् । अस्ति तत्राखण्डविप्रो दुर्गतश्चण्डकौशिकः ॥५९॥
अभूत्प्रणयिनी तस्य सोमश्रीरिति विश्रुता । भूतान्वाराध्य सा प्रापदपत्यं मुण्डकौशिकम् ॥६०॥
जिघत्सो[2] रक्षसः कुम्भाद्रक्षितुं पुत्रमन्यदा । भूतानामर्पयद्विप्रो गुहायां तैर्न्यधायि सः ॥६१॥
तं तत्राप्य[3]ग्रसद्भीष्मः शिशुमाकस्मिकः [4]शयुः । को वा शक्तिमलं मृत्योर्धर्मं मुक्त्वा शरीरिणाम् ॥६२॥

को नम्रीभूत करते हुए तुमने अपना नाम सार्थक किया ॥५१॥ एक दिन किसी आगन्तुक ब्राह्मण ने श्रीविजय को सिंहासन पर स्थित देख एकान्त में आसन प्राप्त कर इस प्रकार कहा ॥५२॥ आज से सातवें दिन पोदनपुर नरेश के मस्तक पर जोर से गरजता हुआ वज्र वेगपूर्वक आकाश से गिरेगा ॥५३॥ इतना कह कर जब वह चुप हो गया तब अमिततेज ने उससे स्वयं पूछा कि तुम कौन हो ? किस नामके धारक हो और तुम्हें कितना ज्ञान है ? ॥५४॥

इस प्रकार राजा के द्वारा स्वयं पूछे गये, धीर बुद्धि वाले उस आगन्तुक ब्राह्मण ने कहा कि सिन्धु देश में एक पद्मिनीखेट नामका सुन्दर नगर है ॥५५॥ वहां से मैं तुम्हारे पास यहां आया हूँ अमोघजिह्व मेरा नाम है, मैं विशारद का पुत्र हूं तथा ज्योतिष ज्ञान का पण्डित हू ॥५६॥ इस प्रकार अपना परिचय देकर बैठे हुए उस ब्राह्मण को राजा ने विदा किया । पश्चात् मन्त्रियों से वज्र से अपनी रक्षा का उपाय पूछा ॥५७॥ तदनन्तर मन्त्रियों ने बहुत सारे रक्षा के उपाय बतलाये परन्तु उन उपायों का खण्डन करने की इच्छा रखते हुए मतिभूषण मन्त्री ने इस प्रकार एक कथा कही ॥५८॥

गिरिराज के निकट एक कुम्भकट नामका नगर है । उसमें चण्डकौशिक नाम वाला एक दरिद्र ब्राह्मण रहता था ॥५९॥ 'सोमश्री' इस नाम से प्रसिद्ध उसकी स्त्री थी । उसने भूतों की आराधना कर एक मुण्डकौशिक नामका पुत्र प्राप्त किया ॥६०॥ कुम्भ नामका राक्षस उस पुत्र को खाना चाहता था अतः उससे रक्षा करने के लिये ब्राह्मण ने वह पुत्र भूतों को दे दिया और भूतों ने उसे गुहा में रख दिया ॥६१॥ परन्तु वहां भी अकस्मात् आये हुए एक भयंकर अजगर ने उस पुत्र को खा लिया अतः ठीक ही है क्योंकि धर्म को छोड़ कर मृत्यु से प्राणियों की रक्षा करने के लिये कौन समर्थ है ? ॥६२॥

---

१ वज्रम् २ अत्तुमिच्छोः ३ भक्षयामास ४ अजगरः ।

[illegible]

इसलिये शान्ति को छोड़ कर रक्षा का अन्य उपाय नहीं है। फिर भी हम इनके पोदनपुर के स्वामित्व को दूर करदें अर्थात् इनके स्थान पर किसी अन्य को राजा घोषित करदें ॥६३॥

इसप्रकार कह कर जब मतिभूषण मन्त्री चुप हो गया तब प्रजा ने तामें का कुबेर बना कर उस पर राज्य स्थापित कर दिया। और राजा जिनालय में स्थित हो गया ॥६४॥ सातवां दिन पूर्ण होते ही राजा कुबेर के मुकुट विभूषित मस्तक पर आकाश से वज्र गिरा ॥६५॥ तदनन्तर श्रीविजय ने उस अमोघजिह्व नामक आगन्तुक ब्राह्मण के लिये उसका मन चाहा पद्मिनीखेट नगर ही दे दिया ॥६६॥

किसी समय श्रीविजय माता से दो विद्याएं लेकर सुतारा के साथ क्रीड़ा करने के लिये ज्योतिर्वन गया ॥६७॥ उसके चले जाने पर उत्पातों[1] के देखने से व्याकुल नागरिक जनों से युक्त पोदनपुर में आकाश से कोई विद्याधर आया ॥६८॥ कम से राजद्वार में आकर उसने अपना परिचय दिया पश्चात् राजसभा में प्रवेश किया। वहां नमस्कार कर उसने स्वयंप्रभा को देखा ॥६९॥ स्वयंप्रभा के दृष्टिपात से बताये हुए आसन पर सुख पूर्वक बैठा। पश्चात् अवसर पा कर उसने इसप्रकार कहना शुरु किया ॥७०॥ श्रीविजय के लिये कल्याणकारी यह कुछ समाचार सुनिये। मैं महान् आत्मा संभिन्न का दीपशिख नामका पुत्र हूं ॥७१॥ सुख से आराधना करने योग्य अमिततेज की पिता के साथ आराधना कर अब मैं अपने नगर की ओर जा रहा था तब मैंने रोने का शब्द सुना ॥७२॥ तदनन्तर विमान को पीछे उसमें रोती हुई स्त्री को देखा। वह स्त्री बार बार भाई तथा पति का नाम लेकर विलाप कर रही थी ॥७३॥ पश्चात् स्त्री का नाम पूछ कर तथा इसके ऊपर करुणा उत्पन्न

---

१ उत्पातानां वर्णनेन व्याकुला नागरा यस्मिन्नगरे तत्। २ गगनतः। ३ सुतारासहितः।

[illegible] ।।७४।। [illegible] ।।७५।। [illegible] ।।७६।। [illegible] ।।७७।। [illegible] ।।७८।। [illegible] ।।७९।। [illegible] ।।८०।। [illegible] ।।८१।। [illegible] ।।८२।। [illegible] ।।८३।। [illegible] ।।८४।। [illegible] ।।८५।।

होने के कारण मैं युद्ध करने की इच्छा से पिता के साथ विमान के आगे खड़ा हो गया ।।७४।। जब तक शत्रु शस्त्र नहीं ग्रहण करता है तब तक तुम्हारी वधू ने विमान के प्राङ्गण में खड़ी हो कर मुझसे यह वचन कहा ।।७५।। ज्योतिर्वन में विद्या से मेरे पति को छल कर यह अशनिघोष मुझे बलपूर्वक अपनी नगरी को लिये जा रहा है ।।७६।। मेरे पति की रक्षा करो इस प्रकार कह कर उसने शत्रु से आशङ्कित हो मुझे देखा और मैं तत्काल वहां से लौट पड़ा ।।७७।। बात यह हुई कि सुतारा का रूप धारण करने वाली विद्या कुक्कुट सर्प के विष के बहाने झूठ मूठ ही मर गयी। उसे सचमुच ही मृत जान कर राजा श्रीविजय बहुत व्याकुल हुआ तथा उसे लेकर उसके साथ चिता पर आरूढ हो गया (इसी के बीच अशनिघोष वास्तविक सुतारा को हर कर ले गया) मेरे पिता ने उस विद्या को ललकारा जिससे वह कहीं भाग गयी ।।७८-७९।। पश्चात् आश्चर्य चकित हो राजाधिराज श्रीविजय ने 'यह क्या है' इस तरह मेरे पिता से पूछा। संभिन्न ने सुतारा का समाचार उससे कहा ।।८०।। सुतारा का हरण सुन कर राजाधिराज श्रीविजय मुझे आपके पास भेजकर संभिन्न के साथ रथनूपुर गये हैं ।।८१।। इस प्रकार शीघ्र ही सुतारा का समाचार सुना कर दीप्रशिख विरत हो गया। स्वयंप्रभा भी उसी के साथ रथनूपुर गयी ।।८२।।

उस नगर को प्राप्त कर स्वयंप्रभा ने आकाश से राजभवन में प्रवेश किया। वृद्ध स्त्री पुरुष पहिचान कर उसे देखने लगे ।।८३।। वहाँ उसने, सुतारा के विरह से जो म्लान हो रहा था तथा प्रातः काल के चन्द्रमा के समान जान पड़ता था ऐसे पुत्र को और उठ कर नमस्कार करने वाले राजा को देखा ।।८४।। उन दोनों के आगे क्षण भर आसन पर बैठ कर तथा वधू के स्नेह से पड़ते हुए आंसुओं

---

१ मोऽभिष्ठवा २ सर्वं अवाच ३ वृद्धैः ४ स्त्रीपुरुषैः

[illegible] ॥८५॥ [illegible] ॥८६॥ [illegible] ॥८७॥
ततोऽर्पयत नरेन्द्राय स तस्मै हेतिनिवारिणीम् । विद्यां हेतिनिवारिण्या समं [1]बन्धविमोचिनीम् ॥८८॥
प्रसाधितमहाविद्यं कृत्वा त्वरितरं सुतैः । [2]प्रहिणोत्स्वपुरीं तं स्वरत्नाय रणाय सः ॥८९॥
महाज्वालाभिधां विद्यामनुरूपायितुं च सः । सहस्ररश्मिना सार्धं ह्रीमन्तमचलं ययौ ॥९०॥
तत्र विद्यां वशीकृत्य स्वसत्त्वेन स तत्त्वरम् । ययावनुद्रुतोऽवाप्तविद्यस्तां रिपोः पुरीम् ॥९१॥
विद्यया बहुरूपिण्या भ्रामर्या च समन्ततः । व्याप्तानं कोटिभिः कृत्वा वितत्य गगनस्थलम् ॥९२॥
युद्धयमानं नरेन्द्रेण तमिन्द्राशनिसंज्ञकम् । व्याप्तोऽप्तोऽपि व्याप्तोऽपि [illegible] विद्यया ॥९३॥
अवध्यमात्मनन्येषां विद्यास्त्रं वीक्ष्य विच्छिदे । शत्रुरेषो जितोऽपि स शूरः शूरभीकरः ॥९४॥
देहमात्रावशेषोऽथ क्षीणविद्याविभूतिकः । प्रातस्तारविमुक्तेन गगनेन समोऽभवत् ॥९५॥
स्वं [3]रिरक्षिषया वेगात्कृतावाहननिग्रहः । पापुलस्वभावत्वा चित्तं नितर्गतरलं कियत् ॥९६॥

को भीतर रोक कर उसने इस प्रकार कहा ॥८५॥ यह आप जैसे महान् आत्माओं के उद्विग्न होने का समय नहीं है । शत्रु का स्थान जान लेने पर भी आप शीघ्र निश्चय क्यों नहीं कर रहे हैं ॥८६॥ इस प्रकार सभा के बीच में यह वचन कह कर वह विरत हो गयी । ठीक ही है क्योंकि कुलीन स्त्रियां भी पराभव को सहन नहीं करती हैं ॥८७॥

तदनन्तर विद्याधर नरेश ने राजा श्रीविजय के लिये हेतिनिवारिणी–शस्त्रों को रोकने वाली विद्या के साथ बन्ध विमोचिनी–बन्ध से छुड़ाने वाली विद्या दी ॥८८॥ तदनन्तर जो विद्या सिद्ध कर चुका था और युद्ध के लिये शीघ्रता कर रहा था ऐसे श्रीविजय को उसने अपने पुत्रों के साथ शत्रु के सन्मुख भेजा ॥८९॥ और स्वयं वह महा ज्वाला नामक विद्या को सिद्ध करने के लिये सहस्ररश्मि के साथ ह्रीमन्त पर्वत पर गया ॥९०॥ वहां अपने धैर्य से शीघ्र ही विद्या सिद्ध कर उसी विद्या से अनुगत होता हुआ वह वहां से शत्रु की चक्रा नगरी गया ॥९१॥ अशनिघोष बहुरूपिणी और भ्रामरी विद्या के द्वारा अपने आपकी करोड़ों रूप बना कर तथा सब ओर से आकाश को व्याप्त कर राजा श्रीविजय के साथ युद्ध कर रहा था । यह देख विद्याधरों के राजा ने अपनी विद्या से उसकी विद्या छेद दी ॥९२–९३॥ जो दूसरों के लिये अवध्य था—दूसरे जिसे छेद नहीं सकते थे ऐसे विद्यास्त्र को देख कर अशनिघोष, यद्यपि दूसरों को जीतने वाला था, शूर था और अन्य शूरवीरों को भय उत्पन्न करने वाला था तो भी भयभीत हो गया ॥९४॥ तदनन्तर शरीर मात्र ही जिसका शेष रह गया था और विद्यारूपी विभूति जिसकी नष्ट हो गयी थी ऐसा वह अशनिघोष ताराओं से रहित, प्रातःकाल के आकाश के समान हो गया ॥९५॥ अन्त में वह अपनी रक्षा करने की इच्छा से वेग पूर्वक भागा । अथवा चित्त स्वभाव से ही चञ्चल होता है फिर पापी मनुष्य का चित्त है ही कितना ? ॥९६॥ घात करने की इच्छुक तथा भयंकर रूप धारण करने वाली विद्या ने उसका पीछा किया । इसी तरह

---

१ बन्धाद् विमोचनशीलत्वेन [illegible] २ प्रेषयामास ३ रक्षितु मिच्छया

अनन्यसदृशश्रिया विबुधसुन्दरीसंग्रहः । स क्षुधः खेचरेन्द्रोऽपि त्वरया वह सैनिकैः ॥९७॥
अवलम्ब्यपरं विचिन्त्यतोऽयमवात्मनः[1] । क्षेमं गजध्वजं[2] प्राप्तवतिष्यवरपुरबहिः ॥९८॥

❀ शार्दूलविक्रीडितम् ❀

तत्राभ्यर्च्यचतुष्टयेन सहितं भव्यात्मनां तं हितं
भक्त्या केवलिनं प्रणम्य परमा सद्यो विशुद्धाशयः ।
जातो केवलमम्बरेचरपतेर्दुर्वारशक्तेस्ततः
संसारादपि निर्भयो भगवतस्तस्य प्रभावाद्भुवम् ॥९९॥
निर्बन्धादचिराय खेचरपतिस्तन्मार्गलग्नस्तदा
दृष्ट्वा साधुलिनं तुतोष सहसा सार्धं नरेन्द्रेण सः ।
पाषाणार्चितया व्रजन्मणिमिव प्राप्यान्तरा[3] भास्वरं
बुद्धेः संपदभूच्च तस्य कृपयालङ्कारितेवामला ॥१००॥

इत्यसगकृतौ शान्तिपुराणेऽच्युतेन्द्रस्य खेचरेन्द्रप्रतिबोधने
अमिततेजःश्रीविजययोः सुतारायाप्तिकरो नाम

❀ सप्तमः सर्गः ❀

विद्याधर राजा भी सैनिकों के साथ वेग से उसके पीछे दौड़ा ॥९७॥ जब उसने अपनी रक्षा का दूसरा उपाय नहीं देखा तब वह नासिक्य नगर के बाहर स्थित [1]गजध्वज पर्वत पर जा पहुंचा ॥९८॥

वहां अनन्त चतुष्टय से सहित तथा भव्य जीवों के हितकारक केवली भगवान् को परम भक्ति से नमस्कार कर वह शीघ्र ही विशुद्ध हृदय हो गया। उन भगवान् के प्रभाव से वह न केवल दुर्वार शक्ति के धारक विद्याधर राजा से निर्भय हुआ किंतु संसार से भी निर्भय हो गया ॥९९॥ जो विद्याधर राजा चिरकाल से आग्रह पूर्वक उनके मार्ग में लग रहा था वह, राजा श्रीविजय के साथ बलभद्र को देख कर शीघ्र ही संतुष्ट हो गया। जिस प्रकार पाषाण प्राप्त करने की इच्छा से घूमने वाला मनुष्य बीच में देदीप्यमान मणि को प्राप्त कर प्रसन्न हो जाता है उसी प्रकार बीच में ही बलभद्र को प्राप्त कर विद्याधर राजा की बुद्धिरूप संपदा उन केवली भगवान् की दया से अलंकृत हुई के समान निर्मल हो गयी ॥१००॥

इसप्रकार महा कवि असग द्वारा विरचित शान्तिपुराण में अच्युतेन्द्र का विद्याधर राजा को संबोधन देना तथा अमिततेज, श्रीविजय और सुतारा का वर्णन करने वाला सातवां सर्ग पूर्ण हुआ ॥७॥

---

१ स्वस्य २ गजपन्थानामधेयं ३ मध्ये ।

१. यह पर्वत आजकल नासिक शहर से बाहर स्थित है तथा गजपंथा नाम से प्रसिद्ध है ।

अष्टमः सर्गः

अथ भव्यजनैः सेव्यमव्याबाधामलश्रियम् । जिनं तूपास्य सोऽसेवे विद्याधरनरेश्वरैः ॥१॥
अन्तःकरणकालुष्यव्यपायामललोचनौ । प्राञ्जलीभूय तौ भक्त्या सभायां समविक्षताम् ॥२॥
सुतारां तरसाऽथाय ततः प्राप स्वयंप्रभा । नत्वा केवलिनं तत्र निषसाद च सादरम् ॥३॥
अप्रच्छीद्विजयं धर्मं विजयार्द्धपतिस्ततः । धर्मानुरागनिर्धूतवैरोच्चाटितवैरिवत् ॥४॥
स सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राण्याह केवली । प्राह धर्मोमिति श्रेष्ठो न श्रेयोऽन्यदितोऽङ्गिनाम् ॥५॥
तत्त्वार्थश्रद्दधिः सम्यग्दर्शनं खलु दर्शनम् । निसर्गाधिगमाभ्यां तद् द्विधा विद्मो पुनः ॥६॥
जीवाद्याः पदार्था सप्ततत्त्वानीतीरितम् । अनादिनिधनो जीवो ज्ञानादिगुणलक्षणः ॥७॥

अष्टम सर्ग

अथानन्तर भव्य जीवों के सेवनीय तथा अव्याबाध और निर्मल लक्ष्मी से युक्त उन केवली जिनेन्द्र की विद्याधरों के राजा अमिततेज तथा राजा अशनिघोष ने भक्ति पूर्वक नमस्कार किया ॥१॥ अन्तःकरण की कलुषता का नाश हो जाने से जिनके नेत्र निर्मल हो गये थे ऐसे वे दोनों नम्रीभूत होकर भक्ति पूर्वक सभा में प्रविष्ट हुए ॥२॥ तदनन्तर स्वयंप्रभा सुतारा को लेकर वेग से वहां आ पहुंची और केवली भगवान् को आदर सहित नमस्कार कर बैठ गयी ॥३॥ तदनन्तर धर्मानुराग से जिसका वैर दूर हो गया है ऐसे विजयार्धपति–अमिततेज ने इन्द्र पूजित विजय केवली से धर्म पूछा ॥४॥

तदनन्तर उन विजय केवली ने कहा कि सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र धर्म है। यह धर्म ही प्राणियों के लिये कल्याणकारी है इससे अतिरिक्त अन्य नहीं ॥५॥ परमार्थ से तत्त्वार्थ में श्रद्धा होना सम्यग्दर्शन है। फिर वह सम्यग्दर्शन निसर्ग और अधिगम के भेद से दो प्रकार से विभक्त है ॥६॥ जीवादि पदार्थ ही सात तत्त्व हैं ऐसा गणधरादिक देवों ने कहा है। इनमें ज्ञानादि गुण रूप लक्षण से युक्त जीव अनादि निधन है ॥७॥ समस्त पदार्थों के समूह को कहने वाला पुण्य आस्रव

---

१ धर्मपूजितम् ।

अशेषभावसद्भावव्यापकं ज्ञानमिष्यते । चारित्रं सर्वसावद्यक्रियाव्युपरमः स्मृतम् ॥८॥
मिथ्यात्वाविरती योगाः कषाया बन्धहेतवः । कर्मसंसारसंसारगतिभिः सहितः स्मृतः ॥९॥
हिंसानृतचौर्येभ्यो मैथुनाच्च परिग्रहात् । सर्वतो देशतश्चैव विरतिर्व्रतमुच्यते ॥१०॥
मनोगुप्त्येषणादाननिक्षेपेर्यासमित्यः । आलोकितपानभोजनानि पञ्च भावनाः ॥११॥
हास्यलोभभयमानमौखर्यप्रत्याख्यानं प्रयक्षते । सूत्रानुभाषणं चार्याः सत्ये पञ्च भावनाः ॥१२॥
उपरोधाक्रिया वासाः शून्यागारे विमोचिते । भैक्ष्यशुद्धिरभेदः स्वे अस्तेयस्य भावनाः ॥१३॥
स्त्रीकथालोकनातीतभोगस्मृत्यङ्गसंक्रियाः । त्याज्या वृष्यरसाश्च स्युः पञ्चेति ब्रह्मभावनाः ॥१४॥
पञ्चस्वपीन्द्रियार्थेषु रागद्वेषविवर्जनम् । इष्टानिष्टेषु च ज्ञेया नैःकिञ्च्यस्य भावनाः ॥१५॥
महाव्रतानि पञ्चैव भूषणान्यनगारिणाम् । अणुव्रतान्यपैतानि भवन्ति गृहमेधिनाम् ॥१६॥
दिग्देशानर्थदण्डेभ्यो विरतिः स्यादनुव्रतम् । त्रिविधं त्रिविधेनेदं श्रावकैः श्रद्दधार्यवि ॥१७॥

कहलाता है और समस्त पाप पूर्ण क्रियाओं का अभाव हो जाना चारित्र माना गया है ॥८॥ मिथ्यात्व अविरति योग और कषाय ये बन्ध के कारण हैं। कर्मरूप संसार चार गतियों से सहित है ॥९॥ हिंसा, असत्य, चौर्य, मैथुन और परिग्रह से सर्वदेश अथवा एक देश निवृत्ति होना व्रत कहलाता है ॥१०॥ मनोगुप्ति, एषणा समिति, आदान निक्षेपण समिति, ईर्या समिति तथा आलोकितपान भोजन ये अहिंसा व्रत की रक्षा के लिये पांच भावनाएं कही गयी हैं ॥११॥ हास्यप्रत्याख्यान, लोभप्रत्याख्यान, भयप्रत्याख्यान, मौखर्यप्रत्याख्यान और आगम के अनुसार वचन बोलना ये सत्यव्रत की भावनाएं हैं ऐसा अर्थ—गणधरादिक देव कहते हैं ॥१२॥ परोपरोधाकरण, शून्यागारावास, विमोचितावास, भैक्ष्यशुद्धि और अपनी वस्तु में अभेद अर्थात् सधर्माविसंवाद ये पांच अस्तेयव्रत की भावनाएं हैं ॥१३॥ स्त्रीकथा त्याग, स्त्री—आलोकन त्याग, अतीतभोगस्मृति त्याग, अङ्गसंक्रिया—त्याग और वृष्यरस त्याग—कामोद्दीपक गरिष्ठ भोजन त्याग ये पांच ब्रह्मचर्यव्रत की भावनाएं हैं ॥१४॥ पांचों इन्द्रियों के इष्ट अनिष्ट विषयों में राग द्वेष छोड़ना ये पांच परिग्रह त्यागव्रत की भावनाएं जानने योग्य हैं ॥१५॥ पांच महाव्रत मुनियों के ही आभूषण हैं और ये पांच अणुव्रत गृहस्थों के आभूषण हैं ॥१६॥ दिग्, देश और अनर्थ दण्डों—मन वचन काय की निरर्थक प्रवृत्तियों से निवृत्ति होना गुणव्रत है। यह गुणव्रत तीन प्रकार का है तथा अपना हित चाहने वाले श्रावकों के द्वारा पालन करने के योग्य है ॥१७॥

---

१ निखिल सपाप क्रिया परित्यागः २ असत्यवचनम् ३ मैथुनात् ४ 'वाङ्मनोगुप्तीर्यादाननिक्षेपणसमित्यालोकितपानभोजनानि पञ्च' त० सू० ५ 'क्रोधलोभभीरुत्वहास्यप्रत्याख्यानान्यनुवीचि भाषणं च पञ्च' त० सू० ६ 'शून्यागारविमोचितावासपरोपरोधाकरणभैक्षशुद्धिसधर्माविसंवादाः पञ्च' त० सू० ७ 'स्त्रीरागकथाश्रवणतन्मनोहराङ्गनिरीक्षणपूर्वरतानुस्मरणवृष्येष्टरसस्वशरीरसंस्कारत्यागाः पञ्च' त० सू० ८ 'मनोज्ञामनोज्ञेन्द्रियविषयरागद्वेषवर्जनानि पञ्च' त० सू० ९ अपरिग्रहव्रतस्य ।

शिक्षा व्रत चार हैं। उनमें विशुद्ध हृदय होकर शक्ति के अनुसार काल का नियम लेकर स्थिर होना सामायिक व्रत है ॥१८॥ चारों पर्वों में चार प्रकार के आहार का त्याग कर जो प्रवर्तना है वह प्रोषधोपवास कहलाता है ॥१९॥ परिभोग और उपभोग की वस्तुओं में नियम पूर्वक प्रवर्तना अर्थात् उनका परिमाण निश्चित करना परिभोगोपभोग-परिमाणव्रत कहलाता है ॥२०॥ मद्य मांस और मधु का त्याग प्रयत्न पूर्वक करना चाहिये तथा समय पर संयमी जनों के लिये दान देना अतिथि संविभाग कहा गया है ॥२१॥ इस प्रकार सर्व हितकारी जिनेन्द्र भगवान् संक्षेप से दो प्रकार का धर्म कह कर विरत हो गये। भगवान् के द्वारा कहा हुआ वह धर्म भव्यजीवों को अत्यन्त प्रिय था ॥२२॥ विद्याधरों के राजा अमिततेज ने गुणव्रत और शिक्षाव्रतों के साथ अणुव्रतों को स्वीकृत किया तथा उनके पहले हृदय में सम्यग्दर्शन को धारण किया ॥२३॥

तदनन्तर व्रतों की प्राप्ति से संतुष्ट होने वाले विद्याधर राजा ने कौतुक वश केवली जिनेन्द्र से पूछा कि अग्निशिख ने सुतारा का हरण किया, इसमें कारण क्या है ? ॥२४॥ पश्चात् वचनों के स्वामी जिनेन्द्र भगवान् मनुष्य देव और धरणेन्द्रों से भरी हुई सभा को संविभावित करते हुए इस प्रकार के सर्वभाषामय वचन कहने लगे ॥२५॥

इस जम्बूद्वीप के दक्षिण भरत क्षेत्र में मलय नामका बड़ा देश है। उसमें रत्नपुर नगर है ॥२६॥ अपने देश में क्षुद्र शत्रुओं को खूब कूट कर नष्ट करने वाला तथा यश रूपी महाधन से सहित श्रीषेण राजा उस नगर का रक्षक था ॥२७॥ उसकी सिंहनन्दा नामकी प्रिय धर्मपत्नी थी। दूसरी स्त्री अनिन्दिता इस नाम से प्रसिद्ध थी। यह नाम से ही नहीं शील से भी अनिन्दिता-प्रशंसनीय थी ॥२८॥ जिसका उदय-ऐश्वर्य (पक्ष में उद्गमन) प्रतिदिन दिखायी दे रहा था ऐसा वह राजा

---

१ परिवज्य २ कथयित्वा ३ स्वीकार ४ कृतसुव्रतपरिग्रहः ।

अत्यंत रक्त-अनुराग से सहित (पक्ष में लालिमा से सहित) उन दोनों स्त्रियों से ऐसा सुशोभित हो रहा था जैसा संध्याओं से सूर्य सुशोभित होता है ॥२९॥ राजा की उन देवियों में इन्द्र और उपेन्द्र नामक दो पुत्र हुए जो ऐसे जान पड़ते थे मानों उसके मूर्तिमन्त मान और पराक्रम ही हों ॥३०॥ बाल क्रीड़ा करते करते उन दोनों को विद्याभ्यास हो गया था। यह ठीक ही है क्योंकि बाल्यकाल में विद्या ग्रहण करने वालों की भव्यता-श्रेष्ठता मालूम होती है ॥३१॥ जिनका निर्मल शरीर अच्छी तरह भर गया था, जो महा शक्तिशाली थे तथा जिन्होंने शत्रु के युद्धों को जीता था ऐसे वे इन्द्र और उपेन्द्र समय पर यौवन को प्राप्त कर अत्यंत सुशोभित हो रहे थे ॥३२॥

इन्द्र ने युवराज पद प्राप्त कर विवाह किया और श्रीमती नामक स्त्री में चन्द्रमा के समान चन्द्र नामक पुत्र को उत्पन्न किया ॥३३॥ नय रूपी संपदा के द्वारा पुत्र और पौत्रों के लिये हितकारी लक्ष्मी को प्राप्त करने वाला राजा श्रीषेण, चिरकाल तक सुराज्य-उत्तम राज्य सम्बन्धी सुखों का उपभोग करता रहा ॥३४॥

अन्य समय द्वारपाल ने जिसकी सूचना दी थी ऐसी भय से व्याकुल कोई करुण स्त्री 'रक्षा करो रक्षा करो' इस प्रकार राजा से बार बार कहती हुई उनके पास पहुंची ॥३५॥ उसके अश्रुत पूर्व वचन से राजा अपने प्रताप की हानि की आशङ्का से मन ही मन कुछ दुखी हुए ॥३६॥ तदनन्तर राजा ने उससे स्वयं पूछा कि जब अन्याय को नष्ट करने वाला मैं न्यायानुसार पृथिवी की रक्षा कर रहा हूँ तब तुझे किससे भय है ? ॥३७॥ अश्रुपात के कारण नीचे खिसकते हुए कंचन को दाहने हाथ से रोकती हुई वह गद्गद कण्ठ से इस प्रकार के वचन कहने लगी ॥३८॥

हे राजन् ! राजाओं में श्रेष्ठ आपका जो प्रिय ब्राह्मण है। सत्य से सुशोभित उस सात्यकि की मैं पुत्री हूँ ॥३९॥ उसकी अनुमती नामकी पतिव्रता धर्मपत्नी मेरी माता है। इस प्रकार आप मुझे

१ प्रातःसंध्याभ्याम् २ संपूर्णनिर्मलशरीरौ ३ विजितारिबुद्धौ ४ कृतविवाहः ५ उत्तमराज्यसुखानि ६ अनाकुला ७ दुःशीलभूय ८ ब्राह्मणः ९ राजश्रेष्ठस्य ।

सत्यभामा नामकी कुल बालिका जानिये ॥४०॥ कपिल नामक विदेशीय विद्वान् ने ब्राह्मणोचित कार्यों से मेरे भोले भाले पिता को धोखा देकर मुझे विवाह लिया ॥४१॥ परन्तु उसके दुराचार से मैंने जान लिया कि यह निश्चित् नीच कुल में उत्पन्न हुआ है क्योंकि आचार ही मनुष्यों के अच्छे और बुरे कुल को कह देता है ॥४२॥ तदनन्तर कुछ समय बाद कोई वृद्ध ब्राह्मण पथिक जो जीर्ण शीर्ण कथरी से युक्त था, उस कपिल को लक्ष्य कर मेरे घर के आंगन में आया ॥४३॥ संभ्रम में पड़े हुए कपिल ने अगवानी आदि के द्वारा पहले उसकी सेवा की पश्चात् मुझसे कहा कि यह तुम्हारा श्वसुर है ॥४४॥ समीचीन क्रियाओं को करने वाला वह वृद्ध ब्राह्मण, अतिथि के योग्य सत्कार प्राप्त कर कुछ दिन तक स्वतन्त्रता पूर्वक हर्ष से मेरे घर पर रहा ॥४५॥ सेवा शुश्रूषा के द्वारा जब मैंने उसे विश्वास को प्राप्त करा लिया तब एक दिन एकान्त में नमस्कार कर विनय पूर्वक उससे पूछा ॥४६॥ यद्यपि आपका यह पुत्र आपके रूप का अनुकरण करता है तथापि असदाचार से यह मेरे मन को संदेह युक्त करता रहता है ॥४७॥ 'आप वेद पाठी हैं अतः जो बात जैसी है वैसी कहिये।' इस प्रकार मैंने उससे कहा। साथ ही धन के द्वारा भी उसे अनुकूल किया। पश्चात् उसने इस प्रकार कहना प्रारम्भ किया ॥४८॥

मगध देश के अचल ग्राम में मैं वरणीजट नाम से प्रसिद्ध हूं। परम्परा से आयी हुई वृत्ति तथा ब्राह्मणों की क्रिया से सहित हूं ॥४९॥ भद्र परिणामों से युक्त यशोभद्रा मेरी स्त्री थी। उसके दो लड़के थे—श्रीभूति और नन्दिभूति ॥५०॥ यह कपिल दासी का पुत्र था और अपना ही दास था। इसने अपनी बुद्धि से ही समस्त वाङ्मय को पढ़ लिया तथा गर्व से सुशोभित हो गया ॥५१॥ इस

---

१ विवाहमाप्तवत २ नीचकुलोत्पन्नः ३ अतिथियोग्याम् ४ सत्काराम् ५ विश्वासम् ६ एकान्ते ७ वेदाध्ययन कर्ता ८ दासीपुत्रः ९ गर्वसोत्सितः ।

इत्युक्त्वा ते मुनयोऽपि स्वदेशमगमद् द्विजः । [illegible] ॥५२॥
स च [illegible] ॥५३॥
इति विज्ञाप्य तद् भूपं जगत्सारमपि [illegible] ॥५४॥
अथैरोऽत्र पुरान्तस्थे स [illegible] ॥५५॥
वीक्ष्य चारित्रसम्पन्नं भव्यदिव्ययशोऽभिधम् । स नत्वा मतिमाकर्ण्य [illegible] ॥५६॥
तदाभ्यर्च परिप्राप्तुमक्षमाय क्षमाभुजे । तपोऽधिकरणक्षान्तये [illegible] ॥५७॥
[illegible] ॥५८॥
तत्र सम्यक्त्वमित्युक्त्वा [illegible] ॥५९॥
[illegible] ॥६०॥
[illegible] ॥६१॥

प्रकार मेरे लिये उसकी उत्पत्ति कह कर वह ब्राह्मण अपने देश को चला गया। जाते समय उसने चोरों के भय से अथवा वही जीर्ण वस्त्र पहिन लिया था ॥५२॥ वह नीच कुली कपिल मेरे न चाहने पर भी मुझे भोगने की इच्छा करता है इसलिये उस दुराचारी से मेरी रक्षा करने के लिये आप जगत्पति ही समर्थ हैं ॥५३॥ इस प्रकार राजा से निवेदन कर शुद्ध चारित्र को धारण करने वाली सत्यभामा भी उनके अन्तःपुर में शरण को प्राप्त हो गयी ॥५४॥

तदनन्तर अनेक नगरवासी जिसके साथ थे जो मधु-वसन्तऋतु के समान सरस था, पृथिवी के भार को धारण करने वाला था तथा अपनी स्त्रियों से सहित था ऐसा राजा श्रीषेण वसन्तऋतु में नगर के निकट वैभार पर्वत पर क्रीड़ा कर रहा था ॥५५॥ वहाँ उसने चारित्र से संपन्न तथा भव्य जीवों से पूजित आदित्य यश नामक मुनिराज को देखकर उन्हें नमस्कार किया। पश्चात् हे भगवन्! मेरा हित कैसे हो सकता है? यह पूछा ॥५६॥ तदनन्तर व्रत पालन करने में असमर्थ उस राजा के लिए तप के सागर तथा धर्म के ज्ञाता उन मुनिराज ने दानधर्म का उपदेश दिया॥५७॥ शुभ अभिप्राय से युक्त तुम पात्र दान के फल का अनुभव कर अत्यंत निकटवर्ती काल में सम्यक्त्व को प्राप्त होओगे ॥५८॥ इस प्रकार वहाँ सुनने योग्य उपदेश को सुनकर तथा नमस्कार के द्वारा उन मुनिराज की पूजा कर पात्र दान के लिये उत्सुक होता हुआ राजा श्रीषेण नगर को चला गया ॥५९॥ अत्यंत तीव्र कषाय का उदय न होने से 'यह सुधर्म है—राजा का कर्तव्य है' यह समझ कर न्याय पूर्वक पृथिवी का पालन करते हुए उसने दीर्घ काल व्यतीत कर दिया ॥६०॥

तदनन्तर किसी समय दो मास का उपवास करने वाले चारण ऋद्धि के धारक अमितगति और आदित्य गति नामके दो मुनियों ने आहार के समय उसके भवन में प्रवेश किया ॥६१॥ हर्ष से

---

१ चौरभयात् २ जीर्णवस्त्रम् ३ वर्जने अवरो नीचः नीचवर्णइतिभावतु ४ अन्त पुरम् ५ वसन्ते ६ पत्नीसहितः ७ निकटवर्ती ८ प्रणामेन ९ पृथुम् १० एकं मासं कायतु कृतोपवासौ ११ अमितगतिः आदित्यगतिश्च ।

भरे हुए राजा श्रीषेण ने आगे जाकर नमस्कार आदि के द्वारा उनकी पूजा की, पश्चात् दोनों स्त्रियों के साथ प्रयत्न पूर्वक उन्हें आहार कराया ॥६२॥ जिसका मन अत्यंत प्रसन्न था तथा जो कल्याण को चाह रही थी ऐसी सत्यभामा ने भी कल्याणकारी उस दान को देख कर उसकी अनुमोदना की ॥६३॥ आकाश में देवों द्वारा विस्तारित पञ्चाश्चर्यों ने उस राजा की आगे होने वाली सम्पत्ति की परम्परा को सूचित किया था ॥६४॥

तदनन्तर राजा श्रीषेण के ज्येष्ठ पुत्र इन्द्र की महादेवी के साथ कान्ति से तीनों जगत् को जीतने वाली वसन्त सेना नामकी वेश्या भेंट स्वरूप आयी थी ॥६५॥ यद्यपि इन्द्र ने उसे स्वीकृत कर लिया था तो भी काम से आतुर उपेन्द्र ने सौभाग्य से उसे अपने वश कर लिया और कुछ उपाय न देख उसके साथ विवाह कर लिया ॥६६॥ कामातुर उपेन्द्र ने पिता के भी वचनों को कुछ नहीं गिना सो ठीक ही है क्योंकि कामरूप पिशाच के द्वारा ग्रस्त मनुष्य के द्वारा विनय छोड़ दी जाती है ॥६७॥ जिन्होंने भाईचारे को छोड़ कर मर्यादा तोड़ दी है ऐसे उन दोनों राज पुत्रों में स्त्री के हेतु भयंकर युद्ध होने लगा ॥६८॥ उसी समय युद्ध के मध्य तलवार खींच कर खड़े हुए उन दोनों भाईयों के बीच में आकाश से आकर कोई विद्याधर खड़ा हो गया और इस प्रकार कहने लगा ॥६९॥ प्रहार मत करो, प्रहार मत करो, यह वेश्या पूर्व भव में तुम दोनों की बहिन थी। इसलिये अब वैर विरोध छोड़ कर उसकी कथा सुनो ॥७०॥

द्वितीय द्वीप—धातकी खण्ड द्वीप में पूर्व मेरु के पूर्व विदेहों में धन धान्य से परिपूर्ण पुष्कलावती नामका देश है ॥७१॥ उस देश के मध्य में विद्याधरों का निवास भूत विजयार्ध पर्वत

---

१ देवदुन्दुभिनादा, अन्धकुन्दनिभवीतसकलरेणुधारः, गन्धोदवृष्टिः, सुमनोवृष्टिः, महोदानं महोदानमिति ध्वनिः प्रमोदाद् गगनाङ्गणकर्णिनि ने आकाशेऽवा ४ विस्तारितवान् ५ आगमतुरः ६ इन्द्रेन्द्रो ७ बहिनिशानिस्तनयोर्नयोः ८ पुत्रयोः ।

तन्मध्ये हेमरजतो राजतो [1]रजतो गिरिः। तत्रादित्यपुरं नाम्ना वरं विद्धि पुरं ॥७२॥
सुकुण्डलाभिधानोऽभूत्तत्रेशस्तत्पुतोऽस्मिः। अमिता जननिर्मे ते तयोर्जातोऽस्मि मणिकुण्डलः ॥७३॥
अथ स तपोभारं राज्यभारे नियुज्य मातुः। [2]साधितसोपविद्यायां सूनुरनुज्ञापितः पित्रा ॥७४॥
तदनन्तरमेकस्मिन्नहनि [3]विरंसया। स्वेच्छया विहरन्भूमावतरं पुण्डरीकिणीम् ॥७५॥
तत्रानमितकीर्त्याख्यमुनिमानन्दनन्दने। विश्वदृश्वन मया दृष्टो मुनिभिर्वन्दितक्रमः ॥७६॥
प्रणम्य तमहं पृष्ट्वा स्वभवातीतमुत्सुकः। स [4]प्राक्रान्त ततो वक्तुं सुव्यक्तं वाग्मिनां वरः ॥७७॥
निर्मलचरितः सौधर्मः सौधर्मसंपदा। स तत्राष्टर्द्धिसंपन्नमेवं स्वमन्वभूः ॥७८॥
सहभूतौ सहायौ द्वौ पुत्रिकेऽन्तरे अपे। अन्या सुराङ्गना कामरोगार्तानाम्ना ॥७९॥
अथापृच्छं प्रभुं नाथ कथमेताः सुतास्तव ताः। अहं कुतस्त्यो वा [5]भावि वीतशोकाह्वयम् ॥८०॥
सौधर्मप्रभवादस्मादिति प्रोवाच मे मुनिः। द्वीपोऽस्ति पुष्करादित्यः स पूर्वापरमन्दरः ॥८१॥
तत्रापरविदेहेषु मन्दरस्यापरस्य [6]पूः। वीतशोकेति नामास्ति [7]वीतशोकजनाश्रिता ॥८२॥
चक्रायुधो यथार्थाख्यो राजा तामशिषत्पुरीम्। आसीद्विद्युन्मती तस्य कनकश्रीश्च वल्लभा ॥८३॥

सुशोभित है। उसी विजयार्ध पर्वत पर आदित्यपुर नामका उत्तम नगर विद्यमान है ॥७२॥ सुकुण्डल नामक मेरे पिता उस नगर के राजा थे। अमिता मेरी माता थी और मैं उन दोनों का मणिकुण्डल नामका पुत्र हूं ॥७३॥ जिसने समस्त विद्याएं सिद्ध कर ली थीं ऐसे मुझे राज्य भार में नियुक्त कर मुक्ति की इच्छा करने वाले पिता ने तप का भार धारण कर लिया—मुनि दीक्षा ले ली ॥७४॥ तदनन्तर एक समय उस विजयार्ध पर्वत से उतर कर क्रीड़ा करने की इच्छा से स्वेच्छानुसार पृथिवी पर विहार करता हुआ मैं पुण्डरीकिणी नगरी पहुंचा ॥७५॥ उसके उद्यान में विराजमान, विश्वदर्शी तथा देवों के माननीय अमित कीर्ति नामक मुनिराज को मैंने देखा ॥७६॥ उन्हें नमस्कार कर मैंने हर्ष से अपना पूर्वभव पूछा। तदनन्तर वचन कला के पारगामी मुनिराज स्पष्ट रूप से कहने लगे ॥७७॥

निर्मल चारित्र से युक्त धर्म रूप सम्पत्ति के द्वारा तुम सौधर्म स्वर्ग में उत्पन्न हुए थे। वहां तुमने अणिमा महिमा आदि आठ ऋद्धियों से युक्त देव पद का अनुभव किया था ॥७८॥ उस समय तुम्हारे साथ रहने वाले जो दो देव थे वे पूर्वभव में तुम्हारी पुत्रियां थीं। इनके सिवाय काम रोग से पीड़ित चित्तवाली एक अन्य देवाङ्गना भी थी। वह भी तुम्हारी पुत्री थी ॥७९॥

तदनन्तर मैंने मुनिराज से पूछा कि हे नाथ! वे सब मेरी पुत्रियां कैसे थीं? और यह मैं कहां से आया हूं? हे ज्ञानरूप नेत्र के धारक! मुझे बताइये ॥८०॥ मुनिराज मेरा सौधर्म स्वर्ग के भव से पूर्व का भव इस प्रकार कहने लगे। पूर्व और पश्चिम मेरु पर्वतों से सहित पुष्कर नामका द्वीप है। उसके पश्चिम मेरु पर्वत के पश्चिम विदेहों में वीतशोका नगरी है जो शोक रहित मनुष्यों से व्याप्त है ॥८१-८२॥ सार्थक नाम वाला चक्रायुध नामका राजा उस नगरी का शासन करता था। उसकी

---

१ विजयार्धः २ साधिता सोपविद्या येन तम् ३ रन्तु-श्रीविहरन्निच्छया ४ तत्रोऽभूत् ५ भूहि ६ नगरी ७ शोकरहित जनाश्रिता।

विद्युन्मती सुता द्वे च कनकश्री: पद्मावती ।। ८३ ।। विद्युन्मती ने पद्मावती नाम से प्रसिद्ध ऐसी
[illegible] कनकश्रीवः । सुवर्णवतिका ज्येष्ठा वरा पद्मलतामिधा ।। ८५ ।।
[illegible] । अमितश्री महाध्यानात् ततान गृहमेधिताम् ।। ८६ ।।
[illegible] । ताः सौम्यत्वेन सौधर्मे प्राप्नुवीत्या तदुत्थताः ।। ८७ ।।
[illegible] । दानव्रतरताप्यासीत्सम्यक्त्वेन च वर्जिता ।। ८८ ।।
[illegible] । ततः पुरुषपर्यायं लब्ध्वा यातिपुरन्दरः ।। ८९ ।।
[illegible] । अभूतां सम्प्रति प्रीत्या [illegible] ।। ९० ।।
[illegible] । जातौ रत्नपुरेशस्य तनयौ ते बभूवतुः ।। ९१ ।।
[illegible] । तस्याः कृते तयोः क्रोधाद् युद्धमस्ति वर्तते ।। ९२ ।।
इति श्रुत्वा मुनेस्तस्मात्ततोऽहं सत्वरोद्यमम् । सौहार्दात्प्रवर्तोऽहं निवारयितुमाहवम् ।। ९३ ।।
माता भूत्वा स्वसा भार्या पिता च स्यात्सुतो रिपुः । इत्यनेकपरावर्तैर्भवभवम् को न विरज्यते ।। ९४ ।।

विद्युन्मती और कनकश्री नामकी दो स्त्रियां थीं ।। ८३ ।। विद्युन्मती ने पद्मावती नाम से प्रसिद्ध ऐसी पुत्री को प्राप्त किया जो कान्ति से दूसरी लक्ष्मी के समान जान पड़ती तथा चक्रवर्ती की गोद में क्रीड़ा करने वाली थी ।। ८४ ।। कनकश्री के सज्जनता से युक्त दो पुत्रियां हुईं । उनमें सुवर्णा वतिका ज्येष्ठ पुत्री थी और पद्मलता नामकी छोटी पुत्री थी ।। ८५ ।। उन तीनों पुत्रियों तथा दोनों रानियों को शास्त्रज्ञान से सहित अमितश्री नामकी गणिनी ने गृहस्थों के व्रत ग्रहण करा दिये ।। ८६ ।। सम्यक्त्व की विशुद्धता से सहित कनकश्री और उसकी दोनों पुत्रियां नीति पूर्वक शरीर का त्याग करती हुई पुरुष पर्याय को प्राप्त कर सौधर्म स्वर्ग में उत्पन्न हुईं ।। ८७ ।। और पद्मावती दानव्रत में रत होने पर भी सम्यक्त्व से रहित थी अतः वह उसी सौधर्म स्वर्ग में सौन्दर्य से सुशोभित देवी हुई ।। ८८ ।। सौधर्म स्वर्ग में कनकश्री का जीव जो लक्ष्मी संपन्न देव हुआ था वही स्वर्ग से च्युत होकर तुम हुए हो, ऐसा जानो । वहां से आकर यहां तुम सुकुण्डल के पुत्र मणि कुण्डल हुए हो ।। ८९ ।। इस प्रकार मेरे भवों को स्पष्ट रूप से कह कर जब मुनिराज चुप हो गये तब कौतुहल से युक्त हो मैंने पुनः नमस्कार कर उनसे पूछा कि मेरी वे पुत्रियां कहां उत्पन्न हुई हैं ? ।। ९० ।। पश्चात् भव्य शिरोमणि मुनिराज ने कहा कि तुम्हारी वे पुत्रियां जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में रत्नपुर नगर के राजा श्रीषेण के पुत्र हुए हैं ।। ९१ ।। और स्वर्ग में जो देवी थी (पद्मावती का जीव) वह वहां से च्युत हो कर वहीं पर वेश्या हुयी है । उस वेश्या के लिये उन पुत्रों—इन्द्र उपेन्द्र में क्रोध से तलवार का युद्ध हो रहा है ।। ९२ ।। उन मुनिराज से ऐसा सुन कर मैं सौहार्द वश आप दोनों का युद्ध रोकने के लिये वास्तव में वेग से यहां आया हूं ।। ९३ ।। यह जीव माता होकर बहिन, स्त्री, पिता, पुत्र और शत्रु हो जाता है ऐसे अनेक परावर्तनों से सहित इस संसार से कौन नहीं विरक्त होता है ? ।। ९४ ।। इस प्रकार अपना सम्बन्ध कह कर जब

---

१ जघन्यतोऽपि २ पुत्रत्वं प्राप्य ३ जब जघा जङ्घाः भस्पूर्वपर्यायाःतान् ४ अस्मिन् अस्मिन् ग्रहत्व इदं युद्धं प्रवृत्तमिति अस्यति ५ वेगेन ६ परमार्थेन ।

इत्युदीर्य स्वसद्बन्धं विरते खेचरेश्वरे । व्यक्ताष्टां मानसात्कोपं करवालं च तौ करात् ॥९५॥
[1]तावानन्दबहुलाश्रुकणिकाकीर्णलोचनौ । नत्वा कल्याणमित्रं तं व्याहरित्सत्प्रबोधकम् ॥९६॥
एवमावामसद्वृत्तौ सुमार्गे योज्य सत्पथे । तृतीयभवजस्नेहो नवीकृतः ॥९७॥
[2]लाघव्यादपि नायास्यद्भवाब्धेरावयोर्ध्रुवम् । तवाधःपतिष्याव [3]दुरन्ते भवसागरे ॥९८॥
एवं प्रायस्तिरोधायां विदधत्यं मणिकुण्डलम् । सुधर्माणं मुनिं नत्वा तावभूतां तपोधनौ ॥९९॥
श्रीषेणस्तद्वियोगार्तो विषलिप्तं महोत्पलम् । आघ्राय स [4]यशःशेषो बभूव भुवनेश्वरः ॥१००॥
सिंहनन्दापि तेनैव कमलेन स्वजीवितम् । अत्याक्षीत्स्वपतिप्रीत्या निदानन्यस्तमानसा ॥१०१॥
अनिन्दिता तवाऽऽघ्राय मवार विषपङ्कजम् । समं स्वप्रणयाकृष्टचित्तया सत्यभामया ॥१०२॥
उत्तरे धातकीखण्डे पूर्वमन्दरसंश्रयाम् । कुरुं प्राप्याजनि [5]क्ष्मापः स सार्धं सिंहनन्दया ॥१०३॥
अनिन्दितापि तत्रैव स्वेन शुद्धेन कर्मणा । पुरुषोऽजायत प्रीत्या सती सत्यापि तद्वधूः ॥१०४॥
[6]निराधिस्तेषु निर्विश्य सुखं पल्यत्रयोपमम् । स मृत्वाऽजनि सौधर्मे देवः श्रीनिलयाभिधः ॥१०५॥

विद्याधर राजा चुप हो रहा तब उन दोनों (इन्द्र उपेन्द्र) ने मन से क्रोध और हाथ से तलवार छोड़ दी ॥९५॥

हर्ष से उत्पन्न होने वाले अश्रुकणों से जिनके नेत्र व्याप्त थे ऐसे उन दोनों ने उस कल्याणकारी मित्र को नमस्कार कर इस प्रकार के वचन कहे ॥९६॥ इस तरह खोटी प्रवृत्ति करने वाले हम दोनों को सुमार्ग में लगा कर आपने तृतीय भव में होने वाले मातृ स्नेह को भी नया कर दिया है ॥९७॥ क्षुद्रत्विक सम्बन्ध के कारण यदि आप इतनी दूरभूमि पर नहीं आते तो हम दोनों दुःख दायक संसार सागर में पड़ जाते ॥९८॥ प्रायः इसी प्रकार के वचन कह कर उन्होंने उस मणि कुण्डल विद्याधर को विदा किया और स्वयं सुधर्मा मुनिराज को नमस्कार कर मुनि हो गये ॥९९॥ उनके वियोग से दुखी राजा श्रीषेण विषलिप्त कमल को सूंघ कर मृत्यु को प्राप्त हो गये ॥१००॥ निदानबन्ध में जिसका चित्त लग रहा था ऐसी रानी सिंहनन्दा ने भी अपने पति की प्रीति से उसी कमल के द्वारा अपना जीवन छोड़ दिया ॥१०१॥ अनिन्दिता नामकी दूसरी रानी भी अपने प्रेम से आकृष्टचित्त सत्यभामा के साथ विषलिप्त कमल को सूंघ कर मर गयी ॥१०२॥

राजा श्रीषेण सिंहनन्दा रानी के साथ धातकीखण्ड द्वीप के पूर्व मेरु सम्बन्धी उत्तरकुरु में जाकर उत्पन्न हुआ ॥१०३॥ अनिन्दिता भी अपने शुद्ध कर्म से वहीं पुरुष हुई और प्रीति के कारण सती सत्यभामा भी उसकी स्त्री हुई ॥१०४॥ मानसिक व्यथा से रहित श्रीषेण का जीव आर्य उस उत्तर कुरु में तीन पल्य तक सुख भोग कर मरा और मर कर सौधर्म स्वर्ग में श्रीनिलय विमान का स्वामी देव हुआ ॥१०५॥ निदान से उस तृतीय भव के पति के साथ साथ जाने वाली सिंहनन्दा भी

---

१ आनन्देन भवन्तौ यौ बाष्पकणिकाः ताभिः कीर्णौ व्याप्तौ लोचने ययोस्तौ २ सम्बन्धात् ३ दुष्टः अन्तो यस्य तस्मिन् ४ यश एव शेषो यस्य तथाभूतः मृतइत्यर्थः ५ पृथिवीपति. —राजा ६ मानसिक व्यथा रहितः ।

[illegible] ॥१०६॥ [illegible] ॥१०७॥
[illegible] ॥१०८॥ [illegible] ॥१०९॥ [illegible] ॥११०॥ पहले जो श्रीषेण राजा रत्नपुर का पालन करता था उसे ही तुम स्वर्ग से च्युत होकर यहां उत्पन्न हुआ अमिततेज जानो ॥१११॥ वह सिंहनन्दा भी अपने निदान दोष से विपृष्ठ की पुत्री होकर तुम्हारी इस समय की स्त्री स्वयंप्रभा हुई है ॥११२॥

यह अनिन्दिता भी तुम्हारा पुत्र श्री विजय हुयी है। तथा सुतारा को तुम सात्यकि की पुत्री सुतारा जानो ॥११३॥ श्रीषेण राजा की पर्याय में तुमने जिस कपिल को निर्वासित किया था। वह विद्याधरों का राजा होकर संसार में चिरकाल तक भ्रमण करता रहा ॥११४॥ भूतरमण नामक अटवी में ऐरावती नदी के तट पर एक आश्रम है जिसमें तापस पर्ण शालाएं बना कर निवास करते हैं ॥११५॥ उसी आश्रम में कुशों का संग्रह करने वाला एक कौशिक नामका तापस रहता था समीचीन चारित्र को रोकने वाली अरुन्धती उसकी स्त्री थी ॥११६॥ निरन्तर परस्पर आसक्त रहने वाले इन दोनों के वह कपिल का जीव मृगशृङ्ग नामसे प्रसिद्ध पुत्र हुआ। यह मृगशृङ्ग मृग चर्म तथा वल्कलों को धारण करता था ॥११७॥ जो बाल अवस्था में ही जटाधारी हो गया था तथा साफ

---

१ स्वमरणे २ सत्यभामापि ३ असण्डमैत्रीम् ४ पञ्चपल्यपर्यन्तं ५ कुशव्रतः वनु ६ इदानींतना इदानींतनी

[illegible] । [illegible] ॥११८॥
[illegible] ॥११९॥
[illegible] ॥१२०॥
[illegible] ॥१२१॥
[illegible] ॥१२२॥
[illegible] ॥१२३॥
[illegible] ॥१२४॥
[illegible] ॥१२५॥
[illegible] ॥१२६॥
[illegible] ॥१२७॥
[illegible] ॥१२८॥

किये हुए मूंजों से निर्मित कटिसूत्र को धारण करता था ऐसा वह मृगशृङ्ग बालतप-अज्ञानतप करता था ॥११८॥ वह तापस, जो बुद्धिमान्, तथा कार्य कुशल कपिल था चिर काल बाद मर कर 'मैं विद्याधर होऊं' इस निदान के कारण यह अशनिघोष हुआ है ॥११९॥ इस अशनिघोष ने सुतारा को इसलिये हरा था कि इसका चित्त सत्यभामा में लगी हुई बहुत भारी प्रीति से संस्कारित है ॥१२०॥ इसप्रकार उनके पूर्वभव कह कर जब केवली जिनेन्द्र रुक गये तब संसार वास से विरक्त होने के कारण अशनिघोष ने तप ग्रहण कर लिया—मुनि दीक्षा ले ली ॥१२१॥ दुःख से खुलने योग्य अपने पुत्र के स्नेह पाश को खोल कर स्वयंप्रभा ने भी केवली जिनेन्द्र के चरणों को नमस्कार किया और पश्चात् दीक्षा ग्रहण कर ली ॥१२२॥ विजय केवली को भक्ति पूर्वक प्रणाम कर जो श्रावक के व्रत से विभूषित थे ऐसे विद्याधर राजा तथा भूमि गोचरी राजा—दोनों अपने २ स्थान पर चले गये ॥१२३॥ आत्म हित में उद्यत रहने वाला विद्याधरों का राजा और भूमिगोचरी राजा सुनाने योग्य धर्मकथाओं को सुनता तथा जिनेन्द्र भगवान् की महामह-पूजा करता हुआ समय व्यतीत करने लगा ॥१२४॥

अथानन्तर किसी समय पोदनपुर का राजा उपवास का नियम लेकर जिन मन्दिर में विद्यमान था। वहां उसने आये हुए देवगुरु और अमर गुरु नामक दो चारण ऋद्धि धारी मुनि देखे ॥१२५॥ देव वन्दनादि की विधि पूरी कर चुकने के बाद बैठे हुए उन मुनियों को राजा ने प्रणाम कर अपने पिता के पूर्व भव पूछे ॥१२६॥

तदनन्तर उन दोनों मुनियों में ज्येष्ठ मुनि देव गुरु, ललाट तट पर हस्त कमलों को स्थापित करने वाले राजा से इस प्रकार कहने लगे। भावार्थ—मुनि राज कह रहे थे और राजा अञ्जलि को ललाट पर रख कर सुन रहा था ॥१२७॥ मैंने श्रेयान्सनाथ तीर्थंकर के पास पहले कथा प्रसङ्ग से आया हुआ प्रथम नारायण का वृत्तान्त सुना था ॥१२८॥ इस भरत क्षेत्र में भरत नाम का पूर्ण

---

१ मौञ्जितः २ दुःखेन उद्घाटनीया ३ संपादितनमस्काराद्दिव्यव्यवहारौ ४ प्रथमनारायणवृत्तान्तम् ।

[illegible] ॥१२९॥
[illegible] ॥१३०॥
[illegible] ॥१३१॥
[illegible] ॥१३२॥
[illegible] ॥१३३॥
[illegible] ॥१३४॥
[illegible] ॥१३५॥
[illegible] ॥१३६॥
[illegible] ॥१३७॥
[illegible] ॥१३८॥
विशाखनन्दिनं भीतमहत्या तं ययाचे धीः। पितृव्येण स्वं दीक्षां च [6]संभूतगिरिकेऽग्रहीत् ॥१३९॥

चक्रवर्ती था। जो आश्चर्य कारक लक्ष्मी से सहित था तथा चक्रवर्तियों में पहला चक्रवर्ती था ॥१२९॥ उनका जो मरीचि इस नाम से प्रसिद्ध पुत्र था वह असार संसार में चिरकाल तक भ्रमण करता रहा ॥१३०॥ पश्चात् मगध देश के राजगृह नगर में राजा विश्वभूति की स्त्री जयिनी के वह विश्वनन्दी नामका पुत्र हुआ ॥१३१॥ मोक्ष प्राप्त करने के इच्छुक राजा विश्वभूति ने अपना विशाल राज्य महान् आत्मा विशाखभूति नामक छोटे भाई पर रक्खा और युवराज पद अपने पुत्र के लिये दिया ॥१३२॥ पश्चात् श्रीधर मुनिको नमस्कार कर जिन दीक्षा धारण की और समस्त कर्मों का क्षय कर अविनाशी शान्तपद—मोक्ष प्राप्त किया ॥१३३॥

तदनन्तर विशाखभूति की स्त्री लक्ष्मणा के ज्येष्ठ पुत्र उत्पन्न हुआ जो विशाख नन्दी इस नाम से प्रसिद्धि को प्राप्त हुआ ॥१३४॥ श्री विश्वनन्दी के सब ऋतुओं से संपन्न वन को देख कर उसने माता के द्वारा पिता से प्रार्थना करायी कि यह वन मुझे दिला दिया जाय ॥१३५॥ पिता ने प्राग्ज्योतिष नगर के राजा को मारने के लिये युवराज को बाहर भेज दिया। पश्चात् वह संरक्षित वन अपने पुत्र के लिये दे दिया ॥१३६॥ इधर सब को आनन्दित करने वाला विश्वनन्दी जब राजा की आज्ञानुसार कार्य समाप्त कर वेग से लौटा तब उसने बनाप हरण के क्रोध से राजा की सेवा नहीं की तथा शिला का स्तम्भ कपित्थ का वृक्ष और लक्ष्मणा के पुत्र विशाख नन्दी को भग्न किया। भावार्थ—दूतों के द्वारा विश्व नन्दी को वनाप हरण का समाचार पहले ही मिल गया था इसलिये जब वह वापिस आया तब राजा से नहीं मिला। सीधा वन में गया और विशाखनन्दी को मारने के लिये तत्पर हुआ। विशाख नन्दी भागकर एक पाषाण के खम्भे के पीछे छिपा परन्तु विश्वनन्दी ने वह खम्भा तोड़ डाला वहां से भाग कर विशाख नन्दी एक कैथा के वृक्ष पर जा चढ़ा परन्तु विश्व नन्दी ने उसे भी उखाड़ दिया ॥१३७-१३८॥ पश्चात् दया से जिसकी बुद्धि आर्द्र थी ऐसे विश्व नन्दी ने अपहरीत विशाख

---

१ क्षेत्रेषु २ युवराजम् ३ उत्तरक्षणम् ४ न क्षमितः ५ लक्ष्मणायां अपत्यपुंगवः विशाखनन्दी ६ संभूतवनकमुनिराजसमीपे।

[illegible] ॥१३९॥

मगध देश का राजा विशाखभूति चिर काल तक सम्यक्त्व से सुशोभित तप को तप कर तथा विधि पूर्वक शरीर को छोड़ कर महा शुक्र स्वर्ग में देव हुआ ॥१४०॥ इधर विश्व नन्दी मुनिराज एक मास का उपवास कर आहार के समय जब मथुरा नगरी में प्रवेश कर रहे थे तब मध्याह्न के समय दुही जाने वाली घट के समान स्थूल थन से युक्त एक प्रसूता गाय ने मार्ग में उन पर प्रहार कर दिया ॥१४१॥ उसके सींगों के प्रहार से विश्व नन्दी मुनि गिर पड़े। उसी समय वेश्या के मकान की छत पर विशाख नन्दी बैठा था उसने उन गिरे हुए विश्व नन्दी मुनि की हँसी की ॥१४२॥ उसकी गर्व पूर्ण हँसी से मुनि को अत्यधिक क्रोध आ गया और उन्होंने उसे मारने की इच्छा से निदान कर लिया ॥१४३॥ पश्चात् मथुरा से लौट कर उन्होंने अत्यंत कृश शरीर को संन्यास विधिसे छोड़ा और तप के फल से वे महाशुक्र स्वर्ग में महान् ऋद्धियों को धारण करने वाले देव हुए ॥१४४॥

इधर तमसा नदी के उस पार तापसियों का एक पवित्र आश्रम था। उसमें निरन्तर यज्ञ करने वाला महाजट नामका एक तापस रहता था ॥१४५॥ विशाख नन्दी भी चिर काल तक संसार में भ्रमण कर उस तापस के सुजट नामका पुत्र हुआ। सुजट की माता का नाम जटा था ॥१४६॥ वह सुजट पञ्चाग्नि तप तप कर स्वर्ग में बड़ा देव हुआ। पश्चात् वहां से चय कर अश्वग्रीव नामका विद्याधर राजा हुआ ॥१४७॥ विशाखभूति भी स्वर्ग से चय कर विजय नामका बलभद्र हुआ और विश्वनन्दी त्रिपृष्ठ नामका पहला नारायण हुआ ॥१४८॥ इस प्रकार स्पष्ट रूप से त्रिपृष्ठ के पूर्व भव

---

१ संन्यासविधिना २ देहम् ३ अहमेयसूता गौ ४ घटवत्स्थूलस्तनयुक्ता ५ विशाखनन्दी ६ तमवोचत् ७ अतिक्रान्ते ८ पुनः मासोपवासेन का प्रवेशयोः ९ मथुरायाम् १० प्रतिनारायणः ११ बलभद्रः १२ त्रिपृष्ठनारायणः १३ त्रिपृष्ठस्य ।

कह कर जब मुनि विरत हुए तब समस्त सभा हर्ष विभोर होकर तप के फल की प्रशंसा करने लगी ॥१४९॥ इस तरह वे महामुनि-देवगुरु और अमरगुरु धर्मकथाएं करते हुए वहां चिरकाल तक ठहर कर अन्तर्हित हो गये और राजा भी अपने राज महल में रहने लगा ॥१५०॥

एक बार विद्याधर राजा तथा भूमिगोचरी राजा-दोनों ही रथनूपुर में मिले। वहां वे ग्रीष्म ऋतु के समय बाह्य उद्यान में घूम रहे थे ॥१५१॥ वहां उन्होंने अशोक वृक्ष के नीचे स्थित विपुल-मति और विमलमति नामको धारण करने वाले दो मुनि देखे ॥१५२॥ उन्होंने पहले मुकुट की किरणों से उनके चरणों को पीला किया पश्चात् अपने हाथ से तोड़े हुए पुष्पों से उनकी पूजा की ॥१५३॥ तदनन्तर उन दोनों भव्य राजाओं ने वृद्धावस्था के कारण विषयासक्ति को शिथिल कर मुनि-युगल से अपनी आयु पूछी ॥१५४॥ आप दोनों की आयु छत्तीस दिन की है इसलिये शीघ्र ही अपना हित करो, ऐसा उन मुनियों ने उनसे कहा ॥१५५॥ वे दोनों वीर अभिनन्दन नामक आचार्य से करने योग्य कार्य को ज्ञात कर हृदय में संन्यास तथा जिनेन्द्र भगवान् को धारण कर उत्तरमुख बैठ गये ॥१५६॥ विद्याधर राजा-अमिततेज ने अपना राज्य सुतेजस् नामक अपने पुत्र को सौंप दिया और श्रीविजय ने भी अपनी लक्ष्मी श्रीदत्त नामक अपने पुत्र को प्रदान की थी ॥१५७॥ विशुद्ध आत्मा वाला विद्याधर राजा तो सब प्रकार की आकांक्षाओं को छोड़कर बैठा था परन्तु अशुद्ध आत्मा वाला पृथिवीपति-श्रीविजय पिता के पद की आकांक्षा करता रहा ॥१५८॥

तदनन्तर आगमानुसार संन्यास के द्वारा शरीर छोड़कर अमिततेज ने आनत नामका स्वर्ग प्राप्त किया ॥१५९॥ वहां वह माङ्गलिक शब्दों से प्रशंसित नन्द्यावर्त विमान में प्रातः काल के सूर्य के समान आभा वाला आदित्यचूल नामका देव हुआ ॥१६०॥ और राजा श्रीविजय उसी आनत

---

१ विरतौ २ अशोकवृक्षस्य ३ विपुलमतिः, विमलमतिः, ४ उपविष्टौ बभूवतुः ५ उत्तरदिशाभिमुखं यथास्यात्तथा ६ आगमोपदेशतोऽनु

[illegible] ॥१६१॥ पुण्यात्तत्र [illegible] ॥१६२॥ ततोऽन्यत्र [illegible] ॥१६३॥ [illegible] ॥१६४॥ [illegible] ॥१६५॥ [illegible] ॥१६६॥ [illegible] ॥१६७॥ [illegible] ॥१६८॥ [illegible] ॥१६९॥ [illegible] ॥१७०॥ [illegible] ॥१७१॥ [illegible] ॥१७२॥

कल्प के स्वस्तिकावर्त विमान में देदीप्यमान चूडामणि की कान्ति से युक्त मणिचूल नामका देव हुआ ॥१६१॥ जिन्हें शीघ्र ही अवधिज्ञान प्रकट हो गया था ऐसे उन देवों ने जान लिया कि हम श्रावकाचार से संचित पुण्य से वहां उत्पन्न हुए हैं ॥१६२॥ तदनन्तर वहां उन्होंने सर्व प्रथम भक्ति पूर्वक दिव्य गन्ध आदि के द्वारा जिनेन्द्र भगवान् की पूजा की। पश्चात् देवों की अविनाशी विभूति का उपभोग किया ॥१६३॥ जिसका नवीन यौवन कभी म्लान नहीं होता ऐसे सुन्दर शरीर को धारण करने वाले उन देवों का वहां बीस सागर प्रमाण काल सुख से व्यतीत हो गया ॥१६४॥ मैं आदित्य चूल उस स्वर्ग से आकर प्रभाकरी नगरी के स्वामी राजा के अपराजित नामका उत्तम पुत्र हुआ था ॥१६५॥ मणिचूल को तुम 'यह मैं ही हूँ' ऐसा विद्याधर राजा समझो। तुम मेरे उसी पिता के अनन्त वीर्य नामक पुत्र हुए थे ॥१६६॥ युद्ध में दमितारि को मारकर निदान बन्ध के कारण तुम नारायण हुए थे। और मरकर रत्नप्रभा पृथिवी के सीमन्तक विल को प्राप्त हुए थे ॥१६७॥ वहां तुम्हें नरक की घोर वेदना भोगते देख पिता के जीव धरण ने समझा कर सम्यक्त्व ग्रहण कराया था ॥१६८॥ निरन्तर दुखी रहने वाले तुम वहां बियालीस हजार वर्ष व्यतीत कर सम्यक्त्व के कारण वहां से च्युत हुए ॥१६९॥

तदनन्तर इस जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में जो विजयार्ध पर्वत है उसकी उत्तर श्रेणी पर एक गगन वल्लभ नामका नगर है ॥१७०॥ जिसने उत्कृष्ट संपदा से इन्द्र को जीत लिया था ऐसा मेघ वाहन विद्याधर उस नगर का रक्षक था ॥१७१॥ उसकी मेघ मालिनी नाम की प्रिय रानी थी। आप नरक से निकलकर उन दोनों के मेघनाद नामक पुत्र हुए ॥१७२॥ तदनन्तर पिता का उत्कृष्ट

---

१ भास्वत्स्वस्तिकाख्ये २ अमरपतिसमाख्यामाप्तः ४ युक्तं ५ भुञ्जानम् ६ नरकेभवा नारकी ताम् ७ भयंकरपीडाम् ८ वर्षाणि ९ षड्गुणितानि सप्तसहस्रवर्षाणि १० नरकात् ।

तदनन्तरं पितुः प्राप्य चक्रवर्तिपदं [illegible] सुतैः सहितो [illegible] ॥१७३॥
[illegible] ॥१७४॥
[illegible] ॥१७५॥
[illegible] ॥१७६॥
मोहाग्नितप्तसेनाग्नौ मा भूरत्रं त्रातदीपिकम् । प्राप्य विद्युतां प्राप्य दीप्ततारोपसत्पथान् ॥१७७॥
तपसि क्षेपसि श्रीमाञ्जागरूको भवाग्निभम् । गृहस्थोऽप्युत्कृष्टसत्त्वैरिति संयतस्य गतिं गृही ॥१७८॥
पुत्रजातिकलत्रादिवागुरायामुदारधीः । मा पप्तः प्राप्तविद्याकविज्ञानाद्य भवं भवान् ॥१७९॥
इत्युक्तोऽजनिषातस्य स्वस्यान्यस्य च वक्ष्यमाणम् । हिते नियुज्य तं सोऽच्युतेन्द्रस्तिरोदधे ॥१८०॥
विधूय सेवरैश्वर्यं स तृणवत्तदनन्तरम् । सेवनादः प्रणम्याद्य प्रतिपद्यार्हदन्वयम् ॥१८१॥

शार्दूलविक्रीडितम्

योगस्थो विधिना जितेन्द्रियगणो [1]व्याधूततन्द्रास्थितिः
शुद्धात्मना भावना द्वादशभिः शुद्धात्मना भावयन् ।
दुर्वारान्स परीषहानिव परान्भावान्स्वोपलब्धात्मना
[2]कुण्ठीकृत्य सुकण्ठशत्रुविहितान्कण्ठेक्षतस्त्वागमः ॥१८२॥

चक्रवर्ती पद पाकर तुम अन्य रूप धारी अपने ही समान हितकारी पांचसौ पुत्रों से सुशोभित ही रहे हो ॥१७३॥ हम दोनों के अनेक जन्मों से अखण्ड अच्छे सम्बन्ध चले आ रहे हैं इसलिए परस्पर के देखने से प्रीति उत्पन्न हुई है ॥१७४॥ दुःख दायक इन्द्रियों के विषयों में व्यर्थ ही आसक्ति मत करो। आदर पूर्वक वैराग्य मार्ग में लगने की भावना करो ॥१७५॥ बहुत भारी मोह रूपी अग्नि के द्वारा जलते हुए इस जगत् में विषयासक्ति को छोड़ने वाले तपस्वी—मुनि ही सुखी हैं ॥१७६॥ अपने द्वारा धारण की हुई, समस्त सन्मार्ग को दिखाने वाली ज्ञानदीपिका को प्राप्त कर तुम मोहरूपी गाढ़ अन्धकार से अन्धे मत होओ ॥१७७॥ लक्ष्मी से युक्त होने पर भी तुम निरन्तर कल्याणकारी तप में जागरूक—सावधान रहो अर्थात् उत्तम तप धारण करने की निरन्तर भावना रक्खो। गृहस्थ उत्कृष्ट होने पर भी साधारण मुनि की गति को प्राप्त नहीं हो सकता ॥१७८॥ उत्कृष्ट बुद्धि तथा विद्या से युक्त होकर भी तुम पुत्र जाति तथा स्त्री आदि के जाल में मत पड़ो। यहां तुम संसार को छेद सकते हो ॥१७९॥ इसप्रकार यथाक्रम से उसके और साथ में अपने भी पूर्वभव कह कर तथा उस विद्याधर राजा को हित में लगाकर अच्युतेन्द्र तिरोहित हो गया ॥१८०॥ तदनन्तर मेघनाद ने तृण के समान अनादर से विद्याधरों का ऐश्वर्य छोड़कर तथा अभिनन्दन गुरु को प्रणाम कर दीक्षा धारण करली ॥१८१॥

जो ध्यान में स्थित थे, जिन्होंने विधिपूर्वक इन्द्रियों के समूह को जीत लिया था, आलस्य की स्थिति को दूर कर दिया था, जो शुद्ध आत्मा से संसार का भेदन करने वाली बारह भावनाओं का

---

१ दूरीकृतप्रमादस्थितिः २ कण्ठीकृत्य ।

शुद्धात्मा गिरिनन्दने निवसितैः स्वाराधिताराधनः
स्वस्थः स्वं वपुरुज्झितो विधिवशं प्राप्य प्रतीन्द्रोदयम्[1]।
तत्रत्यं स परोपकारिरतं वीक्ष्याच्युतेन्द्रं यथा
भूयः सौख्यमियाय तत्र न तथा दिव्याङ्गनानाटकम् ॥१८३॥

इत्यसगकृतौ शान्तिपुराणे खेचरेन्द्रस्य मेघनादस्या-
च्युतप्रतीन्द्रसंभवो नामाष्टमः सर्गः

चिन्तवन करते थे, जो कठिनाई से निवारण करने योग्य परिषहों के समान सुन्दर कष्ट के शत्रु द्वारा किए हुए भारी उपसर्गों की क्षमा के द्वारा कुण्ठित करके स्थित थे तथा जिन्होंने समीचीन आगम को कण्ठस्थ किया था ऐसे वे मेघनाद मुनि सुशोभित हो रहे थे ॥१८२॥ जिनकी आत्मा शुद्ध थी और जिन्होंने गिरिनन्दन पर्वत पर अच्छी तरह आराधनाओं का आराधन किया था। ऐसे वे मेघनाद मुनि अपना शरीर छोड़कर अच्युत स्वर्ग में प्रतीन्द्र हुए। समीचीन संपत्ति से सहित वह प्रतीन्द्र वहाँ परोपकारी अच्युतेन्द्र को देख कर जिसप्रकार अत्यधिक सुख को प्राप्त हुआ था उस प्रकार देवाङ्गनाओं का नाटक देखकर नहीं हुआ था ॥१८३॥

इस प्रकार महाकवि असग द्वारा विरचित शान्तिपुराण में विद्याधरराजा मेघनाद का अच्युत स्वर्ग में प्रतीन्द्र होने का वर्णन करने वाला अष्टम सर्ग समाप्त हुआ ॥८॥

---

१ शोभनप्रकारेण आराधिता आराधना येन सः।

नवमः सर्गः

अथ जम्बूद्रुमाभूषितस्ति द्वीपो महावेदिकाम् । प्रियामिव समालिङ्ग्य रमते लवणोदधिः ॥१॥
तत्र पूर्वविदेहेषु सीतादक्षिणरोधसि । देशो मान्यास्ति पर्याप्तमङ्गलो मङ्गलावती ॥२॥
प्रसंजातमदा भद्रा दूरिभोगाः सकर्णकाः । मनुजा यत्र भास्वन्तो बिभ्रते सकलाः कलाः ॥३॥
आदिमध्यावसानेषु विभिन्नरसवृत्तिषु । यत्रैकत्रैव दौर्जन्यं लक्ष्यते मङ्गुरात्मसु ॥४॥
अन्योन्यस्पर्द्धयेवोच्चैर्वर्धमानस्तरुश्च यः । उन्नमन्ति फलाभावे नमन्ति फलसंचये ॥५॥

नवम सर्ग

अथानन्तर जम्बु वृक्ष से युक्त जम्बूद्वीप है जिसकी वज्रमय वेदिका को प्रिया के समान आलिङ्गित लवण समुद्र सुशोभित हो रहा है ॥१॥ उस जम्बूद्वीप के पूर्व विदेह क्षेत्र में सीता नदी के दक्षिणतट पर मङ्गलों से परिपूर्ण मङ्गलावती नामका देश है ॥२॥ जहां पर गर्व से रहित, भद्र परिणामी, बहुत भारी भोगों से सहित, सावधान मनुष्य सुशोभित होते हुए समस्त कलाओं को धारण करते हैं ॥३॥ जहां यदि दुर्जनता देखी जाती थी तो आदि मध्य और अन्त में विभिन्न रस को धारण करने वाली विनाशीक लताओं में ही देखी जाती थी वहां के मनुष्यों में नहीं, क्योंकि वहां के मनुष्यों में कार्य के प्रारम्भ मध्य और अन्त में एक समान रस-स्नेह रहता था तथा सबकी प्रीति अभंगुर स्थायी रहती थी ॥४॥ जिस देश में सज्जन और वृक्ष परस्पर की बहुत भारी ईर्ष्या से ही मानो फलों के अभाव में उन्नत होते हैं और फलों के संचय में नम्रीभूत होते हैं। भावार्थ—जिस प्रकार वृक्ष फल टूट जाने पर भार कम हो जाने से ऊपर उठ जाते हैं और फलों के रहते हुए उनके भार से नीचे की ओर झुक जाते हैं उसी प्रकार सज्जन कार्य के समाप्त होने पर ऊपर उठ जाते हैं और कार्यों का संचय रहते नम्रीभूत रहते हैं। अथवा जिस प्रकार फल रहित वृक्ष ऊंचे होते हैं उसी प्रकार गुण रहित मनुष्य अहंकार करते हुए अपने आप को उच्च अनुभव करते हैं और गुणवान् मनुष्य विनय से नम्रीभूत रहते हैं ॥५॥ जहां पर सुन्दर स्त्रियां शरद् ऋतु की रात्रियों के समान सुशोभित होती हैं। क्योंकि जिस प्रकार शरद् ऋतु की रात्रियां [illegible]—सुन्दर नक्षत्रों

[illegible] प्रसन्नेन्दुमुखश्रियः । शरन्निशा इवाभान्ति यत्र राज्ञो मनोरमाः ॥६॥
सरितस्तीरसंरूढलवङ्गप्रसवोत्करैः । अयत्नवासितं तोयं वहंति यत्र सन्ततम् ॥७॥
[illegible] हंसा मनोज्ञमणिनूपुराः । स्पर्द्धयेव चलल्लक्ष्म्या मञ्जुमञ्जीरसिञ्जितैः ॥८॥
ततोऽस्ति जगति ख्यातं पुरं रत्नसंचयम् । पुरस्तत्तुंगप्रासादाद्यथा रत्नसंचयम् ॥९॥
[illegible] चित्रपत्रविशेषकाः ॥१०॥
अनुरूपं विशुद्धासु वलभीषु विशुद्धयः । [illegible] यत्र रामाः सविभ्रमाः ॥११॥
(युग्मम्)

[illegible] सुखाय कामिनां याति मन्दं मन्दं समीरणः ॥१२॥
यदभ्रचुम्बिसौधाग्रनीरन्ध्रध्वजविभ्रमैः । रुणद्धि सवितुर्मार्गं तीव्रातपभयादिव ॥१३॥
नित्यप्रवर्षिणः शुद्धाः [illegible] प्रवर्षुकान् । यत्रातिशेरते धीराः प्रावृषेण्यान् [illegible] ॥१४॥

से युक्त आकाश से सहित होती हैं उसी प्रकार वहां की सुन्दर स्त्रियां भी चारुताराम्बरोपेताः—सुन्दर सूत वाले वस्त्रों से सहित थीं। और जिस प्रकार शरद ऋतु की रात्रियां प्रसन्नेन्दुमुखश्रियः—मुख के समान निर्मल चन्द्रमा की शोभा से सहित होती हैं उसी प्रकार वहां की स्त्रियां भी निर्मल चन्द्रमा के समान मुख की शोभा से सहित थीं ॥६॥ जहां की नदियां तटों पर उत्पन्न लवङ्ग के फूलों के समूह से प्रयत्न के बिना सुवासित जल को निरन्तर धारण करती हैं ॥७॥ जहां कमल समूहों में बैठे हुए गर्वीले हंस चलती हुई लक्ष्मी के मनोहर नूपुरों की झनकार के साथ ईर्ष्या से ही मानों शब्द करते रहते हैं ॥८॥

तदनन्तर उस देश में जगत् प्रसिद्ध रत्नसंचय नामका वह नगर है जहां उत्तम रत्नों के गोपुर बने हुए हैं और उत्तम रत्नों का निवास होने से ही मानों उसका रत्नसंचय नाम पड़ा था ॥९॥ जहां करोड़ों उपमाओं से सहित, चित्रमय वाहनों से सुन्दर, विशुद्ध और पक्षियों के संचार से युक्त अट्टालिकाओं में उन्हीं के अनुरूप नूपुरों से सुशोभित, विविध प्रकार के पत्राकार तिलकों से सहित, विशुद्ध-उज्ज्वल और विभ्रम हावभावों से सहित स्त्रियां निवास करती हैं। भावार्थ—स्त्रियों और अट्टालिकाओं में सादृश्य था ॥१०-११॥ जहां कमलों से सहित अनेक सरोवरों की तरङ्गों से प्रेरित वायु कामीजनों को सुख के लिये धीरे-धीरे बहती रहती है ॥१२॥ जो गगन चुम्बी महलों के अग्रभाग में सघन रूप से लगी हुई ध्वजाओं के संचार से ऐसा जान पड़ता है मानों तीव्र संताप के भय से सूर्य के मार्ग को ही रोक रहा हो ॥१३॥ जहां निरन्तर बरसने वाले—सदा दान देने वाले शुद्ध-निर्मल हृदय नगर वासी, निश्चित समय पर बरसने वाले वर्षा ऋतु के काले मेघों को जीतते रहते हैं ॥१४॥ जहां स्त्रियां शब्द विद्या—व्याकरण विद्या के समान सुशोभित होती हैं। क्योंकि जिस

---

१ सुन्दरसूत्रवस्त्रसहिता राज्ञः, शोभनलक्षणयुक्तवचन सहिताः शरन्निशाः २ पुनः पुनः [illegible] ३ कमल समूहेषु ४ उपधानकोटिसहितासु पीठिकायुक्तासु वा ५ नूपुरविशोभिताः ६ पक्षिणां गमनेन सहिताः सविभ्रमास्तासु ७ हावभावविलाससहिता। ८ वेगात् ।

[illegible]

प्रकार व्याकरण विद्या चारुपदन्यासा—सुन्दर शब्दों वाले न्यास ग्रन्थ से सहित है अथवा सुन्दर सुबन्त तिङन्त रूप पदों के प्रयोग से सहित है उसी प्रकार स्त्रियां भी चारुपदन्यासा— सुन्दर चरण निक्षेप से सहित हैं। जिस प्रकार व्याकरण विद्या प्रसन्नतर वृत्ति—अत्यन्त निर्दोष वृत्ति ग्रन्थ से सहित है उसी प्रकार स्त्रियां भी अत्यन्त प्रसन्न वृत्ति—व्यवहार से सहित हैं और जिस प्रकार व्याकरण विद्या सद्रूप—सिद्धि—समीचीन रूप सिद्धि ग्रन्थ से सहित है उसी प्रकार स्त्रियां भी समीचीन रूप सिद्धि—सौन्दर्य साधना से सहित हैं ॥१५॥ जहां आकाश में शरद् ऋतु के चञ्चल मेघ भवन रूपी शेष नाग के द्वारा छोड़ी हुई कांचली के खण्डों के समान विलासी देते हैं ॥१६॥

उस नगर में सब जीवों का कल्याण करने वाली दया को धारण करने वाला क्षेमंकर नामका राजा रहता था ॥१७॥ जिसके उत्पन्न होते ही तीनों लोक स्वयं हर्ष से सेवा को प्राप्त हो जाते हैं उसका प्रभुत्व क्या कहा जाय ? ॥१८॥ जो मतिश्रुत अवधि ज्ञान के त्रिक रूपी निर्मल चक्षु के द्वारा अन्तरङ्ग बहिरङ्ग-दोनों प्रकृतियों की समीचीन स्थिति का एक साथ ज्ञाता था ॥१९॥ जो निर्भय होकर भी अन्य मनुष्यों के द्वारा कठिनाई से चढ़ाये जाने योग्य धनुष को धारण करता था और ❀पुण्यजन—राक्षसों का स्वामी होकर भी ❀सदय—दया सहित तथा ❀सदय—समीचीन भाग्य से मुक्त था ॥२०॥

जिस प्रकार पूर्ण चन्द्रमा चित्रा नामक चञ्चल तारा के साथ सम्बन्ध को प्राप्त कर सुशोभित होता है उसी प्रकार वह राजा कनक चित्रा नामक रानी के साथ सम्बन्ध को प्राप्त कर सुशोभित हो रहा था ॥२१॥ तदनन्तर वह अच्युतेन्द्र इच्छानुसार प्राप्त होने वाले सुखों से बाईस सागर प्रमाण आयु को व्यतीत कर वहां से च्युत हुआ ॥२२॥ जब वह अच्युतेन्द्र कनक चित्रा देवी के गर्भ में आने

---

१ शब्दविद्यापक्षे चारूणां पदानां सुबन्ततिङन्तरूपाणामासो निक्षेपो यासु ताः, राजपक्षे चारुर्मनोहरः पदन्यासः चरणनिक्षेपोऽसौ ताः। शब्दविद्यापक्षे न्यासपदेन न्यासग्रन्थोऽपि गृह्यते २ प्रसन्नतरं वृत्तिर्व्याख्या विशेषो यासां ताः स्त्रीपक्षेऽत्यन्तसुखोपेता वृत्तिर्व्यवहारो यासां ताः ३ सती विद्यमाना प्रशस्ता वा रूपसिद्धिर्यासु ताः पक्षे सती रूपस्य सौन्दर्यस्य सिद्धिर्यासां ताः ४ त्रिभागावशेषया ५ द्वाविंशतिसागरोपमम् ।

❀ 'यातुधानः पुण्यजनोर्ज्ञतो यातुरक्षसी' इत्यमरः ❀दयावद्भिर्दयः सदयः ❀सत् प्रशस्तो दयो भाग्यो यस्य सः ।

[illegible] ॥२३॥ पाले [1]सुर्ये [2]विभावर्याः स्वप्नानेतानवैक्षत । सूर्याचन्द्रौ मृगेन्द्रेभौ चक्रं [illegible] ॥२४॥ [illegible] [3]राजहंसोऽपि [4]लक्ष्मणानुगतो वपुः ॥२५॥ [illegible] वज्रायुध इति [illegible] ॥२६॥ [illegible] संगता यस्य मानसे । सरसीव शरत्तारः प्रसन्ने [illegible] ॥२७॥ गुणी गुणान्तरज्ञस्य [illegible] यतः । उपमानोपमेयत्वं स्वयं [illegible] ॥२८॥ चन्दनस्येव सौरभ्यं गाम्भीर्यमिव वारिधेः । सिंहस्यातीव सा शौर्यं यस्यौदार्यमकृत्रिमम् ॥२९॥ [illegible] [5]यशः [6]प्रसक्तोऽपि [7]सुनयो [8]विनयान्वितः। [10]सूक्ष्मदृष्टिर्विशालाक्षो[11] यो बिभर्ति स्म सस्मितः ।३१।

के लिए उद्यत हुआ तब कल्याणकारी आगमन को सूचित करने वाले उत्सव पहले से ही होने लगे ॥२३॥ तदनन्तर रानी ने रात्रि के चतुर्थ पहर में सूर्य, चन्द्रमा, सिंह, हाथी, चक्र और छत्र ये स्वप्न देखे ॥२४॥ पश्चात् रानी ने शोभायमान पराक्रम से युक्त वह पुत्र उत्पन्न किया जो राजहंस—लाल चोंच तथा लाल पञ्जों वाला हंस होकर भी लक्ष्मणानुगतां—सारस की स्त्रियों से अनुगत शरीर को धारण कर रहा था। (परिहार पक्ष में श्रेष्ठ राजा होकर भी लक्ष्मणा-अनुगतां—सामुद्रिक शास्त्र में निरूपित अच्छे लक्षणों से युक्त शरीर को धारण कर रहा था।) ॥२५॥ उत्पन्न होते ही उसे इन्द्र के समान शोभा अथवा लक्ष्मी से युक्त देख पिता ने प्रसन्न होकर उसका वज्रायुध नाम रक्खा था ॥२६॥ जिस प्रकार स्वच्छ सरोवर में प्रतिबिम्बित शरद् ऋतु के निर्मल तारे सुशोभित होते हैं उसी प्रकार जिस पुत्र के मनरूपी मान सरोवर में प्रतिबिम्बित—अवतीर्ण समस्त निर्मल विद्याएं सुशोभित हो रहीं थीं ॥२७॥ जिस कारण उसके समान गुणी और गुणों के अन्तर को जानने वाला दूसरा नहीं था उस कारण वह स्वयं ही अपने आपके उपमानोपमेय भाव को प्राप्त था ॥२८॥ जिस प्रकार चन्दन की सुगन्धता, समुद्र की गम्भीरता और सिंह की शूरता अकृत्रिम होती है उसी प्रकार जिसकी उदारता अकृत्रिम थी ॥२९॥ शरद् ऋतु के चन्द्रमा की किरणों के समान निर्मल जिसका यश एक (पक्ष में अद्वितीय) होकर भी एक साथ समस्त तीनों लोकों में व्याप्त हो गया था यह आश्चर्य की बात है ॥३०॥ मन्द मुसक्यान से सहित जो पुत्र प्रमद—गर्व से रहित होकर भी प्रमद—बहुत भारी गर्व से सहित था (परिहार पक्ष में हर्ष से सहित था) जो सुनय—अच्छे नय से युक्त होकर भी विनयान्वित-नयके अभाव से सहित था (परिहार पक्ष में विनय गुण से सहित था) और सूक्ष्म दृष्टि—सूक्ष्म नेत्रों से सहित होकर भी विशालाक्ष—बड़े बड़े नेत्रों से सहित था (परिहार पक्ष में गहराई से पदार्थ को देखने वाला होकर भी बड़े बड़े नेत्रों से सहित था) ॥३१॥ जो अध्ययन

---

१ चतुर्थे २ रात्रेः ३ राजहंसोऽपि सन् लक्ष्मणयोऽपि सन् ४ लक्ष्मणया सारसस्य स्त्रिया अनुगतो यस्मिन् पक्षे लक्ष्मणया लक्षणैः अनुगतो युक्तः ५ यशसा ६ प्रसक्तरहितः ७ प्रकृष्टमदेनसहितः परिहार पक्षे प्रकर्षेण हर्षेण सहितः ८ प्रशस्तनयसमुक्तः ९ न नयान्वित इति विनयान्वितः पक्षे विनये नम्रभावेन सहितः १० सूक्ष्मलोचनः पक्षे सूक्ष्मालोचनं गंभीरं विचारकः ११ दीर्घलोचनः ।

[illegible]

किये बिना ही विद्वान् था, सन्धी तरह अलंकृत न होने पर भी सुन्दर था, और आराधना-सेवा किये बिना ही सत्पुरुषों से निरन्तर स्नेह भाव रखता था ॥३२॥ जो आयुधोपेत—शस्त्रों द्वारा प्रहार करने वाला होकर भी अनिस्त्रिंश—खड्ग से रहित था (पक्ष में निस्त्रिंश—क्रूर नहीं था) सदीन—समुद्र का स्वामी—समुद्र होकर भी अजलस्थिति—जल के सद्भाव से रहित था (पक्ष में सदीन—दीनता होकर भी अजड स्थिति—मूर्खजन की स्थिति से रहित था) और मनुष्य धर्मा—यक्ष होकर भी वसुद्रव्य-परायण—कुबेर का त्याग करने में तत्पर था—अपने स्वामी के त्याग करने में उद्यत था (पक्ष में मनुष्यस्वभाव से युक्त होकर भी धन का त्याग करने में तत्पर था अर्थात् दानी था) ॥३३॥ जिस प्रकार कल्याणप्रकृति—सुवर्णमय तथा सूनति—बहुत भारी ऊंचाई से सहित सुमेरु पर्वत की सेवनीय पादच्छाया—प्रत्यन्त पर्वतों की छाया का आश्रय कर विबुध—देव विश्राम करते हैं उसी प्रकार कल्याण प्रकृति—कल्याणकारी स्वभाव से युक्त तथा सूनति—उदारता से सहित जिस वज्रायुध के सेवनीय पादच्छाया—चरणों की छाया का आश्रय कर विबुध—निपुण अथवा विविध प्रकार के विद्वान् विश्राम करते थे ॥३४॥ सुन्दरता जिसके शरीर को विभूषित करती थी, नवयौवन जिसके शरीर को विभूषित करता था, सौभाग्य जिसके नवयौवन को अलंकृत करता था और शौच गुण के धारकों के द्वारा स्तुत शौचगुण जिसके सौभाग्य को अत्यधिक सुशोभित करता था ॥३५॥

वह प्रसन्न हृदय वज्रायुध युवराज पद को पाकर लोकों के मन को हरण करने वाले शरद ऋतु के पूर्णचन्द्रमा के समान देदीप्यमान हो रहा था ॥३६॥ उस वज्रायुध ने कल्याण करने वाली पद्मिनी के समान लक्षणों से सहित तथा सुन्दर विभ्रम हाव भाव से सुशोभित (पृथिवी के पक्ष में सुन्दर पक्षियों के संचार से सुशोभित लक्ष्मीमती नामकी स्वस्थ कन्या को विवाहा था ॥३७॥ जिनमें

---

१ अनतीतोऽपि अध्ययनरहितोऽपि भूतो विद्वान् २ अनलंकृतोऽपि सुन्दरः ३ आयुधं प्रहरणं वस्य तथाभूतोऽपि तम् ४ कृपाण रहितः पक्षे अजड ५ सदीनाम्बिः स्वामी सदीनः सागरोऽपि पक्षे न दीनो सदीनः दीनता रहितः ६ अनास्तिजलस्य स्थितिर्विद्यते यस्य सः पक्षे धनवीरनेवासु न दक्षस्थितिः मूर्खजनस्थितिर्यस्य सः ७-८ मनुष्यधर्मापि पक्षोऽपि वसोः धनाधिपत्य कुबेरस्य त्यागे परायणः तत्परः वसो वसुधिपं कथं त्यजेत् इति विरोधः पक्षेमनुष्यधर्मा वसुना कर्तव्यमुक्तोऽपि वसोर्धनस्य त्यागे विहरणे परायणः वसुसंयुक्तादि वसुधिपेषु 'पशु होपे धनेश्वरी' इति कोषः ९ सुमेरु पक्षे कल्याण प्रकृतेः सुवर्णमयस्य नृपति पक्षे कल्याणी प्रकृतिः स्वभाव यस्य तस्य १० सुमेरु पक्षे बहुल उच्चः नृपति पक्षे बहुलारः ११ सुमेरुपक्षे देवाः नृपति पक्षे विद्वान्सः १२ सुमेरु पक्षे प्रत्यन्त पर्वतच्छायां नृपतिपक्षे चरणच्छायाम् ।

[illegible] । [illegible] ॥३८॥

तदनन्तरं स प्रतीन्द्रः स्वर्गात् च्युत्वा तयोर्दम्पत्योर्दिक्षु प्रसिद्धः सहस्रायुधनामा पुत्रोऽभवत् ॥३९॥ याचकेभ्यः सुवर्णरजतरूपं धनं दातुं शीलं यस्य तं श्रेष्ठं विद्वांसं—सहस्रायुधं सप्तशतीमन्याः सुन्दरस्त्रियः परिगृह्य ॥४०॥ अथानन्तरं कोकिलानां मधुरकूजनेन सूचितः वसन्तर्तुः समायातः । स वसन्तर्तुः राजाधिराजैः सुशोभितस्य तस्य महाराजस्य सेवितुमेव समायातः इव प्रतिभाति स्म ॥४१॥ वनभूमौ दूरदूरपर्यन्तं प्रसृतैः पुष्पैः व्याप्ताः पलाशवृक्षाः कामदेवस्य ध्वजपटैः रक्तवस्त्रैः निर्मिताः तम्बवः इव शोभन्ते स्म ॥४२॥ भ्रमरावलीवेष्टिताः आम्रवृक्षाः नवीनमञ्जरीभिः कामिजनहृदयस्थितस्य कामदेवस्य तोमरैः शस्त्रविशेषैः इव शोभन्ते स्म ॥४३॥ रक्ताशोकवृक्षस्य रक्तवर्णस्य पल्लवान् दृष्ट्वा का नाम स्त्री शोकस्य स्थानतां न याति स्म ॥४४॥ मञ्जुलाम्रवनेषु कोकिलाः कलं मधुरं कूजन्ति स्म । कन्दर्पस्त्रिजगतां जेतुं मङ्गल्यपटहा इव ॥४५॥ मधोः वसन्तर्तोः लक्ष्म्याः मधुमत्तैः भ्रमरैः कीर्तिः स्पष्टाक्षरैः गीयते स्म ॥४६॥ वसन्तलक्ष्म्याः अग्रगामिनि वसन्ते पुरः गच्छति सति पौराः स्त्रीहृदयैः कैश्चित् व्यावर्त्य पथागताः ॥४७॥

समान रूप से सरस रस की स्थिति थी ऐसे वे दोनों दम्पती सदा न्यूनाधिक न होने वाले प्रेम से परस्पर एक दूसरे के चित्त को हरते रहते थे ॥३८॥

तदनन्तर वह प्रतीन्द्र स्वर्ग से च्युत होकर उन दोनों के दिशाओं में प्रसिद्ध सहस्रायुध नाम को धारण करने वाला पुत्र हुआ ॥३९॥ याचकों के लिए सुवर्णरजतरूप धन को देने वाले उस श्रेष्ठ विद्वान्—सहस्रायुध ने सातसौ अन्य सुन्दर स्त्रियों को ग्रहण किया ॥४०॥ तदनन्तर कोकिलाओं की मधुर कूक से जिसकी सूचना मिल रही थी ऐसी वसन्त ऋतु आ पहुंची । वह वसन्त ऋतु ऐसी जान पड़ती थी मानो राजाधिराजों से सुशोभित उन महाराज की सेवा करने के लिए ही आयी हो ॥४१॥ वन भूमि में दूर दूर तक फैले हुए फूलों से व्याप्त पलाश के वृक्ष ऐसे सुशोभित हो रहे थे मानों कामदेव की ध्वजाओं के गेरु से रंगे हुए तम्बू ही हों ॥४२॥ भ्रमरावली से वेष्टित आम के वृक्ष नवीन मौरों से ऐसे सुशोभित हो रहे थे मानो कामी मनुष्यों के हृदय में लगने वाले कामदेव के तोमर नामक विशिष्ट शस्त्रों से ही सुशोभित हो रहे हों ॥४३॥ लाल अशोक वृक्ष के लाल के समान कान्ति वाले सुन्दर पल्लवों को देखकर अनुराग से भरी कौन पथिक स्त्री शोक के स्थान को प्राप्त नहीं हुई थी ? ॥४४॥ खिले हुए आम के वनों में कोकिलाएं जोर जोर से मनोहर शब्द कर रही थी । उनके वे मनोहर शब्द ऐसे जान पड़ते थे मानों तीनों लोकों को जीतने वाले कामदेव के मङ्गलमय नगाड़े ही बज रहे हों ॥४५॥ मौलश्री के फूलों की सुगन्धित मधु से मत्त भौंरे मानों वसन्त ऋतु की उत्कृष्ट कीर्ति को कुछ अस्पष्ट शब्दों में गा रहे थे ॥४६॥ वन भूमि में जब वसन्त श्री के समान आगे आगे घूम रहा था तब स्त्रियों के प्रेमी कितने ही पथिक अर्धमार्ग से लौट कर चले गये थे ॥४७॥ खिले हुए

---

१ वसन्तः २ गैरिकरञ्जितपटगृहाणीव ३ नवीनमञ्जरीभिः ४ शस्त्रविशेषैरिव ५ कामस्य ६ रक्तवर्णान् ७ अनुरागयुक्ता ८ शब्दं चक्रुः ९ कामस्य १० भ्रमरैः ११ स्त्रीषु हृदयं येषां तैः ।

[illegible]

फूलों की सुगन्ध से जिसने समस्त दिशाओं के अग्रभाग को सुगन्धित कर दिया है ऐसा नागकेसर का वृक्ष पुरुषों में श्रेष्ठ होने पर भी किस रागी मनुष्य को बाधित नहीं करता ? ।।४८।। जो अशोक वृक्षों की बहुत भारी लक्ष्मी वृद्धि के समान अपनी सम्पदाओं की बहुत भारी लक्ष्मी वृद्धि कर रहा था ऐसा वसन्त साधारण मनुष्य के समान स्वयं भी उन्मत्त हो गया था ।।४९।। जिसके पुष्प—ऋतुधर्म की उत्पत्ति व्यतीत हो चुकी है ऐसी वृद्ध वेश्या, जिस प्रकार कामी मनुष्यों के आनन्द के लिए नहीं होती उसी प्रकार जिसको पुष्प—फूलों की उत्पत्ति व्यतीत हो चुकी है ऐसी कुन्दलता पहले के समान भ्रमरों के आनन्द के लिए नहीं हुई थी ।।५०।। गन्ध रहित कनेर का फूल भ्रमरों के द्वारा ग्राह्य नहीं किया गया था । सो ठीक ही है क्योंकि विशेष को जानने वाला व्यक्ति वर्ण मात्र से निर्गुण की सेवा नहीं करता है ।।५१।। स्त्रियों सहित समस्त पुरुष मधु कामिनी की मालाओं को सिर पर धारण कर रहे थे उससे वे ऐसे जान पड़ते थे मानों मालाओं के छल से कामदेव की मूर्तिमन्त कीर्ति को ही धारण कर रहे थे ।।५२।। युवाओं का मन यद्यपि (व्याकरण के नियमानुसार) नपुंसक था तो भी अशोक वृक्ष के पुष्प ने उसे केवल अपनी गन्ध से स्त्रीमय कर दिया था ।।५३।। हिंडोलना चलने के भय से तरुण स्त्रियों ने सखीजनों के समीप में ही साथ बैठे हुए पतियों को अपने लीलापूर्वक आलिङ्गनों से संतुष्ट किया था ।।५४।।

तिलकवृक्ष, पुष्परस से मत्त भ्रमरों से युक्त भीतरी कलिकाओं से सहित फूलों के द्वारा वन पङ्क्तिरूपी स्त्रियों के तिलक की शोभा को विस्तृत कर रहा था । भावार्थ—तिलक वृक्ष के फूलों पर जो काले काले भ्रमर बैठे थे उनसे वह ऐसा जान पड़ता था मानों वन पङ्क्ति रूपी स्त्रियों ने तिलक ही लगा रक्खे हों ।।५५।। कुङ्कुम-केशर से मिश्रित अङ्गराग और किञ्जिरात के फूलों से निर्मित सेहरों

---

१ पुन्नाग—नागकेसर वृक्षः २ श्रेष्ठपुरुषम् ३ भ्रमराणाम् ४ पीतः पुष्पाणाम् कुसुमानामुद्गमो यस्याः सा पुष्परहिता कुन्दलता । कारणारी—वेश्यापक्षे पीतः समाप्तः पुष्पाणाम् आर्तवस्य उद्गमः उत्पत्तिर्यस्याः सा ५ न आदि न प्राप्तः अर्थात् ग्रहणम् ६ मधुकरान्विनीमत्ता मालाः व्याजेन ७ कामाभिधानस्य मन्मथस्य ८ अशोकोऽपुष्पमपि सखीजनमपि १० मधुकर पुष्परजसा मत्ता ये भ्रमराः तैः निर्मितानि पुष्पाणि आदि मस्तदंतानि मध्यपत्राणि तैः। अन्विताः सहिताः ११ कुसुम पुष्पः १२ स्नानकलोकाम् । १३ किञ्जिरातपुष्पनिर्मितैः

[illegible]

से सहित लाल वस्त्र को धारण करने वाला यह जगत् ऐसा जान पड़ता था मानों राग से ही रचा गया हो ॥५६॥ नवीन कमलों की केशर से पीली पीली दिखने वाली भ्रमर पङ्क्तियां वन के मध्य भाग में भी काम के बाणों के समान पथिकों को संतप्त कर रही थीं ॥५७॥ यह निश्चित् है कि काल के बल से सहित मन्द व्यक्ति भी समर्थ हो जाता है इसीलिये तो काम ने शरीर रहित होकर भी वसन्त के रहते हुए महात्माओं को पराजित कर दिया था ॥५८॥ चञ्चल नक्षत्रों (पक्ष में आंख की चञ्चल पुतलियों) से सहित रात्रियां, विरही चकवों की पीड़ा देखकर दया से ही मानों प्रतिदिन कृशता को प्राप्त हो रही थीं ॥५९॥ जिस प्रकार धन की इच्छा करने वाला अदक्षिण-अनुदार राजा धनदाध्युषितां—धन देने वाले पुरुषों से अधिष्ठित दिशा की ओर जाता हुआ उसे बहुत तीक्ष्ण करों-टैक्सों से संतप्त करता है उसी प्रकार धन की इच्छा करते हुए के समान अदक्षिण-उत्तरायण का सूर्य धनदाध्युषितां-कुबेर से अधिष्ठित उत्तर दिशा की ओर जाता हुआ तीक्ष्ण करों-किरणों से संतप्त कर रहा था ॥६०॥

भ्रमर उत्कट गन्ध से युक्त होने पर भी चम्पा के फूलों के पास नहीं जा रहे थे उससे ऐसा जान पड़ता था मानों वे मधु-वसना के मङ्गलाचरण के लिये रखे हुए दीप समूह की शङ्का से ही नहीं जा रहे थे ॥६१॥ वैभव, निर्गुण मनुष्य में भी गुण धारण करने के लिये समर्थ होता है इसीलिये तो फूलों से युक्त कुरबक वृक्ष भी (पक्ष में खोटे शब्द से युक्त पुरुष भी) भ्रमरों के शब्दों से सुख-सुन्दर शब्दों से युक्त हो गया था ॥६२॥ स्त्री जनों ने कान में आम की नवीन मञ्जरी धारण की थी और वसन्त ने वृद्ध मनुष्य को भी काम की नौवीं-अवस्था-जड़ता को प्राप्त करा दिया ॥६३॥ दिन के समय भी काम के बाणों से दुःखी युवाजन चकवों के समान उपभोग के लिये स्त्रियों के साथ वनान्त में निवास करते थे ॥६४॥ उस समय उत्पन्न होने वाले मुकुलों-बेड़ियों रूपी हास से उपलक्षित लता

---

१ चञ्चलकनीनिकाः पक्षे चञ्चलनक्षत्राः २ रात्रयः ३ कार्श्यम् ४ धनदेन कुबेरेण—अध्युषिता—अधिष्ठिता ५ धनमिच्छतीव ६ अनुदारः पक्षे उत्तरदिक् स्थितः ७ सुष्ठुरवः शब्दो यस्य तथाभूतः ८ कुत्सितः रवोयस्य कुत्सितश्चान्य युक्तोऽपि सुखः शोभनशब्दयुक्तोऽभूत् इति विरोधः । परिहार पक्षे कुरबक वृक्षः ९ आम्रस्य १० वृद्धोऽपिजनः मधुना—वसन्तेनस्मारं कामसम्बन्धिनं वैकम् आनादि—प्रापितः ।

[illegible]

रूपी मनोहर युवतियां ऐसी सुशोभित हो रही थीं मानों विलास सहित (पक्ष में पक्षियों के संचार से युक्त) वसन्त की लक्ष्मी को ही धारण कर रही हों ।।६५।। कानों के पास धारण किये हुए आम के पल्लव ने स्त्रियों के हृदय के भीतर स्थित मान को शीघ्र ही निकाल दिया था यह आश्चर्य की बात थी ।।६६।। हिम–कुहरे के नष्ट हो जाने से सान्द्रता–सघनता को प्राप्त होने वाली चन्द्र किरणों के समूह से रात्रियों में काम भी दिशाओं के विभाग के साथ साथ विशद–उज्ज्वल अथवा अत्यंत प्रकट हो गया था ।।६७।। इधर उधर बहुत भारी पुष्प और भ्रमरों को (काय के पक्ष में पुष्प रूपी बाणों को) चलाता है दक्षिण मरुत्–दक्षिण दिशा से आने वाला मलय समीर कामदेव के समान लोगों को अत्यधिक कम्पित कर रहा था ।।६८।। नाना प्रकार की लताओं के फूलों का लोभी भ्रमर किसी एक लता पर पैर नहीं रखता था अथवा अपना स्थान नहीं जमाता था सो ठीक ही है क्योंकि तृष्णा से कौन चञ्चल नहीं होता ? ।।६९।। उस समय स्त्री पुरुषों का प्रेम एक होने पर भी नवीनता को प्राप्त हो गया था सो ठीक ही था क्योंकि समय के बल से सभी कृश पदार्थ निश्चित् ही वृद्धि को प्राप्त होते हैं ।।७०।।

इसप्रकार वसन्त ऋतु के विस्तृत होने पर किसी समय युवराज अन्तःपुर सहित क्रीड़ा करने के लिये देवरमण वन को गया ।।७१।। स्त्रियों द्वारा क्रोध और प्रसाद की लीलाओं से वांछित किये गये युवराज ने उस वन में इच्छानुसार वसन्त की लक्ष्मी का उपभोग किया ।।७२।। तदनन्तर उस वन में जब सूर्य ऊपर तप रहा था तब छाया भी वृक्षों के नीचे आ गयी थी और उससे वह ऐसी जान पड़ती थी मानों पिपासा से युक्त होकर क्यारी का पानी पीने के लिये ही वृक्षों के नीचे पहुंच गयी हो ।।७३।। उस समय स्त्रियों के गालों के मूल भाग में उठते हुए स्वेद कणों के समूह निर्गुण्डी की मञ्जरी को लज्जित कर रहे थे ।।७४।। जिस प्रकार सुन्दर अग्रभाग से युक्त सूंड़ों वाली हस्तिनियां

---

१ हिमानीनां चन्द्रकराणां २ किरणसमूहैः ३ अत्यधिककुसुम बाणान् ४ दक्षिणविभागात् प्रवातः ५ पवनः ६ एकं लतागं चरणं न ७ वनलक्ष्मीम् ८ चकार ९ एवमानन्दयेत् १० अन्तःपुरलीलाभिः ११ सूर्ये १२ वृक्षाद्—वृक्षः शकटस्य अकं गति इन्तीति अनोकहः वृक्षः तस्मात् १३ समुत्पद्यमानस्वेदकणसमूहाः ।

[illegible] । [illegible] ॥७५॥
[illegible] ॥७६॥

प्रियदर्शना नाम वाली वह दीर्घिका सुन्दर लावण्य युक्त शरीरों से सहित सुन्दर तीर पर स्थित स्त्रियों के द्वारा ही मानों उस समय सार्थक नाम वाली हो गयी थी ॥७७॥ उस समय प्रवेश करने वाली स्त्रियों के उन्नत नितम्बों से प्रेरित हुआ जल भी हर्ष से अपने भीतर न समाता हुआ ही मानों अत्यधिक वृद्धि को प्राप्त हो रहा था ॥७८॥ स्त्रियों की कान्ति से कमलों की कान्ति, सुगन्ध से सुगन्ध और मुखों से कमल स्वय पराभव को प्राप्त हो चुके हैं ऐसा भ्रमर मानों जोर जोर से कह रहे थे ॥७९॥

उन स्त्रियों के चमकते हुए रत्नमय बहुत भारी आभूषणों की कान्ति से भीतर देदीप्यमान होने वाला वह जल भी ऐसा हो गया था मानों कामाग्नि से ही भीतर ही भीतर प्रदीप्त हो गया हो ॥८०॥ स्त्रियों के द्वारा फाग से व्याकुल किया गया युवराज भी फाग खेलने लगा सो ठीक ही है क्योंकि स्त्रियों के द्वारा क्रीडा गया महान् पुरुष भी जल क्रिया (पक्ष में जड़—प्रज्ञानी जन की क्रिया) को प्राप्त होता है ॥८१॥ परस्पर के सेचन से फैले हुए जल कणों की घनघोर वर्षा से वह दीर्घिका भी चारों ओर से ऐसी हो गयी थी मानों कुहरा से ही आच्छादित हो गयी हो ॥८२॥ इस प्रकार अन्तःपुर की स्त्रियों के साथ क्रीडा करते हुए युवराज को आकाश में जाने वाले विद्युद्दंष्ट्र नामक असुर देव ने देखा ॥८३॥ उसके वैर का कारण जान कर वह देव शीघ्र ही क्रुद्ध हो गया सो ठीक ही है क्योंकि प्राणियों का क्रोध और प्रेम कारण के बिना नहीं होते हैं ॥८४॥ बहुत भारी क्रोध से भरे

---

१ शुण्डाग्रभाग: पक्षे कमलं—चारुपुष्करौ हस्त: शुण्डा यासां ताभि: हस्तिनीभि: कान्ता पक्षे चारुपुष्करौ सुन्दरकमलसहितौ हस्तौ पाणी यासां ताभि: २ हस्तिनीभि: ३ प्रिय दर्शनं यस्या: सा पक्षे एतन्नामधेया ४ कामाग्निना ५ देव: ६ निमित्तं विना ।

[illegible]

हुए उस देवने उसी क्षण पहले तो नागपाश के द्वारा युवराज की भुजाओं का बन्धन किया पश्चात् एक शिला से उस दीर्घिका को आच्छादित कर दिया ॥८५॥ तदनन्तर युवराज ने उस नागपाश को अपनी भुजाओं की अंगड़ाई के द्वारा ही मृणाल के समान अनादर पूर्वक तत्काल तोड़ डाला ॥८६॥ और बायीं भुजा के द्वारा दीर्घिका के मुख से बड़ी भारी शिला को तथा स्त्रीजनों से शोक को एक साथ दूर कर दिया ॥८७॥ भावी चक्रवर्ती के धैर्य और शौर्य को देख कर वह देव भी भय से भाग गया सो ठीक ही है क्योंकि पुण्यवान् मनुष्य किसके द्वारा लांघा जाता है—अनादृत होता है ? अर्थात् किसी के द्वारा नहीं ॥८८॥

वह युवराज जब तक दीर्घिका के मध्य से नहीं निकला तब तक शीघ्र ही उसका यश तीनों लोकों में व्याप्त हो गया ॥८९॥ जिस प्रकार जगत् के संताप को हरने वाले चन्दन वृक्ष की दो शाखाएं सांपों के लिपटने के मार्ग से सुशोभित होती हैं उसी प्रकार जगत् के कष्ट को हरने वाले युवराज की दोनों भुजाएं नागपाश के लिपटने के मार्ग से सुशोभित हो रही थीं ॥९०॥ पर्वत की शिला को उठाने के लिये जिसकी श्रेष्ठ अंगुली का नख कुछ कुछ टेढ़ा हो गया था ऐसा युवराज का बायां हाथ सार्थक होता हुआ अत्यधिक सुशोभित हो रहा था ॥९१॥ जिस प्रकार भयभीत हाथी का बच्चा गर्जते हुए सिंह के सामने खड़े होने के लिये समर्थ नहीं होता उसी प्रकार वह विरोधी देव भी युवराज के सामने खड़े होने के लिये समर्थ नहीं हो सका ॥९२॥

इस प्रकार कौतुक से युक्त नागरिक जनों के द्वारा कहे जाने वाले अपने पौरुष को दूसरे के पौरुष के समान आदर से सुनते हुए युवराज ने नगर में प्रवेश किया ॥९३॥ सभा से बहुत दूर निकल कर राजा लोग जिसे देख रहे थे ऐसे युवराज ने बन्दीजनों की विरुदावली को रोक कर राजभवन में प्रवेश किया ॥९४॥ वहां सिंहासन पर विराजमान, तीनों जगत् के गुरु-तीर्थंकर पद धारक पिता को

---

१ आच्छादयामास २ युवराजभाजावबीजयत् स्तं नागपाशं नित्यर्थः ३ अतिक्रम्य ४ सभायाः सकाशात् ५ सिंहस्य ६ हस्तिबालक इव ७ भयभीतो भवन् ।

[illegible]

नमस्कार कर उसकी प्रेमपूर्ण दृष्टि के द्वारा बार बार देखा गया युवराज अत्यधिक प्रसन्न हो रहा था ॥९५॥ उस समय परस्पर कहने वाले राजाओं के मुख से युवराज के पराक्रम को सुन कर प्रभु—तीर्थंकर परम देव हर्ष से मुसकराने लगे ॥९६॥ वहां कुछ समय तक ठहर कर पिता से विदा को प्राप्त हुआ युवराज अपने घर आकर इच्छानुसार चेष्टा करने लगा ॥९७॥

अथनन्तर क्षेमंकर महाराज यद्यपि स्वयं प्रबुद्ध थे तथापि लौकान्तिक देवों ने अपना नियोग पूरा करने के लिये उन्हें नमस्कार कर तप के लिये संबोधित किया ॥९८॥ उस समय युवराज वज्रायुध ने मोक्षाभिलाषी पिता के द्वारा दिये हुए देदीप्यमान मुकुट को मस्तक पर और शिक्षा वाक्य को हृदय में धारण किया ॥९९॥ क्षेमंकर प्रभु इन्द्र समूह के द्वारा किये हुए दीक्षा कल्याणक का अनुभव कर उसी नगर के उद्यान में उत्तरमुख विराजमान हो तथा सिद्धों को नमस्कार कर दीक्षित हो गये ॥१००॥

तदनन्तर जो स्वभाव से ही प्रकाश को करने वाला था अथवा मन्त्री आदि प्रजा के लोग जिसका जयघोष कर रहे थे और जो लोकपाल के समान दिखाई देता था ऐसा वज्रायुध पिता के सिंहासन पर स्थित होकर अत्यधिक सुशोभित हो रहा था ॥१०१॥ नमस्कार करने वाले राजाओं के मुकुट सम्बन्धी प्रकाश से व्याप्त उसकी सभाभूमियां क्षण भर के लिये ऐसी जान पड़ती थीं मानों बिजली से प्रकाशित मेघ की ही लीला को धारण कर रही हों ॥१०२॥ अपनी युक्तकारिता को—मैं विचार कर योग्य कार्य करता हूं इस बात को विस्तृत करते हुए राजा वज्रायुध ने अपने पुत्र सहस्रायुध पर युवराज पद की योजना की थी। भावार्थ—वज्रायुधने अपने पुत्र सहस्रायुध को युवराज बना दिया ॥१०३॥ परस्पर विरोधी प्रशम और पराक्रम को धारण करते हुए भी उसने पृथिवी को अविरुद्ध—विरोध रहित क्रिया के फल से युक्त किया था, यह आश्चर्य की बात थी ॥१०४॥

---

१ संमुखोऽभूत् २ राज्ञाम् ३ पराक्रमम् ४ मन्त्रिभिर्युक्त मुक्तः ५ दीक्षाकल्याणम् ६ उत्तरमुखः ७ व्याप्ताः ८ पृथिवीम् ।

[illegible] ॥१०२॥
[illegible] ॥१०३॥
[illegible] ॥१०४॥
[illegible] ॥१०५॥
[illegible] ॥१०६॥
[illegible] ॥१०७॥
[illegible] ॥१०८॥
[illegible] ॥१०९॥
[illegible] ॥११०॥
[illegible] ॥१११॥
[illegible] ॥११२॥
[illegible] ॥११३॥
[illegible] ॥११४॥

सहस्रायुध से उत्पन्न हुआ वज्रायुध का एक पोता था जो कनकशान्ति इस नाम को धारण करता था और प्रशमगुण से सहित था ॥१०५॥

तदनन्तर विवाद करने की इच्छा रखने वाला कोई एक विद्वान् किसी समय अपने आप की सूचना देकर उदार मनुष्यों से परिपूर्ण वज्रायुध की राजसभा में आया ॥१०६॥ मान के कारण भीतर कठोर होने पर भी उसने राजा को प्रणाम किया। उससे वह ऐसा जान पड़ता था मानों राजा के अतिशय शोभायमान तेज को सहन करने के लिये वह समर्थ नहीं हो रहा था ॥१०७॥ असाधारण आकृति को धारण करने वाले उस विद्वान् को राजा वज्रायुध ने अपने हाथ से आसन का निर्देश किया सो ठीक ही है क्योंकि विशिष्ट शरीर को धारण करने वाला मनुष्य किसके द्वारा नहीं पूजा जाता ? ॥१०८॥ तदनन्तर कथा के प्रसङ्ग से राजा का प्रस्ताव प्राप्त कर वह इस प्रकार की संस्कार पूर्ण वाणी को कहने के लिये उद्यत हुआ ॥१०९॥

हे राजन् ! अपरिमित स्वरूपयुक्त भूत भावी और वर्तमान आत्मा को जानने की इच्छा रखता हुआ मैं आप जैसे सामर्थ्य शाली विद्वान के पास आया हूं ॥११०॥ आत्मा के अस्तित्व को सिद्ध करने में संलग्न प्रमाणों का अभाव होने से आत्मा निरात्म रूप है—अभाव रूप है ऐसा कितने ही महात्माओं ने प्रतिपादन किया है ॥१११॥ हे विभो ! यह स्पष्ट ही है कि प्रत्यक्ष प्रमाण आत्मा को देखने के लिये समर्थ नहीं है क्योंकि परोक्ष आत्मा के देखने में उसको अप्रत्यक्षता का प्रसङ्ग आता है ॥११२॥ हे प्रभो ! लिङ्ग और लिङ्गी—साधन और साध्य के अविनाभाव रूप कारण से उत्पन्न होने वाला अनुमान प्रमाण भी आत्मा को जानने के लिये समर्थ नहीं है ॥११३॥ विरुद्ध आगम के सद्भाव से अन्वय की सत्यता निरस्त हो जाने के कारण बुद्धिमान् पुरुषों के लिये आगम भी आत्म स्वभाव का ज्ञान कराने में समर्थ नहीं है। भावार्थ—एक आगम आत्मा का अस्तित्व सिद्ध करता है

---

१ विवादं कर्तुमिच्छुः २ सर्वमुक्तोऽपि ३ असाधारणाकृतेः ४ सुन्दरशरीरयुक्तः ५ स्वरूपरहितः ६ साध्यसाधन ।

[illegible]

तो दूसरा आगम उसका नास्तित्व सिद्ध करता है इसलिये आत्मा का अस्तित्व सिद्ध करने में आगम प्रमाण की क्षमता नहीं है ॥११४॥ आत्मा के लक्षण का निरूपण करने वाले समस्त ज्ञानों का उनकी आत्मग्राहकता का निराकरण करने वाले प्रमाण में ही अन्तर्भाव हो जाता है इसलिये अन्य प्रमाणों का निराकरण स्वयं हो जाता है। भावार्थ—आत्मा का अस्तित्व सिद्ध करने में प्रत्यक्ष, अनुमान और आगम प्रमाण की असमर्थता ऊपर बतायी जा चुकी है इनके अतिरिक्त जो उपमान, अर्थापत्ति तथा अभाव आदि प्रमाण हैं उनका अन्तर्भाव इन्हीं प्रमाणों में हो जाता है ॥११५॥ जब आत्मा का अस्तित्व ही सिद्ध नहीं है तब तन्मूलक परलोक भी विवेकी जनों के लिये कठिनाई से देखने योग्य—दुःसाध्य हो जाता है। इसलिये मुमुक्षुजनों को सबसे पहले प्रयत्न पूर्वक आत्मा का अस्तित्व सिद्ध करना चाहिये ॥११६॥ तात्पर्य यह है कि बुद्धिमान् जनों को परलोक के लिये जलाञ्जलि देकर परलोक, तत्सम्बन्धी कामना, तथा कार्यरूप प्रयोजन से युक्त परलोक सम्बन्धी कारण में अपनी बुद्धि छोड़ देनी चाहिये। भावार्थ—आत्मा का अस्तित्व सिद्ध न होने पर परलोक का अस्तित्व स्वयं समाप्त हो जाता है और जब परलोक का अस्तित्व स्वयं समाप्त हो जाता है तब उसकी प्राप्ति का लक्ष्य रखना तथा तदनुकूल साधन सामग्री की योजना में संलग्न रहना व्यर्थ है ॥११७॥ इस प्रकार नैरात्म्यवाद का प्रतिपादन कर जब वह विद्वान् चुप हो गया तब सभासदों के साथ राजा भी आत्मा के अस्तित्व में संशय को प्राप्त हो गया ॥११८॥ सम्यङ्मिथ्यात्व के उदय से राजा ने यद्यपि क्षणभर के लिये 'आपका कहना सत्य है' यह कह कर उसके वचनों की अनुमोदना की परन्तु उसके प्रश्न का इस प्रकार निराकरण किया ॥११९॥

निश्चय से आत्मा स्व पर प्रकाशक है, अपने द्वारा गृहीत शरीर प्रमाण है, उत्पाद व्यय और ध्रौव्यरूप है तथा स्वसंवेदन से निश्चित है ॥१२०॥ जिसके नेत्रयुगल खुले हुए हैं, जो वस्तुतत्त्व को ग्रहण करने की कला से युक्त है तथा जिसका अभिप्राय निर्मल है ऐसे मैंने इस जगत् में उस आत्मा को प्रत्यक्ष देखा है—स्वयं उसका अनुभव किया है .... यह भी राजा ने कहा ॥१२१॥ 'मैं आत्मद्रव्य हूं' इस प्रकार के ज्ञान से जो आत्मा का स्वानुभव प्रत्यक्ष कर रहा है ऐसे आत्मा का कौन आत्मज्ञ

१ अन्य प्रमाणनिराकरणम् २ दुर्बुद्धयः ३ अज्ञत्वम् ४ स्वगृहीत शरीरप्रमाणः ५ ध्रौव्योत्पाद व्यययुक्तः ६ उद्घाटित नवनयुग्मः ७ विद्वान्।

[illegible]

विवेकी विद्वान् निराकरण करेगा ? अर्थात् कोई नही ॥१२२॥ 'मैं हूं' इस प्रकार उत्पन्न होने वाला ज्ञान शरीर का धर्म तो हो नहीं सकता क्योंकि ज्ञान स्वसंवेदन का विषय होने से प्रत्यक्ष है यदि उसे शरीर का धर्म माना जाय तो शरीर में भी स्वसंवेदन रूप प्रत्यक्षता होनी चाहिये जो कि है नहीं ॥१२३॥ यदि शरीर में अप्रत्यक्षता है तो उसका धर्म जो ज्ञान है उसमें भी अप्रत्यक्षता होनी चाहिये अथवा शरीर का धर्म जो लम्बाई तथा स्पर्श रूपादि है वह उस ज्ञान में भी निर्बाध रूप से होना चाहिये, जो कि नही है ॥१२४॥ चू कि विषाद, हर्ष, भय, सुख, दुःख आदि वृत्तियां सब की पृथक् पृथक् होती हैं इसलिये हम आत्मा को पृथक् पृथक् देखते हैं। भावार्थ—जीवत्व सामान्य की अपेक्षा सब जीव एक भले ही कहे जाते हैं परन्तु सुख दुःख आदि का वेदन सब का पृथक् पृथक् है इसलिये सब जीव पृथक् पृथक् हैं ॥१२५॥ जो स्व और पर-दोनों के प्रत्यक्ष का विषय है ऐसे जीव के शरीर को सब देखते हैं परन्तु समस्त परीक्षक जन अनुमान से दूसरे की आत्मा को भी देखते हैं। भावार्थ—अपनी आत्मा का सब को स्वानुभव प्रत्यक्ष हो रहा है तथा शरीर निज और पर को प्रत्यक्ष दिख रहा है। साथ ही पर के शरीर में आत्मा है इसका ज्ञान अनुमान प्रमाण से होता है ॥१२६॥ अपने आप में तथा शरीर से उत्पन्न होने वाले जो वचन और काय के व्यापार हैं वे आत्मा के बिना नहीं हो सकते। इसी प्रकार जो श्वासोच्छ्वास आदि गुण दूसरे के शरीर में दिखाई देते हैं वे भी आत्मा के बिना नहीं हो सकते अतः वे दूसरे की आत्मा का अस्तित्व सिद्ध करने वाले हैं। बुद्धिमान् मनुष्यों का जो यह विवेक अथवा स्वसंवेदन पूर्वक प्रत्यक्ष है वह अनुमान माना गया है ॥१२७-१२८॥ कभी कदाचित् इसी स्वसंवेदन प्रत्यक्ष से दूसरा अनुमान भी हो सकता है परन्तु वह शरीर वाले प्राणियों का प्रत्यक्षाभास प्रमाण कहा जाता है। तो फिर इस प्रत्यक्ष को भी प्रमाणता कैसे आवेगी ? ऐसा यदि पूछा जाय तो उसका समाधान यह है कि वह प्रत्यक्ष, आत्मा तथा अन्य पदार्थ इनके अस्तित्व का ज्ञान होने पर ही उत्पन्न हुआ है अतः प्रमाण है ॥१२९-१३०॥* (?)

१ निर्बाधः २ वचनकायव्यापारौ ३ वाक्कायाभ्याम् अवाप्तं जन्म याभ्यां ते ४ बुद्धिमद्भिः।

* इन श्लोकों का अन्वयार्थ स्पष्ट नहीं हो रहा है अतः पं० मिलापचन्द्र शास्त्री की संस्कृत टीका के आधार पर लिखा है। सं०

[illegible] । उक्तमपि प्रत्यादोऽपि स्थितस्वभावात्मा भवत्यतः ॥१३१॥
[illegible] । आरभ्यानुभवात्सम्यग्मरणान्तेषु धीमताम् ॥१३२॥
[illegible] । भूतभव्यभवद्भावविशेषाभावसंगतेः ॥१३३॥
[illegible] । पर्यायं परलोकोऽपि [illegible] ॥१३४॥
किं [illegible] । सदृशाध्ययनोपासनादृष्टमनुमापयेत् ॥१३५॥
[illegible] । [illegible] ॥१३६॥
[illegible] । [illegible] ॥१३७॥
[illegible] । न चाद्वयाज्जगत्सर्वं प्रमाणादिविरोधतः ॥१३७॥
विधिर्न्यायः प्रमाणानां नियमेनात्मना विना । नियमश्चात्मनो नेष्टोऽन्योन्यस्माद्विना कथम् ॥१३८॥
किं चानियमने मानं स्यादसत्यं विपर्ययात् । नो [10]मानासत्यता युक्ता लोकद्वयविलोपतः ॥१३९॥

यदि गाली देने वाला व्यक्ति नम्र हो जाता है तो जिसे गाली दी गयी थी उसका क्रोध नष्ट हो जाता है और प्रसन्नता भी उत्पन्न हो जाती है, आत्मा दोनों अवस्थाओं में रहता है इससे प्रतीत होता है कि जीवतत्त्व उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य इन तीन रूप है ॥१३१॥

जो निर्बाध रूप से उत्पादादि तीन रूप है ऐसा यह आत्मा सभी परीक्षकों के द्वारा प्रारम्भ से लेकर मरण पर्यन्त स्पष्ट अनुभव से अनुभूत होता है ॥१३२॥ उस आत्मा का उत्पादादि तीन की अपेक्षा जो भेद है वह अन्यथा बन नहीं सकता इसलिये भूत भविष्यत् और वर्तमान पर्यायों का असत्पना सिद्ध होता है ॥१३३॥ यह आत्मा ग्रहण की हुई मनुष्य पर्याय को छोड़कर अन्य पर्याय को प्राप्त होता है इसलिये परलोक भी सिद्ध होता है और उत्पाद व्यय तथा ध्रौव्य–इन तीन की भी सिद्धि होती है ॥१३४॥ समान अध्ययन और समान सेवा करने वाले मनुष्यों के जो अपने सुख दुःख आदि की विचित्रता है वह उनके अदृष्ट–कर्मोदय का अनुमान कराती है ॥१३५॥ चूंकि कार्यों में विचित्रता देखी जाती है इसलिये उसके कारणभूत अदृष्ट की विचित्रता भी सिद्ध होती है क्योंकि समान कारण से विभिन्न कार्य की उत्पत्ति नहीं हो सकती ॥१३६॥ अद्वैत से यदि संपूर्ण विश्व की उत्पत्ति होती तो समस्त जगत् हठात् युगपत् होना चाहिये क्योंकि अद्वैत के अक्रमरूप होने से क्रमवर्ती जगत् की उत्पत्ति संभव नहीं है। फिर अद्वैत से जगत् की उत्पत्ति मानने पर प्रमाण के अभाव का प्रसङ्ग आवेगा। क्योंकि प्रमाण के मानने पर उसके विषयभूत प्रमेय को भी मानना पड़ेगा और उस स्थिति में प्रमाण तथा प्रमेय का द्वैत हो जायगा ॥१३७॥ आत्मतत्त्व न माना जाय तो प्रमाण का अभाव हो जायगा इसलिये आत्मतत्त्व को मानना ही श्रेयस्कर है। आत्मतत्त्व मानकर भी उसे परस्पर–दूसरी आत्मा से भिन्न न माना जाय तो उसका नियम भी कैसे सिद्ध हो सकता है? ॥१३८॥ दूसरी बात यह है कि आत्मा का नियम न मानने पर विपर्यय के कारण प्रमाण असत्य हो जावगा और प्रमाण की असत्यता मानना उचित है नहीं क्योंकि वैसा करने पर प्रमाण में असत्यता आ

---

१ कुवचन प्रयोक्तुः २ कुपितस्य ३ अविच्छिन्नं निर्बाधं यद् त्रयम् उत्पादादिक त्रितयं तत् आत्मा स्वरूपं यस्य तथाभूतः ४ गृहीतम् ५ ध्रौव्योत्पादव्ययस्थितिः ६ तस्य अदृष्टस्य वैचित्र्यं नानात्वं तस्य गतिः सिद्धिः ७ दृष्ट प्रत्यक्षीभूतं वैचित्र्यं नानात्वं यस्य, तथाभूतं यत्कार्यं तस्मात् ८ एकरूपात् ९ नानारूपं १० मानस्य प्रमाणस्य असत्यता मानासत्यता ।

तद्हेतोर्मता बाधे सत्यनुभवकूटवत् । देहान्तरगतेस्तस्य मानसेव हि वृत्तिमत्त्वम् ॥१४०॥
एवं पुनः पुनस्तस्य धारणाभावयुक्तयः । स्वेतरात्मप्रकाशस्य तथात्वव्यक्तयेऽस्तु वः ॥१४१॥
कारणं न स्वभावः स्यात् तत्तात्मान्तरे न च । अन्यैर्वा बहुभी रक्षुष्यं प्रतिबन्धस्तु कारणम् ॥१४२॥
अनुभूत्यन्यथानेन कादाचित्कत्वतस्तथा । अनुभाप्रतिबन्धस्य सनिबन्धनतायतेः ॥१४३॥
यच्चात्मनात्मनात्मीयेष्वात्मीयाद्यात्मवेदनम् । तन्मूलाः सर्वदोषाः स्युः कर्मबन्धनिबन्धनाः ॥१४४॥
तत्कर्मविषयं दुःखमात्मन्यस्या कर्मजम् । तद्धेतुप्रतिपत्तात्मा रत्नत्रितयभावना ॥१४५॥

जायगी ॥१३९॥ वह आत्मा शरीर प्रमाण है क्योंकि उस शरीर में ही आत्मा का अनुभव होता है और चूंकि आत्मा अन्य शरीर में चली जाती है इसलिये उसका शरीर से पृथक्पना भी युक्ति पूर्ण है ॥१४०॥

इस प्रकार अनेक पर्यायों को प्राप्त करने वाला यह आत्मा निजात्मा और परात्मा को प्रकाशित करने वाला है। इन सबको प्रकाशित करना इसका स्वभाव है। जब यह स्वभाव प्रकट होता है तब एक ही साथ समस्त पदार्थों को प्रकाशित कर सकता है। समस्त पदार्थों को प्रकाशित करने में अन्य कोई कारण नहीं है और न कोई अन्य आत्मा की मान्यता ही युक्ति युक्त है। जिस प्रकार अग्नि जलाने के योग्य पदार्थ को जलाती है तो यह उसका स्वभाव ही है। चन्द्रकान्त आदि मणियों का प्रतिबन्ध जिस प्रकार अग्नि के दाह स्वभाव के प्रकट होने में बाधक कारण है उसीप्रकार आत्माके ज्ञान स्वभाव के प्रकट होने में ज्ञानावरणादि कर्म का उदय बाधक कारण है। बाधक कारण के हटने पर आत्मा अपने ज्ञान स्वभाव से सबको प्रकाशित करने लगता है ॥१४१-१४२॥

अनुभव में आने वाले ज्ञान से आत्मा का कथंचित् अनित्यपना भी सिद्ध होता है क्योंकि प्रतिक्षण अन्य अन्य घट पटादि पदार्थों का ज्ञान होता रहता है। इसी प्रकार ज्ञान की सप्रतिबन्धता—बाधक कारणों से सहित पना और सनिबन्धनता—कारणों से सहितपना भी सिद्ध होता है भावार्थ—ज्ञान के विषयभूत घट पटादि पदार्थों की अनित्यता के कारण ज्ञान में भी कथंचित् अनित्यता है और क्षायोपशमिक ज्ञान चूंकि दीवाल आदि प्रतिबन्धक कारणों का अभाव होने पर तथा प्रकाश आदि अनुकूल कारणों के होने पर प्रकट होता है इसलिये ज्ञान में कथंचित् सप्रतिबन्धता और सनिबन्धनता भी विद्यमान है। हां—केवल ज्ञान इन दोनों से रहित होता है ॥१४३॥

अनात्मा और अनात्मीय पदार्थों में जो आत्मा और आत्मीय का ज्ञान होना है तन्मूलक ही समस्त दोष होते हैं और समस्त दोष ही कर्मबन्ध के कारण होते हैं। भावार्थ—ज्ञाता द्रष्टा स्वभाव वाला आत्मा है और ज्ञान दर्शन सुख वीर्य आदि आत्मीय हैं क्योंकि इसके साथ ही आत्मा का व्याप्य व्यापक या त्रैकालिक सम्बन्ध है इसके विपरीत नोकर्म—शरीरादि को आत्मा तथा रागादि विकारी भावों अथवा स्त्री पुत्रादि को आत्मीय मानना अज्ञान है। संसार में कर्मबन्ध के कारण भूत जितने दोष हैं उन सबका मूल कारण यह अज्ञान भाव ही है ॥१४४॥ कर्मोदय से होने वाले दुःख को संसार मानते हैं और संसार के कारण मिथ्यादर्शन, मिथ्याज्ञान और मिथ्याचारित्र के विपरीत सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्र जिसका स्वरूप है वह रत्नत्रय की भावना है ॥१४५॥ क्रम से पूर्णता

---

१ प्राप्तवतः २ आत्मीयस्य संसारस्येषु आत्मीयस्य संसारस्यस्य ।

ततः पुर्षदां [1]कौतूहलात्प्रतीमावभोजराट् । [2]प्राग्भवंजन्महेतूनामभावेऽज्ञानमुल्बणे ॥१४६॥
तत्तन्निबन्धनप्राक्तनबन्धानां प्रतिबन्धने । निर्बन्धात्पूर्वबन्धानां जर्जरत्वादि निर्जरे ॥१४७॥
शुद्धात्मनः [3]सहजशोभनशुद्धभावसम्पदे । [4]मोक्ष्यानुत्कृष्टनिर्देश्यस्वभावे सम्यगस्थितिः ॥१४८॥
तामिदानीमवाप्तस्ते [5]मोक्षमन्यादृशां विदुः । स्पष्टीकृतं विशिष्टानां परमं ते मतुष्कृतम् ॥१४९॥
स [6]जीवास्तित्वसंशीतिमिति राजा निराकरोत् । प्रतिवादीति तद्वाक्यं [7]तथेति प्रत्यपद्यत ॥१५०॥
नाग्रस्त्वमिव सद्दृष्टिरितीशानो यदभ्यधात् । स देवस्तत्तथेत्युक्त्वा तं प्रभुत्वा दिवं ययौ ॥१५१॥
ततश्चास्य पुरोवादे तस्मिन्जातकुतूहलैः । कोऽयं किमेतदित्युक्तः सभ्यैरित्याह भूपतिः ॥१५२॥
अयं महाबलो नाम [8]व्योमचारी महाहवे । दमितारिबधे क्रोधादभ्यधावि मया पुरा ॥१५३॥
स संसृत्याव संसारे सुरोऽभूत्सुरसंसदि । ईशानोऽद्यागृहीन्नाम सम्यग्दृष्टिकथासु मे ॥१५४॥
अन्तः कुद्धोऽन्तरायासीत्तमछलयितुं स माम् । प्रवादिच्छद्मना देवः प्राग्वैरं हि सुदुस्त्यजम् ॥१५५॥
इत्युक्त्वा व्यरमद्राजा पुरागमनकारणम् । निर्वृत्तकारणस्तेषां [9]अनुगाम्यवधीक्षणः ॥१५६॥

को प्राप्त हुए आत्मा और आत्मीय के ज्ञान से जब संसार के समस्त कारणों—मिथ्यादर्शनादि का अभाव हो जाता है, तत् तत् कारणों से पूर्व में बँधने वाले कर्मों पर प्रतिबन्ध लग जाता है अर्थात् उनका संवर हो जाता है और पूर्व बद्ध कर्मों की निर्जरा हो जाती है तब बन्ध रहित अवस्था होने से सहज शुद्ध अनन्त चतुष्टय रूप त्रैकालिक सर्वश्रेष्ठ स्वभाव में शुद्धात्मा की जो सम्यक् प्रकार से स्थिति होती है ज्ञानीजन उस निर्बाध स्थिति को मोक्ष कहते हैं इस प्रकार तेरे लिये जीव तत्त्व के सर्वोत्कृष्ट ज्ञानादि चतुष्टय का स्पष्ट कथन किया है ॥१४६-१४९॥ इस प्रकार उस राजा ने जीव के अस्तित्व विषयक संशय का निराकरण कर दिया और प्रतिवादी ने भी उसके वचनों को 'तथेति'—ऐसा ही है यह कह कर स्वीकृत कर लिया ॥१५०॥ 'आपके समान दूसरा सम्यग्दृष्टि नहीं है' ऐसा जो ईशानेन्द्र ने कहा था वह वैसा ही है' यह कह कर उस देव ने राजा की पूजा की पश्चात् वह स्वर्ग चला गया ॥१५१॥

तदनन्तर उस देव के चले जाने पर जिन्हें कौतूहल उत्पन्न हुआ था ऐसे सभासदों ने कहा कि यह कौन है ? यह सब क्या है ? इसके उत्तर में राजा ने कहा कि यह महाबल नामका विद्याधर उस महायुद्ध में जिसमें कि दमितारि का वध हुआ था क्रोधवश मेरे द्वारा पहले मारा गया था ॥१५२-१५३॥ वह संसार में भ्रमण कर देव हुआ। देवसभा में आज ईशानेन्द्र ने सम्यग्दृष्टियों की कथा चलने पर मेरा नाम लिया ॥१५४॥ तदनन्तर यह देव अन्तरङ्ग में क्रुद्ध हो मुझे छलने के लिये प्रवादी के कपट से यहां आया था सो ठीक ही है क्योंकि पहले का वैर बड़ी कठिनाई से छूटता है ॥१५५॥ इस प्रकार अनुगामी अवधिज्ञान रूपी नेत्र से युक्त राजा उन सभासदों के लिये देव के आने का कारण कह कर अन्य कुछ कारण न होने से चुप हो गया ॥१५६॥

---

१ इत्यात् प्राप्तात् २ संसारकारणानाम् ३ जीवसद्भावसंशयम् ४ स्वीचकार ५ ऐशानेन्द्रः ६ देवे ७ विद्याधरः ८ हतः ९ अनुगामी पूर्वबद्धत्वात् सहागतः अवधिज्ञानमेवेदं वक्षिणं नेत्रं यस्य सः ।

❀ शार्दूलविक्रीडितम् ❀

इत्थं धर्मकथोद्यतोऽपि सततं राज्यस्थितौ च क्रमात्

[1]स्वां [2]परां चिन्तनविचारदक्षमन्त्रिभिः संवर्धयन्श्रीभिः ।

अन्तःस्नेहरसार्द्रया मृदुदृशामालोक्यमानो दृशा

कामानप्यविरुद्धमेव स विभुर्वर्गार्थयोः शिक्षिमये ॥१५७॥

द्वेष्यं राजकमप्यशेषमभवद्भूयस्त्वतः स्वयं

[3]भर्त्सभ्यकभियेव तस्य पदयोरत्याहरादानमत् ।

लोकाह्लादनकारितद्गुणगणैराकृष्यमाणा स्वयं

पूर्वोपार्जितपुण्यसंपदपरा किं नातनोद्भुतम् ॥१५८॥

इत्यसगकृतौ शान्तिपुराणे वज्रायुधसंभवे वज्रायुधप्रतिवादिविजयो नाम

❀ नवमः सर्गः ❀

इस प्रकार जो निरन्तर धर्म कथा में उद्यत होता हुआ भी स्वराष्ट्र तथा पर राष्ट्र की चिन्ता में निपुण मन्त्रियों के द्वारा अधिकृत राज्य की स्थिति को क्रम से बढ़ा रहा था तथा स्त्रियां जिसे अन्तर्गत स्नेह रूपी रस से आर्द्र दृष्टि के द्वारा देखती थीं ऐसा वह राजा धर्म तथा अर्थ से अविरुद्ध काम का भी उपभोग करता था ॥१५७॥ समस्त शत्रु राजा भी जो पहले शक्ति शाली थे, आगे प्रकट होने वाले चक्र के भय से ही मानों उसके चरणों में स्वयं आदर पूर्वक नम्रीभूत हो गये थे यह ठीक ही है क्योंकि लोकों को आनन्दित करने वाले उसके गुण समूह से स्वयं आकृष्ट हुई पूर्वोपार्जित पुण्य रूपी अनिर्वचनीय संपदा किस आश्चर्य को विस्तृत नहीं करती है ? ॥१५८॥

इस प्रकार असग महा कवि के द्वारा विरचित शान्तिपुराण में वज्रायुध की उत्पत्ति तथा वज्रायुध ने प्रतिवादी को जीता···इसका वर्णन करने वाला नवम सर्ग समाप्त हुआ ॥९॥

---

१ स्वराष्ट्रचिन्तनं तन्त्रः २ परराष्ट्रचिन्तनम् अवायः ३ भविष्यच्चक्ररत्नभयेनेव ।

दशमः सर्गः

卐

अथान्यदा महीनाथसनाथजनवत्सलम् । इति नन्दायुधाध्यक्षो नन्दो वाचाऽभ्यनन्दयत् ।।१।।
उत्पन्नमायुधागारे[1] चक्रमाक्रमितुं जगत् । भवतो विक्रमेणेव स्पर्द्धया नमितद्विषा ।।२।।
तस्मिन्निवेदयत्येवं चक्रोत्पत्तिं महीभुजे । इत्यमानम्य तं [2]दिष्ट्या विज्ञातोऽन्यो व्यजिज्ञपत् ।।३।।
घातिकर्मक्षयोद्भूतां नमितासेषविष्टपाम् । उपायत् विमुक्तोऽपि गुरुस्ते केवलश्रियम् ।।४।।
धातुस्त्रिजगतां तस्य निवासात्परमेष्ठिनः । अद्य [3]श्रीनिलयोद्यानमभूदन्वर्थ[4]भाख्यया ।।५।।
सहस्रांशुसहस्रेण स्पर्द्धमानोऽपि तेजसा । व्यद्योतिष्ट सुखालोको लोकानां स हितोद्यतः ।।६।।

दशम सर्ग

अथानन्तर किसी समय अनाथजनों के साथ स्नेह करने वाले राजा को नमस्कार कर शस्त्रों के अध्यक्ष नन्द ने इस प्रकार के वचनों द्वारा आनन्दित किया ।।१।। हे राजन् ! शत्रुओं को नम्रीभूत करने वाले आपके पराक्रम के साथ ईर्ष्या होने से ही मानो जगत् पर आक्रमण करने के लिये आयुध-शाला में चक्र उत्पन्न हुआ है ।।२।। जब राजा के लिये नन्द इस प्रकार चक्र की उत्पत्ति का समाचार कह रहा था तब भाग्य के द्वारा जाते हुए—भाग्यशाली किसी अन्य मनुष्य ने नमस्कार कर उससे यह निवेदन किया कि आपके पिता ने परम विरक्त होने पर भी घातिया कर्मों के क्षय से उत्पन्न होने वाली तथा समस्त जगत् को नम्रीभूत कर देने वाली केवल ज्ञान रूपी लक्ष्मी का वरण किया है ।।३-४।। तीनों जगत् के रक्षक उन परमेष्ठी के निवास से आज श्रीनिलय नामका उद्यान नामकी अपेक्षा सार्थक हो गया है । भावार्थ—चूंकि श्रीनिलय उद्यान में वे विराजमान हैं इसलिये वह उद्यान सचमुच ही श्री-लक्ष्मी का निलय-स्थान हो गया है ।।५।। जो तेज के द्वारा हजारों सूर्यों के साथ स्पर्द्धा करते हुए भी सुख पूर्वक देखे जाते हैं तथा लोगों का हित करने में उद्यत हैं ऐसे वे केवली भगवान् अतिशय देदीप्यमान हो रहे हैं ।।६।। लक्ष्मी के निवास के लिये जिनका शरीर नीरजीभूत-कमलरूप परिणत हो

---

१ आयुधशालायाम् २ भाग्येन, ३ श्रीनिलयोद्यानम् ४ सार्थकम् ।

[illegible]

गया है (पक्ष में पाप रूपी धूली से रहित हो गया है) ऐसे उन प्रभु के लिये तीनों लोक स्वयं नम्रीभूत हो गये हैं ॥७॥ जिनका निर्दोष ऐश्वर्य आठ प्रातिहार्यों से सहित है उन प्रभु का इन्द्र तो द्वारपाल हो गया है और कुबेर किङ्कर—आज्ञाकारी सेवक बन गया है ॥८॥ उस समय भक्ति युक्त लक्ष्मी से युक्त उन भगवान् की अन्तरङ्ग सम्पत्ति और बहिरङ्ग सम्पत्ति के विभाग से स्थित जो स्थिति है उसे कहने के लिये भी मैं समर्थ नहीं हूं ॥९॥ आनन्द के भार से उत्पन्न आंसुओं से जिसके नेत्र व्याकुल हो रहे थे ऐसे राजा के लिये इस प्रकार का प्रिय समाचार कह कर वन पालक चुप हो गया ॥१०॥ राजा ने उसे अपने शरीर पर स्थित आभूषण उतार कर दे दिये जिससे ऐसा जान पड़ता था मानों बहुत भारी हर्ष के भार से वह उन आभूषणों को धारण करने में असमर्थ हो गया था ॥११॥

विभूति तो धर्ममूलक है इसलिये चक्र की उत्पत्ति में उसे कोई उत्सुकता उत्पन्न नहीं हुई थी। वह उनकी विभूति प्राप्त करने की इच्छा से तीर्थंकर के चरणों को नमस्कार करने के लिये गया ॥१२॥ मनुष्य देव और असुरों से व्याप्त दूसरे त्रैलोक्य के समान उनके चरणों का अवलोकन कर राजा ने ऐसा मानों मैंने चक्षु का फल परिपूर्ण रूप से प्राप्त कर लिया है ॥१३॥ तदनन्तर दूर से ही दर्शन कर उसने यथोक्त भक्ति के द्वारा उनकी पूजा की। पश्चात् उन प्रभु के पास जाकर पुनरुक्त के समान सामग्री के द्वारा पूजा की ॥१४॥ जो बहुत भारी भक्ति के भार से ही मानों नम्रीभूत हो रहा था ऐसे राजा ने बार बार स्तुति कर, प्रदक्षिणा देकर तथा अपने आपका निवेदन कर उन स्वयंभू भगवान् की वन्दना की—उन्हें नमस्कार किया ॥१५॥ इस प्रकार उन तीर्थंकर परमदेव की उपासना कर तथा श्रवण करने योग्य उपदेश को चिरकाल तक सुनकर राजा हृदय में उनके परम ऐश्वर्य का ध्यान करता हुआ नगर में वापिस आया ॥१६॥

---

१ नीरजीभूत कर्मधूलीभूत वपुः शरीरं यस्य तस्य २ इन्द्रः ३ द्वारपालः ४ कुबेरः ५ अव्यवहितम्, निर्दोषमिति यावत् ६ अष्टप्रातिहार्याष्टकसहितम् ७ स्वशरीरभूतानि ८ परितः समन्तात् आगतान् ९ पूजया १० स्तुत्वा स्तुत्वा ११ परिक्रम्य ।

पूर्वं तदायुधाध्यक्षं हत्वा पूर्णमनोरथम् । यथावत् तदनुज्ञाप्यं चक्रं चक्रभृतां वरः ॥१७॥
ततश्चक्रपुरःसारी स्वीकृत्य सकलां धराम् । अविशेषेण कालेन प्राविशत्स्वपुरं पुनः ॥१८॥
[1]सम्यक् चतुष्टयादेव रत्नेभ्यः सुखसाधनम् । स्वस्यामन्यत [2]योऽभव्यत्वगुणविप्लवेन सः ॥१९॥
द्वात्रिंशता सहस्रैरप्यसेव्यतापि भूभुजाम् । अभूदवनिवीशोऽपि विरक्तो [3]निधिभिर्नवभिः ॥२०॥
सभायामेकदा शश्वच्छरण्यानुपतस्थुषि स्थितम् । खाद्यया शरणं श्रोत्रः शरण्यं शरणार्थिनाम् ॥२१॥
[4]केयूरी तदनुज्ञाप्य खादित्वेदमवाह चकितम् । अविभस्तकमारोप्य विपञ्चाग्रिपरौ करौ ॥२२॥
[5]कृतागसमपि त्वेव रक्षितुमुचितम् । दीक्षितस्य प्रजारक्षानुपक्रान्तमहीक्षितः ॥२३॥
विक्रान्तविक्रमस्यापि पुरतस्य तवस्वतः । पुंसः स वस्तुनस्तीव्रं पौरुषं किं पुनः स्त्रियाः ॥२४॥
तदनन्तरं स्त्री [6]यावत् तु वक्त्यवक्त्यं भारतीम् । वृद्धोऽन्यिकेतः प्राक्प्रकरो मुद्गरोद्यतः ॥२५॥
दूरतस्तु मुद्गरं दूरमुत्क्षिप्य विहितानतिः । तूष्णीं स्मेति वचो वाग्मी प्राञ्जलिः पक्षपेशलम् ॥२६॥
अत्राप्यामिह [7]कच्चाद्रेः श्रेण्यां शुक्लप्रभं पुरम् । विद्यते तस्य नाथोऽस्मि ख्यातो नाम्ना प्रभञ्जनः ॥२७॥

चक्रवर्तियों में श्रेष्ठ वज्रायुध ने सबसे पहले शस्त्रों के अध्यक्ष नन्द के मनोरथ को पूर्ण किया पश्चात् शास्त्रानुसार चक्र की पूजा की ॥१७॥ तदनन्तर चक्ररत्न को आगे आगे चलाने वाला चक्रवर्ती थोड़े ही समय में समस्त पृथिवी को वश कर पुनः अपने नगर में प्रविष्ट हुआ ॥१८॥ भव्यत्व गुण के कारण वह सम्राट चौदहों रत्नों की अपेक्षा रत्नत्रय—सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्र को ही अपने सुख का साधन मानता था ॥१९॥ यद्यपि बत्तीस हजार राजा उसकी सेवा करते थे और नौ निधियों का वह स्वामी था तो भी उसका हृदय विषयों से विरक्त रहता था ॥२०॥

एक समय शरणार्थियों को शरण देने वाले सम्राट् सभा में विराजमान थे उसी समय कोई विद्याधर आकाश से उनकी शरण में आया ॥२१॥ उसके पीछे ही एक विद्याधरी आयी और तलवार से युक्त हाथों को मस्तक पर धारण कर चक्रवर्ती से इस प्रकार कहने लगी ॥२२॥ हे देव ! आप असाधारण राजा हैं तथा प्रजा की रक्षा करने के लिये दीक्षित हैं—सदा तत्पर हैं अतः आपको इस अपराधी की रक्षा करना योग्य नहीं है ॥२३॥ आपके आगे पराक्रमी मनुष्य को भी अपना पौरुष कहना उचित नहीं है फिर क्षुद्र स्त्री की तो बात ही क्या है ? ॥२४॥ तदनन्तर जब वह स्त्री लज्जा-पूर्वक इस प्रकार के वचन कह रही थी तब मुद्गर उठाये हुए एक दूसरा वृद्ध पुरुष बड़े वेग से वहां आया ॥२५॥ दूर से ही मुद्गर को छोड़कर तथा समीप में आकर जिसने नमस्कार किया था, जो प्रशस्त वक्ता था और हाथ जोड़कर खड़ा हुआ था ऐसे उस वृद्धपुरुष ने सम्राट से इस प्रकार के वचन कहे ॥२६॥

इस विजयार्ध पर्वत की दक्षिण श्रेणी में एक शुक्लप्रभ नामका नगर है मैं उसका राजा हूँ तथा प्रभञ्जन नाम से विख्यात हूं ॥२७॥ शुभकान्ता इस नाम से प्रसिद्ध मेरी स्त्री है । शुभकान्ता

---

१ चक्रवर्ती २ सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान सम्यक्चारित्ररूपम् ३ विरक्ताशयः ४ विद्याधरी ५ कृतापराधम् ६ लज्जायुक्तं यथास्यात्तथा ७ वाणीम् ८ विजयार्द्धपर्वतस्य ।

[illegible]

शुभ अभिप्राय वाली है तथा ऐसी जान पड़ती है मानों विद्याधर लोक की दूसरी ही राज लक्ष्मी है ॥२८॥ सन्तान की इच्छा रखते हुए मैंने उसमें यह शान्तिमती नामकी पुत्री उत्पन्न की है। यह पुत्री अत्यन्त धीरगम्भीर और बुद्धि से सुशोभित स्थिति वाली है ॥२९॥ यह पुत्री मुनिसागर पर्वत पर प्रज्ञप्ति नामकी विद्या सिद्ध कर रही थी परन्तु काम की इच्छा करने वाले इस पुरुष ने बल पूर्वक इसे परिभूत किया ॥३०॥ इसके धैर्य से ही मानों लुभाकर विद्या सिद्धि को प्राप्त हो गयी। विद्या सिद्ध होते ही यह काम को भूल गया और अपनी रक्षा का इच्छुक हो गया। भावार्थ—हमारे प्राण कैसे बचें इस चिन्ता में पड़ गया ॥३१॥

तदनन्तर युद्ध की इच्छा से इस कन्या ने इसका पीछा किया। भागता हुआ यह जगत्पूज्य आपको देखकर आपकी शरण में आया है ॥३२॥ आभोगिनी विद्या की आवृत्ति कर अर्थात् उसके माध्यम से जब मुझे इसकी इस पराभूति का पता चला तब मैं भी क्रोध से सैनिकों की प्रतीक्षा न कर आ गया हूं ॥३३॥ यद्यपि यह हमारा वध्य है—मारने के योग्य है तो भी आपकी शरण में आने से पूज्य ही हो गया है क्योंकि स्वामी के द्वारा अनुगृहीत पुरुष का अनादर कौन कर सकता है? अर्थात् कोई नहीं ॥३४॥ इस प्रकार उसके वृत्तान्त को कहकर जब प्रभञ्जन चुप हो गया तब राजा ने अवधिज्ञान को परिवर्तित कर अर्थात् उस ओर उसका लक्ष्य कर उनके पूर्वभव को देखा ॥३५॥

तदनन्तर अपने मुख पर जिनके नेत्र लग रहे थे ऐसे सभासदों से राजा ने इस प्रकार कहा—अहो! जीव को ऐसी पूर्वभवसम्बन्धी प्रेम की वासना को देखो ॥३६॥ जम्बू वृक्ष से युक्त इस जम्बू द्वीप के ऐरावत क्षेत्र में गान्धार नाम का एक ऐसा देश है जहां मेघ सदा विद्यमान रहते हैं ॥३७॥

---

१ [illegible] २ [illegible] ३ [illegible] ४ [illegible] ५ [illegible] ६ [illegible] ७ [illegible] ८ [illegible] ९ [illegible]

तत्र विन्ध्यपुरं नाम पुरं पुरपुरोपमम् । विद्यते रक्षिता[2] तस्य विन्ध्यसेनोऽवनीपतिः ॥३८॥
देवी सुलक्षणा[3] तस्य सल्लक्षणैः[4] च सुलक्षणा[5] । सूनुर्नलिनकेतुश्च तयोरासीत् स्मरातुरः ॥३९॥
तत्र धर्मप्रियो नाम वणिक्श्रेष्ठी वसुव्रतः । तस्यासीत्तद्गृहस्वामिनी च श्रीदत्ता श्रीरिवापरा ॥४०॥
अभिनन्दः[6] सुतस्तस्य सदयानन्दनन्दनः[7] । सुन्दरः सुन्दरी तस्य प्रियंकरेति कन्यका ॥४१॥
पिता संयोजयामास सदृशेषु सदृशाम् । तां विधानविद् । तां विधिवत्कन्यया सार्धं तस्मान्नकुलवत्यया ॥४२॥
सखीभिर्विहरन्तीं तामासेचनक[8]दर्शनात् । ददर्श तत्पुरोद्याने राजसूनुः सलीलकम् ॥४३॥
तामालोक्य जगत्सारां केवलं न विसिस्मिये । मनसा मदनावस्थामतिभूमिं[9] च विन्दिये ॥४४॥
अपकीर्त्यवतीर्णं तमुपायच्छते[10] स्म सः । [11]अपरागस्ततो भूपः सरागादप्यभूद्भुवि ॥४५॥
स दत्तस्तद्वियोगार्तः वियुक्तोऽपि सुतं । सद्गतस्य सुतस्नेहं सोऽग्रहीत्तपः ॥४६॥
तपस्यन्नापुपिप्सोश्च खेचरेन्द्रस्य संपदम् । [12]उन्मनायत्ननात्मानो निदानमकृतात्मनः[13] ॥४७॥

उस देश में स्वर्ग के समान विन्ध्यपुर नामका नगर है। विन्ध्यसेन नामका राजा उसका रक्षक था ॥३८॥ उस राजा की सुलक्षणा—अच्छे लक्षणों से सहित सुलक्षणा नामकी स्त्री थी उन दोनों के नलिन केतु नामका पुत्र हुआ जो सदा काम से आतुर रहता था ॥३९॥ उसी नगर में धर्मप्रिय नामका श्रेष्ठ वणिक् रहता था। उसकी स्त्री का नाम श्रीदत्ता था जो मानों दूसरी लक्ष्मी ही थी ॥४०॥ उन दोनों के दत्त नामका ज्येष्ठ पुत्र हुआ जो माता पिता के अनुकूल था सुन्दर था, कुटुम्बीजनों को आनन्दित करने वाला था तथा विनय से युक्त चित्त वाला था ॥४१॥ लोकरीति के ज्ञाता पिता ने विधिपूर्वक उसे समान कुल तथा समान रूप वाली प्रियंकरा कन्या के साथ मिलाया ॥४२॥

जिसके देखने से कभी तृप्ति नहीं होती थी ऐसी वह कन्या कभी सखियों के साथ उस नगर के उद्यान में विहार कर रही थी उसी समय राजपुत्र—नलिन केतु ने उसे देखा ॥४३॥ जगत् की सारभूत उस कन्या को देख कर न केवल वह आश्चर्य करने लगा किन्तु मन से उसने बहुत भारी कामावस्था का भी आश्रय लिया। भावार्थ—उस कन्या को देखकर वह मन में अत्यधिक काम से पीड़ित हो गया ॥४४॥ उसने अपकीर्ति का भार स्वीकृत कर उसे बलपूर्वक ग्रहण कर लिया। राजा यद्यपि पुत्र से बहुत राग करता था परन्तु इस घटना से पृथिवी पर वह पुत्र सम्बन्धी राग से रहित हो गया ॥४५॥ प्रियंकरा का पति दत्त उसके वियोग से बहुत दुखी हुआ। माता पिता ने यद्यपि उसे रोका तो भी उस रुद्रपरिणामी—कठोर हृदय ने सुभद्र मुनिराज के समीप तप ग्रहण कर लिया—दीक्षा ले ली ॥४६॥ तपस्या करते हुए उसने किसीसमय विद्याधर राजा की संपदा देखी। देख कर वह उस संपदा के लिए उत्सुक हो गया। फल स्वरूप उस अज्ञानी ने अपने लिए उस संपदा का निदान कर लिया ॥४७॥

---

१ स्वर्गसदृशम् २ रक्षकः ३ सुष्ठु लक्षणानि यस्याः सा ४ एतन्नामधेया ५ अनुकूलः ६ ज्येष्ठः ७ विदुषः ८ आसेचनकं अतृप्तिकरं दर्शनं यस्याः ताम् 'तदासेचनकं तृप्तेर्नास्वदतो यस्य दर्शनात्' ९ अत्यधिकाम् १० स्वीचक्रे ११ अवगतो रागोयस्य सः रागरहितः १२ उत्सुको मवत् १३ अकृत+आत्मनः इतिच्छेदः ।

[illegible]

सुकच्छा देश में स्थित विजयार्धपर्वत की उत्तर श्रेणी में एक काञ्चनतिलक नामका बड़ा भारी नगर है ॥४८॥ उस नगर का राजा महेन्द्र था जो लक्ष्मी से इन्द्र के समान था। उसकी रानी का नाम पवनवेगा था ॥४९॥ वह दत्त अपने निदान से उन दोनों के अजितसेन नामका यह पुत्र हुआ है तथा संपूर्ण विजयार्द्ध पर्वत का शासन कर रहा है ॥५०॥ उधर राजपुत्र नलिनकेतु यद्यपि परस्त्री में आसक्त था तो भी एक दिन उसने स्वेच्छा से एक गाय के लिये दो बैलों का युद्ध देखा ॥५१॥ एक अत्यन्त बलवान् बैल ने सींग के अग्रभाग से दूसरे बैल का उदर विदीर्ण कर दिया जिससे वह शीघ्र ही निकलती हुई आंतों के समूह से आकुलित हो गया ॥५२॥ उस घायल बैल को देखकर नलिन केतु तत्काल ऐसा विचार करने लगा कि इस प्रियंकरा का पति भीरु और दुर्बल नहीं होता तो मेरी भी ऐसी दशा करता ॥५३॥ निश्चित ही विषयान्ध मनुष्य इस लोक और परलोक में भारी दुःख प्राप्त करते हैं। ऐसा विचार कर वह संसार से विरक्त हो गया ॥५४॥ नलिनकेतु प्रियधर्मा मुनि के पास जाकर तपस्वी हो गया और अत्यन्त शान्त चित्त होता हुआ मोक्ष को प्राप्त हुआ ॥५५॥ पति के विरह रूपी तुषार से जिसका मुख कमल म्लान हो गया था ऐसी प्रियंकरा ने सुस्थिता नामक आर्यिका के कहने से चान्द्रायण व्रत किया ॥५६॥ वही प्रियंकरा मर कर यह शान्ति मती हुई है। यह दत्त भी जो अब अजितसेन हुआ है रामवश न चाहने पर भी इस शान्तिमती के पास गया था। आश्चर्य है कि काम बड़ी कठिनाई से छूटता है ॥५७॥ यह शान्तिमती श्रेष्ठ मुक्तावली व्रत को धारण करती हुई तपस्या करेगी और ईशान स्वर्ग में पुरुषपर्याय को प्राप्त कर उत्तम देव होगी ॥५८॥ वहां से अवतीर्ण होकर यह देव अष्टकर्मों के बन्धन को नष्ट कर मुक्ति को प्राप्त होगा। इसकी भव्यता ही

---

१ काञ्चनतिलकम् २ निर्विघ्नीभूत ३ निश्चयं स्थानं, मोक्ष मित्यर्थः ४ प्रियस्य पत्युरपायो विरह एव हिमं तुषारस्तेन म्लानं मुखाम्बुजं मुखकमलं यस्याः सा ५ कवलचान्द्रायणव्रतम् ।

[illegible]

ऐसी है ॥५९॥ इस प्रकार उन दोनों के सम्बन्ध कह कर राजा चुप हो गया। और वे सब उसकी पूजा कर निश्छल हो जिनेन्द्र भगवान् के समीप दीक्षित हो गये ॥६०॥

उसी विजयार्ध पर्वत पर एक शिव मन्दिर नामका नगर है। उसमें विद्याधरों का राजा मेरुमाली निवास करता था ॥६१॥ उसकी निर्मल अभिप्राय वाली विमला नाम की महारानी थी। समस्त कलाओं से युक्त वह महारानी ऐसी जान पड़ती थी मानों पूर्णिमा के चन्द्र की मूर्ति ही हो ॥६२॥ उन दोनों के उत्तम सुवर्ण के समान आभावाली काञ्चनमाला नाम की पुत्री हुई। वह काञ्चनमाला तीनों जगत् की कान्ति की प्रकृष्ट सिद्धियों से युक्त अधिष्ठात्री देवी थी ॥६३॥ मेरुमाली ने चक्रवर्ती के गौरव से वह पुत्री उसके योग्य कनकशान्ति के लिये प्रीतिपूर्वक दी ॥६४॥ तदनन्तर अपनी भुजाओं के प्रताप से पृथुकसार नगर की रक्षा करने वाला एक जयसेन नामका विद्याधर था। उसकी स्त्री का नाम जया था ॥६५॥ उन दोनों की वसन्त सेना नामकी पुत्री थी। वसन्त सेना वसन्त लक्ष्मी के समान आकृति को धारण करने वाली थी। कनकशान्ति ने इस वसन्त सेना का भी विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया ॥६६॥ उस वसन्तसेना की बुआ का लड़का हिमचूल विद्याधर था। वह उसे विवाहना चाहता था परन्तु कनकशान्ति के द्वारा विवाही जाने पर उसका मनोरथ व्यर्थ हो गया अतः वह वसन्तसेना को न पाकर बहुत दुखी हुआ ॥६७॥ हिमचूल विद्याधर वसन्तसेना के पति कनकशान्ति का अपकार करने की इच्छा से भीतर ही भीतर क्रोध को छिपाये रखता था। इसलिये वह भस्म से आच्छादित अग्नि के समान जान पड़ता था ॥६८॥

कनकशान्ति, अपनी दोनों सुन्दर स्त्रियों—काञ्चनमाला और वसन्तसेना के साथ इच्छानुसार उद्यान तथा क्रीडागिरि आदि पर क्रीड़ा करता था ॥६९॥ जिसे विद्याएं सिद्ध है ऐसा वह

---

१ पूर्णिमाचन्द्रबिम्बमिव २ स्वकीयबाहुप्रतापेन ३ जयेतिनामधेया ४ पितृष्वसुः सत्यं पुत्रात् पैतृष्वसेयः ५ अपकर्तुमिच्छया ।

[illegible]: [illegible] [illegible] । [illegible] [illegible] ॥७०॥
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] । स निर्विशेषप्रणयद्वयस्तयोः सुमनसः स्थितिम् ॥७१॥
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥७२॥
[illegible]: [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥७३॥
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥७४॥
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥७५॥
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥७६॥
सरस्यां नलिनीपत्रैः [illegible] [illegible] प्रिये । विमुह्यन्त्यास्तयोः प्रेम [illegible] ॥७७॥
स्फटिकोपलसंक्रान्तलतां कुसुमवाञ्छया । मुग्धत्वेनोपयान्त्यौ ते स्मित्वा स्मित्वावबोधयत् ॥७८॥
नदवस्कन्दमालोक्य विक्रमां हंसयोषितम् । मन्यानो विजितिं तस्याः स्वयूथपतिविभ्रमैः ॥७९॥

कनकशान्ति किसी अन्य समय अपनी स्त्रियों के साथ सुन्दर स्थान देखने की इच्छा से गगनचुम्बी अग्रभाग से युक्त हिमालय पर्वत पर गया ॥७०॥ एक लता से दूसरी लता के पास जाता हुआ तथा हर्ष से फूल तोड़कर उन दोनों स्त्रियों को समान भाव से देता हुआ वह अपने शुभ हृदय की स्थिति को प्रकट कर रहा था। भावार्थ—दक्षिण नायक की तरह वह दोनों स्त्रियों के प्रति समान प्रेमभाव प्रकट कर रहा था ॥७१॥ उन स्त्रियों के द्वारा रोके जाने पर भी वह प्रयत्न के बिना ही बनी हुई सुगन्धित फूलों की शय्याओं से सहित लतागृहों के समीप घूम रहा था ॥७२॥ हथिनियों के द्वारा प्रेम से दिये हुए पल्लवों को उपेक्षा भाव से ग्रहण करने वाले मदोन्मत्त यूथपति को वह अपनी प्रियाओं के लिए दिखा रहा था ॥७३॥ जो वायु के वश बार बार उछल उछल कर जा रहा था तथा वन लक्ष्मी की गेंद के समान जान पड़ता था ऐसे समीपवर्ती मृग को वह अपनी प्रियाओं के लिए दिखा रहा था ॥७४॥ वह कनकशान्ति स्वयं संगीत में निपुण था इसलिए किन्नरों का गान सुनकर स्त्रियों के द्वारा प्रेरित होता हुआ अभिनय के साथ कुछ कुछ गा रहा था ॥७५॥ उन स्त्रियों के केश विन्यास के क्षोभ से शङ्कित—भयभीत हुए के समान धीरे धीरे चलने वाली सुखद वायु उसकी सेवा कर रही थी ॥७६॥ सरसी में कमलिनी के पत्तों से चकवा क्षणभर के लिए आच्छादित हो गया—छिप गया इसलिए उसके विरह में चकवी मूर्च्छित हो गयी। कनकशान्ति अपनी प्रियाओं के लिए चकवी का वह प्रेम दिखला रहा था ॥७७॥ स्फटिक मणि में एक लता प्रतिबिम्बित हो रही थी। उसके फूल तोड़ने की इच्छा से भोलेपन के कारण दोनों स्त्रियां उसके पास जाने लगीं। कनकशान्ति हँस हँस कर उन्हें यथार्थता से अवगत कर रहा था ॥७८॥ कोई एक हंसी आगे नदी के विस्तार को देखकर खड़ी हो गयी थी। कनकशान्ति ने उसे देख ऐसा समझा मानों यह हंसी हमारी स्त्रियों की सुन्दर चाल से पराजित होकर ही खड़ी हो गयी है ॥७९॥ इस प्रकार अपनी ओर टक-

---

१ रमणीवल्लभावर्गमेच्छया २ सरसि ३ मरिपीडितः ४ नवसंस्कृतविस्रम्भम् ५ मन्यमानः ।

इति तत्र [illegible] विपुलमतयः [illegible]। तमस्कायाभोगीनां [illegible] ॥८०॥
[illegible] एकावलिकं [illegible]
[illegible] मुनिमेकमेव [illegible] मुनिस्ते मुक्तिदेशे [illegible] ॥८१॥
[illegible] तं [illegible] ॥८२॥ [illegible] ॥८३॥
[illegible] ॥८४॥ [illegible] ॥८५॥
[illegible] ॥८६॥ [illegible] ॥८७॥ [illegible] ॥८८॥

टकी लगाकर देखने वाली वहां की वन देवियों के मन को हरण करता हुआ वह उन प्रियाओं के साथ क्रीड़ा कर रहा था ॥८०॥

उसी कनकशान्ति ने वहां किसी अन्य जगह मोतियों की शिला पर विराजमान मुनिराज को देखा। वे मुनिराज ऐसे जान पड़ते थे मानों पृथिवीपर स्थित मुक्ति क्षेत्र में ही विराजमान हों तथा गुणों के द्वारा मुनियों में श्रेष्ठ थे ॥८१॥ कनकशान्ति ने पास जाकर बार बार नम्रीभूत हो उनसे आत्महित पूछा—हे भगवन्! मेरा हित कैसे हो सकता है? यह पूछा। तत्पश्चात् तप के सागर मुनिराज उसके लिये इसप्रकार के वचन कहने के लिए उद्यत हुए ॥८२॥ अज्ञान और राग से संक्लिष्ट रहने वाला प्राणी संसार के भीतर कुटिल रूप से भ्रमण करता है और विद्या तथा वैराग्य से युक्त प्राणी अखण्ड मर्यादा का धारी होता हुआ सिद्ध होता है ॥८३॥ इसलिए तत्त्वों में चित्त लगाकर तुम्हें आत्म—हितकारी कार्य करना चाहिये क्योंकि जिनेन्द्र भगवान् का सर्वजन हितकारी शासन दुःखों का नाश करने वाला है ॥८४॥ इस प्रकार उन विपुल मुनिराज ने आत्मबोध को प्राप्त करने वाले उस कनकशान्ति के लिए संक्षिप्त रूप से तत्त्वों का विवेचन करने वाले वचनों के द्वारा हित का उपदेश दिया ॥८५॥

कनकशान्ति, उन तपस्वी मुनिराज से संसार का दुःख और मोक्ष का सुख जानकर संयमी बन गया ॥८६॥ क्रीड़ा करता हुआ कनकशान्ति यद्यपि स्त्रियों से बहुत प्रेम करता था तथापि उसने अकस्मात् दिखे हुए मुनिराज से तपोलक्ष्मी को स्वीकृत कर लिया सो ठीक ही है क्योंकि भवितव्यता—होनहार बलवती होती है ॥८७॥ तदनन्तर उसकी प्रीति से ही दोनों देवियों ने उत्तम गुणों के उदय से युक्त सुमति गणिनी के समीप उत्कृष्ट तप को स्वीकृत कर लिया ॥८८॥ वह बाहुध और

---

१ पुनःपुनरतिशयेन वा नमनम् २ तपःसागरः ३ तत्परो बभूव ४ कुटिलं भ्रमति यङ्लुबन्तः प्रयोगः ५ समस्तजनहितकरम् ६ संसृतेः दौःस्थ्यं दुःखम् ७ निर्वृतेः मोक्षस्य सौस्थ्यम् सुखम् ८ प्रिया जाया यस्य तथाभूतोऽपि बहु ९ प्रीतिपक्षात् १० देव्यौ वाग्यते इतिव्युत्पत्तेः।

[illegible]

भीतर निर्ग्रन्थ प्रव्रज्या को स्वीकृत कर निरन्तर तप करते लगा। उसी समय उसे हिमचूड नामक शत्रु ने देखा ॥८६॥ हिमचूल, क्रोध से विद्याओं द्वारा निर्मित स्त्रियों तथा भयंकर राक्षसों के द्वारा उसके तप में विघ्न करने के लिये उद्यत हुआ ॥९०॥ उन मुनिराज के ऊपर पैर करने वाले उस हिमचूल को देखकर किसी धरणेन्द्र ने उसे शीघ्र ही भगा दिया सो ठीक ही है क्योंकि कौन मनुष्य साधु के द्वारा ग्राह्य नहीं होता ? अर्थात् सभी होते हैं ॥९१॥ कालशुद्धि आदि से सहित तथा आत्म हित के लिये प्रयत्नशील उन एकाकी मुनिराज ने क्रम से पूर्वसहित द्वादशाङ्गों का अध्ययन किया ॥९२॥ आचार निपुण मुनिराज ने अन्य मनुष्यों के लिये दुर्धर तप की स्थिति को धारण करते हुए भी चित्त से तृष्णा को दूर कर दिया था, यह आश्चर्य की बात थी ॥९३॥ जिस प्रकार मयूर निरन्तर घनागमोत्कण्ठ—मेघों के आगमन में उत्कण्ठित रहता है उसी प्रकार मुनिराज भी निरन्तर घनागमोत्कण्ठ—(घना आगमे उत्कण्ठायस्य सः) आगम विषयक तीव्र उत्कण्ठा से सहित थे और जिस प्रकार स्वभ्यस्तमार्गणः—अच्छी तरह बाणों का अभ्यास करने वाला धनुर्धारी मनुष्य अधिगुण—डोरी से सहित धनुष को धारण करता है उसीप्रकार स्वभ्यस्तमार्गणः—अच्छी तरह गति आदि मार्गणाओं का अभ्यास करने वाले उन मुनिराज ने अधिगुणं—अधिक गुणों से युक्त धर्म—उत्तम क्षमा आदि धर्म को धारण किया था ॥९४॥ जिस प्रकार उत्तम कवि प्रशस्तयति—निर्दोष विश्राम स्थानों से युक्त वृत्तों—छन्दों का प्रवक्ता—श्रेष्ठ व्याख्याता होता है उसी प्रकार वे मुनि भी प्रशस्त—निरतिचार यतिवृत्त—मुनियों के आचार के श्रेष्ठ वक्ता थे तथा वीतरागे—राग सहित होकर भी भूपराग—राजाओं सम्बन्धी राग से कलङ्कित थे (परिहार पक्ष में भू-पराग—पृथिवी सम्बन्धी धूलि से मलिन शरीर थे ॥९५॥ किसी समय एक मास का उपवास कर वे मुनिराज निर्ग्रन्थ देशों में एकाकी विहार करते हुए रत्नपुर नगर पहुँचे ॥९६॥ पात्र को आया देख श्रद्धा आदि गुणों से

---

१ राक्षसैः २ विघ्नं ३ वैरायते इति वैरायमाणः तम् ४ मयूर इव ५ अधिगुणं पक्षे प्रत्यञ्चादि गुणसहितं ६ धनुः पक्षे उत्तमक्षमादिधर्मम् ७ बाणाः गत्यादि मार्गणाश्च ८ प्रशस्ता यतेः विश्रामस्थानानि येषु तानि प्रशस्तयतीनि । तथाभूतानि वृत्तानि छन्दांसि तथा पक्षे प्रशस्त मुनिचारित्राणां ९ भूपरागेण पक्षेभूपः परागोधूलिभूपरागः १० युक्तेन ११ संतृप्तं चकार ।

मुनेः पात्रतया तस्य भक्त्या च विशुद्धया । आत्मनो भूतिः प्राप्तैर्येनाश्चर्यं पञ्चकम् ॥९८॥
नगरं सुरसंपातपुरसंज्ञातमस्ति यत् । अतिष्ठत्तत्पुरोद्याने विभुर्योगेन रात्रौ सः ॥९९॥
हिमचूलेन विद्याभिर्बाध्यमानोऽपि नैव सः । न [1]सत्त्वात्समाधेर्वा च चचाल तपसि स्थितः ॥१००॥
पृथक्त्वैकत्ववितर्कं [2]शुक्लध्यानात्मकं परम् । विधाय स घातिकर्माणि विजित्य केवलश्रियम् ॥१०१॥
देवोपनीतमैश्वर्यं आध्यात्मिकमनश्वरम् । स दृष्ट्वा [3]नीतकोपोऽभूत् विस्मयादित्यचिन्तयत् ॥१०२॥
संक्लेशेनापि [4]निष्क्रियत्वमनृतं वचः । अत्रेत्युपेक्षयैवार्थं रागद्वेषौ च जायते ॥१०३॥
परमं सुखमत्रेति जितेन्द्रियः पुमान् । दुःखमेव सुखव्याजाद्विषयार्थी विसेवते ॥१०४॥
क्षमादानिह सर्वेषां क्षमिणी परमा क्षमा । [5]तितिक्षैव मनोभूतां [6]क्षमाक्षमार्थं हि क्षमिणाम् ॥१०५॥
इति निश्चित्य मनसा वैराग्यं परमेयिवान् । हिमचूलस्तमानम्य नेमे दीक्षां स दीक्षितः ॥१०६॥
स चिरं संयमं धृत्वा [7]शतारे त्रिदशोऽभवत् । प्राणिनां घृणिभिः सार्धं वैरमप्यनृतायते [8] ॥१०७॥
राजराजः समभ्येत्य पौत्रं संप्राप्तकेवलम् । सानुध्यात्स्फीतया भक्त्या तमानर्चार्चितं सताम् ॥१०८॥

युक्त वहां के धृतषेण नामक राजा ने उन्हें दूध के आहार से संतुष्ट किया ॥९७॥ मुनि की पात्रता और अपनी विशुद्ध श्रद्धा के कारण राजा ने देवों से पञ्चाश्चर्य प्राप्त किये ॥९८॥

निरन्तर देवों का संपात—आगमन होते रहने से जिसका सुरसंपात नाम पड़ गया था ऐसे उस नगर के उद्यान में वे मुनिराज रात्रि—के समय प्रतिमा योग लेकर विराजमान थे ॥९९॥ यद्यपि हिमचूल ने उन्हें अपनी विद्याओं के द्वारा बहुत बाधा पहुँचायी तो भी अचल धैर्य से युक्त होने के कारण वे भयभीत नहीं हुए और न समाधि से विचलित ही हुए ॥१००॥ किन्तु पृथक्त्व वितर्क और एकत्व वितर्क शुक्लध्यान के द्वारा परमार्थ रूप से आत्मा का ध्यान कर तथा घातिया कर्मों को जीत कर कैवल्यलक्ष्मी को प्राप्त हो गये ॥१०१॥ उनके देवकृत तथा आध्यात्मिक ऐश्वर्य को अच्छी तरह देखकर हिमचूल क्रोध रहित हो गया और आश्चर्य से इस प्रकार विचार करने लगा ॥१०२॥ 'उपेक्षा करने वाले जीव का कुछ भी कार्य सिद्ध नहीं होता' यह कहना असत्य है क्योंकि इन्होंने उपेक्षा के द्वारा ही राग द्वेष को और मुझे भी जीता है ॥१०३॥ जितेन्द्रिय मनुष्य उत्कृष्ट सुख को प्राप्त होता है और विषयों की इच्छा करने वाला मनुष्य सुख के बहाने दुःख का ही सेवन करता है ॥१०४॥ इस जगत् में क्षमा ही समस्त आपत्तियों को उत्कृष्ट जननी है और क्षमा ही मनुष्यों का कल्याण करने वाली है ॥१०५॥ ऐसा मन से निश्चयकर हिमचूल परम वैराग्य को प्राप्त हो गया तथा उन्हीं केवली को नमस्कार कर दिगम्बर मुद्रा का धारी होता हुआ दीक्षा को प्राप्त हो गया ॥१०६॥ वह चिरकाल तक संयम धारण कर शतार स्वर्ग में देव हुआ सो ठीक ही है क्योंकि ऋणी मनुष्यों के साथ वैर भी प्राणियों के लिए अमृत के समान आचरण करता है ॥१०७॥ राजाधिराज—चक्रवर्ती ने कौटुम्बिक सम्बन्ध के कारण बड़ी हुई भक्ति से आकर केवलज्ञान को प्राप्त करने वाले

---

१ पञ्चाश्चर्याणि २ एकत्वसमवेये ३ रात्रौ प्रतिमायोगमास्थाय ४ न क्षीणोऽभूत् ५ क्षीणकोपः ६ क्षमा एव ७ द्वादशस्वर्गे ८ अमृतमिवाचरति ।

[illegible]

[illegible]

स [illegible] [illegible]: । [illegible] स्थितः ॥११८॥

तथा सत्पुरुषों से पूजित अपने पौत्र कनककान्ति की पूजा की ॥१०८॥ [illegible]—प्रशस्त मर्यादा से युक्त राजाधिराज—चक्रवर्ती ने ज्ञान के भाण्डार स्वरूप कनककान्ति से [illegible] पदार्थों को जानकर आत्महित न करने वाले अपने आप की बहुत निन्दा की ॥१०९॥ पूर्वपुण्य से प्राप्त साम्राज्य सुखों का उपभोग करते हुए राजा के हजारों पूर्व व्यतीत हो गये ॥११०॥

एकसमय वैराग्योत्पादक मतिज्ञान को प्राप्त कर चक्रवर्ती ने काम सुख से अपना चित्त खींच लिया ॥१११॥ वे विचार करने लगे कि प्रशमभाव से उत्पन्न होने वाले स्वात्माधीन सत्य सुख के रहते हुए भी अज्ञानी मानव विषयों की इच्छा से व्यर्थ ही खेद उठाता है ॥११२॥ ऐसा निश्चय कर चक्रवर्ती ने अपने पुत्र सहस्रायुध को जो तेज से सूर्य के समान था पृथिवी का शासक बनाया ॥११३॥ और स्वयं सत्पुरुषों का कल्याण करने वाले क्षेमंकर जिनेन्द्र को नमस्कार कर तीन हजार राजाओं के साथ दैगम्बरी दीक्षा ग्रहण कर ली ॥११४॥ जिन्होंने समस्त कर्म प्रकृतियों के विस्तार को अच्छी तरह विचार किया है ऐसे चक्रवर्ती—मुनिराज, तप में स्थित होते हुए भी क्षमापालनतत्पर—पृथिवी का पालन करने में तत्पर थे, यह आश्चर्य की बात थी (परिहार पक्ष में क्षमा गुण के पालन करने में तत्पर थे) ॥११५॥ अपने राग से युक्त मुझे छोड़कर व्यर्थ ही तपस्या का आश्रय लिया है ऐसा कहती हुई पृथिवी रूपी वधू धूलि के बहाने प्रीति पूर्वक मानों उनका आलिङ्गन ही कर रही थी ॥११६॥ जिनके पहले साम्राज्य अवस्था में भी एक ही धनुष था अब वे तपोधन—मुनि होकर भी दश प्रकार के धनुष को धारण करते थे यह आश्चर्य की बात थी। (परिहार पक्ष में उत्तम क्षमा आदि दश प्रकार के धर्म को धारण करते थे ॥११७॥ वे जिस प्रकार छत्र रत्न के छाया मण्डल के मध्य में स्थित होकर उज्ज्वल शोभा से युक्त रहते थे उसी प्रकार सूर्य के सम्मुख खड़े होकर भी उज्ज्वल शोभा से युक्त थे ॥११८॥ उन्हें छह खण्ड के भूमण्डल की रक्षा का अभ्यास था, इसीलिये मानों वे

---

१ [illegible] २ [illegible] ३ वैराग्योत्पादकं मतिज्ञानं ४ [illegible] ५ [illegible]
६ [illegible] ७ [illegible] ८ [illegible] ९ पृथिवीपालनतत्परः पक्षे [illegible]
१० अनुरागयुक्तां ११ धूलिच्छलेन १२ धनुष्कम् १३ धर्मम् ।

[illegible]

प्रयत्न पूर्वक छह प्रकार के प्राणिसमूह की रक्षा करते थे ॥११९॥ जिस प्रकार वे पहले नौ निधियों के द्वारा पर हित में प्रवृत्ति करते थे उसी प्रकार तपस्या करते हुए भी उत्कृष्ट श्रुत के द्वारा पर हित में प्रवृत्ति करते थे ॥१२०॥ जिस प्रकार वे पहले साक्षात् दण्ड—राज्यशासन को धारण करते हुए लोगों के पूज्य थे उसी प्रकार अब दीत दण्ड—मन वचन काय की प्रवृत्ति रूप दण्ड से रहित होने पर भी लोगों के पूज्य थे। उनकी बुद्धि दया से आर्द्र थी ॥१२१॥ दुखी प्राणियों का हित करने वाले वे मुनिराज यद्यपि तप से उत्पन्न हुए सूर्यातिशायी तेज को धारण कर रहे थे तो भी निर्वाण रुचि—कान्ति रहित थे यह आश्चर्य की बात थी (परिहार पक्ष में मोक्ष की रुचि से सहित थे) ॥१२२॥ तपस्या करने वाले वे मुनिराज यद्यपि रक्षा की विधि को जानते थे और युक्ति पूर्वक उन्होंने विग्रह—युद्ध को नष्ट भी किया था तो भी उन्होंने अपने राजसं मोहं—रजोगुण प्रधान मोह को अथवा राज-संमोह—राज के ममत्व को नष्ट कर दिया था। (परिहार पक्ष में वे गुप्तियों—के भेदों को अच्छी तरह जानते थे। और उन्होंने उपवास के द्वारा विग्रह—शरीर को कृश कर दिया था फिर भी राज—संबन्धी मोह से रहित थे ॥१२३॥

तदनन्तर जो सुविचार अथवा सुबुद्धि से युक्त होकर अनित्य आदि बारहों अनुप्रेक्षाओं में संलग्न रहते थे तथा मुक्ति प्राप्त करने की लालसा रखते थे ऐसे वे मुनिराज सिद्धगिरि पर एक वर्ष का प्रतिमा योग लेकर खड़े हो गये ॥१२४॥ उस पर्वत पर ग्रीष्म ऋतु में वे निकटवर्ती प्रचण्ड दावानल से घिर जाते थे और उससे ऐसे जान पड़ते थे मानों छोड़े हुए भी प्रताप के द्वारा सेवित हो रहे हों। भावार्थ—उन्होंने मुनिदीक्षा लेते ही प्रताप को यद्यपि छोड़ दिया था तो भी वह उनकी सेवा कर रहा था ॥१२५॥ वर्षा ऋतु में आकाश, यद्यपि इन्द्र नीलमणि के घड़ों के समान वर्षा कालीन मेघों के द्वारा यद्यपि उनका अभिषेक करता था तो भी वे उत्सिक्त—जलसे अभिषिक्त नहीं हुए थे यह आश्चर्य की बात है। परिहार पक्ष में उत्सिक्त गर्वयुक्त नहीं हुए थे ॥१२६॥ जिस प्रकार अन्य

---

१ षड्जन्यानेकजन्तुभेदेन षोडशम् २ उत्कृष्टैः ३ दण्डशब्दः शासकः ४ अवगतवचोवाक्काय व्यापारः ५ सुविचारः ६ संलग्नः ७ वर्षाविषयिकं प्रतिमा योगम् ८ ग्रीष्मर्तौ ९ प्राक्तनप्रतापसेवनं: १० न उत्सिक्तः अनुत्सिक्तः पक्षे गर्वरहितः ११ वायुना।

मूर्ध्नं वनलताव्याजादावार्येव स पद्मया[1] । अन्यान्तरोपभोगाय पर्युपास्यत पादयोः ॥१२८॥
इति तत्र तपस्यन्तं तमालोक्य [illegible] । [illegible] ॥१२९॥
अत्यक्षीवस्य यौ पुत्रौ पञ्चमे भवे । चक्रेशेन हतौ[2] पूर्वं [illegible] ॥१३०॥
तत्पूजनार्थमायान्त्यौ दीप्त्या प्रज्वलितौषधी । [illegible] ॥१३१॥
[illegible] ॥१३२॥
इति द्वात्रिंशतं वर्षान्[3] निर्वर्त्यैकादशाङ्गिनः[4] । [illegible] ॥१३३॥
पितुः सुदुष्करां श्रुत्वा तपस्यां तत्सुतोत्सुकः । राज्यं प्रीतिंकरे सूनौ न्यस्य सह[5]नायुधो ॥१३४॥
विहितात्मक्षमस्यैव स संजातसुखासनः । सौम्यो महीभृतां मूर्ध्नि [illegible] ॥१३५॥
[illegible] ॥१३६॥
शान्तभावोऽन्यसूक्ष्मान्तो श्रीमानमितविक्रमः । [6]एकत्रिंशत्सपुत्रायुः स तत्र त्रिदिवेश्वरः ॥१३७॥

लोगों को कम्पित कर देने वाली वायु के द्वारा मेरु पर्वत का कम्पन नहीं किया जाता उसी प्रकार अन्य लोगों को कम्पित कर देने वाली शीत लहर अथवा शत्रु समूह के द्वारा उनका कम्पन नहीं किया गया था ॥१२७॥ ऐसा जान पड़ता था मानों वनलताओं का बहाना लेकर लक्ष्मी ही जन्मान्तर के उपभोग के लिये उनके चरणों की उपासना कर रही थी ॥१२८॥ इस प्रकार तपस्या करते हुए उन मुनिराज को देखकर तीव्र क्रोध से अतिवीर्य और महाबल नामके महान् असुर उनके समीप आये ॥१२९॥ अश्वग्रीव के जो दो पुत्र पञ्चम भव में चक्रवर्ती के द्वारा मारे गये थे वे ही महान असुर हुए थे। तदनन्तर वे दोनों शत्रु उन मुनिराज का घात करने के लिये प्रवृत्त हुए ॥१३०॥ उसी समय रम्भा और तिलोत्तमा नामकी दो अप्सराएँ उन मुनिराज की पूजा के लिये दैदीप्य तथा सार सामग्री के साथ आ रही थीं उन्हें देखकर वे असुर शीघ्र ही भाग गये ॥१३१॥ उन अप्सराओं ने तीन प्रदक्षिणाएं देकर उन मुनिराज की दिव्यगन्ध आदि से पूजा की और श्रद्धा पूर्वक उनके शरीर से लताओं का वेष्टन दूर किया ॥१३२॥ इस प्रकार जो पीड़ा से रहित थे, कल्याण से युक्त थे तथा परिषहों को जीतने वाले थे ऐसे वे मुनिराज एक वर्ष का प्रतिमायोग समाप्त कर सुशोभित हो रहे थे ॥१३३॥

पिता की अत्यन्त कठिन तपस्या को सुनकर उनके गुणों में उत्सुक होते हुए तुम सहस्रायुध ने अपने पुत्र प्रीतिंकर के लिए राज्य भार सौंप दिया ॥१३४॥ तथा शुभास्रव से युक्त हो उत्तम अभिप्राय वाले अनेक श्रेष्ठ राजाओं के साथ दीक्षा ग्रहण कर ली ॥१३५॥ वज्रायुध मुनिराज सिद्धगिरि पर विधि पूर्वक शरीर का परित्याग कर क्षण भर में स्वर्गों के ऊपर उपरिम ग्रैवेयक में जा पहुंचे ॥१३६॥ वहां वे शान्तभाव से सहित होते हुए सूक्ष्म से अमितविक्रम थे, लक्ष्मी सहित थे, इकतीस सागर की आयु से सहित थे तथा देवों के स्वामी—अहमिन्द्र थे ॥१३७॥

---

१ लक्ष्म्या २ नाशिनौ ३ द्विंशतम् ४ यद्वया ५ एकवर्षव्यापिनं योगं ध्यानं ६ पीडाविरहितः ७ सिद्धाद्री इति, अमितविक्रमः सिद्धगिरिं परि ८ एकत्रिंशत्सागरप्रमायुष्कः ।

[illegible]

इत्यसगकृतौ शान्तिपुराणे वज्रायुधस्य ग्रैवेयकसौमनस्यवर्णनो नाम

* दशमः सर्गः *

वहां वे आश्चर्यकारक कान्ति से सहित, स्त्रियों के समागम से रहित तथा धर्म्यध्यान के रस से परिपूर्ण अत्यन्त शुक्ल शरीर को प्राप्त कर वक्षःस्थल पर पड़े हुए तीन लड़ के हार से ऐसे सुशोभित हो रहे थे मानों हृदय में स्थित रत्नत्रय से ही सुशोभित हो रहे हों। लीलापूर्वक सौमनसवन के पुष्पों को धारण करने वाला वह अहमिन्द्र वहां देवों के उत्तम सुख का उपभोग करने लगा ॥१३८॥ सहस्रायुध ने चिरकाल तक श्रेष्ठ संयम रूपी संपदा को धारण कर ईषत्प्राग्भार नामक पर्वत पर विधिपूर्वक शरीर का त्याग किया। यद्यपि वे काङ्क्षा से रहित थे तो भी वहां अपने स्वामी वज्रायुध को देखने की इच्छा करते हुए के समान उसी उपरिम ग्रैवेयक में कान्तप्रभ नामके अहमिन्द्र हुए ॥१३९॥

इस प्रकार महाकवि 'असग' द्वारा विरचित शान्ति पुराण में वज्रायुध के ग्रैवेयक गमन का वर्णन करने वाला दशम सर्ग समाप्त हुआ।

---

१ अतिसुखम् २ सुमनसां देवानामिदं सौमनस्यम् ३ प्रशस्ताम्।

एकादशः सर्गः

अथानंतरकारणूतोऽस्ति द्वीपो [1]जम्बूद्रुमाङ्कितः। मध्यलोकस्य मध्यस्थो [2]रसनाग्रामवो यथा ॥१॥
तस्य पूर्वविदेहेषु विषयः पुष्कलावती। अस्युत्तरतटे गङ्गाः सीतायाः सरितोऽन्विताः ॥२॥
[3]अद्भुतज्ञानसंकीर्णा तस्मिन्भूः पुण्डरीकिणी। [4]सारदी सरसीवोर्ध्वमंसिते पुण्डरीकिणी" ॥३॥
पुरःसरो विधा[5] तस्या भावी धनरथो जिनः। "पुरः सरोजवनोऽभूत्सैवोर्ध्वमंसिते यतिः ॥४॥
मनोहराकृतिस्तस्य देवी नाम्ना मनोहरी। प्राप्तीदशाविशालेक्षणा कमलसोदरा ॥५॥
ताभ्यां प्राप्ततदच्युत्वा नाकादमितविक्रमः। पुत्रो मेघरथो नाम्ना जयत्प्रख्यातविक्रमः ॥६॥
विज्ञाततत्त्वसद्भावस्य यस्य धैर्यमहोदधेः। [6]विधातुर्विनयस्यादिद्वारमेवमिव शैशवम् ॥७॥

एकादश सर्ग

अथानन्तर जम्बूवृक्ष से चिह्नित, मध्यलोक का अलंकारभूत जम्बूद्वीप है। यह जम्बूद्वीप मेखला के मध्यमणि के समान समस्त द्वीप समुद्रों के मध्य में स्थित है ॥१॥ उसके पूर्व विदेह क्षेत्रों में सीता नदी के उत्तर तट पर स्थित पुष्कलावती देश है ॥२॥ उस देश में ज्ञानी जनों से परिपूर्ण पुण्डरीकिणी नगरी है जो कमलों से सहित शरद ऋतु की सरसी के समान अत्यधिक सुशोभित होती है ॥३॥ वह घनरथ उस नगरी का स्वामी था जो ज्ञानीजनों में अग्रसर था, भावी तीर्थंकर था, त्रिलोकीनाथ था तथा कमल के समान मुख से युक्त था ॥४॥ जिसकी आकृति मनोहर थी, जिसने समस्त कलाएं प्राप्त की थीं तथा जिसके नेत्र कमल के समान थे ऐसी मनोहर नामकी उसकी रानी थी ॥५॥ अमितविक्रम देव उस ग्रैवेयक स्वर्ग से च्युत होकर उन दोनों के जयत्प्रसिद्ध पराक्रम का धारक मेघरथ नामका पुत्र हुआ ॥६॥ जिसने तत्त्वार्थ को जान लिया था, जो धैर्य का महासागर था तथा विनय का विधाता था ऐसे उस मेघरथ का शैशव—बाल्यकाल वृद्धावस्था के समान था।

---

१ जम्बूद्रुमोपलक्षितः २ मेखलामध्यमणिरिव ३ ज्ञानिजनसङ्कीर्णा ४ सरदि भवा शरदी शरत्सम्बन्धिनी ५ योग्यतासम्पन्नसुता ६ ज्ञानिनाम् ७ पुण्डरीकिणीनगर्याः ८ विनयस्य विधातुः कर्तुः सकाशं शैशवं बाल्यकालमिव वयोवस्थाविशेषः स शिशुरपि वृद्ध इव विनयं करोति।

भूषितात्युद्धवंशस्य यस्य मुक्तामणेरिव । जन्मवत्ता परार्थाय जातातिविशदात्मनः ॥८॥
दयार्द्रहृदयोऽराजद्दुर्निरीक्ष्योऽपि तेजसा । अन्तर्धृतसमग्रेन्दुरङ्गुमालीव योऽपरः ॥९॥
[1]पद्मानिवासपद्मोऽपि न जातु जलसंगतः[2] । योऽभूत्कुलप्रदीपोऽपि प्रवृद्ध[3]सुदशान्वितः ॥१०॥
[4]अवधिर्गुणिनामेकः प्रावुर्भूतामलावधिः[5] । यो बभार भुवो भारं [6]दग्धोऽपि [7]गुरुणा समम् ॥११॥
सदा विकासिनी यस्य [8]सहजैव कृपाऽभवत् । सुमनःकल्पवृक्षस्य यथेच्छफलदायिनः ॥१२॥
तस्यैव सूनृतः पुत्रः पश्चात्कान्तप्रभोऽभ्यभूत् । प्रीतिमत्यां[9] [10]गुरुप्रीत्या दृढो दृढरथाख्यया ॥१३॥
[11]कृतकेसरसौहार्दद्रवार्द्रीकृतमानसः । जातो मेघरथस्तस्मिन्प्राक्सम्बन्धो हि तादृशः ॥१४॥
विधिनोपायत ज्यायान्प्रियमित्रां[12] [13]प्रियंवदाम्[14] । मनोरमतया मान्यामन्यामपि मनोरमाम्[15] ॥१५॥
अपरास्वपि कान्तासु सतीषु सुमतिः प्रिया । आसीत्कानिष्ठिकेयस्य[16] रोहिणीव कलावतः[17] ॥१६॥

भावार्थ—वह शैशव काल में ही वृद्ध के समान तत्त्ववेत्ता, धैर्यवान् तथा विनयवान् था ॥७॥ जिस प्रकार श्रेष्ठ वंश वृक्ष को विभूषित करने वाले अतिशय उज्ज्वल मुक्तामणि का जन्म परोपकार के लिए होता है उसी प्रकार श्रेष्ठ कुल को भूषित करने वाले निर्मल हृदय मेघरथ का जन्म परोपकार के लिये था ॥८॥ यद्यपि तेज के द्वारा उसकी ओर देखना कठिन था तो भी वह दया से आर्द्र हृदय था—परम दयालु था। वह ऐसा जान पड़ता था मानो अपने भीतर पूर्ण चन्द्रमा को धारण करने वाला दूसरा सूर्य ही हो ॥९॥ जो लक्ष्मी का निवासभूत कमल होकर भी कभी जल से संगत नहीं था (परिहार पक्ष में जड़—मूर्खजनों से संगत नहीं था) तथा कुल का श्रेष्ठ दीपक होकर भी प्रवृद्ध सुदशान्वित—बढ़ी हुई—बुझी हुई उत्तम बत्ती से सहित था (परिहारपक्ष में श्रेष्ठ वृद्धजन की उत्तम अवस्था से सहित था।) भावार्थ—वह लक्ष्मीमान् था, मूर्खजनों की संगति से दूर रहता था, कुल को प्रकाशित करने वाला था तथा वृद्ध के समान गम्भीर और विनयी था ॥१०॥ जो गुणवान् मनुष्यों की अद्वितीय अवधि था अर्थात् जिससे बढ़कर दूसरा गुणवान् नहीं था और जिसे निर्मल अवधिज्ञान उत्पन्न हुआ था ऐसा वह मेघरथ शरीर से कृश होता हुआ भी पिता के साथ पृथिवी का भार धारण करता था ॥११॥ विद्वज्जनों के लिए कल्पवृक्ष के समान यथेच्छ फल देने वाले जिस मेघरथ की सहज कृपा सदा विकसित रहती थी ॥१२॥

तदनन्तर उसी राजा घनरथ की दूसरी रानी प्रीतिमती के कान्तप्रभ भी बहुत भारी प्रीति से दृढ़ दृढरथ नामका पुत्र हुआ ॥१३॥ मेघरथ, उस भाई पर स्वाभाविक स्नेह रस से आर्द्र हृदय रहता था सो ठीक ही है क्योंकि उनका पूर्वभव का सम्बन्ध वैसा ही था ॥१४॥ बड़े पुत्र मेघरथ ने प्रियभाषिणी प्रियंवदा और मनोरम पने के कारण माननीय मनोरमा नाम की अन्य, इस प्रकार दो कन्याओं को विधिपूर्वक विवाहा ॥१५॥ छोटे भाई दृढरथ की यद्यपि और भी सुन्दर स्त्रियां थीं परन्तु उनमें सुमति नाम की स्त्री चन्द्रमा के रोहिणी के समान प्रिय थी ॥१६॥ जिनके मुख कमल

---

१ लक्ष्मीनिवासभूतकमलमपिभूत्वा २ जलसंगतः पक्षे जडसंगत. ३ प्रवृद्धस्येव सुदशा शोभनावस्था तया अन्विता, पक्षे प्रवृद्धा वृद्धिंगतानिर्वाणोद्युक्ता या सुदशा—शोभनवर्तिका तयान्वितः सहितः ४ सीमा ५ अवधिज्ञानं ६ कृशोऽपि ७ पित्रा सह ८ एतन्नामपत्न्याम् ९ श्रेष्ठस्नेहेन १० अकृत्रिम ११ एतन्नामधेयां १२ प्रिय-भाषिणीम् १३ लक्ष्मीम् १४ लघुपुत्रस्य दृढरथस्य १५ चन्द्रमसः ।

तौ धर्मार्थविरोधेन सुखानि निरविक्षताम्[1] । सस्नेहदयितापाङ्गभृङ्गालीढमुखाम्बुजौ ॥१७॥
राजा महाप्रज्ञवात्राक्षीद्विहरन्ससुतोऽन्यदा । युध्यमानौ सभामध्ये कुक्कुटाकू[2] कृपान्वितः ॥१८॥
उत्पत्योत्पत्य वेगेन प्रहरन्तौ परस्परम् । [3]आरात्यां च वशन्तौ तौ युयुधाते कुधा चिरम् ॥१९॥
महीयसापि कालेन तौ जेतुमितरेतरम् । [4]अप्रभू प्रभुरालोक्य स्मितवेत्याह सुतोत्तमम् ॥२०॥
किञ्चिदुत्सानयोर्वैरं वेत्सि जन्मान्तरागतम् । पक्षिणोरप्रमत्तं च तज्जघावत्वयोच्यताम् ॥२१॥
इति जिज्ञासमानेन[5] पित्रा तद्बोधमङ्गसा । पृष्टो मेघरथो वक्तुं क्रमेणेत्थं प्रचक्रमे ॥२२॥
अथास्य भारते [6]वास्ये जम्बूद्वीपस्य विश्रुते । पुरं रत्नपुरं नाम्ना प्रविस्ता[7] प्रथितं परम् ॥२३॥
तत्र शाकटिकावेतावभूतां [8]भूतनिर्दयौ । नाम्नैवैकस्तयोर्धन्यो भद्रकोऽन्योऽप्यभद्रधीः ॥२४॥
अन्यदा श्रीनदीतीर्थसंघट्टे [9]धुर्यवट्टनात् । अघ्नतुस्तावनिघ्नेन[10] कुधा निघ्नौ[11] परस्परम् ॥२५॥
जाम्बूनदापगातीरे जम्बूजम्बीरराजिते । जङ्गमोत्तुङ्गशैलाभौ [12]मातङ्गौ तौ बभूवतुः ॥२६॥
अवच्छिन्नाक्षदाभ्योन्यं तौ तत्रापि मतङ्गजौ[13] । परस्परप्रहाराघातभिन्ननिर्यद्[14]वस्तकौ ॥२७॥

स्नेह युक्त प्रियाओं के कटाक्ष रूपी भ्रमरों से व्याप्त थे ऐसे वे दोनों भाई धर्म और अर्थ पुरुषार्थ का विरोध न करते हुए सुखों का उपभोग करते थे ॥१७॥

किसी समय दयावन्त राजा घनरथ स्वेच्छा से क्रीड़ा करते हुए पुत्रों के साथ सभा के बीच बैठे हुए थे। वहां उन्होंने युद्ध करते हुए दो मुर्गों को देखा। वे मुर्गे वेग से उछल उछल कर परस्पर प्रहार कर रहे थे, चोंचों से एक दूसरे को काटते थे। इस तरह वे क्रोध से चिर काल तक युद्ध करते रहे परन्तु बहुत समय में भी एक दूसरे को जीतने के लिये जब समर्थ न हो सके तब राजा ने हंसकर बड़े पुत्र से कहा ॥१८-२०॥ हे वत्स! इन पक्षियों के जन्मान्तर से आये हुए वैर को तथा इनके न थकने के कारण को कुछ जानते हो तो यथावत्—जैसा का तैसा कहो ॥२१॥ इस प्रकार उन पक्षियों के यथार्थ ज्ञान को जानने की इच्छा करने वाले पिता के द्वारा पूछा गया मेघरथ क्रम से इस प्रकार कहने के लिये उद्यत हुआ ॥२२॥

इस जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में विस्तार से अत्यन्त प्रसिद्ध रत्नपुर नामका नगर है ॥२३॥ वहां ये दोनों, प्राणियों के साथ निर्दयता का व्यवहार करने वाले गाड़ीवान् थे। उनमें से एक का नाम धन्य था जो नाम मात्र से धन्य था और दूसरे का नाम भद्रक था परन्तु वह भी अभद्र बुद्धि था ॥२४॥ किसी एक समय श्रीनदी के घाट पर बैलों की टक्कर हो जाने से दोनों को क्रोध आ गया और उसके कारण दोनों ने एक दूसरे को मार डाला ॥२५॥ पश्चात् वे जामुन और जम्बीर के वृक्षों से सुशोभित जाम्बूनद नामक नदी के तीर पर चलते फिरते ऊंचे पर्वतों के समान आभा वाले हाथी हुए ॥२६॥ वहां भी परस्पर दांतों के प्रहार से जिनका आंखों का समीपवर्ती प्रदेश तथा मस्तक विदीर्ण हो गया था ऐसे उन दोनों हाथियों ने परस्पर एक दूसरे को मारा ॥२७॥

---

१ भुञ्जाते स्म २ कुक्कुटौ ३ चञ्चूभ्याम् ४ असमर्थौ ५ ज्ञातुमिच्छता ६ क्षेत्रे ७ विस्तारेण ८ भूतेषु प्राणिषु निर्दयौ क्रूरहृदयौ ९ धुरं वहति धुर्यः वृषभः तस्य घट्टनात् ताडनात् १० स्वतन्त्रेण ११ अधीनौ १२ हस्तिनौ १३ हस्तिनौ १४ अवाक्षसमीपप्रदेशः ।

अस्त्ययोध्यापुरी भास्ये जम्बूद्वीपस्य भारते । भूषयन्ती स्वकान्त्याथ देशानुत्तरकोशलान् ॥२८॥
अशिक्षितां पुरीं राजा राजकार्यविचक्षणः । निर्जितोभयशत्रुत्वात्ख्यातः शत्रुञ्जयाह्वया ॥२९॥
तवृघोवाधिपतेर्धोवे[1] नन्दिमित्रस्य विस्तृते । महिषौ तौ महीयांसावभूतामभिसन्धिभौ[2] ॥३०॥
युध्यमानौ पुरो राज्ञो मृत्वा तत्रैव तावबी[3] । भूत्वा भूयोऽपि युद्धेन हतः स्मान्योन्यमन्यदा ॥३१॥
तावेतौ [4]विष्किरौ जातौ ताम्र[5]चूडाविहोद्धतौ । पुरातन्या कृधा वैरमाभ्यामेवं प्रतन्यते ॥३२॥
संसारे संसरन्त्येवं [6]कषायकलुषीकृताः । आददानास्त्यजन्तोऽपि देहिनो देहपञ्जरम् ॥३३॥
अपरिश्रमहेतुश्च भव्योऽयं शृणुतानयोः । भव्या व्योमचरेशाभ्यां गूढाभ्यां विहितस्ततः ॥३४॥
द्वीपेऽस्मिन् भारतान्तःस्थे राजताद्रौ विराजिते[7] । पुरं हिरण्यनाभाख्य[8]मुदग्भागैकभूषणम् ॥३५॥
गोप्ता गरुडवेगाख्यो [9]गुप्तमूलबलो नृपः । नगरस्याभवत्तस्य [10]नगराज इवोन्नतः ॥३६॥
जाता धृतिमती तस्य धृतिषेणाभिधा प्रिया । अजायेतामुभौ पुत्रौ तयोरय[11]नवान्वितौ ॥३७॥
आरुह्यया चन्द्रतिलकः कुलस्य तिलकोपमः । तयोर्ज्यायान्कनिष्ठोऽपि नभस्तिलक इत्यभूत् ॥३८॥

अथानन्तर जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में अपनी कान्ति से उत्तर कोशल देश को विभूषित करने वाली अयोध्या नगरी है ॥२८॥ राज कार्य में निपुण तथा अन्तरङ्ग बहिरङ्ग शत्रुओं को जीत लेने के कारण शत्रुञ्जय नाम से प्रसिद्ध राजा उस अयोध्या नगरी का शासन करता था ॥२९॥ उस अयोध्या में अहीरों का स्वामी नन्दिमित्र रहता था। उसकी विस्तृत बस्ती में वे दोनों, हाथियों के समान विशाल काय भैंसा हुए ॥३०॥ वे भैंसे राजा के आगे युद्ध करते हुए मरे और मर कर उसी अयोध्या में मेंढा हुए। मेंढा पर्याय में भी दोनों युद्ध द्वारा एक दूसरे को मार कर मरे ॥३१॥ अब वे मुर्गा नामके उद्दण्ड पक्षी हुए हैं तथा पूर्वभव सम्बन्धी क्रोध के कारण इनके द्वारा इस प्रकार वैर बढ़ाया जा रहा है ॥३२॥ इसप्रकार कषाय से कलुषता को प्राप्त हुए जीव शरीर रूपी पींजड़ा को ग्रहण करते और छोड़ते हुए संसार में भ्रमण करते रहते है ॥३३॥ इनके न थकने का कारण भी सुनने के योग्य है ! अहो भव्यजनों ! सुनो। यह कारण छिपे हुए विद्याधर राजाओं के द्वारा विस्तृत किया गया है ॥३४॥

इसी जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में स्थित शोभायमान विजयार्ध पर्वत पर उत्तर श्रेणी के अद्वितीय आभूषण स्वरूप हिरण्यनाभ नामका नगर है ॥३५॥ जिसका मंत्री आदि मूल वर्ग और सेनाका समूह सुरक्षित था तथा सुमेरु के समान उन्नत (उदार) था ऐसा गरुड़वेग नामका राजा उस नगर का रक्षक था ॥३६॥ उसकी धैर्य से युक्त धृतिषेणा नामकी स्त्री थी। उन दोनों के भाग्य और नय विज्ञान से सहित दो पुत्र हुए ॥३७॥ उनमें बड़ा पुत्र चन्द्रतिलक नामका था जो कुल के तिलक के समान था तथा छोटा पुत्र नभस्तिलक था ॥३८॥ वे एक बार अपनी इच्छा से फूले हुए नमेरु वृक्ष

---

१ आभीर वसतिकायां २ हस्तिसदृशौ ३ तौ अवी इतिच्छेदः अवी मेषौ ४ पक्षिणौ ५ कुक्कुट ६ सुशोभिते ७ उत्तरश्रेण्यलंकारभूतम् ८ मूल मन्त्र्यादिवर्गः, बल सैन्यं तयोर्द्वन्द्वः गुप्ते सुरक्षिते मूल बले यस्य सः ९ सुमेरुरिव १० अयः शुभावहो विधिः, नयो नीतिः, ताभ्यां सहितौ ।

मेरौ [1]पुण्यतमेरौ तौ विहरन्तौ यदृच्छया । मुनिं सागरचन्द्राख्यमैक्षिषातां जिनालये ॥३९॥
चूडारत्नांशुमञ्जर्या तमभ्यर्च्यार्चितं सताम् । स्वमतीतभवं भव्यौ भव्येशं पृच्छतः स्म तौ ॥४०॥
अथावर्त्यावधिज्ञानमित्याह मुनिसत्तमः । निरस्य[2]श्रमलैर्वाक्यैः स तयोर्हृदि [3]सत्तमः ॥४१॥
द्वीपस्यैरावते क्षेत्रे द्वितीयस्य प्रकाशते । पृथिवीतिलकाकारं पृथिवीतिलकं पुरम् ॥४२॥
अभूदभयघोषाख्यः पुरस्याभयमानसः । तस्य भ्राता महासत्त्वो द्विषतामभिमानसः[4] ॥४३॥
कनकादिलता नाम्नी [5]लताङ्गी तस्य भूषणम् । महिषी महनीयस्य [6]वेला वार्द्धेरिवाभवत् ॥४४॥
तस्यामुत्पादयामास जयन्त विजयाभिधौ । सुतौ स नीतिमान्भूपः [7]कोषदण्डाविव क्षितौ ॥४५॥
सुभौमनगरेशस्य शङ्खाख्यस्य महीक्षितः[8] । तनयां पृथिवीषेणामुपायत स चापराम् ॥४६॥
तस्यां परिवृढः[9] सक्तो[10] नवोढायां महीभृताम्[11] । विरक्तोऽभून्महादेव्यां कामिनो हि नवप्रियाः ॥४७॥
तामभ्यरीरमद्भूपस्तत्सौभाग्यविलोभितः । रम्यासु हर्म्यमालासु नवे चोद्यानमण्डले ॥४८॥

से युक्त सुमेरु पर्वत पर विहार कर रहे थे। वहां उन्होंने एक जिनालय में सागरचन्द्र नामक मुनि को देखा ॥३९॥ उन दोनों भव्यों ने सत्पुरुषों के पूज्य भव्योत्तम मुनिराज की चूडारत्न की किरण रूप मञ्जरी से पूजा कर अपना अतीतभव पूछा ॥४०॥

तदनन्तर मुनिराज अवधिज्ञान को परिवर्तित कर —इस ओर सलग्न कर इस प्रकार कहने लगे। वे मुनिराज बोलते समय निर्मल वाक्यों के द्वारा उन भव्यों के हृदय में विद्यमान अन्धकार को नष्ट कर रहे थे ॥४१॥ द्वितीय-धातकीखण्ड द्वीप के ऐरावत क्षेत्र में पृथिवी के तिलक के समान पृथिवी तिलक नामका नगर प्रकाशमान है ॥४२॥ जिसका मन निर्भय था तथा जो शत्रुओं की ओर अपना ध्यान रखता था ऐसा महा पराक्रमी अभयघोष नामका राजा उस नगर का रक्षक था ॥४३॥ जिस प्रकार वेला समुद्र का आभूषण होती है उसीप्रकार कनकलता नामकी कृशाङ्गी रानी उस महान् संपत्ति के धारक राजा की आभूषण थी ॥४४॥

उस नीतिमान् राजा ने जिस प्रकार पृथिवी में कोष (खजाना) और दण्ड (सेना) उत्पन्न की थी उसी प्रकार उस कनकलता रानी में जयन्त और विजय नामके दो पुत्र उत्पन्न किये ॥४५॥ राजा अभयघोष ने सुभौमनगर के स्वामी शङ्ख नामक राजा की पृथिवीषेणा नामक अन्य पुत्री के साथ विवाह कर लिया ॥४६॥ राजाओं का स्वामी अभयघोष उस नवविवाहित रानी में आसक्त हो गया और महादेवी कनकलता में विरक्त हो गया सो ठीक ही है क्योंकि कामी मनुष्य नव प्रिय होते हैं—नवीन स्त्री के साथ प्रेम करते ही हैं ॥४७॥ पृथिवीषेणा के सौभाग्य से लुभाया हुआ राजा सुन्दर महलों की पंक्तियों तथा नवीन बाग बगीचों में उसे रमण कराता था ॥४८॥ अपना सौभाग्य निःसार हो जाने

---

१ पुण्यन्तौ नमेरवो यस्मिन् तस्मिन् मेरु विशेषणम् २ निराकुर्वन् ३ विद्यमान अज्ञानतिमिरम् ४ संमुखहृदयः ५ कृशाङ्गी ६ कोषो निधिः, दण्डःसैन्यम् कोषश्च दण्डश्चेति कोषदण्डौ ७ राज्ञः ८ स्वामी ९ आसक्तः कृतगाढस्नेह इत्यर्थः १० राज्ञाम् ।

निःसारीभूतसौभाग्यतयाप्रहिणो रुषा । सा विश्लेषयितुं भूपमभि[1]चारमकारयत् ॥४९॥
संदर्श्य कृत्रिमां मालां मन्त्रधूपाधिवासिताम् । वसन्तागमने राज्ञे सा सखीभिर्न्यमंत्रयत् ॥५०॥
तामालोक्य विरक्तोऽभूद्वल्लभायाः स तत्क्षणे । मणिमन्त्रौषधीनां हि शक्त्या किं वा न साध्यते ॥५१॥
किंचिद्विमुखितं ज्ञात्वा तच्चित्तं सा मनस्विनी । तेनानुनीयमानापि पुनर्भोगान्न जग्रहे ॥५२॥
मुनेर्दत्तामिधानस्य मूले संयमसाधनम् । अकरोत्स्वं वपुर्भव्यं भव्यताधाः फलं हि तत् ॥५३॥
जातखिन्नप्रतिसारेण मनसा व्याकुलोऽपि सन् । धैर्येण तद्वियोगार्तिं कथं कथमशीशमत् ॥५४॥
संसारदेहभोगानां प्रविचिन्त्य [2]पुलाकताम् । नत्वानन्तजिनं रागादव्यग्रः सोऽग्रहीत्तपः ॥५५॥
लक्ष्मीं क्रमागतां त्यक्त्वा तौ तृणावज्ञया ततः । प्राव्राजिष्टां समं पित्रा जयन्तविजयावपि ॥५६॥
[3]तीर्थकृद्भावनां सम्यग्भावयित्वा यथागमम् । हित्वा प्रापत्तनुं धैर्यादच्युतेन्द्रत्वमच्युते ॥५७॥
तत्पुत्रावपि तत्रैव [4]कल्पे तत्प्रणयादिव । अभूतां [5]भूतसंप्रीती तस्मिन्सामानिकौ[6] सुरौ ॥५८॥
राज्ञो हेमाङ्गदस्यासोवबतीर्याच्युतात्सुतः । स देव्यां मेघमालिन्यां नाम्ना घनरथोऽनघः ॥५९॥
[7]कल्याणद्वितयं प्राप्य देवेन्द्रेभ्यः स भासते । पुण्डरीकेक्षणो रक्षन्नगरीं पुण्डरीकिणीम् ॥६०॥

से प्रधानरानी ने उससे राजा को अलग करने के लिए मन्त्र तन्त्र कराया ॥४९॥ वसन्त ऋतु आने पर उसने अपनी सखियों के द्वारा राजा के लिए मन्त्र और धूप से संस्कार की हुई कृत्रिम माला दिखला कर आमन्त्रित किया ॥५०॥ उस माला को देखकर राजा उसी क्षण वल्लभा—पृथिवीषेणा नामक प्रियस्त्री से विरक्त हो गया सो ठीक ही है क्योंकि मणि मन्त्र और औषधी की शक्ति से क्या नहीं सिद्ध किया जाता ? ॥५१॥ मानवती पृथिवीषेणा ने राजा के चित्त को कुछ विमुख जानकर उनके द्वारा मनाये जाने पर भी फिर भोगों को ग्रहण नहीं किया ॥५२॥ किन्तु दत्त नामक मुनिराज के समीप अपने उत्तम शरीर को संयम का साधन कर लिया अर्थात् आर्यिका के व्रत लेकर तपस्या करने लगी सो ठीक ही है क्योंकि भव्यता का फल वही है ॥५३॥ खिन्न मन से व्याकुल होने पर भी राजा ने धैर्यपूर्वक पृथिवीषेणा की विरहजनित पीड़ा को किसी किसी तरह शान्त किया ॥५४॥ पश्चात् उसने ससार शरीर और भोगों की निःसारता का विचार कर अनन्त जिन को भक्तिपूर्वक नमस्कार किया तथा निराकुल हो कर उन्हीके पास तप ग्रहण कर लिया ॥५५॥ जयन्त और विजय भी वंश परम्परा से आई हुई लक्ष्मी को तृण के समान अनादर से छोड़कर पिता के साथ दीक्षित हो गये ॥५६॥ अभयघोष मुनि तीर्थंकर प्रकृति के बन्ध योग्य षोडश कारण भावनाओं का शास्त्रानुसार अच्छी तरह चिन्तवन कर तथा धैर्य से शरीर छोड़कर अच्युत स्वर्ग में इन्द्र पद को प्राप्त हुए ॥५७॥ उनके पुत्र जयन्त और विजय भी उनके स्नेह से ही मानों उसी अच्युत स्वर्ग में परस्पर प्रीति को धारण करने वाले सामानिक देव हुए ॥५८॥ वह अच्युतेन्द्र, अच्युत स्वर्ग से च्युत हो कर राजा हेमाङ्गद की मेघमालिनी रानी के घनरथ नामका निष्कलङ्क पुत्र हुआ ॥५९॥ इन्द्रों से दो कल्याणक प्राप्त कर वह कमल लोचन, पुण्डरीकिणी नगरी की रक्षा करता हुआ सुशोभित हो रहा है ॥६०॥

---

१ मन्त्रतन्त्रप्रयोगम् २ निःसारताम् ३ दर्शनविशुद्धयादि भावनां ४ स्वर्गे ५ भूता समुत्पन्ना संप्रीतिर्ययोस्तौ ६ देवविशेषौ ७ गर्भजन्मकल्याणक युग ।

प्रबुबुधे विबुधैः सौख्यं जयन्तविजयौ कृताम् । प्रभूतां खेचरीभूतसमस्तविद्याधरेश्वरौ ॥६१॥
इत्यसौ तत्समाकर्ण्य भूपतिः स्वभवान्तरे । तरसागमतां व्योम्ना सुतौ तौ स्वदिदृक्षया ॥६२॥
दोषमेतावितीमाभ्यां स्वविद्यया । विदुषुरनयोर्युद्धं भवानित्यवदन्मृगौ ॥६३॥
तमुदन्तं निगद्यैवं विरते भूपतेः सुते । आविश्चक्रतुरात्मानं व्योम्नि व्योमचरेश्वरौ ॥६४॥
जन्मान्तरागतप्रीतिभारनम्रेण तौ । शिरसा मनसा सार्द्धं पादावानर्चतुः पितुः ॥६५॥
असाधारणोऽप्यसौ गाढं तावाश्लिष्यद्विजाधिपतिः । कस्यां न संभ्रमं कुर्यात्प्रेम जन्मान्तरागतम् ॥६६॥
तौ विसृष्टौ मुहुर्नत्वा मुक्तौ तच्चरणद्वयम् । प्रीत्योत्फुल्लमुखाम्भोजौ भूयोभूयः प्रणेमतुः ॥६७॥
युवेशेनापि तौ प्रीत्या बहुमानेन कृतज्ञता । स्वसहोदरसामान्यप्रतिपत्त्या प्रतीयता ॥६८॥
स्मृतजन्मान्तरोदन्तौ तौ संमान्य नरेश्वरः । [1]स्वकरामर्शसंजातं तयोरागमनश्रमम् ॥६९॥
तत्प्रीत्योचितसन्मानप्रवृद्धप्रणयान्वितौ । तौ विसृष्टौ चिराद्राज्ञा स्वधाम प्रतिजग्मतुः ॥७०॥
तौ लक्ष्मीं पुत्रसात्कृत्य गत्वा गोवर्धनं मुनिम् । संसारवासतस्त्रस्तौ [2]बभूवतुः तपोधनौ ॥७१॥

जयन्त और विजय स्वर्ग के सुख भोगकर समस्त विद्याधरों को नम्रीभूत करने वाले आप दोनों विद्याधर राजा हुए हैं ॥६१॥ इस प्रकार उन मुनिराज से अपने पूर्वभव सुनकर तुम्हारे वे पुत्र आपको देखने की इच्छा से वेग पूर्वक आकाश द्वारा यहां आये थे ॥६२॥ आप इन मृगों का युद्ध देखना चाहते हैं यह जानकर उन्होंने इन मृगों को अपनी विद्या द्वारा इस प्रकार लड़ाया है ॥६३॥ इस प्रकार उनका वृत्तान्त कह कर जब राजा घनरथ के पुत्र मेघरथ चुप हो रहे तब उन विद्याधर राजाओं ने आकाश में अपने आप को प्रकट किया ॥६४॥

उन्होंने जन्मान्तर से आयी हुई प्रीति के बहुत भारी भार से ही मानों नम्रीभूत शिर से मन के साथ पिता के चरणों की पूजा की ॥६५॥ राजा घनरथ यद्यपि असाधारण पुरुष थे तथापि उन्होंने उनका गाढ आलिङ्गन किया सो ठीक ही है क्योंकि जन्मान्तर से आया हुआ प्रेम किन्हें हर्ष उत्पन्न नहीं करता ? ॥६६॥ राजा ने चिरकाल तक आलिङ्गन कर जिन्हें छोड़ा था तथा प्रीति से जिनके मुख कमल विकसित हो रहे थे ऐसे उन दोनों ने बार बार राजा के चरणयुगल को नमस्कार किया ॥६७॥ युवराज ने भी नमस्कार करने वाले उन दोनों को प्रीति पूर्वक देखा । युवराज उन्हें भाई के समान सन्मान दे रहा था तथा उनकी प्रतीति कर रहा था ॥६८॥ जिन्हें अपने जन्मान्तर का वृत्तान्त स्मृत हो गया था ऐसे उन दोनों का राजा ने खूब सन्मान किया और अपने हाथ के स्पर्श से उनके आगमन का श्रम दूर कर दिया ॥६९॥ उनकी प्रीति के कारण जो योग्य सन्मान से बढ़े हुए स्नेह से सहित थे ऐसे दोनों विद्याधर चिर काल बाद राजा से विदा लेकर अपने स्थान पर चले गये ॥७०॥ वहां जा कर संसार वास से भयभीत दोनों विद्याधर राजा पुत्रों को लक्ष्मी सौंपकर तथा गोवर्धन मुनि को नमस्कार कर साधु हो गये ॥७१॥ तदनन्तर मृगों ने अपने भवान्तर जानकर कर्मजन्य वैर को

---

१ स्वहस्तस्पर्शनेन २ भूतौ ।

[illegible] ॥७१॥ तौ भूतरमणाटव्यामभूतां भूतनायकौ । [illegible] ॥७३॥ [illegible] ॥७४॥ [illegible] ॥७५॥ [illegible] ॥७६॥ [illegible] ॥७७॥ [illegible] ॥७८॥ [illegible] ॥७९॥ [illegible] ॥८०॥ [illegible] ॥८१॥ साधुः स्वार्थालसो नित्यं परार्थनिरतो भवेत् । स्वच्छाशयः कृतज्ञश्च पापभीरुश्च तथ्यवाक् ॥८२॥

छोड़ दिया तथा शरीर का परित्याग कर वे भूतरमण नामक अटवी में भूतों के नायक और प्रसिद्ध अचिन्त्य प्रभाव से शोभित व्यन्तरदेव हुए ॥७२-७३॥

तदनन्तर किसी समय लौकान्तिक देवों ने भक्ति पूर्वक नमस्कार कर राजा घनरथ को यह कह कर संबोधित किया कि यह तप का उत्कृष्ट काल है। राजा घनरथ स्वयं भी बोध को प्राप्त हो रहे थे ॥७४॥ तदनन्तर देवेन्द्रों के द्वारा जिनका सत्कार किया गया था ऐसे उन श्रीमान् राजा घनरथ ने वंश परम्परा की लक्ष्मी मेघरथ पुत्र के लिए सौंपकर तप धारण कर लिया ॥७५॥ अग्रज मेघरथ ने युवराज पद के बहाने समस्त पृथिवी का भार छोटे भाई दृढ़रथ के लिए सौंपकर प्रेम को विस्तृत किया ॥७६॥

किसी अन्य समय दो भूत आकाश से मेघरथ के पास आये और हाथ जोड़ नमस्कार कर हर्ष से इस प्रकार के वचन कहने लगे ॥७७॥ हे भद्र ! आपके किए हुए उपदेश से हम ऐसी इस गति को प्राप्त हुए हैं जो विपत्तियों का स्थान नहीं है तथा सुन्दर और आश्चर्यकारी है ॥७८॥ आप से जिन्हें आत्मबोध प्राप्त हुआ है तथा किस कार्य के द्वारा हम आपके उपयोग को प्राप्त होंगे, ऐसा विचार कर जो निरन्तर दुखी रहते हैं ऐसे हम दोनों की विमूढता—अज्ञानता को आप देखें ॥७९॥ हे स्वामिन् ! यद्यपि आप कृतकृत्य हैं—आपको किसी कार्य की इच्छा नहीं है अतः हम आपका क्या कर सकते हैं ? तथापि सामान्य सेवकों को जैसी आज्ञा दी जाती है वैसी आज्ञा देकर हम दोनों को अनुगृहीत कीजिये ॥८०॥ इस प्रकार राजा के लिये अपनी बात कहकर वे भूत चुप हो रहे। राजा मेघरथ उनकी कृतज्ञता से संतुष्ट होते हुए उनसे इस प्रकार कहने लगे ॥८१॥ साधुजन—सत्पुरुष अपने कार्य में अलस, दूसरे के कार्य में निरन्तर तत्पर, स्वच्छ हृदय, कृतज्ञ, पापसे डरने वाला और सत्यवादी होता है ॥८२॥ जिनका चित्त सौहार्द से भरा हुआ है ऐसे आप लोगों के इस आगमन से ही अनुमान होता है

---

१ सत्यव्रतुः २ व्यन्तर देवविशेषौ: ३ आकाशेन ४ अस्थानम् ।

एतत्सकुशलं सर्वं भवतोरनुशीलते । अनुरागमनेनैव भूतसौहार्दवेदतोः ॥८३॥
जायन्ते सत्सहायानां वाञ्छितार्थस्य सिद्धयः । अतो नस्त्वादृशैर्मित्रैः किं न पर्याप्तिमेष्यति ॥८४॥
द्रष्टुं जिनालयान्पूतान्मर्त्यलोकेऽकृत्रिमान् । बुद्धिर्मे विद्यते भूरिविद्यमानावधेरपि ॥८५॥
इत्युदीर्य [1]चिरं मौनं व्यरंसीत्स्वमनोरथम् । प्रीतास्तिरस्कृतुर्भूतास्तावत्तस्मात्क्षणः ॥८६॥
त्वं द्रष्टा प्रणतानां वां हृदयं जैनालया जिनः । बन्धोऽन्यन्नाशयं किञ्चिच्चतुर्भद्रं जगत्त्रये ॥८७॥
इत्युक्त्वा तत्क्षणादेव राज्ञः स्कन्धनिवेशितौ । दर्शयामासतुः कृत्स्नानकृत्रिमजिनालयान् ॥८८॥
ज्ञानेनावधिना पूर्वं दृष्टानप्यवधारणात् । पुनरुक्तानिवालोक्य ववन्दे तान्यथाक्रमम् ॥८९॥
क्षणाद्भूतसहायेन राज्ञा निर्वृत्य यियासे । तीर्थयात्रामवाप्टेऽर्थे सिद्धे को न सुखायते ॥९०॥
दृश्यमानः पुरं पौरैः सोऽविशद्भूतवाहनः । क्व गत्वा नभसायात इति संजातकौतुकैः ॥९१॥
स राजकुलमासाद्य सद्यो भूतौ विसृष्टवान् । वचसा प्रीतियुक्तेन न पुनश्चेतसा प्रभुः ॥९२॥
ततः सभामितो भूपः क्षणेनैव समासदाम् । प्रीत्यानुमोदमानानां स्वप्रेक्षितमवीवचत् ॥९३॥
इति धर्मानुरक्तात्मा राजमार्गस्थितोऽपि सः । अभूत्संयमिनां [2]धुर्यः शमस्थः संयमं विना ॥९४॥

कि साधु पुरुष के यह समस्त गुण आप दोनों में परिपूर्ण हैं ॥८३॥ क्योंकि अच्छे सहायकों से सहित मनुष्यों के अभिलषित कार्यों की सिद्धियां होती हैं अतः आप जैसे मित्रों से हमारा कौन कार्य पूर्णता को प्राप्त न होगा ? ॥८४॥ यद्यपि मुझे अवधिज्ञान है तथापि मनुष्य लोक में विद्यमान पवित्र अकृत्रिम जिनालयों के दर्शन करने की मेरी भावना है ॥८५॥ इस प्रकार राजा अपने मनोरथ को प्रकट कर चुप हो गये। तदनन्तर अपने लिये अवसर प्राप्त कर प्रसन्न भूत इस प्रकार कहने लगे ॥८६॥

आप दर्शन करने वाले हैं, हम दोनों पहुंचाने वाले हैं, जिनालय दर्शनीय है और जिनेन्द्र देव वन्दनीय हैं इन चारों माङ्गलिक कार्यों से युक्त दूसरा कुछ भी कार्य तीनों जगत् में नहीं है ॥८७॥ इतना कहकर उसीक्षण अपने कन्धे पर बैठे हुए राजा के लिये उन भूतों ने समस्त अकृत्रिम जिनालय दिखलाये ॥८८॥ अपने अवधि ज्ञान के द्वारा जिन्हें पहले देख लिया था ऐसे जिनालयों को पश्चात् पुनरुक्त के समान देखकर राजा ने यथाक्रम से उनकी वन्दना की ॥८९॥ भूतों की सहायता से क्षण-भर में तीर्थयात्रा को पूरा कर राजा मेघरथ बहुत प्रसन्न हुए सो ठीक ही है क्योंकि वाञ्छित कार्य के सिद्ध होने पर कौन सुखी नहीं होता है ? ॥९०॥ 'कहां जाकर आकाश से आये हैं' इस प्रकार के कौतूहल से युक्त नगरवासी जिन्हें देख रहे थे ऐसे भूतवाहन—भूतों के कन्धे पर बैठे हुए राजा ने नगर में प्रवेश किया ॥९१॥ स्वामी मेघरथ ने राजभवन को प्राप्तकर शीघ्र ही उन भूतों को विदा कर दिया। परन्तु प्रीति युक्त वचनों से ही विदा किया था हृदय से नहीं ॥९२॥ तदनन्तर क्षणभर में ही मानों सभा में पहुंचे हुए राजा ने प्रीति से अनुमोदना करने वाले सभासदों को अपना आंखों देखा कहा ॥९३॥ इस प्रकार राज मार्ग में स्थित होने पर भी जिनकी आत्मा धर्म में अनुरक्त थी तथा जो प्रशमगुण में स्थित थे ऐसे वे राजा मेघरथ संयम के बिना भी संयमियों में प्रधान हो रहे थे ॥९४॥

---

१ प्रजानाम् २ प्रधानः ।

तस्य कामयितुश्चास्य कामान्सत्पुत्रजन्मने । प्रभवत्प्रियमित्रायां तनयो नन्दिवर्धनः ॥९५॥
देव्यां दृढरथस्यापि सुमत्यां सुमतिः सुतः । धनसेनाह्वया ख्यातो बभूव धनदोपमः ॥९६॥
अन्तःपुरोपरोधेन स देवरमणं वनम् । मधुनासेऽन्वयात् द्रष्टुं यतौ मेघरथो रथी ॥९७॥
अनुभूय यथाकामं *मधुलक्ष्मीं मधूपमः । क्रीडापर्वतमध्यास्त तत्र कृत्स्नवेदिकम् ॥९८॥
स्मृतिरेतावतरं तस्य भूतौ प्राप्य तदन्तिकम् । विविधैर्वल्गनैर्वल्गु क्रीडन्तौ चक्रतुर्मुदम् ॥९९॥
इति सत्रमदं तस्मिन्नितिष्ठति प्रमदासखे । क्रीडाचलस्ततोऽकस्माच्चचाल चलितोपलः ॥१००॥
स तासां परिरम्भेण गुरुकान्त्या तं निश्चलं पुनः । व्यधात्तत्रस्तचित्तासु लोलयुक्तासु तोऽपि भूधरम् ॥१०१॥
उदपतदि ततो भूधानार्तनादः सवन्ततः । उत्पातमारुताघातक्षुभितार्णवगिरिर्ध्वनतः ॥१०२॥
दिवः प्रादुरभूत्काचित् खेचरी साश्रुलोचना । प्राञ्जलिर्याचमाना तं पतिभैक्षं पतिव्रता ॥१०३॥
इत्यवादीत्समानम्य सा साधुं साधुवत्सलम् । अन्तःशोकानलक्लोपात्प्रम्लानवदनाम्बुजा ॥१०४॥
महाबलोऽपि महतस्तथः क्षुद्रेभ्यो नैव कुप्यति । नक्रैराहन्यमानोऽपि तानिरस्यति नाम्बुधिः ॥१०५॥

सत्पुत्र की उत्पत्ति के लिये कामभोग की इच्छा करने वाले राजा मेघरथ की प्रियमित्रा रानी में नन्दिवर्धन नामका पुत्र उत्पन्न हुआ ॥९५॥ दृढ़ रथ की भी सुमति नाम की स्त्री में सद्बुद्धि का धारक, कुबेर तुल्य धनसेन नामका पुत्र हुआ ॥९६॥ किसी समय अन्तः पुर के आग्रह से वे मेघरथ रथपर सवार हो चैत्रमास में देवरमण वन को देखने के लिये गये ॥९७॥ इच्छानुसार वसन्त लक्ष्मी का उपभोग कर मधुतुल्य राजा मेघरथ देवरमण वन के उस क्रीडा पर्वत पर बैठ गये जिसके बीच में वेदिका—बैठने का आसन बना हुआ था ॥९८॥ राजा के स्मरण करते ही दो भूत उनके पास आ गये और नाना प्रकार के सुन्दर नृत्य आदि के द्वारा क्रीडा करते हुए उन्हें हर्ष उपजाने लगे ॥९९॥ इस प्रकार स्त्रियों सहित राजा हर्ष से उस क्रीडापर्वत पर बैठे थे परन्तु अकस्मात् ही वह क्रीडा पर्वत चञ्चल हो उठा और उसके पाषाण इधर उधर विचलित होने लगे ॥१००॥ भयभीत स्त्रियों के आलिङ्गन सम्बन्धी सुख में आसक्त होने पर भी उन्होंने बायें पैर के अंगूठा से दबाकर उस पर्वत को फिर से स्थिर कर दिया ॥१०१॥ तदनन्तर प्रलय काल की वायु के आघात से क्षुभित समुद्र के भारी शब्द के समान चारों ओर अत्यधिक आर्तनाद उत्पन्न हुआ ॥१०२॥ उसी समय कोई विद्याधरी आकाश से प्रकट हुयी जो अश्रुपूर्ण लोचनों से युक्त थी, हाथ जोडे हुयी थी पतिव्रता थी और उनसे पति की भीख मांग रही थी ॥१०३॥ अन्तर्गत शोक रूपी अग्नि की दाह से जिसका मुखकमल मुरझा गया था ऐसी वह विद्याधरी सज्जनों से स्नेह करने वाले सज्जन मेघरथ को नमस्कार कर इस प्रकार कहने लगी ॥१०४॥

महाबलवान् पुरुष द्रोह करने वाले भी क्षुद्रजनों से कुपित नहीं होता है क्योंकि मगर मच्छों के द्वारा आघात को प्राप्त होने पर भी समुद्र उन्हें दूर नहीं करता है ॥१०५॥ जिसके चित्त को

---

१ वसन्तश्रियम् ।

[illegible] यत्र [illegible] ॥१०६॥
[illegible] ॥१०७॥
इति [illegible] ॥१०८॥
[illegible] ॥१०९॥
[illegible] ॥११०॥
[illegible] ॥१११॥
[illegible] ॥११२॥
[illegible] ॥११३॥
[illegible] ॥११४॥
[illegible] ॥११५॥
इत्थं [illegible] ॥११६॥

पा कर एक ही कृपा अनन्तपने को प्राप्त हो गयी है ऐसे आप जीवों को अभय और सत्पुरुषों को स्वामित्व देने के लिये समर्थ हैं ॥१०६॥ हे जगत् के स्वामी ! आपके बायें पैर के अंगूठे के दबाने से जो अत्यन्त दुखी हो रहा है तथा अत्यधिक चिल्ला रहा है ऐसे मेरे पति पर प्रसन्न होइये ॥१०७॥ उस विद्याधरी के द्वारा इस प्रकार कहे जाने पर दयालु राजा ने पर्वत को दबाने वाला अंगूठा ढीला कर लिया ॥१०८॥ तदनन्तर रसातल से शीघ्र ही निकलकर विद्याधर राजा ने जिसका मुकुटबन्धन अस्त व्यस्त हो गया था ऐसे शिर से राजा मेघरथ को प्रणाम किया ॥१०९॥ थका हुआ वह विद्याधर राजा अपनी स्त्री के अंचल द्वारा की हुई हवा से उस तरह सुखी नहीं हुआ था जिस तरह उस राजा के अतिशय प्रसन्न अवलोकन से हुआ था ॥११०॥ क्षणमात्र ठहर कर तथा विश्राम कर जब वाणी निकलने लगी तब उस विद्याधर राजा ने हाथ जोड़कर राजा घनरथ से इस प्रकार कहा ॥१११॥

मैं निर्लज्ज अपनी चपलता के उद्रेक को क्या कहूं ? मेरे जीवित रहने का कारण आपकी महत्ता ही है ॥११२॥ महात्मा स्वभाव से ही दयालु होते हैं क्योंकि भीतर सुगन्धित जल से चन्दन के वृक्ष किसके द्वारा सींचे गये हैं ? भावार्थ—जिस प्रकार चन्दन के वृक्ष स्वभाव से ही सुगन्धित होते हैं उसी प्रकार महापुरुष स्वभाव से ही दयालु होते हैं ॥११३॥ जिस प्रकार सदा उन्मार्ग में चलने वाली आंधी के द्वारा पृथिवी की धूलि सब ओर से व्याकुल हो जाती है उसी प्रकार सदा कुमार्ग में प्रवर्तने वाली अक्षमा—क्रोधपरिणति के द्वारा क्षुद्र जीव सब ओर से व्याकुल कर दिया जाता है ॥११४॥ घात करने के इच्छुक तथा समीप में वर्तमान मेरे जैसे शत्रु को क्षमा करने के लिए अन्य नीतिमान् राजा समर्थ नहीं है ॥११५॥

इस प्रकार मुझ दुष्ट बुद्धि ने यद्यपि आपका अपराध किया है तथापि आपका मुख प्रसाद मधुर नेत्रों से सहित है—आप मुझे प्रसन्नता पूर्ण मनोहर दृष्टि से देख रहे हैं। आपका मुख देख मैं

---

१ अतिपूत्कुर्वतः २ संतुष्टोऽभूत् ३ सदयैः ४ क्रूरधीः 'नृशंसो घातुकः क्रूरः' इतिकोषः ।

आत्मानमनुशोच्यैवं व्यरंसीत्खेचरेश्वरः । असत्कृत्वाप्यहो पश्चादनुशेते[1] कुलोद्भवः ॥११७॥
महीयस्तस्य सौन्दर्यमैश्वर्यं च विलोकयन् । भूपोऽपि विस्मयं भेजे का कथा प्राकृते जने ॥११८॥
प्रियमित्रा ततोऽप्राक्षीत्प्रियमित्रं तमीश्वरम् । प्रदीप इव यद्बोधो [2]रूपिद्रव्ये प्रकाशते ॥११९॥
किंनामायं महाभागः खेचरः कस्य वा सुतः । केनेयं तन्यते लक्ष्मीरस्य शुद्धेन कर्मणा ॥१२०॥
दम्पत्योरनयोर्देव प्राक् सम्बन्धश्च कीदृशः । कृतकेतरमेतस्याः प्रेमास्मिन् दृश्यते बलः ॥१२१॥
इदमाद्यन्ततः सर्वमार्यपुत्र निवेदय । आश्चर्यैः सकलैर्लोके यतस्त्वत्तः प्रभूयते ॥१२२॥
इति देव्या तया पृष्टस्ततोऽवादीद्विशांपतिः । गम्भीरध्वनिना धीरं गिरेर्गुह्यं गुहामुखम् ॥१२३॥
द्वीपस्य पुष्करस्यास्य भारते विद्यते पुरम् । नाम्ना शङ्खपुरं कान्त्या स्वर्गान्तरमिवापरम् ॥१२४॥
तस्य गोप्तुरुदारस्य राजगुप्तः प्रियोऽभवत् । [3]गजतन्त्रेषु [4]निष्णातो [5]महामात्रोऽतिदुर्गतिः[6] ॥१२५॥
न विद्याव्यवसायाद्या हेतवो जन्तुसंपदाम् । इत्यमन्यत यं वीक्ष्य [7]बालिशोऽपि सदा जनः ॥१२६॥
समानकुलशीलासीद्गेहिनी तस्य शङ्खिका । मूर्तेव तन्मनोवृत्तिः प्रीतिविस्रम्भयोः स्थितिः ॥१२७॥

विदीर्ण नहीं हो रहा हूँ—लज्जा से विखिर नहीं रहा हूँ यह आश्चर्य की बात है ॥११६॥ इस प्रकार विद्याधर राजा अपने आप के प्रति शोक कर—पश्चाताप से दुखी होकर चुप हो रहा सो ठीक ही है क्योंकि कुलीन मनुष्य असत् कार्य करके भी पीछे पश्चात्ताप करता है ॥११७॥

उस विद्याधर राजा के बहुत भारी सौन्दर्य और ऐश्वर्य को देखता हुआ राजा मेघरथ भी जब आश्चर्य को प्राप्त हो रहे थे तब साधारण मनुष्य की क्या कथा है ? ॥११८॥ तदनन्तर मित्रों से प्रेम करने वाले उन राजा मेघरथ से प्रियमित्रा ने पूछा जिनका कि ज्ञान रूपी द्रव्य—पुद्गल द्रव्य में किसी बड़े दीपक के समान प्रकाशमान हो रहा था ॥११९॥ यह महानुभाव विद्याधर किस नाम वाला है ? किसका पुत्र है ? और किस शुद्ध कर्म से इसकी यह लक्ष्मी विस्तृत हो रही है ? ॥१२०॥ हे देव ! इस दम्पति का पूर्वभव का सम्बन्ध कैसा है ? क्योंकि इस स्त्री का इस पुरुष में अकृत्रिम प्रेम दिखायी दे रहा है ॥१२१॥ हे आर्यपुत्र ! यह सब आप प्रारम्भ से बताइये क्योंकि लोक में आपसे समस्त आश्चर्य उत्पन्न होते हैं ॥१२२॥ इस प्रकार रानी प्रियमित्रा के द्वारा पूछे गये राजा मेघरथ, गम्भीर ध्वनि से पर्वत की गुहा को मुखरित करते हुए धीरता पूर्वक बोले ॥१२३॥

पुष्कर द्वीप के भरत क्षेत्र में एक शङ्खपुर नामका नगर है जो कान्ति से ऐसा जान पड़ता है मानों दूसरा स्वर्ग ही हो ॥१२४॥ उस नगर के राजा उदार का राजगुप्त नामका एक महावत था जो हस्तिविज्ञान में कुशल था, राजा का प्रिय भी था परन्तु अत्यन्त दरिद्र था ॥१२५॥ जिसे देखकर मूर्ख मनुष्य भी सदा यह मानने लगता था कि जीवों की सम्पत्ति के हेतु विद्या तथा व्यवसाय आदि नहीं है ॥१२६॥ उसकी समान कुल और समान शील वाली शङ्खिका नामकी स्त्री थी जो प्रीति और विश्वास का स्थान थी तथा ऐसी जान पडती थी मानों उसकी मूर्तिधारिणी मनोवृत्ति ही हो ॥१२७॥ जिसकी बुद्धि धर्म में तत्पर रहती थी ऐसे उस महावत ने एक बार शङ्खपर्वत पर विद्यमान,

---

१ पश्चात्तापं करोति २ पुद्गलद्रव्ये ३ हस्तिविज्ञानेषु ४ निपुणः ५ 'महावती' इति प्रसिद्धः ६ अत्यन्तदरिद्रः ७ मूर्खोऽपि ।

सर्वगुप्तं मुनिं तस्य शङ्खपर्वतवर्तिनम्। सर्वगुप्तं गणाग्रण्यो त्रिगुप्तिसहितं मुनिम् ॥१२८॥
तत्पादावाग्रिमं धर्मं गृहीत्वा गृहिसौख्यदः। चतुर्दशान[1]कल्याङ्गमुपवासमुपाददे ॥१२९॥
महानुतिरवाप्तोऽसौ वत्सरं व्रतधरं मुनिम्। काले गृहागतं तुष्टश्चक्रे[2] सन्तर्पणम् ॥१३०॥
श्रियमाप्तः शमस्थस्य प्रेम्णा चारित्रशालिना। उदासित समस्योऽपि किञ्चित्कालं गृहस्थितौ ॥१३१॥
धीरोऽनीपशमेनापि स विवायाधिसंयमम्[3]। मनः सुनिश्चलं धीरो विवायाधि[4]संयमम् ॥१३२॥
मुनेः समाधिगुप्तस्य पादमागम्य सौम्यधीः। आवदे स तपश्चर्यां सभार्यो भार्यया समम् ॥१३३॥
एकाग्रमनसाधीयन्नाचाराङ्गाम्बसंगतः। उपावसदाचारं मुनिराचाम्ल[5]वर्धनम् ॥१३४॥
स चतुष्टयमाराध्य हित्वा वेणुवने[6] वपुः। [7]ब्रह्मारुंवस्थितौ ब्रह्मे ब्रह्मलोके सुरोत्तमः ॥१३५॥
शङ्खिकाप्यभवद्देवी सौधर्मे स्वेन कर्मणा। परिणामवशात्सत्यं लोके भिन्ना स्त्रीपुंसयोर्गतिः ॥१३६॥
राजा विद्युद्रथो नाम राजमानमहोदयः। अशेषितारिरखिलविद्वियार्धनगेशितः ॥१३७॥
तस्य मानसवेगाख्या महादेवी बिभर्त्यते[8]। [9]पौलोमीमामवत्कान्ता सुरैरनिमिषेक्षणा ॥१३८॥
तयोर्महात्मनोरेष ताम्यतोः पुत्रकाम्यया[10]। पुत्रो हेमरथाख्योऽभूत्सत्यवाङ्निष्कलङ्कधीः ॥१३९॥

तीन गुप्तियों से सहित सर्वगुप्त नामक मुनिराज के पास जा कर उन्हें नमस्कार किया ॥१२८॥ स्त्री सहित उस महावत ने उन मुनिराज से श्रावक का धर्म ग्रहण कर द्वात्रिंशत् कल्याण नामका उपवास किया ॥१२९॥ महाधैर्य शाली उस महावत ने उपवास के पश्चात् चर्या के समय घर पर पधारे हुए व्रतधर मुनिराज को प्राप्त कर हर्षित हो आहार से संतुष्ट किया ॥१३०॥ यद्यपि वह महावत शमभाव में स्थित था—गृह त्यागकर दीक्षा लेना चाहता था तो भी स्त्री के चारित्र से सुशोभित प्रेम से रुककर कुछ समय तक गृहस्थावस्था में उदासीन भाव से स्थित रहा ॥१३१॥ आत्मज्ञान और उपशमभाव से सहित उस धीर वीर ने अपने संयमसुवासित मन को संयम में निश्चल किया ॥१३२॥ सौम्य बुद्धि से युक्त उस दरिद्र वैश्य (महावत) ने समाधिगुप्त मुनि के चरणों को नमस्कार कर स्त्री के साथ तपश्चर्या को स्वीकृत कर लिया ॥१३३॥ निर्ग्रन्थ मुनि ने एकाग्रचित्त से आचाराङ्ग—चरणानुयोग के शास्त्रों का स्मरण कर आचार शास्त्र के अनुसार आचाम्लवर्धन नामका उपवास किया ॥१३४॥ पश्चात् चार आराधनाओं की आराधना कर तथा बांसों के वन में शरीर छोड़कर वह दश सागर की स्थिति वाले ब्रह्मलोक में उत्तम देव हुआ ॥१३५॥ शङ्खिका भी अपने कर्म से सौधर्म स्वर्ग में देवी हुई सो ठीक ही है क्योंकि लोक में परिणामों के वश से स्त्री और पुरुषों की भिन्न भिन्न गति होती है ॥१३६॥ जिसका महान् अभ्युदय शोभायमान था तथा जिसने शत्रुओं को समाप्त कर दिया था ऐसा विद्युद्रथ नामका राजा संपूर्ण रूप से विजयार्ध पर्वत का शासन करता था ॥१३७॥ जिस प्रकार इन्द्र की इन्द्राणी होती है उसी प्रकार उस विद्युद्रथ की मानसवेगा नामकी महादेवी—पट्टरानी थी। वह मानसवेगा सुन्दर थी तथा गुणों से निमेषरहित नेत्रों वाली—देवी थी ॥१३८॥ पुत्र की इच्छा से विकल रहने वाले उन दोनों महानुभावों के यह देव हेमरथ नामका सत्यवादी तथा निष्कलङ्क बुद्धि

---

१ द्वात्रिंशत् २ भोजनेन ३ अधिगतःप्राप्तः संयमो येन तत् ४ संयमे इति अधिसंयमम् ५ आचाम्लवर्धनमामतपोविशेषम् ६ बंशवने ७ ब्रह्मतावरस्थितिपुर्द्धे ८ इन्द्रस्य ९ इन्द्राणीव १० पुत्रेच्छया।

अनन्तरं गुरोरेष [1]प्रकृतीरनुरञ्जयन् । व्यधत्तवृद्धिं श्रियः श्रीमान्सुतो हि कुलदीपकः ॥१४०॥
शङ्खिकापि दिवश्च्युत्वा सैवा प्राप्य शुभा गतीः । नाम्ना पवनवेगेति जज्ञेऽस्य प्रियया सुता ॥१४१॥
जन्मान्तरसहस्राणि विरहः प्राणिनां प्रियैः । कर्मपाकस्य वैषम्यात्साम्याच्च समागमः ॥१४२॥
जिनधर्मानुरागेण निषेव्यामितवाहनम् । निवृत्त्यायच्छतोऽस्यास्थाद्विमानं व्योम्नि मानिनः ॥१४३॥
मामत्र स्थितमालोक्य विमानस्तम्भकारणम् । उन्मूल्य क्षेप्तुमेतद्धि दृष्ट शैलमामूलतोऽप्यसौ ॥१४४॥
इति खेचरनाथस्य पुराभवनशंसतः । प्रणिधाय स्वरामायां विरराम महीपतिः ॥१४५॥
खेचरेन्द्रस्ततः श्रुत्वा भरेन्द्रादात्मनो भवम् । मुमुदे न मुदे केषां स्ववृत्तं सद्भिरीरितम् ॥१४६॥
तस्मिन्काले विनिर्धूय घातिकर्मचतुष्टयम् । यथार्हन्त्यश्रियं प्राप्तश्चघानवृजनव्रजः ॥१४७॥
प्राप्याञ्जिनपतेः पादौ नन्तुं तस्य क्षतेनसः[2] । सूधो देवागमं वीक्ष्य सममं हेमरथेन सः ॥१४८॥
प्रतिकौतुकमत्युच्चपवित्रं समुन्नतम् । तेन तत्पदमासेदे राज्ञा लक्ष्म्या समं ततः ॥१४९॥
[3]चतुस्त्रिंशद्गुणोऽप्येकस्त्रिदशोपासितोऽप्यलम् । यो वीतत्रिदशोऽराजत्सार्वोऽप्यत्युग्रशासनः ॥१५०॥

का धारक पुत्र हुआ ॥१३९॥ तदनन्तर मन्त्री आदि प्रजाजनों को अनुरक्त करते हुए उस लक्ष्मीमान् पुत्र ने पिता की लक्ष्मीवृद्धि की सो ठीक ही है क्योंकि पुत्र कुलदीपक—कुल को प्रकाशित करने वाला होता है ॥१४०॥ वह शङ्खिका भी स्वर्ग से चय कर तथा शुभगतियों को प्राप्त कर इस समय इसकी पवनवेगा नामकी स्त्री हुई है ॥१४१॥ कर्मोदय की विषमता से प्राणियों का प्रेमी जनों के साथ हजारों जन्मों तक विरह रहता है और कर्मोदय की समानता होने पर समागम होता है ॥१४२॥ जिनधर्म के अनुराग से अमितवाहन की सेवा कर वापिस आते हुए इस मानी का विमान आकाश में अटक गया ॥१४३॥ यहां बैठे हुए मुझे देखकर इसने समझा कि विमान के रुकने का कारण यही है इसलिए यह इस पर्वत को जड़ से उखाड़ कर फेंकने की चेष्टा करने लगा ॥१४४॥ इस प्रकार राजा मेघरथ अपनी प्रिया के लिए विद्याधर राजा का पूर्वभव पूर्णरूप से कह कर चुप हो गये ॥१४५॥

तदनन्तर विद्याधर राजा, मेघरथ से अपना पूर्वभव सुनकर प्रसन्न हुआ सो ठीक ही है क्योंकि सत्पुरुषों के द्वारा कहा हुआ अपना वृत्तान्त किनके हर्ष के लिए नहीं होता ? ॥१४६॥ तदनन्तर उसी समय घनरथ मुनिराज शुक्ल ध्यान से चार घातिया कर्मों को नष्ट कर निर्मल अर्हन्त्य लक्ष्मी—अनन्त चतुष्टय रूप विभूति को प्राप्त हुए ॥१४७॥ देवों का आगमन देख राजा मेघरथ पापों को नष्ट करने वाले उन जिनराज के चरणों को नमस्कार करने के लिए हेमरथ के साथ गये ॥१४८॥ तदनन्तर जो अत्यन्त कौतुक से युक्त था, अतिशय श्रेष्ठ था, पवित्र था, समुन्नत था, और लक्ष्मी से सहित था ऐसा उन जिनराज का स्थान राजा मेघरथ ने प्राप्त किया ॥१४९॥

जो चौंतीस गुणों से सहित होकर भी एक थे (परिहार पक्ष में अद्वितीय थे), त्रिदशोपासित—देवों के द्वारा अच्छी तरह उपासित हो कर भी वीतत्रिदश—देवों से रहित थे (पक्ष में बाल यौवन

---

१ मन्त्र्यादिवर्गान् २ नष्टपापस्य ३ चतुस्त्रिंशदतिशय सहित. ।

सहस्रांशुसहस्रौघभासकायेन तेजसा । बाह्यतश्च स्वदेहस्य भासमानेन संयुतः ॥१५१॥
निराधिः समधिताशेषार्थो निष्कलः पुण्यकोषः श्रिया । अक्षयश्च स्वभावेन भास्वतो विद्यामहेश्वरः ॥१५२॥
निरञ्जनं तमीशानं भव्या नामभिरञ्जनम् । जिनेन्द्रं प्राणमद्भक्त्या भूभृद्विद्याभृता समम् ॥१५३॥
अथ हेमरथः पीत्वा तद्वाक्यामृतमञ्जसा । वीततृष्णः प्रवव्राज विमुक्तिसुखलोभितः ॥१५४॥

शार्दूलविक्रीडितम्

भक्त्या तस्य जिनेश्वरस्य चरणाराधनीयौ सतां
आराध्य श्रुतिपेशलं[1] श्रवणयोः कृत्वा तदीयं वचः ।
रुन्धानस्तपसि प्रसह्य नितरामुत्कण्ठमानं मनो
भूपः कालमपेक्ष्य [2]कालविदसौ प्रायात्पुरं स्वं पुनः ॥१५५॥

धीरः कारुणिकः प्रदानरसिकः सन्मार्गविन्निर्भयो
नान्योऽस्मान्नृपतेरिति प्रियगुणैरुद्घुष्यमाणो जनैः ।

और वृद्ध इन तीन अवस्थाओं से रहित थे) तथा सर्व हितकारी हो कर भी उग्रशासन कठोर आज्ञा से युक्त (पक्ष में अनुल्लङ्घनीय शासन से सहित) थे ॥१५०॥ जो भीतर हजारों सूर्य समूहों के समान देदीप्यमान केवलज्ञान रूप तेज से सहित थे तथा बाहर अपने शरीर के देदीप्यमान भामण्डल रूप तेज से युक्त थे ॥१५१॥ जो मानसिक व्यथा से रहित थे, कृत कृत्य थे, निष्कलंक थे, लक्ष्मी से परिपूर्ण थे, अविनाशी थे, स्वभाव से सुन्दर थे और विद्याओं के महास्वामी थे ॥१५२॥ ऐसे निरञ्जन—कर्म कालिमा से रहित, ऐश्वर्य सम्पन्न तथा भव्यजीवों को आनन्दित करने वाले उन जिनराज-घनरथ केवली को राजा मेघरथ ने विद्याधर राजा हेमरथ के साथ प्रणाम किया ॥१५३॥ तदनन्तर उनके वचनामृत को पीकर जो सचमुच ही तृष्णा रहित हो गया था तथा मुक्ति सुख से लुभा रहा था ऐसे हेमरथ ने दीक्षा ले ली ॥१५४॥

उन जिनेन्द्र भगवान् के सत्पुरुषाराधित चरणों की भक्ति से आराधना कर तथा श्रुतिसुभग वचन सुनकर तप के लिए अत्यन्त उत्कण्ठित होने वाले अपने मन को जिन्होंने बल पूर्वक रोका था ऐसे समय के ज्ञाता राजा घनरथ समय की प्रतीक्षा कर अपने नगर को पुनः वापिस गये ॥१५५॥ इस राजा के सिवाय धीर, दयालु, दान प्रेमी, सन्मार्ग का ज्ञाता तथा निर्भय दूसरा राजा नहीं है इस प्रकार गुणों के प्रेमी लोग जिनकी उच्च स्वर से घोषणा कर रहे थे ऐसे राजा घनरथ अपनी

---

१ कर्णप्रियम् २ कालज्ञः ।

कीर्तेः संपदमाप्तवो नरपतिः शृण्वन्मुदा प्राविशत्
प्रासादैः प्रकटवृत्तबाहुसदृशैराकारितो वा पुरीम् ॥१५६॥

इत्यसगकृतौ शान्तिपुराणे मेघरथसंभवो नाम
* एकादशः सर्गः *

विरुदावली को सुनते हुए हर्ष से नगरी में प्रविष्ट हुए। प्रवेश करते समय वे ऐसे जान पड़ते थे मानों नगरी के भवन अपने ऊपर फहराने वाली ध्वजा रूप लम्बे हाथों से उन्हें बुला ही रहे थे ॥१५६॥

इस प्रकार महाकवि असग द्वारा विरचित शान्तिपुराण में मेघरथ की उत्पत्ति का वर्णन करने वाला ग्यारहवां सर्ग समाप्त हुआ।

---

१ आहूत इव।

द्वादशः सर्गः

卐

अथ तस्य भुवो भर्तुः समुद्धर्तुर्धनायताम्। व्यतीयुरसमस्यापि [1]समाः काश्चित्सुखान्विताः ॥१॥
जातु कार्तिकमासस्य ज्योत्स्नापक्षे समागते। अघोषयदलोधाज्ञो [2]माघातं परितः पुरीम् ॥२॥
स्थित्वा चाष्टमभक्तेन[3] स स्वभक्तजनैः समम्। जिनस्याष्टाह्निकीं पूजां कुर्वन्नास्ते जिनालये ॥३॥
आययौ शरणं कश्चिद्भीतः [4]पारापतोऽन्यदा। पाहि पाहीति सुस्पष्टं वदन् विस्पष्टया गिरा ॥४॥
श्येनोऽपि तदनु प्राप्तस्तं [5]जिघांसुर्बलोद्धतः। विस्मितैर्वीक्ष्यमाणोऽथ सभ्यैरित्याह भूपतिम् ॥५॥

द्वादश सर्ग

अथानन्तर पृथिवी के भर्ता और धन के इच्छुक—निर्धन मनुष्यों का उद्धार करने वाले वे राजा मेघरथ यद्यपि असम थे—समा-वर्षों से रहित थे (परिहार पक्ष में उपमा से रहित थे) तथापि उनकी सुख से सहित कितनी ही समा—वर्षें व्यतीत हो गयी थीं ॥१॥ किसी समय कार्तिक मास का शुक्ल पक्ष आने पर अव्यर्थ आज्ञा के धारक राजा मेघरथ ने नगरी में चारों ओर घोषणा कराई कि कोई जीव किसी जीव का घात न करे ॥२॥ और स्वयं तेला का नियम लेकर अपने भक्तजनों के साथ जिनेन्द्र भगवान् की आष्टाह्निक पूजा करते हुए जिन मन्दिर में बैठ गये ॥३॥ अन्य समय एक भयभीत कबूतर स्पष्ट वाणी से रक्षा करो, रक्षा करो इस प्रकार राजा से कहता हुआ उनकी शरण में आया ॥४॥ उसके पीछे ही बल से उद्धत एक बाज पक्षी भी जो उस कबूतर को मारना चाहता था, आ पहुंचा। आश्चर्य से चकित सभासद उस बाज पक्षी की ओर देख रहे थे। आते ही बाज ने राजा से इस प्रकार कहा ॥५॥ जब आप इस समय अच्छे और बुरे—सब जीवों पर समवृत्ति रक्खे

---

१ वर्षाणि 'हायनोऽस्त्री शरत्समाः' इत्यमरः। २ 'कश्चित्कस्यचिद् घातं न करोतु' इत्याज्ञाम्
३ त्रिदिनोपवासेन ४ कपोतः ५ हन्तुमिच्छुः।

सत्स्वसत्स्वपि सत्त्वेषु [1]समवृत्तेस्तवाधुना । कोऽधिकारः शमस्वस्थ [2]मत्सत्त्रातुमिमं खगम् ॥६॥ मन्येथा यदि भीतस्य धर्मः संरक्षणादिति । अरक्षणात्स्वयं धर्मोऽपि [3]मर्मैवमशनायतः [4] ॥७॥ दृश्यते सर्वभूतेषु कृपा ते कृतकेतरा [5] । मत्पापात्सापि मय्येव निरपेक्षा प्रवर्तते ॥८॥ राज्ञो मेघरथस्याग्रे मृतः श्येनो बुभुक्षया । इति संभृतकीर्तेस्ते मा भूत्कीर्ति [6]विपर्ययः ॥९॥ अस्य वाऽन्यस्य वा मांसैः प्राणान्कुर्या [7]शिनो मम । ईशिषे त्वं परित्रातुं सर्वभूतहितोद्यतः ॥१०॥ इत्यादाय वचः श्येनो विरराम महीभुजः । क्रीडन्तं तमुत्सङ्गे पश्यन्पारापतं रुषा ॥११॥ अबोधि क्षणमात्रेण परावर्त्यावधिं प्रभुः । पक्षिणोः प्राक्तनं वैरं प्रवृत्तिं च तदानीम् ॥१२॥ ततो विशांपतिः श्येनमित्युवाच शनैः शनैः । धर्म्यामिर्लम्भयन्वाग्भिस्तन्मनः प्रशमं परम् ॥१३॥ जिनैरनादिरित्युक्तः सम्बन्धो जीवकर्मणोः । पिण्डशुद्धस्वरूपेस्तु जीवस्त्रेधावतिष्ठते ॥१४॥ एकं कर्म च सामान्यात्तद्भेदाद्विद्यतेऽष्टधा । हेतवः कर्मणां योगाः कषायवशतः स्थितिः ॥१५॥

हुए हैं और शान्तभाव में स्थित हैं तब मुझसे इस पक्षी की रक्षा करने का आपको क्या अधिकार है ? ॥६॥ यदि आप ऐसा मानते हैं कि भयभीत पक्षी की रक्षा करने से धर्म होता है तो इस तरह मुझ भूखे का मरण होने से अधर्म भी तो होगा ॥७॥ आपकी सब प्राणियों पर स्वाभाविक दया दिखायी देती है परन्तु मेरे पाप से वह दया भी एक मेरे ही विषय में निरपेक्षा हो रही है । भावार्थ— आप सब पर दया करते हैं परन्तु मेरे ऊपर आपको दया नहीं आ रही है ॥८॥ एक बाज भूख से राजा मेघरथ के आगे मर गया यह अपकीर्ति आपकी नही होनी चाहिये क्योंकि आपकी कीर्ति सर्वत्र छायी हुई है ॥९॥ आप सब प्राणियों का हित करने में उद्यत हैं अतः इस कबूतर के अथवा किसी अन्य जीव के मांस से मुझ मांसभोगी की प्राण रक्षा करने के लिये समर्थ हैं ॥१०॥ इस प्रकार के वचन कह कर वह बाज चुप हो रहा । वह राजा की गोद में छिपते हुए कबूतर को क्रोध से देख रहा था ॥११॥

राजा मेघरथ अपने अवधिज्ञान को उस ओर परावर्तित कर क्षणभर में उन पक्षियों के पूर्वभव सम्बन्धी वैर और उनकी तत्काल सम्बन्धी प्रवृत्ति को जान गये ॥१२॥ तदनन्तर राजा मेघरथ धर्मयुक्त वचनों से उस बाज पक्षी के मन को धीरे धीरे परम शान्ति प्राप्त कराते हुए इसप्रकार कहने लगे—॥१३॥

जिनेन्द्र भगवान् ने जीव और कर्म का सम्बन्ध अनादि है ऐसा कहा है और जीव भी बहिरात्मा, अन्तरात्मा और परमात्मा के भेद से तीन प्रकार का है ॥१४॥ कर्म सामान्य से एक है परन्तु उत्तर भेदों की अपेक्षा आठ प्रकार से विभक्त हो जाता है । योग, कर्मों के हेतु हैं अर्थात् योगों के कारण कर्मों का आस्रव होता है और कषाय के वश उन कर्मों में स्थिति पड़ती है ॥१५॥ कर्मों से

---

१ समानव्यवहारस्य २ मत्सकाशात् ३ पक्षिणम् ४ मर्मैतन्मशनायतः ब० ४ अशन मिच्छतः बुभुक्षोरित्यर्थः ५ अकृत्रिमा ६ अकीर्तिः ७ मांसभोजिनः ।

कर्मभिः प्रेर्यमाणः सन्भ्रमतीतो गतित्रयम् । [1]निर्विशन् दुःखजालानि कथमीति प्रभाषितः ॥१६॥
संसारोत्तरणोपायो नान्योऽस्ति जिनशासनात् । भव्येनैवाप्यते तच्च नाभव्येन कदाचन ॥१७॥
तस्मिन्नगारिणां[2] धर्मो निर्मलः स्याच्चतुर्विधः । [*]शीलोपवासदानेज्यास्तत्प्रकाराः प्रकीर्तिताः ॥१८॥
दानं चतुर्विधं तेषु दानशीलाः प्रचक्षते । आहाराभयशास्त्राणि भेषजं चेति तद्विदः ॥१९॥
दानेष्वाहारदानं च पञ्चधेति प्रकल्पते । विधिर्द्रव्यं प्रदाता च पात्रं फलमिति क्रमात् ॥२०॥
प्रत्युत्थानं तु सौचं पादयोरर्चना नतिः । त्रियुद्धिरन्नशुद्धिरिति स्यान्नवधा विधिः ॥२१॥
योग्यायोग्यतनुत्वेन द्रव्यं द्विधा तेषु विभिद्यते । कल्याणिकं भवेद्योग्यमयोग्यं कनकादिकम् ॥२२॥
श्रद्धा शक्तिः क्षमा भक्तिर्ज्ञानं सत्त्वमलुब्धता । इति सप्त [3]गुणान्यस्य दातारं केरीरिता गुणाः ॥२३॥
पात्रं च त्रिविधं तस्मिन्नुत्तमः संयतो मतः । विरताविरतस्त्वोऽपि मध्यमः संप्रकीर्तितः ॥२४॥
तत्रासंयतसद्दृष्टिर्जघन्यं पात्रमीरितम् । मिथ्यादृष्टिरपात्रं स्यादिति पात्रविधिः स्मृतः ॥२५॥
स्वर्गभोगभुवां सौख्यं पात्रदानस्य सत्फलम् । [4]इतरस्यापि दानस्य स्यात्फलम् कुमनुष्यता ॥२६॥
द्विधैवाभयदानं स्याद् [5]द्वींद्रियादिजन्तु[6]संहतेः । अपीडाकरणं तच्च त्रसेषु स्थावरेषु च ॥२७॥

प्रेरित हुआ जीव चारों गतियों में सुख दुःख को भोगता हुआ सब ओर भटक रहा है ॥१६॥ संसार से पार होने का उपाय जिन शासन के सिवाय दूसरा नहीं है। वह जिनशासन भव्य जीव को ही प्राप्त होता है अभव्य जीव को नहीं ॥१७॥ उसमें श्रावक का निर्मल धर्म चार प्रकार का कहा गया है— १ शील व्रत २ उपवास ३ दान और ४ पूजा ॥१८॥ इन चार प्रकार के श्रावक धर्मों में दान शील मनुष्य दान के चार भेद कहते हैं—आहार, अभय, शास्त्र और औषध ॥१९॥ उपर्युक्त दानों में आहार दान, क्रम से विधि द्रव्य, प्रदाता, पात्र और फल के भेद से पांच प्रकार का प्रवर्तता है ॥२०॥ सामने जाकर पड़गाहना, उच्चासन, पाद प्रक्षालन, पूजा, नमस्कार, मनशुद्धि, वचनशुद्धि, काय शुद्धि, और आहार शुद्धि यह नौ प्रकार की विधि है ॥२१॥ योग्य और अयोग्य के भेद से द्रव्य दो प्रकार का है। कल्याणकारी वस्तु योग्य द्रव्य कहलाती है और सुवर्णादिक अयोग्य द्रव्य ॥२२॥ श्रद्धा, शक्ति, क्षमा, भक्ति, ज्ञान, सत्त्व और अलुब्धता; दाता के ये सात गुण दान शील मनुष्यों ने कहे हैं ॥२३॥ पात्र तीन प्रकार का है। उनमें उत्तम पात्र मुनि माने गये हैं विरता विरत गुणस्थान में स्थित देशव्रती मध्यम पात्र कहे गये हैं और असंयत सम्यग्दृष्टि जघन्य पात्र कहा गया है। मिथ्यादृष्टि अपात्र होता है। इसप्रकार पात्रविधि कही गयी है ॥२४–२५॥ स्वर्ग और भोगभूमि का सुख पात्रदान का उत्तम फल है। कुपात्र दान का फल कुभोग भूमि का मनुष्य होना है ॥२६॥ चूंकि जीव समूह दो प्रकार का है अतः अभयदान भी दो प्रकार का है। त्रस तथा स्थावर जीवों को पीड़ा नहीं पहुंचाना अभयदान है ॥२७॥ चार अनुयोगों के भेद से उन दानों में शास्त्र दान चार प्रकार का है ऐसा भव्य जीवों के

---

१ भुञ्जानः २ श्रावकीयः * एषा पंक्तिः म प्रतौ त्रुटिता ३ भोजनस्य ४ दातुः ५ कुपात्रदानस्य ६ जीवसमूहस्य ।

चतुर्विधसंघानां भेषजसेवा चतुर्विधम् । भव्यात्मनां प्रशास्तारः शास्त्रदानं प्रचक्षते ॥२८॥
औषधैश्चात्मना वाचा रोगार्तेषु प्रतिक्रिया । चातुर्वर्ण्येषु सङ्घेषु भैषजं तन्निरुच्यते ॥२९॥
नीरोगो निर्भयस्वान्तः सर्वविद्भोगवान्भवेत् । भेषजाभय शास्त्रान्नदानानां फलतो भवेत् ॥३०॥
न त्वं पात्रमिदं देयं न च सन्मार्गवेदिनः । महान्तो नाम कृच्छ्रेऽपि नैवकार्यं प्रकुर्वते ॥३१॥
विमुञ्चतु भवान्वैरं राजीवेऽस्मिन्पुरातनम् । भवतोर्वैरसम्बन्धं वदाम्यवहितो भव ॥३२॥
अस्त्यैरावतसक्षेत्रे जम्बूद्वीपस्य संश्रुतेः* । विद्यते नगरं नाम्ना पद्मिनीखेटकं महत् ॥३३॥
तस्मिन्निभ्यकुलोद्भूतः प्रभुविपरिणामभूत् । ख्यातः सागरसेनाख्यः स्वित्याकलितसागरः ॥३४॥
तस्याप्रमितमतिर्नाम्ना विशुद्धमतिसंयुता । रमणी रमणीयाङ्गी धर्मोद्युक्ता प्रियाभवत् ॥३५॥
तयोः कालेन दम्पत्योर्बभूवतुरभौ सुतौ । ज्यायान्दत्ततथोर्नाम्ना नन्दिषेणस्तथा परः ॥३६॥
पितर्युपरते[1] कालादशिक्षितकलागुणौ । तावजीगमता[2]मर्थमनर्थनिरतौ क्षयम् ॥३७॥
नैर्धन्याद् व्याकुलीभूतमानसौ मानशालिनौ । [3]स्वापतेयार्जनोद्युक्तौ तौ नागपुरमीयतुः ॥३८॥
[4]मौल्यं तत्पुरवास्तव्यात्पितृमित्रादवाप्य तौ । वणिज्यायै समं वैश्यैर्जग्मतुः स्थलयात्रया ॥३९॥
अर्जयित्वा यथाकामं सिद्धयात्रतया धनम् । ताभ्यां प्रतिनिवृत्ताभ्यां प्राप्तं शङ्खनदीतटम् ॥४०॥

हितोपदेशक कहते हैं ॥२८॥ रोग से पीड़ित चतुर्विधसंघ में औषध, शारीरिक सेवा तथा वचनों के द्वारा उनके रोग का प्रतिकार करना औषध दान कहलाता है ॥२९॥ औषध, अभय, शास्त्र और अन्नदान के फल से यह मनुष्य नीरोग, निर्भय हृदय, सर्वज्ञ और भोगवान् होता है ॥३०॥ न तुम पात्र हो और न यह देय है। सन्मार्ग के ज्ञाता ज्ञानी पुरुष कष्ट के समय भी अकार्य नहीं करते हैं ॥३१॥ इस राजीव पर आप अपना पुराना वैर छोड़ो। आप दोनों के वैर का सम्बन्ध मैं कहता हूं सावधान होओ ॥३२॥

इस कान्ति संयुक्त जम्बूद्वीप के ऐरावत क्षेत्र में पद्मिनीखेट नामका एक बड़ा नगर है ॥३३॥ उसमें वैश्य कुलोत्पन्न तथा मर्यादा से समुद्र की उपमा प्राप्त करने वाला सागरसेन नामका एक वैश्य शिरोमणि था ॥३४॥ उसकी अमितमति नामकी स्त्री थी। जो विशुद्ध बुद्धि से सहित थी, सुन्दर शरीर वाली थी, धर्म में सदा तत्पर रहती थी और पति को अत्यन्त प्रिय थी ॥३५॥ उन दोनों के कालक्रम से दो पुत्र हुए बड़े पुत्र का नाम दत्त और छोटे पुत्र का नाम नन्दिषेण था ॥३६॥ उन दोनों पुत्रों ने कोई कला तथा गुण नहीं सीखे तथा अनर्थकारी कार्यों में संलग्न हो गये। इसलिये पिता का देहान्त होने पर उन्होंने कुछ समय में ही धन नष्ट कर दिया ॥३७॥ निर्धनता के कारण उनका मन व्याकुल हो गया। अन्त में मान से सुशोभित वे दोनों धन कमाने के लिये उद्यत हो नागपुर गये ॥३८॥ उस पद्मिनीखेट नगर में उनके पिता का एक मित्र रहता था उससे पूंजी लेकर वे व्यापार के लिए वैश्यों के साथ स्थल यात्रा से गये ॥३९॥ उनकी यात्रा सफल हुई इसलिए इच्छानुसार धन कमाकर लौटे। लौटते समय वे शङ्ख नदी के तट पर आये ॥४०॥ बड़ा भाई दत्त श्रम से दुखी हो गया था इसलिए

---

* सद्द्युतेः ब० १ मृते २ प्रापयताम् ३ धनोपार्जन तत्परौ ४ मूलद्रव्यम् ।

अथोऽवतस्थिवान् ह्रदोपान्तप्रसूतजम्बूतरोस्तले । अग्रजः शीतलच्छाये पीतक्षीरः सुखं सुप्तः ॥४१॥
हन्मि यावन्नीति तं लोभात्कनीयानकृतपरिणामवान् । केवलं मनः सकालुष्यं कषायैर्न विधीयते ॥४२॥
तस्य [1]कोपेनाकस्मात्खड्गमाच्छुप्तोत्थितोऽग्रजः । तं पुनः कुपितावेवं तावन्योन्यं प्रजघ्नतुः ॥४३॥
परस्परासिघातेन तौ पतित्वा व्रणान्वितौ । ह्रदस्य मध्यमुत्मेदे प्राहग्रस्तावमज्जताम् ॥४४॥
तत्रैवोपवने रम्ये इभः पारावतोऽभवत् । नन्दिषेणोऽधमस्त्वञ्च श्येनो निर्दयमानसः ॥४५॥
इति भूपतिना प्रोक्तं स्वस्य श्रुत्वा पुराभवम् । जातौ जातिस्मरौ भूत्वा त्यक्तो वैरं निराकृताम् ॥४६॥
तावुड्डाय्यड्डतौ भूयः कूजन्तौ मधुराक्षरम् । अन्योऽन्यं पक्षपालिभ्यां प्रीताभ्यामिवलतां क्षणम् ॥४७॥
तयोर्विस्पष्टवाक्यस्य कारणं कृपयापरः । अन्यथाविधि भूपेन्द्रो भ्रात्रा पृष्टोऽतिकौतुकात् ॥४८॥
संजयन्त्याः पुरः स्वामी संजयो नाम खेचरः । दमितारिवधे [2]जग्ने क्रुधानिष्ठेन यो मया ॥४९॥
संसृतौ सुचिरं कालं स संसृत्याभवत्सुतः । तापसस्यावलोकस्य श्रीदत्तागर्भसंभवः ॥५०॥
सरितो निर्वृतेस्तीरे कैलासोपान्तिकस्थितेः । अवरस्य तपो घोरं प्रकाशे काश्यपाश्रमे ॥५१॥
ऐशानं कल्पमासाद्य चिराय तपसः फलात् । सुरः सुरूप इत्यासीन्नाम्ना च वपुषा च सः ॥५२॥

पानी पीकर ह्रद के समीप उत्पन्न जम्बू वृक्ष के शीतल छाया से युक्त तल में सो गया ॥४१॥ लोभवश छोटे भाई ने विचार किया कि मैं इसे मार डालूं। ठीक ही है क्योंकि कषायों के द्वारा किनका मन कलुषित नहीं किया जाता ? ॥४२॥ उसकी तलवार पड़ने से बड़ा भाई सोते से उठ खड़ा हुआ और छोटे भाई को मारने लगा। इस प्रकार क्रोध से भरे हुए दोनों भाई परस्पर एक दूसरे को मारने लगे ॥४३॥ परस्पर तलवार के प्रहार से दोनों घायल होकर ह्रद के बीच में गिर कर मर गये तथा मगर-मच्छों ने उनकी आंतों के समूह खा लिये ॥४४॥ उसी नगर के सुन्दर उपवन में दत्त तो कबूतर हुआ और तू नन्दिषेण क्रूर हृदय बाज हुआ है ॥४५॥ इस प्रकार राजा के द्वारा कहे हुये अपने पूर्वभव को सुनकर दोनों पक्षियों को जाति स्मरण हो गया जिससे उन्होंने स्वयं ही वैर छोड़ दिया ॥४६॥ जिनके नेत्रों से आंसू निकल रहे थे तथा जो बार बार गद्गद् स्वर से शब्द कर रहे थे ऐसे प्रीति से युक्त दोनों पक्षी क्षण भर अपने पङ्खों से परस्पर आलिङ्गन करते रहे ॥४७॥ भाई दृढ़ रथ ने अत्यधिक कौतुक के कारण राजा मेघरथ से उन पक्षियों के मनुष्य के समान स्पष्ट बोलने का कारण पूछा इसलिए दयालु होकर वे इस प्रकार कहने लगे ॥४८॥

संजयन्तीपुर का स्वामी एक संजय नाम का विद्याधर था जो दमितारि के वध के समय क्रोध के अधीन हुए मेरे द्वारा मारा गया था ॥४९॥ संसार में चिरकाल तक भ्रमण कर वह सोम नामक तापस का उसकी श्रीदत्ता स्त्री के गर्भ से उत्पन्न होने वाला पुत्र हुआ ॥५०॥ उसने कैलास पर्वत के समीप में स्थित निर्वृति नामक नदी के तीर पर काश्यप ऋषि के आश्रम में प्रकाश में बैठकर घोर तपश्चरण किया ॥१५१॥ चिरकाल बाद वह तप के फल से ऐशान स्वर्ग को प्राप्तकर नाम और शरीर दोनों से

---

१ खड्गनिपातात्तु २ मारितः ।

प्राणिनामभयं दातुं शिक्षां विनयनाय च । अलं मेघरथादन्यो नान्य इत्यन्यवाद् वृषा[1] ॥५३॥
इतीन्द्रेणेरितं श्रुत्वा यशस्तत्तिरिधित्सया । वाग्वृत्तिः पक्षिणोरेषा तेनाकारि [2]सुधाभुजा ॥५४॥
इत्युक्त्वावसिते तस्मिन्स्ववृत्तान्तं महीपतिः । प्रादुरासीत्सुरः प्रभुः स्वरुचा सदसत्यजः ॥५५॥
तस्याप्य[3]पारिजातस्य [4]पारिजाताञ्चितौ पदौ । कृत्वा राज्ञः क्रमादेवं स देवो वाक्यमाददे ॥५६॥
संतापः सर्वलोकस्य निरसि कृपया तव । वृष्टया नवाम्बुदस्येव विनिद्धूं तरजःस्थितेः ॥५७॥
कोऽन्ये प्रशममायातुं तिरश्चामेवमीशते । भूभृतापि त्वयाभारि कथं नाम तपोभृताम् ॥५८॥
परप्रशमनायैव त्वादृशस्योदयः सताः । यथा तमोपहृत्येन्दोर्जगदानन्ददायिनः ॥५९॥
लक्ष्यते पारमैश्वर्यं भावि ते भावितात्मनः । एवंविधैर्गुणैरिभ्यैर्कृतान्यगुणोत्करैः ॥६०॥
इति स्तुत्वा महीनाथं सुरः स्वावासमभ्यगात् । घनान्सेन्द्रायुधीकुर्वन्मार्गस्थान्मुकुटांशुभिः ॥६१॥

सुरूप देव हुआ। भावार्थ—उस देव का नाम सुरूप था तथा शरीर से भी वह सुन्दर रूप वाला था ॥५२॥ एक बार इन्द्र ने कहा कि प्राणियों को अभय दान देने तथा उन्हें शिक्षित करने के लिए समर्थ मेघरथ के सिवाय दूसरा राजा नहीं है ॥५३॥ इस प्रकार इन्द्र के द्वारा कहे हुए मेरे यश को सुनकर उसे छिपाने की इच्छा से उस देव ने इन पक्षियों की यह वचन वृत्ति कर दी है ॥५४॥ इस प्रकार अपना वृत्तान्त कह कर जब राजा मेघरथ चुप हो रहे तब वह देव अपनी कान्ति से सभा को देदीप्यमान करता हुआ नम्र भाव से प्रकट हुआ ॥५५॥ राजा मेघरथ यद्यपि अपारिजात थे—पारिजात—कल्प वृक्ष के पुष्पों से रहित थे (पक्ष में शत्रु समूह से रहित थे) तथापि उस देव ने उनके चरणों को पारिजाताञ्चित—कल्पवृक्ष के पुष्पों से पूजित किया था। पूजा करने के बाद उसने क्रम से इस प्रकार के वचन कहे ॥५६॥

जिस प्रकार विनिद्धूं तरजः स्थितेः—धूली की स्थिति को दूर करने वाले नूतन मेघ की वृष्टि से सर्वजगत् का संताप दूर हो जाता है उसी प्रकार विनिद्धूं तस्थितेः—पाप की स्थिति को दूर करने वाले आपकी कृपा से सर्व जगत् का संताप दूर किया गया है ॥५७॥ ऐसे दूसरे कौन हैं, जो तिर्यञ्चों के भी शान्ति धारण कराने के लिए समर्थ हों? आपने राजा होकर भी तपस्वियों का भार धारण किया है ॥५८॥ जिस प्रकार अन्धकार को नष्ट करने वाले तथा जगत् को आनन्ददायी चन्द्रमा का उदय दूसरों को शान्ति प्रदान करने के लिए होता है उसी प्रकार अज्ञानान्धकार को नष्ट करने तथा जगत को आनन्द देने वाले आप जैसे सत्पुरुष का उदय दूसरों की शान्ति के लिये हुआ है ॥५९॥ आप आत्मस्वरूप की भावना करने वाले हैं। अन्य मनुष्यों के गुण समूह को तिरस्कृत करने वाले आपके ऐसे गुणों से आपका आगे होने वाला पारमैश्वर्य—परमेश्वरपना प्रकट होता है ॥६०॥ इस प्रकार राजा की स्तुति कर वह देव मुकुट की किरणों से मार्गस्थित मेघों को इन्द्रधनुष से युक्त करता हुआ अपने निवास स्थान पर चला गया ॥६१॥ मार्ग का उपदेश देने वाले राजा मेघरथ के द्वारा

---

१ इन्द्रः २ देवेन ३ अपगतं विनष्टम् अरिजात शत्रुसमूहो यस्य तस्य ४ पारिजाताञ्चितौ कल्पवृक्ष पुष्प पूजितौ ।

राज्ञा प्रशस्तमनसैव कृत्योत्कर्षेण तत्क्षणात् । अजायतां [1]भवनगौ सुरौ ॥६२॥
उपवासावसानेऽथ संप्रपूज्य जिनेश्वरम् । स्नातवान् मृष्टसन्नाले भूपो हृष्टः स्वमन्दिरे ॥६३॥
[2]विशान्तमनेकदा तस्य प्रशान्तचरितान्वितः । यतिर्दमधरो नाम्नो विवेश विशदश्रियः ॥६४॥
अचिन्तितागतं राजा तं यथाविध्यनोदयत् । भुक्त्वा यथागमं सोऽपि तद्गृहान्निरगात्ततः ॥६५॥
प्रावर्षत प्रावृडम्भोदगम्भीरध्वनिना ततः । दिव्यदुन्दुभिघोषेण दिशः तद्दानघोषिणा ॥६६॥
प्रबुद्धभूतरजोऽग्रनिर्वापितमहीतलः । मन्दं मन्दं सुरानेव सुगन्धिः पवनो ववौ ॥६७॥
अपातयत् सुमनोवृष्टया सुरवीकृतमृङ्मया । सौरभाक्रान्तकुसुमा दिशो दिविजमुक्तया ॥६८॥
दिवः पिशङ्गयन्यग्रा निपतन्त्या रत्नधारया । विद्युतामिव संहत्या वसुधा [3]वसुधारया ॥६९॥
अहो दानमहो दानमिति वाचो [4]दिवौकसाम् । अङ्गुलीस्फोटवंशिन्या विवेशुः परितः पुरीम् ॥७०॥
स [5]इत्यर्यैः सतां प्राप्तपञ्चाश्चर्यः समं सुरैः । विस्मयाद् दद्दशे पौरैर्बहुदृष्टोऽप्यदृष्टवत् ॥७१॥
ईशानेन्द्रोऽन्यदा मौलिन्यस्तहस्तसरोरुहः । ननाम क्षितिमुद्दिश्य नमितामरसंहतिः ॥७२॥

जीवन में उत्कृष्ट कान्ति—अत्यधिक सुधार कर दोनों पक्षी अत्यन्त श्रेष्ठ भवनों के विस्तार से सहित भवनवासी देव हुए ॥६२॥

तदनन्तर उपवास की समाप्ति होने पर जिनेन्द्र भगवान् की पूजा कर यज्ञान्तस्नान करने वाले राजा मेघरथ हर्षित हो अपने भवन गये ॥६३॥ एक समय निर्मल लक्ष्मी के स्थान स्वरूप राजा मेघरथ के अन्तःपुर में प्रशान्तचारित्र से सहित दमधर नामक मुनिराज ने प्रवेश किया ॥६४॥ अचिन्तित आये हुए उन मुनिराज को राजा ने विधिपूर्वक आहार कराया और वे मुनिराज भी आगम के अनुसार आहार कर उनके घर से चले गये ॥६५॥ तदनन्तर वर्षाकालीन मेघ के समान गम्भीर शब्द से युक्त तथा उनके दान की घोषणा करने वाला दिव्यदुन्दुभियों का शब्द दिशाओं में होने लगा ॥६६॥ उत्तम राजा के समान रज—धूली (पक्ष में पाप) के संचार को रोककर पृथिवी तल को संतुष्ट करने वाली सुगन्धित वायु धीरे धीरे बहने लगी ॥६७॥ जिसने भ्रमरों को हर्षित किया था तथा सुगन्धि से दिशाओं को व्याप्त किया था ऐसी देवों के द्वारा आकाश से छोड़ी हुई पुष्पवृष्टि होने लगी ॥६८॥ कान्ति से दिशाओं को पीला करने वाली, आकाश से पड़ती हुई रत्नों की धारा से पृथिवी ऐसी सुशोभित हो गई मानों बिजलियों के समूह से ही सुशोभित हुई हो ॥६९॥ 'अहोदानम्' 'अहोदानम्' यह देवों के वचन उनकी तालियों के शब्दों से मिश्रित होकर नगरी के चारों ओर फैल रहे थे ॥७०॥ इस प्रकार जिसे पञ्चाश्चर्य प्राप्त हुए थे ऐसा वह सज्जनों का स्वामी राजा मेघरथ, यद्यपि अनेकों बार देखा गया था तो भी देवों के साथ नगरवासियों के द्वारा आश्चर्य से अदृष्ट के समान देखा गया ॥७१॥

तदनन्तर किसी अन्य समय देव समूह को नम्रीभूत करने वाले ईशानेन्द्र ने पृथिवी को लक्ष्य कर हस्तकमलों को मस्तक पर लगा नमस्कार किया ॥७२॥ आश्चर्य से युक्त इन्द्राणी ने उस इन्द्र

---

१ भवनवासिनौ २ गृहम् ३ रत्नधारया 'वसु तोये धने मणौ' इति कोषः ४ देवानाम् ५ स्वामी 'अर्यः स्वामिवैश्ययोः' ।

[1]स्वयं वानमिवन्द्यैर्न कस्यचिद्या वन्दितः प्रभो । तमपृच्छदितीन्द्राणी सुरेन्द्रं विगतव्याकुला ॥७३॥
राजा मेघरथो नाम धैर्यराशिरनुपमः । निष्पन्नप्रतिमो रात्रिप्रतिमां प्रोज्झितेतरः ॥७४॥
इतीन्द्रेणेरितं तस्य क्षोभुं धैर्यं सुरस्त्रियौ । भुवमागतेरतुर्भिन्नरजा विरजा च ते ॥७५॥
अथ चैत्यालयस्याग्रे [2]विचित्ररुचिरोज्ज्वले । ऊर्ध्वस्थितमतिप्रांशुमानस्तम्भमिवापरम् ॥७६॥
बाह्यकक्षाविभागस्थैः शान्तभावैरनायुधैः । वाचं[3]यमयमानैः स्वैर्भृत्यैः कैश्चिदुपासितम् ॥७७॥
चिन्तयन्तमनुप्रेक्षा [4]घोलाग्रन्यस्तलोचनम् । दधानं शान्तया वृत्त्या सजीवप्रतिमाकृतिम् ॥७८॥
तारागणैः [5]प्रतीपेषु सर्वतः प्रतिबिम्बितैः । निष्पतद्भिः स्वतो युक्तं यशसः प्रकरैरिव ॥७९॥
ध्यानाच्छिथिलगात्रेभ्यः पतद्भिर्मणिभूषणैः । रागभावैरिवान्तःस्वैर्मुच्यमानं समन्ततः ॥८०॥
अतरङ्गमिवाम्भोधिमकाननमिवाचलम् । क्षमापं ददृशतुर्देव्यौ तं विगुरुकपरिच्छदम् ॥८१॥

(षड्भिः कुलकम्)

वचसा चेष्टितेनापि शृङ्गाररसशालिना । ते तस्य मनसः क्षोभं चक्रतुर्न सुरस्त्रियौ ॥८२॥
[6]सौभाग्यभङ्गसंभूतत्रपाविनमितानने । ततः सुराङ्गने (नत्वा पुनः स्वास्पदमीयतुः ॥८३॥

से पूछा कि हे प्रभो ! आप स्वयं देवों के वन्दनीय हैं फिर आपने किसे नमस्कार किया है ? ॥७३॥ प्रसन्न चित्त इन्द्र ने कहा कि रात्रि के समय प्रतिमा योग धारण करने वाले धैर्य की राशि स्वरूप अनुपम राजा मेघरथ को मैंने नमस्कार किया है। इसप्रकार इन्द्र का कथन सुन कर राजा मेघरथ के धैर्य को भग्न करने के लिये अरजा और विरजा नाम की दो देवाङ्गनाएं पृथिवी पर उतरीं ॥७४-७५॥ तदनन्तर पवित्र रङ्गावली से सुशोभित चैत्यालय के आगे जो खडे हुए थे तथा अत्यन्त ऊंचे दूसरे मानस्तम्भ के समान जान पड़ते थे। बाह्य कक्षा के विभाग में स्थित, शान्तचित्त, शस्त्ररहित और मौन से स्थित अपने कुछ भृत्य जिनकी उपासना कर रहे थे, जो अनुप्रेक्षाओं का चिन्तवन कर रहे थे, नासिका के अग्रभाग पर जिनकी दृष्टि लग रही थी, जो शान्तवृत्ति सजीव प्रतिमा की आकृति को धारण कर रहे थे, अङ्गों में सब ओर से प्रतिबिम्बित तारागणों से जो ऐसे जान पड़ते थे मानों अपने आप से निकलने वाले यश के समूहों से ही युक्त हों, ध्यान से शिथिल शरीर से गिरते हुए मणिमय आभूषणों से जो ऐसे जान पड़ते थे मानों भीतर स्थित राग भाव ही उन्हें सब ओर से छोड़ रहे हों, जो लहरों से रहित समुद्र के समान थे, वन से रहित पर्वत के समान जान पड़ते थे और जिन्होंने सब वस्त्रादि को छोड़ दिया था ऐसा राजा मेघरथ को उन देवाङ्गनाओं ने देखा ॥७६-८१॥ शृङ्गार रस से सुशोभित वचन और चेष्टा के द्वारा भी वे देवाङ्गनाएं उनके मन में क्षोभ उत्पन्न नहीं कर सकीं ॥८२॥ तदनन्तर सौभाग्य के भङ्ग से उत्पन्न लज्जा के द्वारा जिनके मुख नीचे की ओर झुके हुए थे ऐसी वे देवाङ्गनाएं नमस्कार कर पुनः अपने स्थान पर चली गयीं ॥८३॥ इस प्रकार परमार्थ से

---

१ देवानाम् २ पवित्ररङ्गावली शोभिते ३ मौनस्थितैः ४ नासिकाग्रस्थापितलोचनं ५ अवयवेषु ६ सौभाग्यस्य भङ्गेन संभूता समुत्पन्ना या त्रपा लज्जा तया विनमितं आननं ययोस्ते ।

इति निर्वृत्त[1]शुद्धात्मा [2]यामिनीयोगसङ्गतः । चिरं ददर्श राजेन्द्रो जनैः प्रातरवीक्षितः ॥८४॥
अथान्यागतयोर्देव्योर्[3]नार्यौ प्रियमित्रया । [4]न्यायेवर्यंकलत्राभे प्रतिहार्या प्रवेशिते ॥८५॥
[5]उपनीतोपदे सम्यग्यातीमे स्वोचितासने । देव्येत्यभिहिते स्व किमर्थं मामुपागते ॥८६॥
ते प्रश्नानन्तरं तस्या वाचमित्थममोचताम् । प्रिये नौ तव सौन्दर्यं कौतुकाद् द्रष्टुमागते ॥८७॥
इति स्वाभूतमाकेत्य स्वित्तवत्योत्तमोरसौ । प्रियया मानयेत्याह पुनां स्नानविभूषितम् ॥८८॥
इत्युदीर्य तथात्मानमाकल्प्या[6]कल्पतोचितम् । सा तयोर्दर्शयामास ते च दीप्येत्यघोषताम् ॥८९॥
तव रूपं पुरा दृष्टादनवद्बहुतरं क्षयम् । तथा हि नश्वरी कान्तिरसारा सर्वदेहिनाम् ॥९०॥
तथापि तव सारूप्यं नवतारुण्यमप्यलम् । जेतुमप्सरसां रूपमपि [7]स्थायुकयौवनम् ॥९१॥
सुरूपस्त्रीकथासिद्धैः प्रशंसी द्रुवती यथा । तथा त्वमिति ते प्रोच्य तिरोभूतां सुरस्त्रियौ ॥९२॥
जाता भूयिष्ठनिर्वेदा रूपह्रासश्रवात्ततः । राज्ञे न्यवेदयद्राज्ञी तद्वृत्तान्तं त्रपान्विता ॥९३॥
अथ क्षणमिव ध्यात्वा जगाद जगतीपतिः । कायस्य [8]परभुतामित्थं वस्तुतो बत बोधयन् ॥९४॥

रात्रि योग पूरा कर जिनकी आत्मा शुद्ध हुई थी तथा प्रातःकाल भी जिन्हें लोगों ने देखा था ऐसे राजाधिराज मेघरथ चिरकाल तक सुशोभित हुए ॥८४॥

अथानन्तर कोई दो स्त्रियां जो रानी के समान सुशोभित थीं और प्रतिहारी ने जिन्हें भीतर प्रवेश कराया था, मर्यादा का पालन करने वाली रानी प्रियमित्रा के सन्मुख आयीं ॥८५॥ जब वे स्त्रियां भेंट देकर अपने योग्य आसन पर अच्छी तरह बैठ गयीं तब प्रियमित्रा ने उनसे कहा कि आप किस लिए मेरे पास आई हैं ? ॥८६॥ इस प्रश्न के बाद उन स्त्रियों ने इस प्रकार का वचन कहा कि आप हम दोनों को कौतूहल वश आपका सौन्दर्य देखने के लिए आई हुई समझें ॥८७॥ इस प्रकार अपना अभिप्राय कहकर जब वे स्त्रियां बैठ गयीं तब प्रियमित्रा ने उनसे कहा कि जब मैं स्नान कर आभूषण विभूषित हो जाऊं तब आप देखिए ॥८८॥ यह कहकर तथा अपने आपको आभूषणों से विभूषित कर उसने उन स्त्रियों के लिए दिखाया। देखकर उन स्त्रियों ने कहा कि तुम्हारा रूप पहले देखे हुए रूप से बहुत क्षय को प्राप्त हो गया है—कम हो गया है ठीक ही है क्योंकि मनुष्यों की कान्ति नश्वर तथा निःसार होती ही है ॥८९-९०॥ इतने पर भी यद्यपि तुम्हारा लावण्य ढलती हुई जवानी से युक्त है तो भी वह स्थायी यौवन से सुशोभित अप्सराओं के भी रूप को जीतने के लिए समर्थ है ॥९१॥ इन्द्र ने सुरूपवती स्त्रियों की कथा चलने पर आपकी जैसी प्रशंसा की थी आप वैसी ही है, यह कहकर दोनों देवाङ्गनायें तिरोहित हो गयीं ॥९२॥

तदनन्तर रूप के ह्रास की बात सुन कर जिसे अत्यधिक वैराग्य उत्पन्न हो गया था ऐसी रानी ने लज्जायुक्त हो राजा के लिये उन देवियों का वृत्तान्त कहा ॥९३॥ पश्चात् क्षणभर ध्यान कर राजा प्रिया को शरीर की निःसारता बतलाते हुए सुन्दरता पूर्वक इस प्रकार कहने लगे ॥९४॥

---

१ समाप्तं कृत्वा २ रात्रिप्रतिमायोगम् ३ नार्यौ अर्यकलत्राभे इतिच्छेदः ४ समर्पितोपहारे ५ अलंकारालंकृताम् ६ स्थिरताशून्यम् ७ निःसारताम् ।

देहस्यास्य नृणां हेतू स्यातां [1]सोहितरेतसी । किं तन्मयस्य सौन्दर्यमभ्याहार्यं तु केवलम् ॥९५॥
कष्टं सवसिधं विभ्रदप्यहंयुः[2] कलेवरम् । [3]शुचंयुनं भवेज्जातु जीवः कर्ममलीमसः ॥९६॥
मानुष्यकं भवाचीदं भवकोटिसुदुर्लभम् । देहिनां धर्महेतुत्वात्सुधर्माणः प्रचक्षते ॥९७॥
अनेकरज्वसंक्लिष्टं [4]घनलग्नमपि क्षणात् । मानुष्यं यौवनं वित्तं नश्यतीन्द्रधनुर्यथा ॥९८॥
तडिदुन्मेषतरला सम्पदां किं न संपदः । आयुश्च वायुनिर्धूततृणबिन्दुपरिप्लवम् ॥९९॥
वपुर्निसर्गबीभत्सं पूतिगन्धि विनश्वरम् । मलस्यन्दिनवद्वारं किं रम्यं कृमिसंकुलम् ॥१००॥
तथाप्यन्योन्यसंभूतमोहतत्कामयमानयोः । वपू रम्यमिवाभाति किं न स्त्रीपुंसयोरिदम् ॥१०१॥
[5]आपातमधुरान्भोगान् विप्रयोगदशिपातिनः । दुःप्राप्यानप्यहो बालस्तप्तान्वेत्ति केवलम् ॥१०२॥
अस्तुवाम्यवसानिध्यात्सम्न दुःखाय किं भवेत् । तदभावादिति व्यक्तं रागान्धो नावगच्छति ॥१०३॥
इन्द्रियार्थगणेनापि सेव्यमानेन सन्ततम् । नात्मनोऽपास्यते तृष्णा सतृष्णः कः सुखायते ॥१०४॥
अनभ्यासात्सुदुर्बोधं विमुक्तिसुखमङ्गिनाम् । दुःखमेव हि संसारे सुखमित्युपचर्यते ॥१०५॥

मनुष्यों के इस शरीर का हेतु रज और वीर्य है इसलिये रज और वीर्य से तन्मय शरीर की सुन्दरता क्या है ? वह तो मात्र काल्पनिक है ॥९५॥ कष्ट इस बात का है कि ऐसे शरीर को धारण करता हुआ भी यह कर्ममलिन जीव अहंकार से युक्त होता है शुभभावों से युक्त कभी नहीं होता ॥९६॥ फिर भी यह मनुष्य का भव धर्म का हेतु होने से प्राणियों के लिये करोड़ों भवों में दुर्लभ है, ऐसा धर्मात्मा जीव कहते हैं ॥९७॥ जिसप्रकार अनेक रज्जुओं से युक्त इन्द्र धनुष, घनलग्न—मेघ में संलग्न होने पर भी क्षण भर में नष्ट हो जाता है उसी प्रकार मनुष्य जन्म, यौवन और धन, घनलग्न—अत्यंत निकटस्थ होने पर भी क्षण भर में नष्ट हो जाता है ॥९८॥ मनुष्यों की संपदाएं क्या बिजली की कौंद के समान चञ्चल नहीं हैं ? और आयु वायु से कम्पित तृण की बूंद के समान विनश्वर नहीं है ? ॥९९॥ जो स्वभाव से ग्लानि युक्त है, दुर्गन्धमय है, विनश्वर है, जिसके नव द्वार मल को झराते रहते हैं तथा जो कीड़ों से भरा हुआ है ऐसा यह शरीर क्या रमणीय है ? अर्थात् नहीं है ॥१००॥ तो भी उत्पन्न हुए मोह से परस्पर–एक दूसरे को चाहने वाले स्त्री पुरुषों के लिये यह शरीर क्या सुन्दर के समान नहीं जान पड़ता ? ॥१०१॥ जो प्रारम्भ में मनोहर हैं, पीछे वियोग में डालने वाले हैं तथा कठिनाई से प्राप्त होते हैं ऐसे भोगों की इच्छा करता हुआ यह मूर्ख मनुष्य केवल दुःखी होता है यह आश्चर्य की बात है ॥१०२॥ जो अन्य पदार्थों के सांनिध्य से सुख के लिये होता है वह उनके नष्ट हो जाने से दुःख के लिये क्यों न हो, इस स्पष्ट बात को राग से अन्धा मनुष्य नहीं जानता है ॥१०३॥ इन्द्रियों के विषय समूह का निरन्तर सेवन किया जाय तो भी उससे आत्मा की तृष्णा दूर नही होती है सो ठीक ही है क्योंकि तृष्णा से युक्त कौन मनुष्य सुखी होता है ? अर्थात् कोई नहीं ॥१०४॥ प्राणियों के लिये मोक्ष सुख का अभ्यास नहीं है इसलिए वह दुर्ज्ञेय—कठिनाई से जानने योग्य है

---

१ रजोवीर्ये २ अहंकारयुक्तः ३ शुभोपेतः ४ घनं सान्द्रं यथा स्यात्तथा लग्नं पक्षे घने मेघे लग्नं ५ आपाते प्रारम्भे मधुरास्तान् ।

[illegible]

वस्तुतः संसार में दुःख ही सुख समझा जाता है ॥१०५॥ जो मनुष्य अन्धकार में बैठा है वह भी यह कहता है कि पराधीन सभी कार्य दुःख हैं और स्वाधीन सभी कार्य परम सुख हैं ॥१०६॥ जिनका योग कारण है तथा जिनका अन्त अत्यन्त कटुक—दुखदायी है ऐसे आठ कर्मों से वंचित जीव को स्वतन्त्रता कैसे हो सकती है ? ॥१०७॥ क्षेत्रज्ञ—आत्मज्ञ मनुष्य कर्मनिर्मित पांच इन्द्रियों तथा पांच शरीरों को आत्मा से अत्यन्त भिन्न कहते हैं ॥१०८॥ आत्मा रूपी पथिक कर्म रूपी संबल को लेकर चतुर्गति रूपी महाअटवी में सदा भ्रमण करता हुआ सुख दुःख भोगता है ॥१०९॥ नरक में निवास करने वाला जीव कर्मोदय से सदा शारीरिक और मानसिक भयंकर दुःख भोगता है ॥११०॥ आत्मा को नहीं जानने वाला जीव जब तिर्यञ्च गति में पहुँचता है तब वह नरक गति से कुछ कम दुःख भोगता है ऐसा आत्मज्ञ मनुष्य कहते हैं ॥१११॥ जब यह मनुष्य होता है तब इन्द्रिय विषयों से पीड़ित होता हुआ कुछ सुख कणों से मधुलिप्त विष के समान दुःख भोगता है ॥११२॥ आठ गुणों के ऐश्वर्य से युक्त देव भी मानसिक व्यथा से रहित नहीं है अतः चारों गतियां दुःख से संतप्त मानी गयी हैं ॥११३॥ यही कारण है कि ज्ञानी भव्यजीव असार संसार से भयभीत होता हुआ रत्नत्रय से विभूषित हो मुक्ति के लिए उद्यम करता है ॥११४॥

संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तक भव्य जीव काललब्धि आदि से युक्त होता हुआ सम्यक्त्व को प्राप्त होता है ॥११५॥ तत्त्वार्थ का श्रद्धान करना सम्यक्त्व कहा गया है। उसके औपशमिक, क्षायिक और क्षायोपशमिक इसप्रकार तीन भेद हैं ॥११६॥ वह तीन भेद भी अनन्त बन्धी क्रोध मान माया लोभ तथा मिथ्यात्व सम्यङ्मिथ्यात्व और सम्यक्त्व प्रकृति इन सात प्रकृतियों के उपशम क्षय और

---

१ दोनों हेतुर्यथा तैः २ कर्मैव पाथेयं सम्बलं तत् ३ शारीरिकं ४ नरकनिवासिना ५ पीड़ितः ६ मानसिक व्यथा रहितः ७ क्षयोपशमात् ।

[illegible]

क्षयोपशम से होते हैं ऐसा सुबुद्धिमान् जीव कहते हैं ॥११७॥ [उस सम्यक्त्व के सराग और वीतराग के भेद से दो भेद भी होते हैं] उनमें एक तो प्रशम संवेग अनुकम्पा और आस्तिक्य आदि लक्षणों से युक्त है और दूसरा सब ओर से आत्मा की विशुद्धि मात्र है ॥११८॥ सम्यग्दृष्टि जीव, जीवाजीवादि पदार्थों को सुनने की इच्छा रखता है इसलिये साधुओं के संपर्क में आता है और उनसे श्रुतज्ञान को प्राप्त होता है ॥११९॥ आगम के अभिप्राय को जानने वाला मनुष्य विरति—पांच पापों से निवृत्ति को प्राप्त होता है, विरति से आस्रव का अभाव होता है और उससे संवर प्रकट होता है ॥१२०॥ संवर तप का कारण है, तपसे अत्यधिक निर्जरा होती है, निर्जरा से क्रिया का अभाव होता है और क्रिया के अभाव से अयोगी अवस्था प्राप्त होती है ॥१२१॥ योगविरोध से संसार की संतति का सर्वथा उच्छेद हो जाता है और उससे मोक्ष प्राप्त होता है, इस प्रकार सम्यग्दर्शन मुक्ति का कारण है ॥१२२॥ तप के समान आत्मा का दूसरा हित नहीं है इसलिए भव्य जीवों को सब प्रकार से तप में प्रयत्न करना चाहिए ॥१२३॥ इस प्रकार उत्कृष्ट बुद्धि के धारक राजा मेघरथ सभा के बीच में रानी के लिये हित का उपदेश देकर स्वयं भी उस समय राज्यभोगों को छोड़ने के लिए इच्छुक हो गये ॥१२४॥

तदनन्तर समीप में स्थित नन्दिवर्धन पुत्र को देखकर इस प्रकार कहने लगे कि प्रजा की रक्षा करने का क्रम तुम्हारा है ॥१२५॥ ऐसा कहकर तथा उसके लिए छत्र चमर आदि राज चिह्न देकर मेघरथ ने भाई दृढ़रथ के साथ पिता घनरथ तीर्थंकर के समीप तप ग्रहण कर लिया ॥१२६॥ अन्य अनेक राजा भी उन्हें देखकर साधु हो गये। प्रियमित्रा रानी भी सुव्रता नाम की आर्या को नमस्कार कर सुव्रता—उत्तम व्रतों से युक्त हो गयी अर्थात् आर्यिका बन गयी ॥१२७॥ जिस प्रकार राजासन पर आरूढ़ राजा मेघरथ, अन्य राजाओं को अपने से हीन करते थे उसीप्रकार अत्यन्त उन्नत शुक्लस्कन्ध पर आरूढ़ होकर अन्य मुनियों को अपने से हीन करते थे ॥१२८॥ जिस प्रकार पहले—

१ हातुं त्यक्तुमिच्छुः ।

यथा तत्स्थावस्थाराज्यं पुरा बद्धं रथेतरैः । [1]इन्द्रियैः शक्तिसम्पन्नैस्तथा यतिपतिस्तथा ॥१२९॥
स रराज [2]सहायाद्यैः सर्वैः [3]पञ्चाङ्गसंयुतम् । उपक्रमंस्तथा बध्वात्संयमं मुनिसंमतम् ॥१३०॥
पुरोपंक्रमयत्सम्यक्सन्धिविग्रहादिभिः यथा पुरा । प्रशमगुणतस्तथा सर्वैः [4]समतास्तवादिभिः ॥१३१॥
पूर्वं यथा स राज्याङ्गैः प्रियोऽभूल्लोकमोहरः । तथा वनगतः स्वाङ्गैः कृशैरपि तपस्यया ॥१३२॥
राज्यायन्प्रकृतीर्नित्यं यथा राज्यवतो बभौ । तथातो क्षपयन्सप्तप्रकृतीस्तपसि स्थितः ॥१३३॥
उपास्थित यथामात्यान्पुरा जयिसतरत्वतः । स तथा मनसान्पूर्वान्परलोकजिगीषया ॥१३४॥
पुरा प्रवर्तयामास राज्यं द्वादशधा स्थितम् । तथा बभागमं घोरं चिरकालं तपः परम् ॥१३५॥
भावयामास भावज्ञः शङ्काकाङ्क्षादिवर्जितः । सम्यक्त्वशुद्धिसम्पन्नसमस्तसुखहेतुकाम् ॥१३६॥
पुरुव्याचार्यवर्येषु श्रुते वापि बहुश्रुतः । यथागमं [5]समुत्सर्गो विनयं चितनोत सः ॥१३७॥

गृहस्थावस्था में उनका राज्य नियन्त्रित शत्रुओं से सुशोभित होता था उसीप्रकार नयों के ज्ञाता मुनिराज मेघरथ का तप भी नियन्त्रित शक्ति शाली इन्द्रियों से सुशोभित हो रहा था। भावार्थ—गृहस्थावस्था में वे जिस प्रकार शक्तिशाली शत्रुओं को बांधकर रखते थे उसी प्रकार तपस्वी अवस्था में शक्तिशाली इन्द्रियों को बांधकर स्वाधीन कर रखते थे ॥१२९॥ जिसप्रकार वे पहले सहायक साधनोपाय, देशविभाग, काल विभाग और आपत्प्रतिकार इन पांच अङ्गों से सहित मन्त्र—राज्य तन्त्र की रक्षा करते थे उसी प्रकार तपश्चरण करते हुए अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह इन पांच अङ्गों से सहित मुनिसंमत संयम की रक्षा करते थे ॥१३०॥

जिसप्रकार वे पहले अच्छी तरह अभ्यस्त किये हुए सन्धि विग्रह आदि छह गुणों से सुशोभित होते थे उसी प्रकार प्रमाद रहित तथा प्रशम गुण में स्थित रहते हुए वे अच्छी तरह अभ्यस्त समता, वन्दना, स्तुति, प्रतिक्रमण, स्वाध्याय और कायोत्सर्ग इन छह नित्य कार्यों से सुशोभित होते थे ॥१३१॥ जिसप्रकार वे पहले मंत्री आदि श्रेष्ठ राज्य के अङ्गों से लोक प्रिय थे उसीप्रकार वन में पहुंच कर तपस्या से कृश हुए अपने अङ्गों—शरीर के अवयवों से लोक प्रिय थे ॥१३२॥ जिस प्रकार राज्यावस्था में निरन्तर मन्त्री आदि सात प्रकृतियों को प्रसन्न करते हुए सुशोभित होते थे उसी प्रकार तप अवस्था में भी वे सात कर्म प्रकृतियों का क्षय करते हुए सुशोभित हो रहे थे ॥१३३॥ जिस प्रकार वे पहले परलोक—शत्रु समूह को जीतने की इच्छा से नीति निपुण मन्त्रियों के पास बैठते थे उसी प्रकार अब परलोक—नरकादि गतियों को जीतने की इच्छा से पूर्ववित् मुनियों के पास बैठते थे ॥१३४॥ जिसप्रकार वे धीर वीर पहले बारह प्रकार से स्थित राज्य को प्रवर्तित करते थे उसीप्रकार अब चिरकाल तक आगमानुसार बारह प्रकार के उत्कृष्ट तप को प्रवर्तित करते थे ॥१३५॥

भावों के ज्ञाता तथा शङ्का कांक्षा आदि दोषों से रहित उन मुनिराज ने संपूर्ण निराकुल सुख की कारणभूत दर्शन—विशुद्धि भावना का चिन्तवन किया था ॥१३६॥ अनेक शास्त्रों के ज्ञाता तथा गर्व से रहित वे मुनिराज गुरुओं, श्रेष्ठ आचार्यों तथा शास्त्रों की आगमानुसार विनय करते थे ॥१३७॥

---

१ इन्द्रियैः २ 'सहायाः साधनोपाया विभागो देशकालयोः विनिपातप्रतीकारः सिद्धिः पञ्चाङ्गमिष्यते' पक्षे अहिंसादिपञ्चभेदसहित ३ समता-वन्दना-स्तुति-प्रतिक्रमण-स्वाध्याय-कायोत्सर्गाख्यैः षडावश्यकैः ४ अगर्वः ।

व्रतेऽनतिचारेण शीलेषु च समाचरन् । सुधीः सुधीरतां स्वस्य प्रथयामास चेतसा ॥१३८॥
नयप्रमाणनिक्षेपमयभव्यस्यतः श्रुतम् । षड्द्रव्यनिचितं तस्य जगत्प्रत्यक्षतामगत् ॥१३९॥
व्यापृतोऽनुक्षणन्यायं वैयावृत्ये निरन्तरम् । स समाधिं च साधूनां निरतिचरवितन्वितम् ॥१४०॥
दुश्चरापि तपश्चर्या सेवाचर्यत शक्तितः । [1]क्रियासुरुद्य कौशीद्यं [2]क्रियासु स्वहितासु के ॥१४१॥
रागादिकं स्वसंसक्तं त्यजतस्तस्य दुस्त्यजम् । लोकातीतापरा काचित्त्यागशक्तिर्विशिष्यते ॥१४२॥
जनस्या विनताभावार्चनबहुश्रुतसक्तया । प्रह्वीकृतोऽप्यसूच्चित्रमभव्यप्रात्मा समुन्नतः ॥१४३॥
धर्मेऽनुरज्यतो नित्यं तस्य धर्मफलेषु च । प्रादुर्बभूव संवेगविचित्रं मन्दगतेरपि ॥१४४॥
यथाकालं षडावश्यककर्मसु [3]प्रसृतोऽभवत् । तथापि सुखिनामासीदेकः प्राग्रहरः[4] परः ॥१४५॥
ज्ञानेन तपसोद्यैन[5] जिनस्य च सपर्यया । संगतः साधुचक्रेण[6] चक्रे मार्गप्रभावनाम् ॥१४६॥
[7]ग्रन्थग्रन्थिषु संशीतिमपरेषामशेषयन्[8] । नित्यं प्रवचने तेने वात्सल्यं साधुवत्सलः ॥१४७॥

व्रतों तथा शीलों के अतिचार बचा कर निर्दोष तपश्चरण करते हुए वे ज्ञानवान् मुनिराज अपने चित्त की सुधीरता को प्रकट करते थे ॥१३८॥ नय प्रमाण और निक्षेपों से तन्मय श्रुत का अभ्यास करने वाले उन मुनिराज के लिये छहद्रव्यों से व्याप्त जगत् प्रत्यक्षता को प्राप्त हुआ था ॥१३९॥ वे निरन्तर यथा योग्य वैयावृत्य में तत्पर रहते थे तथा मानसिक व्यथा—ग्लानि आदि से रहित हो अत्यधिक रूप से साधु समाधि कराते थे ॥१४०॥ वे शक्ति अनुसार कठिन तपश्चर्या भी करते थे सो ठीक ही है क्योंकि आत्महितकारी क्रियाओं में शिथिलता कौन करते हैं ? अर्थात् कोई नहीं ॥१४१॥ जिनका छोड़ना कठिन है ऐसे आत्म संबन्धी रागादिक को छोड़ने वाले उन मुनिराज की कोई अनिर्वचनीय लोकोत्तर त्याग शक्ति विशिष्ट रूप से शोभायमान हो रही थी ॥१४२॥

जिनकी आत्मा निराकुल थी ऐसे वे मुनिराज जिनागम, आचार्य तथा बहुश्रुतजनों की भक्ति से नम्रीभूत होने पर भी समुन्नत थे यह आश्चर्य की बात थी ॥१४३॥ धर्म तथा धर्म के फल में निरन्तर अनुराग करने वाले वे मुनिराज यद्यपि मन्दगति—ईर्यासमिति से धीरे धीरे चलते थे (पक्ष में निर्भय मनुष्य के समान मन्थर गति से चलते थे) तोभी उनके संवेग—धर्म और धर्म के फल में उत्साह (पक्ष में भय) प्रकट हुआ था, यह आश्चर्य की बात थी। भावार्थ—भयवान् मनुष्य जल्दी भागता है परन्तु वे परलोक सम्बन्धी भय से युक्त होकर भी मन्द गति से चलते थे यह आश्चर्य था परिहार पक्ष में ईर्या समिति के कारण धीरे धीरे चलते थे ॥१४४॥ वे छह आवश्यक कार्यों में यथा समय तत्पर रहते थे तोभी सुखी मनुष्यों में अद्वितीय, श्रेष्ठ तथा अग्रसर थे ॥१४५॥ वे प्रशस्त ज्ञान, निर्दोष तप, जिनेन्द्र पूजा तथा साधु समूह से युक्त हो मार्ग प्रभावना करते थे ॥१४६॥ साधुओं से स्नेह रखने वाले वे मुनिराज ग्रन्थ के कठिन स्थलों में दूसरों का संशय दूर करते हुए निरन्तर प्रवचन में वात्सल्यभाव को विस्तृत करते थे ॥१४७॥ इस प्रकार तीर्थंकर प्रकृति के बन्ध में कारणभूत सोलह

---

१ आशीर्लिङ्प्रयोगः २ शैथिल्यम् ३ तत्परः ४ श्रेष्ठः ५ प्रशस्तेन ६ साधुसमूहेन ७ शास्त्र-कठिनस्थलेषु: ८ समापयन् ।

तीर्थंकृत्कारणान्येवं सम्यग्भावयतस्तदा । तेनाक्षारि तपो घोरमघ[1]संघातघातकृत् ॥१४८॥
[2]जगद्यत् राजसान्यायभावखण्डनतत्परः । श्रुताधिकोऽप्यभूच्चित्रं विश्रुतः[3] भुवि विश्रुतः ॥१४९॥
वैराग्यस्य परां कोटिमध्यासीनः समन्ततः । उद्यतस्थित तथाप्युच्चैः सिंह[4]नि:क्रीडितस्थितौ ॥१५०॥
इत्थं तपस्यता तेन कषायारीन्निरस्यता[5] । कालोऽगामि नयज्ञेन भूयाभूतहितार्थिना ॥१५१॥
ग्रहणस्य च शिक्षायाः कालं नीत्वा यथागमम् । गणपोषणकालं च चिरकालमधत्त सः ॥१५२॥
आत्मसंस्कारकालेन वर्तयित्वार्तवर्जितः । ततः सल्लेखनाकालमन्वतिष्ठदविक्लिष्टधीः ॥१५३॥
अङ्गैः सह तनूकृत्य कषायान्धनबन्धनम् । [6]चतुरो यतिनां मार्गे [7]चतुरो निरराजभूत् ॥१५४॥
मुनीनां तिलको नित्यं प्रोत्फुल्लतिलकोत्करे । तिलकाख्ये गिरावास्त प्रायःप्रायोपवेशने[8] ॥१५५॥
धीरः स्वपरसापेक्षनिरपेक्षप्रवर्तिवम् । धर्म्यध्यानमिति ध्यातुमात्मायत्तः प्रचक्रमे ॥१५६॥
यथागमगतं सम्यग्द्रव्यमर्थं च चिन्तयन् । आज्ञाविचयसद्ध्यानं भावयामास तत्त्वतः ॥१५७॥

कारण भावनाओं का अभ्यास करते हुए उन्होंने पाप समूह का नाश करने वाला घोर तप किया था ॥१४८॥

जो राजस—रजोगुणप्रधान भावों को खण्डित कर रहे थे तथा जिनका अभिप्राय पाप से रहित था ऐसे वे मुनिराज श्रुताधिक—शास्त्र ज्ञान से अधिक होकर भी विश्रुत—शास्त्रज्ञान से रहित थे यह आश्चर्य की बात थी। (परिहार पक्ष में विश्रुत—विख्यात थे) ॥१४९॥ वे सब ओर से वैराग्य की परम सीमा को प्राप्त थे तो भी उत्कृष्ट सिंह जैसी क्रीड़ा की स्थिति में उद्यत रहते थे—सिंह के समान शूरता दिखलाते थे (पक्ष में उत्कृष्ट सिंह निष्क्रीडित व्रत का पालन करते थे) ॥१५०॥ इस प्रकार तपस्या करते, कषाय रूपी शत्रुओं को नष्ट करते तथा जीव मात्र के हित की इच्छा करते हुए उन नयों के ज्ञाता मुनिराज ने बहुत काल व्यतीत किया ॥१५१॥ शिक्षा ग्रहण का काल आगमानुसार व्यतीत कर उन्होंने चिरकाल तक गणपोषण का काल भी धारण किया अर्थात् आचार्य पद पर आसीन होकर मुनिसंघ का पालन किया ॥१५२॥ तदनन्तर आत्मा को सुसंस्कृत करने का काल व्यतीत कर अर्थात् आत्मा में ज्ञान और वैराग्य के संस्कार भर कर उन्होंने किसी क्लेश के बिना ही चिरकाल तक सल्लेखना काल को धारण किया ॥१५३॥

अङ्गों के साथ तीव्र बन्ध के कारणभूत चार कषायों को कृश कर वे मुनि—मार्ग में अत्यंत चतुर हो गये थे ॥१५४॥ वे श्रेष्ठ मुनिराज जहां निरन्तर तिलक वृक्षों का समूह फूला रहता था ऐसे तिलक नामक पर्वत पर प्रायोपगमन संन्यास में बैठे ॥१५५॥ सल्लेखना काल में जो अपने शरीर की टहल स्वयं तो करते थे पर दूसरे से नहीं कराते थे तथा जिन्होंने अपनी मनोवृत्ति को अपने अधीन कर लिया था ऐसे वे धीर वीर मुनि चार प्रकार के धर्म्यध्यान का इसप्रकार ध्यान करने के लिये उद्यत हुए ॥१५६॥ आगम में जैसा वर्णन है वैसा द्रव्य और अर्थ का चिन्तन करते हुए उन्होंने परमार्थ से आज्ञाविचय नामक धर्म्य ध्यान का चिन्तवन किया था ॥१५७॥ समीचीन मार्ग को न पाने वाले जीव

---

१ पापसमूहविघातकृत् २ जगद्यत् ३ विश्रुतं श्रुतं यस्य तथाभूतः पक्षे प्रसिद्धः ४ सिंहनिष्क्रीडित नामकविशिष्टतपसि ५ निराकुर्वता ६ चतुःसंख्याकान् ७ दक्षः ८ प्रायोपगमनसंन्यासे ।

अनवरादित सन्तार्चा चोवा भ्राम्यन्ति संसृतौ । तेनेत्यपायविचये तेने स्मृतिरवारतम् ॥१५८॥
विचित्र्य कर्मणां पाकं विचित्रतरशक्तिकम् । स स्मरन्नस्मरो[1] ब्रह्मे विपाकविचये स्थिरः ॥१५९॥
अधस्तिर्यग्लोकार्धं च लोकाकारं विचिन्वता । लोकसंस्थानविचयस्तेनेत्यन्वर्थतां गतम् ॥१६०॥
क्वापि द्रव्यादिति ध्येयपरि[2]लवमानसः । भावनास्वपि चोत्पन्ने परिप्लवतवान्वयः ॥१६१॥
मासमेकं विधायैवं धीरः प्रायोपवेशनम् । प्रक्षीणं कायमत्याक्षीत्प्रियः कस्याथवा कृशः ॥१६२॥
सर्वार्थसिद्धिमासाद्य ततः सर्वार्थसिद्धितः । [3]चन्द्रावदातया [4]मूर्त्या कीर्त्या चाभाति राजितः ॥१६३॥
स तत्र [5]हस्तमात्रोऽपि बभूवोच्छ्रितावधिः । अहमिन्द्रोऽभिधां बिभ्रन्महेन्द्र इति विश्रुताम् ॥१६४॥
स सिद्धसुख[6]देशोनमप्रवीचारमन्वभूत् । सुखं तत्र त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमसंस्थितिसुन्दितम् ॥१६५॥
ततः [7]परिवृढो भूत्वा साधूनां दृढसंयमः । अतप्यत तपो बाढं चिरं दृढरथोऽप्यसौ ॥१६६॥
सम्यक्त्वज्ञान चारित्रतपांस्याराध्य शुद्धधीः । प्रायोपवेशनार्गेण तनुं तत्याज तत्त्ववित् ॥१६७॥

संसार में भ्रमण करते हैं ऐसा उन्होंने अपायविचय धर्म्यध्यान में निरन्तर विचार किया था ॥१५८॥ कर्मों का उदय अत्यंत विचित्र शक्ति से युक्त होता है ऐसा विचार करते हुए वे निष्काम योगी, चिरकाल तक विपाकविचय नामक धर्म्यध्यान में स्थिर हुए थे ॥१५९॥ नीचे, मध्य में तथा ऊपर लोकके आकार का विचार करते हुए उन्होंने क्रम से लोकसंस्थानविचय नामका धर्म्यध्यान का चिन्तवन किया था ॥१६०॥ इस प्रकार स्थिर चित्त के धारक वे मुनिराज कभी ध्येय का इस प्रकार ध्यान करते थे और कभी आत्मा की चञ्चलता से भावनाओं में उद्यत रहते थे। भावार्थ—चित्त की एकाग्रता में ध्यान करते थे और कभी चित्त की चञ्चलता होने पर अनित्यादि बारह भावनाओं का चिन्तवन करते थे ॥१६१॥ इसप्रकार उन धीर वीर मुनिराज ने एक मास तक प्रायोपगमन करके अतिशय क्षीण शरीर का त्याग किया सो ठीक ही है क्योंकि कृश किसे प्रिय होता है ? ॥१६२॥ तदनन्तर सर्वार्थ सिद्धि को प्राप्त कर वहां समस्त प्रयोजनों की सिद्धि होने से वे चन्द्रमा के समान शरीर और कीर्ति से सुशोभित होने लगे ॥१६३॥ वहां वे एक हाथ प्रमाण होकर भी उच्छ्रितावधि—अत्यधिक अवधि—सीमा से सहित (परिहार पक्ष में श्रेष्ठ अवधिज्ञान से युक्त थे) तथा महेन्द्र इस प्रसिद्ध संज्ञा को धारण करने वाले अहमिन्द्र हुए ॥१६४॥ वहां वे सिद्ध सुख से किंचित् ऊन, प्रवीचार—मैथुन से रहित तथा तेतीस सागर प्रमाण स्थिति से युक्त सुख का उपभोग करते थे ॥१६५॥

तदनन्तर दृढ़ संयम के धारक दृढ़ रथ ने भी मुनियों के स्वामी बन कर चिरकाल तक ठीक तप किया ॥१६६॥ शुद्ध बुद्धि से युक्त तत्त्वज्ञ दृढ़रथ मुनिराज ने सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्-चारित्र और सम्यक्तप नामक चार आराधनाओं की आराधना कर सल्लेखना की विधि से शरीर छोड़ा ॥१६७॥ पहले बड़े भाई मेघरथ ने आरूढ होकर जिस स्वर्ग रूपी गजराज को अलंकृत किया था, उन्हीं के गुणों का अभ्यास होने से ही मानों दृढ़रथ भी उसी स्वर्ग रूपी गजराज पर आरूढ हुए।

---

१ अकामः २ स्थिरचित्तः ३ चन्द्रवद्युज्ज्वलया: ४ शरीरेण ५ हस्तप्रमाणः ६ सिद्धसुखात् किञ्चिदूनमिति सिद्धसुखदेशोनम् ७ स्वामी ।

नाकनाथः पुराबद्ध [illegible] यः प्रकाशितः। आदधेऽहमनेवा सौ तनुरुत्सन्नवानिव ॥१६८॥

शार्दूलविक्रीडितम्

लक्ष्मीं बिभ्रदपि प्रशस्तपुलकैर्[illegible]तिः
शुद्धात्मापि महेन्द्रतः प्रति तदा निर्मासमाक्षावधिः।
लीलोद्भूतिकलम्बिकेलिरपि [illegible]
नाम्ना तत्र सुरेन्द्रचन्द्र इति स ख्यातोऽहमिन्द्रोऽभवत् ॥१६९॥

भास्वद्भूषण पद्मरागकिरणव्याजेन तौ सर्वतो
रागेणेव निराकृतेन मनसः संसेव्यमानौ बहिः।
सम्यक्त्वस्य च संपदा विमलया प्रीताबुतापूर्णौ
बोधेनावधिना श्रुतौ शमगुणालंकारिणा हारिणा[2] ॥१७०॥

इत्यसगकविकृतौ शान्तिपुराणे मेघरथस्य सर्वार्थसिद्धिगमनो नाम

॥ द्वादशः सर्गः ॥

भावार्थ—जिस सर्वार्थ सिद्धि विमान में मेघरथ उत्पन्न हुए थे उसी सर्वार्थ सिद्धि विमान में दृढ़रथ भी उत्पन्न हुए ॥१६८॥

जो अत्यन्त सुन्दर शोभा को धारण करते हुए भी निर्मल कान्ति से रहित थे (पक्ष में मोती के समान निर्मल कान्ति वाले थे), शुद्धात्मा—विरक्त हृदय होकर भी मेघरथ के जीव महेन्द्र के प्रति अवधि ज्ञान को प्रकाशमान करने वाले थे तथा क्रीडा कमल की स्थिति को धारण करने वाले होकर भी भ्रमरों की क्रीड़ा से रहित थे ऐसे सुरेन्द्रचन्द्र इस नाम से प्रसिद्ध अहमिन्द्र हुए ॥१६९॥ वे दोनों अहमिन्द्र देदीप्यमान आभूषणों में संलग्न पद्मराग मणियों की किरणों के बहाने ऐसे जान पड़ते थे मानों मन से निकाले हुए राग के द्वारा ही बाहर सब ओर से सेवित हो रहे हों। साथ ही सम्यक्त्व की निर्मल सम्पदा से प्रसन्न थे तथा प्रशमगुण से अलंकृत मनोहर अवधि ज्ञान से सहित थे ॥१७०॥

इसप्रकार महाकवि असग द्वारा विरचित शान्तिपुराण में मेघरथ के सर्वार्थसिद्धि गमन का वर्णन करने वाला बारहवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥१२॥

---

१ मुक्ता-त्यक्ता आवदात द्युतिः निर्मलकान्तिर्येन सः, पक्षे मुक्ता इव मौक्तिकानीव आवदाता-उज्ज्वला-द्युतिर्यस्य सः २ मनोहरेण।

त्रयोदशः सर्गः

ॐ

अथास्ति भारते वास्ये जम्बूद्वीपोपशोभिते । [1]जनान्तः[*] कुरवो लक्ष्म्या जितोत्तरकुरुस्थितिः ॥१॥
यत्र धीरैः समर्यादैः सागरैरिव साधुभिः । नार्थी स्वयंग्राहरसप्रसरो जातु वार्यते ॥२॥
अन्योन्यप्रणयाकृष्टहृदयासु वियोगिता[2] । यत्र स्त्रीकपुंसेष्वेव लक्ष्यते [3]जलसंगतिः ॥३॥
अन्तःसंक्रान्ततीरस्थरक्ताशोकालिपल्लवैः । सरोभिर्भूयते यत्र [4]सविद्रुमवनैरिव ॥४॥
चित्रपत्रान्विता रम्याः पुष्पेषूज्ज्वलया[5] श्रिया । कल्पवल्लय इवाभान्ति यत्र रामा मनोरमाः ॥५॥

त्रयोदश सर्ग

अथानन्तर जम्बूद्वीप में सुशोभित भरत क्षेत्र में लक्ष्मी से उत्तरकुरु की शोभा को जीतने वाला कुरु देश है ॥१॥ जहां समुद्रों के समान मर्यादा से सहित, धीरवीर साधु पुरुषों के द्वारा स्वयंग्राह्य रस के समूह—मन चाही वस्तु को स्वयं लेने की भावना से सहित याचक कभी रोका नहीं जाता है। भावार्थ—जहां मन चाही वस्तु को स्वयं उठाने वाले याचक जन को कभी कोई रोकता नहीं है ॥२॥ जहां परस्पर के प्रेम से आकृष्ट हृदय वाले चकवा चकवी में ही वियोगिता—विरह था जल संगति—पानी की संगति देखी जाती है वहां के मनुष्यों में विरह तथा जड़-मूर्ख जनों की संगति नहीं देखी जाती है ॥३॥ जहां भीतर प्रतिबिम्बित तटवर्ती लाल अशोक वृक्षावलि के पल्लवों से युक्त सरोवर ऐसे हो जाते हैं मानों मूंगा के वन से ही सहित हों ॥४॥ जहां सुन्दर स्त्रियां कल्पलताओं के समान सुशोभित हैं क्योंकि जिसप्रकार स्त्रियां चित्रपत्रान्वित—नाना प्रकार के बेल बूटों से सहित होती हैं उसी प्रकार वहां की लताएं भी नाना प्रकार के पत्तों से सहित थीं, और जिस प्रकार स्त्रियां पुष्पेषू-उज्ज्वलया श्रिया—काम से उज्ज्वल शोभा से रमणीय होती हैं उसी प्रकार वहां की लताएं भी पुष्पेषु—फूलों पर उज्ज्वल शोभा से रमणीय थीं ॥५॥ जिन्होंने अपनी विभूति याचकों के उपभोग के लिये

---

१ देशः ॐ जानुलः ब० २ विरहिता ३ जलसंगतिः पक्षे जडसंगतिः ४ प्रवालवनसहितैरिव
५ रामा पक्षे पुष्पेषुः कामस्तेन उज्ज्वलया शुक्लया । कल्पवल्ली पक्षे पुष्पेषु कुसुमेषु उज्ज्वलया दीप्तया ।

[illegible] ॥६॥
[illegible] ॥७॥
[illegible] ॥८॥
[illegible] ॥९॥

संकलित की है ऐसे वनवृक्षों के द्वारा भी जहां सत्पुरुषों का आचार धारण किया जाता है। भावार्थ—जहां के मनुष्यों की बात ही क्या, वन वृक्ष भी सत्पुरुषों के आचार का पालन करते हैं ॥६॥ जिस देश में धवलद्विज—राजहंस पक्षी, जगत् की गर्मी को दूर करने वाले तथा अत्यन्त निर्मल जल से युक्त तालाबों की सेवा करते हैं और निष्कलंक ब्राह्मण जगत् के दुःख को दूर करने वाले तथा निर्दोष तलवार को धारण करने वाले उत्तम राजाओं की सेवा करते हैं। भावार्थ—जहां तालाब उत्तम राजा के समान थे क्योंकि जिस प्रकार तालाब जगत्तापनुदः—जगत् की गर्मी को दूर करते हैं उसीप्रकार उत्तम राजा भी जगत् के दारिद्र्यजनित दुःख को दूर करते थे और जिस प्रकार तालाब विशुद्धतरवारि—अत्यंत विशुद्ध–निर्मल जल से युक्त होते हैं उसी प्रकार उत्तम राजा भी अत्यन्त विशुद्ध–दीन हीन जनों पर प्रहार न करने वाली तलवार से युक्त था। धवलद्विज—सफेदपक्षी अर्थात् हंस तालाबों की सेवा करते थे और धवलद्विज—निर्मल–निर्दोष ब्राह्मण उत्तम राजाओं की सेवा करते थे ॥७॥

जहां की नदियां कमलों की पराग से पीत वर्ण अतएव सुवर्ण रस के समान दिखने वाले हिमशीतल—बर्फ के समान शीतल जल को धारण करती हैं ॥८॥ जहां विपल्लवतया हीनाः—विपत्ति के अंश मात्र से रहित (पक्ष में पल्लवों के अभाव से रहित अर्थात् हरे भरे पल्लवों से सहित) पथिकों के द्वारा उपभुक्त फल श्री से सहित अर्थात् जिनकी लक्ष्मी–संपत्ति का उपभोग मार्ग चलने वाले पथिक भी करते थे ऐसे, (पक्ष में जिनके फल पथिक खाया करते थे) ऐसे, तथा मार्गस्थ–समीचीन आचार विचार में स्थित (पक्ष में मार्ग में स्थित) जन समूह और लताएं सुशोभित होती हैं ॥९॥ जो देश परस्पर समानता रखने वाले पर्वतों और सज्जनों से अलंकृत है क्योंकि जिस प्रकार पर्वत तुङ्ग—ऊंचे होते हैं उसी प्रकार सज्जन भी तुङ्ग—उदार हृदय थे, जिस प्रकार पर्वत धवलताधार—धव के वृक्ष तथा लताओं–बेलों के आधार होते हैं उसी प्रकार सज्जन भी धवलताधार—धवलता–उज्ज्वलता के आधार थे। जिसप्रकार पर्वत अन्तःसरल वृत्ति—भीतर देवदारु के वृक्षों के सद्भाव से सहित होते हैं

---

१ सत इव वृक्षं सद्वृत्तं–सज्जनाचारः २ पद्माकरः पक्षे विशुद्धतरं निर्मलतरं वारि जलं येषां ते, सुभूपपक्षे विशुद्धा निर्दोषाः तरं वारयः कृपाणा येषां ते ३ हंसैः, निर्मलब्राह्मणैः ४ विपदां लवा विपल्लवास्तेषां भावः विपल्लवता तया हीना जनता। लतापक्षे विगतकिसलयतया हीनाः सपल्लवा इत्यर्थः ५ लताः ६ उन्नतैः, उदारैः ७ महीध्रपक्षे धवाश्च वृक्षा विशेषाश्च लताश्चेति धवलताद्यास्तासामाधारैः सुजनपक्षे धवलतायाः। शुक्लतायानिर्मलतायाः आधारा स्तैः ८ महीध्रपक्षे अन्तः मध्ये सरलानां देव दारु वृक्षाणां वृत्तिः सद्भावो येषु तैः। सुजन—पक्षे अन्तः सरला अकुटिला वृत्तिर्येषां तैः ९ महाप्राणिभिः पक्षे महापराक्रमैः।

तथास्ति हस्तिनं नाम्ना नगरं भरतक्षितेः । निर्जितत्रिजगत्कान्तेरविबुधाविमानगम् ॥११॥
[illegible] ॥१२॥
[illegible] ॥१३॥
[illegible] ॥१४॥
[illegible] ॥१५॥
[illegible] ॥१६॥
[illegible] ॥१७॥

उसी प्रकार सज्जन भी अन्तःसरलवृत्ति—भीतर से निष्कपट व्यवहार से युक्त थे और जिसप्रकार पर्वत महासत्त्व—सिंह-व्याघ्र आदि बड़े बड़े जीवों से सहित होते हैं उसीप्रकार सज्जन भी महासत्त्व—महान् पराक्रम से युक्त थे ॥१०॥

उस कुरुदेश में हस्तिनापुर नामका नगर है जो तीनों जगत् की कान्ति को जीतने वाली भरत क्षेत्र की लक्ष्मी का निवास भूत अद्वितीय कमल है ॥११॥ जिसमें निवास करने वाला मनुष्य विबुध—देव होकर भी अविमानग—विमान से गमन करने वाला नहीं था (परिहार पक्ष में विशिष्ट विद्वान होकर भी अत्यधिक अहंकार को प्राप्त करने वाला नहीं था) तथा निस्त्रिंशग्राहयुक्तः—क्रूर ग्राह-जल जन्तुओं से युक्त होकर भी विजलस्थितिराजित—जल के सद्भाव से सुशोभित नहीं था (पक्षमें तलवार को ग्रहण करने वाले लोगों से सहित होकर भी मूर्खों के सद्भाव से सुशोभित नहीं था) ॥१२॥ जहां स्त्रियों का स्तन युगल यद्यपि सुवृत्त—अत्यन्त गोल था (पक्ष में सदाचार से युक्त था) तथा उन्नत—ऊंचा उठा हुआ (पक्ष में उत्कृष्ट था) तो भी उस पर हार - मणियों का हार (पक्ष में पराजय) पड़ा हुआ था जिससे ऐसा जान पड़ता था मानों वह हार अपने आपको गुणस्थिति—सूत्रों की स्थिति से सहित (पक्ष में गौणअप्रधान स्थिति से युक्त) कहने के लिये ही पड़ा हुआ था ॥१३॥

जहां बाजार के मार्गों में चित्र विचित्र मणियों की किरणों से शरीर के कल्मासित—विविध रङ्गों से युक्त हो जाने के कारण लोग परस्पर-एक दूसरे को पहिचानते नहीं थे ॥१४॥ जहां महामान स्तम्भसंभारविभ्रम—ऊंचे ऊंचे खम्भों के भार की शोभा केवल चन्द्रमा के समान उज्ज्वल महलों में ही दिखायी देती थी वहां के मनुष्यों में अत्यधिक अहंकार से उत्पन्न हुए मत्यवरोध के समूह का विशिष्ट

---

१ देवोऽपि पक्षे विशिष्ट बुधोऽपि २ विमानेन न गच्छतीति अविमानगः पक्षे विशिष्टं मानं गच्छतीति विमानगः, तथा न भवतिः इति अविमानगः । ३ क्रूरग्राह युक्तोऽपि पक्षे खड्गग्राहिजनयुक्तोऽपि ४ जलाभावस्थित्या राजितः शोभितः पक्षे विगता विनष्टा या जडस्थितिः धूर्तजन सद्भावः तया राजितः ५ सदाचारस्यापि पक्षे वर्तुलाकारस्यापि ६ श्रेष्ठस्य पक्षे उन्नतस्यापि ७ हारः पराजयः पक्षे कण्ठालंकारः ८ गुणानां सूत्राणां स्थितिः सद्भावो यस्मिन् तथाभूतं पक्षे अप्रधानस्थितिम् ९ कल्मासित शरीरतया १० पर्यचारि ११ महोत्तुङ्गस्तम्भ समूह शोभा पक्षे महामानेन अधिकगर्वेण यः स्तम्भो गत्यवरोधस्तस्य संभारः तेन विभ्रमः १२ अतिसौरभ्यात्र-वृक्षेषु परिभ्रमण पक्षे सहायकेषु परिभ्रमः परितः संदेहः १३ कमल पुष्प प्राप्त्यर्थमधिकप्रयासः पक्षे कमलायैकस्यै अत्यन्त आयासः खेदः १४ उत्कृष्ट स्त्रीषु पक्षे शत्रुविहारेषु ।

[illegible] ॥१५॥
[illegible] ॥१६॥
[illegible] ॥१७॥
[illegible] ॥१८॥
[illegible] ॥१९॥
[illegible] ॥२०॥
[illegible] ॥२१॥
[illegible] ॥२२॥
[illegible] ॥२३॥

संचार नहीं देखा जाता था ॥१५॥ जहां पर सहकार परिभ्रमः—सुगन्धित आमों पर परिभ्रमण करना कोयलों में ही था वहां के मनुष्यों में सहायक विषयक व्यापक संदेह नहीं था अर्थात् ये हमारी सहायता करेंगे या नहीं ऐसा संदेह नहीं था तथा अत्यन्त कमलायास—कमलपुष्पों की प्राप्ति के लिये अत्यधिक खेद भ्रमरों में ही प्रति दिन देखा जाता था वहां के मनुष्यों में लक्ष्मी की प्राप्ति के लिये अत्यधिक खेद नहीं देखा जाता था ॥१६॥

जिस नगर के भवन और योद्धा यद्यपि पर दारों—पर स्त्रियों—उत्कृष्ट स्त्रियों और शत्रु के विदारणों में संगत—संलग्न थे तथापि बड़े आश्चर्य की बात थी कि वे अन्य दुर्लभ पताकाओं को धारण कर रहे थे। भावार्थ—भवन श्रेष्ठ स्त्रियों से सहित थे तथा उन पर पताकाएं फहरा रही थीं और योद्धा शत्रुओं के विदारण करने में संलग्न थे तथा युद्ध में विजय पताका प्राप्त करते थे ॥१७॥ जहां का स्त्री समूह यद्यपि स्थूल स्तनयुगल और नितम्बों के भार से धीरे धीरे चलता था तथापि काम ने उसे अस्त्रीकृत—स्त्रीत्व से रहित (पक्ष में अस्त्र स्वरूप) कैसे कर दिया ॥१८॥ जहां रहने वाले समस्त मनुष्य संसारी होने पर भी मुक्तात्मा के समान स्वाधीन, सुख सहित तथा समान गुणों से युक्त थे ॥१९॥ जहां काम के उन्माद को करने वाली वायु काम के पुष्पमय बाणों के समान कामीजनों के सन्मुख बहा करती थी। भावार्थ—पुष्पों से सुवासित सुगन्धित वायु कामीजनों को ऐसी जान पड़ती थी मानों कामदेव अपने पुष्पमय बाणही चला रहा हो ॥२०॥

उस हस्तिनापुर नगर में विशालबुद्धि का धारक वह राजा विश्वसेन रहता था जिसने समस्त पृथिवी का भार लीलापूर्वक—अनायास ही धारण कर लिया था ॥२१॥ जो प्रताप के द्वारा लोक को आक्रान्त करने वाला होकर भी चन्द्रमा के समान सुखालोक—सुखसे दर्शन करने योग्य था। दूसरों के कार्यों में सारद—महत्त्वपूर्ण सहयोग देने वाला था तथा विशारद—अत्यन्त बुद्धिमान था ऐसा वह राजा अतिशय देदीप्यमान था ॥२२॥ जो राजा उत्तम कवि के समान था क्योंकि जिस प्रकार उत्तम कवि साधुवृत्ताहितरति उत्तम छन्दों में प्रीति को धारण करने वाला होता है उसी प्रकार वह राजा भी सत्पुरुषों के आचार में प्रीति को धारण करने वाला था। जिस प्रकार उत्तम कवि सदर्थघटनोद्यत—उत्तम अर्थ के प्रतिपादन में उद्यत रहता है उसी प्रकार वह राजा भी

---

१ न स्त्रीकृतः, पक्षे अस्त्रीकृतः। २ दुर्विदग्धारः। ३ सारं बलं ददतीति सारदः। ४ विशारदः। ५ सत्कविपक्षे साधुवृत्तेषु निर्दोष छन्दःसु आहिता रतिः प्रीतिर्येन सः पक्षे सत्पुरुषाचारे कृतप्रीतिः। ६ सदः प्रशस्तस्य अर्थस्य काव्यस्य घटने संयोजने उद्यतः तत्परः सत्कविः। पक्षे सतां साधूनाम् अर्थस्य प्रयोजनस्य घटनायां संपादनायां उद्यतः

महिम्ना सामरागेण सुमेरुरिव यो बभौ ॥ पादोपान्तचरासेव्यसुरसेनोपशोभितः ॥२३॥
यत्पदारि विभु चासन्नासीदरिकुलं परम् । भीतसंहरणव्यूढ निजशोऽपि नयन्वशम् ॥२४॥
येन ख्यातपराक्रमेषु भूरिदेयेषु भूतयः । भृत्येषु सन्निधत्ता स्वेष्वसंख्येषु द्विरेफवत् ॥२५॥
हारावरुद्धकण्ठेन विभ्रतीभिर्वधूजनैः । सुमध्यैः प्रथयामास यस्य मध्यस्थतां रणम् ॥२६॥
अमन्थरापि सुरावासभुजङ्गैः वसतीः सदा । यस्य कीर्तिवधूर्नेके निषेदुः सप्तसप्तसु ॥२७॥

सदर्थघटनोद्यत—सज्जनों का प्रयोजन सिद्ध करने में उद्यत रहता था और जिसप्रकार उत्तम कवि के हृदय में समस्त लोक जगत् स्थित रहता है उसीप्रकार उस राजा के हृदय में भी समस्त लोक—जनसमूह स्थित रहता था अर्थात् वह समस्त लोगों के हित का ध्यान रखता था ॥२३॥ जो राजा सुमेरु पर्वत के समान सुशोभित हो रहा था क्योंकि जिस प्रकार सुमेरु पर्वत सामराग—कल्पवृक्षों से युक्त महिमा से सहित है उसीप्रकार वह राजा सामराग—साम उपाय सम्बन्धी राग से युक्त महिमा से सहित था तथा जिसप्रकार सुमेरु पर्वत प्रत्यन्त पर्वतों के समीप चलने वाली समस्त देवसेनाओं से सुशोभित होता है उसी प्रकार वह राजा भी चरणों के समीप चलने वाले समस्त उत्तम राजाओं से सुशोभित था ॥२४॥ वह राजा यद्यपि अंकुश प्रयोग से अलंकृत तथा अतिशय प्रशस्त उत्कृष्ट पराक्रम को धारण कर रहा था तोभी उसका शत्रुसमूह अत्यधिक अरिविभु—चक्र रत्न से समर्थ—शक्ति शाली था (पक्ष में अरि—निर्धन और विभु—पृथिवी से रहित था ॥२५॥ जिसने प्रसिद्ध साहस से युक्त तथा अत्यधिक दान—त्याग (पक्ष में मद) से सहित भद्रप्रकृति वाले सेवकों और हाथियों को भूतियाँ—संपदाएं (पक्ष में चित्रकर्म) प्राप्त कराये थे । भावार्थ—जिनका पराक्रम प्रसिद्ध था तथा जिन्होंने बहुत भारी त्याग किया था ऐसे उत्तम सेवकों के लिए वह पुरस्कार स्वरूप संपदाएं देता था तथा जिनका अवदान तोड़ फोड़ का कार्य प्रसिद्ध था तथा जिनके गण्डस्थल से बहुत भारी दान—मद चू रहा था ऐसे हाथियों के गण्डस्थलों तथा सूंडोंपर उसने रङ्ग बिरङ्गे चित्र बनवा कर उन्हें अलंकृत किया था ॥२६॥ सुमध्य—सुन्दर मध्य भाग से युक्त मित्रों की स्त्रियां और सुमध्य—जंगलों में भटकने के कारण फूलों का ध्यान करने वाली शत्रुओं की स्त्रियां हारावरुद्ध कण्ठ के द्वारा (मित्र वधूजन पक्ष में हार से युक्त कण्ठ के द्वारा और अमित्रवधूजन पक्ष में 'हा' इस दुःख सूचक शब्द से रुंधे हुए कण्ठ के द्वारा) जिसकी मध्यस्थता को प्रकट करती थी ॥२७॥ जिस राजा की कीर्तिरूपी वधू यद्यपि निरन्तर सुरावास—मदिरालयों (पक्ष में स्वर्गों) और भुजङ्गवसती—अभद्र

---

१ साम्नि सामोपाये रागस्तेन पक्षे अमराणां: कल्प वृक्षैः: सहितेन 'महिम्ना' इत्यस्य विशेषणम् २ पादानां प्रत्यन्त पर्वतानां उपान्तचरा समीपं गामिनी या सुरसेना देवसेना तया उपशोभितः पक्षे पादयोश्चरणयोः उपान्ते चरा ये सुरसाया: सुपृथिव्या इना: स्वामिनः तैः उपशोभितः ३ अरा विद्यन्ते यस्य तत् अरि चक्रमित्यर्थः तेन विभु समर्थं पक्षे न विद्यते रा: धनं यस्य तत् अरि निर्धनमित्यर्थः ४ विगता भूः पृथिवी यस्य तत् ५ कृत्वा अंकुशकर्मणा अलंकृतम् ६ अतिशयेष्टम् ७ प्रसिद्धपराक्रमेषु ८ अत्यधिकत्यागेषु, प्रचुरदेयु, ९ सम्पत्तयः चित्रकर्माणि १० प्रापिताः ११ मित्रपक्षे हारेण यो वैयकेन अवरुद्धो वृत्तो यः कण्ठस्तेन । अमित्र पक्षे 'हा' इति रावेण खेदेन रुद्धो यः कण्ठो गलस्तेन १२ शोभनमध्यभागयुक्ती मित्रवधूजनः, अमित्रवधूजन पक्षे सुमानिपुष्पाणि ध्यायंति इति सुमध्यः १३ देवनिवासान् मदिरावा स्थानानि पक्षे स्वर्गान् १४ विटनिवासान् नागवल्लीकानु-लेपनानान् १५ निषेदुश्च पक्षे उपविविशुः ।

[illegible]

कामीजनों के निवास स्थानों (पक्ष में पाताल लोक) मे भ्रमण करती थी तथापि वह लोक मे निष्कलङ्क निर्दोष (पक्ष में उज्ज्वल) ही रहती थी ।।२८।। जिस प्रकार वृष्टि के प्रतिबन्ध से रहित अर्थात् निरन्तर वर्षा करने वाले मेघ के लिये पर्याप्त चातक नहीं मिलते हैं उसी प्रकार निरन्तर दान वर्षा करने वाले जिस राजा के लिए पर्याप्त याचक नही मिलते थे ।।२९।। जिसके प्रताप रूपी अग्नि से संतप्त अपने आप को शान्त करने के लिए इच्छुक हुए के समान शत्रुओं का समूह समुद्रप्रवाहों के बीच रहने लगे थे । भावार्थ—इस राजा के शत्रु भागकर समुद्रों के बीच में स्थित टापुओं पर रहने लगे थे जिससे वे ऐसे जान पडते थे मानों राजा की प्रतापाग्नि से संतप्त अपने आपको शान्त करने के लिये ही वहां रहने लगे हों ।।३०।।

उस राजा की श्रेष्ठ गुणों के सद्भाव से सहित ऐरा नाम की महारानी थी जो सद्वृत्ति के समान सदा उसके चित्त में समायी रहती थी उससे कभी अलग नहीं होती थी ।।३१।। मन्दगति से सहित, भद्रपरिणामों से युक्त तथा मृग के समान नेत्रों से सुशोभित जो रानी पृथक् पृथक् विशाल शोभा से संपन्न अवयवों से अत्यधिक सुशोभित हो रही थी ।।३२।। जिस रानी के द्वारा अन्तःकरण की स्वच्छ वृत्ति से सदा सज्जनता धारण की गयी थी, पृथिवी पर यह एक बड़ा आश्चर्य था ।।३३।। जिस ऐरा की कान्ति से पराभूत होकर ही मानों लक्ष्मी पद्माकर—कमल समूह में निवास करने लगी थी और वह पद्माकर भी उसके भय से ही मानों उसके चरण पल्लवों की छाया—कान्ति को धारण कर रहा था ।।३४।। जो सत्यभाषण में तत्पर रहता था तथा सत्पुरुषों के प्रशमधन रूप था ऐसा राजा विश्वसेन उस पतिव्रता रानी के साथ धर्म और अर्थ का विरोध न करता हुआ इच्छानुसार काम सुख का उपभोग करता था ।।३५।।

इस प्रकार जिनका शासन अत्यन्त बलिष्ठ था और जिनके सैनिक समुद्र के तटवर्ती वनों में भ्रमण कर विश्राम करते थे ऐसे कुरुपति राजा विश्वसेन जब कुरुदेश का शासन कर रहे थे तब सर्वहितकारी तथा उत्तम ऋद्धियों का धारक महेन्द्र (राजा मेघरथ का जीव) भव्यजीवों को संबोधने

---

१ याचकाः २ प्रचुरः ३ वर्षणशीलस्य—दानशीलस्य ४ वृष्टिप्रतिबन्धरहितस्य ५ चातका इव ६ मेघस्य ७ शान्त-संताप रहितं कर्तुमिच्छुः ८ शत्रुसमूहः ९ जलधीः १० सत्ये रताः सत्यरताः ।

[illegible]

के लिए पृथिवी पर आने का इच्छुक हुआ ॥३६-३७॥ तदनन्तर छह माह पहले से ही उस नगर के चारों ओर आकाश से देदीप्यमान रत्नों की धारा निरन्तर पड़ना शुरू हो गयी ॥३८॥ भव्य जीवों के मन के साथ आकाश स्वच्छ हो गया तथा चराचर पदार्थों से सहित जगत् सुन्दरता से युक्त हो गया ॥३९॥ मेघ के बिना होने वाली वर्षा के सिञ्चन से पृथिवी की धूलि शान्त भाव को प्राप्त हो गयी सो ठीक ही है क्योंकि आर्द्र —सजल वस्तुओं (पक्ष में दयालुजनों) के संपर्क से किनकी रजः स्थिति-धूलि की स्थिति (पक्ष में पाप की स्थिति) दूर नहीं हो जाती ? ॥४०॥ पृथिवी को पवित्र करता हुआ, दिशाओं को सुगन्धित करता हुआ और दिव्य सुगन्ध के समूह को बिखेरता हुआ पवन बहने लगा ॥४१॥ चन्द्रमा कृष्ण रात्रियों में यद्यपि क्षीण होता जाता था तो भी सब ओर सघन चांदनी को बिखेरता हुआ पूर्ण के समान दिखाई देता था ॥४२॥ कमल समूह के समान समस्त जगत् को सुखी करने वाली किरणों से सूर्य अत्यन्त सुखदायक स्पर्श से सहित हो गया था ॥४३॥ वन्ध्य— न फलने वाले वृक्षों ने भी नये नये फलों से सहित शोभा धारण की थी सो ठीक ही है क्योंकि जिनेन्द्र भगवान् का अवतरण होने पर जगत् में निष्फल कौन रहता है ? अर्थात् कोई नहीं ॥४४॥

तदनन्तर उस समय प्रसन्नचित इन्द्र की आज्ञा से दिक्कुमारी देवियां उस कुटिल केशी ऐरा देवी के पास आयीं ॥४५॥ जो अन्तर्हित रूप वाली उन देवियों से यथा स्थान अधिष्ठित थीं तथा जिसने तीनों जगत् को तृण के समान तुच्छ कर दिया था ऐसी वह ऐरा देवी किसी अनिर्वचनीय शोभा को प्राप्त हुयी थी ॥४६॥ जिसका पति अत्यन्त शान्त था अथवा जो गृह की स्वामिनी थी

---

१ आर्द्रवस्तुमिच्छुः २ सजलवस्तुसंसर्गात् पक्षे सजल संपर्कात् ३ धूलिस्थितिः पक्षे पापस्थितिः ४ दिव्यसौरभसमूहं ५ किरणैः ६ फलरहितैरपि ७ हरितफलसहितता ८ कुटिल केशीम् ९ शोभाम् 'अभिरूपा नाम शोभायोः' इत्यमरः १० निशाया अन्ते ११ नितरां शान्त दृशोऽवस्थितायाः सा अथवा निशान्तस्य गृहस्य दृशा स्वामिनी ।

[illegible]

और जो उत्तम भवन के भीतर बिछी हुई कोमल शय्या पर अच्छी तरह शयन कर रही थी ऐसी उस ऐरा देवी ने रात्रि के अन्त भाग में ये स्वप्न देखे ।।४७।।

निरन्तर उन्मत्त रहने वाला हाथी, गम्भीर गर्जना से युक्त महावृषभ, पर्वतों को लांघता हुआ सिंह, कमल रूप आसन पर स्थित लक्ष्मी, मंडराते हुए भ्रमरों से युक्त दो मालाएं, सघन अन्धकार को नष्ट करने वाला चन्द्रमा, उगता हुआ सूर्य, तालाब में क्रीडा करता हुआ मछलियों का युगल, सुवर्णमय दो कलश, कमलों से परिपूर्ण सरोवर, लहराता हुआ समुद्र, सुवर्णमय महान् सिंहासन, सुन्दर देव विमान, श्रेष्ठ मणियों से युक्त धरणेन्द्र का भवन, विशाल किरणों से सहित रत्नराशि, और देदीप्यमान अग्नि; इन स्वप्नों को देखकर वह जाग उठी । तदनन्तर मङ्गलमय कार्यों को सम्पन्न कर उसने सभा में बैठे हुए व्रती राजा विश्वसेन के लिए ये सब स्वप्न कहे ।।४८-५२।।

तदनन्तर श्रवण करने के योग्य उन स्वप्नों को सुनकर भीतर हर्ष से भरे हुए राजा विश्वसेन रानी के लिये उन स्वप्नों का इस प्रकार फल कहने के लिए प्रवृत्त हुए ।।५३।। हाथी से तीन जगत् का रक्षक, वृषभ से धर्म स्थिति का कर्ता, सिंह से सिंह के समान निर्भीक, लक्ष्मी से जन्माभिषेक से सहित, माला युगल से यशस्वी, चन्द्रमा से पृथिवी पर अन्धकार को नष्ट करने वाला, सूर्य से भव्य रूपी कमलों को विकसित करने वाला, मत्स्य युगल से अत्यन्त सुखी, कलशयुगल से लक्षणों का आधार, सरोवर से तृष्णा रहित, समुद्र से सर्वज्ञ, सिंहासन से मुक्ति को प्राप्त करने वाला, विमान से स्वर्ग से आने वाला, धरणेन्द्र के भवन से तीर्थ का कर्ता, रत्नराशि से गुण रूपी रत्नों का स्वामी,

---

१ महावृषभम् २ पर्वतान् ३ दूरीकृतसान्द्रतिमिरम् ४ उद्गीयमानम् ५ कमलाकीर्णम् ६ सौवर्णम् ७ अमराणामिदम् आमरम् ८ अहीनस्य नागेन्द्रस्येदम् आहीनम् ९ धर्मस्थिते। १० भयरहित। ११ अज्ञान-तिमिरनाशकः १२ सूर्यात् १३ अतिसंपुष्टः सातिशयसुखी १४ सामुद्रिक शास्त्र प्रोक्तस्वोत्तरसहस्रलक्षणानां शरीरगतशुभचिह्नानां आकारः ।

एष्यन्मृगिष्यामतो [1]नाकात्तीर्थकृन्नाथवैभवः । रत्नौघाद्भुतरत्नेशो दृष्टाद्भुतश्च कर्मह्रा [2] ॥५७॥
दृष्टस्तनयो देवि भविष्यति तवाचिरात् । इति तत्फलमाख्याय प्रीतोऽभूद्भूभुजां प्रभुः ॥५८॥
शान्तस्वप्नफलाभीलाभोदभरविह्वला । राज्ञा विसर्जिता सावीद्देवी स्वभवनं शनैः ॥५९॥
[3]नभस्यसितसप्तम्यां भरणीस्थिते । सप्तम्यां शशिनि नाकात्प्राग्महेन्द्रोऽवतरद्भुवम् ॥६०॥
ऐरायाः प्राविशन्नास्यं सकलैरावता [4]कृतिम् । अनुग्रहाय भव्यानां तीर्थकर्मप्रचोदितः ॥६१॥
ततस्तदवतारेण कम्पितात्मीयविष्टरैः । देवैश्चतुर्विधै [5] प्राप्ते तत्पुरं सपुरन्दरैः ॥६२॥
विमानमयमाकाशं दिव्यगन्धमयो मरुत् । तूर्यध्वानमयं विश्वमासीदुत्सवमीयिवत् ॥६३॥
इन्दुबिम्बसहस्रैस्तु निर्मितेवाभवत्सभा । रजनी दिव्यनारीणां मुखैः कीर्णा मनोरमैः ॥६४॥
दिशो विश्रुतपुष्पाभिः पुष्पवृष्टिभिरार्चिताः । स्फीतानकप्रतिध्वानाः साट्टहासा इवाबभुः ॥६५॥
नृत्यदप्सरसां वृन्दं स्फुरन्मणिविभूषणम् । प्रचलत्कल्पवल्लीनां वनं वा दिवि दिप्तते ॥६६॥
देवानां देहलावण्यप्रवाहैः प्लावितं तदा । तत्पुरं सहसा कृत्स्नं तेजोमयमिवाभवत् ॥६७॥

और दिखी हुयी अग्नि से कर्मों को नष्ट करने वाली हे देवी ! तुम्हारे शीघ्र ही ऐसा पुत्र होगा । इस प्रकार उन स्वप्नों का फल कह कर राजाधिराज विश्वसेन बहुत प्रसन्न हुए ॥५४–५८॥ शान्त स्वप्नों के फल से प्राप्त हर्ष के भार से जो विह्वल हो रही थी ऐसी रानी ऐरा, राजा से विदा होकर धीरे धीरे अपने भवन को चली गयी ॥५९॥ भाद्रपद शुक्ल पक्ष की सप्तमी की रात्रि में जब चन्द्रमा भरणी नक्षत्र पर स्थित था, तब महेन्द्र (मेघरथ का जीव) सर्वार्थ सिद्धि से पृथिवी पर अवतीर्ण हुआ ॥६०॥ तीर्थंकर प्रकृति से प्रेरित वह महेन्द्र अहमिन्द्र भव्यजीवों के अनुग्रह के लिये ऐरावत हाथी की आकृति को धारण करता हुआ ऐरा देवी के मुख में प्रविष्ट हुआ । भावार्थ ऐरा देवी ने ऐसा स्वप्न देखा कि ऐरावत हाथी हमारे मुख में प्रवेश कर रहा है ॥६१॥

तदनन्तर उसके अवतरण से जिनके अपने आसन कंपायमान हो गये थे ऐसे चतुर्णिकाय के देव इन्द्रों सहित उस नगर में आ पहुंचे ॥६२॥ उस समय आकाश विमानमय हो गया, पवन दिव्य सुगन्ध मय हो गया, संसार वादित्रों की ध्वनि से तन्मय हो गया और पृथिवी रत्नमयी हो गयी । देवाङ्गनाओं के सुन्दर मुखों से व्याप्त रात्रि ऐसी हो गयी मानों हजारों चन्द्रबिम्बों से रची गयी हो ॥६३–६४॥ देवों के द्वारा छोड़ी हुई पुष्पवृष्टियों से व्याप्त तथा बाजों की विस्तृत प्रतिध्वनि से युक्त दिशाएं ऐसी सुशोभित हो रही थीं मानों अट्टहास से सहित ही हों ॥६५॥ चमकते हुए मणियों के आभूषणों से सहित, नृत्य करने वाली अप्सराओं का समूह आकाश में ऐसा देदीप्यमान हो रहा था मानों चञ्चल कल्पलताओं का वन ही हो ॥६६॥ उस समय देवों के शरीर सम्बन्धी सौन्दर्य के प्रवाहों से डूबा हुआ वह समस्त नगर तेज से तन्मय जैसा हो गया था अर्थात् ऐसा जान पड़ता था मानों तेज से ही निर्मित हो ॥६७॥ उस समय महान् ऋद्धियों के धारक इन्द्रों से व्याप्त आकाश अमूर्तिक होने

---

१ न विद्यते अकं दुःखं यत्र स तस्मात् स्वर्गात् २ कर्माणि हन्तीति कर्महा ३ भाद्रपद शुक्लपक्षस्य
४ ऐरावतस्येव आकृतिस्ताम् ५ भवनवासिव्यन्तरज्योतिष्कवैमानिकभेदेन चतुःप्रकारैः ।

[illegible] पुण्यस्य कीर्तिस्तम्भनयनायते ॥६८॥ आदातुं दिव्यगन्धानुपरिभ्रमिभिः कृतैः । पापैरन्यकृतस्यैव सर्वतोऽवकिरद्धरा ॥६९॥ इति तत्पुरमासाद्य झटिति सर्वे सुरेश्वराः । [2]हैरण्यवर्ण्यं [3]तेऽभ्यर्च्य निजं स्वपदं पुनः ॥७०॥ विधिवृद्धिस्पर्धयेवातिपुनरुक्तापि नागरैः । अकरैः स्वर्द्धयेवोच्चैः स्फुरितात्मविभूतिभिः ॥७१॥ स्पर्द्धयेव नभस्वत्तः [illegible] विनिष्क्रान्ता विहायसः । महारत्नानि धात्र्यापि तदा निरवशेषतः ॥७२॥ धर्मपल्लवसंकाशैः सौधानां शिखरध्वजैः । व्याप्तिं गगनं रेजे तदाऽपरदलैरिव ॥७३॥ गर्भस्थस्यानुभावेन तस्याम्बायाः प्रतिक्षणम् । उपास्त श्रद्धया श्रीमान् [4]स्वहस्तविधृतोदयः ॥७४॥ ज्ञानत्रितयसंपन्नो यद्यपि प्रसवोद्भवैः । अक्लेशैरनुपस्पृष्टः । अतो हिरण्यगर्भोऽभूत्तस्या गर्भगतोऽपि सः ॥७५॥ न बाधां जनयन्नेव तस्याः सद्गुणवृद्धये । वृद्धिं श्रद्धां देवो ज्ञानैः ज्ञानादिभिर्गुणैः ॥७६॥ दधाना तेजसां राशिं गर्भस्थं सा जिनेशितुः । द्यौरिवाभ्र[illegible]प्रभाभास्वत्पूर्वाचलशिखारा ॥७७॥ क्लेशसांसारिकक्लेशमनाधारा परमेश्वरम् । [5]गर्भोन्मायाः कथं तस्या भवेयुर्दोहदादयः ॥७८॥

पर भी पुण्य के कीर्तिस्तम्भपने को प्राप्त हुआ था अर्थात् ऐसा जान पड़ता था मानों पुण्य का कीर्ति-स्तम्भ ही हो ॥६८॥ दिव्य गन्ध को ग्रहण करने के लिये उड़ते हुए भ्रमरों से पृथिवी ऐसी हो गयी थी मानों सभी ओर से पापों के द्वारा छोड़ी जा रही हो ॥६९॥ इस प्रकार के उस नगर को शीघ्र ही प्राप्त कर उन देवेन्द्रों ने पूजनीय ऐरा देवी की पूजा की और पूजा कर पुनः अपने अपने स्थानों को प्राप्त किया ॥७०॥

तदनन्तर देवों के साथ स्पर्धा होने के कारण ही मानों अत्यधिक रूप से अपनी विभूति को प्रकट करने वाले नागरिक जनों ने पुनरुक्त होने पर भी भाग्यवृद्धि की थी ॥७१॥ आकाश से पड़ने वाली रत्नवृष्टि से स्पर्धा होने के कारण ही मानों उस समय पृथिवी से महारत्नों के खजाने निकले थे ॥७२॥ महलों के ऊपर फहराने वाली, धर्म पल्लवों के समान सफेद ध्वजाओं से आच्छादित आकाश ऐसा सुशोभित हो रहा था मानों गर्भस्थ बालक के यशः समूह से ही आच्छादित हो रहा हो ॥७३॥ गर्भस्थित जिन बालक के प्रभाव से कुबेर प्रतिदिन ऐरा देवी के संमुख आकर प्रीति पूर्वक अपने हाथ से भेंट देता हुआ उसकी उपासना करता था ॥७४॥ यतश्च वह बालक माता के गर्भ में स्थित होने पर भी तीन ज्ञानों से सहित तथा मल से अनुपलिप्त था इसलिये हिरण्यगर्भ हुआ था ॥७५॥ माता को कभी पीड़ा न पहुंचाते हुए वह गर्भस्थ जिनेन्द्र अतिशय उज्ज्वल अङ्गों के द्वारा ही वृद्धि को प्राप्त नहीं हो रहे थे किन्तु ज्ञानादि गुणों के द्वारा भी वृद्धि को प्राप्त हो रहे थे ॥७६॥ गर्भस्थित तेज की राशि को धारण करती हुई वह जिनमाता उस आकाश के समान सुशोभित हो रही थी जिसके मेघदल के भीतर स्थित बाल सूर्य देदीप्यमान हो रहा था ॥७७॥ क्योंकि वह संसार सम्बन्धी क्लेशों से रहित परमेश्वर को धारण कर रही थी इसलिये उसके गर्भ को पीड़ा देने वाले दोहले आदि कैसे हो सकते

---

१ अधिकं अन्यस्य अन्यो बहुपल्लवान्तरयोगः २ जिनमातरम् ३ पूर्वस्थिता ४ पूजनीयाद् ५ स्वपाणिसमर्पितोपहारः ६ मेघदलमध्यस्थदेदीप्यमानबालसूर्या ७ गर्भोद्भवाः ।

अन्तःस्थितस्य तेजोभिः स्फुरद्भिः सा बहिर्बभौ । रत्नौघरचिता मञ्जूषा शुभ्राभ्रकदलं यथा ॥७९॥
अभूच्च सैव सर्वेषां मङ्गलानां सुमङ्गलम् । बिभ्रती तादृशं पुत्रमद्वितीयं जगन्मङ्गलम् ॥८०॥
अथैरावाः स्वमाहात्म्यात्स त्रैलोक्यगतां पतिः । ज्येष्ठासितचतुर्दश्यां भरण्यामुदियाय स्वयम् ॥८१॥
तीर्थकृन्नामकर्मद्धेर्देवीनां चातिशायनात् । स्वपुण्यातिशयाच्चापि रूपातिशययोगतः ॥८२॥
सर्वलक्षणसम्पूर्णस्तेजसातीतभास्करः । महोत्साहबलः श्रीमान्त्रिज्ञानध्वनितस्तथा ॥८३॥
अपर्वण्यपि बालत्वे जातमात्रोऽपि राजते । जिनश्चीरोऽभिरक्षाते मनोचेतोहरोऽनघः ॥८४॥
महानिभवनीयात्मा धीरो भीतिविवर्जितः । बालोऽप्यबालचरितो जगन्नभिभवाकृतिः ॥८५॥
जिनगत्स्वामिता स्वस्य बुद्धाणः स्वेन तेजसा । महानुभावसंपन्नो दिव्यमर्त्योपमः सुधाक् ॥८६॥
ततो विबुधभावानां तस्मिञ्जाते महौजसि । जिनेः सिंहासनान्युच्चैः सहसैवाचकम्पिरे ॥८७॥
सौधर्मस्याथ घण्टाया घनेन घटघट्टकारवोद्धिताः । इत्थमादेशिरे गन्तुं सत्पुरं कल्पवासिनः ॥८८॥
एकः प्रियासमर्पितं वामबाहुं कर्षयन् । आकृष्योद्गमयन्नन्यं विधृतोऽपि तया मुहुः ॥८९॥

थे ? ॥७८॥ भीतर स्थित जिनबालक के, बाहर देदीप्यमान तेज से वह ऐसी सुशोभित हो रही थी मानों सफेद भोडल के खण्डों से निर्मित रत्न समूह की मञ्जूषा ही हो ॥७९॥ लोक के अद्वितीय मङ्गलस्वरूप वैसे पुत्र को भीतर धारण करती हुई वह जिनमाता ही समस्त मङ्गलों में उत्तम मङ्गल हुई थी ॥८०॥

अथानन्तर ऐरा देवी के अपने माहात्म्य से वह त्रिलोकीनाथ ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्दशी के दिन प्रातःकाल के समय भरणी नक्षत्र में स्वयं उत्पन्न हुए ॥८१॥ तीर्थंकर नाम कर्म की महिमा से, देवियो के अतिशय पालन से, स्वकीय पुण्य के अतिशय से तथा श्रेष्ठ रूप के योग से जो समस्त लक्षणो से परिपूर्ण थे, जिन्होंने तेज से सूर्य को उल्लंघित कर दिया था, जो महान् उत्साह और बल से सहित थे, श्रीमान् थे, तीन ज्ञानों से सहित थे, जो उत्पन्न होते ही एक वर्ष के बालक के समान थे, देव समूह के नेत्र और मन को हरने वाले थे, निष्पाप थे, जिनका शरीर महाभिषेक के योग्य था, जो धीर थे, भयसे रहित थे, बालक होने पर भी अबालकोचित चरित्र से युक्त थे, जिनकी आकृति मनुष्यों के द्वारा अनभिभवनीय थी, जो अपने तेज के द्वारा अपने आपके तीनो जगत् के स्वामी पने को प्रकट कर रहे थे, महानुभाव से सहित थे, दिव्य मनुष्यों के तुल्य थे तथा सुन्दर वचन बोलने वाले थे ऐसे वह जिनराज अत्यंत सुशोभित हो रहे थे ॥८२-८६॥

तदनन्तर उन महाप्रतापी जिनेन्द्र भगवान् के उत्पन्न होने पर इन्द्रों के उच्च सिंहासन उनके चित्तों के साथ सहसा ही कांपने लगे ॥८७॥ सौधर्मेन्द्र के आह्वान से घण्टा की टंकार से प्रेरित हुए कल्पवासी देव इसप्रकार उस नगर को जाने के लिये तत्पर हुए ॥८८॥ कोई एक देव प्रिया के कन्धे पर रक्खे हुए वाम बाहु को किसी तरह खींच कर उसके द्वारा बारबार रोके जाने पर भी चलने के

---

१ शुभ्राणि शुक्लानि यानि अभ्रकदलानि 'भोडल' इति प्रसिद्धवस्तु खण्डानि तैः २ एकवर्षीयबालकसदृशः ३ देवसमूहनयनमनोहरः ४ शोभनवाणीकः ५ इन्द्राणां ६ महाप्रतापे ७ आह्वानेन ।

[illegible] ॥८९॥ कोई एक देव स्वामी से शङ्कित होता हुआ भी वीणा के समान मधुर भाषिणी सुन्दर स्त्री को चिरकाल बाद अपनी गोद से अलग कर सका था ॥९०॥ अपनी स्त्री का नृत्य देखने से जिसका चित्त व्याक्षिप्त हो गया था ऐसा एक देव उसके संगीत को ही आगे कर घर से चला था ॥९१॥ चलने के लिये जिसके समस्त सैनिक यद्यपि शीघ्र ही इकट्ठे हो गये थे तो भी वह देव प्रिय मित्र के न आने पर कुछ काल तक विलम्ब करता रहा ॥९२॥ 'प्रसन्न होओ, उठो, चलेंगे, तुम व्यर्थ ही क्यों क्रोध कर रही हो ?' इसप्रकार किसी देव ने अपनी कुपित प्रिया को चलने के लिये मना लिया था ॥९३॥ कोई एक देव बांए हाथ से मित्र के कन्धे का आलम्बन कर दाहिने हाथ से कुछ झुक कर चलने के लिये स्त्री को उठा रहा था ॥९४॥ कोई एक देव पीछे आती हुई प्रिया को बार बार मुड़ कर देखता हुआ उसमें अपनी आसक्ति को प्रकट करता घर से निकला था ॥९५॥ कोई देव कण्ठ मे संलग्न प्रिया को माला के समान धारण करता हुआ चलने लगा जब कि अन्य स्त्रियां ईर्ष्या के साथ उसे बार बार देख रहीं थीं ॥९६॥ इसप्रकार चलने के लिये उत्कण्ठित नाना वाहनों वाले देवों से इन्द्र का सभा द्वार सब ओर से परिपूर्ण हो गया ॥९७॥

तदनन्तर ऐशानेन्द्र आदि को सहसा आया देख सौधर्मेन्द्र चलने के लिये सिंहासन से उठा ॥९८॥ ऐरावत हाथी पर आरूढ होकर, जो लीला पूर्वक अंकुश घुमा रहा था तथा पीछे बैठी हुई इन्द्राणी भय से होने वाले आलिङ्गनों के द्वारा जिसे संतुष्ट कर रही थी ऐसे सौधर्मेन्द्र ने प्रस्थान किया ॥९९॥ तदनन्तर सब ओर लोक के अन्त तक वर्तमान देवों की सेनाओं के साथ तुरही के शब्दों से जगत् का मध्यभाग परिपूर्ण हो गया ॥१००॥ आगे चलने वाले देवों की ध्वजाओं से मार्ग सब ओर

लिए उद्यम करने लगा ॥८९॥ कोई एक देव स्वामी से शङ्कित होता हुआ भी वीणा के समान मधुर भाषिणी सुन्दर स्त्री को चिरकाल बाद अपनी गोद से अलग कर सका था ॥९०॥ अपनी स्त्री का नृत्य देखने से जिसका चित्त व्याक्षिप्त हो गया था ऐसा एक देव उसके संगीत को ही आगे कर घर से चला था ॥९१॥ चलने के लिये जिसके समस्त सैनिक यद्यपि शीघ्र ही इकट्ठे हो गये थे तो भी वह देव प्रिय मित्र के न आने पर कुछ काल तक विलम्ब करता रहा ॥९२॥ 'प्रसन्न होओ, उठो, चलेंगे, तुम व्यर्थ ही क्यों क्रोध कर रही हो ?' इसप्रकार किसी देव ने अपनी कुपित प्रिया को चलने के लिये मना लिया था ॥९३॥ कोई एक देव बांए हाथ से मित्र के कन्धे का आलम्बन कर दाहिने हाथ से कुछ झुक कर चलने के लिये स्त्री को उठा रहा था ॥९४॥ कोई एक देव पीछे आती हुई प्रिया को बार बार मुड़ कर देखता हुआ उसमें अपनी आसक्ति को प्रकट करता घर से निकला था ॥९५॥ कोई देव कण्ठ मे संलग्न प्रिया को माला के समान धारण करता हुआ चलने लगा जब कि अन्य स्त्रियां ईर्ष्या के साथ उसे बार बार देख रहीं थीं ॥९६॥ इसप्रकार चलने के लिये उत्कण्ठित नाना वाहनों वाले देवों से इन्द्र का सभा द्वार सब ओर से परिपूर्ण हो गया ॥९७॥

तदनन्तर ऐशानेन्द्र आदि को सहसा आया देख सौधर्मेन्द्र चलने के लिये सिंहासन से उठा ॥९८॥ ऐरावत हाथी पर आरूढ होकर, जो लीला पूर्वक अंकुश घुमा रहा था तथा पीछे बैठी हुई इन्द्राणी भय से होने वाले आलिङ्गनों के द्वारा जिसे संतुष्ट कर रही थी ऐसे सौधर्मेन्द्र ने प्रस्थान किया ॥९९॥ तदनन्तर सब ओर लोक के अन्त तक वर्तमान देवों की सेनाओं के साथ तुरही के शब्दों से जगत् का मध्यभाग परिपूर्ण हो गया ॥१००॥ आगे चलने वाले देवों की ध्वजाओं से मार्ग सब ओर

---

१ वीणां २ मधुरभाषिणीं रम्यस्वरां च, ३ क्रोडात् ४ स्ववश्या लास्यस्य प्रेक्षायां व्याक्षिप्तं मानसं यस्य सः ५ ईर्ष्यांवत्या स्यालया ६ विविधानि विविधानि वाहनानि येषां तैः ७ समनाम ८ श्लेषेण भयेन कृता श्लेषा आलिङ्गनानि तैः ९ देवसैन्यैः ।

व्यक्तैः पुरः प्रयातानां रुद्धे वर्त्मनि सर्वतः । तेषामपि पुरः केचित्त्वरमाणाः प्रतस्थिरे ॥१०१॥
देवानां मुकुटाग्रस्थपद्मरागांशुमण्डलैः । तदानीं गगनं कृत्स्नं सिन्दूरितमिवाभवत् ॥१०२॥
[1]द्योताभ्रमपि विध्वस्तं विद्युन्मयमिवाद्भुतम् । तेषां विभूषणालोकैस्तत्तं चारुभिरङ्गजैः ॥१०३॥
विभूतैः कासनीकाशैश्छत्रैः केचिदनुद्रुताः । स्वैः पुण्यैरिव विस्मित्य दृश्यमाना इवाबभुः ॥१०४॥
विमानस्थः प्रियामन्यः सौनःपुन्यं विभूषयन् । अयात्प्रयाणसंघट्टं क्वचित्स्थगयन्कुतूहलम् ॥१०५॥
प्रस्तुतं बन्दिनां घोषं निवार्य सुहृदा समम् । परिहासादवन्किञ्चिल्लीलया कथयंश्चयौ ॥१०६॥
प्रतिक्षणं परावृत्य गृह्णन्वेषपरम्पराम् । आपतन्नयरो देवात्कुशीलव[2] इवाभवत् ॥१०७॥
वाहवेगवशादंस[3]ऽस्रस्तबन्धिल्लमल्लिकाः । पताका इव [4]पुष्पेषो रेजुः काश्चित्सुरस्त्रियः ॥१०८॥
काश्चित्प्राणसमं कान्तिवन्यां व्यावृत्य [5]पश्यति । वपुषैवागमत्तिर्यग्नानुरक्तेन चेतसा ॥१०९॥
काश्चिल्लीलास्मितालोकैः सृजन्त्य इव कौमुदीम्[6] । अगुर्देहप्रभाजालजलसिक्तदिगन्तराः ॥११०॥
इत्याबद्भिः[7] सखं सेतुर्ज्योतिःकल्पनिवासिभिः । चन्द्राद्याः सिंहनादेन व्याहूतनिजसैनिकाः ॥१११॥

रुक गया था परन्तु शीघ्रता करने वाले कितने ही देव उनके भी आगे चल पड़े ॥१०१॥ उस समय देव मुकुटों के अग्रभाग में स्थित पद्मराग मणिओं की किरणों के समूह से समस्त आकाश सिन्दूर से व्याप्त हुए के समान लाल २ हो गया था ॥१०२॥ उन देवों के आभूषणों की प्रकाश तथा शरीर सम्बन्धी कान्ति के समूह से व्याप्त दिङ्मण्डल मेघ रहित होने पर बिजलियों से तन्मय के समान देदीप्यमान हो गया था ॥१०३॥ कितने ही देव काश के फूलों के समान लगाये हुए छत्रों से ऐसे सुशोभित हो रहे थे मानों उनके अपने पुण्य ही उनके पीछे पीछे चल रहे थे। ऐसे देवों को दूसरे देव बड़े आश्चर्य से देख रहे थे ॥१०४॥ कोई एक देव विमान में बैठ कर जा रहा था। वह अपनी प्रिया को बार बार विभूषित करता था तथा कहीं इकट्ठी हुई भीड़ को निराकुलता पूर्वक देखता जाता था ॥१०५॥ कोई एक देव वन्दी जनों के द्वारा प्रस्तुत जयघोष को बंद कर मित्र के साथ हास्यपूर्वक कुछ वार्तालाप करता हुआ लीला से जा रहा था ॥१०६॥ कोई एक देव प्रतिक्षण बदल बदल कर नये नये वेषों को धारण करता हुआ बड़े वेग से आ रहा था जिससे वह नट के समान जान पड़ता था ॥१०७॥

वाहन के वेग वश जिनकी चोटी की मालाएं कंधों पर लटकने लगी थीं ऐसी कितनी ही देवियां कामदेव की पताकाओं के समान सुशोभित हो रही थीं ॥१०८॥ किसी देवी का पति मुड़ मुड़ कर दूसरी देवी की ओर देख रहा था इसलिये वह शरीर से उसके साथ जा रही थी अनुरक्त चित्त से नहीं ॥१०९॥ शरीर सम्बन्धी प्रभा समूह रूपी जल से जिन्होंने दिशाओं के मध्य भाग को सींचा था ऐसी कितनी ही देवियां लीला पूर्वक होने वाली मन्द मुसक्यानों के प्रकाश से चांदनी को सृजती हुई के समान जा रही थीं ॥११०॥ सिंह नाद से जिन्होंने अपने सैनिकों को बुला रक्खा था ऐसे चन्द्रमा आदि देव, पूर्वोक्त प्रकार से आने वाले ज्योतिष लोक के निवासी देवों के साथ चलने लगे ॥१११॥

---

१ निर्मेघमपि २ नट इव ३ अंसे स्कन्धे स्रस्ता स्रम्बिता धम्मिल्ल मल्लिकाः चूडास्रजो यासां ताः
४ कामस्य ५ पश्यति सति ६ चन्द्रिकाम् ७ आगच्छद्भिः ।

चन्द्रलोकमयीं चक्रुः कुर्वन् [1]खे सहसुना समम् । तत्काले [2]ज्वलतोऽभातीज्जिनजन्मप्रभावतः ॥११२॥
[3]मङ्गलः स्वरुचां चक्रैः तन्मयङ्गारकमयं दिशन् । विदधानोऽन्वभूच्चित्रं तत्काले लोकशान्तये ॥११३॥
[4]बुधोऽपि बुधतां स्वस्य प्रथयन्निव तत्पुरः । प्रतस्थे पुरतस्तेषामानन्दभरनिर्भरः ॥११४॥
वाग्यथातीतमहत्त्वस्य कथं वा स्तोष्यते जिनः । इतीव [5]चक्षुषतिव्यधिप्नन्नावाशङ्क्या शनैः ॥११५॥
[6]सितोऽप्यधस्तनक्षोणेः सितिमानं सितरां सितः । प्रहास इव धर्मस्य तदा रेजे प्रहृष्यतः ॥११६॥
[7]अलसैः सलिलाधारैः स्पर्द्धयेवापरैस्तदा । न हि मन्दायते कश्चित्तादृशे जगदुत्सवे ॥११७॥
[8]स्वर्गापुरतस्तीव्रतमोमानप्रमर्दकाः । चयैः । समाक्रामन्प्रभाजालैस्तिलिम्पन्दा तदा बभौ ॥११८॥
[9]केतुः [10]केतुसहस्रेण विमलेनोपलक्षितः । गङ्गातुङ्गतरङ्गेषु मध्यगो वा समापतत् ॥११९॥
इति ते सत्पुरं प्रापुः पटहध्वनिचोदितैः । समन्ताद्व्यन्तरानीकैर्दुःप्रवेशोपशल्यकम् ॥१२०॥
प्रागेव कम्बुनिस्वानैरवबोध्य [11]ऽमरादिभिः । [12]भावनैर्विहितासेषमङ्गलं [13]शुभभावनैः ॥१२१॥
तत्कालोपनतासेषत्रैलोक्यश्रीप्रसाधितम् । प्राप्ये राजकुलद्वारं शक्राद्यैः क्रमशः सुरैः ॥१२२॥
(युग्मम्)

उस समय सूर्य के साथ मिला हुआ चन्द्रमा ऐसा सुशोभित हो रहा था मानों जिनेन्द्र जन्म के प्रभाव से वह आकाश को चन्द्रलोक मय कर रहा हो ॥११२॥ उस समय मङ्गलग्रह अपनी कान्तियों के समूह से आकाश को अग्नि सहित अङ्गारों से तन्मय करता हुआ भी लोक की शान्ति के लिए हुआ था यह आश्चर्य की बात थी । ॥११३॥ आनन्द के भार से भरा हुआ बुधग्रह भी उस समय अपने बैदुष्य को विस्तृत करते हुए के समान उन सब के आगे चल रहा था ॥११४॥ जिनकी महिमा वचन मार्ग से परे है ऐसे जिनेन्द्रदेव की स्तुति कैसे की जा सकती है ? ऐसा ध्यान करता हुआ ही मानों बृहस्पति आशङ्का से धीरे धीरे आ रहा था ॥११५॥ सफेदी से अत्यन्त सफेद शुक्रग्रह भी उस समय आकाश से नीचे उतरा था और ऐसा सुशोभित हो रहा था मानों हर्षित होते हुए धर्म का प्रकृष्ट हास ही हो ॥११६॥ उस समय दूसरे देवों से स्पर्द्धा होने के कारण ही मानों शनिग्रह जल्दी जल्दी चल रहा था सो ठीक ही है क्योंकि जगत् के वैसे उत्सव में कोई पुरुष मन्द नहीं होता ॥११७॥ उस समय राहु अलसी के फूल के समान अपनी किरणों के समूह से दिशाओं में तमाल वृक्ष के पल्लवों को विखेरता हुआ सा जा रहा था ॥११८॥ हजारों निर्मल पताकाओं से सहित केतुग्रह, गङ्गा की उन्नत तरङ्गों के बीच चलता हुआ सा आ रहा था ॥११९॥ इस प्रकार वे सब देव उस नगर को प्राप्त हुए जिसके चारों ओर समीपवर्ती प्रदेश में पटह की ध्वनि से प्रेरित व्यन्तरों की सेना से प्रवेश करना कठिन था ॥१२०॥ प्रशस्त भावना से सहित चमर आदि भवनवासी देवों ने शङ्ख ध्वनि से आकर पहले ही जिसमें समस्त माङ्गलिक कार्य सम्पन्न कर लिये थे तथा जो तत्काल उपस्थित हुयी समस्त तीन लोक सम्बन्धी लक्ष्मी से सुशोभित हो रहा था ऐसा राजभवन का द्वार इन्द्र आदि देवों के द्वारा क्रम से प्राप्त किया गया ॥१२१-१२२॥

---

१ आकाशम् २ मङ्गलग्रहः ३ बुधग्रहः ४ बृहस्पतिः ५ शुक्रग्रहोऽपि ६ शीघ्रम् ७ आजगाम ८ राहुः ९ केतुग्रहः १० पताकासहस्रेण ११ चमरादिभृतिभिः १२ भवनवासिभिः १३ शुभा भावना येषां तैः ।

दूरादुत्तीर्य यानेभ्यः स्वं निवेद्य महीभुजे । इन्द्रैः प्रविविशे पूतुङ्गमन्दिरं [1]मन्दरोपमम् ॥१२३॥
पुरैव विहितोत्सृष्टं केनिचिद्व्यवहितात्मभिः । गायकैः किन्नरैः कीर्णं प्रक्षीणैरनुगेयकैः ॥१२४॥
क्वचिदाङ्गनविद्वद्भानां विभुवैभवपरिस्थितैः । क्रीड्यमानेषु वा नृत्तैः प्रभुते राजिता [2]भिधम् ॥१२५॥
क्वचिद् [3]प्रधानवेदीषु सामन्तैर्लोलया स्थितैः । सुरैरिवापरैर्युक्तमत्यद्भुतविभूतिभिः ॥१२६॥
क्वचिन्मुक्ताकलापौघैश्चन्द्रांशुभिरिवाततम् । अन्यत्र [4]विद्रुमालोकैर्बालातपसमैरिव ॥१२७॥
क्वचिन्मुरजनिस्वानप्रहृष्टशिखिकेकितैः । जिनजन्माभिषेकाय मेघानुच्चैरिवाह्वयत् ॥१२८॥
क्वचिद्रङ्गावलीन्यस्तनानारत्नप्रभोत्करैः । स्फुरद्भिः सर्वतो व्योम सेन्द्रचापमिवाततम् ॥१२९॥
सर्वभव्यप्रजापुण्यैर्निर्मितं वा मनोरमम् । सुरेन्द्रैर्ददृशे तत्र जिनजन्मगृहं मुदा ॥१३०॥

(सप्तभिः कुलकम्)

त्रिधा परीत्य तत्पूर्वं भक्त्या नमितमौलयः । शक्राः प्रविविशुः [5]पश्यमालोक्य मुदिरास्वनाः ॥१३१॥
अपश्यन्त सुरेन्द्रास्तं जातमात्रं जिनेश्वरम् । महिम्ना [6]कान्तलोकान्तमपि मातुः पुरः स्थितम् ॥१३२॥

इन्द्रादिक देवों ने दूर से ही वाहनों से उतर कर तथा राजा के लिए अपना परिचय देकर मेरुतुल्य राजभवन मे प्रवेश किया ॥१२३॥ अन्तर्हित रूप वाले कितने ही देवों ने जिसे पहले ही सींच कर साफ कर लिया था, जो फैले हुए सुन्दर कण्ठ वाले किन्नर गवैयों से सुशोभित था, जो कहीं रत्नमय छज्जों के ऊपर स्थित देवों के द्वारा देखे जाने वाले हर्ष से प्रवृत्त नृत्यों से सुशोभित आगन से सहित था अर्थात् जिसके आंगन में नृत्य हो रहा था और देव लोग उसे छज्जों पर बैठकर देख रहे थे, जो कहीं देहरी की समीपवर्ती वेदिकाओं पर लीलापूर्वक बैठे हुए आश्चर्यकारक विभूति वाले उन सामन्तों से युक्त था जो दूसरे देवों के समान जान पड़ते थे, जो कहीं मोतियों के समूह से युक्त होने के कारण ऐसा जान पड़ता था मानों चन्द्रमा की किरणों से ही व्याप्त हो और कहीं मूंगाओं के प्रकाश से ऐसा सुशोभित हो रहा था मानों प्रातः काल के लाल लाल आतप खण्डों से ही युक्त हो, जो कहीं मृदंगों के शब्द से हर्षित मयूरों की केकावाणी से ऐसा जान पड़ता था मानों जिनेन्द्र भगवान् के जन्माभिषेक के लिए मेघो को ही बुला रहा हो, जो कहीं रङ्गावली (रागोली) में रखे हुए नाना रत्नों की देदीप्यमान प्रभाओं के समूह से आकाश को सभी ओर इन्द्र धनुषों से युक्त करता हुआ सा जान पड़ता था, तथा जो समस्त भव्य प्रजा के पुण्यों से रचे हुए के समान मनोहर था ऐसे जिन जन्मगृह को वहा देवों ने बड़े हर्ष से देखा ॥१२४-१३०॥ उस जन्मगृह को देखकर जिनके मुकुट भक्ति से झुक गये थे तथा मुख स्तोत्रों से शब्दायमान हो उठे थे ऐसे इन्द्रों ने पहले तीन प्रदक्षिणाएं देकर पश्चात् उस गृह में प्रवेश किया ॥१३१॥

तदनन्तर इन्द्रों ने उत्पन्न हुए उन जिनराज को देखा जो महिमा के द्वारा लोकान्त को व्याप्त करने वाले होकर भी माता के आगे स्थित थे, जो प्रभामण्डल के मध्य में स्थित तथा सुखद कान्ति से

---

१ मेरुसदृशम् २ शोभिताङ्गणम् ३ देहलीसमीपवर्तिवेदिकासु ४ प्रवालप्रकाशैः ५ भवनं ६ महिम्ना आक्रान्तो लोकान्तो येन तथाभूतमपि शरीरेण मातु रग्रे विद्यमानम् ।

[illegible] स्वयं स्वयमिव [illegible] ॥१३३॥
[illegible] ॥१३४॥
[illegible] ॥१३५॥
(चतुर्भिः कलापकम्)

मायामयं निवेश्याग्रे तन्मातुः पुरतो हरिः । अपाहरत्तमीशानः कः कार्यशुचिरग्रधीः ॥१३६॥
तं निधाय ततः स्कन्धे सिन्धुरेन्द्रस्य बन्धुरे । प्रारब्धेति वृषा सन्तुर्मेरुमेरु विहायसा ॥१३७॥
तन्मज्जनार्थमायातं क्षीरोदारेकया सुरैः । धौतमानं सितच्छत्रं तस्थौ शानं स्तदावहत् ॥१३८॥
सनत्कुमारमाहेन्द्रौ लीलाकम्पितचामरौ । तस्य पञ्चगजारूढौ शोभां काम्यवापतुः ॥१३९॥
इन्द्राण्यः पुरतस्तेषां करिणीभिः प्रतस्थिरे । सलग्न्यो लीलयोत्क्षिप्तैरत्नैर्पाश्विकमङ्गलैः ॥१४०॥
व्यजृम्भत ततो दिग्यदुन्दुभिनिस्वनः । दिग्भित्तिस्खलनोद्भूतस्वप्रतिध्वानवर्धितः ॥१४१॥

युक्त अङ्गों के द्वारा स्वयं ही अपने आप को सब ओर से उपमा रहित—अनुपम कह रहे थे, जो एक मूर्ति होकर भी तीर्थंकर, चक्रवर्ती और कामदेव के भेद से तीन प्रकार से विभक्त थे, जिनका लोकोत्तर जन्म था, जो समस्त विद्याओं के कारण थे, अचिन्तनीय थे और जिनकी आत्मा जन्म से रहित थी; जो लोकातीत गुणों से सहित होने पर भी लोक के अद्वितीय नायक थे और बालक होने पर भी जिनके हृत्य में समस्त लोक स्थित था ॥१३२-१३५॥

तदनन्तर इन्द्र ने उनकी माता के आगे मायामय बालक रखकर उन जिनराज को उठा लिया सो ठीक ही है क्योंकि कार्य की अपेक्षा पवित्र कौन है ? अर्थात् कार्य सिद्ध करने के लिए सभी माया का प्रयोग करते हैं ॥१३६॥ तदनन्तर गजराज—ऐरावत हाथी के सुन्दर स्कन्ध पर उन जिनराज को विराजमान कर इन्द्र आकाश मार्ग से मेरु की ओर चला ॥१३७॥ उस समय ऐशानेन्द्र ने जिनराज के ऊपर वह सफेद छत्र लगा रक्खा था। जिसे देव लोग उनके जन्माभिषेक के लिए आये हुए क्षीरसमुद्र की शङ्का से देख रहे थे ॥१३८॥ जिनराज के दोनों ओर हाथियों पर आरूढ तथा लीलापूर्वक चमरों को चलाते हुए सानत्कुमार और माहेन्द्र किसी अनिर्वचनीय शोभा को प्राप्त हो रहे थे ॥१३९॥ जो लीलापूर्वक ऊपर उठाये हुए ठौना आदि मङ्गल द्रव्यों से सुशोभित हो रही थी ऐसी इन्द्राणियां उन इन्द्रों के आगे हस्तिनियों पर सवार होकर जा रही थी ॥१४०॥

तदनन्तर दिशा रूपी दीवालों मे टकराने से उत्पन्न अपनी प्रतिध्वनि से बढ़ा हुआ देवदुन्दुभियों का शब्द गम्भीर रूप से वृद्धि को प्राप्त हो रहा था ॥१४१॥ कहीं आकाश किन्नरों की वीणा और बांसुरी के निरन्तर शब्दों तथा अप्सराओं के नृत्यों से आनोदमय—नृत्य गायन और

---

१ कारणं २ अजः अग्रिमपर्यायेजन्मरहित आत्मा यस्य सः ३ मायामयबालकं ४ इन्द्रः ५ जिन बालकम् ६ पवित्रो-माया रहित इत्यर्थः ७ ऐरावतम् ८ इन्द्रः ९ मेरुसन्मुखं १० गगनेन ११ आगत क्षीर समुद्र शङ्कया १२ ऐशानेन्द्रः १३ गंभीरं ।

[illegible]वेषुनिक्वाणैः किन्नराणां विरन्तरैः । [illegible]रातोद्यमयीवाभूत्तृतीयान्तरसंकलिम् ॥१४२॥
विमानैरिव ज्योतिः स्फुरद्वाणैरितस्ततः । [illegible]प्रमथैः पप्रथे [illegible] ॥१४३॥
[illegible]न्धर्वैरिव [illegible]गन्धर्वैर्वाजिभावैरपि द्रुतम् । अविनष्टक्रियाकारणं जिनं तस्योत्सवे यजुः ॥१४४॥
क्षणादिव ततः प्राप्ते सुमेरुस्तैः सुरेश्वरैः । जम्बूद्वीपसरोजस्य कर्णिकाकृतिमुद्वहन् ॥१४५॥
तस्यापि शैलनाथस्य ते शिलां पाण्डुकम्बलाम् । प्रापुरर्धचन्द्रकलाकारां तद्वायोत्तर[illegible]दिशाश्रिताम् ॥१४६॥
तस्याः सिंहासने पूर्वं तं निधाय यथागमम् । इत्थंकारेभिरे भक्त्या तेऽभिषेक्तुं सुरेश्वराः ॥१४७॥
तस्याधारस्य शैलेन्द्रादाक्षीरोदं सुरेश्वराः । धृतरत्नघटाः केचित्परिवाटधारतस्थिरे ॥१४८॥
सामानिकास्ततः सर्वे भूत्वा मङ्गलपाठकाः । तं तस्थुः परितो दूरात्तत्र भवनवासिभिः ॥१४९॥
नान्दीप्रभृतितूर्याणि वादयन्तः समन्ततः । ज्योतिष्कव्यन्तरेशाः प्रापुरासन्नतां जवात् ॥१५०॥
वपुर्भवनोन्नमाय [illegible]सहस्रकरसोभितम् । सौधर्मः स्नापको भूत्वा तस्थौ तस्य पुरः प्रभोः ॥१५१॥
त्रिजगत्पतिनामाङ्कं त्रिजगद्दण्डकं क्रमात् । उच्चार्य मधुरस्निग्धगम्भीरस्वरसंपदा ॥१५२॥

वादन से तन्मय जैसा हो गया था ॥१४२॥ आकाश में इधर उधर देदीप्यमान होने से जो नाना रूप के धारक जान पड़ते थे ऐसे प्रमथ (व्यन्तर के भेद-विशेष) देवों ने उछल कूद आदि नाना प्रकार के खेल प्रकट किये ॥१४३॥ घोड़ों के समान शीघ्र दौड़ते हुए भी गन्धर्व देवों ने जिनराज का वह यश उच्च स्वर गाया था जिसमें क्रिया—करण—नृत्य मुद्राएं आदि नष्ट नहीं हुई थीं, यह आश्चर्य की बात थी ॥१४४॥

तदनन्तर उन इन्द्रों ने जम्बूद्वीप रूपी कमल की कर्णिका की आकृति को धारण करने वाला सुमेरु पर्वत मानों क्षणभर में प्राप्त कर लिया ॥१४५॥ उस सुमेरु पर्वत की ऐशान दिशा में स्थित चन्द्र कला के आकार वाली पाण्डुकम्बला नामक शिला को भी वे इन्द्र प्राप्त हुए ॥१४६॥ उस पाण्डुकम्बला शिला के सिंहासन पर पहले आगमानु उन जिनराज को विराजमान कर इन्द्र भक्ति पूर्वक इस प्रकार अभिषेक करने के लिए तत्पर हुए ॥१४७॥ रत्नमय कलशों को धारण करने वाले कितने ही इन्द्र उस सुमेरु पर्वत से लेकर क्षीर समुद्र तक पंक्तिरूप से खड़े हो गये ॥१४८॥ तदनन्तर मङ्गल पाठ पढ़ने वाले समस्त सामानिक देव उन जिनराज के चारों ओर भवन वासी देवों के साथ दूर खड़े हो गये ॥१४९॥ नान्दी आदि वादित्रों को बजाते हुए महा—तेजस्वी ज्योतिष्क और व्यन्तर देवों के इन्द्र चारो ओर खड़े हुए ॥१५०॥ सौधर्मेन्द्र हजार हाथों से सुशोभित सुन्दर शरीर लेकर स्नपन करने वाला बन उन जिनराज के आगे खड़ा हो गया ॥१५१॥

तदनन्तर मधुर स्निग्ध और गम्भीर स्वर से क्रमपूर्वक त्रिलोकीनाथ के नामों से अङ्कित त्रिजगद्दण्डक का उच्चारण कर इन्द्र ने पहले ऋचाओं और हजारों मन्त्रों का भी अच्छी तरह

---

१ वीणा २ नृत्यगायनवादनमयीव ३ देवविशेषैः ४ आर्क्षवैरिव ५ देवविशेषैरिव ६ एतन्नामधेयम् ७ ऐशानदिक्स्थिताम् ८ सहस्रहस्त शोभितम् ।

[illegible] ॥१५२॥ [illegible] ॥१५३॥
[illegible] ॥१५४॥ [illegible] ॥१५५॥
[illegible] ॥१५६॥ [illegible] ॥१५७॥
[illegible] ॥१५८॥ [illegible] ॥१५९॥
[illegible] ॥१६०॥ [illegible] ॥१६१॥
[illegible] ॥१६२॥ [illegible] ॥१६३॥
[illegible] ॥१६४॥

उच्चारण किया। पश्चात् दूर्वा, जौ, अक्षत और कुशा के द्वारा विधिपूर्वक उनका वर्धापन—आरती आदि के द्वारा मङ्गलाचार किया ॥१५२-१५३॥ पश्चात् इन्द्र ने इन्द्राणी के हाथ से दिये, क्षीर समुद्र के जल से भरे हजार कलशों को अपने हजार भुजाओं से लेकर हजार कलशों के जल से जिन बालक का अभिषेक किया। भगवान् के इस अभिषेक को देव बड़े आश्चर्य के साथ देख रहे थे ॥१५४-१५५॥ तीन लोक के वैभव को आक्रान्त करने वाले उनके उस अभिषेक को देखकर देव परस्पर उनकी महिमा को इस प्रकार कह रहे थे ॥१५६॥ देखो यह बालक पीछे से किसी के पकड़े बिना ही अपने तेज से विशाल सिंहासन को आच्छादित कर बैठा हुआ है ॥१५७॥ कनेर के फूल के समान कान्ति वाली इनकी शरीर सम्बन्धी प्रभा से मिश्रित क्षीर जल भी अभिषेक से पीला पीला होकर बह रहा है ॥१५८॥ बगल से दोनों ओर लीलापूर्वक चमरों को देखता हुआ यह बालक ऐसा सुशोभित हो रहा है मानों मन ही मन इन्द्रों को कुछ आदेश दे रहा हो ॥१५९॥ यह मेरु पर्वत पृथिवीमय होकर भी इनसे अधिष्ठित होकर पवित्र हो गया है बड़े बड़े लोगों को भी यही सबसे बड़ा आश्चर्य हो रहा है ॥१६०॥ यद्यपि इनके चरण पादपीठ का स्पर्श नहीं कर रहे हैं तो भी इनके नख रूपी मणियों की चांदनी देवों के मुकुटों पर दिखायी दे रही है यह आश्चर्य है ॥१६०॥ पृथिवी पर इसी का पृथुकत्व—बालकत्व पक्ष में विपुलत्व सार्थक दिखायी देता है जिसने माता के गर्भ में स्थित रहते हुए भी तीन जगत् को आक्रान्त कर लिया था ॥१६२॥ भव्यसमूह के नेता स्वरूप इस जिन बालक के द्वारा ही नेत्रों को आनन्द देने वाला उत्तम शरीर धारण किया गया है निष्कलंक होने पर भी अन्य पुरुष से क्या प्रयोजन है ? ॥१६३॥ अतिशय धैर्य का भण्डार स्वरूप यह बालक माता से

---

१ जिनबालकम् २ देवैः ३ अतिशयेन महत् ४ पवित्रः ५ पृथिवी सम्बन्धी, ६ विपुलत्वं, विपुलत्वम् ७ साधु + अमारि + एव इतिच्छेदः ८ ज्ञानत्रयम् ।

वीततृष्णस्तवाहारं नाभिनन्दति केवलम् । लोकानुग्रहबुद्ध्यास्ते बद्ध्वा पर्यङ्कमासनम् ॥१६५॥
इत्येवमादिकं केचिदञ्जलीभूतमानसाः । वाग्भिः कुड्मलीभूतैर्ननमुरिश्च विकासिभिः ॥१६६॥
अथाभिषेकावसानेऽथ सम्यक्पूजाविधानविधिः । शक्रः प्रवर्तते स्तोतुमिति स्तुतिविशारदः ॥१६७॥
नमः प्रणमते तुभ्यं स्तुवतां पापशान्तये । ये लोकोत्तीर्णसंसारसिन्धवे भव्यबन्धवे ॥१६८॥
तव वज्रमयः कायो निरातङ्कः प्रकाशते । करुणारसनिर्ध्यान्दं चेतश्चेत्यतिकौतुकम् ॥१६९॥
दूरान्यर्सचराणां त्वं सेवकानामनुत्तमाम् । विभूतिमुचितज्ञोऽपि निर्विशेषं दिशस्यहो ॥१७०॥
[1]जडबुद्धस्तव भव्यानां प्रबोधायैव केवलम् । यदेन्दोरुदयस्तस्य[2] कुमुदानां [3]जलात्मनाम् ॥१७१॥
प्रयोजनमनुद्दिश्य न [4]मन्दोऽपि प्रवर्तते । [5]अनपेक्षयैव [6]बुद्धोऽपि लोकानामुपकारकः ॥१७२॥
किङ्करः सकलो लोकः किङ्करः सचराचरः । इत्यद्भुतमिदं पुण्यं तवैव प्रथते परम् ॥१७३॥
आश्रितानां भवावासस्त्वया किमिति भज्यते । अतिधीरस्य ते युक्तं किमिदं शिशुचापलम् ॥१७४॥

वियुक्त होकर भी नहीं रो रहा है। ऐसा जान पड़ता है मानों यह लोगों के लिए अपने तीन ज्ञानों की सूचना ही दे रहा हो ॥१६४॥ तृष्णा से रहित होने के कारण यह आहार की इच्छा नहीं कर रहा है मात्र लोकोपकार की बुद्धि से अच्छी तरह पर्यङ्कासन बांध कर बैठा है ॥१६५॥ इत्यादि वचन कह कर कितने ही देवों ने कुड्मलाकार—अञ्जलि बद्ध हाथों से तथा विकसित मनों से जिनराज को नमस्कार किया ॥१६६॥

तदनन्तर अभिषेक समाप्त होने पर अक्षत आदि से पूजा कर स्तुति में निपुण इन्द्र इसप्रकार स्तुति करने के लिये प्रवृत्त हुआ ॥१६७॥ जो लोकोत्तर प्रभाव से सहित हैं, स्तुति करने वालों के पाप शान्त करने वाले हैं, जिन्होंने संसार रूपी समुद्र को संपूर्णरूप से पार कर लिया है तथा जो भव्यजीवों के बन्धु हैं ऐसे आपके लिये नमस्कार हो ॥१६८॥ हे प्रभो ! रोगादि की बाधा से रहित आपका शरीर तो वज्रमय प्रकाशित हो रहा है और चित्त करुणारस को झरा रहा है यह बडे कौतुक की बात है ॥१६९॥ हे भगवान् ! आप उचित के ज्ञाता होकर भी दूरवर्ती तथा निकटवर्ती सेवकों के लिये समानरूप से उत्कृष्ट विभूति को प्रदान करते हैं यह आश्चर्य की बात है ॥१७०॥ जिसप्रकार निर्मल चन्द्रमा का उदय जलरूप कुमुदों के विकास के लिये होता है उसीप्रकार आपका जन्म केवल जड़बुद्धि-अज्ञानी भव्यजीवों के प्रबोध-प्रकृष्ट ज्ञान के लिये हुआ है ॥१७१॥ प्रयोजन का उद्देश्य किये बिना मन्दबुद्धि भी कोई कार्य नही करता है परन्तु आप प्रबुद्ध—ज्ञान सम्पन्न होकर भी किसी अपेक्षा के बिना ही लोकों का उपकार करते हैं ॥१७२॥ समस्त संसार आपका सेवक है और धनुष लेकर 'क्या करूं' इस प्रकार आज्ञा की प्रतीक्षा कर रहा है। हर्ष है कि यह अत्यधिक आश्चर्यकारी पुण्य आपका ही दिखाई देता है ॥१७३॥ आश्रित मनुष्यों का भवावास आपके द्वारा क्यों भग्न किया जाता है ? अत्यन्त धीर वीर आपकी यह बालकों जैसी चपलता क्या ठीक है ? ॥१७४॥ जिस

---

१ जन्म २ उज्ज्वलस्य ३ जडात्मनाम् ४ मूर्खोऽपि ५ प्रत्युपकार भावनारहित एव, ६ ज्ञानी अपि ।

अक्षरतां गतो लोकसंस्कृतः क्षान्तिमवाप्नुयात् । अतो नाम्नापि शान्तिस्त्वं शान्तसंसारकारणः ॥१७५॥
इति स्तुत्वा मुदा सार्धं तमनन्तमनन्तया विभूत्या विभूषितम् । पुरेव पुरमुपा सृत्या तत्पुराभिमुखं ययौ । १७६॥
आरब्धभेरीरवं श्रुत्वा सुरकोलाहलान्वितम् । प्रत्युद्ययौ ततः पौरैर्विधृतार्घैः ससंभ्रमम् ॥१७७॥
आरूढाः सर्वतः स्त्रीभिः [1]अप्येवंसोऽप्यचकम्पिरे । प्रासादास्तन्मनःसक्तकौतुकातिभरादिव ॥१७८॥
सुराः पुरजनीकान्त्या निर्विण्णं स्वयमूनयन् । आलोक्यावतरन् व्योम्नः [2]सद्मपक्षैरवार्पिभिः [3] शनैः ॥१७९॥
अमरैः सह पौरास्तां सर्वतोऽप्येवमीयुषाम् [4] । अन्तरं [5]निर्निमेषैरेव चक्रे चित्रं महत्तया ॥१८०॥
प्रसन्नोत्साहपथाकल्पं [6]शोरजोकारितादिरम् । तत्पुरं स्वर्गलोकेशालीढं वाऽपि विशोभयत् ॥१८१॥
वीक्षमाणाः परां भूतिं तस्य प्रविशतः पुरम् । इति सौधस्थिताः प्राहुर्विस्मयात्पुरयोषितः ॥१८२॥
निरुच्छ्वासमिदं व्याप्तं नगरं सर्वतः सुरैः । अन्तर्बहिश्च कस्येयं लक्ष्मीर्लोकातिशायिनी ॥१८३॥
एकस्यैवातपत्रस्य छायया कुन्दधौरया । कान्तं दिवापि गगनं सज्योत्स्नमिव वर्तते ॥१८४॥
चामराणां प्रभाजालव्याजेनेव समन्ततः । दिश्याः पुण्याङ्गरागेण विभान्ति हरिदङ्गनाः [7] ॥१८५॥

कारण संसार आपसे निरन्तर शान्ति को प्राप्त करेगा उस कारण आप नाम से शान्ति हैं। आपने संसार के कारणों को शान्त कर दिया है ॥१७५॥ इस प्रकार हर्ष से स्तुति कर तथा विभूषित उन भगवान् को लेकर इन्द्र पहले के समान बड़ी विभूति से उस नगर की ओर चला ॥१७६॥

तदनन्तर देवों के कोलाहल से सहित भेरी का शब्द दूर से सुनकर नगरवासी जन अर्घ ले लेकर संभ्रमपूर्वक भगवानी के लिए निकल पड़े ॥१७७॥ जिन पर सब ओर से स्त्रियां चढ़ी हुई थीं ऐसे महल स्थिर होने पर भी कांपने लगे थे इससे वे ऐसे जान पड़ते थे मानों मन में स्थित कौतुक के बहुत भारी भार से ही कांपने लगे थे ॥१७८॥ देव, नगर की स्त्रियों की कान्ति से अपनी स्त्रियों को पराजित देख लज्जा से ही मानों आकाश से धीरे धीरे पृथिवी पर उतर रहे थे ॥१७९॥ उस समय सभी ओर से देवों के साथ एकता को प्राप्त हुए मनुष्यों का अन्तर पलकों के द्वारा ही किया गया था यह बड़े आश्चर्य की बात थी ॥१८०॥ जिसमें अट्टालिकाओं और मार्गों की सजावट की गयी थी तथा जिसके आंगन धूली से रहित किये गये थे ऐसा वह नगर अपनी कान्ति से मानों देवों को भी लुभा रहा था ॥१८१॥

नगर में प्रवेश करते हुए भगवान् की उत्कृष्ट विभूति को देखती हुई महलों पर चढ़ी नगर की स्त्रियां आश्चर्य से ऐसा कह रहीं थीं ॥१८२॥ देखो, यह नगर भीतर और बाहिर, सब ओर देवों से ऐसा व्याप्त हो गया कि सांस लेने को भी स्थान नहीं है, यह लोकोत्तर लक्ष्मी किसकी है ? ॥१८३॥ एक ही छत्र की कुन्द के समान शुक्ल कान्ति से व्याप्त हुआ आकाश दिन में भी चांदनी से सहित जैसा हो रहा है ॥१८४॥ चामरों की कान्ति कलाप के बहाने दिशा रूपी स्त्रियां ऐसी जान पड़ती हैं मानों सब ओर से पुण्य रूपी अङ्गराग से ही लिप्त हो रही हैं ॥१८५॥ चंदेवा के नीचे वर्तमान और दिव्य

---

१ पूर्ववत् २ अतिशयेन स्थिरा अपि ३ पृथिवीम् ४ प्राप्तवताम् ५ नयनपक्ष्मपातैरेव ६ निर्धूली-कृताङ्गत्वम् ७ दिक्स्त्रियः ।

[1]वितानतलवर्तिन्यो दिव्यातोद्यै रनुद्रुताः । प्रतिरथ्यमिमाः स्वैरं नृत्यन्त्यप्सरसो भुवि ॥१८६॥
सुरनारीमुखालोकज्योत्स्नास्नापितदिङ्मुखम् । सौभाग्येनेव निर्वृत्तं दिनमप्येतिभासते ॥१८७॥
एते वेत्रलतां धृत्वा केचित् तत्कौतुकिनः सुराः । आयान्ति प्रेक्षकान्निष्कृष्यद्भुतार्थोत्सार्थ लीलया ॥१८८॥
ईदृशे जनसंमर्दे बालकोऽप्यतिदुर्गमे । नाबसीदति कस्यायमनुभावोऽत्र लक्ष्यते ॥१८९॥
सर्वगीर्वाणतेजांसि परिभूयातिवर्तते । [2]तप्तकाञ्चीकराकारा शिशोरेषा तनुप्रभा ॥१९०॥
गजस्कन्धनिविष्टोऽपि लोकस्यैवोपरि स्थितः । शक्रेणालम्बितो भाति भुवनालम्बनोऽध्वयम् ॥१९१॥
पौरस्त्रीमुक्तमाभाभ्यंलाजवृष्टिपरम्परा । [3]सितिम्ना द्विरदस्यास्य [4]कुम्भभागे[5] न लक्ष्यते ॥१९२॥
दृश्यते सर्वमेवाद्य सुबोधिमतिहस्तयन् । एकोऽप्यनेकदेशस्थैः सम्मुखीनो यथा जनैः ॥१९३॥
एते [6]कव्याशिनो [7]व्यालाः [8]सानुक्रोशा इवासते । अप्यूहुर्मयी लोकः सकलोऽप्यस्य वैभवात् ॥१९४॥
इति नारीभिरप्युच्चैः कीर्त्यमानगुणोदयम् । तं पुरोधाय सौधर्मी राजद्वारं समासदत् ॥१९५॥
प्रवृत्तनिर्भरानेकजनसम्मर्ददुर्गमम् । कृच्छ्राद्विवाति [9]चक्राम गोपुरं सुरसंहतिः[10] ॥१९६॥
भूपेन्द्रोऽपि समं भूपैर्माङ्गल्यद्रव्यपाणिभिः । सप्तकक्षा व्यतिक्रम्य क्रमात्प्रत्युद्ययौ प्रभुम् ॥१९७॥

साज से सहित ये अप्सराए पृथिवी पर गली गली मे इच्छानुसार नृत्य कर रही हैं ॥१८६॥ देवियों के मुख की कान्ति रूपी चांदनी से जिसमें दिशाओं के अग्रभाग नहलाये गये है ऐसा यह दिन भी सौभाग्य से रचे हुए के समान अत्यन्त सुशोभित हो रहा है ॥१८७॥ जिनबालक के देखने की इच्छा करने वाले ये कितने ही देव वेत्रलता—छडी को धारण कर दर्शकों को कुछ हटा हटा कर लीला पूर्वक आ रहे हैं ॥१८८॥ ऐसी बहुत भारी भीड मे भी यह बालक दुखी नही हो रहा है सो यहा यह किसका प्रभाव दिखायी दे रहा है ? ॥१८९॥ तपाये हुए सुवर्ण के आकार वाली यह बालक के शरीर की प्रभा सब देवो के तेज को परिभूत—तिरस्कृत कर विद्यमान है ॥१९०॥ यह बालक हाथी के कन्धे पर बैठा हुआ भी ऐसा लगता है मानो लोक के ही ऊपर स्थित हो और इन्द्र के द्वारा आलम्बित होने पर भी ऐसा सुशोभित हो रहा है मानों समस्त संसार का आलम्बन हो ॥१९१॥ नगर की स्त्रियों द्वारा छोडे जाने वाले अर्घ्य की लाज वृष्टि की सतति इस हाथी के गण्डस्थल पर उसकी सफेदी के कारण मालूम नही पडती है ॥१९२॥

राजमार्ग मे प्रवेश करता हुआ यह बालक यद्यपि एक है तो भी अनेक देशों में स्थित मनुष्यो के द्वारा एक ही साथ ऐसा देखा जा रहा है मानो सबके समुख स्थित हो ॥१९३॥ ये मास भोजी दुष्ट जन्तु भी ऐसे बैठे हैं मानो दया से सहित ही हो । इस बालक के प्रभाव से समस्त लोक ही धर्ममय हो गया है ॥१९४॥ इसप्रकार स्त्रियो के द्वारा उच्च स्वर से जिनके गुणो का उदय प्रशसित हो रहा था ऐसे उस बालक को आगे कर सौधर्मेन्द्र राजद्वार को प्राप्त हुआ ॥१९५॥ अनेक मनुष्यों की बहुत भारी भीड से जिसमे निकलना कठिन था ऐसे गोपुर को देव समूह बडी कठिनाई से पार कर सका था ॥१९६॥ राजाधिराज विश्वसेन ने भी माङ्गलिक द्रव्यो को हाथ में लेने वाले राजाओं के साथ क्रम

---

१ उल्लोचतलविद्यमानाः २ निष्टप्तसुवर्णसदृशी ३ शौक्ल्येन ४ गजस्य ५ गण्डस्थलभागे ६ मांसाशिनः, ७ क्रूराः ८ सदयाः ९ उल्लङ्घयामास १० देवसमूहः ।

निषिद्धागेवगीर्वाणात्तमादाय सुरेश्वराः । निन्यिरेऽभ्यन्तरं सद्म बहीभावपुरःसराः ॥१९८॥
मायार्भकापनयने विचित्रव्याकुलचित्तः । ऐरावास्तं पुरो देवं प्रतिष्ठाप्येति तेऽभ्यधुः[1] ॥१९९॥
सुतापहरणादार्तिर्मास्तुविति तवाग्रतः । मायामयं निधायाग्रे नीते मेरुमयं जिनः ॥२००॥
अभिषिच्य ततोऽम्भोभिरानीतः शान्तिरास्यया । अस्मत्पुरेऽपि ते पुत्रः क्रमोऽयं जिनजन्मनः ॥२०१॥
इत्युक्त्वा तेऽथ निर्गत्य जिनजन्मालयात्ततः । सुरेन्द्राः स्वपदं जग्मुः प्रनृत्य प्रमदाच्चिरम् ॥२०२॥
निकाये नाकिनां वेगाद्गतवत्यपि तत्पुरम् । न जहौ सुरलोकश्रीस्तत्पुरैजेव लोभिता ॥२०३॥

शार्दूलविक्रीडितम्

किं मन्त्राक्षरमालया त्रिजगतां त्रातुर्जिनेशोऽस्तया
बालादित्यसमद्युतेः किमपरैः कृत्यं प्रदीपैः पुरः ।
किं वा [2]प्राभृतिकप्रकाण्डसहितैः साध्यं प्रबुद्धात्मनो
रक्षा तस्य तथाप्यहो शिशुरिति व्यर्था पुरोधा व्यधात् ॥२०४॥

से सात कक्षाएं पार कर प्रभु की अगवानी की ॥१९७॥ जिन्होंने समस्त देवों को मना कर दिया था और राजा विश्वसेन जिनके आगे चल रहे थे ऐसे इन्द्र–भगवान् को भीतर ले गये ॥१९८॥ मायामय बालक के दूर करने पर जिनका चित्त कुछ व्याकुल हुआ था ऐसी ऐरा देवी के आगे उस जिन बालक को प्रतिष्ठित कर इन्द्रों ने इसप्रकार कहा ॥१९९॥ पुत्र के ले जाने से दुःख न हो इसलिये आपके आगे मायामय दूसरा पुत्र रख कर यह जिनराज मेरु पर्वत पर ले जाये गये थे ॥२००॥ अभिषेक कर वहां से वापिस ले आये हैं, आपके पुत्र का नाम शांति है, तीर्थंकर के जन्म का यह क्रम है ॥२०१॥ तदनंतर यह कह कर इन्द्र जिनेन्द्र भगवान् के जन्मगृह से बाहर आये और चिरकाल तक हर्ष से श्रेष्ठ नृत्य कर अपने स्थान पर चले गये ॥२०२॥ यद्यपि देवों का समूह वेग से चला गया था तो भी स्वर्गलोक की शोभा ने उस नगर को नहीं छोड़ा, मानों वह उस नगर के द्वारा लुभा ली गयी थी ॥२०३॥

अपने प्रताप से तीनों जगत् की रक्षा करने वाले शान्ति जिनेन्द्र को मन्त्र सम्बन्धी अक्षरों की पंक्ति से क्या प्रयोजन था ? बाल सूर्य के समान कान्ति वाले उन शान्ति जिनेन्द्र को आगे रखे गये अन्य दीपों से क्या प्रयोजन था ? तथा स्वयं प्रबुद्धात्मा से युक्त उन शान्ति जिनेन्द्र को बहुत बड़े पहरेदारों के समूह से क्या साध्य था ? फिर भी पुरोहित ने 'यह शिशु है' यह समझकर उनकी व्यर्थ ही रक्षा की थी यह आश्चर्य है ॥२०४॥ जिसमें अभी दन्त रूपी केशर प्रकट नहीं हुई थी । ऐसे

---

१ निजगदुः २ प्रहरिकसमूहेन ।

[illegible] प्राप्याकलाम्भोरुहं
[illegible] निर्व्याजतः ।
[illegible] सर्वस्मिन्ना संततं
बालस्याप्यनुभावसंपदपरा तस्यामभूभूयसी[2] ॥२०५॥

इत्यसगकृतौ शान्तिपुराणे जन्माभिषेकवर्णनो नाम
* त्रयोदशः सर्गः *

जिनके मुख रूपी कमल को प्राप्त कर सरस्वती सुन्दर हास्य के बहाने चिरकाल तक निश्छल भाव से सुशोभित होती रही और लक्ष्मी ने जिनके वक्षःस्थल पर निरन्तर संपूर्ण रूप से क्रीड़ा की उन शान्ति जिनेन्द्र की बाल्यावस्था में भी बहुत भारी अनिर्वचनीय प्रभुत्व रूप संपदा थी ॥२०५॥

इस प्रकार असग महा कवि कृत शान्ति पुराण में जन्माभिषेक का वर्णन करने वाला तेरहवां सर्ग समाप्त हुआ ॥१३॥

---

१ वक्षसि २ विपुला ।

चतुर्दशः सर्गः

卐

अथ स्वस्थानुभावेन यत्नेन च दिवौकसाम्[1] । जिनेन्द्रो ववृधे शान्तिः समं भव्यमनोरथैः ॥१॥
अस्वेदो निर्मलो मूर्त्या हरिच[2]न्दनसौरभः । क्षीरगौरा[3]सृजा युक्तः समग्रशुभलक्षणः ॥२॥
[4]आद्यसंहननोपेतः [5]प्रथमाकृतिराजितः । सौन्दर्येणोपमातीतोऽनन्तवीर्यः प्रियंवदः ॥३॥
[6]चत्वारिंशद्धनुर्दण्डः कर्णिकारसमप्रभः । प्रभविष्णुः स संप्रापद् भाविष्णु नवयौवनम् ॥४॥
अपारं परमैश्वर्यद्वयं तस्यैव विद्युते । वाचैकं जनितं वाग्यदसाधारणया श्रिया ॥५॥
तस्यैव विश्वसेनस्य पुत्रश्चक्रायुधाख्यया । आसीत्सुरेन्द्रचन्द्रोऽपि यशस्वत्यां यशस्करः ॥६॥

चतुर्दश सर्ग

अथानन्तर अपने प्रभाव से और देवों के प्रयत्न से शान्ति जिनेन्द्र भव्यजीवों के मनोरथों के साथ बढ़ने लगे ॥१॥ जो शरीर से स्वेद रहित थे, निर्मल थे, हरिचन्दन के समान सुगन्धित थे, दूध के समान सफेद रुधिर से युक्त थे, समस्त शुभ लक्षणों से सहित थे, आद्यसंहनन—वज्रवृषभ नाराच संहनन से युक्त थे, समचतुरस्र—संस्थान से सुशोभित थे, सौन्दर्य से अनुपम थे, अनन्त बल शाली थे, प्रियभाषी थे, चालीस धनुष ऊंचे थे, कनेर के फूल के समान प्रभा से सहित थे, और बहुत भारी सामर्थ्य से सहित थे ऐसे शान्ति जिनेन्द्र देदीप्यमान यौवन को प्राप्त हुए ॥२-४॥ दो प्रकार का पारमैश्वर्य उन्हीं का सुशोभित हो रहा था एक तो वाणी से उत्पन्न हुआ और दूसरा असाधारण लक्ष्मी से उत्पन्न हुआ ॥५॥

तदनन्तर दृढरथ का जीव जो सर्वार्थसिद्धि में अहमिन्द्र हुआ था वह भी उन्हीं विश्वसेन राजा की यशस्वती रानी से चक्रायुध नामका यशस्वी पुत्र हुआ ॥६॥ शान्ति जिनेन्द्र उसे छोड़कर

---

१ देवानाम् २ दुग्धवद्गौर रुधिरेण ३ वज्रवृषभनाराचसंहननयुक्तः, ४ समचतुरस्रसंस्थानशोभितः
५ चत्वारिंशद्धनुःप्रमाणोत्तुङ्गकायः ।

क्षणमप्यपहायेशो[1] नावतिष्ठेत कुतुत्र । [2]ज्ञातेयं तस्य च स्वस्य प्राक्तनं वा प्रकाशयन् ॥७
उपमातीतसौन्दर्यविद्याधिभवसंयुतः । प्रभावद्युगवत्[3] सोऽपि शान्तिजिन्द्र इवापरः ॥८
स्वचतुर्भागसंयुक्तं [4]शरन्नयुतद्वयम् । अगाद्युगवतस्तस्य कुमारस्थितिशालिनः ॥९
राजलक्ष्म्यास्ततः पाणिं जगृहे[5]स्तीति[6] तद्गुरोः । अन्वशात्प्रकृतिं[7] सम्यक् शास्तितारमपि प्रियाम् ॥१०
जजागार न बाह्यपुष्ये न च प्रकृतिरञ्जने । यथेष्टं वर्तमानोऽपि यद्वा मण्डलनाभिताम् ॥११
न शत्रुरभवत्तस्य नोदासीनो न मध्यगः । लोकातिशायिनी काऽपि [8]स्पृहाराजज्जिगीषुता ॥१२
[9]चारहीनोऽपि निःशेषां विवेद भुवनस्थितिम् । वृद्धानसेवमानोऽपि बभूव विनयान्वितः ॥१३
साम्नि दाने च शक्तोऽपि न [10]मृषोक्तो न चाल्पदः । [11]अनिस्त्रिंशोऽप्यभूच्चित्रं राजधर्मप्रवर्तकः ॥१४
स्वपोषमपुरस्सर्वानन्तरज्ञोऽपि सेवकान् । [12]अनुत्सिक्तोऽपि माहात्म्यमात्मनः ख्यापयन्निव ॥१५
[13]अनीतिर्नाभवत्कश्चिदपि नाम पृथग्जनः । [14]अनीतिर्वसुधा सर्वा सर्वर्तुभिरलंकृता ॥१६
[15]स्नेहाद्वत्य[16]वशीपेता दीपा एव दिवाभवन् । न चान्ये कामुकाः कामं जालमार्गं व्यवस्थिताः ॥१७

कभी क्षण भर के लिए भी अकेले नहीं रहते थे इससे जान पड़ता था मानों वे अपना और उस पूर्वभव सम्बन्धी ज्ञाति सम्बन्ध को प्रकट कर रहे थे ॥७॥ अनुपम सौन्दर्य, विद्या और वैभव सहित वह चक्रायुध भी भगवान् शान्ति जिनेन्द्र के दूसरे प्रतिबिम्ब के समान सुशोभित हो रहा ॥८॥ कुमार स्थिति से शोभायमान उन भगवान् का जब पच्चीस हजार वर्ष का कुमार काल बी गया तब पिता ने उन्हें राजलक्ष्मी का पाणिग्रहण कराया तथा 'यह क्रम है' ऐसा कहकर उन्हें लक्ष्म का शासक बनाया ॥९-१०॥ शान्ति जिनेन्द्र न सन्धि विग्रह आदि छह गुणों में सावधान रहते और न मन्त्री आदि प्रकृति वर्ग के प्रसन्न रखने का ध्यान रखते थे, इच्छानुसार प्रवृत्ति करते थे तो वे राजमण्डल की प्रधानता को प्राप्त थे ॥११॥ न कोई उनका शत्रु था, न उदासीन था, न मध्य था फिर भी उनकी कोई लोकोत्तर अनिर्वचनीय विजयाभिलाषा सुशोभित हो रही थी ॥१२॥ वे यद्य गुप्तचरों से रहित थे तो भी लोककी संपूर्ण स्थिति को जानते थे और वृद्धों की सेवा नहीं करते तो भी विनय से सहित थे ॥१३॥

वे साम और दान उपाय में समर्थ होकर भी न तो असत्य बोलते थे और न अल्प प्रदान क थे। इसी प्रकार अनिस्त्रिंश—तलवार से रहित होकर भी (पक्ष में क्रूरता रहित होकर भी) रा धर्म के प्रवर्तक थे यह आश्चर्य की बात थी ॥१४॥ वे अन्तर के ज्ञाता होते हुए भी समस्त सेवकों अपने समान पोषण करते थे और अहंकार से रहित होकर भी मानों अपना माहात्म्य प्रकट कर रहे ॥१५॥ उनके राज्य में कोई भी मनुष्य अनीति—नीति से रहित तथा अशिष्ट नहीं था। सम ऋतुओं से सुशोभित पृथिवी ही अनीति—अतिवृष्टि-अनावृष्टि आदि ईतियों से रहित थी ॥१६

---

१ क्षान्ति जिनेन्द्रः २ ज्ञाति सम्बन्धम् ३ प्रतिबिम्बमिव ४ वर्षाणाम् ५ चरन्तीति चराः तैर्नहीनोऽ रहितोऽपि ६ मृषावादी ७ कृपाणरहितोऽपि ८ अगर्वोऽपि ९ तीक्ष्णरहितः १० इति रहि ११ तैर्जातु प्रेम्णः १२ दग्धवर्तिकासहिता, हीनदशायुक्ता ।

[illegible] ॥१७॥ [illegible] ॥१८॥ [illegible] ॥१९॥ [illegible] ॥२०॥ [illegible] ॥२१॥ [illegible] ॥२२॥ [illegible] ॥२३॥ [illegible] ॥२४॥

दीपक ही दिन के समय स्नेह—तैल से जली हुयी बत्ती से सहित थे प्रतारण के मार्ग में अच्छी तरह संलग्न अन्य कामी मनुष्य स्नेह—प्रेम से पतित अवस्था से युक्त नहीं रहते थे ॥१७॥ शिलीमुखौघसंपात—भ्रमर समूह का सब ओर से पड़ना फूली लताओं पर ही होता था वहां के मनुष्यों पर शिलीमुखौघसंपात—बाण समूह की वर्षा नहीं होती थी। विकार समूह की स्थिति पाश फैलाने वाले लोगों के निवास स्थानों में ही थी अन्य मनुष्यों में नहीं ॥१८॥ दानोत्सेक—मदजल के उत्सेचन से सयुक्त हाथियों के गण्डस्थल ही थे वहां के मनुष्य दानोत्सेक—दान सम्बन्धी अंहकार से सहित नहीं थे। वश्यात्मा—जितेन्द्रिय मनुष्य ही सदा अपस्मार विकारकाः—काम सम्बन्धी विकार से रहित थे वहां के मनुष्य अपस्मार—मूर्च्छा की बीमारी से सहित नहीं थे ॥१९॥ भ्रम—पर्यटन महलों में ही दिखायी देता था वहां के मनुष्यों में भ्रम—संदेह नहीं दिखायी देता था। कलहासिका—चन्द्रमा जैसी चमक दमक तलवारों में ही थी। वहां के मनुष्यों में कलहासिका—कलह प्रियता नहीं थी। वियोग—पक्षियों का योग फले हुए वृक्षों पर ही प्रकट रूप से था वहां के मनुष्यों में वियोग—विरह प्रकट रूप से नहीं था ॥२०॥ पर दार कर ग्रह—उत्तम स्त्रियों के हाथ का ग्रहण आभूषणों में ही था वहां के मनुष्यों में पर स्त्रियों के हाथ का ग्रहण नहीं था। विचार—तर्क वितर्क न्याय विद्या में ही था वहां के मनुष्यों में विचार—गुप्तचरों का अभाव नहीं था। नैर्गुण्यं—डोरी का अभाव इन्द्र धनुष में ही था वहां के मनुष्यों में दया दाक्षिण्य अथवा सन्धि विग्रह आदि गुणों का अभाव नहीं था ॥२१॥ समरागमनः स्थिति—सम—माध्यस्थ्यभाव रूपी राग से सहित मन की स्थिति सदा सत् पुरुषों की ही थी अन्य मनुष्यों की समरागमनस्थिति—युद्ध प्राप्ति की स्थिति नहीं थी अर्थात् युद्ध करने का अवसर नहीं आता था। यदि कोई कम्पित होते थे तो स्त्रियों के लालित—प्रीतिपूर्ण मुख ही कम्पित होते थे वहां के मनुष्य भय से कम्पित नहीं होते थे ॥२२॥ सन्धि और विग्रह शब्द—वर्णों का परस्पर मेल और समास का प्राग् रूप वैयाकरणों के मुख से ही सुनायी पड़ते थे अन्यत्र सन्धि—मेल और विग्रह—विद्वेष अथवा युद्ध के शब्द सुनायी नहीं पड़ते थे। इसी प्रकार अन्याय और दुर्गति ये शब्द कही जाने वाली कथाओं के बीच ही सुनायी पड़ते थे अन्यत्र नहीं ॥२३॥ आशाभ्रमण—दिशाओं में

---

१ भ्रमरसमूहसंपातः बाणसमूहसंपातः, २ स्त्रीसमागमेन, दान सम्बन्धेन ४ पक्षियोगः, विरहः, ५ आभूषणेषु ६ उत्कृष्ट स्त्रीकरग्रहणम्, परस्त्रीकरग्रहणम्, ७ विमर्शः गुप्तचरामावः ८ प्रत्यञ्चारहितत्वम्, गुणरहितत्वञ्च ९ इन्द्रधनुषि, १० वैयाकरणमुखात् ११ दिग्भ्रमणं, तृष्णाभ्रमणम्, १२ धनुः याचनाभाव।

[illegible] ॥२३॥ [illegible] ॥२४॥
भर्तुः प्रसन्नयां दृष्टिं तस्मिन्नीक्ष्य निरन्तरम् । ज्ञ्योः प्रसक्तसम्बन्धो योऽयमनुमीयते ॥२७॥
भोगान्स्वि[illegible] ॥२८॥
प्रयान्यदा सभामध्ये स्थं सान्तीशं शान्तविद्विषम् । इत्थानम्यायुधाध्यक्षो विज्ञप्तयामिति प्रभुम् ॥२९॥
उत्पन्नवि प्रभो चक्रं स्फुरद्भासकभासुरम् । किं तेऽतिभासकरं भास्वद्भूय बहिःस्थितम् ॥३०॥
[illegible] ॥३१॥
अन्तर्गतसहस्रारं स्वर्गान्तरमिवापरम् । सेव्यमानं सदा यक्षैः कौबेरमिव तत्पदम् ॥३२॥
अथोक्तोत्सेधसंयुक्तमपि प्राशुतयान्वितम् । अपि प्रत्यक्षमाभाति विदूरीकृतविग्रहम् ॥३३॥

भ्रमण करना मेघ में ही था वहां के मनुष्यों में आशाभ्रमण—तृष्णा से भ्रमण करना नही था। मार्गणासन—धनुष धनुर्धारी के पास ही था वहां के मनुष्यों में याचना का आश्रय नहीं था। पांसुला क्रीड़ा—धूलि उछालने की क्रीड़ा हाथी मे ही थी वहा के मनुष्यों में पापपूर्ण क्रीड़ा नहीं थी। भिदा—फूट जाना घड़े में ही दिखाई देता था वहां के मनुष्यों में भिदा—भेदनीति नही दिखायी देती थी ॥२४॥ इस प्रकार जब राजा शान्तिनाथ पूर्वोक्त स्थिति को आदि लेकर अन्य स्थिति—विभिन्न शासन पद्धति को विस्तृत कर रहे थे तब उत्तम संतान से युक्त प्रजा मार्ग का उल्लङ्घन नही करती थी ॥२५॥ राजा विश्वसेन ने शान्तिनाथ के स्वकीय उत्साह तथा आग्रह से ही संतुष्ट हो कर चक्रायुध को युवराज पद पर अधिष्ठित किया ॥२६॥ चक्रायुध पर शान्तिनाथ भगवान् की निरन्तर स्नेह पूर्ण दृष्टि रहती है यह देख लोग भी यह अनुमान करते थे कि इन दोनों का पूर्वभव का सम्बन्ध है ॥२७॥ इस प्रकार पार्थिव—पृथिवी के होकर भी अपार्थिव—देवोपनीत स्वर्गीय भोगों को भोगते हुए शान्तिनाथ भगवान् के समभाव से पच्चीस वर्ष व्यतीत हो गये ॥२८॥

अथानन्तर किसी अन्य दिन शत्रुरहित शान्तिनाथ भगवान् सभा के बीच में विराजमान थे उसी समय शस्त्रों के अध्यक्ष ने बडी प्रसन्नता मे नमस्कार कर यह सूचना दी ॥२९॥ कि हे प्रभो! फैलती हुई कान्ति के समूह से देदीप्यमान चक्र रत्न उत्पन्न हुआ है और उसे देख ऐसा संशय होता है कि सूर्य को पराजित करने वाला आपका तेज ही क्या चक्र होकर बाहर स्थित हो गया है ॥३०॥ आपके उत्पन्न होते ही तीनो लोक किंकर हो गए थे अतः उस चक्ररत्न के द्वारा पृथिवी वश मे की जायगी। यह कथा तो दूसरे लोगो के लिए ही भली मालुम होती है ॥३१॥ वह चक्र अन्य स्वर्ग के समान है क्योंकि जिस प्रकार अन्य स्वर्ग अन्तर्गत सहस्रार—सहस्रार नामक स्वर्ग को अपने अन्तर्गत किये हुए है उसी प्रकार वह चक्र भी हजार अरों को अपने अन्तर्गत किए हुए है। अथवा वह चक्र कुबेर के स्थान के समान है क्योंकि जिस प्रकार कुबेर के स्थान की सदा यक्ष सेवा किया करते है उसी प्रकार उस चक्र की भी यक्ष सदा सेवा किया करते है ॥३२॥ वह यथोक्त ऊंचाई से संयुक्त होने पर भी प्राशुतया—प्रकृष्ट किरणावली से सहित है तथा विदूरीकृत विग्रह—शरीर से रहित होने पर

---

१ भुक्तव्रत २ स्वर्गसम्बन्धिनः ३ वर्षाणि ४ वशीकरणीया ५ पृथिवी।

प्रतिरिपोरपरुद्धमार्गः पद्मरागमयदण्डः । प्रथमस्ते प्रभावेण प्रत्यक्षमुपशोभते ॥३३॥
नभसे निःशेषितशेषशर्वरीतारकस्य ते प्रभोः । छायावीतातपत्रेण दिव्येनापि निरर्थकम् ॥३५॥
सत्यपि वर्तमानासु सकलासु प्रजास्वपि । तथाप्यानिरसूद्दण्डश्चित्ररत्नमयः स्वयम् ॥३६॥
त्वद्गन्धस्पर्द्धयेवाशाः सुगन्धयदचर्चितः । प्रजनि प्रसवि संहारि चर्म चर्मसमं प्रभो ॥३७॥
उदयारुणकाकिण्यौ रत्नं प्रत्यग्रार्ककरोपमैः । आसमन्तादुदिरयतीवाकाशं प्रादुरभवद्विभो ॥३८॥
यो लोकभूषणस्यापि भूषणं ते भविष्यति । तस्य चूडामणेर्देव माहात्म्यं केन वर्ण्यते ॥३९॥
सर्वर्तुकमनीयाङ्गी प्रकामफलदायिनी । आनीता [1]व्योमगैः कन्या काचित् कल्पलतेव ते ॥४०॥
कामगः कामरूपी च प्रहितो व्यन्तरेशिना । सुमेरुरिव संचारी स्थिरो द्वारि वर्तते ॥४१॥
अनन्यजरयोपेतस्तुरगः कार्मुकोपमः । चतुरङ्गः सुरैर्न्यस्तस्तव वासगृहाजिरे ॥४२॥
विक्रमेणाधरीकुर्वन् प्रोत्तुङ्गानपि भूभृतः । कश्चित्सिंह इवागत्य सहसाभूज्जगूपतिः ॥४३॥

भी (पक्ष में युद्ध को दूर करने वाला होकर भी) प्रत्यक्ष सुशोभित होता है ॥३३॥ जिसकी मूठ पद्मरागमणि की है ऐसा नील कमल के समान श्याम वर्ण वाला खड्ग भी उत्पन्न हुआ है। वह खड्ग बालसूर्य—प्रातःकालीन सूर्य से सहित जल में आये हुए मच्छ के समान जान पड़ता है ॥३४॥ एक देवोपनीत छत्र भी प्रकट हुआ है परन्तु समस्त जगत् के संताप को दूर करने वाले आपके लिये वह दिव्य छत्र भी निरर्थक है ऐसा मानता हूं ॥३५॥ यद्यपि समस्त प्रजा समीचीन मार्ग में वर्तमान है तथापि नाना प्रकार के रत्नों से तन्मय दण्ड स्वयं प्रकट हुआ है ॥३६॥ हे नाथ ! जो आपकी गन्ध से स्पर्द्धा होने के कारण ही मानों समस्त दिशाओं को सुगन्धित कर रहा है तथा संकोचित और विस्तृत होना जिसका स्वभाव है ऐसा सुवर्ण के समान प्रभावाला चर्म रत्न उत्पन्न हुआ है ॥३७॥ जो बाल सूर्य की किरणों के समान प्रकाशमान किरणों के द्वारा आकाश को लाल लाल पल्लवों से आच्छादित करता हुआ सा जान पड़ता है ऐसा काकिणी रत्न प्रकट हुआ है ॥३८॥ हे देव ! जो लोक के आभूषण स्वरूप आपका भी आभूषण होगा उस चूडामणि की महिमा किसके द्वारा कही जा सकती है ? ॥३९॥ जिसका शरीर सब ऋतुओं में सुन्दर है, तथा जो प्रकामफल दायिनी—प्रकृष्ट काम रूपी फल को देने वाली है (पक्ष में इच्छित फल को देने वाली है) ऐसी कल्पलता के समान कोई अनिर्वचनीय कन्या विद्याधरों के द्वारा आपके लिये लायी गयी है ॥४०॥ जो इच्छानुसार गमन करता है, इच्छानुसार रूप धारण करता है, व्यन्तरेन्द्र के द्वारा भेजा गया है और चलते फिरते सुमेरु पर्वत के समान जान पड़ता है ऐसा हाथी-गजरत्न द्वार पर विद्यमान है ॥४१॥ जो धनुष के समान अन्यत्र न पाये जाने वाले वेग से सहित है तथा सुडौल है ऐसा घोड़ा देवों ने आपके निवास गृह के आंगन में खड़ा कर दिया है ॥४२॥ जो विक्रम—पराक्रम (पक्ष में ऊंची छलांग) के द्वारा प्रोत्तुङ्ग—श्रेष्ठ (पक्ष में ऊंचे) भूभृतों—राजाओं (पक्ष में पर्वतों) को भी नीचे कर रहा है ऐसा सिंह के समान कोई सेनापति सहसा आ कर उपस्थित हुआ है ॥४३॥ जो समस्त शिल्पों से तन्मय है

---

१ किरणैः २ विद्याधरैः ।

स्थपतिः कर्मशालायां सर्वशिल्पमयो मयः। अनिगुह्यात्ममाहात्म्यमाविष्ट सह गुह्यकैः ॥४४॥
अन्तर्लीनसहस्राक्षिभुजव्यापाररञ्जितः। सम्मिलता कुतोऽप्येत्य कोषागेहे प्रकाशते ॥४५॥
मन्त्री दीप इवादीपि मन्त्रशालावविष्ठितः। हिताय सर्वसत्त्वानां त्वद्बोध इव मूर्तिमान् ॥४६॥
इति रत्नानि भूतेके दुर्लभानि चतुर्दश। नवभिर्निधिभिः सार्धमभूवन्मुखलेश्वर ॥४७॥
एवमुक्तवतस्तस्य पुरस्कृत्यं मनोरथान्। चक्रायुधेन लोकेशः पश्चाच्चक्रमपूपुजत् ॥४८॥
तस्यानुपदवीयस्य ततश्चक्रं जगत्पतिम्। त्रिःपरीत्य ननामारात्सर्वैश्च निधिभिः समम् ॥४९॥
ततो जयजयेत्युच्चैर्घोषतो विस्मयाकुलाः। प्रादुरासन्सुरा व्योम्नि लीलानमितमौलयः ॥५०॥
सर्वे चक्रभृतश्चक्रं नमन्ति महयन्ति च। एतदेव महच्चित्रं [1]तदेवं[2] नमस्यति ॥५१॥
लक्ष्मीः कापि वसत्यस्मिन्सर्वलोकातिशायिनी। [3]मरुतः केचिदित्यूचुः परितस्तत्सभान्तरम् ॥५२॥
प्रणम्य मन्त्रिसेनान्यौ किरीटघटिताञ्जली। तौ व्यजिज्ञपतामित्थं तत्कालोचितमीश्वरम् ॥५३॥
चत्वारश्चक्रिणोऽतीता भरते भरतादयः। कृच्छ्रादिव वशं कृत्स्नं सति चक्रेऽपि चक्रिरे ॥५४॥
नेतुस्ते धर्मचक्रस्य त्रैलोक्यास्खलितायतेः। देव बालोऽपि साम्राज्यमिदमित्यानुषङ्गिकम् ॥५५॥

ऐसा मय नामका स्थपति अपने माहात्म्य को न छिपाता हुआ गुह्यकों—देवविशेषों (सहायकों) के साथ कर्म शाला में बैठा है ॥४४॥ जो भीतर छिपे हुए हजार नेत्र तथा हजार भुजाओं के व्यापार से सुशोभित है ऐसा कोषाध्यक्ष कहीं से आ कर कोषगृह में प्रकाशित हो रहा है ॥४५॥ जो आपके मूर्तिमान् ज्ञान के समान जान पड़ता है ऐसा मन्त्री सब जीवों के हित के लिये मन्त्र शाला में बैठा हुआ दीपक के समान देदीप्यमान हो रहा है ॥४६॥ इसप्रकार हे जगत्पते ! पृथिवी लोक में दुर्लभ चौदह-रत्न नौ निधियों के साथ प्रकट हुए है ॥४७॥ इस प्रकार कहने वाले आयुधाध्यक्ष के मनोरथों को पहले पूर्ण कर—उसे इच्छित पुरस्कार देकर पश्चात् शान्ति जिनेन्द्र ने चक्रायुध के साथ चक्ररत्न की पूजा की ॥४८॥ तदनन्तर उनके पीछे आ कर चक्र ने रत्नों और निधियों के साथ तीन प्रदक्षिणाएं दे कर जगत्पति—शान्तिनाथ जिनेन्द्र को समीप से नमस्कार किया ॥४९॥

तदनन्तर जो उच्च स्वर से जय जय शब्द का उच्चारण कर रहे थे, आश्चर्य से परिपूर्ण थे और जिनके मस्तक लीला से—अनायास ही नम्रीभूत थे ऐसे देव आकाश में प्रकट हुए ॥५०॥ सब चक्रवर्ती चक्ररत्न को नमस्कार करते हैं तथा पूजते है परन्तु यही बड़ा आश्चर्य था कि वह चक्ररत्न ही शान्ति जिनेन्द्र को नमस्कार करता है ॥५१॥ इन शान्ति जिनेन्द्र में समस्त लोक से बढ़कर कोई अनिर्वचनीय लक्ष्मी निवास करती है ऐसा कितने ही देव सभा के भीतर चारों ओर कह रहे थे ॥५२॥ जिन्होंने हाथ जोड़कर मस्तक से लगा रक्खे थे ऐसे मन्त्री और सेनापति ने प्रणाम कर शान्तिनाथ जिनेन्द्र से उस समय के योग्य इस प्रकार निवेदन किया ॥५३॥ इस भरत क्षेत्र में भरत आदि चार चक्रवर्ती हो चुके हैं उन्होंने चक्र के रहते हुए भी कठिनाई से ही मानों सब को वश में किया था ॥५४॥ परन्तु आप तो जिसका पुण्य प्रभाव तीनों लोकों में अस्खलित है ऐसे धर्म चक्र के नेता हैं। आपके

---

१ चक्ररत्नमेव, २ चक्रवर्तिनम्, ३ देवाः।

तथापि चक्रिरत्नेनैव ऋणी दिग्विजयादिकः । स्वयं विधीयतामस्य चक्रस्यैवोपरोधतः ॥५६॥
इति विज्ञप्य [1]जोकेशं लब्धानुज्ञमथान्यदा तौ । भेरीं दिग्विजयायोच्चैस्ताडयामासतुस्तदा ॥५७॥
भूयस्त्वाद्गो व्यनिसस्वारः षट्खण्डे [2]व्याप्तसत्वरः । यत्र यत्र स्थितैर्लोकैस्तत्र तत्र श्रुतो यथा ॥५८॥
वारणेन्द्रयथारूढ़ः पुरश्चक्रपुरःसरः । निर्ययौपवने प्राच्यां प्रस्थानमकरोत्प्रभुः ॥५९॥
रत्नवास्तुमयं तीर्थं स तत्र समधिष्ठितम् । आवसन्मान्यराजन्यसैन्यावासपरिष्कृतम् ॥६०॥
तत्रास्थानमतः शृण्वन् वृद्धेभ्यः पूर्वचक्रिणाम् । कथां [3]प्राकृतवद्वीरे धीरश्चिज्ञानवानपि ॥६१॥
बाह्यरत्नावासतोऽथ [4]बाह्यास्थानीं समोचितम् । सन्मान्य [5]राजकं मुक्त्वा विवेशाभ्यन्तरीं सभाम् ॥६२॥
तस्यां पूर्वोन्मिषत्पश्चात्पश्चेनान्यदिग्विनिर्गतम् । [6]सारात्सारमुद्धरतो मेजे नृसिंहः[7] सिंहविष्टरम्[8] ॥६३॥
अपि रत्नानि ते तेन स्वयमाज्ञप्तमितीरिताः । रत्नीभूतमिवात्मानं तत्काले बहुमेनिरे ॥६४॥
प्रस्तुतोचितमालप्य चिरादिव विसर्ज्य तान् । वासगेहवधान्नाथः प्रविवाडे तमोमुखे[9] ॥६५॥

लिये यह साम्राज्य आनुषङ्गिक अर्थात् गौण है यह बालक भी समझता है । भावार्थ—इस साधारण चक्ररत्न से आपकी महिमा नहीं है क्योंकि आप उस धर्म चक्र के नेता हैं जिसका प्रभाव षट् खण्ड में ही नहीं तीनों लोकों में भी अस्खलित है । यह साम्राज्य आपके लिए आनुषङ्गिक—अनायास प्राप्त होने वाला गौण है । यह बालक भी जानता है ॥५५॥ फिर भी इस चक्ररत्न के उपरोध से ही आपको चक्रवर्तियों का क्रम जो दिग्विजय आदि है वह करना चाहिये ॥५६॥

इस प्रकार शान्ति जिनेन्द्र से निवेदन कर तथा उनकी आज्ञा प्राप्त कर मन्त्री और सेनापति ने दिग्विजय के लिए जोर से भेरी बजवा दी ॥५७॥ भेरी का शब्द छह खण्डों में एक साथ व्याप्त हो गया । वह शब्द जहां जहां स्थित लोगों के द्वारा सुना गया था वहां वहां उत्पन्न हुआ सा सुना गया था ॥५८॥ तदनन्तर जिनके आगे आगे चक्र चल रहा था ऐसे प्रभु ने गजराज पर आरूढ हो नगर से निकल कर पूर्व दिशा के उपवन मे प्रस्थान किया ॥५९॥ वहां उन्होंने माननीय राजाओं तथा सेना के निवास से सुशोभित, मय के द्वारा निर्मित रत्न और लकड़ी से बने हुए महल में निवास किया ॥६०॥ वहां सभा में बैठे हुए धीर वीर भगवान् यद्यपि तीन ज्ञान के धारक थे तो भी वृद्धजनों से पूर्व चक्रवर्तियों की कथा को सुनते हुए साधारण जन के समान आनन्द लेते रहे ॥६१॥

तदनन्तर दिन समाप्त होने पर राजाओं का यथा योग्य सन्मान कर वे बाह्य सभा को छोड़ अभ्यन्तर सभा मे प्रविष्ट हुए ॥६२॥ वहां पहले से बैठे हुए मन्त्री और सेनापति आदि के द्वारा आदर पूर्वक दूर से ही जिनकी अगवानी की गयी थी ऐसे नरोत्तम—शान्ति जिनेन्द्र सिंहासन पर बैठे ॥६३॥ 'आप लोग बैठिए' इस प्रकार भगवान् ने जिनसे स्वय कहा था उन मन्त्री तथा सेनापति आदि रत्नों ने उस समय अपने आपको रत्न जैसा ही बहुत माना था ॥६४॥ तदनन्तर प्रकरण के अनुरूप वार्तालाप कर तथा चिरकाल बाद उन्हें विदा कर रात्रि का प्रारम्भ भाग सघन होने पर भगवान् निवास गृह में गये ॥६५॥

---

१ शान्तिजिनेन्द्रं २ व्याप ३ साधारणजन इव ४ बाह्यसभायाम् ५ राजसमूहं ६ नृश्रेष्ठः शान्तिजिनेन्द्रः ७ सिंहासनम् ८ रजनीमुखे ।

[1]निशायामप्रयेऽतीते प्रयाणकोशसंख्यया । ततोऽन [2]भैरवी भेरी सेनान्यादेशतस्ततः ॥६६॥
शिविरं सुप्तमुत्सर्वं तत्क्षणा व्यधिरोधयत् । अकरोत्सोत्सवोत्साहं स्थिरजङ्गममपि ध्वनत्॥६७॥
शङ्खकाहलतूर्याणि स्वस्वचिह्नान्वितान्यलम् । नेदुस्तालतलानि भूभितानुपतोरणम् ॥६८॥
प्रयाणपरिहृष्टस्य कटकस्य महीयसि । कलकलकले विश्वं व्याप्नुवाने निरन्तरम् ॥६९॥
अनाहूतानतानेक [3]कार्यप्रारब्धकर्मणि । अनुष्ठानाकुलीभूतभवनव्यवहारिणि ॥७०॥
दूरं निरस्यमानेऽस्य तत्काले काकिणीत्विषा । प्रत्यावासं बहिर्व्याप्ते नीलकाण्डपटे यथा ॥७१॥
भूमेरुत्कीर्यमाणेभ्यः स्थूलेभ्यो [4]वीधभोद्वहैः । निःकास्यमानपेटाभिः पीड्यमाननृपाङ्गिरे ॥७२॥
कोलिकापरिवस्त्रादिकण्ठालैः कण्ठलम्बिभिः । उत्पतद्भिरुत्पतद्भिः सर्वत्र धावमानकैलके ॥७३॥
सौन्दर्यविभवोत्सेकाद्धृतभूरिप्रसाधनैः । साधनैरिव [5]पुण्येषीविहारैरभिनन्दिते ॥७४॥
पुरः [6]प्रस्थाप्यमानानस्वकचक्रोरुचीत्कृतैः । अधुतान्योन्यसंवादविसंवाहितभूगणे ॥७५॥
[7]तुन्दीप्रियशतालापात्सहार्यैः प्रातिवेशिकैः । संवाह्यमानबारस्त्रीशयनादिपरिच्छदे ॥७६॥

तत्पश्चात् प्रस्थान के कोशों की संख्या से जब रात्रि के तीन पहर व्यतीत हो गये तब सेनापति की आज्ञा से भगवान् की भेरी शब्द करने लगी ॥६६॥ उस भेरी के शब्द ने एक साथ समस्त शिविर को जागृत कर दिया और तिर्यञ्चों के भी मन को उत्सव तथा उत्साह से भर दिया ॥६७॥ तोरण के समीप राजाओं के अपने अपने चिह्नों से सहित, जोरदार शब्द करने वाले शङ्ख काहल और तुरही अत्यधिक शब्द करने लगे ॥६८॥

प्रयाण से हर्षित सेना का बहुत भारी कल कल शब्द जब क्रम से निरन्तर विश्व को व्याप्त कर रहा था, बिना बुलाये आये हुए अनेक सेवकों ने जब कार्य प्रारम्भ कर दिया था, जब भवन के व्यवस्थापक लोग अनुष्ठानों—कार्यकलापों से व्यग्र हो रहे थे, जब प्रत्येक डेरे का बाह्य अन्धकार नीले रङ्ग के परदे के समान काकिणी रत्न की कान्ति के द्वारा तत्काल दूर किया जा रहा था, भूमि से ऊपर उठाये जाने वाले बड़े ढेरों से कहारों द्वारा निकाली जाने वाली पेटियों से जब राज मन्दिर का आंगन संकीर्ण हो रहा था, गले में लटकने वाले वाद्य विशेष, धोंकनी आदि तथा कण्ठालों (?) से जब ऊंट ऊंचे उछल उछल कर सर्वत्र दौड़ रहे थे, सौन्दर्य रूप सम्पदा के गर्व से जिन्होंने बहुत भारी आभूषण धारण किये थे तथा जो कामदेव के साधन के समान जान पड़ती थी ऐसी वेश्याओं के समूह से जिसका अभिनन्दन किया जा रहा था, आगे चलाये जाने वाली गाड़ियों के पहियों के समूह की बहुत भारी चित्कार से परस्पर का वार्तालाप न सुन सकने से जब भार वाहक लोग विसंवाद को प्राप्त हो रहे थे, जब बड़ी थोंद वाले मनुष्यों के सैकड़ों वार्तालापों से हँसने वाले पड़ौसी लोग वेश्याओं के शयन आदि उपकरणों को ले जा रहे थे, जब नगाड़ों के शब्द को रोकने वाले शृङ्खला के शब्द से

---

१ रात्रिप्रहरत्रये २ विभोरियं भैभवी ३ कर्मकर ४ उभयतो बद्धशिक्ये स्कन्धवाह्ये काष्ठ विशेषे विवध्र वीवध शब्दो निपात्यते । वीवधं उद्वहन्ति वीवधोद्वहास्तैः । ५ मदनस्य ६ प्रस्थाप्यमानानाम् अनसां शकटानां यानि चक्राणि रथाङ्गानि तेषां चक्रस्य समूहस्य यानि उरुचीत्कृतानि तैः ७ तुन्दीप्रियाः स्थूलोदरा जनाः ।

[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥७७॥
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥७८॥
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥७९॥
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥८०॥
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥८१॥
[illegible] विजयाय दिशां ततः । प्रस्थानोचितमाकल्पं[4] प्रतस्थे लीलया वहन् ॥८२॥

चतुर्दशभिः कुलकम्

[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥८३॥
ततः प्रचलिते तस्मिन्[5]रथचक्रे[6]युधपुरःसरे । [7]चक्रायुधे तदा [8]अग्रे कृत्स्ना सैन्यमयीव भूः ॥८४॥
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥८५॥
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥८६॥

उन्मत्त हस्ति समूह के संचार के भय से लोग दूर भाग रहे थे, जब अन्तर को न जानने वाले नये सेवक सेनापति की आज्ञा को स्वेच्छावश अनादर से किसी तरह सम्पन्न करने के लिए तत्पर हो रहे थे, जब इच्छानुसार वाहनों पर बैठे हुए सेनाओं सहित राजकुमारों के द्वारा राजाधिराज शान्ति जिनेन्द्र के भवन सम्बन्धी द्वारों के दोनों ओर के प्रदेश व्याप्त हो रहे थे, और जब सेवकजन सेनापति के आगे चलने वाले दण्ड रत्न के द्वारा आगे का मार्ग निश्छल रूप से समान कर रहे थे ऐसा प्रस्थान का समय आने पर स्तुतिपाठक चारणों के जागरण—गीतों से जागे हुए त्रिलोकीनाथ शान्ति जिनेन्द्र ने यथायोग्य सत्कारों से राजाओं का सन्मान कर तथा जयपर्वत नामक हाथी पर सवार हो दिग्विजय के लिए प्रस्थान किया। उस समय वे प्रस्थान के योग्य वेष को लीला पूर्वक धारण कर रहे थे ॥६९—८२॥

उस समय यद्यपि दिन की लक्ष्मी बालरूप थी—प्रात कालीन थी तो भी दिशाओं के अग्रभाग को व्याप्त करने वाले राजाओं के मुकुटों के प्रकाश उसे मानों अत्यन्त वृद्धिगत कर रहे थे—मध्याह्न के समान सुविस्तृत कर रहे थे ॥८३॥ तदनन्तर चक्रायुध नामक भाई जिनके आगे चल रहा था ऐसे चक्रायुध—चक्ररूप शस्त्र के धारक चक्रवर्ती शान्ति जिनेन्द्र के चलने पर समस्त पृथिवी सेना से तन्मय जैसी हो गयी ॥८४॥ शीघ्रगामी घोड़ों के द्वारा न केवल दिशाओं का समूह भर गया था किन्तु उनकी टापों से खुदी हुई धूलि के द्वारा संसार का मध्यभाग भर गया था ॥८५॥ हस्तिसमूह के जोर दार शब्द से बढ़ते हुए रथों के शब्द ने न केवल जनसमूह के कानों को व्याप्त किया था किन्तु हिमवत् पर्वत की गुफाओं को भी व्याप्त कर लिया था ॥८६॥ 'यह क्या है ?' इस प्रकार घबड़ाये हुए मागधदेव के

---

१ मत्तगजसमूहना २ हस्तिसमूह ३ वैचोदिकैः आचरण कार्ये नियुक्तजनैः कृतानि विधोचनानि तैः। ४ वेषं ५ राज्ञाम् ६ चक्रायुधोनामभ्रातापुरस्सरोऽग्रगामी यस्य तस्मिन् ७ शान्तिजिनेन्द्रे ८ आत्ता ९ दिशाम् १० समूहः मण्डलमित्यर्थः ११ अश्वैः १२ शीघ्रगामुकैः।

[illegible] संभ्रान्तैर्बलपादातैर्जयशब्दवितन्वितैः । शङ्खानां शुश्रुवे शब्दः पत्तिकोलाहलैः सह ॥८७॥
पूरिताखिललोकाशं सैन्यमाशानिरोधि यत् । रुरुधे ध्वनिनाकाशं धरित्रीं च स्वशब्दया ॥८८॥
प्रवासेऽवगतेऽपि क्षेमा[1] वृक्षं वृकद्विषाः । यत्रारण्या न विभ्रेसुस्तत्र का वा विभीषिका ॥८९॥
न च प्रयत्न[2]प्रचुरार्गलबद्धपुरंगोत्करम् । नापि संमृदितंमर्दभुग्नसद्गुर्वंगैवृकम् ॥९०॥
[3]चतुरैरपि [illegible] मार्गखेदः [illegible] । अदृष्टपूर्वविभवभूरिभूतिविलोकनात् ॥९१॥

(युग्मम्)

प्रवासं चक्रिणो द्रष्टुमृतवोऽपि कुतूहलात् । समं जनपदैस्तस्युरारूढोपवनद्रुमान् ॥९२॥
सैन्यावगाहनेनापि वृक्षुभे न जलाशयैः । तादृशस्योद्यमो भर्तुर्न हि क्षोभाय कस्यचित् ॥९३॥
षड्जबलसालोक्य कान्ताम्बरमहीतलम् । इति भ्रात्रा[4] निजगदे 'जगदेकपतिस्ततः ॥९४॥
अनेक[5]पत्रसंपत्ति नेत्रानन्दि[6] विकण्टकम्[7] । चक्रेश चक्रमेतत्ते[8] लक्ष्मीलीलाम्बुजायते ॥९५॥

समीपवर्ती लोगों ने पैदल सैनिकों के कोलाहल के साथ शङ्खों का शब्द सुना ॥८७॥ आशानिरोधि—दिशाओं को रोकने वाली (पक्ष में अभिलाषाओं को रोकने वाली) होकर भी जो पूरिताखिललोकाश—संपूर्ण लोक की दिशाओं को पूर्ण करने वाली (पक्ष में सब लोगों की अभिलाषाओं को पूर्ण करने वाली) थी ऐसी उस सेना ने अपने शब्द के द्वारा आकाश और पृथिवी रूप दोनों मार्गों को रोक लिया था—व्याप्त कर लिया था ॥८८॥ जहां प्रयाण के बीच आये हुए जङ्गल के हरिण और पक्षी भी चतुर मनुष्यों के समान भयभीत नहीं हुए थे वहां भय की बात ही क्या थी ? ॥८९॥ उस सेना में न तो दुर्बल बैलों का समूह बहुत भारी कीचड़ के भीतर निमग्न हुआ था, न उद्दण्ड ऊंटों का समूह ही अत्यधिक भीड़ से उछला था और न पैदल सैनिकों ने भी शान्ति जिनेन्द्र की अदृष्ट पूर्व बहुत भारी विभूति के देखने से मार्गसम्बन्धी परिश्रम प्राप्त किया था ॥९०-९१॥

चक्रवर्ती का प्रयाण देखने के लिये ऋतुएं भी कुतूहल वश देशवासी लोगों के साथ उपवन के वृक्षों पर आरूढ होकर स्थित हो गयीं थी ॥९२॥ सैनिकों के अवगाहन—भीतर प्रवेश करने से भी जलाशय क्षोभ को प्राप्त नहीं हुए थे सो ठीक ही है क्योंकि उसप्रकार के प्रभु का उद्यम किसी के क्षोभ के लिये नहीं था ॥९३॥ तदनन्तर आकाश और पृथिवीतल को व्याप्त करने वाली षड्ङ्गसेना को देख कर भाई चक्रायुध ने जगत् के अद्वितीय स्वामी शान्ति जिनेन्द्र से कहा ॥९४॥

हे चक्रपते ! आपकी यह सेना लक्ष्मी के क्रीडाकमल के समान आचरण कर रही है क्योंकि जिस प्रकार लक्ष्मी का क्रीडाकमल अनेक पत्र सम्पत्ति—अनेक दलों से युक्त होता है उसीप्रकार यह सेना भी अनेक वाहनों से युक्त है, जिस प्रकार लक्ष्मी का क्रीडाकमल नेत्रानन्दि—नेत्रों को आनन्द देने वाला होता है उसीप्रकार यह सेना भी नेतृ+आनन्दि—नायकों को आनन्द देने वाली है और

---

१ विदग्धा इव २ प्रचुरकर्दम मध्यनिमग्नीभवदशिथलवलीवर्दकम् ३ पदचारिणः ४ चक्रायुधेन ५ शान्ति जिनेन्द्रः ६ अनेकवाहनयुक्तम्, अनेकदलसहितम् ७ नायकानन्दि नेतृन् आनन्दयतीति नेत्रानन्दि; पक्षे नेत्राणि नयनानि आनन्दयतीति तथाभूतं । ८ क्षुद्रशत्रु रहित पक्षे कण्टक रहित ९ सैन्यं ।

[illegible] ॥९५॥ [illegible] ॥९६॥ [illegible] ॥९७॥ [illegible] ॥९८॥ [illegible] ॥९९॥ [illegible] ॥१००॥ [illegible] ॥१०१॥ [illegible] ॥१०२॥ [illegible] ॥१०३॥ [illegible] ॥१०४॥

जिसप्रकार लक्ष्मी का क्रीडा कमल विकण्टक—कांटों से रहित होता है उसी प्रकार यह सेना भी विकण्टक–क्षुद्र शत्रुओं से रहित है ॥९५॥ यह भ्रमरों की पंक्ति वेश्या के समान उद्दामदान—बहुत भारी मद (पक्ष में बहुत भारी धन प्राप्ति) के लोभ से निरन्तर मत्तमातङ्ग—मदोन्मत्त हाथियों (पक्ष में उन्मत्त चाण्डालों) की संगति करती है ॥९६॥ मन्त्रियों के समान सुशिक्षित और स्वविग्रह—अपने शरीरों (पक्ष में अपने द्वारा आयोजित युद्धों) के द्वारा शत्रुओं के भेदन करने में (शत्रुओं को फोड़ने मे) निपुण गजराजों के द्वारा रुकी हुई दिशाएं सुशोभित हो रही हैं ॥९७॥ लगाम के प्रयोग करने में कुशल (पक्ष में वशीकरणक्रिया में चतुर) नेताओं के द्वारा जो बड़ी कठिनाई से वश में किये गये हैं ऐसे ये तेजस्वी घोड़े और श्रेष्ठ योद्धा जा रहे हैं ॥९८॥ यह उन्मत्त हाथी शून्यासन होकर भी पीछे से आये हुए महावत को उसकी अनुकूलता को कहते हुए के समान चढ़ा रहा है ॥९९॥ रथ यद्यपि इच्छानुसार चल रहे हैं तो भी चिरकाल के जितेन्द्रिय मनुष्यों की चाल के समान उनकी चाल रजःक्षोभ—धूलि के क्षोभ को (पक्ष में पाप के क्षोभ को) नहीं कर रही है ॥१००॥ नदियां पूर्वभाग से तो निम्नगा—नीचे की ओर ही बहने वाली हैं परन्तु सेना के उतरने सम्बन्धी रुकावट से पिछले भाग से उल्टी बहने लगी हैं। भावार्थ—नीचे की ओर जाने के कारण नदी का नाम निम्नगा है। उनका सेना उतरने के पूर्व पहले का जो भाग था वह तो नीचे की ही ओर जा रहा था परन्तु सेना उतरने के कारण ऊपर का प्रवाह रुक गया अतः वह ऊपर की ओर जाने लगा है ॥१०१॥ निधियों के द्वारा दिये जाने वाले धन से यहाँ कोई दरिद्र नहीं रहा है ये राजा दरिद्रता से निकल कर आपको नमस्कार करने के लिये आ रहे हैं ॥१०२॥ हे नाथ ! यद्यपि एक आप ही विजिगीषु राजा हैं तथा अन्य राजाओं के लिये एक आप ही यातव्य–प्राप्त करने योग्य हैं तथापि नीतिज्ञता एक आप में ही संगत हो रही है ॥१०३॥ हे सर्वहितकर्ता ! अपने पुष्प और फलों के भार से नम्रीभूत वृक्ष और लताएं सब ऋतुओं की संपत्ति को प्रकट कर रही हैं ॥१०४॥ मन्द वायु से कम्पित पल्लव रूपी

---

१ अत्यधिकधनप्राप्तिलोभेन पक्षे प्रचुरमदजललोभेन २ मत्तगजराजसंगति पक्षे जीवचाण्डाल समागमम् ३ वेश्या इव ४ भ्रमरपंक्तिः ५ दत्तिप्रयोगकुशलैः ६ उन्मत्तस्त्रीयाः अथवा: ७ 'महावलिष्ठ' इति प्रसिद्धम्, ८ ज्येष्ठानुकूलताम् ९ गतिः १० दरिद्रः ११ संगता भवति ।

एता मन्दानिलोद्धूतपल्लवाञ्जलिमिश्रिताः । किरन्त्यः पुष्पवर्षार्घं भान्ति पौरस्त्रियो यथा ॥१०५॥
न्यायविधया[1] सर्वेषां दर्शनैकसतृष्णया । सर्वतो दृष्टमायान्ति स्वामिनः सुखजाः प्रजाः ॥१०६॥
प्रतीपाद्यप्रतिपक्षस्य शस्त्रे शास्त्रे च कौशलम् । अप्रयोगतया नूनं तद्विदोऽविदिनन्दते ॥१०७॥
इदमन्यायनिर्मुक्तमन्यायसहितं परम् । त्वयानुना प्रयाणेन नाथ विस्मयते जगत् ॥१०८॥
अनवद्याङ्ग रागेण राजमानाः पदातयः । अनवद्याङ्ग रागेण प्रदीप्ता इव भान्त्यमी ॥१०९॥
सन्ध्यायानमधीवीर्यं षाड्गुण्यं यदुरीरितम् । नेतरि त्वयि सूनानां तदावावेव वर्तते ॥११०॥
वसूदरनाकरान्भूमिः सर्वतोऽपि विभृन्वती । वसुन्धरा[3] न नाम्नैव क्रिययापि वसुन्धरा[4] ॥१११॥
इत्यध्वन्यां[5] प्रकुर्वाणे वाणीं चक्रायुधे प्रभुः । दृश्यमानो मुदा सैन्यैः सैन्यावासं समासदत् ॥११२॥
अन्तरैव निवेशास्तैर्विसृष्टानुगराजकः । स्वावासं प्राविशन्नाथो वासवावाससन्निभम् ॥११३॥

अञ्जलियों के द्वारा पुष्प मिश्रित अर्घ को बिखेरती हुई ये लताएं लाई की वर्षा करने वाली नागरिक स्त्रियों के समान सुशोभित हो रही हैं ॥१०५॥ न्याय के कथन करने की इच्छा से ही जो खिले हुए मुख कमलों से सहित हैं तथा जो उत्तम सन्तति से युक्त हैं ऐसे ये प्रजाजन सब ओर से आपका दर्शन करने के लिये दूर दूर से आ रहे हैं ॥१०६॥ प्रतिपक्ष—शत्रु का अभाव होने से जो शस्त्र विषयक कौशल प्रयोग से रहित होता है उसे उसके ज्ञाता मनुष्य अच्छा नहीं मानते । इसी प्रकार प्रतिपक्ष—शङ्का पक्ष का अभाव होने से जो शास्त्र विषयक कौशल हेतु प्रयोग से रहित होता है उसे वाद कलाके पारगामी पुरुष अच्छा नहीं मानते ॥१०७॥

हे नाथ ! यह जगत् आपके इस प्रयाण से अन्याय निर्मुक्त होता हुआ भी अन्याय से सहित है यह आश्चर्य की बात है (परिहार पक्ष में अन्य आयों से सहित है) ॥१०८॥ हे अनवद्याङ्ग ! हे निर्मल शरीर के धारक ! शान्ति जिनेन्द्र ! राग–लाल रङ्ग के निर्दोष अङ्गराग—विलेपन से शोभायमान ये पैदल सैनिक देदीप्यमान होते हुए के समान जा रहे हैं ॥१०९॥ जो सन्धि विग्रह आदि छह गुणों का समूह योगक्षेम का कारण कहा गया है वह राजाओं के नेतास्वरूप आप में प्रारम्भ से ही वर्तमान है ॥११०॥ सभी ओर रत्नों की खानों को प्रकट करने वाली वसुन्धरा–पृथिवी न केवल नाम से वसुन्धरा है किन्तु क्रिया से भी वसुन्धरा–धन को धारण करने वाली है ॥१११॥ इस प्रकार जब चक्रायुध मार्ग–सम्बन्धी वाणी को प्रकट कर रहे थे तब सैनिकों द्वारा हर्ष पूर्वक देखे गये प्रभु सेना के पड़ाव को प्राप्त हुए ॥११२॥ आज्ञा मे स्थित द्वारपालों के द्वारा जिनके अनुयायी राजाओं को बीच में ही विदा कर दिया गया था ऐसे शान्तिप्रभु ने इन्द्रभवन के तुल्य अपने निवासगृह में प्रवेश किया ॥११३॥

शान्ति जिनेन्द्र की सेना सुमेरु शिखर की शोभा को धारण कर रही थी क्योंकि जिसप्रकार सुमेरु शिखर कल्याणमय—सुवर्णमय होता है उसी प्रकार सेना भी कल्याणमय—मङ्गलमय थी,

---

१ न्यायानुमिच्छया विवक्षया २ अन्ये च ते आयाश्च अन्यायास्तैः सहितम् ३ पृथिवी ४ धनधारिणी ५ अध्वनि मार्गे भवा अध्वन्या ताम् ६ इन्द्रभवनसदृशम् ।

[illegible]

जिसप्रकार सुमेरु शिखर अत्युद्ध—अत्यन्त प्रशस्त होता है उसीप्रकार सेना भी अतिशयप्रशस्त थी, और सुमेरु शिखर जिस प्रकार महाभाग—देव विद्याधर आदि महा पुरुषों से सहित होता है उसी प्रकार सेना भी उत्कृष्ट महानुभावों से सहित थी ॥११४॥ उनकी सेना की निवास भूमि, बहुत भारी राजाओं की विभूति से ऐसी सुशोभित हो रही थी मानों स्वामी और सेवक के सम्बन्ध का आश्रय कर होने वाली दूसरी भोग भूमि ही हो ॥११५॥ जिसने अपरिमित धन सम्पदा के द्वारा आठ वसुओं से प्रसिद्ध तथा ऊपर स्थित स्वर्ग को भी अधःकृत—नीचा कर दिया था ॥११६॥ दानशील निधियों से सहित जो वसति यद्यपि ख्यातपुण्य जनाधारा—प्रसिद्ध यक्षों के आधार से प्रसिद्ध थी (पक्ष्यमें प्रसिद्ध पुण्य शाली जीवों के आधार से प्रसिद्ध थी) तथा राजराज—कुबेर (पक्ष में चक्रवर्ती) से सहित थी तो भी वह कान्ति से अलकापुरी की अच्छी तरह हँसी करती थी ॥११७॥

वह सब ओर से यद्यपि छियानवे कोश विस्तृत थी तो भी अनन्तभोगी—शेषनाग के सम्बन्ध से (पक्ष में बहुत अधिक भोगीजनों के संबंध से) नाग लोक पाताल लोक की स्थिति को धारण कर रही थी ॥११८॥ उस निवास भूमि को देव भी आश्चर्यचकित होकर चारों ओर से देखते थे फिर ग्रामीण लोग कौतुक से आकर देखते थे इसकी कथा ही क्या है ? ॥११९॥ देदीप्यमान मरकत मणियों की कान्ति से जहां हरे हरे घास के मैदान नतोन्नत हो रहे थे तथा जहां की एकान्त अथवा पवित्र भूमियां पुष्पित वृक्षों और लताओं से व्याप्त थीं ऐसी उसकी समीपवर्ती भूमियां काम की जन्म भूमियां बन रहीं थी अथवा उसकी कान्ति से मानों भोग भूमियां तिरस्कृत हो रही थीं ॥१२०–१२१॥ वहां राजभवन के चारों ओर पहले से जो सांकेतिक ध्वजाएं लगायीं गयीं थीं उनके द्वारा ही सैनिक लोग बड़ी कठिनाई से अपने अपने डेरों की ओर जा रहे थे ॥१२२॥ जिनका हृदय परोपकार में लीन

---

१ अतिशोभनं सुवर्णमयं च २ अतिप्रशस्तं ३ सैन्यं ४ शिखरशोभाम् ५ स्वर्गः अष्टाभिः वसुभिः ख्यातः, सैन्यवसतिस्तु अपरिमेयवसुसम्पदा-धनसंपत्त्या ख्याता ६ ख्यातः प्रसिद्धः पुण्यजनानां पुण्यशालिजनानां पक्षे यक्षाणां आधारो यस्यां सा ७ राजराजेन चक्रवर्तिना पक्षे धनाधिपेन सहिता सहिता ८ दानशीलैः ९ अनन्तश्चासौ भोगी च अनन्तभोगी-शेषनागस्तस्य संबन्धात् पक्षे अनन्ताः अपरिमिता ये भोगिनो भोगयुक्ताः तेषां सम्बन्धात् १० ग्रामीणजनैः ११ अवलोकिता । १२ कामोत्पत्ति भूमयः

प्रजासु कृतकृत्यासु निधीनामनुभावतः । जातासु मुमुदे नाथः परार्थनिरताशयः ॥१२३॥
निरुद्धकरसंचारसेनाकम्पिध्वजैः । अवातरदवाकाशात्प्रेर्यमाण इवार्यमा ॥१२४॥
अनुरक्तमिवालोक्य मर्तुः प्रकृतिमण्डलम् । अरुणीकृतमण्डलः स्वमकरोद्विलम्बनम् ॥१२५॥
शोभां सेनानिवेशस्य विक्षुरिव भानुमान् । पश्चिमाद्रेः शिरस्युर्ध्वैः क्षणमात्रं व्यलम्बत ॥१२६॥
प्रतितोयाशयं भानोः प्रतिबिम्बमदृश्यत । गमनायापृच्छमानं वा पद्मिनीं प्लवभूजितैः ॥१२७॥
सहसैवाम्बरत्यागस्तेजोहानिः सुरागता । वारुणीसेवनादस्य भास्वतोऽन्वभूयत ॥१२८॥
प्रत्यग्रसंप्रेरितस्याह्नो वन्यैर्नग महातरोः । दीर्घमूलैरिवास्थायि भानोरूर्ध्वमभीशुभिः ॥१२९॥
यः प्रादुरभूत्सूर्यकान्तेभ्यः स एवाग्निर्दिनात्यये। सूर्यकान्ता इतिव्यक्तं वाक्यच्छलादिव ।१३०॥

था ऐसे शान्ति जिनेन्द्र निधियों के प्रभाव से प्रजा के कृतकृत्य होने पर हर्षित हो रहे थे ॥१२३॥

तदनन्तर जिन्होंने किरणों के संचार को रोक लिया था ऐसी फहराती हुई सेना की ध्वजाओं से प्रेरित होकर ही मानों सूर्य आकाश से नीचे उतरा अर्थात् अस्त होने के सन्मुख हुआ ॥१२४॥ शान्ति जिनेन्द्र के प्रजामण्डल को अनुरक्त - लाल (पक्षमें प्रेम से युक्त) देखकर ही मानों सूर्य ने तीक्ष्णता को छोड़ कर अपने मण्डल-बिम्ब को अनुरक्त—लाल कर लिया था ॥१२५॥ सेना निवास की शोभा को देखने के लिये इच्छुक होकर ही मानों सूर्य ने अस्ताचल की ऊंची शिखर पर क्षणभर का विलम्ब किया था ॥१२६॥ प्रत्येक जलाशय में सूर्य का प्रतिबिम्ब ऐसा दिखायी देता था मानों वह तरङ्गों की ध्वनि के बहाने जाने के लिये कमलिनी से पूछ ही रहा हो—प्रेयसी से आज्ञा ही प्राप्त कर रहा हो ॥१२७॥ वारुणी— पश्चिम दिशा (पक्ष में मदिरा) के सेवन से सूर्य ने भी शीघ्र ही अम्बर त्याग—आकाश त्याग (पक्ष में वस्त्र त्याग) तेजोहानि—प्रताप हानि (पक्षमें प्रभावहानि) और सुरागता—अत्यधिकलालिमा (पक्षमें अत्यधिक प्रीति) का अनुभव किया था । भावार्थ—जिसप्रकार मदिरा का सेवन करने से मनुष्य शीघ्र ही अम्बरत्याग, तेजोहानि और सुरागता को प्राप्त होता है उसी प्रकार पश्चिम दिशा का सेवन करने से सूर्य भी अम्बरत्याग—आकाशत्याग, तेजोहानि—प्रतापहानि और सुरागता—अतिशय लालिमा को प्राप्त हुआ था ॥१२८॥ जिसप्रकार जंगली हाथी के द्वारा उल्टे उखाड़े हुए महावृक्ष की लम्बी लम्बी जड़ें ऊपर की ओर हो जाती हैं उसी प्रकार दिन के द्वारा पश्चिम दिशा में प्रेरित सूर्य की किरणें ऊपर की ओर रह गयी थीं । भावार्थ—अस्तोन्मुख सूर्य की किरणें ऊपर की ओर ही पड़ रही हैं नीचे की ओर नहीं ॥१२९॥ जो अग्नि सूर्यकान्त मणियों से उत्पन्न हुयी थी वह सायंकाल के समय 'ये सूर्यकान्त हैं—सूर्यकान्त मणि हैं (पक्ष में सूर्य के प्रेमी हैं) इस वाक्यच्छल से ही मानों चकवों को प्राप्त हुयी थी । भावार्थ—सूर्यास्त होने से चकवा चकवी परस्पर वियुक्त होकर शोकनिमग्न हो गये ॥१३०॥ उस समय एक कमल वन ऐनी - सूर्य सम्बन्धी (पक्ष में

---

१ सूर्यः २ अमात्यादिवर्गम् ३ सूर्यः ४ तीक्ष्णतां ५ बिम्बं ६ गगनत्यागः पक्षे वस्त्रत्यागः ७ प्रतापहानिः, प्रभुत्वहानिः ८ सुलोहितता, सुष्ठु रागसहितता, ९ पश्चिमदिशा, मदिरा च १० सूर्यकान्तजन्मिभ्यः ११ सूर्यः कान्तो येषां तान् १२ चक्रवाकान् ।

[illegible] ॥१३१॥
[illegible] ॥१३२॥
[illegible] ॥१३३॥
[illegible] ॥१३४॥
[illegible] ॥१३५॥
[illegible] ॥१३६॥
[illegible] ॥१३७॥
[illegible] ॥१३८॥
[illegible] ॥१३९॥

स्वामि सम्बन्धी) पाद सेवा—चरण सेवा (पक्ष में किरणों की सेवा) को न प्राप्त कर संकोचित हो गया था और दूसरा (कुमुद वन) अत्यधिक पाद सेवा चरण सेवा को प्राप्त कर विकसित हो गया था। भावार्थ—यहां इन का अर्थ सूर्य और स्वामी है तथा पाद का अर्थ किरण और चरण है। सायंकाल के समय सूर्य की किरणों को न पाकर कमल वन संकोचित हो गया था और कुमुद वन स्वामी के चरणों की सेवा प्राप्त कर अत्यन्त हर्षित हो गया था ॥१३१॥

पश्चिम दिशा में लाल लाल संध्या ऐसी दिखायी देती थी मानों सूर्य के मार्ग में लगी हुयी लाल कमलों की पंक्ति ही हो ॥१३२॥ उस समय भौंरे कमल वन से उड़कर इधर उधर मंडराने लगे थे जिससे ऐसे जान पड़ते थे मानों काल के द्वारा बोये जाने वाले अन्धकार के बीज ही हों ॥१३३॥ अपनी इच्छा से कहीं घूमकर दिन सम्बन्धी भोजनादि क्रिया को पूर्ण करने वाले तत्तद्देशीय पक्षी परस्पर वार्तालाप करते हुए अपने अपने निवास स्थानों को पुनः प्राप्त हो गये ॥१३४॥ क्षण भर में संध्या की संपूर्ण लालिमा समाप्त हो गयी जिससे ऐसा जान पड़ता था मानों पश्चिम समुद्र की लहरों के जो छींटे ऊपर की ओर जा रहे थे उनसे धुल गयी हो ॥१३५॥

उस समय दीपिकाओं को धारण करने वाले मनुष्य ऊपर उठाये हुये दीपकों के साथ राजाओं के पास पहुँचे और मालाकार चम्पा के फूलों से उज्ज्वल सेहरों के साथ राजाओं के पास पहुँचे। भावार्थ—दीपक जलाने का काम करने वाले लोग दीपक ले लेकर राजाओं के पास पहुंचे और मालाकार चंपा के फूलों से निर्मित सेहरा लेकर उनके पास गये ॥१३६॥ धीरे धीरे अन्धकार ने समस्त दिशाओं को रोक लिया और जब मानों उनमें भी नहीं समा सका तब वह मानवती स्त्रियों के मनों को भी प्राप्त कर विस्तृत हो गया ॥१३७॥ द्वारों से निकलकर दूर तक फैले हुए बाह्य दीपकों की प्रभा समूह से डेरे ऐसे सुशोभित हो रहे थे मानों ऐरावत हाथी की कान्ति को ही प्रकट कर रहे हों ॥१३८॥ अन्धकार से आच्छादित भ्रमरों का जो हुंकार हो रहा था उसे कामीजनों ने पड़ते हुए कामबाणों के पक्षों की सूत्कार की शङ्का से डरते डरते सुना था ॥१३९॥ उस समय लोगों को काम

---

१ चरणसेवां किरणसेवां च २ इनस्य इमं ऐषीताम् सूर्य सम्बन्धिनीं ३ रक्तकमलपंक्तिरिव।

लोकानां मन्मथः कान्तो द्वेष्योऽभूत्तिमिरोद्गमः । अविवेकविधायित्वं तुल्यमप्युभयोस्तदा ॥१४०॥
मित्रो विरोधिनीं विभ्रद्विभक्तज्योतिरम्भःस्थितिम् । महतां प्रथयामास लोकोत्तरामिवाम्बरम् ॥१४१॥
अन्धकारस्य पर्यन्तं ज्ञातुं चन्द्रेण योजिताः । [1]ग्रहवर्या इव स्पष्टं प्रासर्पन्नम्बरे तदा ॥१४२॥
अथान्धतमसत्रातुं जगद्वेगादिवैष्यतः[2] । इन्दोः [3]चरजोभिः प्राक् प्राची विभूसरिताभवत् ॥१४३॥
विधोः करांकुरैः रेजे निर्यद्भिरुदयाचलः । केतकीसूचिभिः कल्पां मालामिव समुद्वहन् ॥१४४॥
अलक्ष्यत कला [4]चान्द्री ततो [5]विद्रुमलोहिनी । मनोभूकल्पवृक्षस्य प्रथमेवाङ्कुरोद्गतिः ॥१४५॥
निगूढं विजिगीषुत्वं को न शत्रौ प्रतीहते । लोहितोऽस्तमितो भूत्वा शशलोऽप्युदयाद्विभुः ॥१४६॥
चन्द्रातपलायमानस्य तमसो लोकविद्विषः । अपसारभुवो दुर्गा जाता गिरिगुहास्तदा ॥१४७॥

तो प्रिय था परन्तु अन्धकार का उद्गम अप्रिय था जब कि दोनों ही समान रूप से अविवेक को उत्पन्न करते हैं। भावार्थ—जिसप्रकार काम अविवेक को करता है अर्थात् हिताहित का विवेक नहीं रहने देता उसी प्रकार अन्धकार भी अविवेक करता है अर्थात् काले पीले छोटे बड़े आदि के भेद को नष्ट कर देता है सबको एक सदृश कर देता है इस तरह काम और अन्धकार में समानता होने पर भी लोगों को काम इष्ट था और अन्धकार का उद्गम अनिष्ट ॥१४०॥

उस समय परस्पर विरोध करने वाली ज्योति और अन्धकार की स्थिति को धारण करने वाला आकाश मानों अपनी लोकोत्तर महत्ता को ही प्रकट कर रहा था। भावार्थ—जिस प्रकार महान् पुरुष शत्रु और मित्र—सबको स्थान देता हुआ अपना बड़प्पन प्रकट करता है उसी प्रकार आकाश भी परस्पर विरोध करने वाली तारापंक्ति और अन्धकार दोनों को स्थान देता हुआ अपना सर्व श्रेष्ठ बड़प्पन प्रकट कर रहा था ॥१४१॥ अन्धकार का अन्त जानने के लिए चन्द्रमा के द्वारा नियुक्त किए हुए गुप्तचरों के समान ग्रह आकाश में स्पष्ट रूप से फैल गये ॥१४२॥

तदनन्तर गाढ अन्धकार से जगत् की रक्षा करने के लिए ही मानों वेग से जो चन्द्रमा आने वाला है उसकी चरण धूलि से पूर्व दिशा पहले ही धूसरित हो गयी ॥१४३॥ चन्द्रमा के निकलते हुए किरण रूपी अंकुरों से उदयाचल ऐसा सुशोभित हो रहा था मानों केतकी के अग्रभागों से निर्मित माला को ही धारण कर रहा हो ॥१४४॥ तदनन्तर मूंगा के समान लाल लाल चन्द्रमा की कला दिखायी देने लगी जो ऐसी जान पड़ती थी मानों काम रूपी कल्प वृक्ष की प्रथम अंकुर की उत्पत्ति हो ॥१४५॥ चन्द्रमा शुक्ल होने पर भी लाल होकर अन्धकार के सन्मुख उदित हुआ था सो ठीक ही है क्योंकि विजिगीषु भाव को छिपाकर शत्रु के प्रति कौन नहीं उद्यम करता है? अर्थात् सभी करते हैं ॥१४६॥ उस समय पर्वतों की दुर्गम गुफाएं चन्द्रमा से भागते हुए लोक विरोधी अन्धकार की अपसार भूमियां हुई थीं। भावार्थ— जिस प्रकार राजा के भय से भागने वाले लोक विरोधी शत्रु को जब कोई शरण नहीं देता है तब वह पर्वतों की गुफाओं में छिपकर अपने विपत्ति के दिन काटता

---

१ चरा इव २ आगमिष्यतः ३ चरणधूलिभिः ४ चन्द्रस्येयं चान्द्री ५ विद्रुम इव प्रवाल इव लोहिनी रक्तवर्णा।

निःशेषितान्धकारेण प्रसन्ने प्रसेदुषा[1] । अन्यथा ह्यविनीतत्वं सत्पुरुषे हि न विद्यते ॥१४७॥
दोषाकरेणाम्बरेण [illegible] । [illegible] ॥१४८॥
उदिते सचिवे[2] काले चुकुपे वारिरन्धिना । [illegible] ॥१४९॥
करैस्तमोपहैरिन्दोरबोधि कुमुदाकरः । अन्तरार्द्रो मुनेर्वाक्यैर्यथा भव्यजनः शुचिः ॥१५१॥
ततः प्रकाशयन्नाशा व्यालगद्वयोम[3] 'सारसः । कामिनां च मनः सद्यो मदनो [4]मानसारस ॥१५२॥
अपेक्ष्य शक्तिसामर्थ्यं कुशला [5]वारयोषितः । कामुकेष्वर्थसिद्ध्यर्थं वितेनुः सन्धिविग्रहौ ॥१५३॥
द्युतिकां कान्तमाप्तेतुं विसस्मर्यापि समुत्सुका । प्रतस्थे स्वयमप्येका दुःसहो हि मनोभवः[6] ॥१५४॥

है उसी प्रकार चन्द्रमा के भय से भागने वाले लोकविरोधी अन्धकार को जब किसी ने शरण नहीं दी तब वह पर्वत की दुर्गम गुफाओं में रह कर अपना विपत्ति का समय व्यतीत करने लगा ॥१४७॥

जिसने अन्धकार को समाप्त कर दिया था ऐसा चन्द्रमा प्रसन्न हो गया—पूर्णशुक्ल हो गया सो ठीक ही है क्योंकि शत्रु का अभाव हो जाने से सत्पुरुष क्रोध नही करते हैं। भावार्थ—अन्धकार रूप शत्रु के रहने से पहले चन्द्रमा क्रोध के कारण लाल था परन्तु जब अन्धकार नष्ट हो चुका तब वह क्रोधजन्य लालिमा से रहित होने के कारण शुक्ल हो गया ॥१४८॥ तदनन्तर चन्द्रमा के हाथ के स्पर्श से (पक्ष में किरणों के स्पर्श से जिनका वस्त्रतुल्य अन्धकार स्खलित हो गया है ऐसी दिशाएं तरलतारका—आँख की चञ्चल पुतलियो से सहित (पक्ष में चञ्चल ताराओं से सहित) हो गयी। भावार्थ—यहां स्त्रीलिङ्ग होने से दिशाओं में स्त्री का आरोप किया है जिसप्रकार पति के हाथ के स्पर्श से कामातुर स्त्रियों का वस्त्र स्खलित हो जाता है और उनके नेत्रो की पुतलियां चञ्चल हो जाती हैं उसी प्रकार चन्द्रमा का किरणों के स्पर्श से दिशाओं का अन्धकार रूप वस्त्र स्खलित हो गया और तारारूपी पुतलियां चञ्चल हो उठी ॥१४९॥ चन्द्रमा का उदय होने पर समुद्र क्षोभ को प्राप्त हो गया सो ठीक ही है क्योंकि दोषाकर—दोषों की खान (पक्ष में निशाकर—चन्द्रमा) का उदय किनके हार्दिक क्षोभ के लिए नही होता ? ॥१५०॥ अन्धकार को नष्ट करने वाली चन्द्रमा की किरणों से कुमुदाकर—कुमुदों का समूह उस तरह बोध विकास को प्राप्त हो गया जिस तरह कि मुनिराज के अज्ञानापहारी वचनों से करुण हृदय वाला पवित्र भव्यसमूह बोध—ज्ञान को प्राप्त हो जाता है ॥१५१॥

तदनन्तर आशाओं—दिशाओं को प्रकाशित करता हुआ चन्द्रमा आकाश में संलग्न हो गया—आकाश के मध्य मे जा पहुँचा और आशाओं—आकाङ्क्षाओं को प्रकाशित करता हुआ मानापहारी काम शीघ्र ही कामी पुरुषों के मन में संलग्न हो गया अर्थात् कामीजनों के मन काम से विह्वल हो गये ॥१५२॥ चतुर वेश्याएं शक्ति-सामर्थ्य की अपेक्षा कर कामीजनों में अर्थ की सिद्धि के लिये सन्धि और विग्रह का विस्तार करने लगी। भावार्थ—चतुर वेश्याएं धन की प्राप्ति के लिए कुपित प्रेमियों से सन्धि और प्रसन्न प्रेमियों से विग्रह—विद्वेष करने लगीं ॥१५३॥ कोई एक उत्कण्ठिता स्त्री पति

---

१ चन्द्रमसा २ हस्तास्पर्शनात्, किरणास्पर्शनात् ३ व्यपेतं तिमिरं यासां ताः ४ चन्द्रे ५ दोषोदयः पक्षे चन्द्रोदयः ६ चन्द्रः 'सारसः पक्षिचन्द्रयोः' इति विश्वलोचनः ७ मनोविहारकः ८ वेश्याः ९ मदनः ।

विप्रलब्धा[1] मुहुर्बाढं तत्संकल्पसमागमैः । काचिन्न मन्ये सुग्धा साक्षात्प्राप्तमपि प्रियम् ॥१५५॥
किं वा मयि विरक्तोऽभूत्किं कयाचिद् बलात्कृतः । किं वा [2]जिज्ञासते धूर्तस्तत्तेऽद्य वृत्तिं मनोगताम् ॥१५६॥
इत्यनायाति प्रिये काचिद्विधिं हेतुं चिन्तयन्ती । तं विलोक्य सकामापि यत्नो निर्वृति[3]मञ्जसा ॥१५७॥
(युग्मम्)
करोति विप्रियं भूयो नमत्येव च तत्क्षणात् । पातुं हातुं च मत्प्रीतिं तरलो यो न शक्नुयात् ॥१५८॥
अव्यवस्थितचित्तेन तेन कार्यं न मे सखि । [4]मानिता किं सचित्ताभ्यां स्त्रीषु साभ्यां न मानिता[5] ॥१५९॥
इति वाचं न वाणान्या कान्ते तत्राप्युपागते । अन्यापदेशतोऽ[6]हासीद्वहासीन्न[7] च धीरताम् ॥१६०॥
अन्योऽप्युद्देशमात्रेण भवानेतावतीं भुवम् । अयात्कथमपीत्येका गोत्रस्खलितमभ्यधात् ॥१६१॥
अतिदूरं किमायातः केयं ते कौशिकीकथा[8] । न वदास्युत्तरं कस्मात्प्रत्ययस्थो मुनिव्रतम् ॥१६२॥
एभिः सहचरैर्नूनमानीतोऽप्यन्यमानसः । परप्रार्थनया प्रेम यद्भवेत्तत्किमञ्जरम् ॥१६३॥

को लाने के लिए दूती को भेजकर भी स्वयं चल पड़ी सो ठीक ही है क्योंकि काम दुःख से सहन करने के योग्य होता है ॥१५४॥

जो पति के द्वारा संकल्पित समागमों से बार बार अच्छी तरह ठगी गयी थी अर्थात् जिसके पति आश्वासन देकर भी नहीं आता था ऐसी कोई भली स्त्री साक्षात् आये हुए भी पति का विश्वास नहीं कर रही थी ॥१५५॥ क्या वह मुझमें विरक्त हो गया है ? या किसी स्त्री ने उसे बलपूर्वक रोक लिया है ? अथवा वह धूर्त इस समय मेरी मनोवृत्ति को जानना चाहता है ? इस प्रकार पति के न आने पर जो कारण का विचार कर रही थी ऐसी कोई स्त्री पति को आया हुआ देख सकामा—काम सहित होने पर भी वास्तविक रूप से निवृत्ति—निर्वाण को प्राप्त हुई थी (पक्ष में सुख को प्राप्त हुई थी) ॥१५६-१५७॥ बार बार विरुद्ध आचरण करता है और तत्काल नमस्कार भी करने लगता है इस प्रकार जो इतना अस्थिर है कि न तो मेरी प्रीति को सुरक्षित रखने में समर्थ है और न छोड़ने में ही समर्थ है । हे सखि ! उस अव्यवस्थित चित्त वाले पति से मुझे कार्य नहीं है । क्या समनस्क स्त्री पुरुषों के द्वारा मानिता—मानवत्ता—मान से सहितपना मानिता—स्वीकृत नहीं है ? अर्थात् स्वीकृत है । इस प्रकार के वचन कहने वाली कोई अन्य स्त्री पति के वहां आने पर भी अन्य के बहाने हँसने लगी थी परन्तु उसने धीरता को नहीं छोड़ा था ॥१५८-१६०॥

आप अन्धे होने पर भी उद्देश मात्र से किसी तरह इतनी भूमि तक—इतने दूर तक आये ? ऐसा एक स्त्री ने नाम भूलकर कहा ॥१६१॥ अधिक दूर कैसे आ गये ? यह आपका भीरुपन क्या है ? उत्तर क्यों नहीं देते ? क्या मुनिव्रत—मौनव्रत ले रक्खा है ॥१६२॥ आपका मन तो दूसरे की ओर लग रहा है, जान पड़ता है यहां आप इन मित्रों के द्वारा लाये गये हैं । जो प्रेम दूसरे की प्रार्थना से

---

१ प्रतारिता २ ज्ञातुमिच्छति ३ निर्वाणं पक्षे सुखम् ४ मानवत्ता ५ स्वीकृता ६ हास्यं चकार ७ न जहाति स्म 'ओहाक् त्यागे' इत्यस्य लुङ्किरूपम् ८ भीरुता ।

इत्युदारमुदीर्येका द्वारी वासरखण्डिता । सखीवाक्यानुरोधेन भूयः प्रत्यग्रहीत्प्रियम् ॥१६३॥
इति संपत्तिलीलेव प्रभुतान्योन्यसंगमाम् । अतिवाह्य निशां प्राप्तः प्रस्थानं भगवान् प्रति ॥१६४॥
वेदिकां [1]सैन्यसंघातैः पातयन् क्षीरसैन्धवीम् [2] । प्रयाणैः प्रमितैः प्राप्तवुप [3]ष्टं महोदधेः ॥१६५॥
यावद्वेलावनोपान्तं नाधितिष्ठन्ति सैनिकाः । तावत्प्रत्युद्ययौ मागधः [4] सह वेलया ॥१६६॥
स विस्मापयन्नामरसैन्यं सेनासमन्वितः । राजद्वारं समासाद्य [5]द्वारस्थाय न्यवेदयत् ॥१६७॥
पुरान्तर्गमयन्नाज्ञः स प्राप्य संसदृगतं ततः । द्वौवारिकः प्रणम्येति राजराजं [6] व्यजिज्ञपत् ॥१६८॥
कृच्छ्रेण वशमायातो यः पुरा भरतादिभिः । सोऽद्वारं समासाद्य मागधो [7]भागधायते ॥१६९॥
कस्यां विहरणायास्य प्रस्तावोऽस्य भविष्यति । कदा देवेति विज्ञाप्य व्यरंसीद् द्वारपालकः ॥१७१॥
किञ्चित्कालमिवान्योक्त्या तिष्ठन्नाज्ञैः समं विभुः । प्रवेशयेमनित्याह भूपतेस्तं प्रबोधितः ॥१७२॥
स वाक्यानन्तरं नत्वा मागधमागतः । प्रावेशयत्प्रहृष्यन्तमधिराट्प्राप्तदर्शनम् ॥१७३॥

होता है वह कितनी देर तक स्थिर रहता है ? अर्थात् बहुत शीघ्र नष्ट हो जाता है । इसप्रकार उदारता पूर्वक वाणी कह कर किसी एक वासरखण्डिता ने सखी वाक्य के अनुरोध से पति को फिर से स्वीकृत कर लिया ॥१६३-१६४॥ इसप्रकार स्त्री पुरुषों के द्वारा जहां परस्पर का संगम प्रारम्भ किया गया था ऐसी रात्रि को व्यतीत कर शान्ति जिनेन्द्र ने मगध देश की ओर प्रस्थान किया ॥१६५॥ सेना के आक्रमण से गङ्गा नदी की वेदिका को गिराते हुए शान्ति जिनेन्द्र कुछ ही पड़ावों के द्वारा महासागर के समीप जा पहुंचे ॥१६६॥

जब तक सैनिक वेलावन के समीप नहीं ठहरते हैं तब तक मागध देव वेला—जोरदार लहर के साथ शान्ति प्रभु की अगवानी के लिये आ गया ॥१६७॥ शान्ति जिनेन्द्र की सेना को आश्चर्य चकित करते हुए उस मागधदेव ने सेना सहित राजद्वार को प्राप्त कर द्वारपाल से निवेदन किया—अपने आने की सूचना दी ॥१६८॥ तदनन्तर राजाओं को दर्शन कराता हुआ वह द्वारपाल सभा में स्थित राजाधिराज शान्ति जिनेन्द्र के पास पहुंचा और प्रणाम कर इस प्रकार कहने लगा ॥१६९॥ जो पहले भरत आदि के द्वारा बड़ी कठिनाई से वश में किया गया था वह मागध देव अग्रिम द्वार पर आकर चारण के समान आचरण कर रहा है ॥१७०॥ वह आपके दर्शन करना चाहता है अतः हे देव ! उसके लिये कब कौन अवसर दिया जायगा, इतना निवेदन कर द्वारपाल चुप हो गया ॥१७१॥ कुछ समय तक तो प्रभु सभासदों के साथ अन्य वार्तालाप करते हुए बैठे रहे । पश्चात् उन्होंने द्वारपाल को आज्ञा दी कि इसे प्रविष्ट कराओ । शान्ति जिनेन्द्र से प्रेरित हुआ द्वारपाल उनके कहने के अनन्तर ही बड़े आदर से मागध देव को भीतर ले गया । शीघ्र ही दर्शन प्राप्त हो जाने से मागध देव हर्षित हो रहा था ॥१७२-७३॥ जो प्रत्येक द्वार पर नमस्कार करके जा रहा था, सब ओर रत्नमयी वृष्टि

---

१ सेनासमूहैः २ क्षीरसिन्धोः इयं क्षीरसैन्धवी तां उभयपक्षवृद्धिः गङ्गासम्बन्धिनीम् ३ समीपं ४ मागधदेवः ५ द्वारपालाय ६ शान्तिजिनेन्द्रं ७ स्तुतिपाठक इवा चरति ।

[illegible] ॥१७४॥ [illegible] ॥१७५॥ [illegible] ॥१७६॥ [illegible] ॥१७७॥ [illegible] ॥१७८॥ [illegible] ॥१७९॥ [illegible] ॥१८०॥ [illegible] ॥१८१॥ [illegible] ॥१८२॥ [illegible] ॥१८३॥

करता जाता था और कौतुक से खड़े हुए राजा लोग जिसे देख रहे थे ऐसे मागधदेव ने सभा में पहुंच कर राजाओं के मुकुटों से घिसी हुई प्रभु की पादपीठिका को मुकुटों के आलोक से बढ़ाते हुए उसकी पूजा की ॥१७४-१७५॥ चक्रवर्तियों के लिये जो कुछ देने योग्य निश्चित है उससे अधिक देकर मागध देव ने जगत्पति से इस प्रकार कहा ॥१७६॥

आपके इस आगमन का कारण चक्र की उत्पत्ति नहीं है। मैं तो महान् अभ्युदय से सहित अपने पुण्य को ही कारण मानता हूं ॥१७७॥ अतीत चक्रवर्तियों के प्रस्थान से यह पूर्व दिशा रजस्वला—धूलि धूसरित (पक्ष में ऋतु धर्म से युक्त) हो गयी थी सो आपके शुभागमन से पवित्र हो गयी है ॥१७८॥ प्रजाओं ने पहले दोनों लोकों में कौन पुण्य कर्म किया था जिससे उसने आप जैसे स्वामी को प्राप्त किया ॥१७९॥ यद्यपि आप चक्रवर्तियों में पञ्चम हैं तो भी प्रभाव से प्रथम चक्रवर्ती हैं क्योंकि आप प्रभु का एक चक्र तो यह हो चुका है, दूसरा चक्र (धर्म चक्र) आगे होगा ॥१८०॥ हे लोकेश ! आपके विषय में कोई कितना ही अधिक प्रिय क्यों न बोले परन्तु वह कभी असत्यवादी नहीं होता क्योंकि आप अनन्त गुणों से सहित हैं ॥१८१॥ इस प्रकार उत्कृष्ट प्रिय वचन कह कर तथा बहुत काल तक प्रभु की सेवा कर प्रभु के द्वारा सम्मान पूर्वक विदा को प्राप्त हुआ मागधदेव अपने निवास स्थान को चला गया ॥१८२॥

तदनन्तर वेलावन—तटवर्ती वन के उपभोग से जिनके समस्त सैनिक संतुष्ट थे ऐसे प्रभु ने समुद्र के किनारे किनारे दक्षिण दिशा की ओर प्रस्थान किया ॥१८३॥ निश्चय से मेघों को जीतने

---

१ नत्वा नत्वा २ क्षिप्त्वा क्षिप्त्वा ३ प्रभोरिय प्राग्भवी ताम् ४ मागधदेवः ५ धूलियुक्ता, आर्तव-युक्ता च, ६ एक चक्रं चक्रवर्ति अक्षयूनं अनुत्पन्नं, अन्यत् चक्रं धर्मचक्रं आगमि भविष्यत् ७ अवलम्बादो ८ प्रियतरम् ९ सागरस्य तटेन ।

कपिध्वजां[1] वैजयन्तीभिर्[2] जम्बुदानु[3] जयन्तीभिरन्वयुक्तम् । वैजयन्तं[4] वशुः प्रापद् द्वारं [5]लवणसैन्धवम् ॥१८४॥
पद्मया संपदान्वेत्य वरं वरतनुः प्रभोः । कपिध्वज[6]चिति कृत्वा पूजोद्राद्विहं वरम् ॥१८५॥
प्रभोरभ्यर्णतोऽभ्येत्य [7]प्रभासं देवमीक्षितुम् । दूरादेव प्रणामं[8] च [9]प्रभासंचयभासुरम् ॥१८६॥
प्रभोरनु वसतोः कतिचिदनुप्रयाणं विसर्जं सम् । [10]अनुकूलं ततः सिन्धोर[11]नुकूलं समापतत् ॥१८७॥
संप्राप्य विजयार्धस्य तटं वनवेदिकाम् । तस्था वनोरुशोभान्तं तोरणद्वारमावसत् ॥१८८॥
विजयार्द्धकुमारेण कृतार्घादिकसत्क्रियः । ततो निवृत्य संप्राप्य स तमिस्रागुहामुखम् ॥१८९॥
तत्रानन्दभरव्याप्तः कृतमालसुरः पुरः । स्वहस्तकृतमालाभिरानर्च विभुमादृतः ॥१९०॥
गुहामुखं समुद्घाट्य सेनापतिरतेतसा[12] । विवेश पश्चिमं खण्डं विजयायाग्यवर्तत ॥१९१॥
प्रतिष्ठते ततो नाथे शान्तोष्मणि गुहामुखे । उत्तरं भरतं जेतुं प्रतापानम्रतोऽभवम् ॥१९२॥
उदंशुदारुणांशुत्वकाकिण्या [13]तमसम् । तमो व्यपोहयामास सेनानाथो गुहोदरात् ॥१९३॥
[14]धुनीं निमग्नसलिलां तत्रोन्मग्नशिलामपि । सेनामतीतरत्सेतुः तत्क्षणाद्बद्धसंक्रमः ॥१९४॥

वाली हाथियों की पताकाओं से उपलक्षित वह सेना लवण समुद्र के वैजयन्त द्वार को प्राप्त हुई ॥१८४॥ वरतनु नामक देव ने बहुत भारी संपदा के साथ प्रभु की भूमि के सम्मुख आकर उनकी पूजा की और यथोक्त कर से अधिक कर दिया ॥१८५॥ तदनन्तर उन्होंने समुद्र के किनारे किनारे पश्चिम दिशा में जा कर प्रभा के समूह से देदीप्यमान प्रभास नामक देव को दूर से ही नम्रीभूत किया ॥१८६॥ हर्ष से कितने ही पड़ाव तक साथ आने वाले उस अनुकूल—अनुगामी देव को विदा कर समुद्र के किनारे चलती हुई प्रभु की सेना विजयार्ध की वनवेदिका को प्राप्त हुई और उसके मनोहर तोरण द्वार के समीप ठहर गयी ॥१८७-१८८॥

तदनन्तर विजयार्द्धकुमार देव के द्वारा जिन्हें अर्घादिक सत्कार दिया गया था ऐसे शान्ति प्रभु वहां से लौटकर तमिसा गुहा के द्वार पर आये ॥१८९॥ वहां आनन्द के भार से व्याप्त कृतमाल नामक देव ने बड़े आदर के साथ अपने हाथ से निर्मित मालाओं के द्वारा प्रभु की पूजा की ॥१९०॥ गुहामुख को खोल कर सेनापति कुछ समय के लिए पश्चिम खण्ड में चला गया और उस खण्ड को अनुकूल कर वहां से लौट आया ॥१९१॥ तदनन्तर गुहामुख की गर्मी शान्त हो चुकने पर प्रभु ने प्रताप से नम्रीभूत होने पर भी उत्तर भारत को जीतने के लिये प्रस्थान किया ॥१९२॥ जिस प्रकार सूर्य मण्डल अन्धकार को नष्ट कर देता है उसी प्रकार सेनापति ने प्रचण्ड किरणों से युक्त सूर्य के समान शोभावाले काकिणी रत्न के द्वारा गुहा के मध्य से अन्धकार को दूर हटा दिया ॥१९३॥ स्थपति के द्वारा जिन्होंने तत्काल पुल की रचना करायी थी ऐसे प्रभु ने उस गुफा के भीतर मिलने

---

१ पताकाभिः २ वैं-निश्चयेन ३ अम्बुदान् जयन्तीभिः पराभवन्तीभिः ४ एतन्नामधेयं ५ लवण सिन्धोरिदं लावणसैन्धवं ६ पूजाम् ७ प्रभिमनु अन्वञ्चि सागरतटेन ८ पश्चिमाम् ९ प्रभासदेवं, १० प्रभायाः संचयेनसमूहेन भासुरं देदीप्यमानं ११ अनुकूलता युक्तं १२ अनुतटम् १३ कालेन १४ सूर्यमण्डलम् १५ नदीम् ।

विवरस्यान्तरं द्वारं सा [1]सज्जासपताकिनी । अतीत्य तरसाध्यास्त रूप्याद्रेर्वनवेदिकाम् ॥१९५॥
[2]परागते पराजित्य पश्चात्यं खण्डमोजसा । सेनानाथे जगन्नाथो मध्यमं खण्डमध्यगात् ॥१९६॥
अथावतीर्य विलातार्यौ तत्रत्यनृपनायकौ । प्रभ्वेत्यानमतां नत्वा सर्वं मेघमुखैः सुरैः ॥१९७॥
प्रहृत्यौ शरदभ्रान्तं सहजा नतयोस्तयोः । अव्यक्तं शक्तिमाहात्म्यमप्रकाशच्चक्रवर्तिनः ॥१९८॥
व्यन्तरेषु वितीर्णेषु किरीटोद्बन्धमञ्जरीः । ऋषभाद्रिं प्रति प्रायाच्चक्री चक्रपुरस्सरः ॥१९९॥
तीर्थकृच्चक्रवर्तीति च कौरव्यः शान्तिराख्यया । गोत्रेण काश्यपः सूनुरश्वसेनविश्वसेनयोः ॥२००॥
इति तत्र स्वहस्तेन लिलेख परमेश्वरः । पूर्वी पूर्वक्रमोपेतौ वशी हि महतां वचः ॥२०१॥
हिमवत्कूटदेवोऽपि गङ्गासिन्धुसमन्वितः । सिद्धैर्वै प्राप्य लोकेशं पार्वतेयैरुपायनैः ॥२०२॥
ततो निवृत्य रूप्याद्रि [3]निकषा वासितं विभुम् । उपेत्याचक्रिरे प्राप्य प्रज्ञप्त्या खेचरेश्वराः ॥२०३॥
खण्डपातगुहाद्वारमुत्कील्य बलनायकः । प्रागिमम्याविरात्खण्डं प्राप्यं निवृते सतः ॥२०४॥
पूर्ववत्तद्बलं जिष्णोर्विगत्य विवरेवरात् । अपाची विजयार्धस्य [4]वेदिकां प्रापदञ्जसा ॥२०५॥

वाली निमग्न सलिला और उन्मग्न सलिला नामक नदियों से सेना को पार उतारा था ॥१९४॥ वह कोलाहल से युक्त सेना वेग से गुफा के भीतर का मार्ग पार कर विजयार्ध पर्वत की वनवेदिका में जा ठहरी ॥१९५॥

जब सेनापति प्रताप से पश्चिम खण्ड को पराजित कर वापिस लौट आया तब प्रभु मध्यम खण्ड की ओर गये ॥१९६॥ तदनन्तर वहां के राजाओं के नायक आवर्त और चिलात ने मेघमुख देवों के साथ आ कर प्रभु को नमस्कार किया ॥१९७॥ क्योंकि वे दोनों राजा बाण वर्षा न कर शीघ्र ही नम्रीभूत हो गये थे इसलिए छत्ररत्न तथा चर्मरत्न की शक्ति का माहात्म्य प्रकट नहीं हो सका ॥१९८॥ जिनके आगे आगे चक्ररत्न चल रहा था ऐसे शान्ति प्रभु ने अग्रभाग में वन की पुष्प मञ्जरियों को बिखेरने वाले प्रसन्न व्यन्तरों के साथ ऋषभाचल की ओर प्रस्थान किया ॥१९९॥ तदनन्तर वहां 'ऐरा और विश्वसेन का पुत्र कौरव वंशी, काश्यप गोत्री शान्तिनाथ, तीर्थंकर और चक्रवर्ती हुआ' इस प्रकार राजराजेश्वर शान्ति जिनेन्द्र ने पूर्व परम्परा से चला आया प्रशस्ति लेख अपने हाथ से लिखा सो ठीक ही है क्योंकि महापुरुषों का वचन सत्य ही होता है ॥२००—२०१॥ गङ्गा सिन्धु देवियों से सहित हिमवत्कूट के देव ने भी आकर पर्वत सम्बन्धी उपहारों से शान्ति प्रभु की सेवा की ॥२०२॥ वहां से लौटकर विजयार्ध पर्वत के निकट ठहरे हुए प्रभु के पास आकर विद्याधर राजाओं ने प्रज्ञप्ति नामक विद्या के द्वारा उनकी सेवा की ॥२०३॥ सेनापति खण्डपातनामक गुफा के द्वार को खोलकर तथा शीघ्र ही पूर्वखण्ड को नम्रीभूत कर वहां से लौट आया ॥२०४॥ तदनन्तर विजयी शान्ति जिनेन्द्र की वह सेना पहले के समान गुफा के मध्य से निकल कर अच्छी तरह विजयार्ध की दक्षिण वेदिका को प्राप्त हुई ॥२०५॥ अखण्ड पराक्रम को धारक तथा अश्रान्त—न

---

१ सज्जसेना २ प्रत्यावृत्ते सति, ४ बाणवृष्टि ५ विजयार्धस्य समीपे ।

अखण्डविक्रमो गत्वा पूर्वखण्डं बलाधिपः। [1]साधयित्वा त्वरावद्भिस्तैरवधान्तसैनिकः ॥२०६॥
इति चक्रोपरोधेन विजित्य सकलां धराम्। कुरुन्कुरुद्वहः प्रापत्प्रीत्या [2]प्रोत्थापितध्वजान् [3] ॥२०७॥

शान्तिजिनविभूतिवर्णनम्

स्वामी नः सकलां प्रसाध्य[4] वसुधामायात इत्यावरा-
दभ्यर्थ्यः सुमनो[5]भिरर्घ्यदूरविन्यस्तैः पौरैः पुरोन्मुखितैः।
[6]राजेन्द्रो नगरं विवेश परया भूत्या सुरैरन्वितः
प्रासादात्प्रमदाजनैः समुदितैरालोक्यमानोदयः ॥२०८॥
मातुर्गर्भगतेन येन सकलं लोकत्रयं नामितं
तस्येयं कियती पराधि नितरां साम्राज्यसंपन्नतः।
विज्ञायेति समग्रभव्यजनतोद्धारकारी जनै-
रस्तावस्तोऽपि स भाविभिर्जिनगुणैर्वर्तादधिष्टुष्टुवे ॥२०९॥

इत्यसगकृतौ शान्तिपुराणे दिग्विजयवर्णनो नाम
* चतुर्दशः सर्गः *

थकने वाले सैनिकों से सहित सेनापति पूर्व खण्ड में गया और उसे वश कर शीघ्र ही लौट आया ॥२०६॥ इस प्रकार चक्ररत्न के उपरोध से समस्त पृथिवी को जीतकर शान्ति जिनेन्द्र प्रीतिपूर्वक फहरायी हुई ध्वजाओं से युक्त कुरुदेश आ पहुँचे ॥२०७॥

हमारे स्वामी समस्त पृथिवी को जीतकर आये हैं, इसलिये पहले से संमुख आ कर सब ओर खड़े हुए प्रसन्न चित्त नागरिक जनों ने जिन्हें अर्घ दिया था ऐसे राजाधिराज शान्ति जिनेन्द्र ने देवों सहित बड़ी विभूति के साथ नगर में प्रवेश किया। उस समय महलों पर एकत्रित हुई स्त्रियां उनके अभ्युदय को देख रही थीं ॥२०८॥ जिन्होंने माता के गर्भ में आते ही समस्त तीनों लोकों को नम्रीभूत किया था उन प्रभु के लिए इस प्रकार की यह चक्रवर्ती की संपदा अत्यन्त उत्कृष्ट होने पर भी कितनी है ? अर्थात् कुछ भी नहीं है ऐसा जानकर वन्दनाशील भव्यजनों ने समस्त भव्यजनों का उद्धार करने वाले उन शान्ति प्रभु की वर्तमान में छद्मस्थ होने पर भी आगे प्रकट होने वाले अरहन्त के गुणों की कल्पना कर स्तुति की थी ॥२०९॥

इस प्रकार असग महाकवि द्वारा विरचित शान्ति पुराण में दिग्विजय का वर्णन करने वाला चौदहवां सर्ग समाप्त हुआ ॥१४॥

---

१ वशीकृत्य २ उन्नमितध्वजान् ३ वशीकृत्य ४ शुचिर्भवद्भिः ५ चक्रवर्ती शान्ति जिनेन्द्रः।

पञ्चदशः सर्गः

卐

अथानुभवतस्तस्य चक्रवर्तिसुखामृतम् । भर्तुः [1]वत्सरसहस्राणि व्यतीयुः पञ्चविंशतिः ।।१।
अन्यदा मतिमालम्ब्य समालम्बितसत्पथाम् । मोक्षमार्गो निवृत्य स्वं संसृतेरित्यचिन्तयत् ।।२।
अहो नु बालिशस्येव हिताहितविदोऽपि मे । व्यर्थं महीयसापि कालेन सुखलिप्सया ।।३।
स लौकान्तिकसंघेन ततो लोकैकनायकः । प्रबुद्धिमासता बोधि प्राप्ते प्रस्ताववेदिना ।।४।
भक्त्या नत्वा तमीशानं स देवर्षिगिनां[2] गणः । ऊचे [3]सरस्वती[4]मर्थ्यामित्थं [5]सारस्वतादिक ।।५।
[6]पारिनिःक्रमणस्यायं कालस्ते नाथ वर्तते । अप्रबुद्धो हि संदिग्धे स्थेयो भव्यात्मनां भवान् ।।६।

पञ्चदश सर्ग

अथानन्तर चक्रवर्ती के सुख रूपी अमृत का उपभोग करते हुए उन शान्तिप्रभु के पच्चीस हजार वर्ष व्यतीत हो गये ।।१।। किसी अन्य समय समीचीन मार्ग का अवलम्बन करने वाली बुद्धि का आलम्बन कर वे शान्ति जिनेन्द्र संसार से निवृत्त हो अपने आप को मुक्त करने की इच्छा से इस प्रकार विचार करने लगे ।।२।। अहो, बड़े आश्चर्य की बात है कि हित अहित का ज्ञाता होने पर भी अज्ञानी जन के समान मेरा बहुत बड़ा काल सुख प्राप्त करने की इच्छा से व्यर्थ ही व्यतीत हो गया ।।३ तदनन्तर लोक के अद्वितीय स्वामी शान्ति जिनेन्द्र, अवसर के ज्ञाता तथा विरक्ति के समर्थक लौकान्तिकदेवों के समूह द्वारा बोधि—रत्नत्रय को प्राप्त हुए ।।४।। सारस्वतादिक देवर्षियों के समूह ने उन प्रभु को भक्ति पूर्वक नमस्कार कर इस प्रकार की अर्थपूर्ण वाणी कही ।।५।।

हे नाथ ! यह आपका गृह परित्याग का काल है क्योंकि अज्ञानी जीव ही संशय करता है आप तो भव्यजीवों में अग्रेसर हैं ।।६।। इस प्रकार प्रभु से इतनी वाणी कह कर लौकान्तिक देवों का

---

१ वर्षसहस्राणि २ देवर्षीणां-लौकान्तिकदेवानाम् ३ वाणीम् ४ अर्थवतीमपेताम् ५ 'सारस्वतादित्य वह्नयरुणगर्दतोयतुषिताव्याबाधारिष्टाश्च' इतिलौकान्तिक देव समूहः ६ दीक्षा ग्रहणस्य ।

[illegible] ॥७॥ इति तद्वचसा तेन स्वयोधेन च भूयसा । भुवनेश्वरमभ्यर्च्य प्रस्थातासौ समुत्सुकः ॥८॥ लोकान्तिकप्रतिबोधितः लोकान्तस्थायिनिधिः । सूनौ नारायणाख्येऽसौ न्यस्तश्रीः समर्पयत् ॥९॥ साम्राज्यं तनयं तस्मिन्नुज्झितुमीहमाने । तपस्यैव हितं पुंसां न श्रीरित्यबुध्यत ॥१०॥ मानस्तम्भसभाकोटीर्देवानां पूरितोदया । अनेकविधवाहानां सहस्रान्वितं पुरम् ॥११॥ निकीर्णसुरसत्येषु विमानैर्विबुधैः परम् । भूमिस्थमपि नाकस्थं तत्क्षणेनाभवत् ॥१२॥ शङ्खदुन्दुभिनिर्घोषव्याप्तदिग्वलयान्तरम् । सुरराजन्यवीरौघैरभ्यषिञ्चि कमात्प्रभुः ॥१३॥ कृतावतरणैः पूर्वं कुशदूर्वाक्षतादरैः । विभूतेर्दर्शनमणीभ्रमरैरिव सेवितः शक्रैः शरः ॥१४॥ चन्दनेन समालभ्य स्वयशोराशिशोभिना । शरच्चन्द्रांशुगौराणि दुकूले पर्यधत्त सः ॥१५॥ मुक्तालंकारसंपन्नो धृतमुग्धकशेखरः । स श्रीमां कामपि प्रापत्तपोलक्ष्मीवधूवरः ॥१६॥ सौभाग्यभङ्गसंभूतलज्जयेव तिरोदधे । तपस्यामुत्सुके तस्मिन्प्रभौ साम्राज्यपद्धतिः ॥१७॥

समूह चुप हो गया सो ठीक ही है क्योंकि सज्जन वाचाल—व्यर्थ बहुत बोलने वाले नहीं होते हैं ॥७॥ इस प्रकार मोक्ष के इच्छुक शान्तिप्रभु लौकान्तिक देवों के उस वचन से तथा बहुत भारी आत्मज्ञान से दीक्षा लेने के लिये उत्सुक हो गये ॥८॥ जिनकी कीर्तिरूपी निधि लोक के अन्त तक विद्यमान थी ऐसे स्वामी शान्तिनाथ ने लौकान्तिक देवों को विदा कर नारायण नामक पुत्र पर अपनी वंश लक्ष्मी को समर्पित किया अर्थात् राज्य पालन का भार नारायण नामक पुत्र के लिये सौंपा ॥९॥ जब शान्ति जिनेन्द्र उस प्रकार के साम्राज्य को छोड़ने की इच्छा करने लगे तब अज्ञानी जनों ने भी यह मान लिया कि तपस्या ही प्राणियों के लिये हितकारी है लक्ष्मी नहीं ॥१०॥

तदनन्तर अनेक प्रकार के वाहनों से सहित चार प्रकार के देवों की बहुत भारी संपदा से वह नगर शीघ्र ही परिपूर्ण हो गया ॥११॥ समीपवर्ती प्रदेशों में देवों के विमानों से अत्यन्त भरा हुआ वह नगर भूमि पर स्थित होता हुआ भी स्वर्ग के मध्य में स्थित के समान हो गया था ॥१२॥ शङ्ख और दुन्दुभियों के शब्दों से दिशाओं का अन्तराल जिस तरह शब्दायमान हो उस तरह देवों, राजाओं और नगर वासियों के समूह ने क्रम से प्रभु का अभिषेक किया ॥१३॥

कुश, दूर्वा, जौ और अक्षतों के द्वारा जिनकी पहले आरती की गयी थी, जिन्होंने उज्ज्वल वेष धारण किया था तथा इन्द्र जिनके आगे आगे चल रहा था ऐसे शान्ति प्रभु सभा में गये ॥१४॥ अपनी यशोराशि के समान शुक्ल चन्दन के द्वारा लेप लगा कर उन्होंने शरच्चन्द्र की किरणों के समान दो नवीन वस्त्र धारण किये ॥१५॥ जो मोतियों के आभूषणों से सहित थे, जिन्होंने छोटा सेहरा धारण किया था तथा जो तपोलक्ष्मी रूपी वधू के वर थे ऐसे शान्तिप्रभु कोई अनिर्वचनीय शोभा को प्राप्त हुए ॥१६॥ वे प्रभु जब तपस्या के लिये उत्सुक हुए तब सौभाग्य भङ्ग से उत्पन्न लज्जा के कारण ही मानों साम्राज्य लक्ष्मी तिरोहित हो गयी—कहीं जा छिपी ॥१७॥ जिनका मुख ऊपर की ओर था ऐसे

---

१ दीक्षायां २ लोकान्तस्थो बह्वोविधिर्यस्य सः ३ ह्रातुमिच्छौ ४ विबुधानां सम्बन्धिनिः ।

निर्गत्य सदसः स्वैरं चरणाभ्यामुदक्मुखः । स्पर्शी भुवमिवाकष्टुं [1]पञ्चषाणि ययौ पदान् ॥१८॥
इति व्यतिक्रमे तस्मिन्नन्तर्द्विषां क्षयम् । आनन्देन जगत्पूर्णं रराज सचराचरम् ॥१९॥
नृत्यमय्यो दिशः सर्वा पुष्पवृष्टिमयं वियत् । तृप्तिदा सुरमय्येवासीत्पृथ्वी तूर्यध्वनिमयी यदा ॥२०॥
आरोह शतो नाथः शिबिकां [2]शिवकोदनः । पश्चात्तुभ्यमितां किञ्चित्सौधर्माद्यैः सुरेश्वरैः ॥२१॥
तस्य चक्रायुधः पश्चान्निरैद् [3] दृष्ट्या सलक्षितः । मुमुक्षुः सुरसङ्घेन कौतुकाधारणः सकौतुकम् ॥२२॥
देवैराकाशयानेन कुर्वद्भिस्तेजोमयं वियत् । सहस्राम्रवनं प्रापद्वृतीर्याद्यैः सतो वृतम् ॥२३॥
स नन्दिवृक्षतं नाथस्तत्रेन्द्रैरवतारितः । अध्यास्योदङ्मुखः सिद्धान्ववन्दे शुद्धया धिया ॥२४॥
ज्येष्ठासितचतुर्दश्यां भरणिस्थे निशाकरे । अपराह्णे प्रवव्राज [4]कृतषष्ठोऽभिनिष्ठितः ॥२५॥
मध्येपटलिकं न्यस्य मूर्तुः केशानलिप्तुतीद् । मालतः सुमनोवासाक्षिप्तो क्षीरवारिधौ ॥२६॥
सहस्रसम्मितैर्भूपैर्भव्यताप्रेरितात्मभिः । सार्धं शमपरो दक्षां दीक्षां चक्रायुधोऽग्रहीत् ॥२७॥
[5]प्रव्रज्यानन्तरोद्भूतसप्तलब्धिविभूषितः । स मनःपर्ययं नाथः संप्रापदधि [6]पर्ययम् ॥२८॥

शान्तिप्रभु सभा से निकल कर इच्छानुसार चरणों के द्वारा पृथिवी का स्पर्श करने के लिये ही मानों पांच छह डग पैदल चले थे ॥१८॥ इस प्रकार जब वे अन्तःशत्रुओं के समूह को नष्ट करने के लिये उद्यत हुए तब चराचर सहित सम्पूर्ण जगत् आनन्द से सुशोभित होने लगा ॥१९॥ उस समय सब दिशाएं नृत्यमय हो गयी थी, आकाश पुष्पवृष्टिमय हो गया था, सृष्टि देवमयी हो गयी थी और पृथिवी वादित्रों के शब्द से तन्मय हो गयी थी ॥२०॥

तदनन्तर प्रशस्त यश से युक्त शान्तिनाथ उस पालकी पर आरूढ हुए जो सौधर्म आदि इन्द्रों के द्वारा पीछे की ओर से कुछ ऊपर की ओर उठायी गयी थी ॥२१॥ जो सम्यग्दर्शन से सहित था, मोक्ष का इच्छुक था और देव समूह जिसे कौतुक से देख रहा था ऐसा चक्रायुध शान्ति जिनेन्द्र के पीछे ही घर से निकल पड़ा ॥२२॥ देवों के द्वारा धारण की हुई पालकी से आकाश को तेजोमय करते हुए शान्ति जिनेन्द्र उस सहस्राम्र वन में पहुंचे जो देवों से सब ओर घिरा हुआ था ॥२३॥ वहां इन्द्रों के द्वारा उतारे हुए शान्ति प्रभु ने नन्दीवृक्ष के नीचे बैठकर तथा ऊपर की ओर मुख कर शुद्ध बुद्धि से सिद्धों को नमस्कार किया ॥२४॥ उन्होंने ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्दशी के दिन जब कि चन्द्रमा भरणी नक्षत्र पर स्थित था अपराह्ण समय दो दिन के उपवास का नियम लेकर निष्ठा पूर्वक दीक्षा धारण की ॥२५॥ इन्द्र ने भ्रमर के समान काले तथा फूलों से सुवासित भगवान् के केशों को पिटारे में रख कर क्षीर समुद्र में क्षेप दिया ॥२६॥ जिनकी आत्मा भव्यत्व भाव से प्रेरित हो रही थी ऐसे एक हजार राजाओं के साथ प्रशमभाव में तत्पर चक्रायुध ने (कर्म शत्रुओं के नष्ट करने में) समर्थ दीक्षा ग्रहण की ॥२७॥

जो दीक्षा के अनन्तर प्रकट हुई सात ऋद्धियों से विभूषित थे ऐसे उन शान्तिनाथ स्वामी ने सम्यक् मनःपर्यय ज्ञान प्राप्त किया । भावार्थ—उन्हें दीक्षा लेते ही सात ऋद्धियों के साथ मनःपर्यय

---

१ पञ्च षड्वा इति पञ्चषाणि २ प्रशस्तयशाः ३ निरगच्छत् ४ कृतविनतयोपवासः ५ दीक्षानन्तर प्रकटित बुद्धिविक्रियादिसप्तऋद्धिविभूषितः ६ सम्यक् ।

[illegible] मन्दिराख्यं पुरं स्वामी प्राविशच्चाप्तनिर्देशः ॥२९॥
सुमित्रपरिवारोपेतसुमित्रो नाम तत्पतिः । भद्रादिगुणसम्पन्नो विधिना तमभोजयत् ॥३०॥
तस्य प्रभास्वतः कीर्तेर्भाण्डागारं महीभुजः । पुरः सुरकरिष्टङ्कविशुद्धयशोमिलः ॥३१॥
संयमेन विशुद्धात्मा सामायिकविशुद्धिना । अतप्यत तपो नाथः परं षोडश वत्सरान् ॥३२॥
सहस्राम्रवने मूले शिलां नन्दितरोरधः । अभ्यारुह्य शुक्लध्यानीद्घातुकं [1]घातिकक्षयात् ॥३३॥
दशम्यामपराह्णेऽथ पौषे भरणिसंस्थिते । भरण्यां केवलज्ञानं लोकालोकप्रकाशकम् ॥३४॥
अनन्तज्ञानदृग्वीर्यसुखैरन्तः [2]चतुष्टयैः । अनन्तज्योतिरित्याख्यां चतुरास्यः प्रपेदिवान् ॥३५॥
कृतार्थोऽपि परार्थाय प्रवृत्ताभ्युदयस्थितिः । स्वान्तस्थाखिलभावोऽपि व्यरुचन्निः परिग्रहः ॥३६॥
घनप्रभा प्रभामूर्तिरालोक इति मूर्तिभिः । त्रिमूर्तिरेकोऽप्यभवत्तदैकोऽप्यवभासते ॥३७॥
चतुर्गोपुरसंपन्नं रत्नप्राकारभासितम् । कामदं कामिनां सेव्यैर्बाह्यैरन्तश्च संयुतम् ॥३८॥

ज्ञान प्राप्त हो गया ॥२८॥ अन्य दिन प्रयोजन के ज्ञाता भगवान् ने समयानुसार आहार प्राप्ति के लिये सुन्दर भवनों में सहित मन्दिर नामक नगर में प्रवेश किया ॥२९॥ सुमित्र—अच्छे मित्र रूप परिवार से युक्त होने के कारण जो सुमित्र नामका धारक था तथा श्रद्धा आदि गुणों से संपन्न था ऐसे वहां के राजा ने उन्हें विधि पूर्वक आहार कराया ॥३०॥ गङ्गा के जल के समान निर्मल यश के भाण्डार स्वरूप उस राजा के देवों ने पञ्चाश्चर्य विस्तृत किये ॥३१॥ सामायिक की विशुद्धि से सहित संयम के द्वारा जिनकी आत्मा अत्यन्त विशुद्ध थी ऐसे उन भगवान् ने सोलह वर्ष तक उत्कृष्ट तप तपा ॥३२॥

तदनन्तर सहस्राम्रवन में नन्दिवृक्ष के नीचे शुद्ध शिला पर आरूढ होकर उन्होंने घातिया कर्मों का क्षय करने वाले शुक्ल ध्यान को धारण किया ॥३३॥ पश्चात् पौष शुक्ल दशमी के दिन अपराह्ण काल में भरणी नक्षत्र के रहते हुए उन्होंने लोका—लोक को प्रकाशित करने वाला केवल-ज्ञान प्राप्त किया ॥३४॥ अन्तरङ्ग में अनन्तज्ञान, अनन्तदर्शन, अनन्तसुख और अनन्त वीर्य से सहित वे भगवान् अनन्तज्योति और अनन्त चतुरानन इस नाम से प्रसिद्ध हुए ॥३५॥ जो कृतकृत्य होकर भी पर प्रयोजन के लिए प्रवृत्त अभ्युदय की स्थिति से सहित थे—ज्ञान कल्याणक महोत्सव से युक्त थे और जो समस्तपदार्थों को हृदय में धारण करते हुए भी परिग्रह से रहित थे ऐसे वे शान्ति जिनेन्द्र अत्यन्त सुशोभित हो रहे थे ॥३६॥ उस समय वे त्रिलोकीनाथ एक होकर भी घनप्रभा, प्रभामूर्ति और आलोक इन तीन मूर्तियों से अत्यधिक सुशोभित थे। भावार्थ—उनका दर्शन करने वाले को पहले अनुभव होता था कि भगवान् के शरीर से सघन प्रभा प्रकट हो रही है, पश्चात् अनुभव होता था कि प्रभा ही उनका शरीर है और अन्त में ऐसा जान पड़ता था कि एक प्रकाश ही है इस प्रकार एक होवे पर भी वे तीन शरीरों से युक्त प्रतीत होते थे ॥३७॥

जो चार गोपुरों से सहित था, रत्नमय तीन कोटों से युक्त था, सेवनीय बाह्य उपवनों के समूह से कामी मनुष्यों को काम का देने वाला था, भीतर कामशाला आदि से युक्त तथा मनुष्य देव

---

१ आहारार्थम् २ ज्ञानदर्शनावरणमोहान्तरायाख्यं ।

[illegible] कामशास्त्रविशारदैः । नृत्तुरासुरसंभोगसंक्षोभितवनोपमैः ॥३८॥
चतुरस्रतयापि पृथुलमपि पृथं [illegible] । [illegible] ॥३९॥
[illegible] । उत्तमं [illegible] पुरन्दरकृतं पुरम् ॥४०॥

[चतुष्कलम्]

तस्मिन्नन्धकुटीसौधमध्यस्थं [1]हरिनिर्मितम् । [2]हरिविष्टरमध्यास्त प्राङ्मुखः परमेश्वरः ॥४२॥
तत्पर्योजनविस्तीर्णं शाखामण्डलमण्डपम् । प्रादुरासीदशोक[3]वृक्षस्तु[4] मरुत्प्रकम्पितः ॥४३॥
पुष्पवृष्टिर्दिवोऽपप्तत् कथं ते पुष्पकेतुता । इति निर्भर्त्सयन्तीव [5]मारं [6]मधुलिहां रुतैः ॥४४॥
त्रिच्छत्री[7]व्याजमादाय रत्नत्रयमिवामलम् । उपर्यविरमूर्ध्वं तु मुक्तिसोपानलीलया ॥४५॥
जयत्येव त्रिलोकीशः [8]पुष्पकेतुजयोन्नतः । इतीव घोषयन्नुच्चैर्देवान विवि दुन्दुभिः ॥४६॥
चतुःषष्टिर्धवलक्षाणि[9] चामराण्यभितो विभुम् । यक्षाहीन्द्रभुजान्मुक्त्योत्स्नाकल्लोलविभ्रमम् ॥४७॥
परस्परान् सप्तभ्यो यस्मिन् स्वान् सप्त वीक्षते । तद्भामण्डलमत्युद्गमतीतज्योतिरुदयौ ॥४८॥
[illegible] स्थाने अतत्प्रमितम् । [illegible] पुरो भर्तुः सुधर्माङ्गणवद्बभौ ॥४९॥

और असुरों के संभोग कक्षों से सुशोभित वनों से सुन्दर था, चौकोर शोभा से युक्त होने पर भी जो सब ओर से गोल था (पक्ष में विविध शोभा से सहित होकर गोलाकार था), अठारह कोश विस्तृत होकर भी जिसमें तीनों लोक समाये हुए थे, जो त्रिलोकसार आदि सैकड़ों नामों से सहित था, जिससे उत्तम और दूसरा नहीं था, तथा जो इन्द्र के द्वारा निर्मित था ऐसा उन भगवान् का उत्कृष्ट नगर—समवसरण था ॥३८–४१॥

उस समवसरण में गन्धकुटी रूपी भवन के मध्य में स्थित जो इन्द्र निर्मित सिंहासन था उस पर शान्ति जिनेन्द्र पूर्वाभिमुख होकर विराजमान हुए ॥४२॥ जो एक योजन विस्तृत शाखामण्डल रूप मण्डप को धारण कर रहा था तथा मूंगाओं के गुच्छों से नम्रीभूत था ऐसा अशोक वृक्ष प्रकट हुआ ॥४३॥ आकाश से वह पुष्पवृष्टि पड़ रही थी जो भ्रमरों के शब्दों से कामदेव को मानों यह कहती हुई डांट रही थी कि हमारे रहते तेरा पुष्प केतु पन कैसे रह सकता है ? ॥४४॥ भगवान् के ऊपर छत्रत्रय का बहाना लेकर मानों वह निर्मल रत्नत्रय प्रकट हुआ था जो मुक्ति की सीढ़ियों के समान जान पड़ता था ॥४५॥ आकाश में दुन्दुभि शब्द कर रहा था मानों वह उच्च स्वर से इस प्रकार की घोषणा कर रहा था कि यह त्रिलोकीनाथ ही कामदेव पर विजय प्राप्त करने से सर्वोत्कृष्ट है ॥४६॥ प्रभु के दोनों ओर यक्षेन्द्र और धरणेन्द्र के द्वारा ढोले गये चौसठ सफेद चमर चांदनी की लहरों की शोभा को धारण कर रहे थे ॥४७॥ जिसमें भव्यजीव अपने आगे पीछे के सात भव देखते हैं वह अतिशय श्रेष्ठ अत्यधिक ज्योति सम्पन्न भामण्डल प्रकट हुआ ॥४८॥ जो गमन काल में एक योजन

---

१ इन्द्रनिर्मितम् २ सिंहासनम् ३ अशोकवृक्षः ४ प्रवालगुच्छकावनतः ५ कामं ६ भ्रमराणां ७ त्रयाणां छत्राणां समाहारः त्रिछत्री तस्या व्याजं छलं ८ यक्षधरणिन्द्रोत्तरः ९ त्रयवक्षीः ।

पूर्वदक्षिणतस्तस्मिन्विनिवेशसतीयं परीत्य तम् । द्वादश द्वादशाङ्गनया गणा गणधरादिकाः ॥५०॥
[1]गणेश्वरा पुण्यभारप्रभावयुक्तपुरस्सराः । तं धर्मचक्रिणं नाथमुपासांचक्रिरे क्रमात् ॥५१॥
सुविशुद्धविकल्पोत्थसम्यक्त्वालम्पशोभिताः । स्वसंकल्पसिद्धये ॥५२॥
तपःश्रिय इव मूर्तीः क्षान्त्यादिगुणभूषणाः । [2]आर्याश्चक्रुस्तमार्चेशमार्यिकाः पर्युपासिरे ॥५३॥
ज्योतिर्लोकनिवासिन्यस्तत्त्वज्योतिषि सादराः । [3]याचितमुक्तयः ॥५४॥
मुकुलीकृत हस्ताग्रपल्लवोल्लसितालिकाः[4] । विस्मयात्तं नमन्ति स्म [5]व्यन्तरस्त्रीगणाः ॥५५॥
आसेवन्त तमानम्र सौम्यभावनमानसाः । विगलीभूत[6]दुरितभावना भावनाङ्गनाः ॥५६॥
विशुद्धिपरिणामेन प्रणम्रमणिमौलयः । उपास्यिषत भव्येशं भावनाः संसृतिक्षये ॥५७॥
अन्तरा तं नमन्ति स्म शुद्धान्तःकरणक्रियाः । विमुक्तये विमुक्तेशं मुक्तालंकारसुन्दराः ॥५८॥

विस्तृत होता है और ठहरने के स्थान में तीन धनुष अर्थात् बारह हाथ विस्तृत रहता है ऐसा धर्मचक्र भगवान के आगे उत्तम धर्म के अङ्ग के समान सुशोभित हो रहा था ॥४९॥ विद्यमान भगवान् की प्रदक्षिणा रूप से घेर कर पूर्व दक्षिण भाग आदि के रूप में स्थित गणधर आदिक बारह गण थे जो द्वादशाङ्ग के समान जान पड़ते थे। भावार्थ—भगवान् शान्तिनाथ गन्ध कुटी के बीच में विद्यमान थे और उन्हें घेर कर प्रदक्षिणा रूप में बारह सभाएं बनी हुई थी जिनमें गणधर आदि बैठते थे ॥५०॥

गुणों के आधारभूत चक्रायुध आदि मुनि, धर्मचक्र से युक्त उन शान्ति प्रभु की क्रम से उपासना करते थे ॥५१॥ अत्यन्त विशुद्ध विकल्प से उत्पन्न सम्यग्दर्शन रूपी आभूषणों से सुशोभित कल्प वासिनी देवियां अपना संकल्प सिद्ध करने के लिए उन भगवान् को नमस्कार करती थीं ॥५२॥ जो मूर्तिधारिणी तपोलक्ष्मी के समान थीं तथा क्षमा आदि गुण ही जिनके आभूषण थे ऐसीं निर्मल अभिप्राय वालीं आर्यिकाएं आर्यजनों के स्वामी श्री शान्तिनाथ भगवान् की उपासना करती थीं ॥५३॥ तदनन्तर जो तत्त्वज्ञान रूपी ज्योति में आदर भाव से सहित थीं तथा मुक्ति की याचना कर रहीं थीं ऐसीं ज्योतिष लोक की निवासिनी देवियां आदरपूर्वक भगवान् के समीप बैठी थीं ॥५४॥ जिनके ललाट कुड्मलाकार हाथों के अग्रभाग रूपी पल्लवों से सुशोभित हैं अर्थात् जिन्होंने हाथ जोड़ कर ललाट से लगा रक्खे हैं ऐसी व्यन्तर देवाङ्गनाएं आश्चर्य से उन प्रभु को नमस्कार करती थीं ॥५५॥ जिनकी मनोवृत्ति सौम्य थी तथा जिनकी भगवद् विषयक भक्ति भावना अत्यन्त निर्मल थीं ऐसी भवनवासी देवाङ्गनाएं नमस्कार कर उन शान्ति जिनेन्द्र की सेवा कर रही थी ॥५६॥ विशुद्धि रूप परिणामों से जिनके मणिमय मुकुट अत्यन्त नम्रीभूत हो रहे थे ऐसे भवनवासी देव संसार की हानि के लिए उन भव्यों के स्वामी शान्ति प्रभु के निकट स्थित थे अर्थात् उनकी उपासना कर रहे थे ॥५७॥ जिनके अन्तःकरण की क्रिया शुद्ध थी तथा जो मोतियों के अलंकार से सुन्दर थे ऐसे व्यन्तर देव मुक्ति प्राप्त करने के लिए उन विमुक्त जीवों के स्वामी शान्ति प्रभु को नमस्कार कर रहे थे ॥५८॥ जो अपनी देदीप्यमान प्रभारूपी माला को धारण कर रहे थे तथा जिन्हें तत्त्व विषयक रुचि

---

१ गणाः २ उत्तमाभिप्रायाः ३ याचितमुक्तयः ४ ललाटाः ५ भवनवासिदेव्यः ।
६ भवनवासिनो देवाः

ज्योतिषां पतयो भास्वत्स्वप्रभामण्डलधारिणः । संजाततत्त्वरुचयो निषेदुर्निकषा[1] विभुम् ॥५९॥
तद्दृष्ट्वैव कौतुकेनेव निश्चलाक्षा[2] दिवौकसः । सहजाक्षाश्रयस्तस्थुः समया[3] तं समन्ततः ॥६०॥
दानशीलोपवासेज्याक्रियाभिः प्रथितास्तदा । नमस्तस्तं विजानन्ति स्म नृपा नारायणादयः ॥६१॥
त्यक्त्वा शाश्वतिकं वैरं तिर्यञ्चोऽञ्चितवृत्तयः । हरीभाद्याः[4] स्म सेवन्ते स्मरन्तः स्वं पुरा भवम् ॥६२॥
एवं द्वादशवर्गीयैः परीतं परमेश्वरम् । ततः संक्रन्दनो धर्मं पृच्छति स्म कृताञ्जलिः ॥६३॥
ततः पृष्टस्य तेनेति भावा प्रावर्तत प्रभोः । सर्वभाषात्मिका सर्वा सर्वतत्त्वैकमातृका ॥६४॥
सम्यग्दर्शनसम्बोधचारित्राणि धर्म इत्यवगन्तव्यताम् । सम्यक्त्वमेव तत्त्वार्थश्रद्धानमभिधीयते ॥६५॥
निसर्गाधिगमौ तस्य स्यातां हेतू सुनिश्चितौ । तत्र प्रशमसंवेगास्तिक्याभिव्यक्तिलक्षणम् ॥६६॥
जीवाजीवास्रवा बन्धसंवरौ निर्जरा परा । मोक्षवर्गा इति ज्ञेयास्तत्त्वार्थाः सप्त सूरिभिः ॥६७॥
चेतनालक्षणो जीवोऽजीवस्तल्लक्षणेतरः । कर्मणामागमद्वारमास्रवः परिकीर्तितः ॥६८॥
परस्परप्रदेशानुप्रवेशो जीवकर्मणोः । बन्धोऽप्यास्रवसंरोधलक्षणः संवरोऽपरः ॥६९॥

उत्पन्न हुई थी ऐसे ज्योतिषी देवों के स्वामी भगवान् के समीप बैठे थे ॥५९॥ यह देख कौतुक से ही मानों जिनके नेत्र निश्चल हो गये थे ऐसे सौधर्मेन्द्र आदि कल्पवासी देव नम्रीभूत होकर भगवान् के निकट बैठे थे ॥६०॥ जो उस समय दान शील उपवास तथा पूजा आदि की क्रियाओं से प्रसिद्ध थे ऐसे नारायण आदि राजा उन्हें नमस्कार करते हुए सुशोभित हो रहे थे ॥६१॥ उत्तम मनोवृत्ति से युक्त सिंह तथा हाथी आदि तिर्यञ्च शाश्वतिक वैर को छोड़कर अपने पूर्वभव का स्मरण करते हुए उन भगवान् की सेवा कर रहे थे ॥६२॥ तदनन्तर इस प्रकार की बारह सभाओं से घिरे हुए भगवान् शान्तिनाथ से इन्द्र ने हाथ जोड़कर धर्म का स्वरूप पूछा ॥६३॥

तदनन्तर इन्द्र के द्वारा इस प्रकार पूछे हुए भगवान् की वह दिव्यभाषा प्रवृत्त हुयी जो सर्वभाषा रूप थी, सब का कल्याण करने वाली थी और समस्त तत्त्वों की अद्वितीय माता थी ॥६४॥ उन्होंने कहा—सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्र धर्म है यह जानना चाहिए। इसके अनन्तर तत्त्वार्थ का श्रद्धान करना सम्यग्दर्शन कहलाता है ॥६५॥ उस सम्यग्दर्शन के निसर्ग और अधिगम—गुरुदेशना आदि सुनिश्चित हेतु हैं। उस सम्यक्त्व के सराग और वीतराग के भेद से दो भेद है उनमें प्रशमसंवेग तथा आस्तिक्य आदि गुणों की अभिव्यक्ति होना सराग सम्यक्त्व का लक्षण है और आत्मा की विशुद्धि मात्र होना वीतराग सम्यक्त्व है ॥६६॥

जीव अजीव आस्रव बन्ध संवर उत्कृष्ट निर्जरा और मोक्ष ये सात तत्त्वार्थ विद्वज्जनों के द्वारा जानने के योग्य है ॥६७॥ जीव चेतना लक्षण वाला है, अजीव अचेतना लक्षण से सहित है, कर्मों के आगमन का द्वार आस्रव कहा गया है ॥६८॥ जीव और कर्म के प्रदेशों का परस्पर अनुप्रवेश—क्षीर नीर के समान एक क्षेत्रावगाह होना बन्ध है। आस्रव का निरोध होना संवर है ॥६९॥ एक देश कर्मों

---

१ निकटे २ निर्निमेषनयनाः ३ निकटे ४ सिंहगजप्रभृतयः ५ सर्वहितकरी ।

विशेषैः निर्जरालक्षणोपेतसंवरसमन्वितः । प्रत्येकमर्थतो मोक्षो मोक्षः इत्यभिधीयते ॥७०॥
[1]प्रमिमीतस्वाभावद्रव्य [2]भावैर्नामा [3]दिभिः । व्यवहारः [4]सदाऽवश्यं [5]सदसत्त्वावबोधिना ॥७१॥
निर्देशस्वामिविधानाधि करणस्थितिसाधनैः । विमृश्यते [6]निरन्तर्यं [7]सदसत्त्वावबोधिभिः ॥७२॥
तेषामधिगमः कार्यः प्रमाणाभ्यां सदैव हि । प्रमाणं द्विविधं तत्त्व मत्यादिज्ञानपञ्चकम् ॥७३॥
मतिः श्रुतं अवधिश्च मनःपर्ययनाम च । केवलेन क्रमं विद्यात् पञ्च ज्ञानान्यनुक्रमात् ॥७४॥
आद्ये परोक्षमित्युक्तं प्रत्यक्षं शेषतस्त्रयम् । जिनेन्द्रैरेन्द्रियस्वान्तनिमित्ता मतिरिष्यते ॥७५॥
अवग्रहो विधा धीरैरीहावायौ च धारणा । परिनिर्धारितो भेदो बोधिताः [8]सप्तविंशतिः ॥७६॥
अक्षेन्द्रियार्थसंबन्धसमनन्तरमेव च । अवग्रहणमाद्यं यत्तदवग्रहमुशन्ति ॥७७॥
ईहा चाव[9]गृहीतेऽर्थे तद्विशेषाभिकाङ्क्षणम् । अर्थे विशेषविज्ञातेऽवायो यथावस्थावेदनम् ॥७८॥
अमेतादृस्तुमस्तस्मादविस्मरणकारणम् । अपि कालान्तरात्सम्यग्धारणेत्यवगम्यताम् ॥७९॥
बहुर्बहुविधक्षिप्रोऽनुक्तश्चानिःसृतो ध्रुवः । इत्येतेऽवग्रहादीनां भेदा द्वादश सेतराः[10] ॥८०॥

का क्षय होना निर्जरा का लक्षण जानना चाहिए तथा समस्त कर्मों का छूट जाना मोक्ष कहलाता है ॥७०॥

वे जीवादिक पदार्थ, उनका स्वरूप जानने वाले मनुष्य के द्वारा नाम स्थापना द्रव्य और भाव निक्षेपों से यथायोग्य अच्छी तरह व्यवहार करने के योग्य हैं ॥७१॥ निर्देश स्वामित्व साधन, विधान, स्थिति और अधिकरण के द्वारा भी निरन्तर चर्चा के योग्य हैं ॥७२॥ प्रत्यक्ष और परोक्ष के भेद से दो प्रकार के प्रमाण तथा नैगमादि अनेक नयों के द्वारा उनका ज्ञान करना चाहिए। प्रमाण दो प्रकार का है और मतिज्ञानादि पञ्चज्ञान रूप है ॥७३॥ मति श्रुत अवधि मनःपर्यय और केवल, अनुक्रम से ये पांच ज्ञान जानना चाहिए ॥७४॥ आदि के दो ज्ञान परोक्ष हैं और शेष तीन ज्ञान प्रत्यक्ष हैं। जिनेन्द्र भगवान् ने मतिज्ञान की उत्पत्ति इन्द्रिय और मन की निमित्त से मानी है ॥७५॥ श्रेष्ठ ज्ञानियों ने अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा इस प्रकार मतिज्ञान के चार भेद निर्धारित किये हैं ॥७६॥

इन्द्रिय और पदार्थ का सम्बन्ध होने के बाद ही जो प्रथम ग्रहण होता है वह अवग्रह कहलाता है ॥७७॥ अवग्रह के द्वारा गृहीत पदार्थ में जो उसके विशेष रूप को जानने की इच्छा है वह ईहा ज्ञान है। विशेष रूप से जाने हुए पदार्थ का जो यथार्थ जानना है वह अवाय कहलाता है ॥७८॥ अवाय के द्वारा जाने हुए पदार्थ को कालान्तर में भी न भूलने का जो कारण है वह धारणा ज्ञान है ऐसा अच्छी तरह जानना चाहिए ॥७९॥ बहु बहु विध क्षिप्र अनुक्त अनिःसृत तथा इनसे छह विपरीत इस प्रकार ये सब मिलकर अवग्रहादिक के बारह बारह भेद होते हैं ॥८०॥ अर्थ के

---

१ नामस्थापनाद्रव्यभावैः २ पदार्थान् ३ व्यवहारयोग्यान् ४ अवग्रहगृहीते ५ एकैकविधाक्षिप्रोक्तनिःसृताध्रुवपदार्थैः सहिताः ।

अवग्रहादयोऽमीषां [illegible] स्युर्व्यञ्जनस्य च । एकोऽवग्रह एव स्यान्न चक्षुर्मनसोरयम् ॥८१॥
मतेरिति विकल्पोऽयं षट्त्रिंशत्त्रिशतं भवेत् । इन्द्रियावग्रहादीनां प्रभेदैश्च प्रपञ्चितम् ॥८२॥
मतिपूर्वं श्रुतं ज्ञेयं द्व्यनेकद्वादशात्मकम् । पर्यायादिसमासेन विविधेनेपलक्षितम् ॥८३॥
अवधिः [illegible] सुधीभिः क्षयोपशमसंभवः । भवप्रत्ययजश्चेति द्विप्रकारोऽभिधीयते ॥८४॥
देवानां नारकाणां च भवप्रत्ययजोऽवधिः । षड्विकल्पस्तु शेषाणां क्षयोपशमजो भवेत् ॥८५॥
अनुगाम्यननुगामी च तथावस्थोऽनवस्थितः । प्रवृद्धो हीयमानश्च स्यादित्थं षड्विधोऽवधिः ॥८६॥
मनःपर्ययबोधौ हि द्विप्रकारस्तथाख्यया । भवेदृजुमतिः पूर्वो विपुलादिमतिः परः ॥८७॥
कालाद्द्व्युमतिर्ज्ञातस्वस्यान्येषां च सन्ततम् । जघन्यात् [2]द्वित्रांस्तथोत्कर्षात्सप्ताष्टानवगच्छति ॥८८॥
क्षेत्रेणापि गव्यूतिपृथक्त्वं जघन्यतस्तथा । स योजनपृथक्त्वं च समुत्कर्षेण वीक्षते ॥८९॥

अवग्रहादिक सभी भेद होते हैं परन्तु व्यञ्जन का एक अवग्रह ही होता है। वह व्यञ्जनावग्रह चक्षु और मन से नहीं होता है ॥८१॥ मतिज्ञान का यह विकल्प तीनसौ छत्तीस होता है जो कि इन्द्रियावग्रहादि के विस्तार से विस्तृत होता है। भावार्थ—बहु बहुविध आदि बारह प्रकार के पदार्थों के अवग्रहादि चार ज्ञान पांच इन्द्रियों और मन के निमित्त से होते हैं इसलिए १२×४×६=२८८ दो सौ अठासी भेद होते हैं उनमें व्यञ्जनावग्रह के १२×४=४८ अड़तालिस भेद मिला देने से मतिज्ञान के तीन सौ छत्तीस भेद होते हैं ॥८२॥

जो ज्ञान मतिपूर्वक होता है उसे श्रुतज्ञान जानना चाहिए। यह श्रुत दो अनेक तथा बारह प्रकार का होता है। इन के सिवाय यह पर्याय आदि विविध भेदों से भी सहित है। भावार्थ—श्रुत ज्ञान के मूल में अङ्ग बाह्य और अङ्ग प्रविष्ट के भेद से दो भेद हैं। पश्चात् अङ्ग बाह्य के अनेक भेद हैं और अङ्गप्रविष्ट के आचाराङ्ग आदि बारह भेद हैं। श्रुतज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम के तारतम्य से इसके पर्याय, पर्यायसमास, अक्षर, अक्षरसमास आदि बीस भेद भी होते हैं ॥८३॥

अब अवधिज्ञान का वर्णन किया जाता है विद्वज्जनों के द्वारा अवधिज्ञान, क्षयोपशमनिमित्तक और भवप्रत्यय के भेद से दो प्रकार का कहा जाता है ॥८४॥ भवप्रत्ययज—भवरूप कारण से होने वाला अवधिज्ञान देव और नारकियों के होता है तथा क्षयोपशमज—अवधिज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम से होने वाला अवधिज्ञान छह प्रकार का है और वह मनुष्य तथा तिर्यञ्चों के होता है ॥८५॥ अनुगामी, अननुगामी, अवस्थित, अनवस्थित, वर्धमान और हीयमान इस तरह क्षयोपशमज अवधि ज्ञान छह प्रकार का है ॥८६॥

मतिज्ञान दो प्रकार का है पहला ऋजुमति और दूसरा विपुलमति ॥८७॥ ऋजुमतिज्ञान जघन्य रूप से काल की अपेक्षा अपने तथा दूसरों के दो तीन भवों को निरन्तर जानता है और उत्कृष्ट रूप से सात आठ भवों को जानता है ॥८८॥ क्षेत्र की अपेक्षा जघन्य रूप से दो तीन कोश और उत्कृष्ट रूप से सात आठ योजन की बात को जानता है ॥८९॥ विपुलमति मनःपर्ययज्ञान काल की

---

१ सुबुद्धिपुर्क: २ द्वौ वा त्रयो वा इति द्वित्रास्तान् ।

विपुलो मतिः [illegible] ॥९०॥ क्षेत्रतः [illegible] ॥९१॥ विशुद्ध्यप्रतिपाताभ्यां [illegible] ॥९२॥ द्रव्येष्वसर्वपर्यायेषु [illegible] ॥९३॥ रूपिष्ववधेः ॥९४॥ तदनन्तभागे च मनःपर्ययस्य ॥९५॥ सर्वद्रव्यपर्यायेषु केवलस्य ॥९६॥ मतिश्रुतयोर्निबन्धः सर्वद्रव्येष्वसर्वपर्यायेषु ॥९७॥ रूपिष्ववधेः ॥९८॥ तदनन्तभागे मनःपर्ययस्य ॥९९॥ सर्वद्रव्यपर्यायेषु केवलस्य ॥१००॥ एकादीनि भाज्यानि युगपदेकस्मिन्नाचतुर्भ्यः ॥१०१॥ मतिश्रुतावधयो विपर्ययश्च ॥१०२॥ सदसतोरविशेषाद्यदृच्छोपलब्धेरुन्मत्तवत् ॥१०३॥ नैगमसंग्रहव्यवहारर्जुसूत्रशब्दसमभिरूढैवंभूता नयाः ॥१०४॥ आद्यशब्दौ द्वित्रिभेदौ ॥१०५॥ [illegible] ॥१०६॥ [illegible] ॥१०७॥ [illegible] ॥१०८॥

अपेक्षा जघन्य रूप से सात आठ भवों को और उत्कृष्ट रूप से असंख्यात भवों को गति आगति आदि के द्वारा जानता है ॥९०॥ क्षेत्र की अपेक्षा जघन्यरूप से सात आठ योजन और उत्कृष्ट रूप से मानुषोत्तर पर्वत तक की बात को देखता है ॥९१॥ विशुद्धि और अप्रतिपात की अपेक्षा ऋजुमति और विपुलमति में विशेषता जानी जाती है तथा विशुद्धि, क्षेत्र, स्वामी और विषयभूत वस्तु की अपेक्षा अवधि और मनःपर्ययज्ञान में विशेषता होती है ॥९२॥

विद्वज्जन मति और श्रुतज्ञान का विषय निबन्ध समस्त पर्यायों से रहित समस्त द्रव्यों में कहते हैं। अर्थात् मति श्रुतज्ञान जानते तो सब द्रव्यों को हैं परन्तु उनकी सब पर्यायों को नहीं जानते ॥९३॥

अवधिज्ञान का विषय निबन्ध रूपी द्रव्यों में कहा गया है। अवधिज्ञान का विषय प्रतिबन्ध से रहित होता है अर्थात् वह अपने विषय क्षेत्र में आगत पदार्थों को भित्ति आदि का आवरण रहते हुए भी जानता है। मनःपर्ययज्ञान का विषय अवधिज्ञान के विषय से अनन्तवें भाग सूक्ष्म विषय में होता है ॥९४॥ केवल ज्ञान का विषय निबन्ध तीन काल सम्बन्धी समस्त द्रव्यों और उनकी समस्त पर्यायों में होता है। वह केवल ज्ञान क्षायिक तथा सर्वतोमुख—सभी ओर के विषयों को ग्रहण करने वाला है ॥९५॥ आदि के तीन ज्ञान विपर्यय से सहित होते हैं अर्थात् मिथ्यारूप भी होते हैं क्योंकि उनसे पदार्थों की उपलब्धि स्वेच्छानुसार सामान्य रूप से होती है ॥९६॥

नैगम संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ और एवंभूत ये सात नय हैं ॥९७॥ अनेकान्तात्मक—परस्पर विरोधी अनेक धर्मों से सहित वस्तु में विरोध के बिना हेतु की विवक्षा से साध्य की यथार्थता को प्राप्त कराने में समर्थ प्रयोग नय कहलाता है ॥९८॥ वह नय दो प्रकार का होता है—द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक। पहले कहे हुए नैगम आदि भेद इन्हीं दो नयों के भेद हैं।

---

१ विपरीताभिनिवेशरहितः २ हेतुविवक्षया ३ अनेकधर्मात्मके ४ 'साध्यस्य सम्यक् हेत्वनुसरणमनेकान्तात्मन्य विरोधेन हेत्वर्पणात् साध्यविशेषस्य यथार्थप्रापणप्रवणः प्रयोगो नयः' सर्वार्थसिद्धि प्रथमाध्याय सूत्र ३३।

[illegible] तयोरेव प्रकारत्वं पूर्वोक्तं नैगमादयः ॥९९॥
[illegible] ज्ञानोत्पत्तौ पदार्थानां कथा ॥१००॥
[illegible] स्वजातेरविरोधेन समस्तग्रहणादिभिः ॥१०१॥
[illegible] सद्द्रव्यम् घट इत्यादि यत्र लोके व्यवस्थितम् ॥१०२॥
(युग्मम्)

संग्रहाभिहृतानां यतो विधिपूर्वकम् । अर्थावहरणं तद्धि व्यवहारः प्रकीर्तितः ॥१०३॥
सदित्युक्तिविशेषानुत्तरोत्तरम् । व्यवहारः परिज्ञेयो विभागं प्रतिपद्यते ॥१०४॥
अतीतानागतौ त्यक्त्वा वर्तमानं प्रपद्यते । ऋजुसूत्रो विनष्टत्वानत्पन्नत्वात्तयोः[1] ॥१०५॥

भावार्थ—नैगम, संग्रह और व्यवहार द्रव्यार्थिक नय के भेद हैं और शेष चार पर्यायार्थिक नय के भेद हैं ॥९९॥ अनिष्पन्न पदार्थ के संकल्प मात्र को ग्रहण करने वाला नय नैगम नय है जैसे कि लकड़ी आदि लाने के लिए खड़े हुए मनुष्य का 'मैं अन्न पकाता हूं' ऐसा कहना। यहां अन्न का पाक यद्यपि अनिष्पन्न है तो भी उसका संकल्प होने से 'पकाता हूं' ऐसा कहना सत्य है ॥१००॥ विविध भेदों से सहित पर्यायों को एकत्व प्राप्त कर जो अपनी जाति का विरोध न करता हुआ समस्त पदार्थों का ग्रहण आदि करता है वह नय के ज्ञाता पुरुषों के द्वारा संग्रह नय कहा जाता है जैसे सद्, द्रव्य, घट आदि लोक में व्यवस्थित हैं भावार्थ—जो नय पदार्थों में भेद उत्पन्न करने वाली विशेषता को गौण कर सामान्य अंश को ग्रहण करता है वह संग्रह नय कहलाता है। जैसे सत्। यहां सत् के भेद जो द्रव्य, गुण और पर्याय हैं उन्हें गौण कर मात्र सत् रूप सामान्य अंश को ग्रहण किया गया। इसी प्रकार द्रव्य के भेद जो जीव पुद्गल धर्म आदि हैं उन्हे गौण कर मात्र उत्पाद व्यय ध्रौव्य लक्षण से युक्त सामान्य अंश को ग्रहण किया गया। इसी प्रकार घट के भेद जो मिट्टी, तांबा, पीतल आदि से निर्मित घट हैं उन्हें गौण कर मात्र कम्बुग्रीवादिमान् सामान्य अंश को ग्रहण किया गया ॥१०१—१०२॥

संग्रह नय के द्वारा गृहीत वस्तुओं में क्रम से विधिपूर्वक जो भेद किया जाता है वह व्यवहार नय कहा गया है। जैसे 'सत्' इस प्रकार कहे हुए सामान्य अंश से उत्तरोत्तर विशेषों को ग्रहण करने वाला नय व्यवहार नय है। यह नय वस्तु में तब तक भेद करता जाता है जब तक कि वह वस्तु विभाग रहित न हो जावे। भावार्थ—संग्रह नय ने 'सत्' इस सामान्य अंश को ग्रहण किया था तो व्यवहार नय उसके द्रव्य, गुण पर्याय इन भेदों को ग्रहण करेगा। संग्रह नय ने यदि 'द्रव्य' इस सामान्य अंश को ग्रहण किया तो व्यवहार नय उसके जीव पुद्गल आदि विशेष भेदों को ग्रहण करेगा। तात्पर्य यह है कि संग्रह नय विविध भेदों में बिखरे हुए पदार्थों में एकत्व स्थापित करता है और व्यवहार नय एकत्व को प्राप्त हुए पदार्थों में विविध भेदों द्वारा नाना रूपता स्थापित करता है। ॥१०३—१०४॥

जो नय, नष्ट हो जाने से अतीत को और अनुत्पन्न होने के कारण अनागत पर्याय को छोड़कर मात्र वर्तमान पर्याय को ग्रहण करता है वह ऋजु सूत्र नय है ॥१०५॥ जो नय अन्य पदार्थों का अन्य

---

१ विभागपर्यन्तं २ अतीतानागतयोः ।

शब्दोऽयं लिङ्गसंख्यादिव्यभिचारान्न मन्यते । अन्यार्थानन्वयान्नार्थैः संबन्धानुपपत्तितः ॥१०६॥
समतीत्य वचनार्थनिकरं सुनिश्चितम् । सम्यक्सदाभिमुख्येन रूढः समभिरूढकः ॥१०७॥
नानार्थानवधा लिङ्गसंख्यैरसमभिरोहणात् । तस्मिन्समभिरूढो वा रूढो यत्राभिमुख्यतः ॥१०८॥
यथा गौरित्ययं शब्दो वागादिषु विनिश्चितः । अभिरूढः पशावेवमिन्द्रादिरात्मनि स्थितः ॥१०९॥
अथ येनात्मना भूतं तेनैवाध्यवसायेत् । एवंभूतो यथा शक्रः शकनादेव नान्यथा ॥११०॥
पूर्वपूर्वविरुद्धोर्वविषया नैगमादयः । अनुकूलार्थविषयाश्चोत्तरोत्तरतस्तथा ॥१११॥

पदार्थों के साथ सम्बन्ध संगत न होने के कारण लिङ्ग संख्या आदि के दोषों को स्वीकृत नहीं करता है वह शब्द नय कहलाता है । भावार्थ—लिङ्ग संख्या तथा साधन आदि के व्यभिचार की निवृत्ति करने वाला नय शब्द नय कहलाता है । जैसे 'पुष्प, तारका और नक्षत्र' । ये भिन्न भिन्न लिङ्ग के शब्द हैं इनका मिलाकर प्रयोग करना लिङ्ग व्यभिचार है । जलं, आपः, वर्षाः ऋतु, आम्रा वनम्, वरुणा नगरम्, इन एक वचनान्त और बहुवचनान्त शब्दों का विशेषण विशेष्य रूप से प्रयोग करना संख्याव्यभिचार है । 'सेना पर्वत मधि—वसति'—सेना पर्वत पर निवास करती है—यहां अधिकरण कारक में सप्तमी विभक्ति न होकर द्वितीया विभक्ति प्रयुक्त हुई है इसलिए यह साधन व्यभिचार है । 'एहि मन्ये रथेन यास्यसि, न हि यास्यसि यातस्ते पिता'—'आओ तुम समझते हो कि मैं रथ से जाऊंगा, परन्तु नहीं जाओगे, तुम्हारे पिता गये' । यहां 'मन्यसे' के स्थान में 'मन्ये' और 'यास्यामि' के स्थान में 'यास्यति' क्रिया का प्रयोग होने से पुरुष व्यभिचार है । 'विश्वदृश्वास्य पुत्रो जनिता'—इसका विश्वदृश्वा—जिसने विश्व को देख लिया है ऐसा पुत्र होगा । यहां 'विश्वदृश्वा' कर्ताका 'जनिता' इस भविष्यत्कालीन क्रिया के साथ प्रयोग किया गया है अतः कालव्यभिचार है । 'संतिष्ठते प्रतिष्ठते, विरमति, उपरमति,' । यहां सम् और प्र उपसर्ग के कारण स्था धातुका आत्मनेपद प्रयोग और वि तथा उप उपसर्ग के कारण रम धातुका परस्मैपद प्रयोग हुआ है—यह उपग्रहव्यभिचार है । यद्यपि व्यवहार में ऐसे प्रयोग होते हैं तथापि शब्दनय इसप्रकार के व्यवहार को स्वीकृत नहीं करता है । क्योंकि पर्यायार्थिक नय की दृष्टि में अन्य अर्थ का अन्य अर्थ के साथ सम्बन्ध नहीं बन सकता ॥१०६॥

जो नाना अर्थों का उल्लङ्घन कर सदा मुख्य रूप से अच्छी तरह एक सुनिश्चित अर्थ को ग्रहण करता है वह समभिरूढ नय है । अथवा एक शब्द के जो नाना अर्थ प्रसिद्ध हैं उनमें से जो मुख्य रूप से एक अर्थ में अच्छी तरह अभिरूढ होता है वह समभिरूढ नय है । जैसे 'गो' यह शब्द वचन आदि अर्थों में प्रसिद्ध है परन्तु विशेषरूप से पशु अर्थ में रूढ है । इसी प्रकार इन्द्र आदि शब्द आत्मा अर्थ में रूढ हैं ॥१०७-१०९॥

जो वस्तु जिस काल में जिस रूप से परिणत हो रही है उस काल में उसका उसी रूप से निश्चय करना एवंभूत नय है जैसे शक्ति रूप परिणत होने के कारण इन्द्र को शक्र कहना अन्य प्रकार से नहीं । भावार्थ—जिस शब्द का जो वाच्य है उस रूप क्रिया के परिणमन के समय ही उस शब्द का प्रयोग करना उचित है अन्य समय नहीं । जैसे लोकोत्तर शक्तिरूप परिणमन करते समय ही इन्द्र को शक्र कहना और लोकोत्तर ऐश्वर्य से संपन्न होते समय ही इन्द्र कहना अन्य समय नहीं ॥११०॥ ये नैगमादि नय अन्तिम भेद से लेकर पूर्व पूर्व भेदों में विरुद्ध तथा विस्तृत विषय को ग्रहण करने वाले हैं

वस्तुनोऽनन्तशक्तेस्तु प्रतिशक्ति विकल्पना । एते बहुविकल्पाः स्युर्गुणमुख्यतयार्हिताः ॥११२॥
तदतद्भावतयाद्वैताद्वैतविशेषणविशेष्यजैः । भेदैर्नानाविधैर्युक्तं वस्तुतत्त्वं प्रतीयते ॥११३॥
स्वात्मेतरद्वयातीतसाधारणलक्षणाः । पदार्थाः सकलाः सम्यक् [1]सप्तभङ्गीत्वमुद्वहताम् ॥११४॥
सिद्धाः संसारिणश्चेति जीवा भेदद्वयान्विताः । सिद्धास्त्वेकविधा ज्ञेयाः शेषा बहुविकास्ततः ॥११५॥
स्वरूपपिण्डप्रवृत्त्यप्रवृत्तय इतीरिताः । सामान्यं च विशेषश्च सामर्थ्यं च मनीषिभिः ॥११६॥
असामर्थ्यं च जीवस्य प्रकाशनमपि क्रमात् । अप्रकाशनमित्येते दशान्वययुजो गुणाः ॥११७॥
असादृश्याधिका एते क्रमाद्व्यतिरेकिकाः । एकादश गुणा ज्ञेयाः प्राज्ञैरध्यात्मवेदिभिः ॥११८॥
अथौपशमिको भावः क्षायिको व्यतिमिश्रितः । जीवस्यौदयिको भावो विज्ञेयः पारिणामिकः ॥११९॥

और प्रथम भेद से लेकर आगे आगे अनुकूल तथा अल्प विषय को ग्रहण करने वाले हैं ॥१११॥ चूंकि वस्तु अनन्त शक्त्यात्मक है और प्रत्येक शक्ति की अपेक्षा विविध विकल्प उत्पन्न होते हैं इसलिये ये नैगमादि नय बहुत विकल्पों—अनेक अवान्तर भेदों से सहित हैं तथा गौण और मुख्य से उनका प्रयोग होता है ॥११२॥

तद्भाव अतद्भाव, द्वैतभाव, अद्वैतभाव, तथा विशेषण और विशेष्यभाव से उत्पन्न होने वाले नाना भेदों से वस्तु तत्त्व की प्रतीति होती है। भावार्थ—यतश्च द्रव्य सब पर्यायों में अन्वयरूप से विद्यमान रहता है इसलिये द्रव्य दृष्टि से वस्तु तद्भाव से सहित है परन्तु एक पर्याय अन्य पर्याय से भिन्न है अतः पर्याय दृष्टि से वस्तु अतद्भाव से सहित है। सामान्य-द्रव्य की अपेक्षा वस्तु अद्वैत-एक रूप है और विशेष-पर्याय की अपेक्षा द्वैत रूप है अथवा गुण और गुणी में प्रदेश भेद न होने से वस्तु अद्वैतरूप है और संज्ञा, संख्या तथा लक्षण आदि में भेद होने से द्वैत रूप है। 'आत्मा ज्ञानवान्' है यहां 'ज्ञानवान्' विशेषण है और 'आत्मा' विशेष्य है परन्तु ज्ञान और आत्मा के प्रदेश जुदे जुदे नहीं हैं इसलिये ज्ञान ही आत्मा है और आत्मा ही ज्ञान है इसप्रकार आत्मा विशेषण विशेष्यभाव से रहित है। वस्तु के भीतर इन उपर्युक्त भेदों की प्रतीति होती है इसलिये वस्तु अनन्त भेदरूप है ॥११३॥ समस्त पदार्थ निज और पर के विकल्प से रहित साधारण—सामान्य लक्षण से युक्त हैं। इन सब पदार्थों के परिज्ञान के लिये स्यात् अस्ति, स्यात् नास्ति, स्यादस्ति नास्ति, स्यादवक्तव्य, स्यादस्ति-अवक्तव्य, स्यान्नास्ति अवक्तव्य और स्यादस्ति नास्ति अवक्तव्य इस सप्तभङ्गी को अच्छी तरह समझना चाहिये ॥११४॥

सिद्ध और संसारी इसप्रकार जीव दो भेदों से सहित है। उनमें सिद्ध एक प्रकार के और संसारी अनेक प्रकार के जानना चाहिये ॥११५॥ स्वरूप, पिण्ड, प्रवृत्ति, अप्रवृत्ति, सामान्य, विशेष, सामर्थ्य, असामर्थ्य, प्रकाशन और अप्रकाशन ये जीव के क्रम से दश अन्वय—द्रव्य से सम्बन्ध रखने वाले गुण हैं और असादृश्य को मिलाने से ग्यारह व्यतिरेकी गुण क्रम से अध्यात्म के ज्ञाता विद्वानों के द्वारा जानने योग्य हैं ॥११६—११८॥

---

१ सप्तानां भङ्गानां समाहारः सप्तभङ्गी तस्या भावस्तत्त्वम् स्यादस्ति, स्यान्नास्ति, स्यादास्तिनास्ति, स्यादवक्तव्यम्, स्यादस्ति अवक्तव्यं, स्यान्नास्तिअवक्तव्यं, स्यादस्तिनास्ति अवक्तव्यम् इत्येतेसप्तभङ्गाः।

द्विभेदो [illegible] ॥११७॥
भेदौ द्रव्यक्षयादिभ्यो [illegible] ॥११९॥
चत्वारि त्रीणि च ज्ञानाज्ञानान्यपि [illegible] ॥१२१॥
उक्ते संयतसंयतस्थितिः । [illegible] ॥१२३॥
चतस्रो [illegible] ॥१२४॥
'जीवा वधूभिश्च [illegible] ॥१२५॥
जीवद्रव्याभव्यत्वेत्यविधिः [illegible] ॥१२६॥
अजीवाः पुद्गलाकाशधर्माधर्माः [illegible] ॥१२७॥
जीवादयोऽथ कालान्ता [illegible] ॥१२८॥
नित्यावस्थितान्यरूपाणि [illegible] ॥१२९॥

अब जीव के औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक औदयिक और पारिणामिक भाव जानने के योग्य है ॥११९॥ औपशमिक भाव दो भेद वाला, क्षायिकभाव नौभेद वाला, क्षायोपशमिक भाव अठारह भेद वाला, औदयिकभाव इक्कीस भेद वाला और पारिणामिकभाव तीन भेद वाला क्रम से जानना चाहिए ॥१२०॥ सम्यक्त्व और चारित्र ये दो औपशमिकभाव के भेद हैं। क्षायिकज्ञान, दर्शन, दान, लाभ, भोग, उपभोग, वीर्य, सम्यक्त्व, और चारित्र, ये क्षायिकभाव के नौ भेद हैं ॥१२१॥ चार ज्ञान—मति, श्रुत, अवधि, मनः पर्यय, तीन अज्ञान—कुमति कुश्रुत कुअवधि, तीन दर्शन—चक्षु दर्शन, अचक्षु दर्शन, अवधि दर्शन, पञ्चलब्धियां—दान लाभ भोग उपभोग, वीर्य, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक चारित्र, और संयमासयम इस प्रकार क्षायोपशमिकभाव के अठारह भेद हैं ॥१२२—१२३॥ चार गतियां—नरक तिर्यञ्च मनुष्य देव, असिद्धत्व, तीन लिङ्ग—स्त्री पुरुष नपुंसक वेद, असंयत, मिथ्यादर्शन, अज्ञान, चार कषाय—क्रोध मान माया लोभ, और छह लेश्याएं—कृष्ण नील कापोत पीत पद्म और शुक्ल इस प्रकार औदयिकभाव के इक्कीस भेद है। यह भाव कर्मोदय के आश्रय से होता है ॥१२४—१२५॥ जीवत्व, भव्यत्व और अभव्यत्व के भेद से पारिणामिक भाव तीन प्रकार का है। इनके सिवाय छत्तीस भेद वाला एक सांनिपातिक नामका छठवां भाव भी होता है ॥१२६॥

अजीव के पांच भेद कहे गये हैं—पुद्गल, आकाश, धर्म, अधर्म, और काल। इनमें से काल को छोड़कर जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म और आकाश ये पांच अस्तिकाय कहलाते हैं ॥१२७॥ जीव को आदि लेकर काल पर्यन्त छह द्रव्य होते हैं। जो गुण और पर्याय से युक्त हो वह द्रव्य है इस प्रकार जैनाचार्य द्रव्य का लक्षण कहते हैं ॥१२८॥ ये सभी द्रव्य नित्य अवस्थित और अरूपी हैं परन्तु पुद्गल द्रव्य रूपी माने गये हैं। धर्म अधर्म और आकाश ये तीन द्रव्य एक एक हैं। जीव और पुद्गल को छोड़कर शेष चार द्रव्य क्रिया—रहित हैं ॥१२९॥ धर्म अधर्म और एक जीवद्रव्य के असंख्यात

---

१ सह।

असंख्येया: प्रदेशा: स्युर्धर्माधर्मैकदेहिनाम् । अनन्ता वियत: संख्येयासंख्येयाश्च तद्विदुत्तमम् ॥१३०॥
अप्रदेशौ क्षणौ मुक्तौ पुद्गलैर्वर्णादिभि: स्वकै: । लोकाकाशेऽवगाह: स्वावगाहोऽस्तीति निश्चितम् ॥१३१॥
स्वप्रतिष्ठमथाकाशमनन्तं सर्वत: स्थितम् । धर्मादयो विलोक्यन्ते यस्मिन्लोक: स उच्यते ॥१३२॥
स्याद्धर्माधर्मयोर्व्याप्तं तस्मिन् कृत्स्नेऽवगाहनम् । एकादिषु प्रदेशेषु पुद्गलानां च भाजयेत् ॥१३३॥
जीवानामप्यसंख्येयभागादिषु विकल्पयेत् । तत्र प्रदेशसंहारविसर्पाभ्यां प्रदीपवत् ॥१३४॥
अथ गन्धरसस्पर्शवर्णवन्तश्च पुद्गला: । शब्दबन्धनसंस्थानसूक्ष्मस्थौल्यभिदा: स्थिता: ॥१३५॥
तमश्छायातपोद्योतवन्तश्चोक्तास्तथागव: । स्कन्धाश्च तेषां संघातहेतवोऽणुस्तु भेदत: ॥१३६॥
स्निग्धरूक्षतया बन्ध: पुद्गलानामुदाहृत: । न जघन्यगुणै: सार्धं द्व्यधिकादिगुणैर्भवेत् ॥१३७॥
बन्धेऽधिकगुणौ परिणामिकौ । वर्तनालक्षण: काल: सोऽनन्तसमय: स्मृत: ॥१३८॥
यदुत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं तत्सदितीरितम् । तद्भावाव्ययं नित्यमर्पितानर्पिताश्रयात् ॥१३९॥

प्रदेश हैं, आकाश के अनन्त प्रदेश हैं, पुद्गल के संख्यात, असंख्यात और अनन्त प्रदेश हैं परन्तु परमाणु प्रदेश रहित है। वह परमाणु अपने वर्णादिगुणों के द्वारा ग्रहण करने योग्य है अर्थात् रूप रस गन्ध और स्पर्श से सहित है। इन सब द्रव्यों का अवगाह लोकाकाश में है यह निश्चित है ॥१३०—१३१॥ आकाश स्वप्रतिष्ठ है तथा सब ओर से अनन्त है। जिसमें धर्मादिक द्रव्य देखे जाते हैं—पाये जाते हैं वह लोक कहलाता है ॥१३२॥ धर्म और अधर्म द्रव्य का स्पष्ट अवगाहन समस्त लोक में है। पुद्गलों का अवगाहन एक आदि प्रदेशों में विभाग करने के योग्य है। जीवों का अवगाहन भी लोक के असंख्यातवें भाग को आदि लेकर समस्त लोक में जानना चाहिए। दीपक के समान प्रदेशों के संकोच और विस्तार के कारण जीवों का अवगाहन लोक के असंख्येयभागादिक में होता है ॥१३३—१३४॥

अब पुद्गल का लक्षण कहते हैं जो स्पर्श रस गन्ध और वर्ण से सहित हों वे पुद्गल हैं। शब्द, बन्ध, संस्थान, सौक्ष्म्य, स्थौल्य, तम, छाया, आतप और उद्योत से सहित पुद्गल होते हैं अर्थात् ये सब पुद्गल द्रव्य के पर्याय हैं। अणु और स्कन्ध ये पुद्गल द्रव्य के भेद हैं। स्कन्ध की उत्पत्ति भेद, संघात तथा भेद संघात से होती है परन्तु अणु की उत्पत्ति मात्र भेद से होती है ॥१३५—१३६॥ पुद्गलों का बन्ध स्निग्ध और रूक्षता के कारण कहा गया है। जघन्य गुण वाले परमाणुओं के साथ बन्ध नहीं होता है किन्तु दो अधिक गुण वालों के साथ होता है ॥१३७॥ बन्ध होने पर अधिक गुण वाले परमाणु हीन गुण वाले परमाणुओं को अपने रूप परिणमा लेते हैं। काल द्रव्य वर्तना लक्षण वाला है तथा अनन्त समय से युक्त माना गया है ॥१३८॥ उत्पाद व्यय और ध्रौव्य से जो युक्त हो वह सत् कहा गया है। द्रव्य का अपने रूप से नष्ट नहीं होना नित्य कहलाता है। विवक्षित और अविवक्षित के आश्रय से द्रव्य नित्या नित्यात्मक होता है ॥१३९॥

इस प्रकार जब शान्ति जिनेन्द्र ने द्रव्यों के लक्षण के साथ साथ छहों द्रव्यों के स्वरूप का क्रम से कथन किया तब वह समवसरण सभा अत्यन्त श्रद्धा से युक्त हो गयी। प्रबोध प्राप्त करने में दक्ष

शार्दूलविक्रीडितम्

द्रव्याणां सह लक्षणेन सकलं वर्ण्यां स्वरूपं क्रमात्
परयन्योन्यमुदीरयत्यतितरां तस्मिन्प्रतीताह्वयः ।
सद्यः संसन्मनसा प्रबोधपटुना व्योमाभासमाननना
प्रत्यग्रार्ककरैकपातविकसत्पद्माकरस्य श्रियम् ॥१४०॥
द्रव्याण्येवमुदीर्य भव्यजनताकार्ये प्रबन्धोद्यमाः [प्रबद्धोद्यमं]
वक्तुं प्रक्रममाणमीशमपरं सत्संपदां तं पदम् ।
सम्याः केचन तुष्टुवुः प्रतिपदं केचित्प्रणेमुर्मुदा
नामोन्नामसमेतमौलिमकरीविन्यस्तहस्ताम्बुजाः ॥१४१॥

इत्यसगकृतौ शान्तिपुराणे भगवतः केवलोत्पत्तिर्नाम
* पञ्चदशः सर्गः *

हृदय से उसका मुख कमल खिल गया और वह प्रातःकाल के सूर्य की किरणों के पड़ने से खिलते हुए कमल वन की शोभा को धारण करने लगी ॥१४०॥ इस प्रकार द्रव्यों का निरूपण कर जो भव्यजनों के कार्य—हित साधना में तत्पर थे, शेष तत्वों का निरूपण करने के लिए उद्यत थे, तथा समीचीन संपदाओं—अष्ट प्रातिहार्य रूप श्रेष्ठ संपदाओं के अद्वितीय स्थान थे ऐसे उन शान्ति प्रभु की कोई सदस्य स्तुति कर रहे थे, और कोई हर्ष से झुकते तथा ऊंचे उठते हुए मुकुटों के अग्रभाग पर हस्त कमल को रखकर पद पद पर प्रणाम कर रहे थे ॥१४१॥

इस प्रकार असग महाकवि द्वारा विरचित शान्तिपुराण में भगवान् के केवलज्ञान की उत्पत्ति का वर्णन करने वाला पन्द्रहवां सर्ग समाप्त हुआ ॥१५॥

षोडशः सर्गः

卐

अथ [1]वागीश्वरो वक्तुमास्रवं विगतास्रवः । पुण्यास्रवाय भव्यानां क्रमेणेत्थं प्रचक्रमे ॥१॥
यः कायवाङ्मनःकर्म योगः स स्यादास्रवः । शुभः पुण्यस्य निर्दिष्टः पापस्याप्यशुभस्तथा ॥२॥
सकषायोऽकषायश्च स्यातां तत्स्वामिनावुभौ । स साम्परायिकाय स्यात्तयोरीर्यापथाय च ॥३॥
इन्द्रियाणि कषायाश्च प्रथमस्याव्रतक्रियाः । उक्ताः पञ्चचतुः पञ्चपञ्चविंशतिसम्मिताः ॥४॥
देहिनां स्पर्शनादीनि हृषीकाणि[2] कषायकान् । क्रोधादीनव्रतान्याहुर्हिंसादीनि मनीषिणः ॥५॥
गुरुप्रतिमागमादीनां पूजास्तुत्यादिलक्षणा । सा सम्यक्त्वक्रिया नाम ज्ञेया सम्यक्त्ववर्धिनी ॥६॥
अन्यदृष्टिप्रशंसादिरूपा मिथ्यात्वहेतुका । प्रवृत्तिः परमार्थेन सा मिथ्यात्वक्रियोच्यते ॥७॥

षोडश सर्ग

अथानन्तर आस्रव से रहित तथा वचनों के स्वामी श्री शान्तिजिनेन्द्र भव्यजीवों के पुण्यास्रव के लिये इस प्रकार आस्रव तत्त्व का क्रम से कथन करने के लिये उद्यत हुये ॥१॥ जो काय वचन और मन की क्रिया है वह योग कहलाता है। वह योग ही आस्रव है। शुभयोग पुण्य कर्म का और अशुभ योग पाप कर्म का आस्रव कहा गया है ॥२॥ आस्रव के स्वामी जीव सकषाय और अकषाय के भेद से दो प्रकार के हैं। उपर्युक्त योग सकषाय जीवों के सांपरायिक आस्रव और अकषाय जीवों के ईर्यापथ आस्रव के लिये होता है ॥३॥ पांच इन्द्रियां, चार कषाय, पांच अव्रत और पच्चीस क्रियाएं ये सांपरायिक आस्रव के भेद हैं ॥४॥ विद्वज्जन प्राणियों की स्पर्शन आदि को पांच इन्द्रिय, क्रोधादिक को चार कषाय और हिंसादिक को पांच अव्रत कहते हैं ॥५॥

गुरु प्रतिमा तथा आगम आदि की पूजा स्तुति आदि लक्षण से सम्यक्त्व को बढ़ाने वाली जो क्रिया है वह सम्यक्त्व क्रिया है ॥६॥ मिथ्यात्व के कारण अन्य दृष्टियों की प्रशंसादि रूप जो जीव की प्रवृत्ति है वह परमार्थ से मिथ्यात्व क्रिया कही जाती है ॥७॥ शरीर आदि के द्वारा अपनी तथा अन्य

---

१ शान्तिजिनेन्द्रः २ इन्द्रियाणि ।

कायार्थं स्वस्य चान्येषां गमनादिप्रवर्तनम् । सा प्रयोगक्रियेत्युक्तैः प्रयोगज्ञैः समाहृता ॥८॥
संयमाधारभूतस्य साधोरविरतिं प्रति । याभिमुख्यं समादानक्रियेति परिकीर्त्यते ॥९॥
ईर्यापथक्रिया नाम स्यादीर्यापथहेतुका । क्रोधावेशादबोद्भूता क्रिया प्रादोषिकी क्रिया ॥१०॥
अत्युग्रमः प्रदुष्टस्य स्यात्सतः कायिकी क्रिया । हिंसोपकरणादानमथाधारक्रियोच्यते ॥११॥
दुःखोत्पत्तिनिमित्तत्वात्सा क्रिया पारितापिकी । हिंसात्मिका च विज्ञेया क्रिया प्राणातिपातिकी ॥१२॥
रागार्द्रीभूतभावस्य संयतस्य प्रमादिनः । रम्यरूपनिरीक्षाभिप्रायः स्याद्दर्शनक्रिया ॥१३॥
उत्पादनादपूर्वस्य स्वतोऽधिकरणस्य तु । प्रात्ययिकी क्रिया नाम प्रत्येतव्या[1] मनीषिणा ॥१४॥
प्रमादवशतः किञ्चिद्दृष्टव्यवस्तुनि । संचेतनानुबन्धः स्यात्प्रसिद्धाभोगिनी क्रिया ॥१५॥
स्त्रीपुंसादिकसंपातिप्रदेशेऽन्तर्मलोद्भूतिः । क्रिया भवति सा नाम्ना समन्तादुपतापिनी ॥१६॥
अदृष्टाप्रमृष्टायामदृष्टायां च केवलम् । शरीरादिकनिक्षेपस्त्वनाभोगक्रिया स्मृता ॥१७॥
क्रियां परेण निर्वर्त्यां[2] स्वयं कुर्यात्प्रमादतः । सा स्वहस्तक्रिया नाम प्रयत्नात्मभिरुच्यते ॥१८॥
विशेषेणान्यनुज्ञानं पापादानप्रवृत्तिषु । सा निसर्गक्रियेत्युक्ता विमुक्तिरतमानसैः ॥१९॥
परचरितसावद्यप्रकर्मादिप्रकाशनम् । विदारणक्रिया ज्ञेया सा समन्ता[3]ददारुणैः ॥२०॥

पुरुषों की जो गमन आदि में प्रवृत्ति होती है उसे उत्कृष्ट प्रयोग के ज्ञाता पुरुषों ने प्रयोग क्रिया कहा है ॥८॥ सयम के आधारभूत साधु असंयम की ओर सन्मुख होना समादान क्रिया कही जाती है ॥९॥ ईर्यापथ के कारण जो क्रिया होती है वह ईर्यापथ नामकी क्रिया है। तथा क्रोध के आवेश से जो क्रिया उत्पन्न होती है वह प्रादोषिकी क्रिया कहलाती है ॥१०॥ अत्यन्त दुष्ट मनुष्य का हिंसादि के प्रति जो उद्यम है वह कायिकी क्रिया है तथा हिंसा के उपकरण आदि को ग्रहण करना आधार क्रिया कहलाती है ॥११॥ दुःखोत्पत्ति के कारण जो परिताप होता है वह पारितापिकी क्रिया है तथा हिंसात्मक जो क्रिया है उसे प्राणातिपातिकी क्रिया जानना चाहिए ॥१२॥ राग से आर्द्र अभिप्राय वाले प्रमादी साधु का सुन्दर रूप को देखने का जो अभिप्राय है वह दर्शन क्रिया है ॥१३॥ स्वयं अपूर्व अधिकरण के उत्पन्न करने मे—विषयोपभोग के नये नये साधन जुटाने से प्रात्ययिकी क्रिया होती है ऐसा विद्वज्जनों को जानना चाहिये ॥१४॥ प्रमाद के वशीभूत होकर किसी देखने योग्य वस्तु का बार बार चिन्तन करना भोगिनी क्रिया प्रसिद्ध है ॥१५॥ स्त्री पुरुषों के आवागमन के स्थान में भीतरी मलों का छोड़ना समन्तादुपतापिनी (समन्तानुपातिनी) क्रिया है ॥१६॥ बिना मार्जन की हुयी तथा बिना देखी हुई भूमि में मात्र शरीरादिक का रखना—उठना बैठना अनाभोग क्रिया मानी गयी है ॥१७॥ दूसरे के द्वारा करने योग्य कार्य को जो प्रमाद वश स्वयं करता है उसका ऐसा करना प्रयत्नशील पुरुषों के द्वारा स्वहस्त क्रिया कही जाती है ॥१८॥ पाप को ग्रहण करने वाली प्रवृत्तियों में विशेषरूप से संमति देना निसर्ग क्रिया है ऐसा मुक्ति में लीनहृदय वाले पुरुषों ने कहा है ॥१९॥ दूसरे के द्वारा आचरित सावद्य कार्यों का प्रकट करना विदारण क्रिया है ऐसा दयालु पुरुषों को

---

१ ज्ञातव्या २ करणीयां ३ सदयपुरुषैः ।

यथोक्तं मोहतः कर्तुं मार्गमावश्यकादिषु । असक्तस्यान्यथाख्यानमाज्ञाव्यापादिकी क्रिया ॥२१॥
शाठ्यादिना[1]मनोदिष्टक्रियानिर्वर्त्यनादरः । अनाकांक्षा क्रियेत्युक्ता निराकांक्षामलाशयैः ॥२२॥
परेण क्रियमाणासु क्रियासुच्छेदनादिषु । प्रमोदः संयमस्थस्य सा प्रारम्भक्रिया भवेत् ॥२३॥
परिग्रहपिशाचेऽतिनाशार्थमुद्यमः । सा पारिग्राहिकीत्युक्ता क्रिया त्यक्तपरिग्रहैः ॥२४॥
स्यात्सम्यक्त्वज्ञानादिक्रियासु निभृतिः सतः । मायाक्रियेति विज्ञेया माया[2]मयविवर्जितैः ॥२५॥
यथा साधु करोषीति परं दृढयति स्तवैः । मिथ्यात्वकारणाविष्ट सा मिथ्यादर्शनक्रिया ॥२६॥
सततं संयमोच्छेदिकर्मोदयवशात्सतः । अनिवृत्तिर्बुधैरस्याप्रत्याख्यानक्रियोच्यते ॥२७॥
तीव्रानुभवमन्दोत्थविज्ञाताज्ञातभावतः । तथाधिकरणाद्वीर्यात्तद्विशेषोऽवगम्यते ॥२८॥
तस्याधिकरणं तज्ज्ञैर्जीवाजीवाः प्रकीर्तिताः । आस्रवाष्टशतं भेदा इति प्राहुर्मनीषिणः ॥२९॥
हिंसादिषु समावेशः संरम्भ इति सूरिभिः । साधनानां समभ्यासः समारम्भोऽभिधीयते ॥३०॥
आरम्भः प्रक्रमः सम्यगेवमेते त्रयो मताः । कायवाङ्मनसां[3]स्पन्दो योगः स त्रिविधो भवेत् ॥३१॥

जानना चाहिए ॥२०॥ आवश्यक आदि के विषय में मोह वश यथोक्त मार्ग को करने में असमर्थ मनुष्य का अन्यथा व्याख्यान करना आज्ञाव्यापादिकी क्रिया है ॥२१॥ शठता आदि के कारण आगम प्रतिपादित क्रिया के करने में अनादर भाव का होना आकांक्षारूपी मल से रहित अभिप्राय वाले पुरुषों के द्वारा अनाकांक्षा क्रिया कही गयी है ॥२२॥ दूसरे के द्वारा की जाने वाली छेदन भेदनादि क्रियाओं में संयमी मनुष्य का हर्षित होना प्रारम्भ क्रिया है ॥२३॥ परिग्रह रूपी पिशाच मे आसक्ति रखने वाले पुरुष का परिग्रह का नाश न होने के लिये जो उद्यम है उसे परिग्रह के त्यागी पुरुषों ने पारिग्राहिकी क्रिया कहा है ॥२४॥ सम्यग्दर्शन तथा सम्यग्ज्ञान आदि की क्रियाओं में सत् पुरुष की जो माया रूप प्रवृत्ति है उसे माया रूपी रोग से रहित पुरुषों को माया क्रिया जानना चाहिये ॥२५॥ मिथ्यात्व के कारणों से युक्त अन्य पुरुष को जो 'तुम अच्छा कर रहे हो' इस प्रकार के प्रशंसात्मक शब्दों द्वारा दृढ करता है उसका वह कार्य मिथ्यादर्शन क्रिया है ॥२६॥ निरन्तर सयम का घात करने वाले कर्मों के उदय से सत्पुरुष का जो त्याग रूप परिणाम नहीं होता है वह विद्वज्जनों के द्वारा अप्रत्याख्यान क्रिया कही गयी है ॥२७॥

तीव्रभाव, मध्यमभाव, मन्दभाव, ज्ञातभाव, अज्ञातभाव, अधिकरण तथा वीर्य से उस आस्रव में विशेषता जानी जाती है ॥२८॥ आस्रव का जो अधिकरण है उसके सत्पुरुषों ने जीवाधिकरण और अजीवाधिकरण इसप्रकार दो भेद कहे हैं। उनमें विद्वज्जन जीवाधिकरण के एक सौ आठ भेद हैं ऐसा कहते हैं ॥२९॥ हिंसादि के विषय में अभिप्राय का होना संरम्भ है तथा साधनों का अच्छी तरह अभ्यास करना समारम्भ है, ऐसा विद्वज्जनों के द्वारा कहा जाता है। कार्य का प्रारंभ कर देना आरम्भ है, इस प्रकार ये तीन माने गये हैं। काय वचन और मन का जो संचार है वह तीन प्रकार का योग है ॥३०—३१॥ स्वतन्त्रता की प्रतिपत्ति जिसका प्रयोजन है वह ज्ञानीजनों के द्वारा कृत कहा

---

१ शास्त्रोक्तक्रियाकरणेऽनादरः २ मायारोगरहितैः —माया एव आमयः तेन विवर्जितैः ३ सञ्चलनम् ।

स्वसङ्कल्पप्रतिक्रियार्थं हृत्यभिधीयते कृतं। तथा परप्रयोगार्थं कारितमाहृतं तथा ॥३२॥
प्रायः अनुमोदनाख्यस्तत्परिणामः प्रकाश्यते। अथानुक्तसमानेव त्रिकमेतदितीष्यते ॥३३॥
क्रोधो मानश्च माया च लोभश्चेति कषायकाः। संरम्भादित्रिवर्गेण प्रत्येकं गुणयेत्क्रमात् ॥३४॥
निर्वर्तनाथ निक्षेपः संयोगश्च मनीषिभिः। जीवेतराधिकरणं निसर्गश्चेति कथ्यते ॥३५॥
द्विभेदस्त्रिविधेऽन्यस्तु चतुर्भेदश्च कीर्तितः। एवमेकादशैकत्र तद्विद्भिः परिपिण्डिताः ॥३६॥
मूलोत्तरगुणाम्यां तु द्विधा निर्वर्तना मता। मूलं सचेतनं विद्यात्काष्ठादिकमथोत्तरम् ॥३७॥
अप्रत्यवेक्षितो नित्यं दुःप्रमृष्टस्तथा केवलम्। सहसा चानाभोगश्च स्यान्निक्षेपश्चतुर्विधः ॥३८॥
अन्नोपकरणाम्यां स्यात्संयोगो द्विविधो मतः। योगभेदात्त्रिधा सर्गस्य त्रैविध्यं परिकल्प्यते ॥३९॥
प्रदोषो निह्नवश्चार्त्सर्यान्तरायौ च पूर्वयोः। आसादनोपघातौ च कर्मणोः स्तः हितुत्वतः ॥४०॥
कीर्तने मोक्षमार्गस्य कस्यचिन्नास्तिजल्पतः। अन्तरङ्गे तु दुष्टत्वं प्रदोषः प्रकीर्तितः ॥४१॥
कुतश्चित्कारणात्किञ्चिन्न वेदीत्यादि कस्यचित्। ज्ञानस्य निकृतिर्योग्ये या सा निह्नव इरीयते ॥४२॥

जाता है। दूसरे से कराना जिसका प्रयोजन है वह कारित कहलाता है। और प्रेरक मनका जो परिणाम है वह अनुमत शब्द से दिखाया जाता है। इस प्रकार यह कृत-कारित और अनुमोदना का त्रिक है ॥३२—३३॥ क्रोध मान माया और लोभ ये चार कषाय हैं इन्हें संरम्भादिक त्रिवर्ग के द्वारा क्रम से गुणित करना चाहिये। अर्थात् संरम्भादिक तीनका तीनयोगों में गुणा करने से नौ भेद होते हैं। नौ का कृत कारित और अनुमोदना में गुणा करने से सत्ताईस होते हैं और सत्ताईस का क्रोधादि चार कषायों में गुणा करने से जीवाधिकरण के एक सौ आठ भेद होते हैं ॥३४॥

निर्वर्तना, निक्षेप, संयोग और निसर्ग यह विद्वज्जनों के द्वारा अजीवाधिकरण आस्रव कहा गया है ॥३५॥ इनमें यथाक्रम से निर्वर्तना के दो, निक्षेप के चार, संयोग के दो और निसर्ग के तीन भेद कहे हैं। इस प्रकार अजीवाधिकरण आस्रव के ज्ञाता पुरुषों ने अजीवाधिकरण के एकत्रित ग्यारह भेद कहे हैं ॥५६॥ मूलगुण और उत्तर गुणों के भेद से निर्वर्तना दो प्रकार की मानी गयी है। सचेतन को मूल गुण और काष्ठादिक को उत्तर गुण जानना चाहिए ॥३७॥ अप्रत्यवेक्षित निक्षेप, दुष्प्रमृष्ट निक्षेप, सहसा निक्षेप और अनाभोग निक्षेप, इस प्रकार निक्षेप चार प्रकार का होता है ॥३८॥ भक्तपान—संयोग और उपकरण संयोग के भेद से संयोग दो प्रकार का माना गया है तथा योगों के भेद से निसर्ग तीन प्रकार का कहा जाता है ॥३९॥

प्रदोष, निह्नव, मात्सर्य, अन्तराय, आसादन और उपघात ये ज्ञानावरण तथा दर्शनावरण कर्म के आस्रव के हेतु हैं ॥४०॥ मोक्ष मार्ग का व्याख्यान होने पर कोई मनुष्य कहता तो कुछ नहीं है परन्तु अन्तरङ्ग में उसके दुष्ट भाव होता है। उसका वह दुष्ट भाव प्रदोष कहा गया है ॥४१॥ किसी कारण से नहीं है, नहीं जानता हूं इत्यादि शब्दों द्वारा किसी का देने योग्य विषय में ज्ञान का जो छिपाना है वह निह्नव कहलाती है ॥४२॥ योग्य पुरुष के लिए भी जो अभ्यास किया हुआ भी

---

१ आस्रवहेतवः।

यदन्यस्तमपि ज्ञानं योग्यायापि न दीयते । तन्मात्सर्यमिति प्राहुराचार्याः कार्यशोभिनः ॥४३॥
ज्ञानवृत्तिव्यवच्छेदकरणं परिकीर्त्यते । अन्तराय इति प्राज्ञैः प्रज्ञामदविवर्जितैः ॥४४॥
अवहेलनमिति ज्ञाने प्राहुरासदनां बुधाः । उपघातमिति ज्ञानविनाशनं समुद्यमः ॥४५॥
दुःखं शोकस्तप्तता तापश्चाक्रन्दनं वधः । परिदेवनमित्येतान्यसातस्यास्रवहेतवः ॥४६॥
स्वपरोभययुक्तानि तानि ज्ञेयानि धीमता । आधिर्दुःखमितिप्रोक्तं शोकोऽन्यविरहात्मकम् ॥४७॥
तापो विप्रतिसारः स्यादाक्रन्दनमितीर्यते । संतापजाश्रुसंतानं प्रलापादिभिरन्वितम् ॥४८॥
आयुरक्षबलप्राणवियोगकरणं वधः । हेतुः परानुकम्पादेः परिदेवनमुच्यते ॥४९॥
भूतव्रत्यनुकम्पा च त्यागः शौचं क्षमा परा । सरागसंयमादीनां योगश्चेत्येवमादिकम् ॥५०॥
सद्वेद्यास्रवहेतुः स्यादिति विद्भिरुदाहृतम् । सत्त्वाक्षेष्वशुभोत्सर्ग विरतिः संयमो मतः ॥५१॥
संसारकारणत्यागं प्रत्यागूर्णो[1] निरन्तरः । स चाक्षीणाशयः सद्भिः सराग इति कथ्यते ॥५२॥
केवलिश्रुतसङ्घानां धर्मस्य च दिवौकसाम् । हेतुस्तवर्णवादः[2] स्याद् दृष्टिमोहास्रवस्य च ॥५३॥

ज्ञान नहीं दिया जाता है उसे कार्य से सुशोभित आचार्य मात्सर्य कहते हैं ॥४३॥ ज्ञान की वृत्ति का विच्छेद करना, प्रज्ञा के मद से रहित ज्ञानीजनों के द्वारा अन्तराय कहा जाता है ॥४४॥ ज्ञान के विषय में जो अनादर का भाव होता है उसे विद्वज्जन आसादना कहते हैं और ज्ञान को नष्ट करने का जो उद्यम है उसे उपघात कहते है ॥४५॥

दुःख, शोक, ताप, आक्रन्दन, वध और परिदेवन ये असातावेदनीय के आस्रव के हेतु हैं ॥४६॥ ये दुःख शोकादि निज, पर और दोनों के लिए प्रयुक्त होते हैं ऐसा बुद्धिमान जनों को जानना चाहिए । मानसिक व्यथा को दुःख कहा गया है । अन्य के विरह से जो दुःख होता है उसे शोक कहते हैं ॥४७॥ पश्चात्ताप को ताप कहते हैं । जिसमें सन्ताप के कारण अश्रुओं की सतति चालू रहती है तथा जो प्रलाप आदि से सहित होता है वह आक्रन्दन कहलाता है ॥४८॥ आयु, इन्द्रिय, बल तथा श्वासोच्छ्वास का वियोग करना वध है । और ऐसा विलाप करना जो दूसरों को दया आदि का कारण हो परिदेवन कहलाता है ॥४९॥

भूतव्रत्यनुकम्पा, दान, शौच, उत्तम क्षमा, और सराग संयमादि का योग इत्यादिक सातावेदनीय के आस्रव के हेतु हैं ऐसा ज्ञानीजनों ने कहा है । प्राणियों तथा इन्द्रियों में अशुभोपयोग का जो त्याग है वह संयम माना गया है ॥५०-५१॥ जो ससार के कारणों का त्याग करने के प्रति निरन्तर तत्पर रहता है परन्तु जिसकी सराग परिणति क्षीण नहीं हुयी है वह सत्पुरुषों के द्वारा सराग कहा जाता है ॥५२॥

केवली, श्रुत, सङ्घ, धर्म और देवों का अवर्णवाद—मिथ्या दोष कथन दर्शन मोहनीय कर्म के आस्रव का हेतु है ॥५३॥ कषाय के उदय से प्राणियों का जो तीव्र परिणाम होता है वह चारित्र मोह

---

१ समुद्यतः २. अविद्यमान दोषकथनम् ।

यः कषायोदयात्तीव्रः परिणामः स्व देहिनाम् । चारित्रमोहनिष्यन्दहेतुरित्यवधारितम् ॥५४॥
स्वपरस्योत्पादनं स्वस्थस्यान्येषां च क्षणुत्पादनम् । संक्लिष्टलिङ्गशीलादिधारणादिकमप्यलम् ॥५५॥
कषायवेदनीयस्य हेतुरित्यनिवोचयत् । निःशेषोन्मूलितानेककषायारिकदम्बकैः ॥५६॥
धर्मोपहसनं विद्वज्जनस्य दीनजनोपहसनम् । बहुप्रलापहास्यादि हास्यवेदस्य कारणम् ॥५७॥
नानाक्रीडासु तात्पर्यं व्रतशीलेषु चारुचिः । इत्येवमादिकं हेतुं रतिवेदस्य जानते ॥५८॥
अन्यस्यारतिकारित्वं परारतिविकत्थनम् । स्यादीदृशमथान्यच्चारतिवेदस्य कारणम् ॥५९॥
स्वशोकसूकमाभाव्यं परशोकप्लुतादिकम् । निगिर्दं शोकवेदस्य वीतशोकाः प्रचक्षते ॥६०॥
स्वाभीत्यभ्यवसायात्मभीतिहेतुक्रियादिकम् । कारणं भयवेदस्य विभयैरिदमुदाहृतम् ॥६१॥
जुगुप्सा च परीवादः[1] कुलाचारक्रियादिषु । जुगुप्सावेदनीयस्य प्राहुरास्रवकारणम् ॥६२॥
अतिसंधान[2]तात्पर्यमलीकाकल्पकौशलम् । विशालप्रबृद्धरागादि नारीवेदस्य[*] कारणम् ॥६३॥
स्तोकक्रोधोऽनुत्सिक्तत्वं भवेत्सूत्रितवादिता[3] । संतोषश्च स्वदारेषु पुंवेदास्रवकारणम् ॥६४॥
कषायाधिक्यमन्यस्त्रीसङ्गो गुह्यादिकर्तनम् । स्यात्षण्ढकवेदस्य कारणं चातिमानिता ॥६५॥
बह्वारम्भपरिग्रहत्वादि नारकस्यायुषस्तथा । तैर्यग्योनस्य माया च कारणं परिकथ्यते ॥६६॥

के आस्रव का हेतु है यह जानना चाहिए ॥५४॥ निज और पर को कषाय उत्पन्न करना, साधुओं को दूषण लगाना, संक्लिष्ट लिङ्ग तथा शीलादि को धारण करना यह सब कषाय वेदनीय के आस्रव का हेतु है ऐसा संपूर्ण रूप से समस्त कषायरूपी शत्रुओं को उन्मूलित करने वाले आचार्यों के द्वारा कहा जाता है ॥५५-५६॥ धर्म की हँसी उड़ाना, दीन जनों का उपहास करना, बहुत बकवास और बहुत हास्य आदि करना, इन सब को हास्य वेदनीय कर्मका कारण जानना चाहिये ॥५७॥ नाना क्रीडाओं मे तत्परता, तथा व्रत और शीलों में अरुचि होना, इत्यादि रतिवेदनीय का आस्रव है ॥५८॥

दूसरों को अरति उत्पन्न करना, दूसरों की अरति को अच्छा समझना—उसकी प्रशंसा करना, तथा इसी प्रकार के अन्य कार्य अरतिवेदनीय के कारण है ॥५९॥ अपने शोक में चुप रहना तथा दूसरे के शोक में उछल कूद करना हर्ष मनाना इसे शोक रहित श्रीगुरु शोकवेदनीय का आस्रव कहते हैं ॥६०॥ अपने आप के अभय रहने का सकल्प करना और दूसरों को भय उत्पन्न करने वाले कार्यों का करना भयवेदनीय के कारण हैं ऐसा भय रहित मुनियों ने कहा है ॥६१॥[1] कुलाचार की क्रियाओं मे ग्लानि तथा उनकी निन्दा करने को जुगुप्सा वेदनीय के आस्रव का कारण कहते हैं ॥६२॥ अत्यधिक धोखा देने में तत्परता, मिथ्या भाषण की कुशलता और बहुत भारी रागादि का होना यह स्त्रीवेद का कारण है ॥६३॥[2] अल्प क्रोध होना, अहंकार का न होना, आगम के अनुसार कथन करना, तथा स्वस्त्री में संतोष रखना पुंवेद के आस्रव का कारण है ॥६४॥ कषाय की अधिकता, परस्त्री संगम, गुह्य अङ्गों का छेदना और अधिक मायाचार नपुंसकवेद का कारण है ॥६५॥

बहुत आरम्भ और बहुत परिग्रह आदि नरकायु का तथा मायाचार तिर्यंच आयु का कारण कहा जाता है ॥६६॥ निःशीलव्रतपना, स्वभाव से कोमल होना और विनय की अधिकता यह सब

---

१ निन्दा २ प्रतारणतत्परत्वम् * नारीवेदस्य ब० ३ अल्पक्रोधित्वम् ।

द्विःशीलव्रततारहेतुः कथिता मनुजायुषः । स्वभावमार्दवत्वञ्च प्रकृतिविकृतता तथा ॥६७॥
सरागसंयमः पूर्वः संयमासंयमस्तथा । अकामनिर्जराबालतपांस्येतानि हेतवः ॥६८॥
प्रोक्ता देवायुषस्तज्ज्ञैः सम्यक्त्वं च तथा परम् । अन्यत्र कल्पवासिभ्यः सम्यक्त्वं च विकल्पयेत् ॥६९॥
योगानां वक्रता भाग्यो विसंवादनलक्षणम् । अशुभस्य सुभस्यापि हेतुः स्यात्तद्विपर्ययः ॥७०॥
अथ सम्यक्त्वमुद्गमाद्यास्तीर्थकृन्नामकर्मणः । हेतवः षोडश ज्ञेया भव्या भव्यात्मनां सदा ॥७१॥
स्वप्रशंसा परनिन्दा च सद्गुणोच्छादनं तथा । नीचैर्गोत्रस्य हेतुः स्यादन्यसद्गुणकीर्तनम् ॥७२॥
उच्चैर्गोत्रस्य हेतुः स्यात्पूर्वोक्तस्य विपर्ययः । अन्तरायस्य दानादिप्रत्यूहकरणं तथा ॥७३॥
व्रतादीनि शुभान्याहुः सत्कर्माणि बुधोत्तमाः । तानि पुण्यास्रवस्य स्युः कारणानि [1]तनूभृताम् ॥७४॥
मिथ्यात्वाविरती योगाः प्रमादाश्च कषायकाः । बन्धस्य हेतवो ज्ञेयास्तेषु मिथ्यात्वमुच्यते ॥७५॥
क्रियस्य प्रमाणं स्यादशीतिशतभेदकम् । अक्रियस्य च भेदाः स्युरशीतिश्चतुरुत्तरा ॥७६॥
सप्तषष्टिरज्ञानां[2] भेदा वैनयिकस्य च । द्वात्रिंशत्सप्तभेदैक्यं त्रिषष्टित्रिशतादिकम् ॥७७॥
द्वादशाविरतेर्भेदाः प्राणीन्द्रियविकल्पतः । षड्विधानि हृषीकाणि प्राणिनश्चापि षड्विधाः ॥७८॥

मनुष्यायु का कारण है ॥६७॥ पहले कहा हुआ सरागसंयम, संयमासंयम, अकामनिर्जरा, बाल तप और सम्यक्त्व ये सब ज्ञानी पुरुषों के द्वारा देवायु के आस्रव कहे गये है । विशेषता यह है कि सम्यक्त्व कल्पवासी देवों को छोड़ कर अन्य देवो का कारण नहीं है ॥६८-६९॥

योगों की वक्रता और विसंवाद अशुभ नाम कर्म का कारण है तथा इनसे विपरीत भाव शुभ-नाम कर्म का कारण है ॥७०॥ तदनन्तर दर्शन विशुद्धि आदि सोलह उत्तम भावनाएं भव्यजीवों को सदा तीर्थंकर नाम कर्म का कारण जानना चाहिये ॥७१॥

अपनी प्रशंसा करना, पर की निन्दा करना, दूसरे के विद्यमान गुणों का आच्छादन करना और अपने अविद्यमान गुणों का कथन करना नीचगोत्र कर्म का हेतु है ॥७२॥ पूर्वोक्त परिणति से विपरीत परिणति, उच्च गोत्र का हेतु है । तथा दान आदि में विघ्न करना अन्तराय कर्म का आस्रव है ॥७३॥ विद्वज्जन व्रत आदि सत्कार्यों को शुभ भाव कहते हैं । ये शुभभाव प्राणियों के पुण्यास्रव के कारण होते हैं ॥७४॥

मिथ्यात्व, अविरति, योग, प्रमाद और कषाय ये बन्ध के हेतु जानने योग्य हैं । इनमें मिथ्यात्व का कथन किया जाता है ॥७५॥ क्रियावादियों के एक सौ अस्सी, अक्रियावादियों के चौरासी, अज्ञानियों के सड़सठ, वैनयिको के बत्तीस तथा सब के एकत्र मिलाकर तीन सौ त्रेसठ प्रकार का मिथ्यात्व है ॥७६-७७॥

प्राणी और इन्द्रिय के विकल्प से अविरति के बारह भेद हैं । पांच इन्द्रियों और मन को मिला-कर छह इन्द्रियां होती हैं तथा पांच स्थावर और एक त्रस के भेद से जीव भी छह प्रकार के हैं ॥७८॥

---

१ प्राणिनाम् २ अज्ञानिनाम् ।

योगश्च त्रिविधो ज्ञेयो मनोवाक्कायभेदतः । शुद्धषष्टकादिभेदेन प्रमादा बहुधा मताः ।।७६।।
क्रोधो मानश्च माया च लोभ इत्युदिताः क्रमात् । चतुर्विधाः कषायाश्च प्रत्येकं ते चतुर्विधाः ।।८०।।
अनन्तानुबन्धिनो [अनन्तभवानुबन्धिनो] यावज्जीवमनुबध्नन्ति च । इत्यनन्तानुबन्धाख्याः पूर्वे संयोजनाश्च ते ।।८१।।
अप्रत्याख्यानसंज्ञाश्च प्रत्याख्यानाह्वयास्तथा । संज्वलनाख्याश्च विज्ञेयाः स्वहितैषिभिः ।।८२।।
[1]चतुष्कस्ते क्रमात् तन्वन्ति सम्यक्त्वं देशसंयमम् । संयमं सुविशुद्धिं च कषायाः कथयारिणाम् ।।८३।।
[पाषाणभेदसदृशभूभिरजोवारिराजिभिः सदृशैः सदा । क्रमाच्चतुर्विधः क्रोधो विज्ञेयो ज्ञानवेदिभिः ।।८४।।
शिलास्तम्भास्थिकाष्ठास्थिवल्लरीभिः समो मतः । मानश्चतुर्विधो लोके चतुर्वर्गफलार्गलः ।।८५।।
माया स्ववंशमूलाभिश्मृङ्गगोमूत्रवामरैः । तुल्या चतुःप्रकारापि सन्मार्गं परिपन्थिनी ।।८६।।
लाभश्च कृमिरागाख्यनीलीकर्दमहारिद्रभिः[2] । समश्चतुर्विधस्त्वेषोऽपि सत्संकल्पस्य नाशकः ।।८७।।
मायालोभकषायौ च रागस्तु कथितौ तयोः । रागद्वेषाविति द्वन्द्वं ताभ्यामात्मा कदर्थ्यते ।।८८।।
प्रकृतिः प्रथमो बन्धो द्वितीयः स्थितिरुच्यते । अनुभागस्तृतीयः स्यात्प्रदेशस्तुर्य इष्यते ।।८९।।
योगाः प्रकृतिबन्धस्य प्रदेशस्य च हेतवः । कषायाश्च परिज्ञेया विद्वद्भिः स्थित्यनुभागयोः ।।९०।।

मन वचन काय के भेद से योग तीन प्रकार का जानना चाहिये तथा शुद्धषष्टक आदि के भेद से प्रमाद बहुत प्रकार का माना गया है ।।७८-७९।। क्रोध, मान, माया और लोभ इसप्रकार क्रम से चार कषाय कही गयी हैं । ये चारों कषाय अनन्तानुबन्धी आदि के भेद से चार चार प्रकार की होती हैं ।।८०।। जो अनन्तभवों तक अपना अनुबन्ध—संस्कार रखती हैं अथवा अनन्तभवों को प्राप्त कराती हैं वे अनन्तानुबन्धी अथवा अनन्तसंयोजन नामक कषाय हैं ।।८१।। अप्रत्याख्यान, प्रत्याख्यान और संज्वलन नामक कषाय भी आत्महित के इच्छुक मनुष्यों के द्वारा जानने योग्य हैं ।।८२।। वे अनन्तानुबन्धी आदि चार कषायें क्रम से जीवों के सम्यक्त्व, देश संयम, संयम और यथाख्यातचारित्र रूपी विशुद्धता को घातती हैं ।।८३।। ज्ञान के जानने वाले मनुष्यों को सदा क्रम से पाषाण भेद सदृश, भूमिभेद सदृश, रजोभेद सदृश और जल रेखा सदृश के भेद से चार प्रकार का क्रोध जानने योग्य है ।।८४।। लोक में चतुर्वर्ग रूपी फल को रोकने के लिए आगल के समान जो मान है वह शिलास्तम्भसम, अस्थिसम, काष्ठसम और लतासम के भेद से चार प्रकार का माना गया है ।।८५।। सन्मार्ग की विरोधिनी माया भी वंशमूलसम, मेषशृङ्गसम, गोमूत्रसम और चामरसम के भेद से चार प्रकार की है ।।८६।। समीचीन संकल्प को नष्ट करने वाला लोभ भी कृमिरागसम, नीलीसम, कर्दमसम और हरिद्रासम के भेद से चार प्रकार का है ।।८७।। माया और लोभ कषाय राग तथा क्रोध और मान कषाय द्वेष इस प्रकार राग द्वेष का द्वन्द्व है । इन राग द्वेष के कारण ही आत्मा दुखी होता है ।।८८।।

प्रकृति बन्ध पहला, स्थितिबन्ध दूसरा, अनुभाग बन्ध तीसरा और प्रदेश बन्ध चौथा इस प्रकार बन्ध चार प्रकार का माना जाता है ।।८९।। ज्ञानीजनों को योग प्रकृति और प्रदेश बन्ध के तथा कषाय स्थिति और अनुभाग बन्ध के हेतु जानना चाहिए ।।९०।। ज्ञानावरण के पांच भेद हैं,

---

१ क्वचित्तदेव संयम २ हरिद्रा 'हल्दी' इति प्रसिद्धः ।

भेदा ज्ञातावृतेः पञ्च नव स्युर्दर्शनावृतेः । भेदद्वयं तथा ज्ञेयं वेदनीयस्य कर्मणः ॥९१॥
अष्टाविंशतिभेदः स्याद्मोहनीयस्य चायुषः । चतुर्विधोभवेत्तस्मात्रयोदशविधः स्मृतः ॥९२॥
द्विभेदं गोत्रमित्युक्तं विघ्नः पञ्चविधः स्मृतः । विण्डिता द्विकुलाः शेषाः सप्ततिश्चशतद्वयम् ॥९३॥
अथ बन्धोदयौ कर्मप्रकृतीनामुदीरणा । सत्ता चेति चतुर्भेदो ज्ञेयो निःशेषकर्मणाम् ॥९४॥
[1]चतुःपञ्चकृती ज्ञेयौ [2]पूर्वयोरुदिते दश । चतस्रः षट् सकैका च संयतासंयतादिषु ॥९५॥
[3]उभे त्रिंशदपूर्वस्थे चतस्रश्च तथोदिताः । अनिवृत्तिगुणस्थाने पञ्च सूक्ष्मेऽपि षोडश ॥९६॥
एका सयोगिनि जिने ज्ञातव्या परिकीर्त्यते । आयान्त्येता गुणेष्वेषु बन्धं प्रकृतयः क्रमात्[4] ॥९७॥
ततः पञ्च नवैका च दश सप्ताधिकास्तथा । अष्टौ पञ्च चतस्रश्च षट्सैका च तथा द्वयम् ॥९८॥
उदयं षोडश त्रिंशद् द्वादशेता यथाक्रमम् । यांति प्रकृतयः सत्त्वमयोगान्तेषु [5]धामसु ॥९९॥
ततः पञ्च नवैका च दश सप्ताधिकास्तथा । अष्टाचष्टौ चतस्रश्च षट्सैका तथा द्वयौ ॥१००॥
षोडश त्रिंशदधिका नवभिर्यात्युदीरणाम् । सयोगिजिनपर्यन्तेष्वावितः क्रमशोऽध्वसु[6] ॥१०१॥

दर्शनावरण के नौ भेद हैं और वेदनीय कर्म के दो भेद कहे गये हैं ॥९१॥ मोहनीय के अट्ठाईस, आयु के चार और नाम कर्म के तेरानवे भेद माने गये हैं ॥९२॥ गोत्र कर्म के दो भेद हैं, अन्तराय कर्म के पांच भेद हैं और सबके मिलकर एक सौ आठ भेद जानना चाहिए ॥९३॥

अथानन्तर मोक्षाभिलाषी जीव को कर्म प्रकृतियों के बन्ध, उदय, उदीरणा और सत्ता ये चार भेद ज्ञातव्य हैं—जानने के योग्य हैं ॥९४॥ प्रथम-द्वितीय गुणस्थान में क्रम से चार का वर्ग अर्थात् सोलह और पांच का वर्ग अर्थात् पच्चीस, अव्रतसम्यग्दृष्टि गुणस्थान में दश, संयता संयतादि तीन गुणस्थानों में क्रम से चार, छह और एक, अपूर्वकरण गुणस्थान में दो तीस और चार मिलाकर छत्तीस, अनिवृत्तिकरण गुणस्थान में पांच, सूक्ष्म साम्पराय में सोलह और सयोगी जिनमें एक साता वेदनीय कही जाती है। ये प्रकृतियां इन गुणस्थानों में ही क्रम से बन्ध को प्राप्त होती हैं उपरितन गुणस्थानों में इनकी बन्धव्युच्छित्ति होती है ॥९५–९७॥

तदनन्तर पाच, नौ, एक, सत्तरह, आठ, पांच, चार, छह, छह, एक, दो, सोलह, तीस और बारह ये प्रकृतियां क्रम से अयोगि केवली पर्यन्त गुणस्थानों में उदय को प्राप्त होती हैं अर्थात् अग्रिम गुणस्थानों में इनकी उदयव्युच्छित्ति होती है ॥९८–९९॥

तदनन्तर पांच, नौ, एक, सत्तरह, आठ, आठ, चार, छह, छह, एक, दो, सोलह और उनतालीस ये प्रकृतियां प्रारम्भ से लेकर सयोगि जिन पर्यन्त गुणस्थानों में क्रम से उदीरणा को प्राप्त होती हैं अर्थात् उपरितन गुणस्थानों में इनकी उदीरणा व्युच्छित्ति हो जाती है ॥१००–१०१॥

---

१ चतुःकृतिः —षोडश, पञ्चकृतिः —पञ्चविंशतिः २ प्रथमद्वितीयगुणस्थानयोः ३ सर्वा मिलिताः षट्त्रिंशत् ४ सोलस पण बीस णभं दस चउछक्केक्क बंध वोच्छिण्णा । दुगतीस चदुरपुव्वे पण सोलरा जोगिणो एक्को ॥ कर्मकाण्ड ९४ गाथा ५ गुणस्थानेषु, पण णव इगि सत्तरसं अड पंच च चउर छक्क छच्चेव । इगि दुग सोलसतीसं बारस उदये अजोगंता ॥२६४॥ कर्मकाण्डे । ६ पण णव इगि सत्तरसं अट्ठट्ठ ग चदुर छक्क छच्चेव । इगि दुग सोलुगदालं उदीरणा होंति जोगंता ॥२८१॥ कर्मकाण्डे ।

मिथ्यात्वं मिश्रसम्यक्त्वे यान्ति सम्यक्त्वमप्यतः । प्रमत्ताद्यप्रमत्तान्तस्थानेष्वेकत्र संक्षयम् ॥१०२॥
तिर्यङ्नरकदेवायुः स्वे स्वे जन्मनि निश्चितम् । परिक्षयं समायान्ति तत्रत्यायुष्मतां क्रमात् ॥१०३॥
षोडशाष्टावेकैका षट् चैकैका सप्तकात् । अनिवृत्तौ क्षयं यान्ति क्षीणमोहे षोडश त्रयोदश ॥१०४॥
क्षीणे षोडश जायन्ते द्वासप्ततिरयोगिनि । समये च तदन्त्ये च त्रिसप्तति क्षयोदयाः ॥१०५॥
आद्ये द्वे मोहनिघ्ने च दुःखसंज्ञिनि देहिनाम् । वेदनीये सुखदुःखस्य कारणानि विनिर्दिशेत् ॥१०६॥
एभिर्विवर्तमानत्वं परिवर्तनपञ्चकम् । संसरद्भिर्भवेत्तस्य भीतैः संसृतिभीरुभिः ॥१०७॥
एतेन पुद्गलद्रव्यं यावत्सर्वमशेषतः । उपभुज्य परित्यक्तमनन्तानन्तशो ग्रहात् ॥१०८॥
लोकत्रयप्रदेशेषु समस्तेषु निरन्तरम् । भूयोभूयो मृतं जातं जीवेन क्षेत्रसंसृतौ ॥१०९॥

मिथ्यात्व, सम्यङ् मिथ्यात्व सम्यक्त्वप्रकृति और विसंयोजना को प्राप्त होने वाली अनन्तानुबन्धी क्रोध मान माया लोभ, ये सात प्रकृतियां अप्रत सम्यग्दृष्टि को आदि लेकर अप्रमत संयत तक गुण स्थानों में से किसी एक में क्षय को प्राप्त होती हैं भावार्थ—उन सात प्रकृतियों में से सर्वप्रथम अनन्तानुबन्धी चतुष्क का अनिवृत्तिकरण रूप परिणामों के अन्त समय में एक ही बार विसंयोजन—अप्रत्याख्यानावरणादि रूप परिणमन होता है तथा अनिवृत्तिकरणकाल के बहुभाग को छोड़कर शेष संख्यातवें एक भाग में पहले समय से लेकर मिथ्यात्व, मिश्र तथा सम्यक्त्व प्रकृति का क्षय होता है ॥१०२॥ तिर्यञ्च आयु, नरक आयु और देवायु अपनी अपनी गति में वहां उत्पन्न होने वाले जीवों के नियम से क्षय को प्राप्त होती है। भावार्थ—तिर्यञ्च आयु का अस्तित्व पञ्चम गुणस्थान तक और नरक तथा देवायु का अस्तित्व चतुर्थ गुणस्थान तक ही रहता है आगे नहीं ॥१०३॥ अनिवृत्ति करण गुणस्थान में क्रम से सोलह, आठ, एक, एक, छह, एक, एक, एक, एक और सूक्ष्म सांपराय गुणस्थान में एक प्रकृति नाश को प्राप्त होती है। भावार्थ—अनिवृत्ति करण के नौ भागों में क्रम से सोलह आठ आदि प्रकृतियों का क्षय होकर उनकी सत्त्वव्युच्छित्ति होती है ॥१०४॥ क्षीणमोह गुणस्थान में सोलह और अयोग-केवली के उपान्त्य समय में बहत्तर तथा अन्तिम समय में तेरह प्रकृतियां क्षय को प्राप्त होती हैं ॥१०५॥

प्रारम्भ के दो कर्म—ज्ञानावरण, दर्शनावरण तथा मोह और अन्तराय ये चार कर्म जीवों को दुःख देने वाले हैं। शेष चार कर्म सुख दुःख के कारण उपस्थित करते हैं ॥१०६॥ इन कर्म प्रकृतियों से विविध पर्यायों को धारण करने वाले जीव के जो पांच परिवर्तन होते हैं उन्हें संसार से भयभीत मनुष्यों को संसार जानना चाहिये। भावार्थ—कर्मों के कारण जीव नानारूप धारण करता हुआ द्रव्य क्षेत्र काल भव और भाव इन पांच परिवर्तनों को करता है। उन परिवर्तनों का करना ही संसार है ॥१०७॥ जितना कुछ पुद्गल द्रव्य है उस सब को एक जीव ने द्रव्य परिवर्तन में अपने आपके द्वारा अनेकों बार ग्रहण करके छोड़ा है ॥१०८॥ इस जीव ने क्षेत्र परिवर्तन के बीच तीनों लोकों के समस्त प्रदेशों में बार बार जन्म मरण किया है ॥१०९॥ उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी में वे सब आकाशियां नहीं

---

१ सोलट्ठ णिद्दणिद्दयं चदुसेक्कं बादरे अदो एक्कं । खीणे सोलस जोगे बासत्तरि तेरवत्तं ते ॥३३७॥ कर्मकाण्डे
२ द्रव्य क्षेत्र काल भवभावभेदेन परिवर्तनं पञ्चविधम् ३ द्रव्यपरिवर्तने ४ क्षेत्रपरिवर्तने ।

उत्सर्पिण्यवसर्पिण्योः समवायसमाकुलाः न ताः । यासु मृता न संजातास्तत्रत्या [illegible] ॥११०॥
असंख्येयजघन्याद्या भावाः सर्वे निरन्तरम् । जीवेनादाय मुक्तास्च बहुशो [illegible] ॥१११॥
नर नारक तिर्यक्षु देवेष्वपि समन्ततः । मृत्वा जीवेन संजातं बहुशो [illegible] ॥११२॥
इति बन्धात्मको ज्ञेयः संसारः सारवर्जितः । [illegible] ॥११३॥
अनादिरपि भव्यानां [illegible] । तस्त्वार्थरुचयो [illegible] ॥११४॥
[illegible] संवरो मतः । भावद्रव्यविकल्पेन [illegible] ॥११५॥
क्रियाणां कर्महेतूनां निवृत्तिर्भावसंवरः । द्रव्यकर्मास्रवाभावो [illegible] ॥११६॥
तिस्रोऽथ गुप्तयः पञ्च परा: समितयस्तथा । धर्मो दशविधो नित्यमनुप्रेक्षा [illegible] ॥११७॥
द्वाविंशतिविधा ज्ञेयाः सद्भिः सम्यक्परीषहाः । विजयश्च सदा तेषां चारित्राण्यथ पञ्च च ॥११८॥
एतानि हेतवो ज्ञेयाः संवरस्य मुमुक्षुभिः । यत्नेन भावनीयानि भवविच्छेदनोद्यतैः ॥११९॥
गुप्तिरित्युच्यते सद्भिः सम्यग्योगनिग्रहः । मनोगुप्तिर्वचोगुप्तिः कायगुप्तिरितीर्यते ॥१२०॥
समितिः सम्यगयनं ज्ञेयाः समितयश्च ताः । ईर्याभाषैषणादान—निक्षेपोत्सर्गपूर्विकाः ॥१२१॥

हैं जिनमें काल परिवर्तन के बीच यह जीव मरण कर उत्पन्न नहीं हुआ हो ॥११०॥ भाव परिवर्तन में इस जीव ने असंख्यात लोक प्रमाण समस्त भावों को बहुत बार ग्रहण कर छोड़ा है ॥१११॥ इसी-प्रकार भवपरिवर्तन के बीच यह जीव नर नारक तिर्यञ्च और देवों में भी अनेकों बार मर कर उत्पन्न हुआ है ॥११२॥ इसप्रकार यह बन्धरूप संसार सार रहित जानना चाहिये। यह संसार अभव्य जीवों का अनादि और अनन्त होता है तथा भव्यजीवों का अनादि होने पर भी सान्त होता है। तत्त्वार्थ की श्रद्धा रखने वाले जीव भव्य हैं और तत्त्वार्थ से द्वेष रखने वाले अभव्य हैं ॥११३-११४॥

अथानन्तर आस्रव का निरोध हो जाना ही जिसका एक लक्षण है वह संवर माना गया है। भाव संवर और द्रव्य संवर के भेद से वह दो प्रकार का कहा जाता है ॥११५॥ संसार की कारणभूत क्रियाओं की निवृत्ति होना भावसंवर है और द्रव्यकर्मों के आस्रव का अभाव होना द्रव्य संवर कहलाता है ॥११६॥ तीन गुप्तियां, पांच उत्कृष्ट समितियां, दश धर्म, बारह अनुप्रेक्षाएं, बाईस परीषहों का जीतना, और पांच चारित्र ये संवर के हेतु हैं। ससार का विच्छेद करने के लिये उद्यत मुमुक्षु जनों को इनकी निरन्तर भावना करना चाहिये ॥११६-११९॥ सम्यक् प्रकार से योगों का निग्रह करना सत्पुरुषों के द्वारा गुप्ति कही जाती है। उसके मनोगुप्ति, वचनगुप्ति और कायगुप्ति ये तीन भेद कहलाते हैं ॥१२०॥

सम्यक्—प्रमादरहित प्रवृत्ति को समिति कहते हैं। इसके पांच भेद जानना चाहिये—ईर्या, भाषा, एषणा, आदाननिक्षेपण और उत्सर्ग ॥१२१॥ क्षमा, मार्दव, शौच, आर्जव, सत्य, संयम, ब्रह्मचर्य,

---

१ कालपरिवर्तने २ भावपरिवर्तने ३ भवपरिवर्तने ४ सान्ताः ५ [illegible]

[illegible] ॥१२२॥
[illegible] ॥१२३॥
[illegible] ॥१२४॥
[illegible] ॥१२५॥
[illegible] ॥१२६॥
[illegible] ॥१२७॥
[illegible] ॥१२८॥
[illegible]
[illegible] ॥१३०॥
[illegible] ॥१३१॥
[illegible] ॥१३२॥
[illegible] ॥१३३॥

तप, त्याग, और आकिञ्चन्य ये दश धर्म कहलाते हैं ॥१२२॥ शत्रुओं के कुवचन आदि के द्वारा कलुषता के कारण रहते हुए भी मुनि को जो कलुषता उत्पन्न नहीं होती है वह सत्पुरुषों से विवक्षित क्षमा है ॥१२३॥ जाति आदि आठ प्रकार के अहंकारभाव का नाश होना निश्चय से मार्दव है और लोभ से सर्वप्रकार की निवृत्ति होना निर्मल पुरुषों के द्वारा शौच धर्म कहा जाता है ॥१२४॥ अभिमान का निराकरण करना तथा योगों की कुटिलता का न होना आर्जव है। उत्तम सत्पुरुषों के साथ निर्दोष वचन बोलना सत्य कहलाता है ॥१२५॥ प्राणिघात तथा इन्द्रिय विषयों का परिहार करना मुनियों का सयम माना गया है तथा गुरुकुल में अर्थात् दीक्षाचार्य आदि के साथ सदा निवास करना ब्रह्मचर्य कहलाता है ॥१२६॥ कर्मों का क्षय करने के लिये जो अत्यधिक तपा जाता है वह तप माना गया है। उत्तम धर्म तथा शास्त्र आदि का देना त्याग कहा गया है ॥१२७॥ अपने शरीरादिक की अपेक्षा न कर मुनि की जो ममता रहित प्रवृत्ति है वह समीचीन आकिञ्चन्य धर्म कहा गया है ॥१२८॥

रूपादिक की अनित्यता है, धर्म से अतिरिक्त कोई दूसरा शरण नहीं है, संसार से बढ़ कर दूसरा कष्ट नहीं है, मैं अकेला ही सुख दुःख भोगता हूं, मैं मूर्ति रहित हूं तथा शरीर से भिन्न हूं, इसी-प्रकार शरीर अपवित्र है, कर्मों का आस्रव हो रहा है, गुप्ति आदि संवर के उपाय हैं, तप से कर्मों की निर्जरा होती है, सुप्रतिष्ठक—मोंदरा—ठौना के समान यह लोक स्थित है, जिनेन्द्र भगवान् के द्वारा कहा हुआ यह उत्कृष्ट धर्म ही जगत् के हित के लिए है तथा जीव को परमार्थ से आत्मज्ञान—आत्मानुभूति होना श्रद्धा आदि की अपेक्षा भी दुर्लभ है, इस प्रकार इन सबके बार बार चिन्तवन करने को अनुप्रेक्षा कहते हैं ॥१२९-१३२॥ विद्वज्जनों को संवर के मार्ग से च्युत नहीं होने तथा कर्मों की निर्जरा के लिए सदा क्षुधा तृषा आदि परिषह सहन करना चाहिए ॥१३३॥

---

१ क्षमा २ त्यागः ।

आद्यं सामायिकं प्राहुश्चारित्रं द्विविधं पुनः । कालेनानियतेनैकं नियतेनान्यत्समुक्तम् ॥१३४॥
छेदोपस्थापनं नाम चारित्रमिति कथ्यते । निवृत्तिः प्रविभागेन हिंसादेर्वा प्रतिक्रिया ॥१३५॥
परिहारविशुद्धाख्यं परिहारविशुद्धितः । स्यात्सूक्ष्मसांपरायश्च सूक्ष्मीकृतकषायतः ॥१३६॥
चारित्रमोहनीयस्य क्षयेणोपशमेन च । यथाख्यातं प्रकथ्यते ॥१३७॥
तपसा निर्जरां विद्याद् द्विप्रकारं तपश्च तत् । बाह्यमाभ्यन्तरं चेति प्रत्येकं तच्च षड्विधम् ॥१३८॥
संयमादिप्रसिद्ध्यर्थं रागविच्छेदनाय च । कर्मनिर्मूलनायाहुराद्यं स्यादनशनं तपः ॥१३९॥
दोषप्रशमसंतोषस्वाध्यायादिप्रसिद्धये । द्वितीयमवमोदर्यं तपः सद्भिः प्रशस्यते ॥१४०॥
एकागारादिविषयः संकल्पश्चित्तरोधकः । तद्वृत्ति परिसंख्यानं तृतीयं कथ्यते तपः ॥१४१॥
स्वाध्यायसुखसिद्ध्यर्थमक्षदर्पप्रशान्तये । तपो रसपरित्यागस्तुर्यमार्यैः प्रधार्यते ॥१४२॥

सामायिक नामक प्रथम चारित्र को दो प्रकार का कहते हैं—एक अनियत काल से सहित है और दूसरा नियत काल से युक्त है। भावार्थ—जिसमें समय की अवधि न रखकर सदा के लिए समताभाव धारण कर सावद्य कार्यों का त्याग किया जाता है वह अनियतकाल सामायिक चारित्र है और जिसमें समय की सीमा रख कर त्याग किया जाता है वह नियतकाल सामायिक चारित्र है ॥१३४॥ जिसमें छेद विभाग पूर्वक हिंसादि पापों से निवृत्ति की जाती है अथवा व्रतभङ्ग होने पर उसका निराकरण पुनः शुद्धता पूर्वक व्रत धारण किया जाता है वह छेदोपस्थापना नामका चारित्र कहा जाता है। भावार्थ—छेदोपस्थापना शब्द की निरुक्ति दो प्रकार से होती है 'छेदेन उपस्थापना छेदोपस्थापना' अर्थात् मैं हिंसा का त्याग करता हूं, असत्य भाषण का त्याग करता हूँ इस प्रकार विभाग पूर्वक जिसमें सावद्य कार्यों का त्याग होता है वह छेदोपस्थापना चारित्र है। अथवा 'छेदे सति उपस्थापना छेदोपस्थापना' अर्थात् व्रत में छेद--भङ्ग होने पर पुन अपने आपको व्रताचरण मे उपस्थित करना छेदोपस्थापना है ॥१३५॥ परिहार विशुद्धि से—तपश्चरण से प्राप्त उस विशिष्ट शुद्धि से जिसके कारण जीव राशि पर चलने पर भी जीवों का घात नहीं होता है, होने वाला चारित्र परिहार विशुद्धि नामका चारित्र कहलाता है। अतिशय सूक्ष्म अवस्था को प्राप्त हुयी कषाय से जो होता है वह सूक्ष्मसांपराय नामका चारित्र है ॥१३६॥ चारित्र मोहनीय कर्म के क्षय अथवा उपशम से आत्मा के यथार्थ स्वरूप में जो अवस्थिति है वह यथाख्यात चारित्र कहलाता है ॥१३७॥

तपसा निर्जरा को जानना चाहिये अर्थात् तप के द्वारा संवर और निर्जरा दोनों होते हैं। बाह्य और अभ्यन्तर के भेद से वह तप दो प्रकार का है तथा प्रत्येक के छह छह भेद होते हैं ॥१३८॥ संयमादि की सिद्धि के लिये, राग का विच्छेद करने के लिए और कर्मों का क्षय करने के लिये जो आहार का त्याग किया जाता है वह अनशन नामका प्रथम बाह्य तप है ॥१३९॥ दोषों का प्रशमन, संतोष तथा स्वाध्याय आदि की प्रसिद्धि के लिये सत्पुरुषों द्वारा दूसरे अवमोदर्य (निश्चित आहार से कम आहार लेना) तप की प्रशंसा की जाती है ॥१४०॥ 'मैं एक घर तक या दो घर तक आहार के लिए जाऊंगा' इस प्रकार मन को रोकने वाला संकल्प करना वृत्ति परिसंख्यान नामका तृतीय तप कहलाता है ॥१४१॥ स्वाध्याय की सुख पूर्वक सिद्धि के लिए तथा इन्द्रियों का दर्प शान्त करने के लिए जो घी दूध आदि रसों का परित्याग किया जाता है वह आर्य पुरुषों द्वारा रस परित्याग नामक

[illegible]

चतुर्थ तप निश्चित किया जाता है ॥१४२॥ पर्वत की गुफा आदि शून्य स्थानों में जो अच्छी तरह शयनासन किया जाता है वह साधु का विविक्त शय्यासन नामका पञ्चमतप जानना चाहिए ॥१४३॥ तीन काल—ग्रीष्म वर्षा और शीत काल सम्बन्धी योगों के द्वारा उपवासादि के समय साधुओं के द्वारा जो उद्यम किया जाता है वह कायक्लेश नामका छठवां प्रशंसनीय तप कहा गया है ॥१४४॥

गुरु के लिए अपने प्रमाद का निवेदन करना आलोचना है। दोषों को प्रकट कर उनका प्रतिकार करना प्रतिक्रमण कहा गया है ॥१४५॥ गुरूजनों की संगति प्राप्त होने पर अपराध को शुद्ध करना तदुभय—आलोचना और प्रतिक्रमण है। आहार तथा उपकरणादिक का पृथक् करना विवेक है ॥१४६॥ कायोत्सर्ग आदि करना व्युत्सर्ग कहलाता है। उपवास तथा ऊनोदर आदिक तप कहा जाता है। पक्ष आदि समय की अवधि द्वारा दीक्षा का छेदना छेद होता है। एक पक्ष तथा एक माह आदि के लिए संघ से अलग कर देना परिहार है और पुनः दीक्षा देना उपस्थापन कहलाता है। इस प्रकार यह नौ प्रकार का प्रायश्चित तप ज्ञानीजनों को इष्ट है ॥१४७—१४९॥

मोक्ष के लिए आगम का अभ्यास स्मरण तथा ग्रहण आदिक निरन्तर बहुत सम्मान से करना ज्ञानविनय माना गया है ॥१५०॥ शङ्का आदि दोषों से रहित तत्त्वार्थ की वास्तविक रुचि होना सम्यक्त्व विनय है ऐसा विनय के इच्छुक जनों के द्वारा कहा जाता है ॥१५१॥ चारित्र के धारक मनुष्यों को शुद्ध हृदय से चारित्र में समाहित करना—वैयावृत्य के द्वारा स्थिर करना चारित्र से अलंकृत आत्मा वाले मुनियों द्वारा चारित्र विनय जानना चाहिए ॥१५२॥ आचार्य आदि के आने पर भक्तिपूर्वक उठकर उनके सामने जाना तथा प्रणाम आदि करना उपचार विनय है। इस प्रकार यह चार प्रकार का विनय तप है ॥१५३॥

---

१ दीक्षाच्छेदः २ सकषायविषया ।

[illegible]

अपने शरीर, वचन अथवा अन्य द्रव्य के द्वारा दु:खी जीव के दु:ख का प्रतिकार करने को विद्वज्जन वैयावृत्य कहते हैं ।।१५४।। वह वैयावृत्य आचार्य आदि विषय के भेद से दश प्रकार का होता है ग्लानि का निराकरण करने तथा संसार का छेद करने के लिए इस तप की निरन्तर भावना करना चाहिए ।।१५५।।

ग्रन्थ, अर्थ और दोनो का देना वाचना है। संशय का छेद करने के लिए परस्पर पूछना प्रच्छना है ।।१५६।। निर्णीत अर्थ का मन में बार बार अभ्यास करना अनुप्रेक्षा है ऐसा अनुप्रेक्षा मे संलग्न मुनियों के द्वारा कहा जाता है ।।१५७।। उच्चारण की शुद्धि पूर्वक पाठ करना आम्नाय कहलाता है क्षेत्र तथा कालादि की शुद्धि को लेकर धर्मकथा आदि का यथायोग्य सर्वत्र अनुष्ठान करना—उपदेशादिक देना धर्मोपदेश कहलाता है। इस प्रकार यह पांच तरह का स्वाध्याय कहा गया है ।।१५८—१५९।।

बाह्य और अभ्यन्तर परिग्रह का त्याग करना व्युत्सर्ग कहलाता है। क्षेत्र आदिक बाह्य परिग्रह और क्रोधादिक अन्तरङ्ग परिग्रह जानना चाहिए ।।१६०।।

उत्कृष्ट संहनन के धारक मुनि का अन्तर्मुहूर्त तक किसी एक पदार्थ में जो चिन्ता का निरोध होता है उसे श्रेष्ठ विद्वान् ध्यान कहते हैं ।।१६१।। वह ध्यान आर्त्त, रौद्र, धर्म्य और शुक्ल इस तरह चार प्रकार का होता है। इनमें पहले के दो ध्यान—आर्त्त और रौद्र ध्यान संसार के कारण हैं तथा आगे के दो ध्यान—धर्म्य और शुक्ल ध्यान मुक्ति के कारण है ।।१६२।। पहला आर्त्तध्यान चार प्रकार का जानना चाहिए। अनिष्ट पदार्थ का समागम होने पर उसे दूर करने के लिए स्मृति का बार बार उस ओर जाना अनिष्ट संयोगज आर्त्तध्यान कहलाता है ।।१६३।। इष्ट वस्तु का वियोग होने पर उसके संयोग के लिए स्मृति का बार बार उस ओर जाना इष्ट वियोगज आर्तध्यान है।

---

१ ग्लानिनिराकरणार्थं २ आर्त्तरौद्रे ३ धर्म्यशुक्ले ४ अनिष्टसंयोगे।

[illegible]

वेदना—पीड़ा सहित मनुष्य का उस पीड़ा को दूर करने के लिए बार बार उपयोग आना वेदनाजन्य आर्त्तध्यान है और आगामी भोगों की इच्छा होना निदान नामका आर्त्तध्यान है। इस प्रकार विद्वानों ने आर्त्तध्यान के चार भेद कहे हैं ॥१६४॥ अत्यक्त, देशविरत और प्रमत्त संयत गुणस्थानवर्ती जीव आर्त्तध्यान के प्रयोजक हैं। मिथ्यादृष्टि आदि चार गुणस्थानवर्ती जीव अत्यक्त शब्द से कहे गये हैं ॥१६५॥

हिंसा, असत्यभाषण, चौर्य और परिग्रह के संरक्षण से जो ध्यान उत्पन्न होता है वह रौद्रध्यान कहलाता है। इस रौद्रध्यान के स्वामी अत्यक्त—प्रारम्भ को चार गुणस्थानों में रहने वाले जीव तथा श्रावक—पञ्चम गुणस्थानवर्ती जीव माने गये हैं ॥१६६॥

आज्ञा, उपाय, विपाक और लोक संस्थान इनके विचय से जो ध्यान होता है वह चार प्रकार का धर्म्यध्यान कहा गया है ॥१६७॥ समस्त पदार्थों की सूक्ष्मता और अपनी जडता—अज्ञान दशा से आगम के अनुसार सम्यक् प्रकार से चिन्ता का निरोध होना आज्ञा विचय धर्म्यध्यान है। भावार्थ—पदार्थ सूक्ष्म हों और अपनी अज्ञान दशा हो तब आगम में जो कहा है वह ठीक है ऐसा चिन्तवन करना आज्ञाविचय नामका धर्म्यध्यान है ॥१६८॥ खेद है कि ये मिथ्यादृष्टि जीव सन्मार्ग को न पाकर दुखी हो रहे हैं इस प्रकार सन्मार्ग के अपाय का चिन्तन करना अपाय विचय नामका धर्म्यध्यान है ॥१६९॥ इन कर्मों का ऐसा परिपाक अत्यन्त दुःसह है इसप्रकार विपाक—कर्मोदय का विचार करना विपाक विचय नामका धर्म्यध्यान है ॥१७०॥ यह जगत् ऊपर नीचे और समान धरातलपर इस प्रकार व्यवस्थित है ऐसा चिन्ता का जो निरोध करना है वह लोक विचय—संस्थान विचय नामका धर्म्यध्यान माना गया है ॥१७१॥

शुक्लध्यान के चार भेद हैं उनमें आदि के दो भेद पूर्वविद्—पूर्वों के ज्ञाता मुनि के होते हैं और अन्त के दो भेद केवली के होते हैं। श्रेणी चढ़ने के पूर्व धर्म्यध्यान होता है और उसके बाद शुक्लध्यान माना जाता है। भावार्थ—कषाय का सद्भाव रहने से दशवें गुणस्थान तक धर्म्यध्यान और उसके बाद शुक्लध्यान माना गया है ॥१७२॥ जो पृथक्त्व वितर्क है वह पहला शुक्लध्यान कहा

---

१ अविरत।

[illegible]

गया है और जो एकत्व वितर्क है उसे दूसरा शुक्लध्यान जानना चाहिए ।।१७३।। सूक्ष्म क्रियाओं में प्रतिपातन से जो होता है—काययोग की अत्यन्त सूक्ष्म परिणति रह जाने पर जो होता है वह सूक्ष्म क्रिया प्रतिपाति नामका तीसरा शुक्लध्यान कहलाता है ।।१७४।। और समुच्छिन्न क्रियाओं में प्रतिपातन से—योग जन्य परिष्पन्द के सर्वथा नष्ट हो जाने से जो होता है वह समुच्छिन्न क्रिया प्रतिपाति नामका चौथा शुक्लध्यान कहा जाता है ।।१७५।। पहला भेद तीन योग वालों के होता है, दूसरा भेद तीन में से किसी एक योग वाले के होता है, तीसरा भेद काययोग वाले के होता है और चौथा भेद अयोग केवली के होता है ।।१७६।। जिसकी आत्मा ध्यान में लीन है ऐसे मुनि के पहले के दो ध्यान—पृथक्त्व वितर्क वीचार तथा एकत्व वितर्क होते हैं ये दोनों ध्यान स्पष्ट ही एक आश्रय से होते हैं और वितर्क तथा वीचार से सहित रहते हैं। परन्तु दूसरा शुक्लध्यान वीचार से रहित होता है। वितर्क श्रुत कहलाता है। अर्थ, व्यञ्जन और योगों में जो परिवर्तन होता है वह वीचार कहलाता है ।।१७७—१७८।। द्रव्य और पर्याय अर्थ कहलाता है, व्यञ्जन वचन को कहते हैं, काय वचन और मन का जो परिष्पन्द है वह योग कहलाता है और संक्रान्ति का अर्थ परिवर्तन है ।।१७९।। चारित्र तथा गुप्ति आदि से संयुक्त मुनि को संसार की निवृत्ति के लिए शरीरादि की स्थिति का ध्यान करने का यत्न करना चाहिए ।।१८०।। तदनन्तर जो समाहित—ध्यान योग्य मुद्रा से बैठकर द्रव्याणु अथवा भावाणु का ध्यान करता हुआ वितर्क – श्रुत की सामर्थ्य को प्राप्त होता है और द्रव्य अथवा पर्याय अथवा शरीर और वचन योग को पृथक् रूप से प्राप्त होने वाले मन के द्वारा कुण्ठित शस्त्र से महावृक्ष के समान मोहकर्म की प्रकृतियों का जो धीरे धीरे उपशमन अथवा क्षपण करता है इस प्रकार ध्यान करने वाला वह मुनि पृथक्त्व वितर्क नामक शुक्लध्यान को धारण करने वाला होता है। भावार्थ—इस ध्यान में मोहजन्य इच्छा का अभाव हो जाने से अर्थ व्यञ्जन और योगों की संक्रान्ति – परिवर्तन का अभाव हो जाता है इसलिए जिस योग से आगम के जिस वाक्य या पद का ध्यान शुरू करता है उसी पर अन्तर्मुहूर्त तक रुकता है। यहां ध्यान करने वाला मुनि पर्याप्त बल तथा उत्साह से रहित होता है इसलिए जिस प्रकार कोई मनुष्य मोथले शस्त्र के द्वारा किसी बड़े वृक्ष को बहुत काल में छेद

[illegible] ॥१८३॥
त्यक्तार्थाविकसंक्रान्तिः परिनिश्चलमानसः । ततः क्षीणकषायः सन् शुक्लध्यानमाश्रयेत् ॥१८५॥
इत्येकत्ववितर्काग्निदग्धघात्यरिकाननः । तीर्थकृत्तीर्थकृद्वा वा केवलज्ञानमाप्नुयात् ॥१८६॥
कर्मचित्तसमायुष्कान्यूनोदग्स्थितिकं यदि । ततो वध्नन् समुद्घातं तत्समीकरणाय सः ॥१८७॥
समानस्थितिसंयुक्तं यदायातिचतुष्टयम् । अवलम्ब्य तदा सूक्ष्मं काययोगं स केवली ॥१८८॥
तृतीयं शुक्लमाध्याय ध्यानमत्र सुधीः ततः क्रमात् । अयोगी स यथाख्यातचारित्रेणातिभासते ॥१८९॥
सिद्धः सन् याति निर्वाणं ततः पूर्वप्रयोगतः । [illegible] तद्वशात् ॥१९०॥
संपूर्णज्ञानदृग्वीर्यसुखः नित्यः निरञ्जनः । अनुत्कृष्टयशाः सिद्धः अवस्थाष्टगुणो हि ॥१९१॥
नासत्पूर्वाश्च पूर्वा नो निर्विशेषविकारजाः । स्वाभाविकविशेषा ह्यभूतपूर्वाश्च तद्गुणाः ॥१९२॥

पाता है उसी प्रकार वह मोहनीय कर्म की प्रकृतियों का धीरे धीरे बहुत समय—दीर्घ अन्तर्मुहूर्त में उपशमन अथवा क्षपण कर पाता है। उपशम श्रेणी वाला मुनि उन प्रकृतियों का उपशमन करता है और क्षपक श्रेणी वाला क्षपण करता है ॥१८१-१८३॥ जिसने मोहकर्म के बन्ध को रोक दिया है, जो प्रकृतियों के ह्रास और क्षय को भी कर रहा है, जिसे श्रुतज्ञान का अवलम्बन प्राप्त नहीं है, जिसने अर्थ-व्यञ्जन आदि की संक्रान्ति—परिवर्तन का त्याग कर दिया है तथा जिसका मन अत्यन्त निश्चल हो गया है। ऐसा मुनि क्षीण कषाय होता हुआ समीचीन ध्यान से निवृत्त नहीं होता—पीछे नहीं हटता। भावार्थ एकत्व वितर्क नामक शुक्लध्यान के द्वारा यह मुनि क्षीण कषाय नामक उस गुण-स्थान को प्राप्त होता है जहां से फिर पतन होना संभव नहीं होता ॥१८४—१८५॥ इस प्रकार एकत्व वितर्क नामक शुक्लध्यान रूपी अग्नि के द्वारा जिसने घातिया कर्मरूपी बहुत भारी ईंधन को भस्म कर दिया है वह तीर्थंकर हो चाहे सामान्य मुनि हो केवलज्ञान को प्राप्त होता है ॥१८६॥

यदि वेदनीय नाम और गोत्र इन तीन अघातिया कर्मों की स्थिति आयु कर्म की स्थिति से अधिक हो तो उनका समीकरण करने के लिए वह समुद्घात करता है ॥१८७॥ यदि चारों अघातिया कर्म समान स्थिति से सहित हैं तो सूक्ष्म काययोग का अवलम्बन लेकर वे केवली तृतीय शुक्लध्यान का चिन्तन कर उसके अनन्तर चतुर्थ शुक्लध्यान को प्राप्त होते हैं। चतुर्थ शुक्लध्यान के धारक केवल अयोगी—योग रहित होते हैं। और परम यथाख्यात चारित्र से अत्यधिक शोभायमान होते हैं ॥१८८—१८९॥ तदनन्तर सिद्ध होते हुए पूर्व प्रयोग, असङ्ग, बन्ध विच्छेद अथवा उस प्रकार के स्वभाव से निर्वाण को प्राप्त होते हैं ॥१९०॥ वहां वे सिद्ध संपूर्ण—अनन्त ज्ञान दर्शन वीर्य और सुख से सहित होते हैं, नित्य होते हैं, निरञ्जन—कर्मकालिमा से रहित होते हैं, सर्वोत्कृष्ट पर्याय से युक्त होते हैं और सम्यक्त्व आदि आठगुणों से सहित होते हैं ॥१९१॥ वहां उनके वे गुण असत्पूर्व नहीं थे अर्थात् ऐसे नहीं थे कि पहले न हों नवीन ही उत्पन्न हुए हों किन्तु द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा शक्तिरूप से अनादिकाल से विद्यमान थे। तथा ऐसे भी नहीं थे कि पहले विद्यमान हों अर्थात् पर्यायार्थिक नय की अपेक्षा वे गुण अपनी नवीन पर्याय के साथ ही प्रकट हुये थे। सामान्यरूप से समस्त विकारों का अभाव होने से उत्पन्न हुये थे, स्वाभाविक विशेषता को लिये हुये थे तथा अभूतपूर्व थे ॥१९२॥ निर्जरा

निर्जरायास्तपो हेतुर्मोक्षस्य लक्षणं पुरा । शक्रायेति जिनेन्द्रो व्याहृत्योद्भवकारणम् ॥१९३॥

सुरजातिः

अतो हिताय जगतां विहारे प्रावर्ततासौ [1]विगताभिसन्धिः ।
[2]करैर्निरस्याकमते [3]विवस्वांस्तमिस्र[4]राशिं स हि तत्स्वभावः ॥१९४॥
आनन्दभारानतभव्यराशीन्वोढुं मही तत्क्षणमक्षमेव ।
चचाल जिष्णोरचलाप्रमाणं विदक्षमाणेव महाप्रभावम् ॥१९५॥
वृथैव वैयाकरणा वदन्ति संरक्षणाभ्यां धनदं धनाढ्यम् ।
तन्मत्सरेणेव तदा समन्ताद्धनानि लोके धनदो व्यतारीत् ॥१९६॥
प्रादुर्बभूवे त्रिदशैरजस्रैरापादयद्भिः सकलामकाण्डे ।
प्रणामपर्यस्तकिरीटभासः सौदामिनीदाममयीमिव द्याम् ॥१९७॥
चतुर्णिकायैरमरैर्निकीर्णा विश्वंभरा भूरिति सार्थकाऽभूत् ।
[5]आलोकशब्दस्तुदुरीर्यमाणः प्रादध्वनद्दिग्वलयानि मन्द्रः ॥१९८॥
स्वेनादरोद्येन तदा समेतं भक्त्या स्वहस्तोद्धृतमङ्गलेन ।
तत्कालयोग्यामलवेषभावं ससंभ्रमं राजकमाजगाम ॥१९९॥

का हेतु तप है और मोक्ष का लक्षण पहले कहा जा चुका है इस प्रकार इन्द्र के लिये यथार्थ धर्म का उपदेश देकर वे शान्ति जिनेन्द्र विरत हो गये—रुक गये ॥१९३॥

तदनन्तर इच्छा से रहित शान्ति जिनेन्द्र जगत् के हित के लिये विहार में प्रवृत्त हुये। यह ठीक ही है क्योंकि सूर्य किरणों के द्वारा अन्धकार के समूह को नष्ट कर जो उदित होता है उसका वह स्वभाव ही है ॥१९४॥ उस समय पृथिवी आनन्द के भार से नम्रीभूत भव्य जीवों के समूह को धारण करने के लिये मानों असमर्थ हो गयी थी अथवा जिनेन्द्र देव की अपरिमित महाप्रभाव रूपी संपदा को मानों देखना चाहती थी इसलिये चञ्चल हो उठी थी ॥१९५॥ धन का संरक्षण करने से वैयाकरण मुझे व्यर्थ ही धनद कहते हैं सच्चे धनद तो ये शान्ति जिनेन्द्र हैं इसप्रकार उनके मात्सर्य से ही मानों धनद—कुबेर लोक में सब ओर धन का वितरण कर रहा था ॥१९६॥ प्रणाम से नम्रीभूत मुकुटों की प्रभा से जो समस्त आकाश को असमय में बिजली रूपी मालाओं से तन्मयता को प्राप्त करा रहे थे ऐसे समस्त देव प्रकट हो गये ॥१९७॥ चतुर्णिकाय के देवों से व्याप्त पृथिवी उससमय 'विश्वम्भरा' —सब को धारण करने वाली, इस सार्थक नाम से युक्त हो गयी थी। उन देवों के द्वारा उच्चारण किये हुए जोरदार जय जय कार के शब्द ने समस्त दिशाओं को शब्दायमान कर दिया था ॥१९८॥ उससमय भक्ति पूर्वक अपने हाथ से मङ्गल द्रव्यों को धारण करने वाली अपनी स्त्रियों से जो सहित था तथा उस समय के योग्य निर्मल वेष आदि भाव से युक्त था ऐसा राजाओं का समूह संभ्रम सहित आ रहा था ॥१९९॥ त्रिलोकीनाथ शान्ति जिनेन्द्र के चारों ओर लोगों को हटाने के लिये जितेन्द्रिय

---

१ विगतस्पृहः २ किरणैः ३ सूर्यः ४ ध्वान्तसमूह ५ जयशब्दः ।

[illegible]

इन्द्र द्वारपालपने को प्राप्त हो लीला पूर्वक छड़ी को घुमाता हुआ खड़ा था ॥२००॥ दर्पणतल की उपमा से सहित, प्रजाओं के मनोरथ को पूर्ण करने वाली दिव्य भूमि उस समय ऐसी जान पड़ती थी मानों प्रभु की महिमा से, बीते हुए उत्तम भोगभूमि को फिर से धारण कर रही हो ॥२०१॥ आकाश से सभी ओर पड़ती हुई सौमनसवृष्टि—पुष्पवृष्टि को देखकर ही मानों समस्त जगत् नीरोग और वैरबन्धसे रहित होता हुआ सुमन-पुष्प के समान आचरण कर रहा था (पक्ष में प्रसन्न चित्त हो रहा था) ॥२०२॥

तदनन्तर आकाश में खिले हुए हजारों सुवर्ण कमलों की जो आगे पीछे दो पंक्तियां थीं उनके बीच में वह पद्मयान प्रकट हुआ जो हजारों सुन्दर कमलों से सहित था, पृथिवी रूपी स्त्री के कण्ठहार के समान जान पड़ता था, देदीप्यमान कान्ति से युक्त था, पद्मराग मणियों से निर्मित था, नाना प्रकार के उज्ज्वल रत्नों से चित्र विचित्र था, जिसकी प्रत्येक कर्णिका पर हर्षवश नृत्य करती हुई लक्ष्मी अधिष्ठित थी, कुतूहल से युक्त इन्द्रों के नेत्र रूपी भ्रमर समूह से जो सेवित था, अपनी सुगन्ध से जिसने समस्त दिशाओं को सुगन्धित कर दिया था, जो आकाश और पृथिवी के अन्तराल में तिलक के समान जान पड़ता था, सब ओर एक योजन चौड़ा था, जिसकी कर्णिका पाव योजन प्रमाण थी, तथा जो उन शान्तिजिनेन्द्र के ही योग्य था ॥२०३—२०६॥

१ मनोरथपूरिका २ सुमनसां पुष्पाणामिदं सौमनसं ।

ये वीतरागाः शशिरश्मिगौरा गोत्रोत्तरस्थाः पुरुषाः प्रधानाः।
स सारस्वतादे सकलस्तवोऽष्टौ सारस्वताद्या इति स्मरन्ति ॥२०७॥
